Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

राजस्थानी हिन्दी शब्दकोश

प्रथम खण्ड

सम्पादक
आ. बदरी प्रसाद साकरिया
प्रो. भूपतिराम साकरिया

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

राजस्थानी-हिन्दी शब्द कोश

[प्रथम खंड]

[अ से न]

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

राजस्थानी-हिन्दी शब्द कोश

[प्रथम खंड]
[अ से न]

सम्पादक :
प्रा० बदरीप्रसाद साकरिया
प्रो० भूपतिराम साकरिया

पंचशील प्रकाशन, जयपुर

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रकाशक : पंचशील प्रकाशन,
फिल्म कॉलोनी, जयपुर-302003

मूल्य : छः सौ रुपये (दो खंडों में)

संस्करण : 1993

मुद्रक : शीतल प्रिन्टर्स,
फिल्म कॉलोनी, जयपुर-302003

RAJASTHANI-HINDI SHABD-KOSH

Edited by : Acharya Badri Prasad Sakaria
Prof. Bhupati Ram Sakaria

Price : Rs. 600.00 (Two Volumes)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

भूमिका

प्रेरणा स्रोत और कार्य

छः दशक पूर्व मेरे जन्म स्थान बालोतरा में होली के असभ्य व अत्योच्छृंखल हुड़दंग में राव आदि के भद्दे स्वांग बनते थे और अश्लील गीत गाये जाते थे। परिणामस्वरूप गाँव में अनेक झगड़े-टंटे हो जाते थे। कुछ सहयोगी-साथियों के साथ यह निश्चित किया गया कि इन निर्लज्ज सवारियों और अश्लील गीतों को सर्वथा बन्द कर वेद भगवान की सवारी निकाल कर, उसके साथ स्थान-स्थान पर राजस्थानी भाषा में और राजस्थानी तर्जों में ही समाज सुधार के गायन गाये जायं तथा तत्संबंधी प्रवचन राजस्थानी भाषा में किये जायं।

सुधार-गीत बनाते समय राजस्थानी भाषा की अनूठी लक्षणा और व्यंजना शक्ति का अनुभव हुआ और इन गीतों के ऐसे विशिष्ट शब्दों का कोश बनाने के संकल्प के साथ हिन्दी में उनके अर्थ लिखने का कार्य प्रारम्भ किया। एक ही दिन में दो सौ शब्दों का संकलन कर लिया। यही प्रेरणा का प्रथम सोपान था। कुछ पारिवारिक संस्कारों और कुछ सुधारवादी वृत्ति तथा साहित्यिक रुचि ने उपर्युक्त प्रवृत्ति में इतना रस बढ़ाया कि थोड़े ही समय में निजी संग्रह के ग्रंथों में से मैंने अकेले ने लगभग दस हजार शब्दों का संकलन तथा रफ (Rough) संपादन कर लिया पर गाँव में विद्यापोसक मंडल, कन्या-पाठशाला (मारवाड़ में प्रथम), सरस्वती पुस्तकालय आदि की स्थापना और उनका सुचारु रूप से संचालन इस प्रवृत्ति को और आगे बढ़ाने में कुछ बाधक ही रहे।

कुछ समय पश्चात् मेरे परम मित्र स्व० रामयश गुप्त 'नैणसी री ख्यात' की हस्तलिखित प्रति गूंगा गाँव से लाये और कहा कि इसका संपादन करना है। प्रतिलिपि तैयार की गई। इस ग्रंथ का सम्पादन करते समय शब्दों के अर्थ देने के लिए राजस्थानी भाषा के शब्द कोश की नितांत आवश्यकता का अनुभव हुआ। ख्यात के शब्दों का एक अलग कोश भी आवश्यक था। लम्बे समय तक ख्यात की अन्य प्रतियों के अभाव में काम मंद गति से ही चलता रहा।

सन् १६३२ में जोधपुर निवास के समय राज्य के भूतपूर्व प्राइम मिनिस्टर सर शुकदेव प्रसाद काक ने, जो डिंगल का एक अद्वितीय कोश स्व० पं० रामकरणजी आसोपा के देखरेख में निजी खर्चे से बनवा रहे थे, मेरी

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

भी सहायक सम्पादक और व्यवस्थापक के रूप में नियुक्ति की। काम को गति देने के लिए वहां छः सात चारण बन्धुओं को भी नियुक्त किया गया, जिनमें श्री देवकर्ण और 'किशोरदानजी 'घूमरजी' मुख्य थे। सर शुकदेव प्रसाद के देहांत तक सारा कार्य सुचारु रूप से चला, पर बाद में उनके ही पुत्र श्री धर्म नारायण काक ने उसे अनावश्यक समझकर बन्द कर दिया। तब तक यहाँ डिंगळ के मानक ग्रंथों (राम रासो, रघुवर जस प्रकास, क्रिसन रुकमणी री वेली आदि) और डिंगळ गीतों में से लक्षाधिक शब्द छांटकर उदाहरणों के साथ चिटबद्ध कर उनका अनुक्रमण कर लिया गया था।

कार्य बन्द होने पर सारी सामग्री एक छोटे कमरे में पड़ी रही, जहाँ दीमकों और चूहों ने काफी सामग्री को अपना भोज्य बनाया। कुछ वहाँ से उड़ा ली गई[1] और शेष सहस्रों रुपयों की अमूल्य सामग्री श्री धर्मनारायण काक ने सादूल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट को केवल इस शर्त पर दे दी कि ग्रंथ के छपने पर, आभार स्वीकार करते हुए उनके पिता का एक बड़ा चित्र उसमें दिया जाय। इंस्टीट्यूट के अधिकारियों के बार-बार कहने पर मुझे जोधपुर जाना पड़ा। श्री धर्मनारायण काक ने अपने पू० पिताजी सर शुकदेव प्रसाद काक के एक बड़े फोटो और उपर्युक्त शर्त के साथ मुझे अवशिष्ट सारी सामग्री दी, जिसे लेकर मैं बीकानेर आया और इंस्टीट्यूट को दे दी। उस अद्वितीय कोश के चिटों के कॉलम्स बड़ी विद्वता से बनाये गये थे। यदि वह सम्पूर्ण हो जाता तो राजस्थानी का विश्व कोश बनता।

---

१. अनेक ग्रंथों में से एक-एक शब्द अनेक बार आने से तथा एक शब्द के अनेक अर्थ होने के कारण चिटों में लिये शब्दों की संख्या बहुत बड़ी है। यह संख्या इन सब के एकीकरण में कम हो जाती है।

२. यहाँ हमने जिन अनेकों हस्तलिखित ग्रन्थों की प्रतिलिपियाँ करवाई थीं, वे अनेक वर्षों के पश्चात्, जोधपुर के एक संभ्रान्त व्यक्ति के यहां, लिपिकारों के दैनिक काम पर मेरे हस्ताक्षरों सहित साश्चार्य देखने को मिलीं।

३. **शब्द-चिट के कॉलम इस प्रकार थे—**

१. मूलशब्द।
२. व्युत्पत्ति।
३. व्याकरण।
४. हिन्दी में अर्थ।
५. उदाहरण।
६. उदाहरण का हिन्दी अनुवाद।
७. उदाहरण का अंग्रेजी अनुवाद।
८. विरुद्ध शब्द।
९. विरुद्ध शब्द का अंग्रेजी पर्याय।
१०. विशेष विवरण (सांस्कृतिक, साहित्यिक, ऐतिहासिक आदि।)
११. विशेष विवरण का अंग्रेजी अनुवाद।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सन् १९४७–४८ में स्व० नाथूदानजी महियारिया, उदयपुर की **बीर सतसई** जो जोधपुर सरकार द्वारा प्रकाशित की जा रही थी, उसकी टीका व संपादन करने के लिए मुझे व श्री सीताराम लालस को नियुक्त किया गया। काम सुचारु रूप से संपादित हुआ, कारणवश महियारियाजी को जोधपुर छोड़ना पड़ा और वे फिर लौट कर न आ सके। वीर सतसई का संपादन करते समय राजस्थानी शब्दकोश की नितांत आवश्यकता का हम दोनों संपादकों ने अनुभव किया व उसके निर्माण की योजना का भी विचार किया।

इसी बीच सादूल राजस्थानी रिसर्च इस्टीट्यूट, बीकानेर में राजस्थान भारती (शोध पत्रिका) व राजस्थानी शब्द कोश के कार्य के लिए शोध सहायक के पद पर मेरी नियुक्ति हो गई। दो तीन वर्षों के पश्चात् मैं शोध-पत्रिका का सम्पादक नियुक्त किया गया। शोध-पत्रिका के कारण इंस्टीट्यूट की प्रतिष्ठा तो बहुत बढ़ी पर धनाभाव और समुचित व्यवस्था के अभाव में कोश कार्य आगे नहीं बढ़ सका। कोश व पत्रिका सम्पादन के लिये मैं अकेला था। इतना होते हुये भी लगभग साठ सहस्र शब्दों का सम्पादन हो चुका था। इसी समय सरकारी नियमानुसार मुझे साठ वर्ष की अवस्था पर रिटायर कर दिया गया। जितना भी काम हो चुका था उसे प्रकाशित करवाया जा सकता था, पर इंस्टीट्यूट वह भी न कर सका। दो एक वर्ष पूर्व समाचार मिला था कि कोश की बहुत सारी सामग्री इंस्टीट्यूट से गायब हो गई है।

रिटायर होने के बाद मुझे खानगी रूप से कहा गया कि मैं बीकानेर में ही रहूँ और कार्य जारी रखूं, परन्तु मेरे चिरंजीव प्रो० भूपतिराम ने अकेला वहाँ रहना ठीक नहीं समझकर के मुझे वल्लभविद्यानगर (गुजरात) बुला लिया।

बालोतरा, जोधपुर वगैरह में कोश की जो सामग्री ऐसी ही पड़ी थी उसका जीर्णोद्धार और परिवर्द्धन करने का काम यहाँ आकर पुनः शुरू किया। हमारी स्वयं की हस्तलिखित ग्रंथों की सामग्री जो बड़ेरों की संग्रह की हुई तो थी ही, पर अनेक अन्य प्रकाशित ग्रंथों को क्रय करना पड़ा तथा मानक हस्त-लिखित ग्रंथों की प्रतिलिपियाँ करवानी पड़ीं। इस प्रकार यहाँ आने पर कोश-कार्य एक नये ढंग से प्रारम्भ करना पड़ा।

---

४. बीर सतसई जोधपुर सरकार द्वारा प्रकाशित नहीं हुई। अपने पुत्र मोहनसिंह का नाम सम्पादक के रूप में देकर उन्होंने खुद ने प्रकाशित की। भूमिका में हम दोनों में से किसी के नाम तक का उल्लेख नहीं किया। मानदेय (Honorarium) तो अदृश्य ही हो गया।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अत्यन्त विनम्रतापूर्वक कहा जा सकता है कि यह कोश जिस ढंग से तैयार किया गया है वह एक अनूठा और पहिला मौलिक प्रकार है। इस कोश में बोलचाल और प्राचीन तथा अर्वाचीन साहित्य के शब्दों का चयन इस प्रकार किया गया है कि शोधार्थी हो या अध्यापक, विद्यार्थी हो या विद्वान्—सर्व-साधारण के लिए अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगा। शब्दों के अर्थ प्रामाणिकता से व प्रसंगों के गहरे अध्ययन के पश्चात् लिखे गये हैं। अतएव साहस के साथ कहा जा सकता है कि मातृभाषा राजस्थानी का ऐसा कोश अद्यावधि प्रकाशित नहीं हो सका।

यहाँ जानकारी के लिये नीचे एक ऐसी विषय-सूची दी जा रही है जो शब्दों के चयन में सहायक रही है—

१. **मनुष्य** । संबंध—रिश्ते ।

२. **जातियाँ** और उनके धंधे ।

३. **परिधान** (ऊनी, रेशमी, सूती), आभूषण, शृंगारादि ।

४. **भोजन**—(साग-तरकारी, रोटी-बाटी इत्यादि भोज्य पदार्थ) व बरतन ।

५. **खेल**, मनोरंजन, उत्सव, त्यौहार, मेले, पर्व ।

६. **धार्मिक**—तीर्थ, देवी-देवता, धर्म, व्रत, उपवास, भक्ति, पूजा, सम्प्रदाय, साधु-संन्यासी, मठ-मदिर ।

७. **शरीर**— अंग, उपांग, स्वास्थ्य, रोग, क्रियाएँ—खाना-पीना, आना-जाना, हँसना-रोना, विचार-विनिमय, दौड़ना-भागना, जीना-मरना इत्यादि शरीर धर्म ।

८. **स्थान**—मकान-दुकान, किला-महल, रावळा, गली-बाजार, मार्ग आदि और इनसे संबंधित निर्माण इत्यादि ।

९. **वनस्पति**—वृक्ष, पौधे, लता, फूल, कन्दमूल, बीज ।
वर्षा, जल, वायु, ऋतु, जलाशय । (नदी, सागर, झील, निवाण इत्यादि ।)

१०. **खगोल**—आकाश, नक्षत्र, ज्योतिष ।

११. **भूगोल**—देश, गाँव, नगर, पहाड़, नदी और पृथ्वी ।

१२. **गणित**—पट्टी-पहाड़ा, आना पाई ।

१३. **संस्कार**—जन्म, झड़ूलिया (चौलकर्म), उपनयन, विवाह, मृत्यु (अग्नि संस्कार, प्रेत कर्म, श्राद्ध इत्यादि) ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

१४. **खेती** - खेत, धान्य, हल, बैलगाड़ी, कुँआ, कोष, कृषक, पाणेती और इनसे संबंधित।

१५. **भाषा, शिक्षा**—१. राजस्थानी, हिन्दी, महाजनी, अपभ्रंश इत्यादि से संबंधित।
२. शिक्षा के अनेक अंग—विद्याएँ, शास्त्र, कलाएँ, विद्यार्थी, अध्यापक, अध्ययन और अध्यापन।
३. व्याकरण।

१६. **साहित्य**—गद्य, कविता, छंद, गीत, रस, अलंकार, साहित्य के प्रकार, लोक साहित्य इत्यादि। लेखन सामग्री, पुस्तकें इत्यादि।

१७. **पशु-पक्षी-कीटादि**—
(i) पालतू पशु—१. गाय, भैंस, आदि दुधारू (धीणो) से संबंधित दूध, दही, छाछ, मक्खन, घी, चमड़ा, बिलौने का समान।
२. ऊँट, घोड़ा, हाथी, बैल—सवारी के पशु और उनकी सजावट का सामान।
(ii) इतर—पशु-पक्षी, कीट-पतंगे। समुद्री जीव।
(iii) इन सबसे संबंधित घास, चारा, दाना, चुग्गा इत्यादि।

१८. **व्यापार**—दुकानदारी, सट्टा, दलाली, आढ़त, लेन-देन, चिट्ठी-पत्री हुंडी, दस्तावेज (खत), बहीखाता, ब्याज-काटा इत्यादि।

१९. **राज दरबार**—महल, पासवान, नाजर, रणवास। राज परिवार, राजा, जागीरदार, छुटभाई, जागीरी, गोला लवाजमा, विरुद, ताजीम, पुरस्कार।

२०. **शासन**—लगान, जकात, नेग, अधिकारी।

२१. **युद्ध**—सेना, शस्त्र-अस्त्र, योद्धा, जूझार, जोहर, युद्ध-क्षेत्र।

२२. **चलन**—सिक्के, तोल, माप, नाप।

२३. **भूगर्भ**—खानें, खनिज पदार्थ, धातुएँ।

२४. **विविध**—(१) गुण-अवगुण, पाप-पुण्य, स्वर्ग-नरक।
(२) शारीरिक शक्तियां।
(३) मानसिक शक्तियां।
(४) रंग, रंगोली।

संक्षिप्त में प्रयत्न यह रहा है कि कोश को सर्वांगपूर्ण बनाने के लिये कोई विषय अछूता नहीं रहे।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कोश सम्बन्धी विशेषताएँ—

इस कोश की अनेक विशेषताओं में से अन्यतम विशेषता यह है कि राजस्थानी शब्दों के हिन्दी पर्याय, अर्थ और व्याख्याताओं के अनन्तर काले अक्षरों में राजस्थानी पर्याय, अर्थ भी अधिकांश स्थलों पर दिये गये हैं, यथा— (१) **देवनागरी** (*ना०*) संस्कृत, राजस्थानी, हिन्दी, मराठी आदि भाषाओं की लिपि। **बाळबोध**। २. **छत**—(*अव्य०*) होते हुए। **होतायकां**। इस प्रकार यह कोश केवल राजस्थानी-हिन्दी कोश न रह कर एक प्रकार का राजस्थानी-हिन्दी-राजस्थानी शब्द कोश बन गया है।

हम यह मानते हैं कि यदि हिन्दी को सही मानों में राजभाषा बनना है तो देश की भाषा–भगिनिओं के अनेक शब्दों से अपने शब्द भंडार को भरना होगा। इसी दृष्टि से अनेक स्थानों पर मूल राजस्थानी शब्दों की व्याख्या करते समय वाक्य रचना में उनका हिन्दी व्याकरणानुसार प्रयोग किया गया है। यथा—(१) घमोळी-(*ना०*) २. धमोली का विशिष्ट भोजन ३. घमोली के लिये संबधियों द्वारा भेजी जाने वाली मिष्ठान्न आदि की सौगात। ४. स्त्रियों द्वारा घमोली भोजन करने की क्रिया। पृष्ठ १०३ पर आनापाण (*न०*) २. आने और पाणों के पहाड़े।

राजस्थानी भाषा में अपनाये गये कुछ अंग्रेजी शब्दों को देवनागरी लिपि में भी दिया गया है, जिससे कि विदेशी भाषा के शब्द के तत्सम रूप में परिचित हुआ जा सके।

शब्दों के अर्थ देते समय सामान्यत: यह ध्यान रखा गया है कि प्रथम वह अर्थ दिया ! जो अधिक प्रचलित हो। इसके बाद क्रमश: कम प्रचलित अर्थों को रखा गया है। प्रचलित और व्यवहृत सभी अर्थों को देने का प्रयत्न किया गया है, फिर वे चाहे प्राचीन काव्य में प्रयुक्त हुए हों अथवा आधुनिक साहित्य में। इसी प्रकार कतिपय शब्दों के कुछ प्रचलित मुहावरे भी यथा स्थान दिये गये हैं। राजस्थानी भाषा की व्यंजना शक्ति का विद्वद्गण इसी से अनुमान लगा सकते हैं कि अकेले 'हाथ' शब्द से बने तीन सौ मुहावरे हमारे संग्रह में हैं।

अक्षरादि क्रम में भी थोड़ा परिवर्तन हमने वैज्ञानिक दृष्टि से उचित समझा है। अनुस्वार वाले शब्द मात्राओं के पहिले न देकर अपनी-अपनी मात्राओं के बाद दिये गये हैं। यथा—इस कोश में पृ. ६८० पर 'ना' का अन्तिम शब्द 'नाहेसर रो मगरो' है इसके पश्चात् अनुस्वार युक्त 'नां' का प्रारम्भ होता है। यथा—नां, नांई, नांखणो आदि।

'ड' और 'ड़' तथा 'ल' और 'ळ' क्रमश: 'ट' वर्ग और अंतस्थ वर्ग के हैं, अतएव इनको अलग क्रम से न रखकर एक ही क्रम में रखा गया है, यथा—

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पृ. ६७ पर 'ग्राडो' शब्द है। उसके तुरन्तु बाद 'ग्राड़ो' ग्राया है और फिर 'ग्राडो ग्रड़ि', 'ग्राडो ग्रवळो' ग्राये हैं। इसी प्रकार पृ. २६४ पर 'खड' ग्रौर 'खड़' हैं। पृ. २७१ पर 'खळ' खलक' 'खळकट', 'खळकरणो', ग्रौर 'खलकत' दर्शनीय हैं।

एक ग्रौर परिवर्तन शब्दों के लिग-भेद-सूचक संकेतों में किया गया है। हिन्दी ग्रौर संस्कृत कोशों में प्रयुक्त पुंल्लिग ग्रौर स्त्रीलिंग के स्थान पर 'नर' ग्रौर 'नारी' का प्रयोग संक्षिप्त रूप 'न' ग्रौर 'ना' में किया गया है।

राजस्थान ग्रौर राजस्थानी

एक समय था जब राजस्थानी भाषा का ध्वज देश के विशाल भू-भाग के साहित्याकाश में लहरा रहा था ग्रौर ग्राज दशा यह है कि प्रांतीय भाषाग्रों की कक्षा में भी उसे स्थान नहीं मिल सका है। मातृभाषा को इस दयनीय स्थिति से हृदय क्षोभ से भर जाता है, पर संतोष इतना ही है कि ग्राज परिस्थिति ने एक करवट बदली है ग्रौर इसकी साहित्य-सेवी संतान ग्रब माँ-भारती के विभिन्न ग्रंगों ग्रौर उपांगों को सबल बनाने में संलग्न है।

जब राजस्थान दुहरी गुलामी (ग्रंग्रेजों ग्रौर राजाग्रों) की मार से पीड़ित था, सर्वप्रकार की चेतना (शैक्षणिक, सामाजिक व राजनैतिक) के ग्रभाव में राजस्थानी को हिन्दी की एक बोली मान लिया गया। इस प्रकार राजस्थानी भाषा ग्रपने ही घर में ग्रपने न्याययुक्त ग्रासन से च्युत कर दी गई—एक विशाल राष्ट्रीय भावना से ग्रोत-प्रोत हो राजस्थानवासियों ने भी इस ग्रसत्य को सत्य मान लिया। प्रसिद्ध भाषाविद डॉ. सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या, डॉ. ग्रियर्सन ग्रौर डॉ॰ तैस्सितोरी जैसे प्रसिद्ध देश-विदेश के विद्वान् राजस्थानी को सर्वथा स्वतन्त्र भाषा स्वीकार करते हैं। डॉ. चाटुर्ज्या का भाषा-वंश-वृक्ष दर्शनीय है :—

वैदिक भाषा
↓
संस्कृत
↓
प्राकृत
↓
मागधी | शौरसेनी | ग्रपभ्रंश (नागर) | पैशाची | बंगाली | पाली

शौरसेनी → हिन्दी
ग्रपभ्रंश (नागर) → डिंगळ (राजस्थानी), गुजराती

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

डॉ. तैस्सितौरी ने नागर अपभ्रंश और डिंगळ तथा गुजराती के बीच में पुरानी पश्चिमी राजस्थानी (जूनी गुजराती) को माना है, जिसे सारे गुजराती विद्वान् सहर्ष स्वीकार करते हैं तथा इसी से आधुनिक गुजराती और आधुनिक राजस्थानी का उद्भव हुआ है। इस प्रकार हम देखते हैं कि हिन्दी का कोई सीधा सम्बन्ध राजस्थानी से नहीं है।

राजस्थान में प्रयुक्त डिंगळ और पिंगळ भाषाओं के सम्बन्ध में भी थोड़ा विचार करने की आवश्यकता है। पिंगळ के भाषाकीय स्वरूप को देखते हुये ऐसा प्रतीत होता है कि प्रारम्भ में यह एक शैली विशेष और तत्पश्चात् एक स्वतन्त्र भाषा के रूप में निखरी होगी। कुछ भी हो, आज ये दोनों पृथक् शैलियाँ न होकर स्वतन्त्र भाषायें हैं। डिंगळ निश्चय ही पिंगळ से प्राचीन है, अतएव डिंगल के अनुकरण पर नामाभिधान होना सुसंगत लगता है। डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी और अनेक देशी तथा विदेशी विद्वानों का यही मत है। वास्तव में व्रज मिश्रित राजस्थानी से उत्पन्न एक नई भाषा का नाम पिंगळ पड़ा। वैसे कृष्ण भक्ति के कारण राजस्थान व्रज भाषा का भी प्रेमी रहा है। व्रजभाषा के अनेक प्रसिद्ध और श्रेष्ठ कवि राजस्थान के भी रहे हैं।

राजस्थानी का प्राचीन नाम मरुभाषा है। भारतीय भाषा भगिनियों में अति प्राचीन और समृद्ध मरुभाषा का उद्गम वि. सं. ८३५ से भी बहुत पूर्व का है। वि. सं. ८३५ में भूतपूर्व मारवाड़ राज्यान्तर्गत जालोर नगर में मुनि उद्योतन सूरि रचित कुवलयमाला में वर्णित १८ भाषाओं में मरु भाषा का उल्लेख इस बात का पुष्ट प्रमाण है कि इस भाषा का साहित्य इससे भी पूर्व का रहा है—

'अप्पा-तुप्पा' भणिरे अह पेच्छइ मारुअे तत्तो
'न उरे भल्लउ' भणिरे अह पेच्छइ गुज्जरे अवरे
'अम्ह काउं तुम्ह' भणिरे अह पेच्छइ लाडे
भाइ य इ भइणी तुब्भे भणिरे अह मालवे दिट्ठे

(कुवलयमाला)

इसका प्राणवान व सशक्त वीर रसीय साहित्य कालानुसार अतिशयोक्ति-पूर्ण होते हुये भी बेजोड़ तथा भारतीय साहित्य की एक अमूल्य धरोहर है, जिसे राजस्थान वासियों ने अपने रक्तदान से सिंचित व पल्लवित किया था। विश्व कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर तो इस काव्य के कुछ ओजस्वी अंशों को सुनकर इतने प्रभावित हुये कि उन्होंने मुक्तकंठ से इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की।

अनेक सम्प्रदायों (रामसनेही, जसनाथी, बिश्नोई, दादूपंथ, निरंजनी आदि) के प्रवर्त्तक सिद्ध-महात्मा और मीरां, पृथ्वीराज आदि शताधिक भक्तों की रसप्लावित धारा ने इस प्रदेश को ही नहीं, देश के समूचे भक्तिकाल को

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सविशेष प्रभावित किया है। इसका लोक साहित्य तो हमारी अगाध संचित निधि है, जो राजस्थान के सांस्कृतिक जीवन को सही परिप्रेक्ष्य में प्रतिबिम्बित करने का मुकुर है।

विधाओं में वैविध्य और राशि में विपुलता के होते हुए भी देश के स्वतन्त्रता-युद्ध में और स्वातंत्र्य-सूर्य के उदित होने के पश्चात् भी राजनैतिक चेतना के अभाव में देश के सविधान में इसे मान्यता नहीं दो गई। राजस्थान के राष्ट्र प्रेम और राजभाषा के प्रति उसकी आसक्ति को एक विशिष्ट गुण के स्थान पर कमजोर माना गया और राजस्थानी को एक बोली के रूप में संतुष्ट होना पड़ा।

आज जब राजस्थान के तपःपूत इस ओर जाग्रत हुये हैं, सरकारी मान्यता के अभाव में भी इस भाषा के आधुनिक साहित्य के निर्माण में अपनी उत्कट इच्छा, अदम्य साहस और प्रतिभा के त्रिवेणी संगम से अपूर्व योगदान दे रहे हैं। कच्छप-चाल से ही सही, पर विविध विधाओं में जो अधुनातन विचारों से प्रेरित साहित्य निर्मित किया जा रहा है, वह कम प्रशंसनीय नहीं है। इधर राजस्थानी साहित्य संगम की स्थापना, केन्द्रीय साहित्य अकादमी द्वारा राजस्थानी भाषा को अन्य भारतीय भाषाओं के समकक्ष साहित्यिक मान्यता प्रदान करना तथा राजस्थान सरकार द्वारा एक विषय (ऐच्छिक ही सही) के रूप में विविध स्तरों पर एक विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में स्थान देना, इसको उपर्युक्त धीमी गति को त्वरित करने में सहायक बने हैं।

भाषा को एकरूपता को लेकर जाने-अनजाने एक आंतरिक कलह और द्वेषवृत्ति को बाह्य तत्त्वों द्वारा उकसाया जा रहा है। आधुनिक काल में साहित्य निर्माण की दृष्टि से एकरूपता की नितांत आवश्यकता को सभी स्वीकार करते हैं और इसके लिए सद्प्रयत्न भी हुये हैं तथा एकरूपता के लक्ष्य पर पहुँचा जा रहा है, पर इसको लेकर चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। हमारे समक्ष गुजराती तथा अन्य भाषाओं के उदाहरण प्रस्तुत हैं। स्वय हिन्दी में ब्रज, अवधी, पहाड़ी, बुंदेलखंडी, भोजपुरी आदि अनेक बोलियाँ हैं। फिर राजस्थानी की बोलियों से ही चिंतित होने की बात समझ में नहीं आ रही है।

यह ठीक है कि राजस्थानी में आधुनिक कोश का अभाव अब तक खटकता था, पर इस भाषा में कोशों का अभाव कभी न रहा। **डिंगळ नांम माळा, नागराज डिंगळ कोश, हमीर नांममाळा, नांममाळा, अवधान माळा, डिंगळ कोश, अनेकारथी कोश, एकाक्षरी नांममाळा** आदि अनेक कोश विद्यमान हैं।।

व्याकरण को समझने के लिये इस कोश में प्रयुक्त संकेतों की एक अलग तालिका दी जा रही है।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कोश के प्रकाशक श्री मूलचन्दजी गुप्ता साधुवाद के पात्र हैं। कोश के जैसे वृहत् प्रकाशन के लिये जब बड़े-बड़े प्रकाशक कतराते हैं तब मातृभाषा की सेवा करने के लिये श्री गुप्ता जी के साहस की जितनी भी प्रशंसा की जाय, कम होगी। यहाँ इसी प्रकाशन संस्था के प्रतिनिधि श्री कुंभसिंह राठोड़ को भुलाया नहीं जा सकता।

कोश का द्वितीय भाग भी प्रकाशनाधीन है और कुछ ही मासोपरांत वह भी विद्या-व्यसंगियों के हाथ में होगा।

मातृभूमि से दूर इस अन्तिम अवस्था में, मैं अपनी जिस साध को पूरी कर सका हूँ, वह मातृभूमि की रज की कृपा और आशीर्वाद का प्रताप है, नहीं तो किसी संस्था या सरकारी सहायता के बिना शब्द कोश जैसे महत्त्वपूर्ण और व्यय साध्य कार्य का पूर्ण होना असम्भव था। राजस्थान छोड़ने के बाद इसकी आशा ही छोड़ दी थी।

इस कार्य में मेरे पुत्र चि. प्रो. भूपतिराम का सहयोग नहीं होता तो इस रूप में आज भी इसका तैयार होना कठिन था। दो युगों से गुजरात में रहते हुये और हिन्दी का अध्ययन-अध्यापन करते रहने पर भी मातृभूमि और मातृ-भाषा के प्रति यह उसकी असीम भक्ति का परिचायक है। **आधुनिक राजस्थानी साहित्य और महाकवि पृथ्वीराज राठोड़ : व्यक्तित्व और कृतित्व** आदि उसके मौलिक ग्रंथ तथा अन्य साहित्यिक प्रवृत्तियाँ इसकी साक्षी हैं।

अध्यापनकार्य की अनेक-विध प्रवृत्तियों, एन. सी. सी., विश्वविद्यालय की सेनेट का सदस्य आदि अनेक स्थानिक गति-विधियों में भाग लेते हुये जो अमूल्य सहयोग (शब्द संकलन, अर्थ-विचार, प्रेस कापी बनाने, प्रूफ संशोधन तथा पत्र-व्यवहार आदि) रहा है, उसको तो उसने मात्र सेवा और कर्त्तव्य समझ कर ही किया है, परन्तु उसका मूल्य आंका नहीं जा सकता। शतशः आशीर्वाद।

डॉ. नरेन्द्र भानावत ने दो एक वर्ष पूर्व कोश को प्रकाशित करने की तत्परता बतलाई थी और सुकवि मुकनसिह बीदावत ने मेरे आवास आदि की व्यवस्था करने की जिम्मेवारी उठाने का सहज भाव से जो निमन्त्रण दिया था, उसके लिये उनका आभारी हूँ।

अ० बदरी प्रसाद साकरिया

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

संकेत

(अनु०)	अनुकरण
(अव्य०)	अव्यय
(आ० क्रि०)	आज्ञासूचक क्रिया
(उदा०)	उदाहरण
(उप०)	उपसर्ग
(ए०व०)	एक वचन
(का०)	काव्य
(क्रि०)	क्रिया
(क्रि०भ०)	क्रिया भविष्यत् काल
(क्रि०भ०का०)	क्रिया भविष्यत् काल
(क्रि०भू०)	क्रिया भूतकाल
(क्रि०भू०का०)	क्रिया भूतकाल
(क्रि०वि०)	क्रिया विशेषण
(जैन०)	जैन धर्म सम्बन्धी
(जैस०जैसल०)	जैसलमेरी
(ज्यो०)	ज्योतिष शास्त्र
(तृ०पु०)	तृतीय पुरुष
(दे०)	देखिये
(द्वि०पु०)	द्वितीय पुरुष
(न०)	नर जाति संज्ञा
(न०ब०व०)	नर जाति बहुवचन
(ना०)	नारी जाति संज्ञा
(ना०ब०व०)	नारी जाति बहुवचन
(प्र० या प्रत्य०)	प्रत्यय
(प्र०पु०)	प्रथम पुरुष
(ब०व०)	बहुवचन
(ब०वा०)	बहुवाची प्रयोग
(भ०क्रि०)	भविष्यत् क्रिया
(भू०)	भूतकाल
(भू०कृ०)	भूतकाल कृदन्त
(भू०क्रि०)	भूतकाल क्रिया
(वव्य०)	वर्ण व्यतिक्रम
(वि०)	विशेषण

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

(वि०न०)	विशेषण नर जाति
(वि०ना०)	विशेषण नारी जाति
(विभ०)	विभक्ति
(वि०वि०)	विशेष विवरण
(वि०सर्व०)	विशेषण सर्वनाम
(व्या०)	व्याकरण
(शिला०)	शिलालेख
(सर्व०)	सर्वनाम
(सं०)	अर्थ संख्या

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अ

अ—संस्कृत परिवार की राजस्थानी वर्णमाला का पहला स्वर-वर्ण। इसका उच्चारण कंठ से होता है।

अ—१. शब्दों के पहले लगने वाला एक उपसर्ग, जिसका अर्थ—निषेध, अभाव, थोड़ा, अधिक्षेप इत्यादि होता है, जैसे—अकंटक, अबोलो, अथाघ, अखार इत्यादि में। स्वर से आरंभ होने वाले शब्दों के पहले आने पर इसका रूप 'अण' हो जाता है। २. संस्कृत परिवार की भाषाओं की वर्णमालाओं के व्यंजन वर्णों की स्वर मात्राओं में स्वरूप रहित प्रथम मात्रा। *(न०)* ३. शिव। ४. ब्रह्मा। ५. विष्णु।

अइयो—*(अव्य०)* ओ, अरे, हे आदि संबोधन सूचक शब्द।

अउब—*(वि०)* अपूर्व। अद्भुत। **अनोखो**।

अउबगति—*(ना०)* १. अपूर्व गति। २. अद्भुत गति। *(क्रि० वि०)* अद्भुत गति से।

अउबभत—*(ना०)* १. अपूर्व भाँति। २. अद्भुत भाँति। *(क्रि० वि०)* अद्भुत भाँति से।

अउर—दे० **और**।

अउळग—*(न०)* १. उल्लंघन। २. सेवा। **चाकरी**। ३. याद। स्मृति। **ओळग**।

अऊत—*(वि०)* १. अपुत्रक। निःसंतान। **निपूतो**। २. निर्वंश। ३. **कुपूत**।

अऊती—*(वि०)* निःसंतान। **निपूती**।

अक—*(न०)* १. दुःख। २. पाप। ३. आक। **आकडो**।

अकच—*(वि०)* केश रहित। **गंजो**।

अकज—*(न०)* १. नाश। २. बुरा काम। **अकाज**। *(वि०)* खराब। *(अव्य०)* बिना मतलब के। व्यर्थ। **अणहूंतो**। **अणूंतो**।

अकज्ज—दे० **अकज**।

अकठ—*(वि०)* जिसके थन कठिन न हों और आसानी से दोहे जा सकें (वह गाय, भैंस आदि)।

अकड़—*(ना०)* १. ऐंठ। मरोड़। २. अभिमान ३. अनम्रता। ४. **हठ**। ५. धृष्टता। ढिठाई। *(वि०)* १. कड़ा। सख्त। २. नहीं झुकने वाला।

अकड़णो—*(क्रि०)* १. ऐंठ जाना। अकड़ जाना। २. ठिठुरना। ३. हठ करना। ४. घमंड करना। ५. धृष्टता करना। ६. झगड़ा करना। ७. कड़ा होना।

अकड़पणो—दे० **अकड़**।

अकड़ाई—दे० **अकड़**।

अकड़ाट—दे० **अकड़**।

अकड़ाणो—*(क्रि०)* १. घमंड करना। अकड़ना। २. शरीर (की संधि) में वायु से पीड़ा होना। ३. शरीर के किसी अंग का अकड़ जाना।

अकड़ावणो—दे० **अकड़ाणो**।

अकड़ीजणो—*(क्रि०)* १. सर्दी या वायु से शरीर (के किसी अंग) का ऐंठ जाना। अकड़ जाना। २. ठिठुरना। ३. तनना। ४. जिद करना। ५. घमंड करना।

अकडोडियो—*(न०)* आक का फल। **आकड़-डोडो**।

अकढ—*(वि०)* १. नहीं निकाला हुआ। २. नहीं उबाला हुआ (दूध)।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अकढियो—दे० अकढ ।

अकतो—दे० अगतो ।

अकथ—(वि०) १. नहीं कहने योग्य । २. जो नहीं कही गई हो ।

अकथ-कथ—(ना०) १. अकथनीय बात । २. अकथनीय घटना । ३. जिसका वर्णन नहीं किया जा सके उसकी चर्चा । ४. ईश्वर के अकथनीय गुणों का वर्णन ।

अकथनीय—(वि०) जिसका वर्णन नहीं हो सके । अवर्णनीय ।

अकन कँवारी—(वि०) १. आजीवन क्वारी । २. अखंड क्वारी । (ना०) १. अक्षतयोनि । २. ब्रह्मचारिणी ।

अकन कँवारो—(वि०) १. वह जिसका कौमार्य खंडित नहीं हुआ हो । अखंड क्वारा । २. आजीवन क्वारा । वाँढो । ३. अक्षत वीर्य ।

अकन कुँवारो—दे० अकन कँवारो ।

अकबर—(न०) एक मुगल बादशाह (१५५६-१६०५ ई०) का नाम ।

अकबंध—(वि०) १. बिना खोला हुआ । २ बिना तोड़ा हुआ । ३. पूरा । समस्त । ४. ज्यों का त्यों । ५. सीलबंध । साबुत । आखो ।

अकरण—(वि०) १. जिसको कोई कर न सके । जो किया नहीं जा सके । २. जो करने योग्य नहीं । ३. अघटनीय । ४. असंभावीय ।

अकरण-करण—(न०) १. ईश्वर । १. नहीं किये जा सकने वाले को करने वाला ।

अकरणीय—(वि०) नहीं करने योग्य ।

अकरम—(न०) १. अकर्म । २. कुकर्म । खोटो काम ।

अकरमी—(वि०) १. अकर्मी । पापी । २. बुरा काम करने वाला । कुकर्मी ।

अकरमो—(वि०) निकम्मा । १. निकामो । २. निवरो । दे० अकरमी ।

अकराळ—(वि०) १. भयंकर । विकराल । २. जो भयंकर न हो ।

अकरूर—दे० अक्रूर ।

अकर्ण—(वि०) १. बिना कान वाला । २. बहरा । (न०) साँप ।

अकर्तव्य—(वि०) नहीं करने योग्य । अनुचित । (न०) दुराचरण ।

अकर्ता—(वि०) १. न करने वाला । २. मानसिक रूप से कर्मों से अलिप्त ।

अकर्म—दे० अकरम ।

अकर्मण्य—(वि०) निकम्मा । निकामो ।

अकर्मा—(वि०) १. बिना काम का । २. आलसी । ३. निकम्मा । निकामो । ४. फुरसत । बेकार । निवरो । दे० अकर्मी । अकरमो ।

अकर्मी—दे० अकरमी ।

अकल—(ना०) बुद्धि । अक्ल । समझ ।

अकळ—(वि०) १. जो समझा नहीं जा सके । २. समर्थ । शक्तिमान । ३. सीमा रहित । असीम । ४. समस्त । संपूर्ण । समूचा । ५. व्याकुल । (नि०) १. परब्रह्म । २. ईश्वर । ३. शिव ।

अकलकरो—(न०) अकरकरा । एक औषधि ।

अकलमंद—(वि०) १. अक्लमंद । बुद्धिमान । समझदार । २. मंद अक्ल का । बेसमझ ।

अकलवान—(वि) अक्लमंद । समझदार ।

अळक-विकळ—(वि०) आकुल-व्याकुल । घबराया हुआ ।

अकळंक—(वि०) १. कलंक रहित । निष्कलंक । २. निर्दोष । (न०) ईश्वर ।

अकळाणो—दे० अकळावणो ।

अकळामण—(ना०) १. घबराहट । व्याकुलता । बेचैनी । २. अमूझण । ३. ऊब ।

अकळावणो—(क्रि०) १. अकुलाना । घबराना । २. उकताना । ऊबना । ऊबणो ।

अकलीम—(न०) १. राज्य । २. देश ।

अकळीस—(न०) ईश्वर ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अकल्पनीय—*(वि०)* जिसकी कल्पना नहीं की जा सके। **अकळ**।

अकल्पित—*(वि०)* १. जिसकी कल्पना भी न की गई हो। २. कल्पना रहित।

अकल्याण—*(न०)* अशुभ। अमंगल। **खोटो। भूंडो**।

अकस—*(ना०)* १. ईर्ष्या। २. शत्रुता। *(वि०)* कस रहित। सार हीन।

अकसर—*(अव्य०)* १. प्रायः। बहुधा। २. बार-बार।

अकसीर—*(वि०)* १. निश्चित रूप से प्रभावी। २. **अचूक गुणकारी**। ३. सब रोगों के लिए अचूक (दवा)। रामबाण (दवा)।

अकस्मात—*(क्रि० वि०)* १. अचानक। सहसा। २. दैव योग से।

अकंटक—*(वि०)* १. निष्कंटक। २. निर्विघ्न।

अकाज—*(न०)* १. बुरा काम। कुकर्म। २. बिना काम। ३. अनर्थ। ४. दुर्घटना। ५. विघ्न। ६. हानि। नुकसान। ७. कार्याभाव।

अकाट्य—*(वि०)* १. जो काटा नहीं जा सके। २. जिसका खंडन नहीं हो सके।

अकाथ—*(वि०)* १. अशक्त। निर्बल। **निबळो**। २. अकथ्य। ३. वृथा। **विरथा**।

अकादमी—*(ना०)* १. विद्या मन्दिर। २. विद्वत् परिषद्।

अकाम—*(वि०)* १. कामना रहित। इच्छा रहित। *(क्रि० वि०)* **अकारण**। व्यर्थ। *(न०)* १. हानि। नुकसान। २. विघ्न। ३. खराब काम। **खोटो काम**। ४. नाश।

अकामी—*(वि०)* कामना रहित। निस्पृह।

अकाय—*(न०)* १. कामदेव। *(वि०)* १. अशरीरी। देह रहित। २. निराकार। ३. अजन्मा।

अकार—*(न०)* १. 'अ' वर्ण। २. आकार। आकृति। *(वि०)* **बेकार। बेकाम**।

अकारज—दे० अकाज।

अकारण—*(वि०)* बिना कारण। निष्प्रयोजन।

अकारथ—*(क्रि० वि०)* व्यर्थ। **फिजूल**।

अकारो—*(वि०)* १. प्रचंड। तेज। करारा। २. अप्रिय। नापसंद। ३. कठोर। कठिन। ४. अधिक। ५. व्यर्थ। ६. **जबरदस्त**।

अकार्य—दे० अकर्म।

अकाळ—*(न०)* १. दुष्काल। अकाल। **काळ**। *(वि०)* असमय। **कुसमय**।

अकाळणी—*(ना०)* मृत्यु। **मौत**।

अकाळ मिरतू—दे० अकाळ मौत।

अकाल मृत्यु—दे० अकाळ मौत।

अकाळमौत—*(ना०)* १. असामयिक मृत्यु। २. बचपन व युवावस्था की मृत्यु। ३. डूबने, जलने या गिरने आदि अकस्मातों से होने वाली मृत्यु।

अकास—*(न०)* १. आकाश। २. शून्य स्थान। *(वि०)* शून्य।

अकास गंगा—*(ना०)* उत्तर-दक्षिण में विस्तृत बहुत घने तारों का समूह। आकाश गंगा।

अकास-दीवो—*(न०)* आकाश दीप।

अकास-वाणी—*(ना०)* १. आकाश वाणी। देववाणी। २. रेडियो स्टेशन।

अकास-वेल—*(ना०)* आकाश वल्ली। अमर बेल।

अकासी विरत—*(ना०)* १. वर्षा द्वारा खेती से प्राप्त होने वाले आजीविका के साधन। २. भिक्षा वृत्ति। ३. पराश्रित और अनिश्चित आमदनी के साधन।

अकीक—*(न०)* एक प्रकार का चिकना कीमती पत्थर।

अकीध—दे० अकीधो।

अकीधो—*(क्रि० वि०)* नहीं किया। *(वि०)* नहीं किया हुआ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अकीन—*(न०)* यकीन । भरोसा । **भरोसो** । **आकीन** । दे० अकीधो ।

अकीनदार—*(वि०)* १. यकीन वाला । भरोसा वाला । **आकीन वाळो** । २. ईमानदार ।

अकीन वाळो—दे० अकीनदार ।

अकीरत—दे० अकीर्त्ति ।

अकीर्त्ति—*(ना०)* अपयश । अपकीर्त्ति । **बदनामी** ।

अकुळ—*(वि०)* कुलहीन । *(न०)* बुरा कुल ।

अकुळाणो—दे० अकळाणो ।

अकुळावणो—दे० अकळाणो ।

अकुळीण—*(वि०)* १. नीच कुल का । अकुलीन । **कुळहीणो** । **कुळ बाहिरो** । २. वर्णसंकर ।

अकुलीन—दे० अकुळीण ।

अकुशल—दे० अकुसळ ।

अकुसळ—*(न०)* १. अमंगल । अक्षेम । अकल्याण । २. अहित । ३. अशुभ । **मूंडो** ।

अकूपार—*(न०)* समुद्र ।

अकूरड़ी—दे० उकरड़ी ।

अकूरड़ो—दे० उकरड़ो ।

अकृत—*(वि०)* १. नहीं किया हुआ । २. खराब किया हुआ । *(न०)* पाप ।

अकृतार्थ—*(वि०)* १. जो कृतार्थ नहीं । २. असफल ।

अकृत्य—*(वि०)* नहीं करने जैसा । *(न०)* नहीं करने जैसा काम । अपकृत्य । निकम्मा काम ।

अकृत्रिम—*(वि०)* १. स्वाभाविक । प्राकृतिक । २. वास्तविक ।

अकेलो—*(वि०)* अकेला । एकाकी । **अेकलो** ।

अकेवड़ो—*(वि०)* इकहरा । **एकवड़ो** ।

अकोट—*(न०)* १. सुपारी का वृक्ष । २. सुपारी । *(वि०)* अत्यधिक ।

अकोर—*(न०)* १. निछावर । **निछरावळ** । २. उपहार । ३. रिश्वत ।

अक्ख—*(वि०)* १. अक्षय । **आखो** ।

अक्खड़—दे० अखड़ ।

अक्खर—*(न०)* १. अक्षर । वर्ण । **आखर** । *(वि०)* नाश रहित ।

अक्खो—*(वि०)* १. अक्षय । **आखो** । २. पूर्ण । पूरा ।

अक्टूबर—*(न०)* ईसवी सन् का दसवां महीना । अक्टोबर ।

अक्यारथ—दे० अकारथ ।

अक्रत—*(न०)* दुष्कर्म । *(वि०)* नहीं करने योग्य । दे० अकृत ।

अक्रम—*(न०)* अकर्म । कुकर्म । पाप । *(वि०)* १. अकृत्य । २. अक्रिय । कर्मों से रहित । ३. निष्कर्म । कर्म रहित । ४. क्रम रहित ।

अक्रूर—*(वि०)* दयालु । *(न०)* श्री कृष्ण के चाचा और भक्त ।

अक्ष—*(ना०)* १. आंख । २. इन्द्रिय । ३. जिस पर पृथ्वी घूमती वह धुरी है । *(न०)* १. जूआ खेलने का पासा । २. माला का मनका ।

अक्षत—*(वि०)* बिना टूटा हुआ । अखंडित । *(न०)* १. चावल का बिना टूटा दाना अखत । २. जौ । ३. अनबिंधा मोती ।

अक्षतयोनि—*(ना०)* १. वह योनि जिसमें वीर्यपात न हुआ हो । २. वह कन्या जिसके साथ पुरुष का समागम न हुआ हो ।

अक्षतवीर्य—*(वि०)* वह जिसका वीर्यपात कभी न हुआ हो ।

अक्षम—*(वि०)* १. जिसमें क्षमता न हो । २. असमर्थ । ३. जिसमें काम करने की योग्यता न हो । ४. क्षमा रहित ।

अक्षमता—*(ना०)* १. अक्षम होने का भाव । २. असमर्थता । ३. असहिष्णुता ।

अक्षम्य—*(वि०)* क्षमा न करने योग्य ।

अक्षय—*(वि०)* क्षय नहीं होने वाला । अविनाशी ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अक्षय तृतीया—दे० आखा तीज ।

अक्षय वट—दे० अखै वड़ ।

अक्षर—*(न०)* १. वह वर्ण जो शब्द के साथ जुड़ा हुआ हो । *(व्या०)* २. अकारादि वर्ण । **आखर** । ३. आत्मा । ४. सत्य । ५. ब्रह्म । ६. मोक्ष । ७. विधि का लेख । *(वि०)* १. नित्य । २. अविनाशी ।

अक्षरमेळ—*(न०)* वर्णों की संख्या और लघु-गुरु के क्रम की समानता वाला वृत्त । अक्षरवृत्त । वर्णिक छंद । **आखरमेळ** । (का०) ।

अक्षि—*(ना०)* आंख ।

अक्षुण्ण—*(वि०)* बिना टूटा हुआ । अखंडित ।

अक्षोट—*(न०)* अखरोट ।

अक्षोणी—दे० अक्षौहिणी ।

अक्षौहिणी—*(ना०)* प्राचीन युग में सेना का एक परिमाण जिसमें १०९३५० पैदल, ६५६१० घोड़े, २१८७० रथ और हाथी रहते थे ।

अक्स—*(न०)* १. प्रतिबिंब । २. चित्र ।

अक्सर—*(क्रि० वि०)* प्रायः । बहुधा । **घणोकरनै** ।

अखज—*(वि०)* नहीं खाने योग्य । अखाद्य । *(न०)* १. नहीं खाने योग्य पदार्थ । २. मांसाहार ।

अखड़—*(वि०)* १. बिना जोता हुआ । (खेत) । जो खड़ा नहीं गया हो । परती । **पड़त** । **पड़तल** । **अणखड़** ।

अखड़ी—*(वि०)* बिना खड़ी या जोती हुई (जमीन) । परती । **पड़तल** ।

अखड़ेत—*(वि०)* १. अखाड़ा बाज । २. मल्ल । ३. वीर । ४. जबरदस्त । ५. रणजीत ।

अखण—*(न०)* १. मुंह । **मूंडो** । २. कथन ।

अखणो—*(क्रि०)* कहना ।

अखत—*(न०)* १. पूजा के काम में आने वाले बिना टूटे चावल । अक्षत । २. चावल । ३. यावनी भाषा । ४. म्लेच्छ वाणी । ५. नमाज । *(वि०)* १. जो टूटा न हो । २. जिसके कोई घाव न लगा हो । अक्षत ।

अखतरो—*(न०)* १. प्रयोग । २. आजमाइश । **अजमास** ।

अखत्यार—*(न०)* इख्तियार । अधिकार ।

अखत्र—*(वि०)* १. अखंडित । अक्षत । २. अजस्र । **निरंतर** । *(न०)* अक्षत चावल ।

अखबार—*(न०)* समाचार पत्र । **छापो** ।

अखम—*(वि०)* १. **लाचार** । विवश । २. अशक्त । ३. अंधा । **आंधो** । ४. क्षमा रहित । ५. क्षमता रहित । ६. असह्य । ७. असमर्थ ।

अखर—*(न०)* अक्षर । **आखर** । दे० अक्षर ।

अखरणो—*(क्रि०)* अखरना । बुरा लगना ।

अखरावट—*(ना०)* बार-बार कह करके किसी बात को पक्का करना । **खरावट** । दे० अखरावळ ।

अखरावणो—*(क्रि०)* १. बार-बार कह कर बात को पक्का करना । २. सामने वाले से बार-बार कहलवाकर बात को पक्का करना ।

अखरावळ—*(ना०)* १. अक्षरावली । अक्षर पंक्ति । २. वर्णानुक्रम । **अखरावट** । ३. अनुक्रमणिका । ४. एक प्रकार की कविता जिसके चरण (पंक्ति) वर्णमाला के अक्षर क्रम के अनुसार आरंभ होते हैं । अक्षरौटी । **अखरावट** । ५. **लिखावट** । ६. साक्षी के रूप में की जाने वाली लिखा पढ़ी । साक्षी पत्र । ७. **जमानतनामा** ।

अखरावळी—*(ना०)* १. अक्षरावली । अक्षर पंक्ति । २. वर्ण माला ।

अखरै—*(अव्य०)* १. अंकों में लिखने के

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

साथ संख्या का अक्षरों में लिखा जाना। २. हुंडी, चैक आदि में रुपयों की संख्या का शब्दों द्वारा उल्लेख करने का पारिभाषिक शब्द। जैसे—रु० १०५) अखरै रुपिया एक सौ पाँच। ३. अक्षरों में। अक्षरों द्वारा व्यक्त। (वि०) खरा। पक्का निश्चय।

अखरो—(वि०) १. कृत्रिम। बनावटी। खोटो। २. झूंठा। कूड़ो। ३. कठिन। मुश्किल।

अखरोट—(न०) एक मेवा।

अखंग—(वि०) जिसके दाग न लगाया गया हो (पशु)। २. जिसके दाग (तप्त चिन्ह) न लगा हुआ हो (पशु)। ३. अक्षय।

अखंड—(वि०) १. खंडित नहीं। पूरा। २. समस्त। आखो। ३. अविरल। निरंतर।

अखंडळ—(न०) आखंडल। इंद्र।

अखंडित—(वि०) जिसके टुकड़े न हुए हों। पूरा। आखो। साबतो।

अखाड़मल—(न०) १. योद्धा। २. पहलवान।

अखाड़सिध—दे० अखाड़मल।

अखाड़ो—(न०) १. साधुओं का मठ। २. अखाड़े के साधुओं की मंडली व जमात। २. ख्याल-तमाशों में अभिनय करने वालों का (गोलाकार स्थान) व उसके आजू-बाजू गायक मंडली के गोलाकार रूप में बैठने का घेरा व स्थान। ४. नृत्य सभा। ५. नाट्य शाला। ६. व्यायाम शाला। ७. कुश्ती बाजों का स्थान। दंगल। ८. नशा बाजों के एकत्रित होने का स्थान। ६. जूआ खेलने वालों का अड्डा। १०. युद्ध भूमि। ११. युद्ध। १२. खेल। १३. तमाशा। १४. चमत्कारपूर्ण कार्य।

अखातो—(वि०) १. भूखा। दीन। गरीब।

अखार—(वि०) १. क्षार रहित। २. मिलावट रहित। ३. क्रोध रहित। ४. शत्रुता रहित।

अखियात—(वि०) १. प्रसिद्ध। प्रख्यात। २. आश्चर्यजनक। ३. स्तुत्य। ४. चिर स्थायी। (न०) यश। कीर्ति।

अखिर—दे० आखिर।

अखिल—(वि०) १. संपूर्ण। समग्र। २. सर्वांगपूर्ण।

अखिलपति—(न०) परमेश्वर।

अखिलेश—(न०) परमेश्वर।

अखी—(वि०) १. जिसका क्षय न हो। अक्षय्य। २. न मरने वाला। अमर। ३. कीर्त्तिमान। यशस्वी।

अखी अमावस—(ना०) आखातीज के पहले की अमावस। वैशाख मास की अमावस्या।

अखीर—(न०) अंत। आखिर। (क्रि० वि०) आखिर में। अंत में।

अखी रहो—(अव्य०) गुरुजनों की ओर से दिया जाने वाला आशीर्वचन। 'अमर रहो', 'यशस्वी बनो' इत्यादि आशीर्वादार्थक पद।

अखूट—(वि०) नहीं खूटने वाला। अपरिमित। अपार।

अखूंत—(न०) १. शस्त्र। २. कवच। ३. वीर पुरुष। (वि०) उतावला।

अखूंतो—(वि०) १. उतावला। २. बेचैन।

अखेलो—(वि०) १. जो सबके लिए सुगम नहीं ऐसा खेल (युद्ध) खेलने वाला। २. अद्भुत। ३. व्याकुल। दुखी। ४. मरणासन्न। ५. असाध्य रोग वाला। (न०) १. असाध्य रोगावस्था। २. असाध्य रोगी।

अखेलो खेल—(न०) १. जिसे सर्वसाधारण नहीं खेल सकता ऐसा खेल। युद्ध। २. अद्भुत कार्य। ३. विचित्र खेल।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अखै—दे० अक्षय ।

अखैमाळ—(ना०) अक्षमाला । रुद्राक्ष माला ।

अखैवड़—(न०) १. कभी क्षय नहीं होने वाला प्रयाग का अक्षय वट । २. गया का अक्षय वट ।

अखैसाही—दे० अखैसाही रुपियो ।

अखैसाही नाणो—दे० अखैसाही रुपियो ।

अखैसाही रुपियो—(न०) जैसलमेर के रावल अखैराज द्वारा प्रवर्तित चाँदी का रुपया । अखैशाही रुपया ।

अखोण—(ना०) अक्षौहिणी सेना ।

अखोणी—दे० अखोण ।

अख्खर—दे० अक्षर ।

अख्यात—दे० अखियात ।

अग—(न०) १. पर्वत । २. सूर्य । ३. अग्नि । ४. सर्प । ५. यश । (वि०) अचल । स्थावर । (क्रि० वि०) १. आगे । २. सामने ।

अगचळियो—(वि०) जबरदस्त ।

अगजीत—(वि०) १. आगे रह कर जीतने वाला । २. जीतने वालों में अग्रणी ।

अगड—(न०) १. पर्वत । २. रोक । प्रतिबंध । ३. अर्गला । आगळ । ४. हाथी को बाँधने का स्थान । ५. वह दीवार जो दो हाथियों को बाँधने की जगहों के बीच में बनाई हुई होती है । अगड । (वि०) १. असम्बद्ध । २. ऊपर उठा हुआ ।

अगड़—(वि०) १. अनघड़ । २. अगम्य । (ना०) अकड़ ।

अगड़-बगड़—(वि०) असम्बद्ध ।

अगड—दे० अगड सं० ५

अगढाळ—(न०) १. एक ओर ढलुवाँ खपरेलों की छत (छान) वाला कमरा । २. एक ओर ढलुवाँ खपरेलों की छत । एक ओर ढलुवाँ छान । एकढाळियो ।

अगढाळियो—दे० अगढाळ ।

अगण—(न०) १. छंद शास्त्र के अशुभ गण । २. अग्नि । (क्रि० वि०) आगे । अगाड़ी ।

अगणित—(वि०) अगणित । असंख्य ।

अगणो—(वि०) १. प्रथम । पहलो । २. तीसरा । तीजो ।

अगत—दे० अगति ।

अगति—(ना०) दुर्गति । खोटी गत ।

अगतियो—(वि०) १. मरने के बाद जिसकी गति नहीं हुई हो । प्रेतयोनि प्राप्त । २. नरकगामी । ३. अधोगामी ।

अगतो—(न०) १. छुट्टी । तातील । अवकाश । २. छुट्टी का दिन । ३. पर्व दिन । ४. मजदूरी के काम करने वालों के अवकाश का दिन । अंझा । ५. जीव-हिंसा के अवकाश का दिन ।

अगथि—(न०) अगस्त्य ।

अगथियो—(न०) अगस्त वृक्ष ।

अगद—(ना०) १. दवा । (वि०) नीरोग । स्वस्थ ।

अगदराज—(न०) १. अमृत । २. औषधि । दवा ।

अगन—(ना०) अग्नि । आग ।

अगनग—(न०) ज्वालामुखी पर्वत ।

अगन-जंत्र—(न०) १. तोप । २. बंदूक ।

अगन-झाळ—(ना०) अग्नि ज्वाला । झाळ ।

अगन-सिनान—(ना०) जीवित जलना ।

अगनान—दे० अग्यान ।

अगनी—(ना०) १. अग्नि । २. प्रकाश । ३. अग्नि देवता । ४. पित्त । ५. जठराग्नि ।

अगनी कूण—(ना०) आग्नेय दिशा ।

अगनी कूंट—दे० अगनी कूण ।

अगनो—दे० अगणो ।

अगम—(वि०) १. अगम्य । दुर्गम । २. बुद्धि से परे । ३. स्थावर । ४. समझ में न आने वाला । ५. अथाह । (न०)

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

१. ईश्वर । २. वृक्ष । ३. पर्वत । ४. भविष्य । ५. दूरदर्शिता ।

अगम चेती—(*वि०*) दूरदर्शी । **आगम सोचू** । आगम सोची ।

अगम-निगम—(*न०*) १. आगम-निगम । वेद और शास्त्र । २. वेद । ३. वेद भी जिसे नहीं जानता वह । ४. ब्रह्मज्ञान । ५. ब्रह्मज्ञान की चर्चा । ६. योग विद्या । योग शास्त्र । ७. भूत और भविष्य ।

अगमबुद्धि—(*ना०*) आगम बुद्धि । दूरदर्शिता । (*वि०*) दूरदर्शी ।

अगमभाखी—(*वि०*) १. भविष्य वक्ता । २. योग सिद्धि द्वारा भविष्य कथन करने वाला ।

अगमवाणी—(*ना०*) आगम वाणी । गूढ़ गिरा । २. रहस्य वाणी ।

अगम्या—(*ना०*) वह स्त्री जिसके साथ संभोग करना निषिद्ध है, जैसे—माता, कन्या, गुरुपत्नी इत्यादि ।

अगर—(*न०*) १. सुगंध वाला एक वृक्ष । २. एक औषधि । (*क्रि० वि०*) १. यदि । जो । २. आगे ।

अगरबत्ती—(*ना०*) अगर आदि सुगंधिदार वस्तुओं की बनाई हुई बत्ती जो सुगंध के लिए जलाई जाती है । धूपबत्ती ।

अगरवाळ—(*न०*) एक वैश्य जाति । अग्रवाल ।

अगरवाळण—(*ना०*) अग्रवाल जाति की स्त्री ।

अगरवाळी—दे० अगरवाळण ।

अगरांटो—(*वि०*) बिना बिछौने की खाट पर सोया हुआ ।

अगरेल—(*न०*) १. अगर का तेल । २. अगर वृक्ष ।

अगल-बगल—(*क्रि० वि०*) १. आस-पास । २. इधर-उधर ।

अगलूणो—(*वि०*) १. अगला । पहले का । २. व्यतीत काल का । ३. आगे का । आने वाले समय का । ४. सामने का ।

अगलो-(*वि०*) १. पहले का । भूत काल का । २. अगला । **आगलो** । भविष्य काल का । ३. सामने का । आगे का ।

अगवाई—(*ना०*) अतिथि का सामने जाकर किया जाने वाला स्वागत ।

अगवाणी—(*वि०*) १. मुख्य । प्रधान । २. आगे रहनेवाला । आगे चलनेवाला । (*ना०*) अतिथि का सामने जाकर किया जाने वाला स्वागत ।

अगस्त—(*न०*) १. ईसवी सन का आठवां महीना । ऑगस्ट । २. एक ऋषि का नाम । अगस्त्य ऋषि । ३. एक तारा ।

अगहन—(*न०*) मार्गशीर्ष मास ।

अगंज—(*वि०*) १. जिसका नाश नहीं किया जा सके । २. जिस पर विजय नहीं पाई जा सके ।

अगंजी—(*वि०*) १. जिसका नाश नहीं किया जा सके । २. जिस पर विजय नहीं पाई जा सके । अजेय । (*न०*) गढ़ । किला ।

अगंड—(*न०*) कबंध । रुण्ड ।

अगा—(*क्रि० वि०*) १. पहले । पूर्व । २. सामने । सम्मुख ।

अगाउ—(*वि०*) १. पहले का । पूर्व समय का । २. आगे वाला । (*क्रि० वि०*) १. पहले । पेश्तर । २. आगे ।

अगाउ थी—(*अव्य०*) पहले से । आगे से ।

अगाउ लग—(*अव्य०*) आगे तक ।

अगाऊ,—दे० अगाउ ।

अगाड़ी—(*क्रि०वि०*) १. आगे । सामने । २. पहले । ३. भविष्य में । (*ना०*) १. घोड़े के अगले पैर का बन्धन । २. प्रथम आक्रमण ।

अगाड़ी-पछाड़ी—(*ना० ब० व०*) घोड़े के आगे और पीछे के पाँवों में बाँधने की दो रस्सियाँ । (*अव्य०*) आगे और पीछे ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अगात—*(वि०)* निराकार। अशरीरी।

अगाध—*(वि०)* १. अधिक। अत्यन्त। २. गहरा। ऊंडो।

अगार—*(न०)* १. कोष। खजाना। आगार। २. घर।

अगा लग—*(क्रि० वि०)* १. आगे तक। २. लगातार। आगूलगू।

अगाळी—*(ना०)* बरछी।

अगास—*(न०)* आकाश।

अगासी—*(ना०)* १. छत पर बना छोटा छप्पर। २. छत पर की खुली जगह।

अगाह—*(वि०)* १. अगाध। अथाह। २. गहरा। ऊंडो। ३. जो पकड़ा न जा सके। ४. अग्राह्य। *(क्रि० वि०)* १. आगे। २. सम्मुख।

अगाहट—*(न०)* जमीन का दान।

अगां—*(वि०)* १. आगे का। २. पहला। *(न०)* १. बीता हुआ समय। २. आने वाला समय। *(क्रि० वि०)* बीते हुए समय में। २. आने वाले समय में। ३. सामने।

अगिन—*(ना०)* अग्नि।

अगिनाण—*(ना०)* १. अग्नि ज्वाला। २. अज्ञान।

अगियाण—दे० अज्ञान।

अगिवाण—*(वि०)* १. अगुआ। मुखिया। २. मार्ग दर्शक।

अगुओ—*(वि०)* १. अगुआ। मुखिया। २. मार्ग दर्शक।

अगुण—*(न०)* १. निर्गुण। गुणरहित। २. औगुन। दोष। बुराई।

अगुवाणि—दे० अगिवाणी।

अगुवो—दे० अगुओ।

अगूढ—*(वि०)* १. जो गूढ़ न हो। स्पष्ट। २. सरल।

अगूण—*(न०)* पूर्व दिशा।

अगेत—दे० आगतरी।

अगेती—दे० आगतरी।

अगेस—*(क्रि० वि०)* आगे।

अगेह—*(वि०)* घर रहित। बिना घर का।

अगै—*(क्रि० वि०)* १. पूर्व काल में। अतीत में। २. आगे। ३. सम्मुख। ४. पहले। ५. भविष्य में।

अगोचर—*(वि०)* १. जो इन्द्रियों से न जाना जा सके। इन्द्रियातीत। २. अव्यक्त। *(न०)* १. परब्रह्म। परमात्मा। २. विष्णु।

अग्गि—*(क्रि० वि०)* आगे। *(ना०)* आग।

अग्नान—दे० अज्ञान।

अग्नानी—दे० अज्ञानी।

अग्नि—*(ना०)* वैश्वानर। आग।

अग्निकुंड—*(न०)* यज्ञकुंड। दे० अनल कुंड *(वि० वि०)*

अग्निज्वाला—*(ना०)* आग की लपट। झाळ।

अग्निदाह—*(न०)* शव को जलाना। अग्नि संस्कार। दाग।

अग्नि परीक्षा—*(ना०)* १. अग्नि के द्वारा परीक्षा करने की क्रिया। २. बहुत कठिन परीक्षा।

अग्नि पुराण—*(न०)* अठारह पुराणों में से एक।

अग्निपूजक—*(न०)* पारसी।

अग्निबाण—*(न०)* अग्न्यास्त्र।

अग्नि संस्कार—*(न०)* शव को जलाने की क्रिया। दाहक्रिया।

अग्निहोत्र—*(न०)* वेदमंत्रों द्वारा अग्नि में आहुति देने की क्रिया।

अग्निहोत्री—*(वि०)* अग्निहोत्र करनेवाला।

अग्य—दे० अज्ञ।

अग्या—दे० आज्ञा।

अग्यात—दे० अज्ञात।

अग्यान—दे० अज्ञान।

अग्यानी—दे० अज्ञानी।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अग्र—*(वि०)* १. अगला। २. पहला। ३. श्रेष्ठ। ४. प्रधान। *(क्रि० वि०)* १. आगे। २. सामने। *(न०)* १. आगे का भाग। २. सिरा। सिरो।

अग्रगामी—*(वि०)* आगे चलने वाला। *(न०)* १. प्रधान। २. नेता।

अग्रगाव—*(न०)* पर्वत।

अग्रज—*(न०)* १. बड़ा भाई। मोटोभाई। २. ब्राह्मण।

अग्रजा—*(ना०)* बड़ी बहन। मोटी बहन।

अग्रणी—*(वि०)* अगुआ।

अग्रदास—*(न०)* रामानन्दी सम्प्रदाय के गलता (जयपुर) निवासी एक प्रसिद्ध रामभक्त कवि जो नाभादास के गुरु और कुंडलिया रामायण आदि कई भक्ति ग्रंथों के रचयिता थे।

अग्रसर—*(वि०)* १. अगुआ। २. मुख्य। प्रधान।

अग्राज—*(ना०)* गर्जन। दहाड़।

अग्राजणो—*(क्रि०)* दहाड़ना। गरजना।

अग्राह्—दे० अग्राह्य।

अग्राह्य—*(वि०)* ग्रहण करने योग्य नहीं।

अग्रिम—*(वि०)* १. पेशगी। २. पहला। ३. अगला।

अग्रें—*(क्रि० वि०)* १. पहले। २. आगे। ३. आगे से।

अघ—*(न०)* १. पाप। २. दुख।

अघअवतार—*(वि०)* पापी।

अघट—*(वि०)* १. नहीं होने योग्य। २. अयोग्य। ३. अनुपयुक्त। ४. कठिन। ५. जो संभव न हो। ६. नहीं घटने या कम होने वाला। ७. सदा एक जैसा।

अघटित—*(वि०)* जो कभी न हुआ हो।

अघडंडी—*(न०)* यमराज। जमराज।

अघमंजण—*(वि०)* पापों को धोने वाला। पापों का नाश करने वाला। *(न०)* १. विष्णु। २. गंगा।

अघमोचण—*(वि०)* पापों का नाश करने वाला। *(न०)* १. विष्णु। २. गंगा। ३. शिव।

अघरणी—*(ना०)* १. पहला गर्भ। २. गर्भ धारण करने के आठवें महीने किया जाने वाला संस्कार। सीमंतोन्नयन संस्कार। सीमंत।

अघराण—दे० अघ्राण।

अघरायण—*(वि०)* १. असह्य। २. कठिन। ३. भयंकर। दे० अघ्राण।

अघवारण—*(वि०)* पापों का नाश करने वाला। *(न०)* ईश्वर।

अघहारी—*(वि०)* पापों का नाश करने वाला। *(न०)* ईश्वर।

अघाट—*(वि०)* १. बिना रूप का। अरूप। २. जो कम नहीं। अन्यून। ३. अनंत। अपार। *(न०)* १. समस्त स्वत्वों वाला हस्तलेख। सभी हकों वाला दस्तावेज। २. दानपत्र। ३. शिलालेख। ४. माफी की जमीन जिसे उसका मालिक बेच न सके। ५. दान में प्राप्त भूमि या गाँव।

अघाणो—*(क्रि०)* अघाना। तृप्त होना। धापणो।

अघात—*(ना०)* १. आघात। चोट *(वि०)* प्रहार रहित।

अघायो—*वि०)* १. आघात रहित। अक्षत। २. स्वस्थ। ३. अघाया हुआ। तृप्त। धापियोड़ो।

अघावणो—दे० अघाणो।

अघासुर—*(न०)* एक राक्षस का नाम।

अघोर—*(वि०)* १. भयंकर। २. घोर। ३. मन भावन। ४. प्रिय। ५. पूर्ण। ६ बहुत। *(न०)* १. शिव का एक रूप। २. अघोर पंथ।

अघोरपंथ—*(न०)* अघोरियों का संप्रदाय।

अघोरपंथी—*(न०)* अघोरपंथ का अनुयायी। अघोरी।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अघोरी—*(न०)* १. अघोर पंथी। औघड़। *(वि०)* २. अधिक खानेवाला। २. भक्ष्या भक्ष्य का विचार नहीं करने वाला। ३. अत्यन्त गंदा। घिनौना। ४. अधिक नींद लेने वाला। अति निद्रालु। ५. सुस्त। अहदी। आळसी। ऐदी।

अघोष—*(वि०)* १. आवाज रहित। नीरव। शान्त। *(न०)* राजस्थानी वर्ण-माला के व्यंजन वर्गों के पहले दूसरे वर्ण यथा–क ख, च छ, ट ठ, त थ, और प फ,– ये अघोष व्यंजन कहलाते हैं। *(व्या०)*

अघ्राण—*(ना०)* १. सुगंधि। सौरभ। आघ्राण। २. दुर्गंधि। *(वि०)* गंध रहित।

अघ्रायण—दे० अघ्राण। दे० अघरायण।

अच—*(न०)* हाथ। आच।

अचकन—*(न०)* एक प्रकार का लम्बा कोट।

अचगळ—*(वि०)* १. दानी। २. उदार। ३. वीर।

अचड़—*(वि०)* १. निश्चल। अचल। २. श्रेष्ठ। ३. वीर। *(न०)* १. यश। कीर्ति। २. चरित्र। ३. श्रेष्ठ कार्य। ४. चेष्टा। ५. कृपा। ६. युद्ध।

अचड़ांकरण—*(वि०)* १. उत्तम काम करने वाला। २. शरण देनेवाला। ३. शरणागत की रक्षा के लिये युद्ध करने वाला। ४. योद्धा।

अचड़ांबोल—*(न०)* १. श्रेष्ठ पुरुषों का वचन। २. प्रमाण कथन। प्रमाण वाक्य।

अचणो—*(क्रि०)* १. आचमन करना। २. पीना। ३. खाना। ४. कहना।

अचपड़ा—*(न०)* बच्चों की होने वाली एक प्रकार की हलकी चेचक। अछबड़ा।

अचपळाई—*(ना०)* १. चपलता। २. उद्धतपना। उजड्डता। ३. उत्पात।

अचपळो—*(वि०)* १. चंचल। चपल। २. उद्धत। ३. उत्पाती। ऊधमी।

अचरज—*(न०)* आश्चर्य। अचंभो।

अचल—दे० अचळ।

अचळ—*(वि०)* १. अचल। निश्चल। २. दृढ़ *(न०)* १. पृथ्वी। २. पर्वत। ३. ध्रुव। ४. सूर्य। ५. सात की संख्या का सूचक शब्द।

अचळगढ़—*(न०)* १. आबू पर्वत का एक तीर्थस्थान, जहां अचलेश्वर महदेव का प्रख्यात मंदिर है। २. आबू पर्वत का एक ऐतिहासिक स्थान, जहां पहले दुर्ग और नगर बसा हुआ था।

अचळा—*(ना०)* पृथ्वी।

अचलेश्वर—*(न०)* आबू पर्वत पर अचल-गढ़ में स्थित इतिहास प्रसिद्ध शिवमंदिर के महादेव। २. शिव।

अचवन—*(न०)* आचमन।

अचंभ—*(न०)* अचरज। अचंभा। *(वि०)* १. आश्चर्यजनक। २. चकित।

अचंभणो—*(न०)* अचंभा करना। आश्चर्य करना। अचंभोकरणो।

अचंभम—दे० अचंभ्रम।

अचंभो—*(न०)* आश्चर्य। अचंभा।

अचंभ्रम—*(न०)* आश्चर्य। अचरज।

अचागळ—*(वि०)* १. उदार। दातार। २. वीर। बहादुर। ३. अचल। अडिग।

अचागळो—दे० अचागळ।

अचाचूक—*(क्रि० वि०)* अचानक।

अचार—*(न०)* अंबिया, कैर, गूंदा इत्यादि फल या तरकारियों का मिर्च-मसाले डाल कर बनाया हुआ एक स्वादिष्ट व्यंजन। अथाना। अथाणो।

अचारज—*(न०)* १. आचार्य। २. एक अल्ल। उपगोत्र। ३. एक ब्राह्मण जाति। कारटियो।

अचाळ—*(वि०)* १. अचल। अटल।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

२. प्रचंड । ३. भयंकर । ४. तेज । ५. अधिक ।

अचावणी—*(वि०)* १. नहीं चाहने वाली । २. नहीं चाही गई । ३. अरुचिकर ।

अचाही—*(वि०)* निस्पृह । निष्कामी ।

अचिंत – *(क्रि० वि०)* एकाएक । अकस्मात ।

अचिंत्य—*(वि०)* १. जिसका चिंतन न हो सके । २. जिस पर विचार नहीं किया जा सके । कल्पनातीत ।

अचिंत्यो—*(क्रि० वि०)* १. बिना सोचा हुआ । २. अकस्मात ।

अचींती—*(क्रि० वि०)* १. जो ख्याल में न हो । २. एकाएक ।

अचींतो,— दे० अचिंत्यो ।

अचुतानंद—*(न०)* अच्युतानंद ।

अचुंड—*(वि०)* १. डरावना । भयावना । २. अद्भुत । ३. निर्भय ।

अचूक—*(वि०)* १. नहीं चूकने वाला । २. जो अपना प्रभाव अवश्य दिखाये । अमोघ । असरकारक । ३. ठीक । पक्का । भ्रम रहित । *(क्रि०वि०)* १. निश्चय ही । २. चूके बिना । ३. अवश्य ही । ४. एकदम ।

अचूको—*(वि०)* १. नहीं चूकने वाला । २. दृढ़ निश्चयी । *(क्रि०वि०)* १. निश्चय ही । २. अवश्य ही ।

अचूंको—*(वि०)* १. निडर । निःशंक ।

अचूंड—दे० अचुंड ।

अचेत—*(वि०)* बेसुध । मूर्च्छित । बेहोश । बेभान । २. असावधान । बेखबर । ३. नासमझ । ४. जड़ ।

अचेती—*(वि०)* १. अचेत । बेहोश । २. असावधान ।

अचैन—*(न०)* १. दुख । कष्ट । २. व्याकुलता । ३. बेचैन ।

अचोट—*(न०)* किला ।

अच्छर—*(ना०)* १. अप्सरा । *(ना०)* अक्षर । आखर ।

अच्छरा— *(ना०)* अप्सरा ।

अच्छाई—*(ना०)* अच्छापन ।

अच्छु—*(अव्य)* अस्तु । अच्छा । अच्छा जी । खैर । आछो ।

अच्छेर—दे० अछेर ।

अच्छेरो—दे० अछेरो ।

अच्छो—*(वि०)* अच्छा । भला । चोखो ।

अच्युत—*(वि०)* १. न गिरा हुआ । २. दृढ़ । ३. अटल । ४. शाश्वत । *(न०)* १. विष्णु । २. श्रीकृष्ण ।

अच्युतानंद—*(न०)* १. अखंड आनंद । २. अखंड आनंद भोगने वाला । ईश्वर । परब्रह्म ।

अछइ—*(क्रि०)* 'होना' क्रिया का वर्तमान रूप । 'है' और 'छै' क्रियाओं का काव्य रूप । दे० अछै ।

अछक—*(वि०)* १. अतृप्त । २. उन्मत्त । ३. अपार ।

अछत—*(ना०)* १. अभाव । कमी । आवश्यकता । मांग । ३. अभिलाषा । *(वि०)* १. प्रच्छन्न । छिपा हुआ । २. बिना छत्र का । ३. बिना स्वामी का ।

अछतो—*(वि०)* १. अभाव वाला । २. गुप्त । छिपा हुआ । ३. साधन हीन । *(न०)* अभाव । कमी ।

अछन—*(अव्य)* १. प्रकट । जाहिर । २. पास । निकट । *(वि०)* अक्षुण्ण । *(न०)* लाड़ । प्यार ।

अछन-अछन—*(अव्य०)* १. प्रीति और सम्मान सूचक एवं शुभकांक्षार्थ एक द्विरुक्ति पद । गुरुजन, मित्र अथवा सगे-संबंधी के प्रति प्रति स्नेह, सम्मान, स्वागत, दीर्घायु और नैरोग्य आदि मंगल भावनाओं का सूचक एक पद । २. लाड़-प्यार ।

अछबड़ा—*(न०)* १. चेचक का एक प्रकार । छोटी चेचक । २. बच्चों को होने वाली एक प्रकार की हलकी चेचक । अचपड़ा ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अछर—(ना०) १. अप्सरा । (न०) २. अक्षर ।

अछरा—(ना०) अप्सरा ।

अछराण—(ना० ब० व०) अप्सराओं का समूह ।

अछरां-वर—(न०) स्वर्ग में अप्सराओं द्वारा वरण किया जाने वाला वीरगति को प्राप्त युद्धवीर ।

अछरी—(ना०) अप्सरा ।

अछरीक—(वि०) १. अप्सराओं को प्रिय । २. मौजी । लहरी । ३. वीर । ४. संतुष्ट । तृप्त । ५. बहुत । अधिक ।

अछळ—(वि०) छल रहित ।

अछंग—(वि०) श्रेष्ठ । उत्तम ।

अछंट—(वि०) १. अलग । दूर । २. नहीं छँटा हुआ । पृथक्करण नहीं किया हुआ । (क्रि०वि०) १. अचानक । अकस्मात । २. सबके साथ में ।

अछंड—(वि०) नहीं छोड़ा हुआ । पकड़ा हुआ ।

अछाड़—(वि०) घायल ।

अछानो—(वि०) १. प्रकट । प्रसिद्ध । २. छिपा हुआ । गुप्त ।

अछायो—(वि०) १. नहीं छाया हुआ । खुला । २. अशोभित । ३. अतृप्त । ४. आच्छादित । ५. परिपूर्ण । ६. अप्रसिद्ध । ७. अनांच्छादित ।

अछूत—(वि०) १. बिना छुआ हुआ । २. पवित्र । ३. अस्पृश्य । ४. हरिजन जाति का । (न०) अन्त्यज । हरिजन । **अछेप** ।

अछूतो—(वि०) १. नहीं छुआ हुआ । २. काम में नहीं लाया हुआ । कोरा । नया । **कोरो । नवो ।**

अछेक—(वि०) जिसके छेक नहीं लगा हो । बिना चीरा हुआ ।

अछेद— (वि०) अछेद्य ।

अछेप—(न०) अन्त्यज । **अछूत** । हरिजन ।

अछेर—(वि०) आधा सेर ।(न०) आधासेर का तोल । **अधसेरो । अधसेरियो । अछेरो ।**

अछेरो—(न०) १. आधासेर का तोल । **अधसेरो** । २. आश्चर्य । (वि०) अच्छा । उत्तम ।

अछेव—(वि०) जिसका अंत न पाया जाय ।

अछेह—(वि०) १. जिसका छेह नहीं । अनंत । २. छेह नहीं देने वाला । गंभीर । ३. सीमा रहित । असीम । ४. क्रोध रहित । ५. अधिक । ६. निरन्तर ।

अछेही—(वि०) १. छेह नही देने वाला । गंभीर । २. क्रोध रहित ।

अछेहो—(वि०) १. छेह नहीं देने वाला । गंभीर । क्रोध रहित । ३. सीमा रहित । असीम । ४. जिसका छेह नहीं । अनंत । ५. अधिक । ६. निरन्तर । ७. अच्छा ।

अधिष्ठाता—*(न०)* १. व्यवस्था या प्रबन्ध करने वाला । २. देखभाल करने वाला । ३. प्रमुख । ४. मालिक । ५. ईश्वर ।

अधिष्ठान—*(न०)* १. रहने का स्थान । वास-स्थान । २. नगर । जनपद । ३. पड़ाव । ४. संस्था और उसके कार्य-कर्त्ताओं इत्यादि का समूह । ५. शासन तथा उसकी व्यवस्था, नियम इत्यादि ।

अधिष्ठायक—*(दे०)* अधिष्ठाता ।

अधीश—*(दे०)* अधीस ।

अधीश्वर—*(दे०)* अधीसर ।

अधीस—*(न०)* १. अधीश । ईश्वर । २. राजा ।

अधीसर—*(न०)* १. अधीश्वर । ईश्वर । २. राजा ।

अधूरो—*(वि०)* १. अपूर्ण । अधूरा । २. शेष रहा हुआ । शेष । बाकी ।

अधेड़—*(वि०)* प्रौढ़ । जिसकी युवावस्था समाप्ति पर हो ।

अधेली—*(ना०)* आधे रुपये का सिक्का । अठन्नी । आठानो ।

अधेलो—*(न०)* आधे पैसे का सिक्का । धेला ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अधैखिण—*(क्रि०वि०)* आधे क्षण में ।

अधो-अध—*(वि०)* बराबर आधा । आधा । आधो-आध ।

अधोक्षज—दे० अधोखज ।

अधोखज—*(न०)* अधोक्षज । विष्णु । परब्रह्म ।

अधोगत—*(ना०)* अधोगति । अवनति । पतन । *(वि०)* अवनत । पतित ।

अधोगति—*(ना०)* पतन । दुर्दशा ।

अधोड़ी—*(ना०)* १. खेती में आधा भाग । २. आधे भाग की खेती । ३. मरे हुए गाय-बैल का साफ किया हुआ आधा चमड़ा ।

अधोतर—*(न०)* १. अधोवस्त्र । धोती । २. मोटा कपड़ा ।

अधोफर—दे० अधफर ।

अधोळी—*(ना०)* १. घी, दूध, तैल इत्यादि लेने का और माप का लम्बी डंडीवाला एक पात्र । २. आधे पाव या आधे सेर का ऐसा माप । ३. खेती में आधा भाग ।

अधोलोक—*(न०)* १.नागलोक। २.पाताल।

अधोवस्त्र—*(न०)* कमर के नीचे पहना जाने वाला कपड़ा धोती, लुंगी इत्यादि ।

अधोवायु—*(न०)* अपान वायु । पाद । गोज।

अध्यक्ष—*(न०)* १. स्वामी । मालिक । २. सभापति ।

अध्ययन—*(न०)* १. पठन-पाठन । २. पढ़ना ३. अभ्यास ।

अध्यवसाय—*(न०)* १. अनथक प्रयत्न । २. उत्साहपूर्वक परिश्रम ।

अध्यवसायी—*(वि०)* लगन से काम करने वाला ।

अध्यात्म—*(न०)* आत्मा-परमात्मा से संबंधित चिन्तन या दर्शन । ब्रह्मविचार ।

अध्यात्मविद्या—*(ना०)* आत्मा-परमात्मा से सम्बन्धित शास्त्र । ब्रह्मविद्या ।

अध्यापक—*(न०)* १. पढ़ाने वाला । शिक्षक । २. गुरु ।

अध्यापन—*(न०)* १. अध्यापक का काम । पढ़ाना । २. पठन ।

अध्यापिका—*(ना०)* शिक्षिका ।

अध्याय—*(न०)* ग्रन्थ का परिच्छेद । प्रकरण ।

अध्यास—*(न०)* १. मिथ्याज्ञान । २. भ्रम । धोखा ।

अध्याहार—*(न०)* १. अस्पष्ट आशय ढूंढ निकालना । निष्कर्ष निकालना । २. छान-बीन । जांच पड़ताल । ३. ऊहापोह । तर्कवितर्क ।

अध्रम—दे० अधर्म ।

अध्रमी—दे० अधर्मी ।

अध्रियामरणी—*(ना०)* १. कटारी । २. तलवार । ३. वीरांगना । *(वि०)* १. विनाशकारी । २. जाज्वल्यमान । प्रज्वलित । ३. डरावनी । भयंकर ।

अध्रियामरणो—*(वि०)* भयंकर । डरावना । २. पराक्रमी । वीर ।

अन—*(अव्य०)* निषेध, विरोध, अभाव आदि के अर्थ में प्रयुक्त एक उपसर्ग । *(क्रि०वि०)* बिना । बगैर । *(वि०)* अन्य । दूसरा *(न०)* अन्न ।

अनअन—*(क्रि०वि०)* १. अन्योन्य । आपस में । परस्पर । २. एक-दूसरे के संबंध में । *(वि०)* एक-दूसरे के साथ दिया-लिया जाने वाला ।

अन अवसर—*(न०)* कुसमय । असमय ।

अनइ—*(क्रि०वि०)* और ।

अनइच्छा—*(ना०)* इच्छा का अभाव । अनिच्छा । अरुचि ।

अनकार—*(वि०)* १. वीर । २. कृपण । ३. कायर । *(न०)* १. बिना प्रयोजन । २. इनकार ।

अनकारो—*(वि०)* जबरदस्त ।

अनकोट—*(न०)* अन्नकूट ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अनख—*(न०)* १. क्रोध। २. ईर्ष्या। ३. दुख।

अनग—*(वि०)* १. मूढ़। २. मोहित। ३. आश्चर्य चकित।

अनघ—*(वि०)* निष्पाप।

अनघड़—दे० अणघड़।

अनचर—*(न०)* थलचर जीवों में वे जो अन्नजीवी है। अन्नचर। अन्नजीवी। मनुष्य।

अनजळ—*(न०)* १. अन्नजल। दाना पानी। २. जीविका। ३. संयोग।

अनज्ज—*(न०)* अनार्य।

अनड़—*(न०)* १. पर्वत। २. दुर्ग। किला। ३. द्रोणाचल। ४. अनड़पक्षी। ५. राजा। ६. हाथी। *(वि०)* १. वीर। बलवान। २. नहीं झुकने वाला। अनम्र। उद्दंड। ३. बंधन रहित।

अनड़नड़—*(वि०)* उद्दंडों को सर करने वाला।

अनड़आडो—*(वि०)* अरावली पर्वत। **आडावळो।**

अनड़पंख—*(न०)* एक बहुत बड़ा और बलवान पक्षी। **भारंड।** अनलपंख। इसके संबंध में ऐसी किंवदंती है कि यह सदैव आकाश में ही उड़ता रहता है। हाथियों के झुंड के ऊपर आकाश में ही अंडा देता है और भूमि पर पहुँचने से पहले ही वह फूट जाता है बच्चा अंडे से निकल कर अपनी चोंच या पंजों में हाथी को पकड़कर ऊपर उड़ जाता है। जिस प्रकार गरुड़ सर्पों का शत्रु माना जाता है उसी प्रकार यह हाथियों का शत्रु माना जाता है। कवि-प्रसिद्धि में भी ऐसे उल्लेख मिलते हैं, यथा—'घर जहर देखिया गुरड़ धंख, पेखिया पटाभर अनड़पंख।' यह केवल कवि-प्रसिद्धि (कवि समय की ही बात मानी जाती है परन्तु कहा जाता है कि मैडागास्कर के प्राणी संग्रहालय (जू) में एक पक्षी Pterodactyls की हड्डियों के विशाल ढाँचे को रखने के लिए ही एक बड़ा कमरा खास तौर से बनाया गया है। जिसमें उसे देखने को सजाया गया है)।

अनड़पंखचर—*(न०)* हाथी। **पटाभर।**

अनड़मेर—*(न०)* सुमेरु पर्वत। **मेरगिर।**

अनडर—*(वि०)* अडर। **निडर।**

अनड़वान—*(न०)* १. बैल। **बळद।** २. पर्वतवासी।

अनड़हेम—*(न०)* १. स्वर्णगिरि। **सोन-गिर।** २. हिमालय।

अनड़ाँ-अनड़—*(वि०)* १. उद्दंडों को दंड देने वाला। २. वीर। **जोरावर।**

अनड़ाँनड़—दे० अनड़ाँ-अनड़।

अनड़ी—*(वि०)* १. अनाड़ी। २. मूर्ख। *(ना०)* १. अनाड़ीपन। २. मूर्खता।

अनडीठ—*(वि०)* अदृष्ट। बिना देखा। **अदीठ।**

अनडुह—*(न०)* बैल। **बळद।**

अनडू—*(न०)* बैल। **बळद।**

अनतू—*(न०)* गढ़। **किलो।** दुर्ग।

अनत—*(वि०)* १. अनंत। २. दूसरा। ३. नहीं झुकने वाला। ३. असीम। *(न०)* १. विष्णु। २. अनंत भगवान। ३. ईश्वर। ४. महादेव। *(क्रि० वि०)* अन्यत्र।

अनतद्वार—*(न०)* १. विष्णु लोक। स्वर्ग।

अनता—*(ना०)* पृथ्वी।

अनथ—*वि०)* १. वह जिसके नाथ नहीं डाली जा सकी हो। २. जो किसी के वश में नहीं हो सका हो। ३. उन्मुक्त। ४. उद्दंड। ५. निरंकुश। ६. बिना नथ का।

अनथ-नथ—*(वि०)* १. वश में नहीं होने वालों को वश में करने वाला। पराजित

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नहीं होने वालों को पराजित करने वाला। २. गर्विष्टों का गर्व नष्ट करने वाला।

अनथाँ-नथ—दे० अनय-नथ।

अनथाँ-नथी—दे० अनथ-नथ।

अनदान—दे० अन्नदान।

अनदाता—दे० अन्नदाता।

अनधिकार—*(वि०)* १. बिना अधिकार का। अधिकार रहित। २. अपात्र। *(न०)* अधिकार के न रहने की स्थिति। अधिकार का अभाव। *(क्रि० वि०)* बिना अधिकार के।

अनधिकारी—*(वि०)* १. जिसे अधिकार न हो। अपात्र। २. अयोग्य।

अनधू—दे० अनढू।

अनध्याय—*(न०)* वह दिन जिसमें शास्त्रानुसार पढ़ने-पढ़ाने का निषेध हो। पढ़ाई नहीं करने का दिन। पढ़ने की छुट्टी। **अगतो**।

अनन्य—*(वि०)* एक निष्ठ।

अनन्य भाव—*(न०)* एक निष्ठ भक्ति या लगन।

अनपच—*(न०)* अजीर्ण। बदहजमी। **अपचो**।

अनपाणी—दे०अनजळ या अन्नजल।

अनपूरणा—दे० अन्नपूर्णा।

अनबन—दे० अणबण।

अनबंध—दे० अनमंध।

अनबंधी—दे० अनमंध।

अनबाध—दे० अणबाध।

अनबांध—*(वि०)* बिना बँधा हुआ। **खुलो**। **खुलियोड़ो**।

अनबूझ—दे० अणबूझ।

अनबोल—*(वि०)* न बोलने वाला। बेजबान। **गूंगो**।

अनबोला—दे० अणबोला।

अनभल—*(न०)* **अहित**।

अनभिज्ञ—*(वि०)* १. अनजान २. मूर्ख।

अनभ्यास—*(न०)* १. अभ्यास नहीं होना। २. आदत नहीं होना।

अनम—दे० अनमो।

अनम-जायो—*(न०)* १. नहीं झुकने वाले का पुत्र। २. वीर पिता का वीर पुत्र। ३. वीर परंपरा को कायम रखने वाला वीर पुत्र।

अनमद—*(न०)* अन्न का नशा। अन्नमद। वि०) १. मद रहित। २. गर्व रहित।

अनमनो—*(वि०)* १. अन्यमनस्क। अनमान २. उदास। ३. अस्वस्थ।

अनमंध—*(वि०)* १. बंधन में नहीं आने वाला। २. नहीं झुकने वाला। ३. आत्मसमर्पण नहीं करने वाला। ४. अजय। ५. अपार।

अनमंधी—दे० अनमंध।

अनमांग्यो—असंख्य। *(न०)*, १. अजयवीर। २. शत्रु। *(वि०)* बिना मांगा हुआ।

अनमिख—*(वि०)* अनिमेष।

अनमिळ—*(वि०)* बेमेल। बेजोड़। *(न०)* शत्रु।

अनमित—*(वि०)* अपार। असंख्य।

अनमी—*(वि०)* १. अनम्र। २. नहीं झुकने वाला वीर।

अनमीकंध—*(वि०)* जबरदस्त। बलवान।

अनमीखंध—दे० अनमिकंध।

अनमेख—दे० अनमिख।

अनमेळ—*(न०)* १. शत्रुता। वैर। २. शत्रु। वैरी।

अनमोल—*(वि०)* १. अमूल्य। २. बहुमूल्य ३. श्रेष्ठ।

अनम्म—दे० अनम।

अनम्र—दे० अनम।

अनय—*(न०)* १. अन्याय। अनीति। २. आफत।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अनरगळ—दे० अनर्गल ।

अनरथ—दे० अनर्थ ।

अनरस—(न०) १. वैमनस्य । शत्रुता २. फूट । मनोमालिन्य । ३. विरसता । उदासीनता । ४. शुष्कता । रसहीनता । ५. दुख । रंज । ६. दूसरा रस । अन्य-रस । ७. अन्नरस ।

अनरीति—(ना०) १. कुरीति । २. नियम विरुद्ध आचरण । अनुचित बरताव ।

अनरूप—(वि०) १. कुरूप । २. असमान ।

अनर्गल—(वि०) १. अनियंत्रित । बेध-ड़क । २. व्यर्थ । अंडबंड । ३. ऊट-पटांग ।

अनर्घ—(वि०) १. बहुमूल्य । २. सस्ता ।

अनर्थ—(न०) १. विपरीत अर्थ । अनिष्ट कार्य । ३. बिगाड़ । उपद्रव । ४. जुल्म । अत्याचार । ५. बहुत बुरी बात । ६. अवैध रीति से प्राप्त धन । ७. हानि ।

अनर्थक—(वि०) निरर्थक । व्यर्थ ।

अनर्थकारी—(वि०) १. उल्टा अर्थ निकालनेवाला । २. अनिष्टकारी । ३. हानिकारक ।

अनल—(न०) अग्नि ।

अनळ—(ना०) १. अग्नि । २. पवन । अनिल ।

अनळकुंड—(न०) १. अग्निकुंड । यज्ञ-कुंड । २. आबू पर्वत के वसिष्टाश्रम के तीर्थस्थान का इतिहास-प्रसिद्ध यज्ञकुंड, जिसमें वसिष्ट महर्षि ने यज्ञ करके, चार वीर पुरुषों को क्षत्रीकुल में दीक्षित किया था, जो अग्निकुलोत्पन्न क्षत्री कहलाते हैं । मान्यता ऐसी है कि वसिष्ट ऋषि ने उन्हें अग्नि में से उत्पन्न किया था, अर्थात् अग्निदेव ने प्रसन्न होकर उन्हें उत्पन्न किया था ।

अनळझळ—(ना०) अग्निज्वाला ।

अनळझाळ—(ना०) अग्निज्वाला ।

अनळधक—(ना०) अग्निज्वाला ।

अनळपंख—दे० अनड़पंख ।

अनळपंखचर—(न०) हाथी ।

अनळपड़—(न०) पर्वत ।

अनळपुड़—(न०) पर्वत ।

अनळहक—(अव्य०) एक अरबी वाक्य जिस का अर्थ—'मैं खुदा हूं' है । 'अहं ब्रह्मास्मि' का पर्याय पद ।

अनळा—दे० अभळा ।

अनवार—(वि०) दूसरा । (क्रि० वि०) दूसरी बार । (न०) अन्नजल ।

अनवी—(वि०) १. नहीं नमने वाला । वीर । २. अनम्र । ३. हठी । ४. उद्दंड । ५. अद्भुत कार्य करने वाला । (न०) ख्यातों में प्रसिद्ध महारोट (मारोठ, मार-वाड़) के रावत उद्धरण दहिये की महा-वीरता का विशेषण ।

अनशन—(न०) १. किसी बात के विरोध में किया जानेवाला अन्न त्याग । २. अन-शन करके किया जाने वाला धरना । ३. अन्नत्याग । ४. उपवास । निराहार व्रत ।

अनहद—(वि०) १. सीमा रहित । २. बेशुमार । ३. अत्यधिक ।

अनहदनाद—(न०) १. दोनों कान बंद करने के पश्चात् ध्यान मग्न होने पर कानों में होने वाली ध्वनि । शब्द योग का अनहद-नाद । २. समाधिस्थ योगी के ब्रह्मरंध्र में होने वाला एक संगीत जिससे वह मस्त होकर ब्रह्म में लीन हो जाता है । अनाहत-नाद ।

अनंक—(वि०) चिन्ह रहित ।

अनंख—(वि०) इच्छा रहित ।

अनंग—(वि०) अंग रहित । (न०) १. कामदेव । २. श्रीकृष्ण का पुत्र प्रद्युम्न ।

अनंगार—(न०) १. कोयला २. अनंगारि । महादेव ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अनंगारि—*(न०)* १. महादेव ।

अनंगी—*(न०)* १. कामदेव । २. ईश्वर । *(वि)* बिना अंग का ।

अनंगी कँवार—*(न०)* १. कामदेव । २. प्रद्युम्न ।

अनंगेश—*(न०)* महादेव ।

अनंत—*(वि०)* १. अंत रहित । अपार । असीम । २. बहुत । अधिक ३. चिर-स्थायी । अविनाशी । *(न०)* १. पीपल का वृक्ष । २. ईश्वर । ३. विष्णु । ४. अनंत भगवान् । ५. भादों शुक्ल १४ का व्रत । ६. शिव । ७. शेषनाग । ८. शेषनाग के अवतार, लक्ष्मण । ९. बलराम । १०. देवता । ११. आकाश । १२. भुजा का एक गहना । १३. विशेष प्रकार की चौदह ग्रंथियों का एक सूत्र जिसे भादों शुदी १४ के दिन अनंत भगवान् के नैमित्तिक व्रत की दीक्षा लेकर भुजा में बांधा जाता है ।

अनंत चतुर्दशी—*(ना०)* भादों शुक्ल चौदस, जिस दिन अनंत व्रत किया जाता है । **भादरवा सुदी चवदस** ।

अनंतमूळ—*(न०)* एक औषधि ।

अनंतर—*(क्रि०वि०)* १. इसके बाद में । २. लगातार । *(वि०)* अंतर रहित । निकट ।

अनंतरूप—*(न०)* विष्णु ।

अनंता—*(ना०)* १. पृथ्वी । २. पार्वती । ३. माया । ४. एक औषधि ।

अनंद—दे० आनंद ।

अनंदी—दे० आनंदी ।

अनंद्री—*(न०)* देवता ।

अनाक—*(क्रि०वि०)* नाहक । व्यर्थ ।

अनाकानी—*(ना०)* आनाकानी । टालमटूली ।

अनाकार—*(वि०)* अनाकार । निराकार ।

अनागत—*(वि०)* १. अनुपस्थित । अभी तक नहीं आया हुआ । २. होनहार ।

अनागार—*(वि०)* बिना घरबाला । *(न०)* साधु । संन्यासी ।

अनाघात—*(वि०)* १. अकारण । व्यर्थ । २. आघात रहित । ३. सुरक्षित ।

अनाचार—*(न०)* १. अत्याचार । दुरा-चार । २. अघटित घटना ।

अनाचारी—*(वि०)* अत्याचारी । दुराचारी ।

अनाज—*(न०)* अन्न । नाज । धान ।

अनाड़—*(वि०)* १. वीर । २. उद्दंड । *(न०)* १. अड़चन । २. बिगाड़ । ३. पर्वत ।

अनाड़ी—*(वि०)* १. गंवार । २. मूर्ख । ३. हठी । जिद्दी ।

अनाड़ीपणो—*(न०)* १. मूर्खता । २. गंवारू पना । हठ । जिद ।

अनाड़ो—*(वि०)* १. उद्दंड । २. वीर ।

अनातम—*(वि०)* अनात्म । जड़ ।

अनाथ—*(वि०)* १. जिसके माता-पिता नहीं रहे हों (वह बालक) । २. जिसका पालन-पोषण करने वाला नहीं हो । ३. स्वामी रहित । ४. दीन । ५. बिना नाथ का । निरंकुश ।

अनाथां-नाथ—*(न०)* अनाथों का नाथ । ईश्वर ।

अनाद—दे० अनादि ।

अनादर—*(न०)* अपमान । तिरस्कार ।

अनादि—*(वि०)* आदि रहित । *(क्रि०वि०)* अनादिकाल से ।

अनाधार—*(वि०)* आधार रहित ।

अनाप—*(वि०)* १. नाप रहित । बेनाप । २. बहुत ।

अनाप-सनाप—*(वि०)* १. आवश्यकता से अधिक । अत्यधिक । २. परिमाण से अधिक ।

अनाम—*(वि०)* बिना नाम का । **ननामो** ।

अनामत—*(ना०)* अमानत । थाती । **धरोहर** । **थापणी** ।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अनामती—*(वि०)* अमानत पर रखा हुआ। अमानती।

अनामिका—*(ना०)* कनिष्ठिका के पास की अंगुली।

अनामी—*(वि०)* बिना नाम का। अप्रसिद्ध।

अनायास—*(क्रि०वि०)* १. बिना प्रयास के २. सहसा। अचानक।

अनार—*(न०)* दाड़िम फल।

अनारदाणा—*(न०ब०व०)* दाड़िम के बीज। अनार दाने।

अनार्य—*(वि०)* १. जो आर्य न हो। २. दुष्ट। *(न०)* १. आर्येतर जाति। २. आर्येतर जाति का व्यक्ति।

अनावश्यक—*(वि०)* बेजरूरी। फालतू।

अनावृष्टि—*(ना०)* बरसात का न होना। वर्षाभाव। सूखा।

अनासती—*(अव्य०)* १. नास्ति नहीं। विद्यमानता। २. जिसका ख्याल ही न हो। ३. अचानक। एकदम। *(वि०)* बुरा।

अनासुरत—दे० अनासुरती।

अनासुरती—*(वि०)* १. जो सुनने में नहीं आया हो। अनानुश्रुत। २. जिसका खयाल ही न हो। ३. जो सहज ही में बन जाये। *(क्रि० वि०)* अचानक। अकस्मात।

अनाहु—*(वि०)* अनाथ।

अनाहक—*(क्रि० वि०)* नाहक। व्यर्थ में।

अनाहत—दे० अनहद नाद।

अनाहतनाद—दे० अनहद नाद।

अनाहार—*(वि०)* निराहार।

अनि—*(वि०)* अन्य। दूसरा। और।

अनिच्छा—*(ना०)* १. इच्छा का अभाव। २. अरुचि।

अनिठ—*(वि०)* जो निठे नहीं। जो समाप्त न हो। अपार।

अनित्य—*(वि०)* १. अस्थायी। २. असत्य। ३. नश्वर।

अनिद्रा—*(न०)* नींद नहीं आने का रोग।

अनियम—*(वि०)* १. नियम का अभाव। बेकायदगी। २. अव्यवस्था।

अनियाई—*(वि०)* अन्यायी। अत्याचारी।

अनियाव—*(न०)* अन्याय। अत्याचार।

अनिल—*(न०)* पवन। वायु।

अनिलकुमार—*(न०)* हनुमान।

अनिवार—*(क्रि०वि०)* १. दूसरी बार। २. फिर कभी। दे० अनिवार्य।

अनिवार्य—*(वि०)* १. अवश्यम्भावी। २. अटल।

अनिश्चित—*(वि०)* जिसका निश्चय न किया गया हो।

अनिष्ट—*(वि०)* १. अवांछित। २. अशुभ। *(न०)* १. अमंगल। २. विपत्ति। ३. हानि।

अनिंद्य—*(वि०)* १. निंदा नहीं करने योग्य। २. निर्दोष। ३. सुन्दर।

अनी—*(ना०)* सेना। फौज।

अनीक—*(ना०)* १. सेना। फौज। २. युद्ध। ३. वीर।

अनीच—*(वि०)* १. जो नीच न हो। अनिकृष्ट। अच्छा। २. जो नीचा न हो। ऊंचा।

अनीठ—*(वि०)* १. जो कठिन न हो। सरल। सुगम। २. जो समाप्त न हो। बहुत। *(क्रि०वि०)* सरलता से।

अनीत—दे० अनीति।

अनीति—*(ना०)* १. अन्याय। बेइंसाफ। २. दुराचरण। ३. पाप। ४. अत्याचार।

अनीती—*(वि०)* १. नीति विरुद्ध चलने वाला। अन्यायी। २. जुल्मी। दुराचारी। ३. बदमाश। ४. पापी।

अनीश्वर—*(वि०)* १. ईश्वर रहित। २. नास्तिक।

अनिश्वरवाद—*(न०)* ईश्वर को नहीं मानने का सिद्धान्त।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अनीश्वरवादी –*(न०)* नास्तिक।

अनीस—*(न०)* १. बंधन। रोक। २. अनीश।

अनीह—*(वि०)*१. निष्काम। २. निर्लोभी।

अनींद—*(वि०)* जाग्रत।

अनु—*(अव्य०)* समीपता, सादृश्यता। पीछे, बाद में, साथ-साथ, लगा हुआ, कई बार, प्रत्येक इत्यादि अर्थ में प्रयुक्त एक उपसर्ग।

अनुकरण—*(न०)* १. कुछ देख करके उसी प्रकार करना। नकल। देखादेखी। २. पीछे-पीछे चलना।

अनुकंपा—*(ना०)* १. दया। २. सहानुभूति।

अनुकूळ—*(वि०)* १. अनुकूल। अनुसार। २. हितकर। ३. प्रसन्न। ४. समर्थक। हिमायती।

अनुकूळता—*(ना०)* १. अनुकूल होने का भाव। २. पक्ष में होने की स्थिति।

अनुक्रम—*(न०)* १. क्रम। सिलसिला। २. पद्धति। ३. परंपरा। ४. व्यवस्था। ५. नियम।

अनुक्रमणिका—*(ना०)* अक्षरादि क्रम से बनाई हुई सूची।

अनुक्रमणो—*(क्रि०)* १. अनुक्रम से चलना। २. पीछे-पीछे चलना।

अनुग—*(न०)* सेवक। दास। *(वि०)* १. अनुगामी। २. अनुयायी।

अनुगमन—*(न०)* १. अनुसरण। अनुकरण। २. पति के पीछे सती होना। सहमरण।

अनुगामी—*(वि०)* अनुगमन करनेवाला। अनुयायी।

अनुग्या—*(ना०)* आज्ञा। अनुज्ञा।

अनुग्रह—*(ना०)* १. कृपा। दया। २. आभार। ३. उपकार। पाड़।

अनुचर—*(न०)* सेवक। दास। चाकर। नौकर।

अनुचित—*(वि०)* अयोग्य। अजोग।

अनुज—*(न०)* छोटा भाई।

अनुजा—*(ना०)* छोटी बहन।

अनुजीवी—*(वि०)* आश्रित। *(न०)* सेवक। चाकर।

अनुताप—*(न०)* १. मानसिक संताप। २. दुख। ३. पश्चाताप। पछतावो।

अनुत्तम—*(वि०)* १. जो उत्तम न हो। २. सबसे उत्तम।

अनुत्तर—*(वि०)* निरुत्तर।

अनुत्तीर्ण—*(वि०)* उत्तीर्ण नहीं। परीक्षा या जांच में असफल। नापास। फेल।

अनुदात्त—*(न०)* स्वर के तीन भेदों में का एक (उदात्त, अनुदात्त और स्वरित)। लघुस्वर। *(वि०)* १. नीचा (स्वर)। २. लघु (उच्चारण)। ३. लघु। तुच्छ।

अनुदान—*(न०)* संस्था की ओर से सहायता के रूप में दिया जाने वाला धन। ग्रान्ट।

अनुद्यमी—*(वि०)* १. उद्यम रहित। २. आलसी।

अनुनय—*(ना०)* १. विनय। २. खुशामद।

अनुनासिक—*(वि०)* १. नासिका संबंधी। २. जिसका उच्चारण नासिका और मुख से हो। सानुनासिक। *(न०)* अनुनासिक वर्ण, यथा–ङ्, ञ्, ण्, न्, म्।

अनुपम—*(वि०)* १. उपमारहित। अतुल्य। अद्वितीय। २. सर्वोत्तम।

अनुपयुक्त—*(वि०)* १. जो उपयुक्त न हो। अनुपयोगी। २. अयोग्य।

अनुपयोगी—*(वि०)* अनुपयुक्त।

अनुपस्थित—*(वि०)* गैर हाजिर।

अनुपस्थिति—*(ना०)* गैर हाजिरी।

अनुपान—*(न०)* औषधि के अंगभूत रूप में उसके साथ या बाद में खाई जाने वाली वस्तु।

अनुप्रास—*(न०)* एक शब्दालंकार। वर्ण-मैत्री।

अनुबंध—*(न०)* १. पारस्परिक बंधन। २. समझौता। एग्रीमेन्ट। ३. आगे पीछे

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

का सम्बन्ध । ४. विषय, प्रयोजन, अधिकारी तथा सम्बन्ध-इन चारों का समूह (वेदान्त) । ५. वस्तु, जीव या अंग इत्यादि में होनेवाला पारस्परिक संबंध ।

अनुभव—*(न०)* १. परीक्षणों, प्रयोगों द्वारा संचित ज्ञान । प्रयोग द्वारा प्राप्त ज्ञान । २. संवेदना शक्ति से प्राप्त बोध । तजुर्बा । अनुभूति ।

अनुभवणो—*(क्रि०)* अनुभव करना ।

अनुभवी—*(वि०)* अनुभव वाला । तजुर्बाकार ।

अनुभाव—*(न०)* १. मनोगत भावों से उत्पन्न शारीरिक चेष्टाएँ । रोयांच इत्यादि । २. महिमा । ३. प्रभाव ।

अनुभूत—*(वि०)* अनुभव किया हुआ ।

अनुमति—*(ना०)* १. सम्मति । २. अनुमोदन । मंजूरी ।

अनुमान—*(न०)* १. अंदाज । अटकळ । २. तर्क । ३. न्याय । शास्त्र के चार प्रमाणों से एक । अनुमिति का साधन ।

अनुमानणो—*(क्रि०)* अनुमान करना ।

अनुमोदन—*(वि०)* अनुमोदन करने वाला ।

अनुमोदणो—*(क्रि०)* अनुमोदन करना । सम्मति देना । मंजूरी देणो ।

अनुमोदन—*(न०)* १. समर्थन । २. सम्मति । टेको ।

अनुयायी—*(वि०)* १. पंथ या मत का । २. अनुसरण करने वाला । ३. शिष्य ।

अनुरक्त—*(वि०)* १. रंगा हुआ । २. आसक्त ।

अनुराग—*(न०)* १. प्रेम । २. प्रणय भाव । ३. आशक्ति । अत्यंत लगाव ।

अनुरागी—*(वि०)* अनुराग वाला । प्रेमी ।

अनुरूप—*(वि०)* १. सदृश । २. तुल्य । ३. उपयुक्त ।

अनुरोध—*(न०)* १. आग्रहपूर्वक विनय । २. विनय पूर्वक आग्रह ।

अनुलेख—*(न०)* नकल । २. श्रुत लेखन ।

अनुलोम—*(न०)* १. ऊपर से नीचे की ओर क्रमशः उतार । २. संगीत का अवरोह । ३. यथाक्रम । ४. नीच वर्ण की स्त्री के साथ का (विवाह) ।

अनुलोमज—*(न०)* अनुलोम विवाह से उत्पन्न हुई संतान ।

अनुवाद—*(न०)* कही या लिखी हुई बात को दूसरी भाषा में कहना या लिखना । भाषान्तर ।

अनुवादक—*(न०)* भाषान्तरकार ।

अनुशासक—*(न०)* १. अनुशासन करने वाला । २. आज्ञा देने वाला ।

अनुशासन—*(न०)* १. नियमानुशीलता । वह विधान जो किसी संस्था या वर्ग के सभी सदस्यों को मर्यादा में रह कर कार्य अथवा आचरण करने के लिये बाध्य करे । २. आज्ञा । आदेश । ३. उपदेश । ४. नियम । कायदा । ५. शासन करना । ६. महाभारत का एक पर्व ।

अनुष्टुप—*(न०)* आठ वर्णों के पद वाला एक वर्ण वृत्त । एक छंद ।

अनुष्ठान—*(न०)* १. फल की अपेक्षा से की जाने वाली देवता की पूजा या आराधना । २. कोई धार्मिक क्रिया । ३. कार्यारम्भ । ४. कार्य का विधिपूर्वक सम्पादन ।

अनुसरण—*(न०)* १. अनुकरण । नकल ।

अनुसरणो—*(क्रि०)* अनुकरण करना । २. पीछे चलना ।

अनुसंधान—*(न०)* १. अन्वेषण । खोज । २. जाँच-पड़ताल ।

अनुसार—*(क्रि०वि०)* १. अनुकूल । सदृश । २. के समान । की तरह ।

अनुस्वार—*(न०)* १. स्वर के पीछे उच्चरित होने वाला अनुनासिक वर्ण । २. वर्ण के ऊपर लगने वाला अनुनासिकता सूचक बिन्दु । (ं) ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अनूठो—*(वि०)* १. अनोखा। अनूठा। २. विलक्षण। ३. अपने ढंग का निराला। ४. असाधारण।

अनूढ—*(वि०)* अविवाहित।

अनूढा—*(ना०)* अविवाहिता स्त्री। २. एक नायिका।

अनूतो—दे० अणूतो।

अनूप—*(वि०)* १. अनुपम। २. अद्भुत। ३. सुन्दर। *(न०)* जल बहुल प्रदेश।

अनूपम—दे० अनुपम।

अनूरो—*(वि०)* बेनूर। कांतिहीन।

अनेक—*(वि०)* एक से अधिक। बहुत।

अनेकता—*(ना०)* १. भेद। २. विरोध। ३. संगठन का अभाव। ४. अधिकता।

अनेकार्थी—*(वि०)* अनेक अर्थवाला। *(न०)* वह कोश ग्रन्थ जिसमें एक शब्द के अनेक अर्थ या पर्याय दिये हुए हों।

अनेर—*(वि०)* अन्य। दूसरा।

अनेरण—*(वि०)* अजेय। *(अव्य०)* अन्य प्रकार से।

अनेरी—*(वि०)* १. दूसरी। २. निराली।

अनेरो—*(वि०)* १. दूसरा। २. निराला। ३. अपूर्व। अनोखा।

अनेस—*(वि०)* १. घर रहित। २. स्नेह रहित। ३. स्वामी रहित।

अनेसी—*(वि०)* १. असह्य। २. बिना घर वाला।

अनेसो—दे० अणेसो।

अनेह—*(न०)* १. स्नेहाभाव। २. द्वेष। ३. शत्रुता।

अनेहो—*(वि०)* स्नेह नहीं रखने वाला। २. द्वेषी। ३. शत्रु।

अनै—*(अव्य०)* १. और २. फिर। पुनः।

अनोअन—*(सर्व०)* १. अन्योन्य। परस्पर। आपस में। २. और दूसरे।

अनोखो—*(वि०)* १. अनोखा। निराला। २. सुन्दर। ३. नहीं देखा हुआ।

अनोप—दे० अनुपम।

अनोपम—दे० अनुपम।

अन्न—*(न०)* नाज। अनाज।

अन्नकूट—*(न०)* १. श्रीठाकुरजी के आगे रखी जानेवाली अनेक प्रकार के व्यंजनों-पकवानों की राशि। २. श्री ठाकुरजी के पकवानों का भोग लगाने का एक पर्व।

अन्नक्षेत्र—*(न०)* मुफ्त भोजन या अन्न वितरण करने का स्थान।

अन्नजळ—दे० अनजल।

अन्नदाता—*(वि०)* १. अन्न दान करने वाला। २ आश्रयदाता।

अन्नदान—*(न०)* अन्न का दान।

अन्नपाणी—दे० अनपाणी।

अन्नपूर्णा—*(ना०)* १. अन्न की अधिष्ठात्री देवी। २. पार्वती।

अन्नप्राशन—*(न०)* बालक को छठे या आठवें महीने पहले पहल अन्न खिलाने का संस्कार।

अन्नळा—*(ना०)* १. अन्नपूर्णा २. हिंगुलाज देवी। ३. प्रबल वायुवेग। आँधी। ४. पवन। ५. अग्नि।

अन्नाण—*(न०)* अज्ञान।

अन्य—*(वि०)* १. इतर। और। २. कोई। ३. पराया।

अन्यत्र—*(क्रि० वि०)* १. और कहीं। २. दूसरी जगह।

अन्यथा—*(अव्य०)* १. अन्य प्रकार से। २. नहीं तो। ३. व्यर्थ। *(न०)* असत्य। झूठ। कूड़। *(वि०)* १. विपरीत। उलटा। २. मिथ्या।

अन्यपुरुष—*(न०)* १. पुरुषवाची सर्वनाम का तीसरा भेद। वक्ता एवं श्रोता से इतर व्यक्ति *(व्या०)*।

अन्याई—दे० अन्यायी।

अन्याऊ—*(वि०)* १. अन्याय करने वाला। अन्यायी। १. अन्याय से सम्बन्धित।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अन्याय—*(न०)* १. न्याय विरुद्ध कार्य। २. अधर्म। ३. अनीति। ४. अत्याचार।

अन्यायी—*(वि०)* १. अन्याय करने वाला। २.अत्याचारी।

अन्याव— दे० अन्याय।

अन्वय—*(न०)* १. पद्य के शब्दों को वाक्य रचना के अनुसार पहले कर्त्ता, फिर कर्म तदनंतर क्रिया का रखना *(व्या०)*। २. पदों का एक दूसरे से संबंध *(व्या०)*। ३. ठीक और संगत अर्थ। ४. परस्पर संबंध। ५. कार्य-कारण का सम्बन्ध। ६. संयोग। मेल।

अन्वेषण—*(न०)* अनुसंधान। खोज।

अप—*(उप०)* अलग, अनुचित, नीचे, पीछे, रहित, विरुद्ध इत्यादि अर्थों में प्रयुक्त होने वाला एक उपसर्ग। *(न०)* पानी।

अपकज—*(क्रि० वि०)* स्वकार्यार्थ। अपने लिये। *(न०)* बुरा काम।

अपकर्म—*(न०)* बुरा काम। कुकर्म।

अपकंठ—*(न०)* बालक।

अपकाज—दे० अपकार।

अपकाजी—*(वि०)* आपस्वार्थी। मतलबी।

अपकाय—*(न०)* पीने के जीव।

अपकार—*(न०)* १. कुकर्म। २. हानि ३. अनिष्ट। ४. अहित। बुराई। ५. विरोध। ६. अत्याचार। ७. अनादर।

अपकारी—*(वि०)* १. अपकार करने वाला। २. विरोध करने वाला। अनिष्ट करने वाला।

अपकीरत—*(ना०)*अपकीर्ति। अपयश। अपजस। निंदा। बदनामी।

अपकीरती—दे० अपकीरत।

अपकीर्ति—दे० अपकीरत।

अपक्ष—दे० अपख।

अपख—*(वि०)* १. पक्ष रहित। अपक्ष। २. असहाय। ३. बिना पाँख वाला।

अपगत—*(ना०)* १. अपगति। बुरी गति। २. बुरे मार्ग पर जाना। ३. नाश। *(वि०)* १. भागा हुआ। २. हटा हुआ।

अपगा—*(ना०)* नदी।

अपगो—*(वि०)* १. लंगड़ा। खोड़ो। २. अविश्वासी। निपगो।

अपघात—*(न०)* १. आत्महत्या। आपघात। २. हत्या। हिंसा। ३. विश्वासघात।

अपघाती—*(वि०)* १. आत्महत्यारा। आपघाती। २. विश्वासघाती। ३. हिंसक। हत्यारा।

अपच—दे० अपचो।

अपचाल—*(ना०)* १. बुरी चाल। कुचाल। २. खोटाई। बदमाशी।

अपचो—*(न०)* अजीर्ण। बदहजमी।

अपछर—*(ना०)* अप्सरा।

अपछरा—*(ना०)* अप्सरा।

अपजस—*(न०)* अपयश। बदनामी। अपकीर्ति।

अपजीव—*(न०)* १. प्राण। २. आत्मा।

अपजोग—*(न०)* १. फलित ज्योतिष के अनुसार ग्रहों की वह स्थिति जो अमंगलकारी समझी जाती है। अपयोग। कुजोग। २. बुरा समय। कुसमय। ३. असगुन।

अपजोर—*(न०)* १. अपना जोर। २. आत्मशक्ति। ३. अपने बल का घमंड। ४. अभिमान।

अपजोरी—*(क्रि० वि०)* १. अपने जोर से। २. अभिमान से। *(न०)* अभिमान।

अपजोरो—*(वि०)* १. अपनी शक्ति पर निर्भर रहने वाला। २. किसी के वश में नहीं रहने वाला। स्वच्छंद। स्वेच्छाचारी। ३. किसी के अधिकार को नहीं मानने वाला। ४. अपनी शक्ति का गर्व करने वाला।

अपट—*(वि०)* १. बहुत अधिक। अपार। २. जबरदस्त।

अपटाँ-पूर—*(न०)* १. दोनों किनारों तक

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

भरी हुई और खूब जोर से बहनेवाली। (नदी)। २. पूर्ण भरा हुआ (तालाब)। ३. अत्यधिक।

अपठ—(वि०) नहीं पढ़ा हुआ। अशिक्षित।

अपड़—(ना०) १. पकड़ने की क्रिया। पकड़। २. ग्रहण करने की शक्ति। ३. समझ। बुद्धि। (वि०) १. जो गिरे नहीं। २. जो हराया नहीं जा सके। ३. वीर।

अपड़णो—(क्रि०) १. आगे बढ़े हुए के बराबर पहुंचना। २. थामना। ग्रहण करना। पकड़ना। पकड़णो। ३. काबू में लेना। ४. गिरफ्तार करना। ५. ढूंढ़ निकालना। ६. अवरुद्ध करना। गति को बंद करना। ७. समझना। ८. गलती को ढूंढ़ निकालना।

अपड़ाणो—दे० अपड़ावणो।

अपड़ावणो—(क्रि०) १. पकड़वाना। २. थामना। ३. पकड़ा जाना।

अपड़ीजणो—(क्रि०) पकड़ा जाना।

अपढ—(वि०) १. अनपढ़। २. मूर्ख।

अपणाइत—(ना०) अपनापन। अपनत्व। आत्मीयता।

अपणाणो—(क्रि०) १. अपनाना। अपना बनाना। २. प्यार से आकर्षित करना। ३. अपने अधिकार में करना।

अपणात—दे० अपणाइत।

अपणायत—दे० अपणाइत।

अपणावणो—दे० अपणाणो।

अपणी—(सर्व० वि०) अपनी।

अपणूं—दे० अपणो।

अपणो—(क्रि०) १. अर्पण करना। २. देना। (सर्व०) अपना। स्वयं का। (न०) आत्मीय। स्वजन।

अपत—(वि०) १. कृतघ्न। २. अविश्वासी। ३. दुष्ट। ४. नीच। अधम। ५. पत्तों से रहित। अपत्र। ६. निर्लज्ज। ७. अप्रतिष्ठित।

अपतरो—(वि०) १. अप्रतिष्ठित। २. अविश्वासी। ३. कुपात्र। ४. स्वच्छन्द। ५. निर्लज्ज।

अपतियारो—(वि०) अविश्वासी। (न०) अविश्वास।

अपतियो—(वि०) १. अविश्वासी। २. अप्रतिष्ठित। ३. स्वार्थी।

अपती—(वि०) १. अविश्वस्त। २. कामचोर। ३. नीच। अधम। ४. कृतघ्न। ५. दुराचारी। ६. पति विहीना।

अपथ—(न०) १. कुमार्ग। २. अपथ्य। कुपथ।

अपथियो—(वि०)१. कुमार्गी। कुपथगामी। २. अपथ्य करने वाला।

अपदत—(न०) कुपात्र को दिया हुआ दान। (वि०) १. कुपात्र को दिया हुआ। २. अपना दिया हुआ। स्वदत्त।

अपदेव—(न०) भूत, प्रेतादि अान-देव।

अपधंस—(न०) अपध्वंश। नाश।

अपनाम—(न०) बदनाम। बदनामी।

अपभ्रंश—(ना०) १. भारत की एक प्राचीन भाषा। २. प्राकृत भाषाओं के बाद की भाषा। ३. शब्द का वह रूप जो मूल से बिगड़ कर बना हो। ४. मूल धातु से बिगड़ कर बना हुआ शब्द। ५. पतन। ६. विकृति। बिगाड़।

अपमपर—दे० अपंपर।

अपमल—(वि) १. आत्मबली। २. जोरावर। ३. स्वतन्त्र। ४. उद्दंड। आपमलो।

अपमलो—दे० अपमल।

अपमान—(न०) अनादर। तिरस्कार।

अपमानित—(वि०) जिसका अपमान हुआ हो। अनादृत।

अपमार्ग—(न०) कुमार्ग।

अपमृत्यु—(ना०) १. अकाल मृत्यु। २. अनहोनी मौत। कुमौत।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अपयश—दे० अपजस।

अपर—(वि०) १. अन्य। दूसरा। २. और कोई। ३. जिसके बाद में कुछ न हो। ४. जो बाद में न हो। पहला। ५. अगला। ६. जो पराया न हो। ७. अतिरिक्त। ७. पीछे का। ६. अपार।

अपरचो—(न०) १. अपरिचय। असंध। २. जानकारी का अभाव। ३. संशय। ४. अविश्वास।

अपरतो—(न०) १. अविश्वास। २. संशय। ३. भिन्नता। ४. परायापन। ५. दुराव।

अपरबळ—(न०) अपार शक्ति। (वि०) प्रचण्ड शक्तिशाली। बलवान।

अपरबळी—(वि०) प्रचण्ड शक्तिशाली। महाबलवान।

अपरम—दे० अप्रम।

अपरमप्रम—(न०) परब्रह्म। २. ईश्वर। ३. अप्रमेय।

अपरलोक—(न०) परलोक। स्वर्ग।

अ परस—(वि०) १. न छूने योग्य। अस्पर्श्य। २. बिना छुआ हुआ।

अप रस—(न०) १. अमैत्री। शत्रुता। २. बिगड़ा हुआ रस।

अपरंच—(अव्य०) १. इस मजमून के बाद। २. इसके आगे लिखना है कि। इसके पश्चात्। पश्चात् लेख यह है कि। ३. विशेष में। फिर भी। ४. फिर यह। उपरांत। उपरंच।

अपरंपर—(न०) १. परब्रह्म। २. ईश्वर। (वि०) १. अपरंपार। अत्यधिक। अपार। पुष्कल।

अपरंपार—(वि०) अत्यधिक। अपरम्पार।

अपरा—(ना०) १. लौकिक विद्या। २. पदार्थ विद्या। ३. पश्चिम दिशा।

अपराजित—(वि०) १. न हारा हुआ। २. जो हराया न जा सके।

अपराजिता—(ना०) १. दुर्गा। २. कोयल।

अपराध—(न०) १. भूल। गलती। २. दोष कसूर। ३. पाप।

अपराधी—(वि०) १. अपराध करने वाला। दोषी। कसूरवार। २. पापी।

अपराधीन—(वि०) जो पराधीन न हो। स्वतन्त्र। स्वाधीन।

अपरिग्रह—(न०) १. आवश्यकता से अधिक धन का परित्याग। २. संग्रह न करना। ३. दान न लेना।

अपरिचय—(न०) परिचय या जान पहिचान का अभाव। असंध। अपरचो।

अपरेल—(न०) ईसवी सन का चौथा महीना। एप्रिल।

अपरोक—(वि०) १. अपरिहार्य। २. नहीं रुकने वाला। ३. नहीं चूकने वाला। (न०) अवरोध। रुकावट।

अपरोक्ष—(वि०) प्रत्यक्ष।

अपर्णा—(ना०) १. पार्वती। २. दुर्गा।

अपल—(वि०) १. अपार। बहुत। २. बेरोक। ३. नहीं मानने वाला। ४. वश में नहीं होने वाला।

अपलक्षण—(न०) कुलक्षण। कुलखण।

अपलखण—दे० अपलक्षण।

अपलखणो—(वि०) कुलक्षण वाला। कुलखणो।

अपलच्छण—दे० अपलक्षण।

अपलाणियो—(वि०) जिस पर पलान नहीं कसा गया हो। बिना पलान कसा हुआ (ऊंट, घोड़ा आदि)।

अपलाणियोड़ो—दे० अपलाणियो।

अपलाणो—दे० अपलाणियो।

अपवर्ग—(न०) १. मोक्ष। निर्वाण। २. त्याग। ३. दान।

अपवर्जन—(न०) १. त्याग। २. दान। ३. मोक्ष।

अपवाद—(न०) १. सामान्य नियम में विरोध जैसी वस्तु या उसका उदाहरण।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

२. सर्वसाधारण नियम के विरुद्ध बात या घटना । ३. विरुद्ध बात । ४. निंदा । बदनामी । ५. खंडन । ६. अस्वीकार । ७. दोष ।

अपवित्र—*(वि०)* १. अशुद्ध । मलिन । २. पाप युक्त । अधार्मिक । ३. न छूने योग्य ।

अपशकुन—*(न०)* अशुभ शकुन । **अपसुकन।**

अपशब्द—*(न०)* १. गाली । २. दुर्वचन । ३. अशुद्ध शब्द ।

अपसर—*(ना०)* अप्सरा ।

अपसरा—*(ना०)* अप्सरा ।

अपसवरण—*(न०)* अपशकुन । बुरा सगुन । **अपसुगन।**

अपसु—*(न०)* अपशु । गदहा ।

अपसुकन—दे० अपसुगन ।

अपसुगन—*(न०)* अपशकुन ।

अपसौरण—दे० अपसवरण ।

अपहड़—*(वि०)* १. उदार । दातार । २. अपने ही साहस और सामर्थ्य पर दान, मान, सहायता और युद्धादि श्रेष्ठ कार्यों का करने वाला । ३. अत्यधिक । खूब ।

अपहरण—*(न०)* जबरदस्ती छीनने या उठा ले जाने की क्रिया ।

अपंग—*(वि०)* १. अंगहीन । २. लूला । लंगड़ा । ३. असमर्थ ।

अपंथ—*(न०)* १. कुपंथ । कुमार्ग । २. पंथ रहित ।

अपंपर—दे० अपरंपर ।

अपारण—*(न०)* १. बल । शक्ति । २. बिना हाथों वाला । ३. अशक्त ।

अपारणा - *(सर्व० ब० व०)* अपने ।

अपारणी—*(सर्व०)* अपनी ।

अपारणो—*(सर्व०)* आत्मीय । अपना ।

अपात्र—*(वि०)* १. गुणहीन । २. अयोग्य। *(न०)* कुपात्र ।

अपादान—*(न०)* १. किसी से अलगाव या पृथक्करण । २. एक कारक । ३. पाँचवीं विभक्ति का अर्थ ।

अपादान कारक—*(न०)* जिससे विश्लेष या अलगाव होता है, उस संज्ञा शब्द का वाक्य में रूप अथवा कारक *(व्या०)* । व्याकरण में पाँचवाँ कारक ।

अपान—*(न०)* पाँच प्राणों (प्राण, अपान, व्यान, उदान और समान) में से एक जो गुदा द्वारा निकलता है । पाद । गोज ।

अपान वायु—*(न०)* गुदा-मार्ग से निकलने वाली हवा । अधो वायु । **पाद** । गोज ।

अपार—*(वि०)* १. जिसका पार न हो । अनंत । २. अत्यधिक ।

अपारण—दे० अपार ।

अपाल—*(वि०)* १. बहुत । अपल । २. नहीं रुकने वाला । ३. नहीं रोकने वाला ।

अपाळ—*(वि०)* जिसका कोई पालन करने वाला न हो ।

अपाळो—*(वि०)* जो पैदल नहीं चल रहा हो । जो सवारी किया हुआ हो ।

अपावन—*(वि०)* अपवित्र ।

अपीत—*(वि०)* १. जिसमें सिंचाई न की जाती हो (खेत) २. सिंचाई के अयोग्य । ३. जो पीले रंग का न हो ।

अपीधो—*(वि०)* १. बिना पिया हुआ । २. प्यासा । ३. बिना नशा किया हुआ ।

अपील—*(ना०)* १. नीचे की कोर्ट के फैसले के विरुद्ध ऊपर की कोर्ट में की जाने वाली प्रार्थना । पुनर्विचारार्थ प्रार्थना । २. अनुरोध । ३. निवेदन ।

अपुत्र—*(वि०)* १. पुत्र रहित । संतान रहित ।

अपूज—*(वि०)* १. अप्रतिष्ठित । २. अपूजित । ३. जिसकी पूजा-अर्चना नहीं होती हो (देवमूर्ति) । ४. जिसकी पूजा या सम्हाल की कोई व्यवस्था न हो । ५. नहीं पूजा जाने वाला ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अपूठ—(वि०) १. विरुद्ध । उलटा । २. पीठ तरफी । ३. सामने । सुलटा । ४. सामने की ओर का । अपृष्ठ ।

अपूठी—(ना०) पीठ की नस में पड़ने वाली गाँठ जो ऊपर चढ़ती हुई गले में आकर मृत्यु का कारण बन जाती है । (वि०) १. विमुखी । उलटी । (क्रि०वि०) इसके विरुद्ध । दे० अपूठो ।

अपूठो—(वि०) १. उलटा । विमुख । २. पीठ की ओर का । ३. पीठ फिराकर खड़ा या बैठा हुआ । ४. सामने की ओर का । अपृष्ठ ।

अपूत—(वि०) १. अपवित्र । २. निपूता । पुत्रहीन । (न०) कुपुत्र । कपूत ।

अपूरण—दे० अपूर्ण ।

अपूरतो—(वि०) १. पूरा नहीं । चाहिये जितना नहीं । २. अपूर्ण । अधूरो ।

अपूरब—(वि०) अपूर्व ।

अपूर्ण—(वि०) जो पूरा न हो । अधूरो ।

अपूर्व—(वि०) १. जो पहले न हुआ हो । २. अनोखा । अनूठा । ३. अनुपम ।

अपेक्षा—(ना०) १. आवश्यकता । २. आकांक्षा । ३. आशा । ४. प्रतीक्षा । ५. तुलना । ६. अनुरोध । (क्रि वि०) तुलना में । इण करतां । करतां ।

अपेय—(वि०) १. न पीने योग्य । २. जो न पिया जा सके ।

अपेल—(वि०) १. थोड़ा । कम । २. न टलने वाला । अटल ।

अपैंठ—(ना०) १. अप्रतिष्ठा । २. अविश्वास । ३. अप्रवेश ।

अपोंचियो—दे० निपोंचियो ।

अपोढणो (क्रि०) १. जागना । २. नहीं सोना । ३. नींद नहीं लेना ।

अपोढी—(वि०) नींद में से उठा हुआ । जगकर उठा हुआ । (ना०) निद्रा-त्याग ।

अपोढी होणो—(मुहा०) नींद में से जगकर उठना ।

अपौरुषेय—(वि०) १. जो पुरुष कृत न हो । २. ईश्वरीय ।

अप्पणो—(क्रि०) अर्पण करना (सर्व०) अपना । अपणो ।

अप्रकाश—(न०) १. अंधेरा । २. अप्रकट ।

अप्रकाशित—(वि०) १. प्रकाश में न आया हुआ । गुप्त । २. न छपा हुआ (ग्रन्थ) ।

अप्रगट—(वि०) १. जो प्रकट न हो । गुप्त । २. अप्रकाशित ।

अप्रछन्न—(वि०) १. अप्रच्छन्न । प्रकट । २. गुप्त । अप्रकट ।

अप्रज—(वि०) १. निस्संतान । २. निर्वंश ।

अप्रजंत—(वि०)१. बलवान । २. अप्रजात । निःसंतान । ३. शत्रु-वंशोच्छेदक ।

अप्रजोम—(वि०) अपार बलशाली ।

अप्रतख—दे० अप्रत्यक्ष ।

अप्रतिम—(वि०) अतुल्य । बेजोड़ ।

अप्रतिष्ठा—(ना०) १. बेइज्जती । अनादर । २. अपकीर्ति । बदनामी ।

अप्रतिष्ठित—(वि०) बदनाम । अपमानित ।

अप्रत्यक्ष—(वि०) अप्रकट । गुप्त । छानो ।

अप्रब—(न०) १. पर्व से रहित दिन । २. पर्व काल से भिन्न समय । ३. उत्सव नहीं मनाया जा सकना । ४. संकट काल ।

अप्रबळ—(वि०) १. अपार शक्तिशाली । बहुत प्रबल । अपरबळ ।

अ-प्रबल—(वि०) अशक्त । कमजोर । दुर्बल । दुरबळ ।

अप्रबळी—(वि०) अपार शक्तिशाली । बड़ा बलवान । अपरबळी ।

अप्रम—(न०) परब्रह्म ।

अप्रम-प्रम—(न०) १. परब्रह्म । २. ईश्वर । अपरम-प्रम । २. अप्रमेय ।

अप्रमाण—(न०) प्रमाणाभाव । (वि०) अपरिमाण । बहुत अधिक ।

अप्रमाद—(वि०) १. प्रमाद रहित । अभिमान रहित । २. आलस्य रहित ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अप्रमेय—(वि०) १. जो मापा-नापा न जा सके। अमाप। १. असीम। अनंत। ३. असिद्ध। अप्रमाणित। ४. अज्ञेय।

अप्रवाण—दे० अप्रमाण।

अप्रवीत—(वि०) अपवित्र। अशुद्ध।

अप्रशस्त—(वि०) १. निंद्य। २. जिसकी कीर्ति न हो। ३. अशिष्ट। ४. हलका। ओछा। तुच्छ। ५. अयोग्य।

अप्रसन्न—(वि०) १. नाराज। नाखुश। २. उदास। म्लान। ३. दुखी।

अप्रसिद्ध—(वि०) जो प्रसिद्ध नहीं। अविख्यात।

अप्राकृत—(वि०) १. अलौकिक। २. अस्वाभाविक। ३. असाधारण। ४. अनघड़ नहीं। संस्कृत।

अप्राप्त—(वि०) १. न मिलने वाला। अलभ्य। २. दुर्लभ।

अप्रामाणिक—(वि०) १. प्रमाण रहित। २. अविश्वसनीय। ३. जो प्रमाण के द्वारा सिद्ध न हो।

अप्रिय—(वि०) जो प्रिय न हो। अरुचिकर।

अप्रीति—(ना०) १. प्रीति का न होना। २. विरोध। ३. शत्रुता।

अप्सरा—(ना०) १. स्वर्ग की चिरतरुण गायिका। २. अनुपम सुन्दर तरुणी। परी। ३. देवांगना। ४. इन्द्र की सभा में नृत्य करने वाली स्त्री।

अफर—(वि०) १. नहीं फिरने वाला। नहीं मुड़ने वाला। २. पीठ नहीं दिखाने वाला। ३. अपनी बात पर दृढ़ रहने वाला। दृढ़ प्रतिज्ञ। (ना०) १. शत्रुता। २. गर्व। ३. ज्यादती। ४. बेवकूफी। ५. सेना।

अफरणो—(क्रि०) १. पेट का फूलना। २. पीठ नहीं दिखाना।

अफरी—दे० अफर।

अफळ—(वि०) निष्फल। फल हीन। (न०) बुरा परिणाम। कुफल।

अफळावणो—(क्रि०) टकराना। भिड़ाना।

अफवा—(ना०) उड़ती खबर। अफवाह।

अफसर(न०) १. अधिकारी। ऑफीसर। २. हाकिम। ३. मुखिया। प्रधान।

अफसोस—(न०) १. शोक। २. खेद।

अफंड—(न०) १. उत्पात। शरारत। ऊधम। २. टंटा। झगड़ा। ३. उपद्रव। ४. फतूर। ५. आडम्बर। पाखंड। ढकोसला। ६. कपट। छल।

अफंडी—(वि०) १. उत्पाती। शरारती। ऊधमी। २. झगड़ालू। ३. उपद्रवी। ४. पाखंडी। ५. कपटी। छलिया।

अफारो—(न०) १. अपच, वायु इत्यादि के कारण पेट का फूलना। अफारा। अफरा। आफरो २. अंदरूनी क्रोध। ३. जोश। (वि०) १. जोशीला। २. वीर। बहादुर। ३. क्रुद्ध। ४. अधिक।

अफाळणो—(क्रि०) १. पछाड़ना। भिड़ाना। २. टक्कर देना। ३. पटकना। ४. लड़ना।

अफाळा—(न० ब० ब०) १. कष्ट। दुख। २. चक्कर। ३. निष्फल प्रयत्न।

अफाळा खाणो—(मुहा०) १. निष्फल प्रयत्न करना। २. कष्ट पाना। ३. भटकना।

अफिर—दे० अफर।

अफीण—(न०) अफीम। अमल।

अफीणियो—दे० अफीणी।

अफीणी—(वि०) अफीमची। अमली।

अफीम—दे० अफीण।

अफीमची—(वि०) अफीम खाने की आदत वाला। अमली।

अफेर—दे० अफर।

अब—(क्रि० वि०) १. इस समय। हमै। प्रस्तुत क्षण में। २. इसके बाद।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अबक—(वि०) नहीं कहने लायक । २. व्यर्थ । ३. अनिष्ट ।

अबकलै—(क्रि० वि०) इसबार । हमकै । अबकै ।

अबकाई—(ना०) १. तकलीफ । कष्ट । २. कठिनता । ३. अड़चन । ४. रोग की कष्ट साध्य या असाध्य अवस्था । ५. स्त्रियों का ऋतुकाल । ६. बेबशी ।

अबकाळै—दे० अबकलै ।

अबकी—(क्रि० वि०) १. इस बार । २. अगली बार । दूसरी बार । फिर । हमकी । हमकै । बीजी वेळा । दूजी वेळा ।

अबकै—दे० अबकी ।

अबको—दे० अबखो ।

अबखाई—दे० अबकाई ।

अबखी—(वि० ना०) १. कठिन । मुश्किल । २. कष्टदायक । ३. दुर्गम ।

अबखी वेळा—(ना०) संकट काल ।

अबखो—(वि०) १. कठिन २. कष्टदायक । ३. दुर्गम । ४. बेबश ।

अबज—(न०) सौ करोड़ की संख्या । अरब ।

अबडो—दे० अवडो ।

अबताणी—(क्रि० वि०) अभी तक । हालताँई ।

अबदाळ—(न०) फकीर । २. औलिया । अवलियो । अबदाली । ३. सिद्ध पुरुष । महात्मा । ४. सत्तर प्रकार के औलियाओं में से एक (इस्लाम) ।

अबदाळी—दे० अबदाळ ।

अबरक—(न०) अभ्रक । भोडल । जळपू । जळपोस ।

अबरकै—(क्रि० वि०) १. इस बार । हमकै । अबकळैं । २. दूसरी बार । बीजोवेळा ।

अबरी—(ना०) एक प्रकार का चित्रित कागज जो पुस्तकों के पुट्ठों पर चिपकाया जाता है । मार्बल पेपर ।

अबळ—(वि०) निर्बल । अशक्त । (ना०) अबला । स्त्री ।

अबलक—(वि०) १. सफेद और लाल या सफेद और काले रंग का (घोड़ा) । २. चितकबरा । (न०) अबलक घोड़ा ।

अबळखा—(ना०) १. अभिलाषा । २. खाने की अभिलाषा ३. गर्भिणी की अमुक वस्तु खाने की इच्छा । दोहद ।

अबळा—(ना०) १. अबला । स्त्री । २. गरीबिनी । ३. निर्बला ।

अबळाखा—दे० अबळखा ।

अबळी—(वि० ना०) अशक्त । निर्बला ।

अबळो—(न०) निर्बल । अबल ।

अबाध—(वि०) १. बाधा रहित । २. निर्विघ्न । ३. असीम । अपार ।

अबार—(क्रि० वि०) इस समय । अभी । हमार । हमारूं । अबारूं ।

अबारताँई—दे० अबताणी ।

अबारूं—दे० अबार ।

अबाँह—(वि०) १. असहाय । २. बगैर कौल ।

अबीढो—दे० अबीढो ।

अबीर—(ना०) एक रंगीन बुकनी ।

अबीर-गुलाल—(ना०) अबीर और गुलाल ।

अबीह—(वि०) १. निडर । निर्भय । २. जबरदस्त ।

अबीहो—दे० अबीह ।

अबुध—(वि०) १. ना समझ । अज्ञानी ।

अबूझ—(वि०) नासमझ । अज्ञ । मूर्ख ।

अबेढी—दे० अवेढी ।

अबेढो—दे० अवेढो ।

अबै—(क्रि० वि०) १. अभी । अबार । हमार । अब । हमैं ।

अबोट—(वि०) १. बिना छुआ हुआ । अछूता । २. पवित्र । ३. अखंड । साबुत ।

अबोटियो—(न०) सेवा-पूजा या रसोई

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

करते समय धोती की जगह पहना जाने वाला रेशम या ऊन का वस्त्र।

अबोटी—(न.) १. वल्लभ सम्प्रदाय के मन्दिर में श्री बाल कृष्ण का पुजारी। २. मन्दिरों में सेवा-पूजा का धन्धा करने वाला व्यक्ति (प्रायः भोजक)। ३. किसी को स्पर्श नहीं किया हुआ स्नपित व्यक्ति।

अबोध—(*वि०*) अनजान। मूर्ख।

अबोल—(*वि०*) १. चुपचाप। शान्त। २. बगैर कौल।

अबोलणा—(*न० ब० व०*) १. वैमनस्य। मनमुटाव। २. शत्रुता।

अबोलणो—(*वि०*) नहीं बोलने वाला। मूक। (*क्रि०*) नहीं बोलना। (*न०*) १. मनमुटाव। २. शत्रुता।

अबोला—दे० अबोलणा।

अबोलो—(*क्रि० वि०*) चुपचाप। बिना बोले हुए। (*वि०*) मौन। शान्त।

अभ—(*न०*) आकाश।

अभक्त—(*वि०*) १. जो भक्त न हो। भक्ति नहीं करने वाला। २. श्रद्धाहीन।

अभक्ष—(*वि०*) नहीं खाने योग्य। अभक्ष्य।

अभख—(*वि०*) १. अभक्ष्य। नहीं खाने योग्य। २. नहीं कहने योग्य।

अभगत—दे० अभक्त।

अभड़ावणो—(*क्रि०*) स्पर्श करना या कराना। छुआना।

अभड़ीजणो—(*क्रि०*) १. स्पर्श होना। छूआजाना। २. स्त्री का ऋतुमती होना।

अभड़ीजियोड़ी—(*वि०*) रजस्वला।

अभड़ीजियोड़ो—(*वि०*) १. अस्पृश्य से जिसका स्पर्श हो गया हो। २. जिसे अस्पृश्य-अशौच लगा हुआ हो।

अभरण—(*वि०*) अपढ़। ठोठ।

अभनमो—दे० अभिनमो।

अभनवो—दे० अभिनमो।

अभय—दे० अभै।

अभयधाम—दे० अभैधाम।

अभयपद—दे० अभैपद।

अभया—(*ना०*) १. हर्रे। २. दुर्गा।

अभयारण्य—दे० अभ्यारण।

अभर—(*वि०*) १. जो भरा न जा सके। २. जो भरा हुआ न हो। खाली। ३. जिसे भरने की आवश्यकता न हो। ४. भरा हुआ। पूर्ण। ५. सम्पन्न। ६. संतुष्ट।

अभरण—(*वि०*) दीन। गरीब।

अभर-भरण—दे० अभरण-भरण।

अभरण-भरण—(*वि०*) १. निर्धन को धनी बनाने वाला। २. सभी प्रकार की इच्छापूर्ति करने वाला। (*न०*) १. सर्व-शक्तिमान्। २. दीनानाथ। ईश्वर।

अभरंग—(*न०*) 'अरभंग' का विपर्यस्त शब्द दे० अरभंग।

अभरां-भरण—दे० अभरण-भरण।

अभरी—(*वि०*) १. बड़ा धनवान। खूब संपत्तिवाला। २. धन-धान्य से पूर्ण। वैभवशाली। ३. सफल जीवन। ४. सम्पन्न। ५. धनान्ध। ६. मिलावट वाला। खोटा। ७. खाली।

अभरो—(*वि०*) १. खोटा। मिलावट वाला २. खाली। ३. धनान्ध।

अभरोसो—(*न०*) १. अविश्वास। २. संदेह।

अभल—(*वि०*) बुरा। खराब।

अभळाखा—दे० अबळखा।

अभवी—(*वि०*) असंसारी।

अभंग—(*वि०*) १. युद्ध से नहीं भागने वाला। २. हराया नहीं जा सकने वाला। ३. अटल। ४. अखंड। अटूट। ५. वीर। ६. निडर। (*न०*) एक प्रकार का मराठी छंद।

अभंगनाथ—(*न०*) युद्ध से नहीं भागने वालों में अतिबलवान योद्धा। २. युद्ध

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

में पीछे पाँव नहीं देने वाला वीर। ३. बलवान विजयी वीर।

अभाग—*(न०)* अभाग्य। दुर्भाग्य।

अभागण—*(वि० ना०)* १. अभागिनी। २. विधवा।

अभागणी—दे० अभागण।

अभागियो—दे० अभागो।

अभागो—*(वि०)* अभागा। दुर्भागी। भाग्यहीन।

अभाग्यो—दे० अभागो।

अभायो—*(वि०)* १. अप्रिय। अरुचिकर। नापसंद। *(न०)* जूठन।

अभाळ—*(वि०)* १. जिसकी देख रेख नहीं। जिसकी सार-सम्हाल नहीं। २. जिसकी खोज तलाश नहीं।

अभाव—*(न०)* १. अविद्यमानता। २. कमी। न्यूनता। ३. असत्ता। ४. हानि। ५. बुरा भाव। दुर्भाव। ६. अप्रियता। ७. अश्रद्धा।

अभावणो—*(वि०)* अरुचिकर। अप्रिय। *(क्रि०)* अप्रिय लगना।

अभावो—*(वि०)* अप्रिय। अरुचिकर।

अभि—*(उप०)* सामने, पास, तरफ, अधिक, श्रेष्ठ इत्यादि अर्थों में प्रयुक्त एक उपसर्ग।

अभिक्रमण—*(न०)* आक्रमण।

अभिगमण—*(न०)* १. पास जाना। अभिगमन। २. सम्भोग।

अभिचार—*(न०)* मंत्र तंत्र द्वारा मारण उच्चाटन आदि कार्य।

अभिजित—*(न०)* १. एक नक्षत्र। २. दिवस का आठवां मुहूर्त। *(वि०)* विजयी।

अभिज्ञ—*(वि०)* १. अनुभवी। २. जानकार। ३. निपुण।

अभिधा—*(ना०)* १. शब्द की वाच्यार्थ शक्ति। सीधा सादा अर्थ बताने वाली शक्ति। २. शब्द का मूल अर्थ और उस अर्थ की बोधक शक्ति।

अभिधान—*(न०)* १. नाम। संज्ञा। २. पद का नाम। ३. शब्द।

अभिधानमाळा—*(ना०)* १. नाम कोश। २. शब्द कोश।

अभिनमो—*(वि०)* १. अभिनव। नवीन। २. अद्वितीय। ३. सदृश। समान। ४. द्वितीय। दूसरा। ५. वीर। *(न०)* १. पुत्र। २. पौत्र। ३. प्रपौत्र। ४. वंशज।

अभिनय—*(न०)* हाव भाव द्वारा किसी विषय का वास्तविक अनुकरण करके दिखाना। एक्टिंग। २. नाटक का खेल।

अभिनव—*(वि०)* नवीन। नया।

अभिन्न—*(वि०)* जो भिन्न हो। जुदा नहीं। सम्बद्ध।

अभिप्राय—*(न०)* १. आशय। तात्पर्य। २. उद्देश्य। ३. इरादा।

अभिमान—*(न०)* अहंकार। गर्व। घमंड।

अभिमानी—*(वि०)* अहंकारी। घमंडी।

अभियुक्त—*(न०)* अपराधी। मुलजिम। आरोपी।

अभियोग—*(न०)* १. अपराध। २. मुकदमा। ३. आरोप। मामलो।

अभिराम—*(वि०)* १. आल्हादकारी। आनंददायक। २. मनोहर।

अभिरुचि—*(ना०)* अतिशय रुचि। चाह। इच्छा। पसंद।

अभिळाखा—दे० अभिलाषा।

अभिलाषा—*(ना०)* इच्छा। आकांक्षा।

अभिलासा—दे० अभिलाषा।

अभिलेख—*(न०)* महत्वपूर्ण लेख। दस्तावेज। रेकार्ड।

अभिवादन—*(न०)* वंदन। नमस्कार।

अभिषेक—*(न०)* १. वेद मन्त्रों के साथ जल छिड़कना या स्नान करवाना। २. विधि पूर्वक सिंहासन या राजगद्दी पर बैठाने की क्रिया। ३. यज्ञादि के बाद का शान्ति स्नान।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अभिसार—*(न०)* १. मिलन । २. भिड़ंत । ३. नायक नायिका का पूर्व निश्चित स्थान पर मिलना । संकेतानुसार प्रेमियों का मिलन ।

अभी—*(क्रि० वि०)* १. इसी समय । २. तुरन्त । **हमार** ।

अभीच—*(वि०)* १. निडर । निर्भय । २. वीर ।

अभीठो—दे० अबीठो ।

अभीत—*(वि०)* निडर । निर्भय ।

अभीर—*(वि०)* असहाय । *(न०)* अहीर । ग्वाला । **ग्वाळियो** ।

अभूखरण—*(न०)* आभूषण । *(वि०)* भूषण रहित ।

अभूत—*(वि०)* १. जो पहले न हुआ हो । अपूर्व । २. अद्भुत ।

अभूतपूर्व—*(वि०)* जो पहले न हुआ हो । अनोखा ।

अभूनो—*(वि०)* १. आश्चर्य चकित । २. पागल । ३. मूढ़ ।

अभूमो—*(वि०)* १. अनजान । २. अपरिचित । ३. मूर्ख ।

अभेड़ो—*(वि०)* १. टेढ़ा । २. विकट । ३. कठिन ।

अभेद—*(वि०)* १. भेद रहित । रहस्य रहित । २. एक जैसा । ३. अभिन्न । *(न०)* १. अभिन्नता । एक रूपता । २. एक शब्दालंकार ।

अभेळणो—*(क्रि०)* १. न मिलाना । २. आक्रमण नहीं करना । ३. न लूटना ।

अभेळियो—*(वि०)* बिना मिलावट का । निखालिस । शुद्ध ।

अभेव—दे० अभेद ।

अभैं—*(वि०)* १. अभय । निडर । २. न डरनेवाला । *(न०)* निर्भयता ।

अभैंदान—*(न०)* भय से रक्षा का आश्वासन । रक्षा का वचन ।

अभैंधाम—*(न०)* १. अभय धाम । ईश्वर शरणागति । २. मोक्ष ।

अभैंपद—*(न०)* १. अभयपद । २. मोक्ष ।

अभैंपुरा—*(न०)* राठौड़ों की तेरह शाखाओं में से एक ।

अभोग—*(न०)* १. भजन पद या कविता की वह अंतिम कड़ी जिसमें कवि का नाम आता है । आभोग । *(वि०)* जिसका भोग या उपयोग न किया गया हो ।

अभोगत—*(वि०)* १. नहीं जोता हुआ । (खेत) । २. काम में नहीं लाया हुआ । अभुक्त । अव्यवहृत । ३. नया ।

अभ्यागत—*(न०)* १. मेहमान । पाहुना । अतिथि । २. भिखारी । भिक्षुक । ३. साधु संन्यासी । *(वि०)* दीन । गरीब ।

अभ्यामरद—*(न०)* युद्ध ।

अभ्यारण—*(न०)* वह रक्षित वन जिसमें पशुओं का शिकार नहीं किया जाता है । अभयारण्य ।

अभ्यास—*(न०)* १. निरन्तर अनुशीलन । २. हमेशा की जाने वाली क्रिया । ३. स्वभाव । मुहावरा । टेव । ४. पुनरावृत्ति । ५. परिश्रम । ६. पढ़ाई । शिक्षा ।

अभ्यास करणो—*(मुहा०)* १. अभ्यास करना । २. निरन्तर पढ़ना ।

अभ्यासणो—*(क्रि०)* १. अभ्यास करना । २. पढ़ते रहना ।

अभ्यासी—*(वि०)* १. निरन्तर अभ्यास करने वाला । २. अभ्यस्त ।

अभ्र—*(न०)* १. बादल । २. आकाश ।

अभ्रक—*(न०)* १. भोडल । अबरक । **जळपू । जळपोस** ।

अभ्रम—*(वि०)* भ्रम रहित ।

अम—*(सर्व०)* १. हम । २. हमारा । ३. मेरा ।

अम-कज—*(अव्य०)* १. हमारे लिये । मेरे लिए ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अमख—*(न०)* आमिष । मांस ।

अमचूर—*(ना०)* कच्चे आम के सुखाये हुए टुकड़े या चूर्ण ।

अमणो—*(वि०)* १. बिना मन का । अमनस्क । २. विचार रहित ।

अमतणो—*(सर्व०)* १. हमारा । २. मेरा ।

अमन—*(वि०)* १. बिना मन का । २. मनातीत । *(न०)* १. मन का अभाव । २. परमात्मा । ३. शान्ति । ४. सुख ।

अमन-चमन—*(न०)* सुखशांति । मौज ।

अमर—*(न०)* १. देवता । २. पारा । *(वि०)* १. नहीं मरने वाला । २. जिसका कभी नाश न हो ।

अमर-कांचळी—*(ना०)* शत्रु पक्ष में लड़ने वाले बहनोई की सुरक्षा का (नहीं मारने का) भाई की ओर से बहन को दिया जाने वाला अभय-वचन । सौभाग्य खंडित नहीं करने का बहन को दिया हुआ वचन । २. सौभाग्य-वरदान ।

अमरकोट—*(न०)* धाट प्रान्त (थर पारकर) का इतिहास प्रसिद्ध एक नगर । यह नगर और प्रदेश किसी समय मारवाड़ राज्य का एक भाग था किन्तु अब पाकिस्तान का भाग बना हुआ है ।

अमरकोश—*(न०)* अमरसिंह द्वारा रचित संस्कृत का एक प्रसिद्ध शब्दकोश ।

अमरख—*(न०)* १. अमर्ष । क्रोध । २. जोश । ३. ग्लानि ।

अमरगिर—*(न०)* आमेर (जयपुर) का पर्वत ।

अमरण—*(न०)* मृत्यु नहीं होना ।

अमरत—*(न०)* अमृत । सुधा ।

अमरतबान—दे० अम्रतबाण ।

अमरता—*(ना०)* अमरत्व । अमरपना ।

अमरती—*(ना०)* एक मिठाई । इमरती ।

अमरनाथ—*(न०)* काश्मीर का एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थान जहाँ बर्फ के शिवलिंग के दर्शन होते हैं ।

अमरनामो—*(न०)* १. वीरता, दान या उपकार आदि सत्कर्मों से जिसका नाम अमर हो गया हो । २. यश । कीर्ति ।

अमरपटो—*(न०)* अमरता का लेख या वरदान ।

अमरपद—*(न०)* मोक्ष ।

अमरपुरी—*(ना०)* १. देवलोक । २. स्वर्ग ।

अमरलोक—*(न०)* १. देवलोक । २. स्वर्ग ।

अमरवेल—*(ना०)* १. अमरवेलि । २. आकाश वेलि ।

अमरस—*(न०)* १. आम्ररस । २. अमर्ष । क्रोध ।

अमरसुहाग—*(न०)* सदा अमर रहने वाला सौभाग्य ।

अमरसुहागण—*(ना०)* १. जीवन भर सौभाग्यशालिनी बनी रहने वाली स्त्री । २. वेश्या ।

अमराई—*(ना०)* आमों का बाग । आम्रवन ।

अमराणो—*(न०)* १. धाट प्रदेश के अमरकोट नगर का लोकगीत और काव्य प्रसिद्ध नाम । २. अमरकोट जिला ।

अमरापुर—*(न०)* स्वर्ग । देवलोक ।

अमरापुरी—दे० अमरापुर ।

अमराव—दे० उमराव ।

अमरावती—*(ना०)* १. द्वारिका । द्वारकापुरी । २. अमरापुरी । इन्द्रपुरी ।

अमरीख—दे० अंबरीष ।

अमरूद—*(न०)* जामफल ।

अमरेस—*(न०)* १. अमरेश । इन्द्र । नागोर के प्रसिद्ध वीर अमरसिंह राठौड़ का काव्य नाम ।

अमळ—*(वि०)* निर्मल । मल रहित ।

अमल—*(न०)* १. अफीम । २. शासन । अधिकार । ३. व्यवहार । ४. प्रभाव । असर ५. अधिकार-समय ।

अमल उतरणो—*(मुहा०)* १. अफीम का नशा उतरना । २. अधिकार छिनना ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अमल करणो—*(मुहा०)* १. अधिकार करना। २. प्रभाव जमाना।

अमल गळणो—*(मुहा०)* १. अफीम की गोष्ठी में कसूंबा तैयार होना। २. अफीम की गोष्ठी होना।

अमलदार—*(न०)* १. अफीमची। २. अधिकारी।

अमलदारी—*(ना०)* १. अधिकार। शासन। २. अधिकारी का काम या पद।

अमल-पाणी—*(न०)* १. नाश्ता। कलेवा। भारो। २. अफीम लेने के बाद किया जाने वाला नाश्ता।

अमल पाणी करणो—*(मुहा०)* १. नाश्ता करना। २. अफीम लेना और उसके ऊपर कुछ खाना। ३. यात्रा की थकान दूर करने के लिये विश्राम करना तथा अफीम लेना।

अमल-रो-कोट—*(न०)* बहुत अफीम खाने वाला। बड़ा अफीमची।

अमल-रो-पोतो—*(न०)* अफीम रखने की खलेची।

अमल होणो—*(मुहा०)* अधिकार होना।

अमलाँ चाक—*(वि०)* १. अफीम के नशे में चूर। २. अत्यधिक नशा।

अमली—*(वि०)* १. अफीमची। २. नशेबाज। ३. मस्त।

अमलीमाण—*(वि०)* १. नशे में मस्त रहनेवाला। २. अधिकारों का उपभोग करनेवाला। ३. अधिकार और ऐश्वर्य पूर्ण। ४. धनाढ्य। ५. मौजी। ६. दानी। दातार। ७. विजयी। ८. वीर। ९. अभिमानी।

अमलो—*(न०ब०व०)* १. राज्य कर्मचारी गण। अमला। २. भीड़।

अमंख—*(न०)* आमिष। मांस।

अमंखचर—दे० अमिखचर।

अमंगण—*(वि०)* अयाचक।

अमंगत—*(वि०)* अयाचक।

अमंगळ—*(वि०)* अशुभ। अनिष्ट। *(न०)* दुर्भाग्य।

अमंत्र—*(न०)* १. खोटी सलाह। कुमंत्र। असीख। २. कुमित्र। शत्रु। *(वि०)* खोटी सलाह देनेवाला।

अमंत्रद—*(वि०)* खोटी सलाह देनेवाला। *(न०)* शत्रु।

अमा—*(ना०)* अमावस्या।

अमाई—*(वि०)* १. न समा सके उतना। अधिक। २. भय उत्पादक।

अमात—*(वि०)* १. मातृहीन। २. मात्रा रहित।

अमात्य—*(न०)* १. राजा का मंत्री। २. मंत्री।

अमान—*(वि०)* अपार। अपरिमाण। *(न०)* अनादर। अप्रतिष्ठा।

अमानत—दे० अनामत।

अमानती—*(वि०)* अमानत पर रखा हुआ। अनामती।

अमानी—*(वि०)* १. मान रहित। २. अप्रतिष्ठित। ३. अभिमान रहित। दे० इमानी।

अमानेतण—*(ना०)* प्रेम और सम्मान से वंचित पत्नी।

अमाप—*(वि०)* १. बिना माप का। २. अपार। बहुत।

अमाम—*(वि०)* १. बहुत। अधिक। २. श्रेष्ठ। ३. ममता रहित। ४. इच्छा रहित। *(ना०)* १. अधैर्य। २. अममत्व। ३. तृप्ति। संतोष।

अमामीदार—*(वि०)* १. सम्पन्न। धनवान २. साधन-सम्पन्न।

अमामो—*(वि०)* १. बहुत। अधिक। २. उदार। ३. ममत्ववाला। ४. शान्त। धीर। गंभीर। ५. संतुष्ट। तृप्त।

अमायो—*(वि०)* जो समा न सके।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अमार—दे० अबार ।
अमाळो—(सर्व०) १. मेरा । २. हमारा ।
अमाव—दे० अमायो ।
अमावट—(न०) आम का पापड़ । आम-रस की चपाती । आम के सूखे हुए रस की जमी हुई परत ।
अमावड़—(वि०) १. असीम । बहुत अधिक । २. जबरदस्त ।
अमावतो—(वि०) १. नहीं समा सके जितना । २. नहीं समा सकने वाला । ३. बहुत । अधिक ।
अमावस—(ना०) कृष्णपक्ष की अंतिम तिथि । आमावस्या ।
अमास्ती—(सर्व०) १. मैं । २. हम ।
अमिख—(न०) आमिष । मांस ।
अमिखचर—(न०) १. मांस भक्षी पक्षी । २. गिद्ध । ३. पलचर ।
अमिट—(वि०) १. नहीं मिटने वाला । २. स्थायी । ३. नित्य ।
अमित—(वि०) १. अपरिमित । अपार ।
अमित्र—(न०) शत्रु ।
अमिय—(न०) अमृत ।
अमित—(न०) अमित्र । शत्रु ।
अमी—(न०) १. अमृत । २. थूक ।
अमीढ—(वि०) अतुल्य । तुलना रहित ।
अमीढो—(वि०) जिसकी तुलना नहीं की जा सके । अतुल्य ।
अमीणी—(सर्व०) १. मेरी । २. हमारी ।
अमीणो—(सर्व०) १. मेरा । २. हमारा ।
अमीत—(न०) शत्रु । बैरी ।
अमीन—(न०) १. बाहर का काम करने वाला अदालत का कर्मचारी । २. जमीन की नाप-जोख करनेवाला माल-विभाग का कर्मचारी ।
अमी नजर—(ना०) १. अमृत दृष्टि । २. दया दृष्टि । ३. कृपा ।
अमीर—(वि०) १. धनवान । रईस । २. कोमल अंगों वाला । सुकुमार । नाजुक । (न०) १. मुसलमान सरदारों की एक उपाधि । २. मुसलमान शासक । सरदार । ३. अफगानिस्तान के बादशाह की एक उपाधि ।
अमीरपणो—(न०) १. धनवान होने के लक्षण । धनाढ्यता । २. धनवान होने का अभिमान । धनवानी । ३. उदारता । २. नजाकत ।
अमीरल—(न०ब०व०) १. अमीरलोग । २. सरदार लोग ।
अमीरस—(न०) १. अमृत । सुधा । २. थूक । अमी ।
अमीराई—दे० अमीरात ।
अमीरात—(ना०) १. धनवानपना । धनाढ्यता । २. अमीरी । रईसी । ३. नाजुक पना । नजाकत ।
अमीरी—दे० अमीरात ।
अमुक—(वि०) १. निर्दिष्ट (व्यक्ति या वस्तु) । २. अज्ञात । ३. फलां । फलाणो ।
अमूझण—(ना०) १. घबराहट । २. दम-घुट । घुटन । ३. मूर्च्छा ।
अमूझणी—दे० अमूझण ।
अमूझणो—(क्रि०) १. अमूझन होना । घबराहट होना । २. मूर्च्छित होना । ३. श्वासावरोध होना । दम घुटना ।
अमूझाणो—दे० अमूझणो ।
अमूझावणो—दे० अमूझणो ।
अमूझो—(न०) १. उमस । २. दमघुटन । श्वासावरोध ।
अमूमन—(अव्य०) साधारणतया । प्रायः ।
अमूळ—(वि०) १. मूल रहित । बिना जड़ का । निर्मूल । २. कारण रहित ।
अमूल—(वि०) १. अमूल्य । अनबोल । २. बहुमूल्य । ३. बिना मूल्य का ।
अमूल्य—दे० अमूल ।
अमृत—(न०) १. जिसके पीने से अमर हो जाय ऐसा एक कल्पित रस । २. देवलोक

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

का एक कल्पित पेय जिसके पीने से बुढ़ापा और मृत्यु पास नहीं आती। सुधा। ३. बहुत स्वादिष्ट अथवा गुणकारी पदार्थ। ४. क्षीर। *(वि०)* १. नहीं मरा हुआ। २. कभी नहीं मरने वाला। अविनाशी।

अमृतधुनि—दे० अमृत ध्वनि।

अमृतध्वनि—*(ना०)* श्रीबालकृष्ण के नृत्य की ध्वनि। २. एक प्रकार का छंद।

अमृतधारा—*(ना०)* १. अमृत की धारा। २. जीभ के मूल में तालू से टपकनेवाला रस। (योग)। ३. एक औषधि।

अमृतबान—दे० अम्रतबाण।

अमृता—*(ना०)* हर्रे। हरीतकी। हरड़े।

अमेळ—*(न०)* १. विरोध। शत्रुता। *(वि०)* बिना मिलावट का।

अमोघ—*(वि०)* १. अत्यन्त। अपार। २. अव्यर्थ। अचूक।

इनै—(सर्व०) इसे । इसको । (क्रि० वि०) इस ओर । इधर ।

इन्नै—दे० इनै ।

इफरात—(ना०) अधिकता । (वि०) १. अधिक २. अत्याधिक ।

इब—(क्रि०वि०) अब ।

इबकी सात—(अव्य०) अभी का अभी ।

इबछळ—(वि०) अचल । अविचल । अवचळ ।

इबरकै—(क्रि०वि०) १. इस बार । २. दूसरी बार । और । फिर ।

इबसात—दे० इबकी सात ।

इबादत—(ना०) भक्ति । उपासना ।

इबारत—(ना०) १. लेख । २. लेखशैली ।

इभ—(न०) हाथी ।

इम—(क्रि० वि०) इस प्रकार । ऐसे ।

इमदाद—(ना०) सहायता । मदद ।

इमरत—(ना०) अमृत । सुधा ।

इमरती—(ना०) १. पानी पीने का एक पात्र । गडुई । २. उरद की पीठी से बनने वाली जलेबी जैसी एक मिठाई ।

इमरस—(न०) १. अमर्ष । क्रोध । २. कुढ़न । खीझ । ३. दुख ।

इमली—(ना०) एक वृक्ष और उसकी गूदेदार लंबी खट्टी फली ।

इमानी—(ना०) मकान बनवाने का वह काम या व्यवस्था जो ठीके पर न हो । मकान बनवाने का वह काम या तरीका जो मजदूरों को दैनिक मजदूरी देकर (उनकी इमानदारी पर) करवाया जाता है ।

इमामदस्तो—(न०) औषधियां आदि कूटने की लोहे या पीतल की ओखली और उसका हत्था । हमामदस्तो ।

इमारत—(न०) बड़ा और पक्का मकान । हवेली ।

इमि—दे० इम ।

इमी—(न०) १. अमृत । अमी । २. थूक । अमी ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

इम्तिहान—*(न०)* परीक्षा ।

इम्रत—दे० इमरत ।

इया—*(क्रि०वि०)* यहाँ ।

इयारो—दे० इयेरो ।

इयां – *(सर्व०)* इन । *(वि०)* ऐसा । *(क्रि० वि०)* ऐसे । इस प्रकार ।

इयांकळो—*(वि०)* इस प्रकार का । ऐसा । *(ग्रव्य०)* इनके जैसा ।

इयुं—*(क्रि०वि०)* इस प्रकार । यों ।

इये—*(सर्व०)* इस । इसने ।

इयेनूं—दे० इयेनै ।

इयेनै—*(सर्व०)* इसको ।

इयेरै—*(सर्व०)* इसके ।

इयेरो—*(सर्व०)* इसका ।

इयेसूं—*(सर्व०)* इससे ।

इरकाणी—*(ना०)* ऊंट के घुटने का ऊपरी भाग ।

इरकियो—*(न०)* ऊंट के अगले पांव के मूल में बाजू की रगड़ से होने वाला जख्म ।

इरकी—दे० इरकाणी ।

इरखो—दे० ईरखो ।

इरद-गिरद—*(क्रि०वि०)* इर्द-गिर्द । ग्रास-पास । चारों ग्रोर ।

इरंड़ काकड़ी—*(ना०)* पपीता । पपैयो ।

इरंडियो—*(न०)* एरंड का पौधा ।

इरंडी—*(ना०)* १. एरंड का बीज । २. एक रेशमी वस्त्र ।

इरादो—*(न०)* १. इरादा । मनोभाव । ग्राशय । २. मित्रता ।

इळ—*(ना०)* इला । धरती । भूमि ।

इळकंत—*(न०)* राजा । भूपति । इलाकांत ।

इलकाब—*(न०)* खिताब ।

इळगार—*(न०)* १. उत्साह । उमंग । २. जोश । ३. साहस । ४. प्रस्थान । कूच । रवानगी । ५. रोष । क्रोध ।

इळचक्र—*(न०)* क्षितिज ।

इळज—वृक्ष । पेड़ ।

इलजाम—*(न०)* १. ग्रपराध । २. ग्रभियोग ।

इळत्री—*(ना०)* तीनों लोक । त्रिभुवन ।

इळपत—*(न०)* इलापति । राजा ।

इळपुड़—*(न०)* पृथ्वी तल ।

इळपूत—*(न०)* इलापुत्र । मंगल ग्रह ।

इळपूतद्योस—*(न०)* मंगलवार ।

इळपूतवार—*(न०)* मंगलवार ।

इलम—*(न०)* १. विद्या । २. हुनर । इल्म । शिल्प । ३. जादू । ४. उपाय । ५. ज्ञान । ६. जानकारी ।

इळवइ—*(न०)* इलापति । राजा ।

इळा—*(ना०)* १. इड़ा । इंगला । २. पृथ्वी । इला । ३. पार्वती । ४. सरस्वती । ५. गौ ।

इला—दे० इळा ।

इळाकंत—दे० इळकंत ।

इलाको—*(न०)* १. प्रान्त । इलाका । २. प्रदेश । ३. क्षेत्र । ४. ग्रधिकार क्षेत्र ।

इळाचक्र—दे० इळचक्र ।

इलाज—*(न०)* १. उपचार । चिकित्सा । २. उपाय ।

इळाश्रय—दे० इळत्री ।

इळाथंभ—*(न०)* १. शेषनाग । २. राजा ।

इळाधर—*(न०)* पर्वत ।

इळापत—दे० इळपत ।

इळापुड़—दे० इळपुड़ ।

इळायचो—*(ना०)* इलायची । एला ।

इळायचो—*(न०)* एक बहुमूल्य रेशमी कपड़ा ।

इळाव्रत—*(न०)* १. इलावृत्त । पृथिवी मंडल । २. एक पृथ्वी खंड ।

इलोळ—*(ना०)* १. लहर । मौज । २. प्रसन्नता । ३. लहर । तरंग । ४. तरीका । ढंग । ५. एक राजस्थानी छंद ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

इस्लत—*(ना०)* १. झंझट। २. भूत-प्रेत आदि का लगाव। ३. रोग। ४. दोष। ४. कलंक।

इव—*(क्रि०वि०)* १. अब। २. ऐसे। *(सर्व०)* इस।

इव करतां—*(अव्य०)* इस प्रकार।

इवडो—*(वि०)* १. इतना। २. ऐसा। (स्त्री० इवडी)

इशारो—दे० इसारो।

इश्क—*(न०)* १. प्रेम। स्नेह। २. काम विकार।

इष्ट—दे० इस्ट।

इष्टदेव—दे० इस्टदेव।

इसइ—*(वि०)* १. ऐसे। २. ऐसी।

इसक—*(न०)* इश्क। प्रेम।

इसक-चाळो—*(न०)* काम चेष्टा।

इसकी—*(वि०)* प्रेमी। रसिक। इश्की।

इसकूल—दे० स्कूल।

इसक्रू—दे० स्क्रू।

इसड़ी—*(वि०)* ऐसी।

इसड़ो—*(वि०)* ऐसा।

इसपताळ—*(न०)* अस्पताल (स्त्री० इसड़ी) हॉस्पिटल। दवाखानो।

इसबगुळ—*(न०)* १. रेचक बीजोंवाला एक पौधा। २. इस पौधे के बीज। इसबगोल।

इसलाम—*(न०)* मुसलमानी धर्म। इस्लाम।

इसा—*(वि०)* १. ऐसे। ऐसे अनेक। २. इस प्रकार के। ऐसे।

इसान—*(क्रि०वि०)* इस प्रकार।

इसारो—*(न०)* १. इशारा। संकेत। २. सूचन।

इसी—*(वि०)* ऐसी।

इसूं—*(वि०)* ऐसा।

इसैं—*(वि०)* ऐसे।

इसो—*(वि०)* ऐसा।

इसो-तिसो—*(अव्य०)* ऐसा-वैसा। ऐसा-तैसा।

इस्ट—*(न०)* १. इष्ट। इष्टदेव। आराध्य देवता। २. कुल देवता। ३. मित्र। *(वि०)* १. वांछित। इष्ट। अभिलषित। अभिप्रेत। २. पूज्य।

इस्टदेव—*(न०)* १. इष्टदेव। आराध्य देवता। कुल देवता।

इस्टाम—दे० स्टांप।

इस्तगासो—*(न०)* किसी के विरुद्ध फौजदारी कोर्ट में की जाने वाली अर्जी।

इस्तरी—*(ना०)* १. धोबी तथा दरजी का एक उपकरण जिससे कपड़े की सिकुड़न मिटाई जाती है। २. स्त्री।

इस्तीफो—*(न०)* इस्तीफा। त्यागपत्र।

इस्तेमाल—*(न०)* उपयोग।

इस्त्री—*(ना०)* स्त्री। दे० इस्तरी।

इस्यो—*(वि०)* ऐसा।

इस्लाम—*(न०)* मुसलमानी धर्म।

इह—*(सर्व०)* १. यह। २. इस। *(क्रि०वि०)* यहाँ।

इहड़ी—*(वि०)* ऐसी।

इहड़ो—*(वि०)* ऐसा।

इहाँ—*(क्रि०वि०)* यहाँ।

इहि—*(सर्व०)* १. यह। २. इस।

इहिविचि—*(वि०)* इस बीच की। *(अव्य०)* इस वस्तु या समय के बीच में।

इहो—*(सर्व०)* १. वह। २. यह। *(वि०)* ऐसा। *(अव्य०)* इस प्रकार।

इंगळा—*(ना०)* मेरु दण्ड के वाम भाग की इड़ा नाम की एक नाड़ी।

इंगलिश—*(ना०)* अंग्रेजी भाषा।

इंगलिस्तान—*(न०)* इंगलैंड।

इंगलैंड—*(न०)* अंग्रेजों का देश। इंगलिस्तान।

इंगित—*(न०)* इशारा।

इंच—*(न०)* १. एक फुट का बारहवाँ भाग। २. फुट के बारहवें भाग का माप।

इंछणो—*(क्रि०)* १. इच्छा करना। २. विचार करना। ३. निश्चय करना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

इंछना—*(ना०)* इच्छा।

इंछा—*(ना०)* इच्छा।

इंछा-भोजन—दे० इच्छा-भोजन।

इंजन—*(न०)* भाप की शक्ति से चलने वाला यंत्र। एंजिन।

इंजीनियर—*(न०)* यंत्र शास्त्र का विशारद।

इंजैकशन—*(न०)* पिचकारी द्वारा। शरीर में दवा प्रवेश करना।

इंठै—*(क्रि०वि०)* यहां। इस जगह। अठै। इनै।

इंडज—*(न०)* अंडे से उत्पन्न होने वाले प्राणी। अंडज।

इंडिया—*(न०)* भारत देश।

इंडै—दे० इंठै।

इंतकाळ—*(न०)* मृत्यु। मौत।

इंतजाम—*(न०)* प्रबन्ध। इंतजाम।

इंतजार—*(न०)* १. प्रतीक्षा। २. आतुरता।

इंतजारी—दे० इंतजार।

इंद—*(न०)* १. इंद्र। २. इन्दु। चन्द्रमा।

इंदगोप—दे० इंद्रगोप।

इंदर—*(न०)* १. इन्द्र। २. मेघ-घटा। ३. स्वामी। ४. वृक्ष।

इंदर धनख—दे० इंद्र धनुष।

इंदराज—*(वि०)* १. ऊँचा। १. श्रेष्ठ। ३. बड़ा। *(न०)* १. लिखा जाना। लिखावट। २. नोंध। नूंध।

इंदरियो—*(न०)* १. मेघ-घटा। २ इंद्र।

इंदिरा—*(ना०)* लक्ष्मी।

इंदीवर—*(न०)* नील कमल।

इंदु—*(न०)* चंद्रमा।

इंद्र—*(न०)* देवताओं का राजा। इन्द्र।

इंद्र कूण—*(ना०)* खगोल और शकुन शास्त्र की सोलह दिशाओं में से एक दिशा। इन्द्रकोण।

इंद्र कूंट—दे० इंद्र कूण।

इंद्रगोप—*(ना०)* बीरबहूटी। ममोलो। ममोलियो।

इंद्रजव—*(न०)* कुड़ा बीज।

इंद्रजाळ—*(न०)* १. मंत्र तंत्र तथा हाथ की सफाई द्वारा अचंभे की बातें दिखाने की विद्या या कला। फरफंद। जादूगरी। २. मायाकर्म। ३. नट विद्या। ४. धोखा। छल। ५. मंत्र-तंत्र द्वारा आश्चर्योत्पादक कला का ग्रन्थ।

इंद्रजीत—*(न०)* मेघनाद।

इंद्रधजा—*(ना०)* रंग-बिरंगी अनेक छोटी धजाओं वाला एक बड़ा ध्वज। इन्द्रध्वज।

इंद्र धनुष—दे० इंद्रधनुस।

इंद्र धनुस—*(न०)* सूर्य के सामने की दिशा में वर्षा होने के कारण सूर्य के प्रकाश से क्षितिज को छूता हुआ दिखाई देने वाला सात रंगों का अर्धवृत्त।

इंद्रपुरी—*(ना०)* १. इंद्र की नगरी। २. देवताओं की नगरी।

इंद्रप्रस्थ—*(न०)* पांडवों की राजधानी। प्राचीन दिल्ली।

इंद्रलोक—*(न०)* स्वर्ग।

इंद्रवधू—दे० इंद्रगोप।

इंद्राण—*(न०)* १. तसतूंबा। इन्द्रायण का फल। २. इंद्रायण की लता।

इंद्राणी—*(ना०)* इन्द्र की पत्नी।

इंद्रापुरी—*(ना०)* १. इन्द्र की राजधानी। अमरापुरी २. इन्द्रापुरी के समान वैभव या सुख।

इंद्रायण—*(ना०)* १. तसतूंबे की लता। २. इन्द्रायण का फल। तसतूंबो।

इंद्रासण—*(न०)* इन्द्र का सिंहासन। इन्द्रासन।

इंद्रासन—दे० इंद्रासण।

इंद्रिय—दे० इंद्री।

इंद्री—*(ना०)* १. शिश्न। लिंगेंद्रिय। २. वह शक्ति जिसके द्वारा बाहरी पदार्थों के भिन्न भिन्न गुणों का भिन्न भिन्न रूपों में अनुभव होता है (ज्ञानेन्द्रिय)। ३. शरीर

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

के वे अवयव जिनके द्वारा यह शक्ति विषयों का ज्ञान प्राप्त करती है। (कर्मेंद्रिय)। ४. इंद्रिय।

इंसान—(न०)१. मनुष्य। २. मानव जाति।

इंसाफ—दे० इनसाफ।

इंस्पैक्टर—(न०) निरीक्षक।

ई

ई—संस्कृत परिवार की राजस्थानी भाषा की वर्ण माला का चौथा स्वर वर्ण। 'इ' का दीर्घ रूप।

ई—(सर्व०) यह। (अव्य०) १. ही। २. भी।

ईग्रे—(सर्व०)१. इसने। २. इस। ३.इससे। (वि०) ऐसे। इसी प्रकार के।

ईकड़—(न०) मूंग-मोठ के जैसा एक जंगली द्विदल नाज और उसका पौधा। इसे पका कर गाय भैंस आदि को खिलाते हैं।

ईकार—(न०) 'ई' वर्ण।

ईख—(ना०) १. दृष्टि। २. गन्ना। ऊख।

ईखण—(ना०) नेत्र। आँख। ईक्षण।

ईखणो—(क्रि०) देखना।

ईटणो—(क्रि०) १. उपयोग करना। काम में लाना। २. बखेरना। छितराना। ३. बहाना। बहा देना।

ईठ—(न०) १. इष्ट। २. पति।

ईडर—(न०) १. ऊंट की छाती में उभरा हुआ एक गोल खुरदरा स्थान। २. गुजरात का एक ऐतिहासिक नगर और राज्य।

ईडरियो—(वि०) १. ईडर का। ईडर संबंधी। २. ईडर निवासी।

ईढ—(ना०) १. समानता। तुलना। बराबरी। २. ईर्ष्या। डाह। ३. शत्रुता। वैर। ४. हठ।

ईढक—(न०) नगाड़ा।

ईढग—दे० ईढगरो।

ईढगरो—(वि०) १. बराबरी करने वाला। २. ईर्ष्यालु। ३. पीछे नहीं रहने वाला। ४. शत्रु। वैरी।

ईत—(ना०) पशुओं की चमड़ी में चिपका रह कर खून चूसने वाला एक छोटा कीड़ा।

ईतरणो—दे० इतरणो।

ईति—(ना०) खेती को हानि पहुँचाने वाले उपद्रव।

ईद—(ना०) मुसलमानों का एक त्यौहार।

ईनणी—दे० ईंधणी।

ईन-मीन—(वि०) इने-गिने। अल्प। थोड़े।

ईन-मीन-तीन—दे० ईन-मीन।

ईनलो—(वि०) इधर का। इस ओर का।

ईनूणी—दे० ईंढोणी।

ईनै—(सर्व०) इसको। (क्रि०वि०) इधर। यहाँ।

ईमान—(न०) १. धर्म। २. नीयत। ३. अच्छी नीयत। ४. विश्वास। भरोसा। ५. प्रामाणिकता।

ईमानदार—(वि०) १. सच्चाई से काम करने वाला। सच्चा। खरा। २. व्यवहार शुद्ध। ३. विश्वासपात्र। ४. धर्मभीरू। ५. प्रामाणिक।

ईमानदारी—(ना०) १. सच्चाई। २. व्यवहार शुद्धता। ३. धर्माचरण। ४. प्रामाणिकता।

ईमानी—दे० इमानी।

ईयेरै—दे० इयेरै।

ईयेरो—दे० इयेरो।

ईयेवळ—(क्रि०वि०) इस ओर। इधर।

ईरखा—(ना०) ईर्ष्या। डाह।

ईरखाळू—(वि०) ईर्ष्यालु।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ईरखो—*(न०)* ईर्ष्या।

ईरण—*(ना०)* अग्नि।

ईली—*(ना०)* अनाज का एक कीड़ा। अन्न-कीट। इल्लीका।

ईलोजी—*(न०)* होली के हुड़दंग की एक अश्लील मूर्ति।

ईवाड़ो—*(न०)* भेड़-बकरियों का बाड़ा।

ईश—दे० ईश्वर।

ईशान—*(न०)* उत्तर-पूर्व के मध्य का कोण। ईशान दिशा। २. शिव। महादेव।

ईश्वर—*(न०)* १. ईश्वर। परमेश्वर। २. शंकर। महादेव। ३. स्वामी। प्रभु।

ईश्वरी—*(ना०)* १. दुर्गा। भगवती। २. पार्वती। भवानी।

ईस—*(न०)* ईश्वर सं० १, २ ३, *(ना०)* १. खाट की चौखट की लंबी लकड़ी। चारपाई के चौखटे की दाहिने या बाएँ की लकड़ी। २. किसी भूभाग की लंबाई। ३. लंबाई की ओर का नाप।

ईसको—*(न०)* ईर्षा। डाह।

ईसर—दे० ईश्वर।

ईसरजी—*(न०)* १. महादेव की वह मूर्ति जो जामा, खिड़कियाः पाघ और तुर्रे-कलगी वाली राठौड़ी वेशभूषा में गनगौर के उत्सव (गौरी पर्व) पर गौरी की मूर्ति के साथ प्रदर्शित की जाती है। २. महा-देवजी। शिवजी।

ईसरदास—*(न०)*मालाणी प्रदेश (मारवाड़) के भादरेस गाँव के निवासी प्रसिद्ध भक्त कवि ईसरदास बारहठ।

ईसरी—दे० ईश्वरी।

ईसरेस—*(न०)* महादेव। ईश्वरेश।

ईसवीसन—*(न०)* ईसा के जन्म-काल से चलाया हुआ वर्ष।

ईसा—*(न०)* ईसाई धर्म का प्रवर्तक। ईसा-मसीह।

ईसाई—*(न०)* ईसा के मत को मानने वाला।

ईसाणंद—*(न०)* भक्तकवि ईसरदास बारहठ का महत्व सूचक नाम।

ईसाण—दे० ईशान।

ईसाणी—*(वि०)* ईशान दिशा की।

ईसान—दे० ईशान। *(सं० पु०)* अहसान। उपकार।

ईसुरी—दे० ईश्वरी।

ईह—*(सर्व०)* यह। *(सं०स्त्री०)* इच्छा।

ईहग—*(न०)* १. याचक। २. चारण। ३. भाट। *(वि०)* इच्छुक।

ईहण—दे० ईहग।

ईहा—*(ना०)* इच्छा।

ईहाड़—*(ना०)* एक तोप।

ईं—*(सर्व०)* १. इस। २. इसने। ३. यह।

ईंकी—*(सर्व०)* इसकी।

ईंके—*(सर्व०)* इसके।

ईंको—*(सर्व०)* इसका।

ईंगी—*(सर्व०)* इसकी।

ईंगो—*(सर्व०)* इसका।

ईंजाँ—*(क्रि० वि०)* यहाँ।

ईंट—*(ना०)* १. पकाया हुआ मिट्टी का चौकोर टुकड़ा जिसे सीमेन्ट, चूना या मिट्टी के गारे से जोड़कर मकान की दीवार बनाई जाती है। ईंट। २. चार कोनों की बूटी वाला ताश का पत्ता।

ईंटाड़ी—दे० ईंट।

ईंटाळो—*(न०)* १. ईंट का टुकड़ा। *(वि०)* १. ईंटों वाला। ईंटें पकाने वाला।

ईंटोड़ो—*(न०)* ईंट का टुकड़ा।

ईंडो—*(न०)* १. अंडा। २. देव-मंदिर के शिखर के ऊपर का स्वर्णादि का बना हुआ एक विशेष प्रकार का कलश।

ईंडोणी—दे० इंढोणी।

ईंढूणी—दे० इंढोणी।

ईंढोणी—*(ना०)* कपड़े आदि की बनी एक विशेष प्रकार की गोल गद्दी (कुंडली) जिसको पानी का घड़ा आदि बोझा

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उठाने के लिये स्त्रियाँ सिर पर रखती है। इंडुरी। इंडुग्रा।

ईदावाटी—(ना०) मारवाड़ में ईंदा-परिहारों का एक क्षेत्र। जोधपुर के पश्चिम में ईंदा-राजपूतों की जागीर का प्रदेश।

ईंधण—(न०) भोजन बनाने के लिये जलाने की लकड़ी, कंडा ग्रादि। जलावन।

ईंधणी—(ना०) भोजन पकाने के लिये काम में ग्राने वाली (जलाने की) की लकड़ी। बलीते की लकड़ी (बलीता)।

ईंनैं—(सर्व०) १. इसने। २. इसको। इसे (क्रि०वि०) इधर। इस ग्रोर।

ईं पर—(ग्रव्य०) १. इस पर। तदुपरान्त। २. इसके पश्चात्। इसके ऊपर।

ईंयाँ—(क्रि०वि०) १. ऐसे। २. वैसे।

ईंयाँरैं—(सर्व०) इनके।

ईंयाँरो—(सर्व०) इनका।

ईंरो—(सर्व०) इसका।

ईंसूं—(सर्व०) इससे।

उ

उ—संस्कृत परिवार की राजस्थानी भाषा की वर्णमाला का पाँचवाँ ग्रोष्ठ स्थानीय स्वर वर्ण।

उग्रव—(न०) १. उद्भव। जन्म। १. वृद्धि। बढ़ती (वि०) ग्रद्भुत।

उग्रणो—(क्रि०) उगना।

उग्रर—(न०) उर। हृदय।

उग्रह—(न०) उदधि। समुद्र।

उग्राणो—(क्रि०) उगाना।

उग्रारण—(न०) १. न्योछावर करने की वस्तु। २. निछावर। उत्सर्ग। ३. उद्धार। रक्षा। बचाव। (वि०) उद्धार करने वाला।

उग्रारणा—(न०) बलैया। न्यौछावर।

उग्रारणो—(क्रि०) निछावर करना। बलिहार जाना। (न०) निछावर। उत्सर्ग।

उग्रारो—(न०) १. उत्सर्ग। निछावर। २. गाँव से बाहर निकलने का मार्ग। गाँव से बाहर निकलने के मार्ग का ग्रंतिम छोर तथा प्रवेश करने के मार्ग का सिरा।

उग्राँ—दे० उणाँ।

उग्राँरै—दे० उवाँरै।

उग्राँरो—दे० उवाँरो।

उए—दे० उवे।

उकट—(न०) १. कसाव। कसेलापन। २. क्रोध। गुस्सा। ३. मनोमालिन्य। ४. जोश। मनोवेग। ५. ग्रावेश।

उकटणो—(क्रि०) कसाव पैदा होना। कसाना। २. क्रोध पैदा होना। ३. मनोमालिन्य पैदा होना। ४. जोश में ग्राना।

उकत—(ना०)१. उक्ति। कथन। २.समझ। बुद्धि। ३. युक्ति। उपाय।

उकताइजणो—(क्रि०) १. उकता जाना। ऊब जाना। २. ग्रधीर होना।

उकताणो—दे० उकताइजणो।

उकतावणो—दे० उकताइजणो।

उकती—दे० उकत।

उकतीवान—(वि०) १. उक्ति वाला। २. बुद्धिमान। ३. प्रत्युत्पन्नमति।

उकर—(न०) बाण।

उकरड़ी—(ना०) छोटा उकरड़ा। घूरी।

उकरड़ो—(न०)१. कूड़े-कचरे का ढेर। घूरा। २. कूड़ा-कचरा डालने की जगह।

उकरास—(न०) १. चाल। धूर्तता। २ युक्ति। उपाय। ३. कौशल। ४. ग्रवसर। मौका। ५. खेल का दाँव।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उकलणो—*(क्रि०)* १. सूझना। सूझ होना। फुरना। २. दिमाग में आना। उपजना। ३. (लिखावट आदि का) स्पष्ट पढ़ा जाना।

उकळणो—*(क्रि०)* १. औटना। उबलना। २. अकुलाना। उकताना। ऊबना। ३. क्रोध करना। ४. भीषण रूप धारण करना।

उकळतो काळजो—*(न०)* व्याकुल चित्त।

उकळाट—दे० उकळाटो।

उकळाटो—*(न०)* १. क्रोध। २. संताप। ३. घाम। ४. गरमी। ५. दमघुट। ६. उफान। उबाल।

उकस—*(ना०)* १. जोश। २. क्रोध। प्रज्व-लन। २. उत्तेजन।

उकसणो—*(क्रि०)* १. जोश में आना। २. क्रोध करना। २. उत्तेजित होना।

उकसाणो—*(क्रि०)* उकसाना। उभारना। तैयार करना।

उकसावणो—दे० उकसाणो।

उकंबणो—*(क्रि०)* सिर को ऊँचा उठाना।

उकाळ—*(न०)* उबाल।

उकाळणो *(क्रि०)* उबालना।

उकाळी—*(ना०)* उबाली हुई काष्ठादि औषधियों का पानी। औषधियों का उबाला हुआ रस। जोशांदा। काढ़ा।

उकाळो—*(न०)* १. उबाल। उफान। २. काढ़ा। क्वाथ।

उकासणो—*(क्रि०)* १. अधिक प्रकाशमान करना। २. प्रज्वलित करना। ३. दीपक की बत्ती को ऊपर खिसकाना। बत्ती को और बाहर निकालना। ४. उत्तेजित करना। ५. उभारना। ६. हैरान करना। तंग करना

उकीरो—*(न०)* गोबर का एक कीड़ा।

उकील—*(न०)* वकील।

उकेरी—*(ना०)* पानी प्राप्त करने के लिये सूखे हुए नदी या तालाब में खोदा जाने वाला खड्डा।

उकेल—*(न०)* १. परिणाम। निकाल। २. उपाय। रास्ता। सुलझाव। ३. सूझ। समझ। ४. उलझी हुई बात को सुलझाने की युक्ति। समाधान।

उकेलणो—*(क्रि०)* १. उरझी हुई बात को सुरझाना। २. सुलझाना। ३. गूंच निकालना।

उक्त—*(वि०)* १. उपरोक्त। कथित। २. उल्लिखित।

उक्ति—*(ना०)* १. कथन। २. वाक् चातुर्य। ३. शब्द लालित्य। ४. चमत्कारपूर्ण वाक्य।

उख—*(न०)* बैल।

उखड़णो—*(क्रि०)* १. जड़ सहित निकल आना। २. अलग होना। सटा हुआ न रहना। ३. नौकरी का छूट जाना। पद-च्युत होना। ४. क्रोध करना।

उखणणो—*(क्रि०)* १. उठाकर ले जाना। २. भार उठाना। ३. शस्त्र उठाना।

उखणाणो—*(क्रि०)* बोझा उठवाने में सहा-यता करना। बोझा उठवाना।

उखध—*(ना०)* औषधि।

उखरड़ो—दे० उकरड़ो।

उखराळी—*(वि०)* १. बाण (रस्सियां) टूट कर ढीली बनी हुई (खाट)। टूटी-फूटी (खाट)। २. जिस पर बिस्तर नहीं बिछा हो। बिना बिस्तर की (खाट) *(ना०)* कुतिया की घुरी।

उखलणो—*(क्रि०)* १. अपने स्थान से अलग होना। उखड़ना। २. परस्पर। चिपटी हुई वस्तुओं का अलग होना।

उखा—*(ना०)* गाय।

उखाड़णो—*(क्रि०)* १. किसी गड़ी या जमी हुई वस्तु को बाहर निकालना। २. अलग करना। हटाना। ३. नौकरी से दूर करना। पदच्युत करना। ४. नष्ट करना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उखाड़-पछाड़—*(ना०)* १. भांग तोड़। २. उथल-पुथल। तितर-बितर। ३. छिन्न-भिन्न। ४. बखेड़ा। उपद्रव।

उखारणो—*(न०)* १. उपाख्यान। ओखाणो। २. कहावत। ३ उक्ति। ४. दृष्टान्त। उदाहरण।

उखेख—*(न०)* क्रोध।

उखेखणो—*(क्रि०)* १. क्रोध करना। २. देखना।

उखेड़णो—दे० उखाड़णो।

उखेल—*(न०)* १. उत्पात। २. युद्ध। ३. कलह। ४. उत्खनन।

उखेलणो—*(क्रि०)* १. रस्सी पगड़ी आदि के आंटों को खोलना। २. अपने स्थान से अलग करना। उखेड़ना। ३. परस्पर चिपटी हुई वस्तुओं को अलग करना। दे० उखाड़णो सं० १, २।

उखेवणो—*(क्रि०)* देवता के सामने धूप-अगरबत्ती जलाना। धूप खेना।

उगटणो—*(क्रि०)* कसाव उठना। कसेला-पन पैदा होना। *(न०)* उबटन।

उगण चाळी—दे० उगण चाळीस।

उगण चाळीस—*(वि०)* तीस और नौ। *(न०)* उनताळीस की संख्या—'३९'

उगण चाळीसो—*(न०)* उनचालीसवां वर्ष।

उगणती—*(वि०)* बीस और नौ। *(न०)* उनतीस की संख्या—'२९'।

उगणतीस—दे० उगणती।

उगणत्रीस—दे० उगणती।

उगणतीसो—*(न०)* उनतीसवां वर्ष।

उगणपचा—दे० उगण पचास।

उगणपचास—*(वि०)* चालीस और नौ। *(न०)* उनचास की संख्या—'४९'।

उगणपचासो—*(न०)* उनचासवां वर्ष।

उगणवो—दे० उगवणो।

उगणसाठ—*(वि०)* पचास और नौ। *(न०)* उनसाठ की संख्या—'५९'।

उगणसाठो—*(न०)* उनसाठवां वर्ष।

उगणंतर—*(वि०)* साठ और नौ। *(न०)* उनहत्तर की संख्या—'६९'।

उगणंतरो—*(न०)* उनहत्तरवां वर्ष।

उगणासियो—दे० उगणियासियो।

उगणासी—दे० उगणियासी।

उगणियासियो—*(न०)* उनासीवां वर्ष।

उगणियासी—*(वि०)* सित्तर और नौ। *(न०)* उनासी की संख्या—'७९'।

उगणी—दे० उगणीस।

उगणीस—*(वि०)* दस और नौ। *(न०)* उन्नीस की संख्या—'१९'। *(वि०)* हलके दर्जे का। उतरता हुआ। खराब।

उगणीसो—*(न०)* उन्नीसवां वर्ष। *(वि०)* १. उन्नीस सौ। एक हजार नौ सौ। २. जो तुलना में खराब हो। बदतर।

उगणोतर—दे० उगणंतर।

उगणोतरो—दे० उगणंतरो।

उगत—दे० उकत।

उगम—*(ना०)* १. उद्गम। उदय। २. उत्पत्ति। ३. अंकुरण।

उगमण—*(ना०)* पूर्व दिशा।

उगमणू—*(क्रि०वि०)* १. पूर्व दिशा की ओर *(वि०)* पूर्व दिशा का। *(न०)* पूर्व दिशा।

उगमणो—दे० उगमणू।

उगरणो—*(क्रि०)* उबरना। बचना।

उगरांटो—दे० अगरांटो।

उगरामणो—*(क्रि०)* प्रहार करने के लिये शस्त्र उठाना। हाथ उठाना।

उगळणो—*(क्रि०)* १. उगलना। २. जुगाली करना। ३. कै करना। वमन करना। ४. वमन होना। उलटी होना।

उगळाणी—*(वि०)* नग्न। नंगी। विवस्त्र। उघाड़ी। *(ना०)* कै। उलटी। उगाळ।

उगळाणो—*(क्रि०)* 'उगळाणी' का पुल्लिंग। *(क्रि०)* कै होना। उलटी होना।

उगवणो—*(क्रि०वि०)* पूर्व दिशा में। पूर्व दिशा की ओर।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उगाई—*(ना०)* १. अंकुरन.। २. अंकुरित। होने की स्थिति। ३. उगाने का काम।

उगाड़णो—*(क्रि०)* १. उगाना। २. बुवाई करना। बीज बोना। ३. पेड़-पौधे लगाना।

उगाणो—दे० उगाड़णो।

उगामणो—*(क्रि०)* प्रहार करने के लिए लाठी, शस्त्र आदि को ऊंचा उठाना।

उगार—*(न०)* १. बचाव। उद्धार। २. बचत।

उगारणो—*(क्रि०)* उबारना। बचाना।

उगाळ—*(न०)* १. पीक। २. जुगाली। ३. वमन। कै।

उगाळणो—*(क्रि०)* १. जुगाली करना। २. वमन करना। ३. उच्चारना।

उगाळदान—*(ना०)* पीकदान।

उगाळी *(ना०)* १. उदय। २. सूर्योदय। ३. जुगाली। २. पीकदान।

उगावणो—दे० उगाड़णो।

उगावो—*(न०)* उगने की क्रिया।

उगूण—दे० उगमण।

उगेरणो—*(क्रि०)* गीत गाना प्रारंभ करना।

उगेरै—*(अव्य०)* वगैरह। इत्यादि।

उग्र—*(वि०)* १. तेज। प्रचंड। २. भयानक। ३. क्रोधी। ४. ऊंचा। ५. जबरदस्त। ६. अति। अधिक।

उग्रज—*(ना०)* १. गर्जन। जोर की गर्जना। २. गर्व-गर्जन। *(वि०)* गर्वोन्नत।

उग्रजणो—*(क्रि०)* १. गर्जन होना। २. गर्व से गर्जना। २. गर्व से मस्तक ऊंचा उठाना।

उग्रजती—*(न०)* हंस।

उग्रभागी—*(वि०)* १. ऊंचे भाग्यवाला। भाग्यशाली। २. तेजस्वी।

उग्रहणो—*(क्रि०)* १. बदला लेना। २. बदला मांगना। ३. कर वसूल करना। ४. उगाहना। उगाही करना। ५. पकड़ना धारण करना। ६. ग्रहण करना। ७. मुक्त करना।

उग्रहण-वैरी—*(न०)* तलवार भाला आदि शस्त्र।

उग्राहणो—*(क्रि०)* दे० १. उघरावणो। २. छोड़ना। ३. प्रहार करने को शस्त्र उठाना। ४. छुड़ाना।

उघड़णो—*(क्रि०)* १. उघड़ना। खुलना। २. आवरण रहित होना। ३. प्रगट होना। ४. नंगा होना। उघाड़ा होना। ५. (भाग्य) खुलना।

उघरणो—*(क्रि०)* १. उघाई का वसूल होना। लेनदारी का वसूल होना। २ कर की वसूली होना। ३. उघड़ना।

उघराई—दे० उघाई।

उघराणी—दे० उघाई।

उघराणियो—*(न०)* उघराणी करने वाला।

उघराणो—*(न०)* १. नंगे पांव। २ उघाई। *(क्रि०)* उगाहना। उगाही करना।

उघरावणी—दे० उघाई।

उघरावणो—*(क्रि०)* उधार दी हुई रकम, वस्तु या वस्तु का मूल्य वसूल करना। तकाजा करना। २. बदला लेना।

उघवणो—दे० उघरावणो।

उघाई—*(ना०)* १. उधार दी हुई रकम का तकाजा। २. उधार दी हुई वस्तु या वस्तु की कीमत का तकाजा। उगाही। ३. उगाही का काम। ४. उधार दी हुई रकम। ५. वसूल हुई रकम। वसूली।

उघाड़—*(न०)* १. प्रकट। अवरोधाभाव। २. रहस्य का प्रस्फुटन। रहस्योद्घाटन। ३. (समस्या का) स्पष्टीकरण। खुलासा। ४. मैदान। ५. समझ। ६. आकाश का बादल रहित होकर धूप निकलना।

उघाड़णो—*(क्रि०)* १. खोलना २. खुला करना। उघाड़ा करना। ३. ढक्कन का हटाना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उघाड़ पड़णो—*(मुहा०)* १. समझ में आना। २. रहस्य खुलना।

उघाड़ बार—दे० उघाड़ो बारो।

उघाड़ बारो—*(न०)* १. खुला प्रवेश। २. वह स्थान जिसमें चाहे जिधर से प्रवेश हो सके। ३. मुख्य द्वार के अतिरिक्त बिना अवरोध के आने जाने का मार्ग। ४. चोर के आने जाने के लिए सरल मार्ग। ५. चोरी करके भाग जाने का सरल मार्ग।

उघाड़ीछाती—*(ना०)* हिम्मत। साहस। *(वि०)* साहसी वीर। *(क्रि०वि०)* अत्यन्त वीरता पूर्वक।

उघाड़ो—*(वि०)* १. नंगा। नग्न। उघारा। २. खुला हुआ। बिना ढका हुआ। ३. स्पष्ट। साफ। ४. प्रगट। ५. जो बंद न हो। ६. नहीं ओढ़ा हुआ।

उघाड़ो होणो—*(क्रि०)* १. नंगा होना। २. बदनाम होना। ३. खुल जाना। ४. खुला होना।

उघामणो—दे० उगामणो। उगरामणो।

उचकणियो—*(न०)* किसी वस्तु को ऊंचा उठाने के लिये उसके नीचे रखा जाने वाला ईंट, पत्थर आदि का टुकड़ा। उचकन। टग। *(वि०)* १. उठाने वाला। २. बोझा ढोनेवाला। ३. आंखों के सामने चोरी करने वाला। उचकाने वाला।

उचकणो—*(क्रि०)* १. उचकना। ऊपर उठना। २. भागना।

उचकावणो—*(क्रि०)* १. उचकाना। ऊपर उठाना। २. आंखों के सामने किसी वस्तु को चुरा लेना। उचकाना।

उचक्को—दे० उचंगो।

उचटणो—*(क्रि०)* १. चौंकना। भड़कना। बिचकना। १. नींद में चौंकना। ३. नींद उड़ जाना। ४. मन नहीं लगना। ५. चित्त फट जाना।

उचरणो—*(क्रि०)* उच्चार करना। कहना।

उचंगो—*(वि०)* १. उचक्का। उठाईगीर। २. चाई। ठग। धूर्त। ३. बदमाश।

उचंडणो—*(क्रि०)* १. उठाना। उचकना। २. उछालना।

उचंत—दे० उधार।

उचंत खातो—दे० उधार खातो।

उचाट—*(ना०)* १. व्यथा। पीड़ा। २. चिंता। ३. मन की अस्थिरता।

उचारणो—*(क्रि०)* १. उच्चारण करना। २. बोलना। कहना।

उचाळो—*(नि०)* १. दुष्काल या युद्ध आदि संकट के कारण सामूहिक रूप से निवास स्थान को छोड़ कर दूसरे किसी स्थान में निवास हेतु किया जाने वाला प्रजा का प्रस्थान। २. संकट काल में देशान्तर निवास के लिये किया जाने वाला प्रजा का एक साथ प्रस्थान। उच्चलन।

उचावणो—*(क्रि०)*१. बोझा आदि उठाना। २. उठवाना।

उचासरो—*(न०)* १. श्रेष्ठ जाति का श्वेत घोड़ा। २. इन्द्र के घोड़े का नाम। उच्चैःश्रवा।

उचाँचळो—*(वि०)*१. अविचारी। २. उद्धत। ३. चंचल। ४. उतावला।

उचित—*(वि०)* योग्य। मुनासिब। ठीक।

उचीश्रव—दे० उचासरो।

उचैश्रव—दे० उचासरो।

उचैस्रवो—दे० उचासरो।

उच्च—दे० ऊंचो। श्रेष्ठ।

उच्चळचित्तो—*(वि०)* १. उच्च हृदय। उदार। २. अस्थिर चित्त वाला।

उच्चाटन—*(न०)* १. जुड़ी हुई वस्तु को अलग करना। उखाड़। २. एक अभिचार।

उच्चार—*(न०)* कथन। बोल।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उच्चारण—*(न०)* १. शब्दों या वर्णों के बोलने का ढंग। २. मुँह से बोलना।

उच्चैश्रवा—*(न०)* १. चौदह रत्नों में से एक। २. इंद्र का घोड़ा।

उच्छव—*(न०)* १. उत्सव। २. पर्व। त्यौहार। ३. उत्साह।

उछजणो—*(क्रि०)* १. प्रहार करने के लिये शस्त्र उठाना। २. हाथ ऊंचा उठाना। ३. जोश में आना। ४. ऊपर उठना। ५. ऊपर उठाना।

उछट—*(ना०)* १. कुदाई। २. भगदड़। ३. पानी का धक्का। जोर की लहर। ४. लहर। तरंग। ५. उदारता।

उछटणो—*(क्रि०)* १. कूदना। २. भागना। ३. पानी का धक्का आना। ३. लहर के धक्के से सम्हल नहीं सकना।

उछतं—*(ना०)* १. प्रसन्नता। खुशी। २. इच्छा। चाह। ३. शक्ति. हैसियत। सामर्थ्य।

उछब—दे० उच्छव।

उछरणो—*(क्रि०)* १. पालण-पोषण प्राप्त करना। पालण-पोषण होना। २. पोषण पाना। ३. पोषण पाकर वयस्क या योग्य होना। ४. गाय भैंस आदि पशुओं का जंगल में चरने को जाना।

उछरंग—*(न०)* १. उत्सव। २. हर्ष। आनंद।

उछरंजण—*(न०)* दान।

उछळंग—*(न०)* १. नाच। नृत्य। उच्छलांग। २. उमंग। उत्साह। ३. खुशी। प्रसन्नता।

उछळ—*(ना०)* १. किसी कार्य को करने के लिये या किसी वस्तु की पसंदगी अथवा उसको प्राप्त करने के लिये दूसरों से पहले दिया जाने वाला अवसर। २. अनेक इकाइयों में से किसी एक की पसंदगी। ३. अधिक लाभ वाले भाग को लेने की पसंदगी। २. अधिक लाभ वाले भाग को लेने की छूट। ५. अभिरुचि। मन की पंसद। ६. कुदान। छलांग।

उछळ-कूद—*(ना०)* १. ऊधम। उतपात। २. चंचलता। अधीरता। ३. शोरगुल।

उछळणो—*(क्रि०)* १. कूदना। फांदना। २. खुशी से फूलना। ३. जोश में आना। ४. आगे बढ़ना।

उछळ-पांती—*(ना०)* १. पसंदगी वाला भाग। २. अधिक लाभ वाला भाग।

उछंग—*(ना०)* उत्संग। गोदी। क्रोड़।

उछाळ—*(ना०)* १. पाणिग्रहण के बाद दूल्हा-दुलहिन का जनिवासे जाते समय मार्ग में ठोर-ठोर की जाने वाली रुपये-पैसों की निछरावल-वर्षा। २. राजा, महंत या धनाढ्य की मृत्यु होने पर श्मशान यात्रा के समय मार्ग में की जाने वाली रुपये-पैसों की फेंकाई। ३. उछलने की क्रिया। कुदाई।

उछाळणो—*(क्रि०)* फेंकना। उछालना।

उछाळो—*(न०)* १. उछलने की क्रिया। २. ऊधम। शोर। ३. लहर। तरंग। ४. उमंग। ५. जोश। ६. बिना सार-सम्हाल के इधर-उधर बिखरी हुई और अव्यवस्थित रूप से पड़ी हुई सामग्री।

उछाव—*(न०)* १. उत्सव। २. उत्साह। ३. हर्ष। ४. जोश।

उछाह—दे० उछाव।

उछांट—*(ना०)* वमन। कै। उलटी।

उछेट—*(ना०)* अपूर्ण गर्भपात।

उछेद—*(न०)* १. उच्छेद। खंडन। २. नाश। ध्वंश।

उछेदणो—*(क्रि०)* १. उखाड़ना। २. खंडन करना। ३. नाश करना।

उछेर—*(न०)* १. पालण-पोषण। भरण-पोषण। २. पुत्र-पुत्री की सन्तान। आल-औलाद। ३. पुत्र-पुत्री। संतान।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उछेरणो—(क्रि०) १. पालन-पोषण करना। २. पालन-पोषण करके योग्य बनाना। ३. गाय-भैंस आदि पशुओं को चराने के लिए जंगल में हाँकना।

उछ्रग—(न०) १. उत्सर्ग। दान। २. निछावर।

उछ्रंग—दे० उछ्रग।

उज—(न०)१. नेत्र। २. आँसू। ३. हृदय। ४. स्तन। ५. ओज। पुरुषार्थ। साहस। ६. कान्ति। ७. बल। शक्ति। ऊर्जा। ८. शान। ठाट-बाट।

उजां—दे० उज।

उजड़—(वि०) १. निर्जन। वीरान। २. कंटकाकीर्ण। आकीर्ण। अप्रशस्त (मार्ग)। (न०) बिना मार्ग का गमन।

उजड—(वि०) १. मूर्ख। नासमझ। २. अनाड़ी। ३. असभ्य।

उजड़णो—(क्रि०) १. उजाड़ होना। वीरान होना। २. बिखरना। ३. उखड़ना। ४. नष्ट होना। बरबाद होना।

उजदार—(न०) १. सेनाध्यक्ष। २. ओहदेदार। हुद्दार। ३. नौकर वर्ग। (वि०) १. साहसी। २. बलशाली। ३. बड़े स्तनों वाली।

उजबक—(न०) १. रणोत्साही वीर। २. घोड़ा। ३. तातारी लोग। ४. तातार जाति। ५. मुसलमान। ६. शत्रु। (वि०) १. आततायी। २. अनाड़ी। उजड्ड। ३. मूर्ख। नासमझ। ४. रण-व्याकुल। रण-विक्षिप्त। (क्रि० वि०) अविच्छिन्न रूप से। लगातार।

उजमणो—(न०) १. किसी प्रतिज्ञात नियमित व्रत का उद्यापन। २. प्रतिज्ञात नियमित व्रत की समाप्ति के अवसर पर किया जाने वाला भोज। उजमणो का भोजन-समारोह। ३. व्रत का उद्यापनोत्सव। ४. उत्तम कार्य। ५. मंगल कार्य का सम्पादन। (क्रि०) १. व्रत का उद्यापन-उत्सव करना। २. उजमणे के निमित्त भोजन-समारोह करना।

उजर—(न०) १. उज्र। आपत्ति। एतराज। २. विरोध। ३. मना। अस्वीकृति।

उजरत—(ना०) पारिश्रमिक। मजदूरी।

उजरदार—(वि०) एतराज करने वाला। उज्र उठाने वाला। उजरदारी पेश करने वाला।

उजळणो—(क्रि०) १. उजला होना। साफ होना। २. प्रकाशित होना। प्रकाशना। चमकना।

उजळाई—(ना०) १. गुदा प्रक्षालन। २. शौचाचार। ३. स्वच्छता। सफाई। ४. उत्तमता। पवित्रता। ५. चमक।

उजळो—(वि०) १. उज्वल। स्वच्छ। २. श्वेत। सफेद। धोळो।

उजवणो—दे० उजमणो।

उजवाळक—(वि०) १. उज्वल करने वाला। २. प्रसिद्ध करने वाला। ३. ख्यातनामा।

उजवाळणो—(क्रि०) १. उज्वल करना। २. प्रसिद्ध करना। ३. यशस्वी बनाना। ४. प्रकाशित करना। चमकाना। दे० अजवाळणो।

उजवाळी—(ना०) चाँदनी। (वि०) शुक्ल पक्ष की।

उजवाळो—(न०) उजाला। प्रकाश। दे० अजवाळो।

उजागर—(वि०) १. प्रकाशित। २. विख्यात। प्रसिद्ध। ३. श्रेष्ठ। ४. महत्वपूर्ण। ५. सुन्दर। मनोहर। ६. सचेत। सावधान। ७. अनोखा। ८. धीर-वीर। ९. वंश को उज्वल करने वाला।

उजागरो—(न०) १. जागरण। २. नींद का अभाव। ३. नींद नहीं लेने के कारण

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उत्पन्न प्रालस्य। (वि०) १. प्रसिद्ध। २. श्रेष्ठ। ३. सुन्दर। ४. अनोखा। ५. वंश को उज्वल करने वाला।

उजाड़—(न०) १. निर्जन स्थान। २. जंगल। ३. ध्वंस। नाश। ४. हानि। नुकसान। (वि०) १. निर्जन। वीरान। २. नष्ट। ध्वस्त।

उजाड़णो—(क्रि०) १. नष्ट करना। ध्वस्त करना। २. बस्ती को निर्वासित करना। बस्ती निर्जन करना। वीरान करना। ३. बिगाड़ना।

उजाथर—दे० उजागर।

उजाळ—(न०) १. प्रकाश। २. प्रकाशित। करने वाली वस्तु। ३. प्रकाश देनेवाली वस्तु। ४. पानी मिश्रित वह तेजाब जिससे सोना चांदी आदि धातुएँ व गहने आदि साफ किये जाते हैं।

उजाळक—दे० उजवाळक।

उजाळणो—(क्रि०) १. प्रकाशित करना। २. चमकाना। उजाला करना। साफ करना। ३. कीर्तिवान बनाना।

उजाळी—(ना०) चांदनी। उजाली।

उजाळो—(न०) १. उजाला। चांदना। रोशनी। २. चमक। तेज।

उजाळो पख—(न०) शुक्ल पक्ष। प्रजवाळियो पाख।

उजावणो—(क्रि०) उपजाना। पैदा करना।

उजास—(न०) १. प्रकाश। उजाला। २. चमक। कान्ति। ३. सफेदी। उजलापन।

उजासणो—(क्रि०) प्रकाशित करना। चमकाना।

उजासी—(ना०) १. प्रकाश। २. सफेदी।

उजियाळी—(ना०) चांदनी। चंद्रिका।

उजियाळो—दे० उजाळो।

उजियास—दे० उजास।

उजीणी—(ना०) उज्जयिनी। उज्जैन नगर।

उजीर—(न०) १. वजीर। मंत्री। दीवान। २. शतरंज की एक गोटी का नाम।

उजूद—(वि०) गैर मौजूद। 'मौजूद' का उलटा।

उजेण—दे० उजीणी।

उजेणी—दे० उजीणी।

उजेस—(न०) प्रकाश। (वि०) १. प्रकाशमान। २. प्रकाशित।

उजोत—(न०) उद्योत। प्रकाश।

उज्जाण—(न०) उद्यान।

उज्जैन—(न०) १. मालवा की प्राचीन राजधानी का नगर। २. विक्रम सम्वत् के प्रवर्तक विक्रमादित्य की राजधानी का उज्जयिनी नगर।

उज्वल—(न०) १. कांतिमान। उजला। देदीप्यमान। २. स्वच्छ। ३. सफेद।

उभळणो—(क्रि०) १. छलकना। २. मर्यादा के बाहर होना। ३. उफनना।

उभाखो—(न०) उजाला। प्रकाश।

उभेड़णो—(क्रि०) १. चीरना। फाड़ना। २. उधेड़ना।

उभेळ—(ना०) १. लहर। तरंग। २. जोश। (वि०) अत्यधिक।

उभेळणो—(क्रि०) १. तरंगित करना। २. जोश में लाना। ३. हिलाना। झुलाना।

उटींगण—(ना०) एक वनस्पति।

उठणो—ऊठणो।

उठंग—(न०) तकिया। उपधान।

उठंतरी—दे० उठींतरी।

उठाइगरो—(वि०) १. चोर। २. आँख बचाकर वस्तु चुराने वाला। उचक्का।

उठाऊ—(वि०) १. चोर। २. उचक्का। ३. खर्चीला। ४. उभरा हुआ।

उठाऊगीर—(वि०) नजर चुका कर दूसरे की वस्तु को उठालेने या चुराने वाला।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उठाड़णो—(क्रि०) दे० उठावणो ।

उठाणो—(न०) दे० उठामणो । (क्रि०) १. उठाना । खड़ा करना । २. सोते हुए को जगाना । ३. धारण करना । लेना । ४. ऊपर करना । ५. ऊंचा लेना । ६. दूर करना ।

उठामणी—दे० उठांतरी । दे० उठामणो ।

उठामणो—(न०) १. मरे हुए का शोक मनाने को तापड़ डालकर (बिछायत करके) बैठे रहने की क्रिया को समाप्त करने की विधि । २. मृतक के शोकार्थ बैठक की समाप्ति । तापड़ की समाप्ति । ३. शोकार्थ-बैठक की समाप्ति के समय स्नेही-संबंधियों का मृत व्यक्ति के यहां जाने की क्रिया ।

उठाव—(न०) १. किसी वस्तु का उठा हुआ भाग । २. उठाने या उभराने का काम । ३. दिखावा । ४. प्रारंभ । शुरू-आत । ५. माल की बिक्री । खपत । ६. खर्च । व्यय । ७. गुंजायश । समाई ।

उठावणी—दे० उठामणी ।

उठावणो—दे० उठामणो । (क्रि०) १. उठाना । खड़ाकरना । २. उठवाना । खड़ा करवाना । ३. सोते हुए को जगाना । ४. ऊंचा करना । ५. लेना । धारण करना ।

उठावो—दे० उठाव ।

उठांतरी—(ना०) १. चले जाने का भाव । गमन । २. बरखास्तगी । मौकूफी । ३. बदली । स्थानान्तर । ४. चोरी । ५. चापलूसी । ६. उठाईगिरी ।

उठी—(क्रि०वि०) उधर । वहाँ । उस ओर ।

उठै—(क्रि०वि०) वहाँ । उधर ।

उड़क-दुड़कियो—(वि०) १. कभी इस पक्ष में और कभी उस पक्ष में रहने वाला। पक्ष पलटू । २. दोनों पक्षों में रहनेवाला । ३. अविश्वसनीय ।

उडगण—(न०) तारा समूह ।

उडगाण—दे० उडगण ।

उडणखटोलो—(न०) उड़नेवाला खटोला । विमान ।

उडणो—(क्रि०) १. पक्षी, टिड्डी, कीट आदि का आकाश में विचरण करना । २. विमान का आकाश में दौड़ना । ३. पतंग, गुड़ी, गुबारा आदि का आकाश में ऊपर उठना । ४. ध्वजा, झंडे आदि का फहराना । ५. तेज भागना । ६. रंग का फीका पड़ना । ७. गायब होना । ८. इधर-उधर हो जाना । ९. छलांग मारकर पार हो जाना । १०. सुरंग के जोर से पत्थरों का ऊंचा जाकर दूर गिरना । ११. तेजी से शस्त्र का चलना । १२. वायु के प्रवाह से वृक्षों के पत्तों का हिलना । (वि०) उड़नेवाला ।

उडणो-प्रणो—(न०) एक ही दिन में टोडा और जालोर को विजय कर लेने के उपलक्ष में प्राप्त किया गया चित्तौड़ के राणा रायमल कुंभावत के पुत्र पृथ्वीराज की अद्भुत वीरता का विरुद । दे० असंख-प्रवाड़ै-जैतवादी ।

उडतो तीर—(न०) जान-बूझकर सिर पर ली हुई आफत ।

उड़द—(न०) एक द्विदल अन्न । उरद । माष ।

उड़दा बेगम—(ना०) १. नर वेश में रहने वाली मुसलमान बादशाह की दासी । उर्दूबेगम । २. उद्दंड स्त्री ।

उड़दा बेंगण—दे० उड़दा बेगम । (वि०) मूर्ख ।

उड़दावो—(न०) घोड़ों का एक खाद्य । घोड़ों की लापसी ।

उड़दी—(ना०) वरदी । सरकारी वेशभूषा ।

उड़दू—(ना०) १. फारसी लिपि में लिखी जाने वाली एक यावनी भाषा । उर्दू ।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

२. बादशाही जमाने का छावनी बाजार। ३. भीड़-भाड़।

उडपती—(न०) उडुपति। चन्द्रमा।

उड़वै—(न०) चन्द्रमा।

उडंछू—(अव्य०) 'छू' बोलकर के किसी वस्तु का गायब कर देने का जादूगरी मंत्र। २. गायब। लुप्त। (न०) जादूगरी का खेल। जादूगरी। (वि०) गायब। लुप्त।

उडंगण—दे० उडगण।

उडंड—(न०) घोड़ा।

उडंडाण—(न०) अश्वसमूह। घोड़े।

उडंडाणी—(न०) अश्वसमूह। घोड़े। (ना०) घोड़ी।

उडाऊ—(वि०) व्यर्थ खर्च करने वाला। अपव्ययी।

उडाड़णो—(क्रि०) १. उड़ाना। २. भगाना। ३. गायब करना। ४. चुराना। ५. तेज दौड़ाना। ६. शस्त्र से किसी अंग को काट कर दूर करना। ७. नष्ट करना।

उडाण—(ना०) १. उड़ने का काम। उडान। २. शीघ्रगति। तेज चाल। ३. छलांग।

उडाणो—दे० उडाड़णो।

उडावणो—दे० उडाड़णो।

उडांगर—(न०) पक्षी।

उड़ियंद—(न०) चन्द्रमा।

उडियण—(न०) उडुगण। तारा समूह।

उडियाण—(न०) १. एक देश। २ साधुओं के शरीर में लपेटने का एक वस्त्र। गाती। ३. आकाश। ४. उड़ान। ५. तारासमूह। (वि०) १. डरावना। भयानक। २ ऊंचा।

उडियाणी—(ना०) शरीर को कस कर बांधने का एक वस्त्र। गाती। २. पक्षी। गगनचर। ३. उडियाण देश का निवासी।

उडिंगळ—(क्रि० वि०) उच्च स्वर से। ऊंची ध्वनि से। खूब जोर की आवाज से (ना०) १. उच्च स्वर। तेज आवाज। २. चारण-भाट आदि कवियों की भाषा। ३. 'डिंगल' शब्द का पर्याय।

उडीक—(ना०) १. प्रतीक्षा। इंतजार। २. राजस्थानी खगोल और शकुन शास्त्र की सोलह दिशाओं में पूर्व और आग्नेय दिशाओं के बीच की दिशा।

उडीकणो—(क्रि०) प्रतीक्षा करना। राह देखना। इंतजार करना।

उढरणो—(न०) ओढ़ना। ओढ़ने का वस्त्र। २. दुपट्टा।

उण—(सर्व०) १. उस। २. उसने।

उणगी—(क्रि०वि०) उस ओर। उधर।

उणचास—(वि०) पचास में एक कम। उंचास। उंचास की संख्या। '४९'।

उणताळीस—(न०) तीस और नौ की संख्या। '३९'। (वि०) उंचालीस।

उणमणापणो—(न०) उदासी। व्याकुलता।

उणमणो—(वि०) १. उन्मना। अनमना। अन्यमनस्क। २. व्याकुल। ३. चिंतित। (स्त्री० उणमणी)

उणरी—(सर्व०) उसकी।

उणरै—(सर्व०) उसके।

उणरो—(सर्व०) उसका। (स्त्री० उणरी)

उणहिज—(सर्व०) उसी। उसही।

उणहीज—दे० उणहिज।

उणादि—(वि०) उ, उर, इर इत्यादि (प्रत्यय)। (व्या०)

उणाम—(न०) १. उपद्रव। २. अशान्ति। ३. खेती की वह नीची जमीन जिसमें वर्षा का पानी इकट्ठा होकर गेहूं, चना उत्पन्न होता हो। उनाव। उनाब।

उणाव—दे० उणाम सं० ३।

उणाँ—(सर्व०ब०व०) १. उन। २. उन्होंने।

उणाँरा—(सर्व० ब० व०) १. उनके। २. उनका।

उणाँरै—(सर्व०ब०व०) उनके।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उणीरो—*(सर्व०ब०व०)* उनका।

उणि—*(सर्व०)* १. उस। २. उसने ३. उसी। उसही। ४. उसी ने।

उणियार—*(वि०)* समान। सदृश। अनुहार। *(न०)* १. समान मुखाकृति। २. सूरत। शक्ल।

उणियारो—*(न०)* १. मुखाकृति। सूरत। शक्ल। २. सादृश्य। ३. अनुकरण। ४. रूप।

उणिआर—दे० उणियार।

उणिहारो—दे० उणियारो।

उणी—*(सर्व०)* १. उसी। उसही। २. उसीने।

उणीज—दे० उणहिज।

उत—*(न०)* सुत। पुत्र। *(क्रि०वि०)* वहाँ। उधर। (उप०) एक उपसर्ग।

उतकंठ—*(क्रि० वि०)* उत्कंठापूर्वक। २. ऊपर को गरदन उठाये हुए। *(वि०)* उत्कंठित। २. आतुर।

उतकंठा—*(ना०)* १. प्रबल इच्छा। आतुरता। २. आशा।

उतणो—*(वि०)* उतना।

उतन—*(न०)* १. वतन। जन्मभूमि। २. देश। ३. निवास। ४. ठिकाना।

उतपत—*(ना०)* उत्पत्ति।

उतपन—*(वि०)* उत्पन्न। *(क्रि०भू०का०)* उत्पन्न हुआ। पैदा हुआ।

उतपात—*(न०)* १. ऊधम। २. शरारत। ३. उपद्रव। ४. विनाश कारक आपत्ति। उत्पात। ५. दुख।

उतपाती—*(वि०)* १. नटखट। शरारती। २. उपद्रवी। उत्पाती।

उतबंग—*(न०)* सिर। मस्तक। उत्तमांग।

उतमंग—दे० उतबंग।

उतमाई—*(ना०)* १. उत्तमता। २. पवित्रता। अच्छापन। ३. विशेषता। खूबी।

उतरणो—*(क्रि०)* १. मुकाम करना। ठहरना। मुसाफरी में विश्राम करना। २. ऊपर से नीचे आना। ३. सवारी आदि पर चढ़े हुए का सवारी करने से पूर्व की स्थिति में (नीचे) आना। ४. किसी पद या अधिकार का छिन जाना। ५. पहिने हुए वस्त्र, आभूषण आदि का अंग से विलग होना। ६. भोजन सामग्री का पक कर तैयार हो जाने पर चूल्हे-भट्टी आदि से नीचे लिया जाना। ७. हिसाब, लेख आदि की प्रतिलिपि होना। ८. वर्ष, मास आदि काल विभाग का समाप्त होना। ९. छायाचित्र (फोटो) खिंचना। १०. किसी वस्तु के भाव में मंदी आना। ११. कान्तिहीन होना। १२. साँप, बिच्छू आदि के दंश का विष कम होना। १३. अशौच-सूतक आदि के कारण घड़े आदि मिट्टी के बरतनों का अव्यवहार्य होना। १४. चोट लगने के कारण जोड़ की हड्डी का अपने स्थान से खिसक जाना। १५. नदी-नाले आदि से पार होना। १६. चाक, खराद, कल या साँचे आदि के द्वारा किसी वस्तु का तैयार होना। १७. बुखार या सिरदर्द का कम होना। १८. नशे का कम होना। १९. किसी वस्तु पर चढ़े हुए रंग या मुलम्मे का फीका पड़जाना या उड़जाना। २०. किसी वस्तु को धोने, छीलने या छिलके आदि दूर करने के बाद मूल वस्तु का (अनुमानित) तौल बठना। २१. आवेश या क्रोध आदि का कम होना। २२. किसी व्यक्ति या वस्तु के प्रति मन की वृत्ति का हट जाना या कम हो जाना। २३. नदी आदि जलाशय का पानी कम हो जाना।

(अर्थ संख्या १ से ३ के अतिरिक्त सभी व्याख्याएँ सम्बन्धित संज्ञाओं के साथ 'उतरणो' क्रिया के लगने से यौगिक रूप

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

में तत्सत् अर्थों को प्रगट करती है। जैसे (अर्थ क्रम से)—४. हाकमी उतरणी। जागीरी उतरणी। ५. अंगरखी उतरणी। ६. रोटी उतरणी। सीरो उतरणो। ७. हिसाब उतरणो। ८. पखवाड़ो उतरणो। ६. फोड़ू उतरणो। १०. भाव उतरणो। ११. मूंडो उतरणो। १२.जहर उतरणो। १३. मटकी उतरणी। १४. हाथ उतरणो। १५. नदी सू पार उतरणो। १६. खराद सूं चूड़ी उतरणी। १७. ताव उतरणो। १८. नशो उतरणो। १६ रंग उतरणो। २०. बिल्दामरा छिलका काढिया तो सेर री अधसेर उतरी। २१. रीस उतरणी। २२. मन उतरणो। २३. नदी रो पाणी उतरणो।

उतरतो—(वि०) १. जो तुलना में घटिया हो। २. निम्न श्रेणी का। हलके दर्जे का। ३. ऊपर से नीचे आता हुआ। उतरता हुआ।

उतराई—(ना०) १. ऊपर से नीचे आने की क्रिया। उतरान। २. ढलान। ढळाव। उतरान। ३. नाव द्वारा पार होने या पार करने का काम। ४. नाव द्वारा पार करने की मजदूरी। ५. पार उतरने का कर। ६. उठाई हुई वस्तु को सहारा देकर नीचे रखवाने का काम।

उतराखंड—(न०) १. हिमालय पर्वत-प्रदेश का एक नाम। २. बदरी-केदार, गंगोत्तरी-यमुनोत्तरी और कैलाश आदि हिमालय का तीर्थ प्रदेश। ३. भारत के उत्तर प्रदेश का उत्तरी भाग। हिमालय पर्वत के आस पास का प्रदेश।

उतराण—(न०)१ उत्तर दिशा। २ उतार। ढलाई। ढलाव। उतराई। ३. सूर्य का उत्तरायण प्रवेश पर्व। मकर संक्रान्ति।

उतराणो—(क्रि०) १. उठाई हुई वस्तु को सहारा देकर नीचे रखवाना। उतराना। उतरवाना। २. ऊपर से नीचे लाने में मदद करना।

उतराद—(न०) उत्तर दिशा।

उतरादू—(वि०) १. उत्तर दिशा की ओर का। (अव्य) उत्तर दिशा में।

उतरादो – दे० उतरादू।

उतराध—दे० उतराद।

उतराधी—दे० उतरादू।

उतराधू—दे० उतरादू।

उतरावणो—दे० उतराणो।

उतरासण—(न०) मकान के द्वार पर लगने वाले छज्जे के नीचे का पत्थर।

उतंग—(न०) १. घोडा। २. सूर्य। (वि०) ऊँचा। उत्तुंग।

उतंत—(वि०) उत्पन्न।

उतरियोड़ो—(वि०) १. उतरा हुआ। २. व्याकुल। चिंतित। ३. बेकार।

उतरो—(वि०) उतना।

उताप—(न०) १. पीड़ा। दुख। २. रोग।

उतार—(न०) १. कद, विस्तार या मात्रा आदि में कमी होते रहने का भाव। क्रमशः घटने की प्रवृत्ति। घटने की क्रिया। २. उतरने की क्रिया। ३. ढाळ। ढलाव। ४. घटाव। कमी। ५. पतन।

उतार-चढाव—(न०) १. उतरना-चढ़ना। २. उतराई-चढ़ाई। ढलाव और चढ़ाव। नीचाई-ऊँचाई। ३. अवनति और उन्नति। पतनोन्नति।

उतारण-अब्ब—(न०) १. गर्व उतारने वाला। गर्वभंजन। २. परमात्मा।

उतारणो—(क्रि०) १. ऊँचे से नीचे लाना। २. उठाई हुई वस्तु को नीचे रखना। ३. पहने हुए वस्त्र को शरीर से अलग करना। ४. निछावर करना। ५. निगलना। ६. पार ले जाना। ७. पद से हटाना। ८. आश्रय देना। ठहराना। ६. तैयार करना। १०. नकल करना। ११. उग्र प्रभाव दूर करना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उतारू—(वि०) १. उपयोग में लाया हुआ। व्यवहृत। उतरन। २. सन्नद्ध। तत्पर। उद्यत। ३. नदी में से पार करने वाला। ४. प्रवासी।

उतारो—(न०) १. विश्राम। पड़ाव। २. ठहरने का स्थान। ३. बरात के ठहरने का स्थान। जनिवासा। ४. निवास स्थान। ५. किसी काम या उसकी व्यवस्था के संबंध की सूची। अवतरण। ६. प्रेत बाधा मिटाने की एक क्रिया।

उताळ—दे० उतावळ।

उताळो—दे० उतावळो।

उतावळ—(ना०) १. बेकरारी। सरगर्मी। व्यग्रता। २. शीघ्रता। जल्दी। ३. चंचलता। अस्थिरता। (क्रि०वि०) शीघ्र। जल्दी। ताकीद।

उतावळो—(वि०) १. जल्दी करने वाला। उतावला। फुर्तीला। जल्दबाज। २. जोशीला। ३. बेकरार। व्यग्र। ४. चंचल। अस्थिर। (क्रि०वि०) झट। शीघ्र।

उतिम—(वि०) उत्तम। उत्कृष्ट। श्रेष्ठ।

उतो—(वि०) उतना।

उत्कृष्ट—(वि०) श्रेष्ठ। उत्तम।

उत्तम—(वि०) उत्कृष्ट। श्रेष्ठ।

उत्तमता—(ना०) श्रेष्ठता।

उत्तमताई—दे० उतमाई।

उत्तम पुरुष—(न०) व्याकरण में वह सर्वनाम जो बोलने वाले पुरुष का बोध कराता है। जैसे—मैं, म्हूं, हूं, म्हे, म्हां।

उत्तमांग—(न०) १. सिर। २. मुख।

उत्तर—(न०) १. जवाब। प्रतिवचन। २. उत्तर दिशा। ३. बरात को दहेज के रूप में दी जाने वाली विदाई। ओतर। ४. इनकार। मना। ५. बहाना। मिस। ६. शेष। बाकी। पीछे। (क्रि०वि०) पीछे। बाद। अनन्तर।

उत्तरकांड—(न०) १. रामायण का शेष काण्ड। २. किसी पुस्तक का शेष भाग।

उत्तरकाळ—(न०) वृद्धावस्था।

उत्तरक्रिया—(ना०) मरण की अंतिम क्रिया।

उत्तरदायी—(वि०) जवाबदार।

उत्तर दिशा—(ना०) दक्षिण दिशा के सामने की दिशा। उदीची। उतराधू।

उत्तरपद—(न०) समास का अंतिम पद।

उत्तर मीमांसा—(ना०) मीमांसा दर्शन का अंतिम भाग। वेदान्त।

उत्तराखंड—दे० उतराखंड।

उत्तराधिकार—(न०) १. संपत्ति का क्रमिक स्वत्व। विरासत। २. किसी व्यक्ति के मरने पर उसकी संपत्ति को पाने का अधिकार।

उत्तराधिकारी—(न०) वारिस।

उत्तरायण—(न०) सूर्य का उत्तर दिशा में गमन।

उत्तो—दे० उतो।

उत्थान—(न०) १. उन्नति। समृद्धि। २. उदय। ३. उठाव।

उत्पत्ति—(ना०) १. उद्भव। २. जन्म। ३. उपज। पैदास।

उत्पन्न—(वि०) १. जन्मा हुआ। २. पैदा। ३. उद्भूत।

उत्पात—दे० उतपात।

उत्पाती—दे० उतपाती।

उत्सव—(न०) १. आनंद-मंगल का समय। २. धूमधाम। समारोह। ३. पर्व। त्यौहार।

उत्साह—(न०) १. उमंग। २. आनंद। ३. साहस।

उथ—(क्रि०वि०) वहां।

उथड़णो—(क्रि०) १. गिरना। पड़ना। २. भिड़ना। लड़ना।

उथप—(न०) १. उल्लंघन। २. अवज्ञा।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उथपणो—*(क्रि०)* १. उकताना । ऊबना । २. उखाड़ना । उथापना । ३. आज्ञा का उल्लंघन करना । २. राज्यच्युत करना । ५. हराना । ६. उल्लंघना ।

उथळणो—*(क्रि०)* १. उलटना । २. उलट-पुलट करना ।

उथळ-पुथळ—*(ना०)* १. हलचल । क्रान्ति । २. उलटा-सीधा । क्रमभंग । ३. परिवर्तन । ४. अव्यवस्था । *(वि०)* अव्यवस्थित । उलटा-सीधा ।

उथळावणो—*(क्रि०)* १. उलटाना । उथलाना । २. पदच्युत करना । ३. उलटवाना ।

उथलो—*(न०)* १. उत्तर । जवाब । २. किसी बात, आवेश, रोग आदि की पुनरावृत्ति । *(वि०)* १. थोड़ा गहरा । छिछला ।

उथळो—दे० उथलो ।

उथाप—*(न०)* उत्थापन । उन्मूलन ।

उथापण—*(वि०)* उत्थापन करने वाला । उन्मूलन करने वाला ।

उथापणो—*(क्रि०)* १. उखाड़ना । उन्मूलन करना । २. राज्यच्युत करना । ३. आज्ञा का उल्लंघन करना । ४. पराजित करना । हराना ।

उथाप थाप—दे० उथाप सथाप ।

उथाप-सथाप—*(न०)* उत्थापन और और स्थापन । *(वि०)* उत्थापन और स्थापन करने वाला । पदच्युत और प्रतिष्ठित करने वाला ।

उथिए—*(क्रि०वि०)* उधर । वहाँ ।

उथियै—दे० उथिए ।

उथेलणो—*(क्रि०)* १. उलटना । उलटा । करना । २. उलट-पुलट करना । ३. पुस्तक का पन्ना उलटना ।

उथेलो—*(न०)* १. जवाब । उत्तर । प्रतिवचन । उथळो । २. टूटे हुए सिलसिले को पुनः की जाने वाली चर्चा । ३. निर्णय । ४. उथलने की क्रिया ।

उदक—*(न०)* १. पानी । २. दान । ३. विधिवत संकल्प करके दान में दी हुई भूमि, पशु आदि । ४. राज्य-कर से मुक्त इनाम या दान में दी हुई भूमि ।

उदकणो—*(क्रि०)* हाथ में जल लेकर संकल्प के साथ दान देना ।

उदक-भोम—*(ना०)* संकल्प करके दी हुई दान की भूमि ।

उदग—दे० उदक ।

उदगणो—दे० उदकणो ।

उदगिरणो—*(क्रि०)* १. निगली हुई वस्तु को बाहर निकालना । उगलना । २. उदगरना । बाहर निकलना । ३. प्रगट होना ।

उदग्र—*(वि०)* १. ऊंचा । २. ऊंचा उठा हुआ । उदग्र । ३. प्रचण्ड ।

उदणो—*(क्रि०)* १. उदय होना । २. उत्पन्न होना । ३. प्रकट होना ।

उदध—*(न०)* उदधि । समुद्र ।

उदधि—दे० उदध ।

उदधि-मत—*(वि०)* गंभीर मति वाला गंभीर बुद्धिमान ।

उदभव—दे० उद्‌भव ।

उदभिज—*(न०)* पेड़, पौधे आदि जो पृथ्वी में से उगते हैं । उद्भिज ।

उदमाद—*(ना०)* १. उत्पात । २. उछल-कूद । तोफान । शरारत । ऊधम । ३. जोश । ४. मस्ती । ५. मौज । आनंद । ६. उत्साह । उमंग । ७. उन्माद । पागलपन । ८. उद्योग । धंधा । ७. परिश्रम ।

उदमादी—*(वि०)* १. नटखट । शरारती । २. उत्पाती । ३. उन्मादी । पागल । ४. उत्साही । ५. मस्त । ६. परिश्रमी ।

उदय—*(न०)* १. उदय । प्राकट्य । २. उद्‌गम । ३. निकास । ४. उन्नति । वृद्धि ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उदयागरि—*(न०)* १. एक कल्पित पर्वत जिसके पीछे से सूर्योदय होना माना जाता है। २. मेरु।

उदयाचळ—दे० उदयगिरि।

उदयास्त—*(न०)* १. उदय और अस्त। २. उन्नति और अवनति। **चढ़ती-पड़ती।**

उदर—*(न०)* १. पेट। २. गर्भ।

उदरनिर्वाह—*(न०)* गुजारा। आजीविका। **पेट भराई।**

उदरपूर्ति—*(ना०)* गुजारा। **पेट भराई।**

उदंगळ—*(न०)* १. लड़ाई। युद्ध। २. उप-द्रव। उत्पात। ३. टंटा-बखेड़ा। ४. शोर। हो-हल्ला।

उदंड—*(वि०)* १. उद्दण्ड। अक्खड़। उजड्डु। २. निडर।

उदंत—*(वि०)* १. दाँत आने के पहिले की अवस्था वाला (ऊँट)। वह जिसके दाँत न निकले हों। २. बिना दाँतों का। ३. उद्यत। तत्पर। ४. प्रस्तुत। ५. उठाया हुआ। ६. उठता हुआ। ७. प्रज्वलित। *(न०)* प्रकाश। उद्योत।

उदार—*(वि०)* १. दानशील। त्यागशील। २. विशाल हृदय वाला। ३. सरल हृदय वाला। ४. श्रेष्ठ। ५. शिष्ट।

उदाळणो—*(क्रि०)* १. नाश करना। दलन करना। २. उलटा कर देना। ३. औंधा-मार देना।

उदास—*(वि०)* १. खिन्न। २. दुखी। ३. नाराज। ४. विरक्त।

उदासी—*(ना०)* १. खिन्नता। ३. दुख। ३. नाराजी। विरक्ति। ५. एक संप्रदाय। उदासी सम्प्रदाय। *(वि०)* त्यागी। बिरक्त। वैरागी।

उदाहरण—*(न०)* दृष्टान्त। मिसाल। **दाखलो।**

उदियाचळ—*(न०)*उदयाचल। उदयगिरि।

उदियापुर—*(न०)* उदयपुर नगर।

उदीच—*(ना०)* उत्तर दिशा। उदीची।

उदीपन—*(न०)* १. उद्दीपन। प्रकाशन। २. तापन। उत्तेजन। ३. काव्य में रसों का विभाव विशेष। ४. उत्तेजना उत्पन्न करने वाले पदार्थ। ५. उभाड़।

उदेई—*(ना०)* दीमक। वल्मीक।

उदेग—*(न०)* १. उद्वेग। बेचैनी। २. घबराहट। ३. चिन्ता। ४. आवेश। जोश।

उदै—दे० उदय।

उदैगिर—*(न०)* उदयगिरि।

उदो—*(न०)* १. उदय। २. भाग्योदय। ३. भाग्यकाल। ४. भाग्य। सौभाग्य। ५. भवितव्यता। प्रारब्ध। ६. काल। समय। ७. वृद्धि। बढ़ती। उन्नति।

उदो आणो—*(मुहा०)* दुर्दिन आना। भाग्य समाप्त होना।

उदोत—*(न०)* १. उद्योत। प्रकाश। २.तेज।

उद्गम—*(न०)* १. अविर्भाव। निकास। २. उदय।

उद्घाटन—*(न०)* १. खोलना। उघाड़ना। २. स्पष्टता।

उद्मी—*(वि०)* उद्यमी। उद्योगी।

उद्दिम—दे० उद्यम।

उद्देश—*(न०)* १. अभिप्राय। मतलब। २. हेतु। कारण। ३. अनुसंधान। अन्वेषण। ४. नाम निर्देशपूर्वक वस्तु निरूपण। ५. अभिलाषा। उद्देश।

उद्देश्य—*(न०)* १. लक्ष्य। उद्देश्य। २. ध्येय। २. इष्ट।

उद्देस—दे० उद्देश।

उद्देस्य—दे० उद्देश्य।

उद्धत—*(वि०)*१. अविनयी। २. उच्छृंखल।

उद्धरणो—*(क्रि०)* १. उद्धार करना। २. उद्धार होना। ३. धारण करना।

उद्धार—*(न०)* १. मुक्ति। छुटकारा। निस्तार। २. दोषमोचन। ३. सुधार।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उद्धोर—दे० उद्धार । उधोर ।

उद्भव—(न०) १. जन्म । उत्पत्ति ।

उद्यम—(न०) १. परिश्रम । २. उद्योग । धंधा । काम । ३. यत्न । प्रयास । ४. पुरुषार्थ ।

उद्यमी—(वि०) उद्यम करने वाला ।

उद्यान—(न०) बाग । बगीचा ।

उद्योग—(न०) १. धंधा । रोजगार । २. प्रयत्न । चेष्टा । कोशिश । ३. परिश्रम ।

उद्योत—(न०) प्रकाश । तेज ।

उद्योतवंत—(वि०) प्रकाशमान । जाज्वल्यमान ।

उद्रक—(न०) डर । भय ।

उद्रावणो—(क्रि०) भय दिखाना । डराना । (वि०) भयावना । डरावना ।

उद्रेक—(न०) वृद्धि । अधिकता ।

उधड़णो—(क्रि०) १. सिले हुए का टाँका टूट जाना । २. उखड़ना ।

उधमंणी—दे० ऊधमणो ।

उधरणो—दे० उद्धरणो ।

उधरत—(ना०) १. वह लेन-देन जिसको (कच्ची रोकड़-बही में से) पक्की रोकड़-बही में नहीं लिखा जाता है । २. अल्प समय के लिये बिना ब्याज की जाने वाली लेन-देन । ३. निश्चित अल्प कालिक अवधि के अंदर (जिसमें रकम का ब्याज नहीं चढ़ता) लेन-देन का चुकता किया जाना । ४. बिना लिखा लेन-देन (ऋण) । जबानी लेन-देन ।

उधळणो—दे० ऊधळणो ।

उधळियोड़ी—दे० ऊधळियोड़ी ।

उधार—(ना०) १. पैसे बाकी रखकर की गई माल की खरीदी । बाद में चुकाने की नियत से नाम पर लिखवाकर की गई खरीदी । २. बाद में चुका देने की नियत से किया जाने वाला रुपये-पैसे (या किसी वस्तु) का लेन-देन । ३. गाहकों में लेना रुपया । तकाजा । उघाई । लेनदारी । (सं०पु०) ४. उद्धार । मुक्ति । छुटकारा ।

उधार करणो—(मुहा०) १. नाम पर लिखकर माल बेचना । रुपया बाकी रख कर माल बेचना । २. उद्धार करना ।

उधार खातो—(न०) अल्पकालिक उधार दी गई या ली गई रकमों (रुपया-पैसा आदि) का अस्थाई (प्रायः बिना ब्याज का) खाता । २. उधार ।

उधारण—(न०) समुद्र । (वि०) उद्धार करने वाला ।

उधारण-अळियळ—(न०) समुद्र ।

उधारणीक—(वि०) १. ऋणपत्र का एक पारिभाषिक शब्द । ऋण लेने वाला । उद्धारणिक । ३. रुपये उधार लेकर खत (दस्तावेज) लिखकर देने वाला । ऋणपत्र लिख कर देने वाला ।

उधारणीनाम—(न०) १. ऋण पत्र (दस्तावेज) का एक पारिभाषिक पद । २. ऋण लेने वाले का नाम । ३. ऋण पत्र (खत) लिखाने वाले का नाम । आसामी का नाम । ४. खत (दस्तावेज) में लिखे जाने वाले ऋणी का नाम ।

उधारणो—(क्रि०) १. उधार ले जाने वाले के नाम पर बही में लिखना । २. बही में लेखे (उधार) बाजू में रकम का लिखना । उधार की नोंध करना । ३. उधार बाजू में खर्च की रकम लिखना । ४. उद्धार करना । निस्तार करना ।

उधारनूंध—दे० उधार बही ।

उधार बही—दे० उधार वही ।

उधार-लहणो—(न०) ग्राहकों को उधार दिये हुए माल के बकाया रुपये । (क्रि०) १. नाम पर लिखवाकर माल खरीदना । २. नाम लिखवाकर रुपये लेना ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उधार-वही—*(ना०)* १. उधार दिये हुए माल की रकम अथवा दी गई रोकड़ी रकम लिखने की बही । २. उघाई की नोंध ।

उधारियो—*(वि०)* उधार लेने वाला । उधारिया ।

उधारी—*(वि०)* उधार दी हुई या ली हुई (वस्तु) ।

उधारी घड़—*(ना०)* १. नहीं लड़ी हुई सेना । २. आश्वस्त सेना । ३. वह शत्रु सेना जो विजेता ने अपने अधिकार में कर ली हो । ४. पराजित सेना ।

उधारी घड़-गहरण—*(वि०)* १. शत्रु की सेना के ऊपर अधिकार करने वाला । २. दूसरे की सहायता के लिए युद्ध करने वाला । ३. परोपकार के लिए युद्ध का आह्वान करने वाला । *(न०)* मुँहता नैणसी का एक विरुद ।

उधारो—*(वि०)* उधार दिया हुआ ।

उधियार—*(ना०)* १. विलम्ब । देर । २. उधार । लेनदारी ।

उधेड़णो—*(क्रि०)* १. सिलाई को खोलना । २. खाल उतारना । ३. परतों को अलग अलग करना । ४. चीरना-फाड़ना ।

उधोर—*(वि०)* १. वीर । बलिष्ठ । २. लंबे कद वाला । धींगो । *(न०)* १. उद्धार । २. उठाना ।

उधोरणो—*(क्रि०)* १. उद्धार करना । २. उठाना ।

उनग—*(वि०)* नग्न । नंगा ।

उनगणो—*दे०* उनंगणो ।

उनथ—*(वि०)* १. जिसके नाक में नथ नहीं हो । जिसके नाक में नकेल नहीं डाली गई हो । ३. बंधन रहित । ४. स्वतन्त्र ।

उनथ नथ—*(वि०)* १. नकेल रहित के नकेल डालने वाला । २. बंधन रहित को बंधन में डालने वाला । ३. वश में नहीं होने वाले को वश में करने वाला ।

उनमणो—*दे०* उनमनो ।

उनमत—*(वि०)* १. उन्मत्त । पागल । २. मदान्ध ।

उनमत्त—*दे०* उनमत ।

उनमद—*(न०)* उन्माद । मस्ती । *(वि०)* मस्त । मतवाला ।

उनमनो—*(वि०)* १. व्याकुल । २. दुखी । ३. अन्यमनस्क । अनमना । खिन्न । उदास ।

उनमाद—*(न०)* १. उन्माद । पागलपन । २. नशा ।

उनमादक—*(वि०)* उन्मत्त बनाने वाला । उन्मादोत्पादक । *(न०)* कामदेव का एक बाण ।

उनमान—*(न०)* १. अनुमान । अंदाज । *(वि०)* १. थोड़ा । कम । २. परिमाणानुसार । ३. समान । बराबर ।

उनमानणो—*(क्रि०)* अनुमान करना । अटकलना ।

उनंगणो—*(क्रि०)* १. प्रहार करने को शस्त्र उठाना । २. प्रहार करना । ३. तलवार को म्यान से बाहर निकालना । ४. नंगा करना । ५. नंगा होना ।

उनाम—*(न०)* थल प्रदेश का वह भूमि भाग जिसके खेतों में वर्षा का पानी इकट्ठा हो जाता है । २. वह खेत जिसमें (बिना सिंचाई के) वर्षा की नमी से गेहूं और चना उत्पन्न होता है । सेंवज खेत । ३. नीची भूमि । ४. जलाशय ।

उनाळू—*(वि०)* ग्रीष्म ऋतु संबंधी । ग्रीष्म ऋतु का ।

उनाळू वायरो—*(न०)* नैऋत्य कोण की वायु ।

उनाळू साख—*(ना०)* वसंत ऋतु में काटी जाने वाली फसल । वासंतिक । कृषि । ग्रीष्म शाख । रबी की फसल ।

उनाळो—*(न०)* ग्रीष्म ऋतु । गरमी का मौसम ।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उनाव—दे० उनाम ।

उनींदो—*(वि०)* जो नींद में हो । निद्रित । निद्रायमान । *(क्रि०वि०)*निद्रा त्याग कर ।

उनै—*(क्रि०वि०)* वहाँ । उधर । *(सर्व०)* उसको ।

उन्नत—*(वि०)*१. ऊंचा । श्रेष्ठ । ३. आगे बढ़ा हुआ ।

उन्नति—*(ना०)* १. ऊँचाई । २. सुधार । ३. महत्ता । ४. तरक्की । बढ़ती ।

क्युं–(वि०) १. कुछ। (क्रि०वि०) क्यों?

क्युंइ–(वि०) कुछ। कुछ भी।

क्युंइक–(वि०) कुछ। कुछेक।

क्युंकर–दे० कूंकर।

क्युंकै–(क्रि०वि०) क्योंकि।

क्युंही–दे० क्युंइ।

क्रग–(ना०) १. तलवार। २. हाथ। करग।

क्रगल–(न०) कवच।

क्रण–(न०) १. कुंती पुत्र महादानी कर्ण। २. कान।

क्रतकाळ–(वि०) नाश करने वाला। मारने वाला। (न०) यमराज।

क्रतगुणी–(वि०) कृतज्ञ। गुण करने वाला। उपकारी।

क्रतघण–(वि०) कृतघ्न।

क्रतबिलंद–(वि०) १. उदार। २. कार्य-कुशल।

क्रतांत–(न०) १. यम। कृतान्त। ३. मृत्यु। ३. पाप।

क्रपण–(वि०) १. कृपण। कंजूस। २ नीच।

क्रपा–(ना०) कृपा। अनुग्रह।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

क्रपाण-*(ना०)* तलवार। कृपाण।
क्रपाळ-*(वि०)* कृपालु। दयालु।
क्रपीट-*(न०)* पानी।
क्रपीठ-*(न०)* १. अग्नि। २. जल।
क्रम-*(न०)* १. पैर। २. कर्म। ३. लीला। ४. क्रम। सिलसिला। ५. पंक्ति। ६. नियमित व्यवस्था।
क्रम-काळा-*(न०)* १. दुर्भाग्य। २. दरिद्रता। ३. अनुचित काम। ४. कुकर्म। दुष्कर्म।
क्रमगत-*(ना०)* १. कर्मों की गति। २. प्रारब्ध।
क्रमणा-*(अव्य०)* कर्म से। कर्मणा। *(न०)* कर्म।
क्रमणो-*(क्रि०)* १. चलना। जाना। २. आक्रमण करना।
क्रमशः-*(अव्य०)* क्रमवार।
क्रमसाखी-*(न०)* सूर्य।
क्रमाळी-*(ना०)* ऊँट की मादा। ऊंटनी। क्रमेलिका। साँयड़।
क्रमिजा-*(ना०)* लाख। लाक्षा।
क्रमेळक-*(न०)* ऊँट। क्रमेलक।
क्रहकणो-*(क्रि०)* किलकारी मारना।
क्रहूको-*(न०)* चिल्लाहट। दड़बड़ाहट। बलबलाहट।
क्राम्भाळ-*(वि०)* १. महाक्रोधी। २. वीर। बहादुर।
क्रामत-*(ना०* १. करामात। २. कांति।
क्रामात-*दे०* क्रामत।
क्रांत-*(न०)* छबि। कांति। शोभ। *(वि०)* १. भयभीत। २. आक्रान्त।
क्रिगल-*(न०)* कवच।
क्रितारथ-*(वि०)* कृतार्थ। कृतकृत्य। संतुष्ठ।
क्रिपण-*(वि०)* कृपण। कंजूस।
क्रिपा-*(ना०)* दया। कृपा। महरवानी।
क्रिपाण-*(ना०)* कृपाण। तलवार।
क्रिपाळ-*(वि०)* कृपालु।
क्रिसण-*(न०)* कृष्ण।
क्रिसन-*(न०)* कृष्ण।
क्रीत-*(ना०)* १. कीर्ति। २. गुण। *(वि०)* खरीदा हुआ।
क्रीळा-*(ना०)* १. क्रीड़ा। आमोद-प्रमोद। लीला।
क्रोड़-*दे०* कोड़।
क्रोड़दान-*दे०* कोड़दान।
क्रोड़पति-*(न०)* करोड़ पति।
क्रोड़पसाव-*दे०* कोड़पसाव।
क्रोड़वरीस-*दे०* कोड़वरीस।
क्रोडीधज-*दे०* कोड़ीधज।
क्रोध-*(न०)* गुस्सा। कोप।
क्रोधणो-*(क्रि०)* क्रोध करना। रीस करना। *(वि०)* क्रोध करने वाला। क्रोधी।
क्रोधंगी-*(वि०)* क्रोधी। क्रोधांगी।
क्रोधी-*(वि०)* गुस्से वाला। रीसहियो।
क्रोधीलो-*(वि०)* १. क्रुद्ध। २. क्रोधी स्वभाव वाला।
क्लास-*(ना०)* वर्ग। श्रेणी।
क्लोक-*(ना०)* दीवाल घड़ी।
क्वाट-*(न०)* ऊंट।
क्वारमग-*दे०* कँवारमग।
क्वार्टर-*(न०)* कर्मचारियों के रहने का मकान।
क्षण-*(न०)* १. समय का सबसे छोटा मान। पल का चौथा भाग। २. काल। समय।
क्षण-भंगुर-*(वि०)* क्षण भर में नष्ट होने वाला। २. अनित्य।
क्षणेक-*(अव्य०)* क्षणभर। थोड़ी देर।
क्षत्र-*(न०)* १. क्षत्रिय। २. बल। ३. शरीर। ४ राष्ट्र। ५. धन।
क्षत्रिय-*दे०* क्षत्री।
क्षत्री-*(न०)* क्षत्रिय। राजपूत।
क्षमता-*(ना०)* १. सामर्थ्य। शक्ति। २. धैर्य। ३. काम करने की योग्यता।
क्षमा-*(ना०)* १. माफी। क्षमा। खमा। २. सहनशक्ति। ३. पृथ्वी। ४. दुर्गा।
क्षय-*(न०)* १. ह्रास। २. नाश।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

क्षर–*(वि०)* १. नष्ट होने वाला। *(न०)* १. जल। २. मेघ। ३. शरीर। ४. जीवात्मा। ५. अज्ञान।

क्षात्र–*(वि०)* क्षात्रेय संबंधी।

क्षार–*(न०)* १. खार। २. सुहागा। ३. शोरा। ४. राख।

क्षितिज–*(न०)* १. वह स्थान जहाँ धरती और आकाश मिले हुए दिखाई देते हैं। २. वृक्ष। ३. मंगल ग्रह।

क्षीण–*(वि०)* १. सूक्ष्म। २. जो कम हो गया हो। ३. दुबला-पतला।

क्षीर–*(न०)* १. दूध। २. खीर। ३. पानी।

क्षीरसागर–*(न०)* १. एक समुद्र जो दूध का माना जाता है। २. मीठे पानी का समुद्र।

क्षुद्र–*(वि०)* १. नीच। २. कृपण। ३. छोटा। ४. थोड़ा। ५. दरिद्र।

क्षुधा–*(ना०)* भूख।

क्षुप–*(न०)* १. पौधा। २. झाड़ी।

क्षुर–*(न०)* १. पशु का खुर। २. उस्तरा।

क्षेत्र–*(न०)* १. खेत। २. भूमि का टुकड़ा। ३. तीर्थस्थान। ४. प्रदेश। ५. युद्धस्थल। ६. स्त्री।

क्षेत्रपाल–*(न०)* १. ग्राम रक्षक देवता। खेत्रपाल। २. भोमिया। **भोमियोजी**।

क्षेत्रफळ–*(न०)* रकबा। वर्गफल।

क्षेपक–*(न०)* १. ग्रन्थ में पीछे से मिलाया हुआ अंश जो उसके मूलकर्त्ता की रचना न हो। *(वि०)* १. बाद में मिलाया हुआ। फेंका हुआ।

क्षेम–*(न०)* १. कुशल-मंगल। २. सुख। ३. सुरक्षा।

क्षेमंकरी–*(ना०)* एक देवी।

क्षोणि–*(ना०)* पृथिवी।

क्षोभ–*(न०)* १. व्याकुलता। २. क्षुब्ध होने का भाव। ३. क्रोध। ४. शोक। ५. भय। डर।

ख

ख–संस्कृत परिवार की राजस्थानी वर्णमाला के 'कवर्ग' का द्वितीय व्यंजन वर्ण। इसका उच्चारण स्थान कंठ है।

ख–*(न०)* १. शून्य स्थान। २. आकाश। ३. सूर्य। ४. छिद्र। ५. स्वर्ग। ६. किसी भी नक्षत्र से दशवाँ स्थान (ज्यो०)।

खई–*(ना०)* १. कँटीली टहनियों का इतना ढेर जो बेई द्वारा उठाया जा सके। **मथारी**। २. क्षय। ३. युद्ध।

खईस–दे० खवीस।

खकार–*(न०)* 'ख' अक्षर। **खक्को**।

खख–*(ना०)* १. खाख। राख। २. धूलि। रज। **धूड़**।

खखड़–*(वि०)* १. जोरावर। जबरदस्त। २. वृद्ध। **बूढो**।

खखड़धज–*(वि०)* १. अति बलवान। २. रोबदार। ३. चुस्त। फुरतीला। अक्खड़। ५. हढ़। मजबूत। ६. शौकीन। छैला। **छैलो**।

खखपती–*(न०)* १. निर्धन व्यक्ति। २. देवालिया। **देवाळियो**। **खूटोलो**।

खखाटी–*(ना०)* १. खाँसी। २. खाँसी की आवाज।

खखार–*(न०)* १. कफ। श्लेष्मा। बलगम। २. खाँसी की आवाज।

खखारणो–*(क्रि०)* खाँसी करना। खाँसना। **खाँसणो**।

खखी–*(न०)* १. खाख रमाने वाला खाखी। साधु। २. दीनजन। गरीब।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खखौदड़–*(वि०)* प्रति वृद्ध । *(न०)* भस्म लेपित, लंबी दाढ़ी वाला प्रति वृद्ध व्यक्ति । वृद्ध । साधु ।

खखो–*(न०)* 'ख' वर्ण । खकार ।

खग–*(न०)* १. पक्षी । २. सूर्य । ३. देवता । ४. गंधर्व । ५. बाण । ६. सूर्यचन्द्र आदि ग्रह । ७. तलवार । ८. सूग्रर की थूथन की एक ओर बाहर निकला हुआ लंबा व नुकीला दांत । ६. घोड़ा ।

खगखेल–*(न०)* युद्ध ।

खगचाळो–*(न०)* युद्ध ।

खगझलो–*(वि०)* १. खड्ग धारण करने वाला । २. वीर ।

खगणो–*(क्रि०)* १. तलवार चलाना । प्रहार करना । २. नाश करना ।

खगधर–दे० खगझलो ।

खगनाथ–दे० खगपति ।

खगपति–*(न०)* १. सूर्य । २. गरुड़ ।

खगपंथ–*(न०)* आकाश ।

खगमेळ–*(न०)* युद्ध ।

खगराज–*(न०)* गरुड़ ।

खगराव–*(न०)* गरुड़ ।

खगवाट–*(न०)* युद्ध ।

खगवाळो–*(न०)* स्त्रियों के हाथ का एक गहना । *(वि०)* खड्गधारी ।

खगवाहो–*(न०)* १.शस्त्र चलाने में प्रवीण । २. वीर पुरुष । *(वि०)* शस्त्र प्रहार करने वाला ।

खगाट–*(न०)* खड्ग । तलवार ।

खगारण–*(न०)* १. गुरुड़ । २. युद्ध ।

खगांधीश–*(न०)* गरुड़ ।

खगांराज–*(न०)* गरुड़ ।

खगांवै–*(न०)* गरुड़ ।

खगेल–*(वि०)* १. खड्गधारी । २. वीर । *(न०)* सूग्रर ।

खगेस–दे० खगेसर ।

खगेसर–*(न०)* १. गरुड़ । खगेश । २.सूर्य । खगेश ।

खगेंद्र–*(न०)* गरुड़ ।

खगोळ–*(न०)* १. आकाश मंडल । खगोल । २. खगोल विद्या ।

खग्ग–*(न०)* खड्ग । तलवार ।

खग्रास–*(न०)* सूर्य या चंद्र का पूरा ग्रहण ।

खचरी–*(ना०)* मादा खच्चर । खच्चरी ।

खचाखच–*(क्रि०वि०)* ऊपराऊपरी । ठसाठस । *(वि०)* खूब भरा हुआ ।

खच्चर–*(न०)* गधे तथा घोड़ी के संयोग से उत्पन्न पशु । खेसर । अश्वतर ।

खज–*(न०)* १. खुराक । भोजन । खाद्य । १. शिकार ।

खजमत–*(ना०)* हजामत ।

खजानची–*(न०)* कोषाध्यक्ष ।

खजानो–*(न०)* १. खजाना । भंडार । धनागार । कोश । २. धन । दौलत ।

खजीनो–*(न०)* दे० खजानो ।

खजूर–*(ना०)* १. एक वृक्ष और उसका फल । २. एक मिठाई ।

खजूरियो–*(वि०)* खजूर के पत्तों से बना हुआ ।

खट–*(वि०)* छः । षट् । *(न०)* टूटने, टकराने का शब्द । *(क्रि० वि०)* जल्दी । शीघ्र ।

खटक–*(ना०)* १. खटका । २. आशंका । ३.तीव्र उत्कंठा । लगन । ४.दर्द । कष्ट । ५. दुश्मनी । ६. प्रहार ।

खटकण–दे० खटकळ ।

खटकणो–*(क्रि०)* १. सलना । खलना । २. अंदर से दुखी होना । ३. किरकिर की तरह खटकना । ४. खटखट शब्द होना । ५. झगड़ा होना । ६. प्रहार होना । ७. चुभना । ८. बुरा लगना । खोटो लागणो ।

खट करम–*(न०)* १. ब्राह्मण के छः कर्म । षट्कर्म । २. नित्य कर्म ।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खटकळ–*(न०)* १. नोहरे या बाड़े का घास फूस से बना कच्चा फाटक। २. छोटा फाटक।

खटकाणो–दे० खटकावणो।

खटकावणो–*(क्रि०)* खट खट का शब्द उत्पन्न करना। खटकाना। खटखटाना।

खटको–*(न०)* १. टकराने या ठोकने पीटने से उत्पन्न होने वाला शब्द। खटका। खट-खट शब्द। २. भय। डर। ३. अनिष्ट की संभावना। ४. खटका। आशंका। संदेह। ५. चिंता। खटका। ६. किंवाड़ की सिटकनी। आगळ।

खटको होणो–*(मुहा०)* १. शब्द होना। २.संदेह होना। ३. डर लगना।

खटखट–*(ना०)* खटखट की आवाज। ठोंकने-पीटने का शब्द। २. झंझट। माथापच्ची।

खटचरण–दे० खटचलण।

खटचलण–*(न०)* भौंरा। भमरो।

खटणी–*(ना०)* सहनशक्ति।

खटणो–*(क्रि०)* १. निभना। २. परिश्रम करना। ३. उपार्जन करना। ४. प्राप्त करना। ५. सहन होना। ६. समाना।

खट दरसण–*(न०)* १. न्याय, वैशेषिक, सांख्य, मीमांसा, उत्तर मीमांसा और योग—ये छः दर्शन। षट्शास्त्र। २. संन्यासी। ३. ब्राह्मण, संन्यासी, दरवेश (मुसलमान फकीर), जोगी, जंगम और जती—इन छः पराश्रित जातियों का समाहार।

खटपट–*(ना०)* १. युक्ति से काम निकालने का प्रयत्न। २. योजना। व्यवस्था। ३. प्रपंच। ४. झगड़ा। बोलचाल। ५. दुश्मनी। *(क्रि०वि०)* जल्दी। शीघ्र।

खटपटियो–*(वि०)* १. प्रपंची। चालबाज। २. झंझटी। ३. झगड़ालू। कजियाखोर। ४. भाग-दौड़ करने वाला।

खटपटो–*(न०)* नैमित्तिक काम की झंझट। २. झंझट। ३. विवाहादि नैमित्तिक काम। ४. नित्य करने के काम। नित्य-कर्म। ५. हाथ में लिया हुआ काम।

खटपद–*(न०)* भ्रमर। भौंरा। भमरो।

खटपदी–*(ना०)* १. जूं। २. षटपदी। छप्पय छंद।

खट भाखा–*(ना०)* १. छः दर्शन। छः शास्त्र। २. संस्कृत, प्राकृत आदि छः भाषाएँ।

खटमल–*(न०)* खाट में पड़ने वाला एक कीड़ा। मांकड़। मतकुण।

खटमीठो–*(वि०)* खट्टा मीठा। खटमीठा।

खटमुख–*(न०)* स्वामी कार्तिकेय। षडानन।

खटरस–*(न०)* १. भोजन के छः प्रकार के रस—मधुर, लवण, तिक्त, कटु, कषाय और अम्ल। षड्रस। २. मनमुटाव। अनबन। ३. खट्टारस। खाटो रस।

खटराग–*(ना०)* १. छः राग। २. अनबन। खटरास। ३. घर-गृहस्थी का जंजाल। ४. मायाजाल।

खटरास–*(न०)* मनोमालिन्य। अनबन। मनमुटाव। कड़ाकूट।

खट रितु–*(ना०)* छः ऋतुएँ। षटऋतु।

खट रिपु–*(न०)* काम क्रोधादि मनुष्य के छः विकार। षड्रिपु।

खटरुत–दे० खटरितु।

खटरो–दे० खाटरो।

खटली–*(ना०)* खटिया। मांचली। मचली।

खटवदन–दे० खटमुख।

खटवरण–*(न०)* १. छः याचक जातियाँ—जोगी, जंगम, सेवड़ा (जैन-साधु) संन्यासी, दरवेश (मुसलमान फकीर) और ब्राह्मण। २. षटवर्ण। ३. समस्त जातियाँ।

खटवाटी–*(ना०)* १. जिद। हठ। २.प्रतिज्ञा। ३. रुष्टता। खटपाटी। मारवाणी।

खटव्रण–दे० खट वरण।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खटव्रण-प्रागवड़–*(वि०)* छहों वर्णों का धर्मरक्षक। २. छः दर्शन (जातियों) का पालक।

खटाई–*(ना०)* १. खट्टापन। २. खट्टी चीज। ३. कपट। छल।

खटाऊ–*(वि०)* १. प्राप्त करने वाला। २. प्राप्त करने योग्य।

खटाखट–*(ना०)* १. तकरार। झगड़ा। *(क्रि०वि०)* तुरन्त।

खटाणो–दे० खटावणो।

खटायत–*(वि०)* १. योद्धा। २. सहन करने वाला। ३. प्राप्त करने वाला। ४. परिश्रमी। मेहनती।

खटारो–*(न०)* माल-मोटर। भार मोटर। लॉरी।

खटाळो–*(न०)* टूटाफूटा सामान।

खटाव–*(न०)* १. धीरज। २. समाई। बिसात। औकात। ३. शक्ति। सामर्थ्य। हैसियत। ४. सहनशीलता। ५. निर्वाह।

खटावणो–*(क्रि०)* १. निर्वाह करना। २. परिश्रम करना। ३. निभाना। ४. धीरज रखना। ५. प्राप्त करना।

खटास–*(न०)* १. खट्टापन। खाटापणो। २. मतभेद। ३. वैमनस्य।

खटीक–*(न०)* १. चमड़े या शराब का व्यापार करने वाली जाति। २. इस जाति का व्यक्ति।

खटीकण–*(ना०)* खटीक जाति की स्त्री।

खटूमड़ो–*(वि०)* १. खट्टे स्वाद वाला। २. वह जिसमें खट्टा स्वाद भी हो। थोड़ा खट्टा (फलादि)।

खटूंबड़ो–दे० खटूमड़ो।

खटेत–*(वि०)* १. वीर। बहादुर। २. परिश्रमी। मेहनती।

खटोलड़ी–*(ना०)* खटिया। मचली।

खटोली–दे० खटोलड़ी।

खटोलो–*(न०)* छोटा खाट।

खड–*(न०)* खड्डा। गड्ढा। खाडो।

खड़–*(ना०)* घास। चारो।

खड़क–*(ना०)* १. नदी का ऊंचा किनारा। कांठो। कांठो। २. ढेर। ३. खटका। फिक्र।

खड़कणो–*(क्रि०)* १. ऊपरा-ऊपरी रखना। एक के ऊपर एक रखना। २. 'खड़क' शब्द होना।

खड़-काचर–*(न०)* १. कचरी। २. जंगल में होने वाली कचरी के बेल और उसका फल। काचरी।

खड़किया-पाघ–दे० खिड़कियापाघ।

खड़की–*(ना०)* १. किवाड। २. झरोखा। ३. कुटुम्ब। घर। ४. दो या ज्यादा घरों की एक दरवाजे (पौल) वाली गली।

खड़को–*(न०)* १. दरवाजा बंद होने या खुलने का शब्द। २. किसी वस्तु के टकराने का शब्द।

खड़खड़–*(ना०)* १. खड़खड़ की ध्वनि। २. खिलखिलाहट।

खड़खड़णो–*(क्रि०)* खड़खड़ शब्द होना। खड़खड़ना।

खड़खड़ाट–*(न०)*१. खड़खड़ाहट। २. खड़खड़ शब्द। *(अव्य०)* १. कहकहा लगा कर बोलना। २. एक साथ सबका (उठना या जाना)। *(न०)* ठंड से होने वाली कंपन।

खड़खड़ावणो–*(क्रि०)* खटखटाना।

खड़खड़ी–दे० खड़खड़ो।

खड़खड़ो–*(न०)* ठंड से होने वाली कंपन। धूजन। कँपकँपी। *(ना०)* खड़खड़ी। धूजणी।

खड़खोचरो–*(वि०)* १. ऊंचानीचा। २. खड्डों वाला।

खड़ग–*(न०)* तलवार। खड्ग।

खड़गधारणी–*(ना०)*१. दुर्गा। २. वीरांगना।

खड़गधारी–*(वि०)* खड्गधर। वीर।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खड़गसिध–*(वि०)* खड्ग चलाने में सिद्ध-हस्त । वीर ।

खड़गहथो–*(वि०)*१. योद्धा । २. खड्गधारी ।

खड़चर–*(न०)* घास चरने वाला पशु । *(वि०)* घास चरने वाला ।

खड़चराई–*(ना०)* १. पशुओं को जंगल में चराने का कर । २. पशु रखने वालों से लिया जाने वाला कर । ३. चराने का काम ।

खड़णो–*(क्रि०)* १. खेत बोना । २. खेत में हल चलाना । ३. बैलगाड़ी आदि को हाँकना । ४. चलना । ५. चलाना ।

खड़तल–*(वि०)* १. दुख सहन करने वाला । २. परिश्रमी । महनती । ३. गठीले शरीर का । ४. उग्र । प्रचंड । ५. दृढ़ । मजबूत । सैंठो ।

खड़ताल–*(ना०)* घोड़े को टाप में लगने वाली नाल । २. जूते के नीचे लगने वाली नाल ।

खड़ताळ–दे० खड़ताल ।

खड़ब–*(न०)* सौ अरब की संख्या । खरब । खर्व ।

खड़बड़–दे० खड़बड़ाहट ।

खड़बड़ खोपो–*(न०)* अवगुणी और झग-ड़ालू पुत्र-वधू की ओर से रखा जाने वाला ससुर का अपमानजनक सांकेतिक नाम । ससुर । *(वि०)* झगड़ालू ।

खड़बड़णो–*(क्रि०)* १. लड़ना । २. उतावला होना । ३. घबराना ।

खड़बड़ाट–*(ना०)* १. तकरार । लड़ाई । २. उतावल । ३. घबराहट । ४. खड़बड़ शब्द ।

खड़बड़ी–*(ना०)*१. घबराहट । २. तकरार ।

खड़बूजो–*(न०)* खरबूजा ।

खड़बो–*(न०)* १. दही या दही जैसी जमी हुई वस्तु की उपमा । २. ठसी हुई या जमी हुई वस्तु । स्थिर हुआ द्रव पदार्थ ।

खड़भड़–*(ना०)* खड़बड़ आवाज । २. गड़-बड़ । शोर ।ऊधम । ३. कहासुनी । बोल-चाल । कजियो । ४. घबराहट ।

खड़भड़णो–*(क्रि०)*१. खड़बड़ाना । २ कहा-सुनी होना । झगड़ा होना । ३. घबराना ।

खड़भड़ाट–*(ना०)*१. खलबली । २.आवाज । दे० खड़बड़ाट ।

खड़भरी–दे० खड़ेरी ।

खड़वा–*(ना०)* १. चलने का परिश्रम । चलना । २. चलने की दूरी । ३. चलने की क्रिया । चलाई । गमन ।

खड़सल–*(ना०)* एक प्रकार का रथ ।

खड़हड़णो–*(क्रि०)*१. लड़ना । युद्ध करना । २. नाश होना । ३. गिरना । गिरजाना । पड़ना । ४. लड़खड़ाना ।

खड़हंड–*(न०)* घोड़ा ।

खड़ंग–*(वि०)* १. सीधा २. सीधा खड़ा । *(न०)* शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छंद और ज्योतिष—वेद के ये छः अंग । षडंग ।

खडंजो–*(न०)* खड़ी ईंटों की चिनाई ।

खड़ाऊ–*(ना०)*पादुका । चाखड़ी ।

खड़ाक–*(न०)* गिरने का शब्द । *(वि०)* सीधा । टटार । खड़ंग ।

खड़ाखड़–*(अनु०)* खड़खड़ ध्वनि ।

खड़ाखड़ी–*(क्रि०वि०)* १. अभी का अभी । खड़े-खड़े ।

खड़ाणो–दे० खड़ावणो ।

खडाळ–*(न०)* जैसलमेर जिले का एक प्रदेश ।

खड़ावणो–*(क्रि०)* १.हँकवाना । चलवाना । २. खेत में हल चलवाना ।

खड़ियो–*(न०)* १. कंधे की दोनों ओर लट-काई जाने वाली दो खानों वाली एक थैली । झोलो । थैला । २. कंधे पर लट-काया जाने वाला दो या दो से अधिक खानों वाला एक थैला जिसमें भिक्षुक

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

भिक्षा में प्राप्त विविध अनाज कणों को अलग-अलग खानों में डालता है। ३. दवात। ४. खड़िया मिट्टी की एक दवात जिससे हरताल से लिखी हुई अक्षर जमाने की पाटी पर अक्षरों के ऊपर लिखने का अभ्यास किया जाता है। बोळको।

खड़ी–(ना०) घास का ढेर।

खडी–(न०) खड़िया मिट्टी। जिप्सम। चारोळी।

खडीरण–(ना०) १. वह नीची भूमि (खेत) जिसमें वर्षा का पानी इकट्ठा होने से गेहूँ और चने की फसल ली जाती है। २. जैसलमेर जिले का एक भाग।

खड़ो बोली–(ना०) हिन्दी भाषा।

खड़ेरी–(ना०) १. एक बैलगाड़ी परिमाण का घास। २. घास की भरी बैलगाड़ी। दे० खरेड़ी।

खरण–(न०) १. क्षण। पल। २. किसी कार्य की सिद्ध करने के लिये उसकी पूर्ति पर्यन्त धारण किया जाने वाला व्रत। ३. कार्य सिद्धि तक किसी वस्तु के त्याग की प्रतिज्ञा। ४. किसी वस्तु के त्याग की प्रतिज्ञा। ५. अस्थाई प्रतिज्ञा। ६. मकान के ऊपर की मंजिल। खंड। ७. अलमारी, आले आदि का घर। खंड। दराज।

खरणक–(न०) १. चूहा। २. ऊंट। (वि०) नितान्त। बिलकुल।

खरणका–(ना०) १. बिजली। (न०) झूठा रोना। पाखण्ड। नखरा।

खरणखरण–(ना०)१.लड़ाई करने की इच्छा। झगड़ने की इच्छा। २. लत। चसका। ३. बुरा इरादा। 'खनखन' शब्द।

खरणखरणाट–(न०) १. खनखनाहट। खनकार। झनकार। दे० खरणखरण १. २.।

खरणणो–(क्रि०) १. खोदना। खनना। २. खुजलाना।

खत–(न०) १. दस्तावेज। लिखत। २. तमस्सुक। ऋणपत्र। ३. पत्र। चिट्ठी। ४. प्रतिष्ठा। इज्जत। मान। ५. जंग। मुरचा। काट। ६. घाव। क्षत। ७. दाढ़ी। ८. पृथ्वी। ६. क्षत्रियत्व।

खतनो–(न०) खतना। मुसलमानी। सुन्नत।

खत बही–(ना०) लेन देन का काम करने वाले बोहरों की वह बही जिसमें खत (ऋणपत्र) लिखे हुए हों अथवा खतों की नकलें की हुई हों।

खतम–(वि०) खत्म। समाप्त। (न०) १. समाप्ति। संपूर्णता। २. नाश। ३. कमाल। निपुणता।

खतमेटरण–(ना०) लाख। लाक्षा।

खतरण–(ना०) खतरी की स्त्री।

खतरनाक–(वि०) भयानक।

खतराणी–दे० खतरण।

खतरी–(न०) १. कपड़े छापने। रंगने तथा छापने की लकड़ी की छापों (भाँतों) को बनाने का काम करने वाली एक जाति। २. इस जाति का आदमी। ब्रह्मक्षत्री। ३. क्षत्री। राजपूत।

खतरो–(न०) १. भय। खतरा। २. खटका। अंदेशा। अंदेसो।

खतवणी–(ना०) रोकड़ बही में जमा खर्च की हुई रकमों को खाताबही के व्यक्तिवार खातों में लेने का काम। खतौनी।

खतहीणो–(वि०) १. दाढ़ी मूंछ रहित। २. घाव रहित। क्षत रहित। अक्षत। ३. अप्रतिष्ठित।

खतंग–(न०) १. घोड़ा। २. आकाश। ३. अग्निबाण। (वि०) १. वीर। २. निर्लज्ज। ३. निडर। ४. अणीदार। तीक्ष्ण। ५. जिसके पुत्र-कलत्र न हो। ६. उद्दंड। ६. क्षतांग। घायल। ८. अभिमानी। ६. पराक्रमी।

खता–(ना०) १. अपराध। २. भूल। ३. धोखा। ४. हानि।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खताई–दे० खतवणी ।

खताणो–दे० खतावणो ।

खतावणी–दे०खतवणी ।

खतावणो–(क्रि०) रोकड़ बही की रकमें खाता में लेना । रोकड़ से खाते में व्यक्ति या विषय क्रम से हिसाब लिखना । खाते में चढ़ाना ।

खतियो–(वि०) जंग लगा हुआ । जंग से कटा हुआ । (न०) १. एक (बिना सिला) मोटा सूती वस्त्र । मोटी सूती चद्दर । खतो । २. जंग । काट ।

खतोणी–दे० खतावणी ।

खत्ताळ–(न०) घोड़ा ।

खत्तो–(न०) ठंड में ओढ़ने का एक मोटा वस्त्र । खतियो ।

खत्र–(न०) १. क्षत्रियत्व । २. क्षत्रिय । ३. युद्ध । ४. बल । ५. राष्ट्र । ६. धन । ७. शरीर ।

खत्रवट–(न०) १. क्षत्रियत्व । क्षात्रपथ । २. रजस । ३. युद्ध ।

खत्रवाट–दे० खत्रवट ।

खत्रवेध(न०) युद्ध ।

खत्राणी–(ना०) १. क्षत्राणी । २. खतरी जाति की स्त्री । खतराणी ।

खत्री–(न०) १. क्षत्री । २. दे० खतरी ।

खथावळ–(ना०) उतावला । शीघ्रता ।

खद–(न०) मुसलमान ।

खदखद–(न०) १. खदखद शब्द । २. पानी उबलने का शब्द । ३. खिलखिलाहट ।

खदड़ो–(न०) मुसलमान ।

खदबद–(अव्य०) किलबिलाते हुए । (अनु०) उबलने का शब्द ।

खदबदणो–(क्रि०) १. किलबिलाना । २. उबलना ।

खदराळ–(न०) १. मुसलमान । यवन । २. यवन-समूह ।

खदेड़णो–(क्रि०) मार भगाना । डरा धमका कर भगवाना । खदेड़ना ।

खद्योत–(न०) जुगनू ।

खनै–दे० कनै ।

खनोड़ियो–(वि०) खान में काम करने वाला । खनोड़ी ।

खनोड़ी–(ना०) छोटी खान । (वि०) खान में काम करने वाला । खानोड़ियो ।

खप–(ना०) १. आवश्यकता । उपयोगिता । २. खपत । ३. उपयोग । व्यवहार । ४. महत्व । ५. कमी । तंगी । ६. बिकरी । ७. प्रयत्न । ८. नाश ।

खपणो–(क्रि०) १. मरना । २. युद्ध में काम आना । ३. खतम होना । समाप्त होना । ४. जरूरत होना । ५. उपयोग में आना । ६. परिश्रम करना । ७. प्रयत्न करना ।

खपत–(ना०) दे० 'खप' के सभी अर्थ । १. माल का बिकरा । २. नाश । ३. समावेश । ४. गुंजाइश ।

खपती–(ना०) १. आवश्यकता । २. उपयोग । ३. बिकरा ।

खपतो–(वि०) १. उपयोग में आसके ऐसा । उपयोगी । २. व्यवहार्य । जो काम में आ सके । ३. खान-पान में लिया जा सके । ४. बिक सकने योग्य । खपतो । ५. जिसको धार्मिक या सामाजिक रूप से अंगीकार या ग्रहण करने में कोई रुकावट न हो ।

खप परमाणै–(अव्य०) आवश्यकतानुसार । यथावश्यक । जरूरत के मुताबिक ।

खपरी–(ना०) मतीरे का आधा भाग ।

खपाणो–दे० खपावणो ।

खपावड–दे० खपावळ ।

खपावण–(वि०) खपाने वाला । (ना०) मृत्यु ।

खपावणो–(क्रि०) १. किसी वस्तु की आवश्यकता उत्पन्न करना । २. किसी को किसी काम पर लगा देना । ३. बिकरा

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

करवाना। बिकवाना। ४. मार देना। नाश कर देना। ५. भर देना। भर सकना। समा देना। ६. बिताना। समाप्त करना।

खपावळ–*(ना०)* १. मृत्यु। २. नाश करने की शक्ति। ३. आवश्यकता।

खपीड़–*(न०)* हानि। नुकसान। *(वि०)* १. अति वृद्धावस्था के कारण मृत्यु के निकट आया हुआ। (तुच्छार्थक) २. वृद्ध। बुड्ढा। (तुच्छार्थक)।

खप्पर–*(न०)* भिक्षापात्र। खप्पर।

खफरखान–*(वि०)* दुष्ट। अत्याचारी। *(न०)* मुसलमान।

खफा–*(वि०)* १. क्रुद्ध। २. नाराज।

खबचो–*(न०)* १. नाज आदि किसी वस्तु को हथेली में भर कर देने का एक सम्पुट। अंगुलियों सहित बनाया जाने वाला हाथ का एक संपुट। अंजलि। २. टंटा-फिसाद। ३. दोषारोप। ४. आफत। ५. छोटा खड्डा।

खबर–*(ना०)* १. समाचार। २. संदेश। सूचना। ३. जानकारी। ४. निगरानी। देखभाल। ५. होश। सुधि।

खबरदार–*(वि०)* १. सावधान। सतर्क। चौकन्ना। २. खबर रखने वाला। संदेश वाहक। *(अव्य०)* सतर्क रहो। होशियार हो जाओ। इस आशय का उद्गार।

खबरदारी–*(ना०)* १. सावधानी। होशियारी। २. निगरानी।

खबरनवीस–*(वि०)* संदेश वाहक।

खबरी–*(वि०)* संदेश वाहक।

खबसूरत–दे० खूबसूरत।

खबी–दे० खवीस।

खबीड़णो–*(क्रि०)* १. मारना। पीटना। २. टक्कर मारना। धक्का देना।

खबीड़ो–*(न०)* १. धोखा। २. हानि। ३. चोट। ४. धक्का। टक्कर।

खबीस–दे० खवीस।

खबोचियो–दे० खाबोचियो।

खबोड़णो–*(क्रि०)* खूब खाना। **सबोड़णो**।

खम–*(न०)* १. टेढ़ापन। बल। २. जोश।

खमण–*(ना०)* क्षमा।

खमणी–*(वि०)* सहन करने वाली। *(ना०)* सहनशीलता।

खमणो–*(क्रि०)* १. सहन करना। बरदाश्त करना। २. परिणाम भोगना। ३. प्रतीक्षा करना। ठहरना। ४. शांत रहना। ५. नुकसान उठाना। *(वि०)* सहन करने वाला।

खमत-खामणा–*(न०)* १. पर्यूषण पर्व की समाप्ति पर जैनों में परस्पर क्षमा याचना की एक प्रथा। २. क्षमा याचना के लिये व्यवहृत शब्द।

खमता–*(ना०)* १. क्षमता। सहनशीलता। खिमता। २.शक्ति। सामर्थ्य। ३. योग्यता। ४. सहनशक्ति। ५. धैर्य।

खमया–*(ना०)* १. एक देवी। २. पृथ्वी। ३. क्षमा। क्षमा। *(वि०)* १. क्षमा करने वाली। क्षमारूप।

खमा–*(ना०)* १. क्षमा। माफी। २. धीरज। ३. पृथ्वीक्षमा। धमा। धरती। ४. आदर सूचक 'हाँ' शब्द का बोधक, जो गुरु, राजा, संत आदि से बात करते हुये कहा जाता है। ५. गुरु, राजा आदि के लिये 'जय' या 'अभिवादन' सूचक शब्द। *(अव्य०)* क्षेम कुशल रहो। क्षमा वीर रहो। आप क्षमावान हैं। दुख न हो। ईश्वर सहाय करे। चिरजीवी रहो—इत्यादि भावार्थों को सूचित करने वाला उद्गार।

खमा-अवतार–*(न०)* १. क्षमावतार। अत्यन्त क्षमावान पुरुष। २. गुरु। ३. राजा। ४. महात्मा।

खमाई–*(ना०)* १. क्षमा। २. क्षमा करने की शक्ति। ३. सहनशक्ति। क्षमाशीलता।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खमाघणी–*(अव्य०)* राजा-महाराजा, महंत, आचार्य और गुरु आदि को किया जाने वाला एक अभिवादन।

खमाभुज–*(न०)* राजा। क्षमाभुज।

खमावणो–*(क्रि०)* १. क्षमा माँगना। २. क्षमा मंगवाना। ३. क्षमा करवाना। ४. ठहराना। रुकवाना। ५. प्रतीक्षा करवाना। ६. शांत करना।

खमीर–*(न०)* १. गुँथे हुए आटे का सड़ाव। २. जोश, आवेश। ३. ताकत। बल।

खमीरदार–*(वि०)* १. जिसका खमीर उठाया हुआ हो। २. जिसमें खमीर मिला हुआ हो। ३. जोशवाला। खमीर वाला। ४. ताकत वाला। बलवान्।

खम्माच–दे० खंभावती।

खम्या–दे० खमा १. २. ३.

खय–*(न०)* १. क्षय। नाश। २. ह्रास। २. क्षय रोग।

खयमान–*(वि०)* जिसका मान क्षय हो गया हो। अप्रतिष्ठित। मानक्षय।

खयंकर–*(वि०)* १. नाश करने वाला। क्षयंकर। २. नाश होने वाला।

खर–*(न०)* १. गदहा। गधो। *(वि०)* १. अशुभ। २. मूर्ख।

खरक कूण–*(न०)* वायव्य और पश्चिम दिशा के बीच की दिशा।

खरखर–*(ना०)* १. किसानों से लिया जाने वाला एक जागीरदारी लगान। २. झगड़ा करने की इच्छा। ३. गर्व। ४. पछतावा। ५. दुख।

खरखरणो–*(क्रि०)* १. चुभना। २. खटकना। ३. सलना।

खरखरावणो–*(क्रि०)* बड़ियाँ (मुंगोड़ी) आदि किसी सूखी वस्तु को तवे पर घी से भूनना।

खरखरो–*(न०)* १. पश्चाताप। पछतावा। २. शक। अंदेशा। ३. संताप।

खरखोदरो–*(वि०)* खुरदरा।

खरगो–दे० खरगोस।

खरगोस–*(न०)* खरगोश। शशक।

खरच–*(न०)* १. खर्च। व्यय। २. लागत। खर्चा। ३. कमी। ४. औसर। मौसर। नुकतो। मृतकभोज। ५. खूब पैसे खर्च करने का शुभाशुभ अवसर। *(वि०)* थोड़ा। कम।

खरच करणो–*(मुहा०)* औसर करना। मृतक-भोज करना। *(क्रि०)* खर्च करना। खरचना।

खरचणो–*(क्रि०)* १. खर्च करना। २. व्यवहार में लाना। बरतना।

खरचाऊ–*(वि०)* जिसके करने या बनाने में अधिक खर्च हो। बहुत खर्च वाला। २. खर्चीला।

खरची–*(ना०)* १. निर्वाह-खर्च। २. हाथ खर्च। ३. धन-माल।

खरची-खूट–*(वि०)* १. धनाभाव वाला। २. निर्धन। *(न०)* धनाभाव। दरिद्रता।

खरचीलो–*(वि०)* खर्चवाला। खर्चीला।

खरचो–*(न०)* १. खर्च। खर्चा। २. किसी अवधि तक का समग्र खर्च। ३. समग्र खर्चे का योग।

खरज–दे० षड्ज।

खरड़–*(ना०)* १. मिलावट वाली चाँदी को आग द्वारा शोधने पर भट्टी (कुड़िया) में लगे रहने वाले रजतकण और उसका कीट। रौप्यकण संलग्न मिट्टी और कीट। २. अफीम की टिकिया पर लगा रहने वाला कचरा। अफीम युक्त पोस्त का चूरा। ३. जाजम, त्रिपाल आदि मंडप की सामग्री। ४. शस्त्र प्रहार की ध्वनि।

खरड़क–*(ना०)* १. शस्त्र प्रहार की ध्वनि। २. रगड़।

खरड़को–*(न०)* १. रगड़। २. ध्वनि विशेष।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खरड़णो–*(क्रि०)* १. लेप करना। २. मैला लगाना। ३. गंदा करना। बिगाड़ना। कीचड़ आदि से गंधा करना।

खरड़ा-वही–*(ना०)* १. जमीदारी के भिन्न-भिन्न करों की वसूली की आसामीवार हिसाब की बही। २. उधार दी हुई वस्तुओं की नोंध-बही।

खरड़ीजणो–*(क्रि०)* कीचड़, मैला आदि से गंदा होना। गंदा होना।

खरड़ो–*(न०)* १. गृह कर। मकान टैक्स। २. उधार बही। ३. विवरण-सहित हिसाब-पत्र। ४. कर्ज का चुकता हिसाब ५. मसौदा। खर्रा। ६. लंबी सूची।

खरणियो–*(न०)* किसी कँटीले वृक्ष की शाखा। बबूल, खेजड़ी आदि की टहनियों वाली शाखा, जिसका उपयोग (अनेक शाखाओं के रूप में बाड़ की मजबूती के लिये किया जाता है। खरहणियो। खरसणियो।

खरणी–*(ना०)* केन्द्रीय सरकार द्वारा राजा या जागीरदार से लिया जाने वाला एक कर। खिराज। संजीरेख। खिरणी।

खरणो–*(क्रि०)* वृक्ष के पत्तों आदि का गिरना। २. गिरना। ३. झड़ना। ४. मरना। *(न०)* वंश। कुल।

खरतर–*(वि०)* १. जोश वाला। तेज। २. कठिन। ३. खुरदरा।

खरतरगच्छ–*(न०)* जैन संप्रदाय के चौरासी गच्छों में का एक।

खरतरो–*(न०)* १. पश्चाताप। २. वहम। संदेह। *(वि०)* १. तेज स्वभाव का। २. खरतरगच्छ का।

खरदूख–*(न०)* खर और दूषण नाम के दैत्य।

खरदूखण–दे० खरदूख।

खरब–*(न०)* सौ अरब की संख्या।

खरळ–*(ना०)* औषधि आदि पीसने घोटने की पत्थर की कुंडी। खल। खरल।

खरळवो–*(न०)* १. ढोली। २. खारवाल। नमक बनाने वाला।

खरळो–*(ना०)* १. शीघ्रता से किया जाने वाला स्नान। उतावल में किया जाने वाला स्नान। २. कम पानी से किया जाने वाला स्नान। ३. स्नान। नहान।

खरळो खाणो–*(मुहा०)* १. झटपट नहाना। २. स्नान करना।

खर वाहण–*(ना०)* शीतला देवी।

खरसण–*(न०)* १. घने तंतु वाला एक घास। २. दे० खरसणियो।

खरसणियो–दे० खरणियो।

खरहंड–*(न०)* १. सेना। २. धौड़ा। ३. नाश। ४. चिंता।

खराई–*(ना०)* १. खरापन। २. स्पष्टता। ३. पक्की बात। ४. कौल। करार।

खराखर–*(अव्य०)* १. सचमुच। वास्तव में। २. अवश्य।

खराखरी–*(ना०)* १. खरापन। सच्चाई। २. संकट। ३. कठिनाई।

खराजात–*(ना०)* माल पर लगने वाला गोदाम भाड़ा, मजदूरी आदि खर्च। माल की कीमत के अलावा उस पर लगने वाला खर्चा।

खराड़ो–दे० खुराड़ो।

खराणो–*(क्रि०)* खरा करना। बात को पक्का करना।

खराद–*(ना०)* एक यंत्र जिस पर चढ़ा कर धातु या लकड़ी की वस्तुएँ सुडौल, चिकनी और चमकदार बनाई जाती है। चरख।

खरादणो–*(क्रि०)* किसी वस्तु को खराद पर चढ़ा कर सुडौल और चमकदार बनाना। खरादना।

खरादी–*(न०)* खराद का काम करने वाला। खरादी।

खरापण–दे० खरापणो।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खरापणो–*(न०)* १. खरापन। सच्चाई। २. दृढ़ता। मजबूती। ३. पुष्टता। ४. कड़ापन।

खराब–*(वि०)* १. बुरा। गन्दा। २. दुराचारी। अनीतिमान। ३. बिगड़ा हुआ। टूटा-फूटा। ४. सड़ा हुआ।

खराबी–*(ना०)* १. दोष। ऐब। बिगाड़। २. अवगुण। ३. दुर्दशा। ४. तोड़-फोड़। ५. सड़ांध।

खराबो–*(न०)* १. हानि। नुकसान। २. बिगाड़।

खराबोलो–*(वि०)* खरी बात कहने वाला। स्पष्ट वक्ता।

खरामण–*(ना०)* १. पक्की बात। २. किसी से बार बार कह कर बात या शर्त पक्की करना। ३. शर्त। कौल।

खरामणो–दे० खरामण।

खरावट–दे० अखरावट या खरामण।

खरीकहो–*(वि०)* १. स्पष्ट वक्ता। खरी कहने वाला। खरी कहा। २. सच्चा। ३. प्रामाणिक।

खरीको–*(वि०)* १. खरी कहने वाला। खरी कहा। स्पष्ट वक्ता। २. सच्चा। ३. प्रामाणिक। ४. कठिन। दुर्गम। ५. शीघ्र समझ में नहीं आने वाला। ६. जो शीघ्र नहीं किया जा सके।

खरीखोटी–*(ना०)* १. कटुबात। २. कड़वी किन्तु सच्ची बात। *(वि०)* खरी और खोटी।

खरीद–*(ना०)* १. खरीदा हुआ। २ क्रय।

खरीदणो–*(क्रि०)* मोल लेना। खरीदना।

खरीददार–*(वि०)* खरीदने वाला।

खरीदारी–*(ना०)* खरीददार।

खरीदी–*(ना०)* १. खरीद की हुई वस्तु। २. खरीदने का काम।

खरीदीकरणो–खरीदना।

खरीफ–*(ना०)*चौमासे की फसल। बरसाळू साख।

खरीलो–*(वि०)* १. विश्वासी। २. हठी। जिद्दी। ३. क्रोधी।

खरूंट–*(न०)* १. भरते हुये घाव की सूखी पपड़ी। खरूंड। २. छिल जाने का चिह्न। खरोंच।

खरेखर–*(अव्य०)* १. वस्तुतः। सचमुच। २. निश्चय। निश्चय ही। ३. जरूर। अवश्य।

खरेड़ी–*(ना०)* १. एक बैलगाड़ी पर लादा या भरा जाय उतने सूखे घास का परिमाण। २. गाड़ी भरा घास। ३. घास से भरी हुई बैलगाड़ी। खड़भरी। खडेरी।

खरो–*(वि०)* १. विशुद्ध। २. सच्चा। ईमानदार। ३. छल रहित। ४. स्पष्टभाषी ५. पक्का। ६. कड़ा। सख्त। ७. सही। दुरुस्त।

खरोटो–*(न०)* अपनी जागीरी में बाहर के मवेशी चराने वाले से जागीरदार द्वारा ली जाने वाली एक लाग। एक लगान जो बाहर के मवेशी चराने वाले से जागीरदार द्वारा लिया जाता था। प्रान्तेतर से लिया जाने वाला चराई का एक लगान। २. एक कर जो गांव की सफाई आदि के लिये लिया जाता था।

खळ–*(वि०)* १. दुष्ट। खल। २. नीच। ३. क्रूर। *(न०)* १. शत्रु। २. यवन। ३. खरल। ४. खली। सीठी।

खलक–*(न०)* १. दुनिया। संसार। २. लोग। लोग समूह। मानव समूह। ३. मानव मात्र। ४. मनुष्य जाति। ५. जीव मात्र। ६. भीड़।

खळकट–*(न०)* नाश। संहार।

खळकणो–*(क्रि०)* १. पानी का खळ-खळ शब्द करते हुये बहना। २. खांसने से कफ का गले में से आवाज करते हुये छूटना।

खळकत–*(ना०)* १. दुनिया। सृष्टि। २. भीड़। ३. लोगबाग।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खलक-मुलक–*(न०)* भीड़ भाड़ । मानव समूह ।
खळकाळ–*(ना०)* तलवार ।
खलकांनै–*(अव्य०)* १. दूसरों को । २. लोगों को । ३. लोगों ने । ४. दूसरों ने ।
खलको–*(न०)* १. छोटे बच्चे के पहिनने का ढीला वस्त्र । २. अंगरखा । ३. फकीर के पहिनने का एक बड़ा और ढीला वस्त्र । ४. तौर-तरीका । रहन-सहन । ५. आचार-विचार । ६. खेल । तमाशा । ७. मजाक । दिल्लगी ।
खळखळ–*(न०)* पानी के बहने का एक शब्द ।
खळखळो–*(वि०)* १. तोल माप आदि में बराबर से कुछ अधिक । तोल, माप आदि में पूरा । २. उदार ।
खळखायक–*(वि०)* दुष्टों का नाश करने वाला । *(ना०)* तलवार ।
खळगट–दे० खळकट ।
खळचणो–*(क्रि०)* नाश करना ।
खळणो–*(क्रि०)* १. स्खलित होना । विचलित होना । २. बुरा लगना । ३. दुखना । पीड़ा होना । ४. नाश करना ।
खलणो–*(क्रि०)* १. खटकना । सलना । २. बुरा लगना । अप्रिय लगना । ३. अखरना ।
खळतो–*(न०)* १. एक प्रकार का थैला । २. खलीता । ३. बड़ा बटुआ ।
खळदळ–*(न०)* शत्रुदल । खलदल ।
खळभळ–*(ना०)* १. घबराहट । अशांति । २. हलचल । ३. शोर । हल्ला । ४. झगड़ा ।
खळभळणो–*(क्रि०)* १. खलबली मचाना । २. भयभीत होना ।
खळभळाट–दे० खळभळ ।
खळभळी–*(ना०)* खलबली ।
खलल–*(ना०)* १. अड़चन । विघ्न । बाधा । २. हानि । ३. कमी ।
खलल नाँखणो–*(मुहा०)* अड़चन डालना ।
खलल पाड़णो–*(मुहा०)* नुकसान में डालना ।
खळळ–*(न०)* पानी के बहने का शब्द ।
खळवट–*(न०)* १. युद्ध । २. नाश । संहार ।
खळ विखळ–*(वि०)* टूटा-फूटा ।
खळसाल–*(न०)* युद्ध ।
खळहळणो–*(क्रि०)* १. खळ-खळ शब्द करते हुये पानी का बहना । २. खल-खल शब्द होना ।
खळाक–*(न०)* बिना कष्ट के खांसी के कफ के निकलने का शब्द या भाव ।
खळाडळा–*(न०)* १. टुकड़े । खंड । २. विनाश । *(क्रि०वि०)* टुकड़े-टुकड़े । खंड-खंड ।
खलास–*(वि०)* १. समाप्त । खतम । २. च्युत । ३. खाली ।
खलासी–*(न०)* इंजन में कोयला झोंकने वाला । २. जहाज में काम करने वाला मजदूर ।
खळाहळ–*(न०)* खळहळ शब्द ।
खळी–*(ना०)* १. खली । सीठी । २. ग्वार मोठ, मूंग आदि का खलिहान ।
खलीची–*(ना०)* बुकची । खलेची ।
खलीतो–*(ना०)* १. खरीता । २. खलता । थैला ।
खलीफो–*(न०)* १. एक मुस्लिम अधिकारी । २. नाई । हज्जाम ।
खळींगणो–*(क्रि०)* १. उँडेलना । २. खाली करना ।
खलेची–*(ना०)* रस्सी से बाँधी जाने वाली कपड़े आदि रखने की एक थैली । बुकची । खलीची ।
खलेती–दे० खलेची ।
खळो–*(न०)* १. खलिहान । २. युद्धक्षेत्र ।
खल्लो–*(न०)* १. जूता । पगरखी । २. फटा हुआ जूता ।
खवाड़णो–*(क्रि०)* खिलाना ।
खवाणो–*(क्रि०)* खिलाना ।
खवानी–*(न०)* 'खान' (खाँ) का बहुवचन । खान लोग । खवातीन ।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खवावरणो-*(क्रि०)* खिलाना ।

खवास-*(न०)*१. नाई । २. सेवक । ३. एक जाति । *(ना०)* १. दासी । २. उप पत्नी । ३. रखेल स्त्री ।

खवासरण-*(ना०)* खवास की स्त्री । खवासिन । नाइन । २. दासी । ३. रखेल ।

खवासवाळ-*(ना०)* खवास और उसकी सन्तान ।

खवासी-*(ना०)* १. सेवकाई । २. सेवा । चाकरी । ३. हाजरी ।

खवाँ-खाँच-*(वि०)* १. दोनों हाथों में ठेठ कंधों तक पहिना हुआ (चूड़ा) । दोनों हाथों में चूड़ा पहनी हुई । ३. सधवा । सुहागिन । *(ना०)* सधवापन । सुहाग । सौभाग्य ।

खवी-दे० खवीस ।

खवीस-*(न०)*१. दुष्ट तथा भयंकर व्यक्ति । खबीस । २. राक्षस । ३. बिना सिर का प्रेत ।

खवो-*(न०)* १. कंधा । कांधो । २. पार्श्व । बाजू ।

खस-*(न०)* गाँडर नामक घास की सुगन्धित जड़ । लंबे तंतुओं वाली गाँडर की जड़ । उशीर ।

खसकरणो-*(क्रि०)* १. खिसकना । हटना । सरकना । २. बिना सूचना चले जाना । ३. भाग जाना । चले जाना ।

खसकारणो-*(क्रि०)* हटाना । सरकाना । खिसकाना ।

खसखस-*(न०)* पोस्त का दाना । खसखस ।

खसखानो-*(न०)* गरमी के मौसम में रईसों के लिये बनाई जाने वाली खस की टट्टियों की कुटिया । खस-गृह । गाँडर घर । उशीरालय । टाटी घर ।

खसरा-*(न०)* १. युद्ध । २. शत्रुता । ३. अनबन । झगड़ो ।

खसरणो-*(क्रि०)* १. खिसकना । सरकना । २. चलना । ३. पीछे हटना । ४. भाग जाना । ५. लड़ना । ६. परिश्रम करना । ७. प्रयत्न करना ।

खसपोस-*(ना०)* १. खस का परदा । २. खस की टट्टी । टाटी ।

खसबो-दे० खसबोई ।

खसबोई-*(ना०)* सुगंध । खुशबू ।

खसम-*(न०)* पति । खाविंद । धणी ।

खसर-*(ना०)* १. छेड़खानी । २. युद्ध ।

खसंग-*(न०)* पवन । वायु ।

खसाखस-*(ना०)* १. टंटा-फिसाद । २ लड़ाई-झगड़ा । ३. कहा-सुनी । बोल-चाल । ४. युद्ध । लड़ाई ।

खसाखूंद-*(ना०)* १. शत्रुता । २. द्वेष । ३. लड़ाई-झगड़ा ।

खसियो-*(वि०)* खसिया । बधिया ।

खसोलरणो-*(क्रि०)* १. घुसेड़ना । घँसाना ।

खहरा-*(न०)*१. युद्ध । छेड़छाड़ । खसरा । झगड़ो ।

खहरणो-*(क्रि०)*१. मरना । २. युद्ध करना । ३. खिसकना । हटना । ४. चलना । ५. चले जाना । ६. गिरना-पड़ना ।

खंकाळ-*(न०)* दुर्भिक्ष । *(वि०)* खाली ।

खंख-*(ना०)* बारीक धूल । वस्तुओं के ऊपर उड़कर जमने वाली महीन मिट्टी । *(वि०)* १. खाली । २. सार रहित । खोखला । ३. निर्धन ।

खंखर-*(वि०)* जिसके पत्ते झड़ गये हों । बिना पत्तों वाला (वृक्ष) ।

खंखाड़-*(ना०)* १. ग्रीष्म ऋतु की तेज हवा । २. ग्रीष्म ऋतु की तेज हवा और उसकी आवाज ।

खंखारो-दे० खँखारो ।

खंखाळणो-*(क्रि०)*१. खंगालना । २.धोना ।

खंखी-*(न०)* साधु । खाखी ।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खंखेरणो–*(क्रि०)* १. खाली कर देना। २. झटकना। फटकारना। ३. झाड़ना।

खंखोळणो–*(क्रि०)* १. किसी वस्तु को पानी में हिला कर धोना। २. हिला कर अंदर से धोना।

खंखोळी–*(ना०)* स्नान। सिनान।

खंखोळो–*(न०)* १. स्नान। २. शीघ्रता से की जाने वाली स्नान। सिनान।

खंखोळो खाणो–*(मुहा०)* स्नान करना।

खंग–*(न०)* १. पशु के अंग प्रत्यंगों के रंग या आकृति के द्वारा उसको पहिचानने के चिह्न। २. पशु की आकृति। ३. ऊँट की डाढ़ें। ४. तलवार। ५. ढेर।

खंगवाळो–*(न०)* स्त्रियों के गले में पहनने की सोने या चाँदी की हँसली।

खंगाळ–*(ना०)* १. स्नान। २. धोना। धुलाई। ३. नाश। ३. तीर।

खंगाळणो–*(क्रि०)* १. खंगालना। हलका या कम धोना। धोना। २. नाश करना।

खंच–*(ना०)* १. तंगी। कमी। २. घाटा। हानि। ३. खींचातानी। ४. शत्रुता। ५. मनुहार। ६. आकर्षण।

खंचणो–*(क्रि०)* १. खिचना। तनना। खींचा जाना।

खंचा-खंची–*(ना०)* १. आर्थिक तंगी। २. खींचा-खींची। ३. झगड़ा-टंटा।

खंजन–*(न०)* एक पक्षी।

खंजर–*(न०)* १. एक शस्त्र। २. खंजन पक्षी। *(वि०)* लंगड़ा।

खंजरी–*(ना०)* डफली।

खंजरीट–*(न०)* खंजन पक्षी। खंजरिच। खंडरिच।

खंटवाड़ो–*(वि०)* अन्नांश आदि लगने से साफ नहीं किया हुआ (रसोई का पात्र)। जिसमें खंटा लगा हो। *(न०)* वह अन्नांश जो भोजन बनाते समय पात्र में लगा रह जाता है।

खंटो–दे० खंटवाड़ो।

खंड–*(न०)* १. भाग। हिस्सा। २. दल। समूह। ३. अध्याय। प्रकरण। ४. मकान के ऊपर का भाग। ५. मकान का एक भाग। ६. देश। ७. खांड। चीनी। ८. टुकड़ा।

खंड काव्य–*(न०)* प्रबंध काव्य का एक प्रकार।

खंडण–*(न०)* १. काट-छाँट। छेदन। खंडन। २. किसी की बात या मत को गलत ठहराना। अशुद्ध प्रमाणित करना। खंडन। ३. खांडने या कूटने की क्रिया। ४. ध्वंस। नाश।

खंडणी–*(ना०)* १. अधीन राज्य की ओर से प्रभु राज्य को दिया जाने वाला कर। खिराज। खंडिका। २. खिराज की किश्त। ३. मालगुजारी की किश्त। ३. ओखली। ५. पृथ्वी।

खंडणो–*(क्रि०)* १. खंडित करना। तोड़ना। २. अलग करना। भिन्न करना। ३. खाँडना। कूटना। ४ मारना।

खंडत–*(वि०)* १. टूटा हुआ। खंडित। २. अपूर्ण।

खंडन–दे० खंडण।

खंडबंड–*(न०)* १. तोड़ा-तोड़ी। तोड़ा-फोड़ी। २. नाश। *(वि०)* १. अपूर्ण। २. टूटा हुआ।

खंडर–*(न०)* १. खंडहर। २. वीरान। उजाड़। ३. नाश।

खंडरणो–*(क्रि०)* १. नाश करना। संहार करना। २. काटना।

खंडळ–*(न०)* १. टुकड़ा। २. भाग। हिस्सा।

खंडवाळियो–*(न०)* खान में पत्थर तोड़ने वाला मजदूर।

खंडापीण–*(ना०)* मछली।

खंडावणो–*(क्रि०)* १. कुटवाना। खंडवाना। २. मरवाना।

खंडाहळ–*(ना०)* १. तलवार। २. तलवारें।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खंडित–दे० खंडत ।

खंडियो–*(वि०)* १. खिराज देने वाला । वह जो खंडी भरता है । २. खंडित ।

खंडियो राजा–*(न०)* वह राजा जो केन्द्र सरकार को खंडी भरता है । २. केन्द्र सरकार का मातहती राजा ।

खंडी–*(ना०)* खिराज । खंडिका । **खरणी** । **रेख** । **खिरणी** ।

खंडीवन–दे० खांडव ।

खंडीवनखावक–*(ना०)* अग्नि ।

खंडेलवाल–*(न०)* १. एक वैश्य जाति । २. एक ब्राह्मण जाति ।

खंडो–*(न०)* १. दीवाल की चुनाई में काम आने वाला पत्थर का चौकोर टुकड़ा । पत्थर की ईंट । २. तलवार । **खांडो** ।

खंत–*(ना०)* १. उत्सुकता । २. अभिलाषा । चाह । इच्छा । ३. सावधानी । होशियारी । ४. सावधानी के साथ काम में लगे रहने का गुण । ५. उमंग ।

खंदक–*(ना०)* १. कोना । २. खड्डा । ३ खाई ।

खंदाखोळ–*(ना०)* १. ऊधम । २. शोर । ३. उद्दण्डता ।

खंदी–दे० खंधो ।

खंदेड़ी–*(ना०)* मिट्टी की खान ।

खंध–*(न०)* कंधा । नाश ।

खंधार–*(ना०)* १. सेना । *(न०)* १. खंधारी घोड़ा । २. खंधार देश । ३. खंधार शहर ।

खंधी–*(ना०)* १. किश्त । प्रदेयऋण भाग । खंडिका । २. **खिराज** । **खरणी** । खंडिका ।

खंधीवाळो–*(वि०)* किश्तों के रूप में वसूली की शर्त से रुपया उधार देने वाला । २. किश्तों के रूप में कर्ज चुकाने वाला । ३. किश्तों की उगाही करने वाला ।

खंधेड़ी–दे० खंदेडी ।

खंधो–*(न०)* कन्धा । स्कन्ध ।

खंभ–*(न०)* १. स्तम्भ । खंभा । थंभा । २. कंधा । ३. बाहुदण्ड ।

खंभाइची–*(ना०)* १. विवाह के अवसर पर गाई जाने वाली एक रागिनी । २. खंभावती । खम्माच रागिनी ।

खंभावती–*(ना०)* मालकोस की एक रागिनी । खम्माच ।

खंभूठाण–*(न०)* हाथी को बाँधने का स्थल ।

खंभो–*(न०)* खंभा । थंभा । **थांबो** ।

खंस–*(ना०)* १. प्रयत्न । २. मस्ती । ३. युद्ध ।

खंसणो–*(क्रि०)* १. प्रयत्न करना । २. मस्ती करना । ३. युद्ध करना । ४. खाँसना ।

खाइस–दे० रुवाहिश । *(भ०क्रि०)* १. खाऊंगा । २. खायेगा ।

खाई–*(ना०)* १. खंदक । २. किले के चारों ओर रक्षार्थ खोदी हुई नहर ।

खाउकड़ो–दे० खाऊ ।

खाऊ–*(वि०)* १. अधिक खाने वाला । २. रिश्वतखोर ।

खाको–दे० खाखो ।

खाख–*(न०)* १. काँख । २. राख । ३. मिट्टी । ४. धूल । खाक । ५. कुश्ता । किसी धातु की भस्म । ६. नाश ।

खाख बिलाई–*(ना०)* काँख में उठने वाला व्रण । **खाखोळाई** ।

खाखरी–*(ना०)* तंबाकू की सूखी पत्तियाँ ।

खाखरो–*(न०)* १. पलाश वृक्ष । २. चना, मोठ आदि द्विदल की बनी पतली कुरकुरी रोटी । ३. होली का दूसरा दिन । धूरेली । ४. खूब सिकी हुई करारी रोटी । ५. सूखी रोटी । ६. मोयन डाल कर बनाई हुई बेसन या गेहूं के आटे की कुरकुरी पतली चपाती ।

खाखलो–*(न०)* गेहूं या जौ के डंठलों का चूरा । भूसा ।

खाखी–*(न०)* खाख रमाने वाला साधु । *(वि०)* खाकी रंग का । खाकी ।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खाखो–(न०) नकशा या चित्र आदि का डौल। ढांचा। बनावट। खाका। आकृति। २. खिन्न आकृति।

खाखोळाई- दे० खाखबिलाई।

खाखो-विलखो–(वि०) १. दुखी। २. व्याकुल। उदास।

खाग–(ना०) १. तलवार। खड्ग। २. गेंडे का सींग। थोबड़े के बाहर एक तरफ निकला हुआ सूअर का लम्बा दांत।

खागचाळो–(न०) युद्ध।

खाग-भळ–(ना०) १. खड्ग-प्रहार रूपी ज्वाला। २. खड्ग-प्रहार। ३. खड्ग प्रहार की वेदना।

खाग-झल–(वि०) खड्गधारी।

खागणो–(क्रि०) १. तलवार चलाना। २. मारना। नाश करना।

खाग-त्याग वीर–(न०) युद्धवीर और दानवीर।

खागरणी–(ना०) तलवार। (वि०) नाश करने वाली।

खागरणो–(क्रि०) मारना। नाश करना। (वि०) नाश करने वाला।

खागवळ–(ना०) १. तलवार। २. शस्त्रबल।

खागेल–(वि०) १. खड्गधारी। २. वीर। (न०) लम्बे दांत वाला सूअर। डाढाळो।

खाज–(ना०) खुजली।

खाजटणो–दे० खाजूटणो।

खाजरू–(न०) १. बकरे का बलिदान। २. बलिदान के लिये मारा जाने वाला बकरा। ३. बलि के बकरे का मांस।

खाजापीर–(न०) अजमेर के ख्वाजा पीर मयुद्दीन चिश्ती की दरगाह।

खाजासरो–(न०) नवाबों के अंतःपुर का नपुंसक मुसलमान नौकर। ख्वाजासरा।

खाजूटणो–(क्रि०) खाना (तुच्छता के अर्थ में)। खाबटणो।

खाजो–(न०) मैदे की बनी खस्ता पूरी। खाजा।

खाट–(ना०) चारपाई। खटिया। मांचो।

खाटक–(वि०) १. प्राप्त करने वाला। २. कमाने वाला। उद्यमी। खाटणियो। ३. जीतने वाला। विजयी। ४. वीर। बहादुर। ५. योद्धा।

खाटणियो–दे० खाटक।

खाटणो–(क्रि०) १. प्राप्त करना। २. अधिकार करना। ३. कमाना। अर्जित करना। ४. जीतना।

खाटरो–(वि०) नाटा। ठिगना। ठींगणो।

खाटी–(वि०) १. खट्टी। अम्ल। तुर्श। २. प्राप्त की हुई। ३. कमाई हुई। (ना०) कमाई। आमदनी।

खाटो–(वि०) खट्टा। तुर्श। (न०) १. छाछ। २. कढ़ी। २. तरकारी। तीवन। ३. राबड़ी। राब। ५. हाजमा बढ़ाने वाला एक चूर्ण। खट-मीठा चूर्ण।

खाटो-चू–(वि०) अत्यन्त खट्टा।

खाटो तूड़–दे० खाटो-चू।

खाटो-बड़छ–दे० खाटो-चू।

खाड–(ना०) १. खड्डा। गड्ढा। गर्त। खाडो। २. हानि। नुकसान।

खाडाबूच–दे० खाडाबूज।

खाडाबूज–(वि०) खड्डे में डाल कर मिट्टी से बराबर किया हुआ। जमींदोज।

खाडाळ–(न०) जैसलमेर प्रान्त का एक भू-भाग। (वि०) खड्डे वाला।

खाडाळी–(ना०) भैंस। (संकेत शब्द)।

खाडू–(न०) भैंसों का बाड़ा।

खाड़ेती–(न०) १. बैलगाड़ी को चलाने वाला व्यक्ति। सागड़ी। २. खेत खड़ने वाला व्यक्ति। हल चलाने वाला। हाळी।

खाडो–(न०) खड्डा। गड्ढा। २. घाटा। हानि। ३. कमी।

खाण–(ना०) १. खान। खदान। २. उत्पत्ति स्थान। ३. भोजन। खाद्य। ४.

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खानि । योनि । जीवयोनि ।

खाणकी–*(ना०)* १. रिश्वत । लांच । २. भोजन खर्च ।

खाणखंडो–दे० खावणखंडो ।

खाण-पाण–*(न०)* १. खाना और पीना । २. खाने पीने के शुद्धाशुद्ध का विचार । ३. खाने-पीने का ढंग । ४. अन्न-पानी । ५. सामिल बैठ कर खाने पीने का व्यवहार ।

खाणो–*(न०)* १. भोजन । खाना । २. भोजन सामग्री । जीमण । *(क्रि०)* १. खाना । भोजन करना । २. सेवन करना । ३. हड़प जाना । ४. सहन करना । ५. डसना । काटना । ५. छींक, उबासी आदि शरीर के ऊर्ध्व वेगों का मुंह द्वारा उभरना । ७. उड़ा लेना । ८. घूस लेना ।

खाणो-दाणो–*(न०)* १. खाना । भोजन । जीमण । २. खाना-पीना । ३. यात्रा में पड़ाव डाल कर किया जाने वाला विश्राम और खाना-पीना ।

खाणो-पीणो–*(न०)* खाना-पीना । भोजन । भोजन-सामग्री । जीमण । *(क्रि०)* १. खाना-पीना । २. भोजन करना ।

खात–*(न०)* खेत-जमीन की उपज बढ़ाने के लिये उसमें डाला जाने वाला सड़ा-गला कचरा । खाद । खातर ।

खातण–*(ना०)* खाती की स्त्री । खातिन । बणाकण ।

खातमो–*(न०)* १. खातमा । अंत । २. मृत्यु । मौत ।

खातर–*(न०)* १. खाद । खात । २. फूस । ३. आदर-सत्कार । खातिर । *(अव्य०)* लिये । वास्ते ।

खातर जमा–*(ना०)* १. तसल्ली । २. भरोसा ।

खातरदारी–*(ना०)* आवभगत । आदर सत्कार । खातिरदारी ।

खातरी–*(ना०)* १. आदर । स्वागत । खातिर । २. देखभाल । ध्यान । ३. भरोसा । ४. जिसमें कोई संशय न हो । निश्चय । ५. प्रमाण । सबूत । *(अव्य०)* लिये । वास्ते ।

खातरीबंध–*(वि०)* विश्वास करने योग्य । भरोसावाळो ।

खातरोड़–*(ना०)* खातियो के मोहल्ले की वह जगह या चौक जहां मोहल्ले के खाती अपना काम करते हैं । २. खातियों का मोहल्ला । खातोड़ ।

खातापाड़–*(ना०)* खाता बही से उद्धृत किये हुये ग्रामांतर खातों की वह बही जिसमें उघाही निमित्त सफर की सहूलियत की दृष्टि से अलग अलग दिशाओं, गांवों तथा अलग अलग वस्तुओं के व्यवसाय मद के क्रम से खातों की प्रतिलिपि की गई होती है । लेखापाड़ ।

खाताबही–*(ना०)* वह बही जिसमें व्यक्तिवार लेन-देन का हिसाब व खाते लगे रहते हैं ।

खाती–*(न०)* बढ़ई । सुथार । बणाक ।

खाती चिड़ो–*(न०)* एक पक्षी ।

खातो–*(न०)* १. खाता । मद । विभाग । २. व्यक्ति परक लेन-देन का हिसाब । रोकड़ बही के जमा-खर्च का मद वार हिसाब । ३. खाता बही । ४. विषय । प्रकरण ।

खातो खलोणो–*(मुहा०)* १. काम काज का नया विभाग शुरू करना । २. बैंक या दुकानदार के यहां नया खाता खोलना । ३. नया व्यवहार करना । ४. ब्याज पर उधार लेना ।

खातो चूकतो करणो–*(मुहा०)* १. लेन-देन बराबर करना । २. ऋण चुका देना ।

खातो पाड़णो–*(मुहा०)* नाम का खाता लगाकर लेने-देने की रकमें खाते में लेना । लेने-देने वाले के नाम का खाता लगाना ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खातो-पीतो–*(वि०)*१. खाने-पीने से सुखी। २ स्वस्थ। हृष्ट-पुष्ट।

खातो सरभर करणो–*(मुहा०)* १. लेन-देन बराबर करना। जमा उधार बराबर करना। २. हिसाब चुकता करना।

खाथाई–*(ना०)*शीघ्रता। त्वरा। **उतावळ**।

खाथो–*(क्रि०वि०)* शीघ्र। जल्दी। *(वि०)* उतावला। तेज। **उतावळो**।

खाद–*(ना०)* १. हानि। नुकसान। **टोटो**। २. सोने चांदी में मिली हुई विजातीय धातु। ३. खात। **खातर**।

खादन–*(न०)* दांत।

खादर– *(ना०)*तरी वाली जमीन। तराई।

खादरो–*(न०)* खड्डा। गड्ढा। **खाडो**।

खादी–*(ना०)* १. हाथ कता और हाथ बुना कपड़ा। खद्दर। २. मोटा सूती कपड़ा। **रेजो**।

खादीधारी–*(वि०)* खादी पहनने वाला।

खादोकडो–*(वि०)* १. अधिक खाने वाला। २. मिष्ठान्न प्रिय। चटोरा। **चटोकड़ो**।

खाध–*(ना०)* १. हानि। नुकसान। घाटो। टोटो। खाद। २. खुराक। ३. दोष। ऐब। नुक्स। ४. कमी। न्यूनता।

खान–*(न०)* १. मुसलमान। २. मुसलमान सरदार। ३. पठानों की एक उपाधि। ४. कुँएँ में पानी कम हो जाने पर उसमें से मिट्टी निकाल कर और गहरा करना। ५. खान। खदान।

खानगी–*(वि०)* १. गुप्त। व्यक्तिगत। स्वकीय। **घरू**। निजी।

खानदान–*(न०)* १. कुटुम्ब। परिवार। २. वंश। कुल। ३. उच्च कुल। **घराणो**।

खानदानी–*(ना०)*कुलीनता। २. सज्जनता। *(वि०)* १. खानदान वाला। कुलीन। प्रतिष्ठित। **घराणावाळो**। २. कुटुम्ब वाला। ३. ऊँचे कुल का। ४. पैतृक। **वंश परम्परागत**।

खान-पान–दे० खाण-पाण।

खानसामो–*(न०)* खानसामाँ। रसोईया।

खानाजंगी–*(ना०)* लड़ाई।

खानाजाद–*(वि०)* जन्म से पाला-पोषा हुआ। (सेवक)। *(न०)* चाकर।

खानाजाद गुलाम–*(न०)* १. अपने स्वामी की हर प्रकार की और हर समय सेवा करने का सौभाग्य समझने वाला सेवक। २. वंश परम्परा से सेवकाई में रहने वाला सेवक। ३. जन्म से पाला पोषा हुआ सेवक। ४. पालन-पोषण के ऋण से उऋण होने की भावना से सेवा करने वाला व्यक्ति।

खानाण–*(ना०)* १. मुसलमान प्रदेश। २. मुसलमान। ३. मुसलमानों का समूह। ४. यवन-सेना।

खानाबदोश–*(वि०)* घुमंतू। यायावर।

खानांखण–*(वि०)* १. शत्रुवंश उच्छेदक। २. यवनों का नाश करने वाला।

खानेड़ी–*(ना०)* १. मिट्टी की खान। २. छोटी खान। **खंदेड़ी**।

खानो–*(न०)*१. खंड। २. खाना। कोष्टक। ३. संदूक, अलमारी आदि में बना विभाग। ४. मेज के नीचे लगा हुआ खाना। दराज।

खाप–*(न०)* १. धातु। २. दर्पण। ३. तलवार। ४. म्यान। कोष। *(वि०)* दर्पण जैसा स्वच्छ। साफ-सुथरा।

खापगा–*(ना०)* गंगा नदी।

खापटी–*(ना०)* १. बांस की पतली फट्टी। **खपची**। २. तलवार के लिए ऊन वाचक शब्द। तलवार।

खापटो–*(न०)* पत्थर की पतली और चौरस शिला।

खापर–*(न०)*१. विरुद्ध धर्मवाला। काफिर। मुसलमान। २. धूर्त। ३. वंचक। ठग।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खापरियो-*(वि०)* १. धूर्त्त । शठ । चालाक । २. ठग । वंचक ३. चोर । ४. अनाज में लगने वाला एक कीड़ा ।

खापाँ नमावणो- *(मुहा०)* उद्दण्डों को झुकाना । उद्दण्डों को स रकरने वाला ।

खापाँ न मावणो-*(मुहा०)* १. उत्साहित होकर अथवा क्रोधित होकर अपने आपे में नहीं रहना । २. अति अभिमान करना ।

खापी-*(ना०)* १. आवश्यकता । जरूरत । २. मांग । चाह । खपत ।

खाफरो-*(न०)* एक प्रसिद्ध चोर का नाम ।

खाबक-*(ना०)* १. खार संजणा आदि से भरी हुई अंजलि या हथेली । खाबचो । २. अफीम (कंसूबे) से भरी हुई अंजलि । ३. अंजलि । ४. यश-गायक । ५. भाट आदि याचक । याचक वर्ग । ६. भोजन-भट्ट ।

खाबचो-*(न०)* हथेली का एक संपुट । खाबक । खाबचो ।

खाबड़-*(न०)* १. जैसलमेर प्रान्त का एक भाग । २, ईडर प्रदेश का एक भाग ।

खाबोलियो-*(वि०)* बाँये हाथ से भी काम करने या लिखने की आदत वाला । खाबेड़ी । सव्यसाची ।

खाबेड़ी-दे० खाबलियो ।

खाबोचियो-*(न०)* छोटा खड्डा । २. पानी का छोटा खड्डा । डबरा ।

खाबोचो-दे० खाबोचियो ।

खाम-*(न०)*१. लिफाफा । २. संधि । जोड़ । ३. बरतन और उसके ढक्कन की सन्धि को गीली मिट्टी से बंद करने का काम ।

खामखाह्-*(क्रि०वि०)* व्यर्थ । योंही ।

खामचाई-*(ना०)* हस्तकौशल । कारीगरी । चतुराई । निपुणता ।

खामचो-*(वि०)*निपुण । प्रवीण । कुशल ।

खामण-*(न०)* १. खामने की क्रिया । २. वह गीला आटा या मिट्टी जिससे किसी पात्र के ढक्कन की सांध को बंद किया जाता है । ३. अकर्मण्यता । निठल्लापन । ४. मौन । चुप ।

खामणियो-*(न०)* खाम करने के गोंद का बरतन । २. चूल्हे के आगड़ की पाली में हंडिया रखने के लिये बनाया हुआ छोटा गोल खड्डा ।

खामणी-दे० खामणियो ।

खामणो-*(क्रि०)* १. गीली मिट्टी आदि से किसी पात्र के ढक्कन को चिपका कर बंद करना । २. लिफाफे को (उसमें चिट्ठी डालकर) गोंद से चिपका कर बंद करना । *(न०)* १. शरीर की ऊँचाई । कद । २. आकार । *(वि०)* ठिगना । बौना । ठींगणो ।

खामी-*(ना०)* १. दोष । भूल । २. कमी । त्रुटि । न्यूनता । कसर । ३. घाटा । हानि । ४. दोष । कसूर । अपराध ।

खामीदार-*(वि०)* १. कसूरवार । अपराधी । दोषी । २. त्रुटित । खंडित । ३. भूलक ।

खामेड़ो-दे० खांभीड़ो ।

खामोश-*(वि०)* चुप । मौन ।

खामोशी-*(ना०)* १. चुप्पी । मौन । २. नीरवता ।

खायकी-*(ना०)* १. रिश्वत । घूंस । २. खाने का खर्चा ।

खार-*(न०)* १. क्रोध । गुस्सा । २. द्वेष । डाह । ३. दुश्मनी । ४. क्षार । ५. सज्जीखार । ६. सुहागा । सुहागाखार ।

खारक-*(ना०)* छुहारा । खारक ।

खारक-चोर-*(वि०)* १. भगलोभी । भग-प्रिय । २. कामी । *(न०)* कामी पुरुष ।

खारखंध-*(वि०)* क्रोधवाला । क्रोधी ।

खारच-*(वि०)* क्षार वाली (भूमि) ।

खारचिया-*(वि०)* साधारण खारे पानी की सिंचाई से उत्पन्न होने वाले (गेहूं) ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खारज–*(वि०)* १. बिगड़ा हुग्रा । २. कोर्ट द्वारा बेबुनियाद ठहराया गया (मुकदमा)। ३. बहिष्कृत । ४ रद्द किया हुग्रा ।

खारण–*(न०)* १. एक प्रकार का खट्टा गुड़ । खारी भूमि ।

खारभंजणा–*(न०)* ग्रफीम, शराब ग्रादि लेने के बाद मुँह का स्वाद सुधारने के लिए खाया जाने वाला सुपारी, खारक, इला-यची. मिसरी, पापड़ ग्रादि कोई खाद्य पदार्थ ।

खारवाळ–*(न०)* नमक उत्पन्न करने वाली एक जाति या उस जाति का व्यक्ति ।

खारवाळण–*(ना०)* खारवाळ की स्त्री ।

खारवाळी–*(ना०)* १. खारवाळ की स्त्री । २. दे० खाराळी । *(वि०)* १. क्षारवाली । २. क्रोधवाली । क्रोधी ।

खारवाळो–*(वि०)* १. क्षारवाला । २. क्रोध वाला । क्रोधी ।

खाराखेरो–*(न०)* बचे खुचे सामान का चूरा । २. बचाखुचा सामान ।

खारामीठा–*(वि०)* नमकीन ग्रौर मीठा । *(न०)* १. नमकीन ग्रौर मीठी वस्तु । २. दुख-सुख ।

खाराळी–*(ना०)* सोना चाँदी की झालन के छोटे छोटे टुकड़ों को उकाले हुए सुहाग के पानी के साथ रखने का एक छोटा प्रस्तर पात्र । सुहागा सहित टांका रखने का पात्र । क्षार वाली । *(वि०)* १. क्षार वाली । २. क्रोध वाली । क्रोधी ।

खारास–*(न०)* १. कुछ कुछ खारापन । २. खारापन ।

खारिज–दे० खारज ।

खारियो–*(न०)* १. बाजरी के सूखे डंठल । २. सज्जी का पानी डाल कर बनाया जानेवाला ग्राटे का खीच । ३. एक घास ।

खारी–*(वि०)* १. क्षारवाली । *(ना०)* मरु-स्थल का एक प्रदेश । २. राजस्थान की एक नदी । ३. डलिया । छाबड़ी ।

खारीलो–*(वि०)* १. क्रोधी । २. द्वेषी । ईर्ष्यालु ।

खारो–*(वि०)* १. क्रोधी । २. तेज । ३. जोशीला । ४. क्षार वाला । ५. नमकीन । ६. ग्रप्रिय । *(न०)* १. एक क्षार । पापड़ में डालने का खारा । २. लवण । नमक । ३. सुहागा ।

खारो-ग्राक–*(वि०)* ग्राक के समान कड़ुग्रा ग्रत्यन्त कड़ुग्रा । २. ग्रत्यन्त खारा ।

खारोळ–दे० खारवाळ ।

खाल–*(न०)* १. चमड़ा । २. धातु-पात्र के गिरने से उसमें पड़ जाने वाला खड्डा । मोच । ३. ढलाई । ढाल । ४. ढुलवीं जगह ।

खाळ–*(न०)* १. पानी का नाला । २. पानी की छोटी नाली । खाळी । मोरी ।

खालड़ियो–*(न०)* १. चमड़ा रंगने या कमाने वाला । २. चमड़े का व्यापार करने वाला ।

खालड़ी–*(ना०)* चमड़ी-त्वचा । चामड़ी ।

खालड़ो–*(न०)* चमड़ा । चामड़ो ।

खालणो–*(क्रि०)* १. धातु के पत्र या चद्दर के टुकड़े में खाल डालकर कटोरीनुमा बनाना । २. मारना ।

खालमो–*(ग्रव्य०)* १. मुफ्त में । यों ही । २. बिना कारण ।

खालसा–*(न०)* राजाग्रों की उपपत्नियों का एक प्रकार । २. रखेल । ३. दासी । ४. सिख सम्प्रदाय ।

खालसाई–*(वि०)* १. खालसे का । २. राज्य का । सरकारी ।

खालसो–*(न०)* १. राज्य सरकार । २. सर्व साधारण । *(वि०)* १. राज्य का । सरकारी । २. राज्य के ग्रधिकार का ।

खालसा होणो–*(मुहा०)* जमीन, गाँव, देश ग्रादि का जब्त होना । जागीरदार का कब्जा हटकर किसी जमीन, गाँव ग्रादि का सरकारी कब्जे में ले लिया जाना ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खालिक–*(न०)* सर्जनहारा । सृष्टिकर्ता ।

खाळिया करणो–*(मुहा०)*अन्याय के विरुद्ध धरना देकर अपने ही हाथ से अपना सिर काट कर बलिदान हो जाना । **चांदी करणो** ।

खालियो–*(न०)* घाव ।

खाळियो–*(न०)* पानी की नाली ।

खालिस–*(वि०)* निखालिस । शुद्ध ।

खाली–*(वि०)* १. रिक्त । खाली ठाली । २. निठल्ला । बेकार । ३. व्यर्थ । ४. निर्धन । *(क्रि०वि०)* १. मात्र । केवल । २. योंही । ऐसे ही ।

खाळी–*(ना०)* पानी की नाली । मोरी । **नाळी** ।

खालीखम–*(वि०)* बिलकुल खाली ।

खाळीदो–*(वि०)* निद्रावश ।

खालीपीली–*(अव्य०)* बिना कारण । व्यर्थ ।

खाळू–*(न०)* १. खेल का साथी । खेल में अपने अपने पक्ष का सहयोगी । २. कबड्डी का साथी खिलाड़ी । **खेळू** ।

खाळो–*(न०)* गंदे पानी का नाला । २. नाला । **नाळो** ।

खावणखंडो–दे० खावणसूरो ।

'खावणसूरो–*(वि०)* बहुत खाने वाला । खाने में शूरवीर । खाऊ ।

खावणियो–*(वि०)* १. खाने वाला । २. उपभोग करने वाला । ३. सहन करने वाला ।

खावणो–*(क्रि०)* १. खाना । भोजन करना । २. सहनकरना । उदा०मार खावणो । ३. सेवन करना । उदा० हवा खावणो । ४. छींक, दम, उबासी आदि खाना । ५. हजम करना । हड़प करना ।

खावणो-पीवणो–दे० खाणो पीणो ।

खावतो-पीवतो–दे० खातो-पीतो ।

खावंद–*(न०)* १. पति । खाविंद । २. मालिक । **धणी** ।

खावाळ–*(वि०)* खाने वाला ।

खावाळी–*(ना०)* खाने की इच्छा ।

खाविंद–दे० खावंद ।

खास–*(वि०)* १. स्वयं । मुख्य । विशेष । ३. निजका । अपना । आत्मीय । *(न०)* खांसी । कफ ।

खास करनै–*(अव्य०)*खासकर । विशेषतः । प्रधानतः ।

खासखेळी–*(अव्य०)* १. खास आदमियों की मंडली । अपनी मंडली । २. आनंद-गोष्ठी ।

खासड़ो–*(न०)* १. जूता । २. फटा-पुराना जूता ।

खास ड्योढी–*(ना०)* १. रानियों के रहने का स्थान । २. राजमहल का खास द्वार ।

खास नवीस–*(न०)*१. नवीसंदों का ऊपरी । २. गुप्त बातों का लिखने वाला । ३. राजा का निजी लेखक ।

खासियत–*(ना०)* १. विशेषता । २. गुण ।

खासी–*(ना०)* रानी से संबंधित, यथा–खासी डावड़ी ।*(वि०)*१. बहुत । अधिक । खूब । २. बढ़िया । ३. बराबर ।

खासी डावड़ी–*(ना०)* रानी की मानीती और विश्वासपात्र दासी ।

खासीताळ–*(अव्य०)* १. बहुत देर । अति विलम्ब । २. बहुत समय ।

खासो–*(वि०)* १. राजा से संबंधित वस्तुओं का विशेषण । राजा का, यथा-खासोथाळ खासो घोड़ो, खासो हाथी, खासो भंडो, खासो नौकर इत्यादि । २. अधिक । ३. बहुत सा । ४. खूब । भला । बराबर । ५. बढ़िया ।

खासो घोड़ो–*(न०)* राजा की सवारी का घोड़ा ।

खासो भंडो–*(न०)* युद्ध अथवा सवारी के समय साथ रहने वाला राजा का निजी भंडा ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खासो थाळ-*(न०)* राजा के लिए परोसा जाने वाला थाल। राजा का भोजन।
खासो नौकर-*(न०)* राजा के हरदम पास रहने वाला नौकर। २. राजा का निजी विश्वसनीय नौकर।
खाहड़ो-*दे०* खासड़ो।
खाहिस-*दे०* ख्वाहिश।
खाँ-*(न०)* १. मुसलमान। २. खान। पठान। *(अव्य०)* मुसलमानों के नामों के अंत में लगने वाला एक शब्द।
खाँख-*(ना०)* कांख। बगल।
खाँखळ-*(ना०)* आकाश में छाई हुई गर्द।
खाँखळणो-*(क्रि०)* आकाश में धूल छा जाना।
खाँखळियो-*(वि०)* धूल से आच्छादित। रजाच्छादित।
खाँगड़ो-*(न०)* राठौड़ राजपूत। *(वि०)* १. बांका वीर। २. उद्दण्ड। ३. टेढ़ा।
खाँगली-*(वि०)* टेढ़े सींगों वाली। (गाय)
खाँगी-*(वि०)* १. टेढ़ी। बाँकी। २. टेढ़े सींगों वाली। ३. वीरांगना।
खाँगीबंध-*(न०)* १. राठौड़ राजपूत। २. राठौड़ राजपूतों का एक विरुद।
खाँगो-*(वि०)* १. टेढ़ा। बाँका। वक्र। २. वीर। बहादुर।
खाँगो-बाँको-*(वि०)* टेढ़ा-मेढ़ा।
खाँच-*(ना०)* १. स्त्रियों के बाहु-मूल से कोहनी तक का भाग जिसमें गावदुम हाथीदांत की चूड़ियों का सैट पहना जाता है। *दे०* खांच-रो-चूड़ो। २. तंगी। संकीर्णता। ३. घाटा। हानि। ४. कोना। ५. मोड़। खांचा। ६. मनुहार। आग्रह।
खाँचखूंच-*(ना०)* १. छोटी-मोटी त्रुटि। कोर-कसर। न्यूनता। २. बारीकी। गहराई।
खाँचणो-*(क्रि०)* १. खींचना। घसीटना। २. म्यान में से शस्त्र बाहर निकालना। ३. भभके से अर्क शराब आदि बनाना। ४. रेखा बनाना।
खाँच-रो-चूड़ो-*(न०)* खांच में पहिना जाने वाला हाथी दांत की गावदुम चूड़ियों का सैट।
खाँचा-ताण-*(ना०)* १. किसी वस्तु को प्राप्त करने के लिये एक दूसरे के विरुद्ध किया जाने वाला प्रयास। खींचाखींची। २. छीना-झपटी। ३. मनुहार। ४. किसी शब्द अथवा वाक्य का जबरदस्ती से किया जाने वाला भिन्न अर्थ का प्रयास। काल्पनिक अभिप्राय निकालने का प्रयास।
खाँचा ताणी-*दे०* खांचाताण।
खाँचायत-*(वि०)* १. खींचने वाला। २. तंगी वाला। कमी वाला। ३. खींचा जाने वाला।
खाँचो-*(न०)* १. मोड़। २. कटाव। ३. सँकरा रास्ता। ४. नुक्कड़। ५. निकलता हुआ कोना। आगे निकला हुआ भाग।
खाँट-*(न०)* भील-मैणा आदि लूट-खसोट व शिकार करने वाली जातियों का समूह। *(वि०)* १. लातें मारती दूध देने वाली। (गाय) २. दूध नहीं देने वाली। (गाय) ३. धूर्त। काँइया।
खाँट गाय-*(ना०)* आसानी से दूध नहीं दुहाने वाली गाय।
खाँट जात-*दे०* खांट। *(न०)*।
खाँड-*(ना०)* १. शक्कर। २. चीनी।
खाँडणियो-*(न०)* मूसल। सांबेलो। *(वि०)* १. खाँडने वाला। मूसल से कूटने वाला। २. नाश करने वाला।
खाँडणी-*(ना०)* १. ओखली। ऊखळ। २. छोटा मूसल।
खाँडणो-*(क्रि०)* १. धान्य या किसी वस्तु को ओखली में मूसल से या इमामदस्ते से कूटना। २. मारना ३. नाश करना। ४. भाले से मारना। ४. सवारी ऊंट का कूदते हुए चलना। *(न०)* मूसल। *(वि०)*

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

१. खाडने वाला। मूसल से कूटने वाला। २. कूदते हुये चलने या दौड़ने वाला (सवारी ऊंट)। ३. मारने वाला। नाश करने वाला।

खाँड दारस–दे० खाँडबारो।

खाँडबारो–(न०) बारहवें दिन किया जाने वाला मृत्यु-भोज। **औसर**। **नुकतो**। **मोसर**।

खाँडरणो–(क्रि०) १. नाश करना। २. मारना। ३. टुकड़े करना।

खाँडव–(न०)१.एक वन का नाम (पुराण)।

खाँडाधर–(वि०) शस्त्रधारी।

खाँडाळी–(वि०) टूटे हुए सींगों वाली। (गाय, भैंस आदि)

खाँडियो–(वि०) १. खंडित सींगों वाला। (ढोर) २. विकलांग। खांडा।

खाँडाळो–(वि०) खड्गधारी।

खाँडी–(वि०) खंडित। (ना०) १. एक तौल। २. एक माप।

खाँडेराव–(वि०) १. तलवार चलाने में प्रवीण। २. खड्गधारी।

खाँडेल–(वि०) खड्गधारी।

खाँडो–(न०) १. तलवार। २. दुधारी तलवार। (वि०) १. खंडित। खाँडा। टूटा हुआ। २. अपूर्ण।

खाँडो-खोचरो-(वि०) टूटा-फूटा।

खाँत–(ना०) १. तीव्र इच्छा। २. लगन। ३. चतुरता। ४. रुचि। ५. विवेक बुद्धि। ६. उत्कंठा। ७. सावधानी। होशियारी। ८. सावधानी से काम करने का गुण। ९. देख रेख। निगहबानी। १०. शौक। ११. उमंग।

खाँतीलो–(वि०) १. तीव्र उत्साह व इच्छा वाला। २. जानने वाला ३. जिज्ञासु। ४. रसिक। ५. बहुज्ञ। ६. चतुर। ७. खाँत से काम करने वाला। (अव्य०) विवाह संबंधी लोकगीतों के नायक का एक विशेषण।

खाँदेड़ी–दे० खानेड़ी।

खाँध–(ना०) १. कंधा। २. पशु की गरदन। ३. अरथी को कंधे पर उठाने का भाव।

खाँधियो–(न०) शव की रथी को कंधे पर उठा कर श्मशान ले जाने वाला। अरथी ढोने वाला। कंधा देने वाला।

खाँधो–(न०) १. कंधा। २. बैल की गरदन।

खाँधोळो–(न०) १. कंधा। २. जुए की लंबी लकड़ी के बूंगों (सिरों) के पास ऊपर की ओर उठा हुआ भाग।

खाँप–(ना०) १. कुल-शाखा। २. वंश। ३. गोत्र। ४. जाति। ५. फल की लंबी चीरी। ६. छील कर बनाया हुआ बाँस का चिपटा टुकड़ा। **खपची**। **चीप**।

खाँपण–(न०) कफन।

खाँपो–(न०) १. टूटी हुई डाल के तने से लगा रहने वाला ठूंठ। गुत्थ। २. ज्वार बाजरी आदि के डंठलों का वह नीचे का भाग जो फसल काटने पर भी जमीन में लगा रहता है। **घोचो**। (वि०) १.झगड़ालू। लड़ाकू। २.उजड्ड। गँवार।

खाँपो-खरड़ो–दे० खाँपो-खीलो।

खाँपो-खीलो–(वि०) खांपा और कील के समान चुभने वाला। दुखदायी। दुष्ट। २. कलहप्रिय। झगड़ालू। **खीलोखाँपो**।

खाँभ–(ना०) १. पर्वत का मोड़। २. दो पर्वतों के मध्य का भाग ३. पहाड़ी ढलाव। ४. पहाड़ का भीतर घुसा हुआ भाग। ५. तलहटी। ६. कुँए में से पानी निकाले जाने वाले चरस की लाव (रस्से) की कीली।

खांभणो–(क्रि०) १. ठहराना। २. रोकना। ३. खड़ा करना। ४. मारना।

खाँभियो–(न०)१. दे० खाँभीड़ो। खामेड़ो। २. नट। (वि०) शव की रथी को कंधे पर उठाने वाला। **खाँधियो**।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खांभी–दे० खांभीड़ो । २. स्मृति स्तम्भ । स्मारक ।

खांभीड़ो–*(वि०)* कुँए में से चड़स निकालने के लिये बैलों को हाँकने वाला व्यक्ति । पुरहा । २. बैलों के द्वारा कुँए में से पानी निकालने की लाव की कीली निकालने वाला व्यक्ति । खांभो । कोलियो । खामेड़ो ।

खांवचाई–दे० खामचाई ।

खांसड़ो–*(न०)* १. जूता । २. फटा-पुराना जूता । खाहड़ो ।

खांसणो–*(क्रि०)* खाँसना ।

खांसी–*(ना०)* १. गले में अटके हुए कफ को बाहर निकालने की क्रिया । २. कास रोग । खांसी । धांसो ।

खिचड़ी–दे० खीचड़ी ।

खिचता–*(ना०)* क्षमा ।

खिजणो–दे० खीजणो ।

खिजमत–*(ना०)* १. हजामत । क्षौर । २. सेवा । चाकरी । खिदमत ।

खिजा–*(ना०)* पतझड़ । खिजां । पानखर । २. पतन । अवनति ।

खिजाणो–दे० खिजावणो ।

खिजावणो–*(क्रि०)* १. क्रोधित करना । २. चिढ़ाना । खिजाना । तंग करना ।

खिजी–*(न०)* ऊंट ।

खिजूर–*(ना०)* खजूर ।

खिड़क–*(ना०)* १. कंटक तृणों से बने हुये फलसे का अर्गल-डंडा । २. खिड़की । द्वार । ३. अव्यवस्थित ढेर । ४. ढेर । राशि । ५. वस्तु के अंग या सीमा से बाहर निकला हुआ किनारा । बाहर की ओर झुका हुआ भाग । *(वि०)* अलंकृत ।

खिड़कणो–*(क्रि०)* १. चिनना । २. तरकीब से रखना । ३. ढेर लगाना ।

खिड़कियापाघ–*(ना०)* मध्यकालीन राजाओं के आंगीजामा पहनते समय धारण की जाने वाली पगड़ी जिसका आगे का भाग खिड़क की तरह उठा रहता था जिसमें तुर्रा, सेली, कलगी और सिरपेच आदि लगे रहते थे । खिड़कदार पघड़ी । २. इसी प्रकार की दूल्हे की पघड़ी ।

खिड़की–*(ना०)* १. किवाड़ । २. झरोखा । ३. द्वार । दरवाजा । ४. घर । ५. वंश ।

खिण–*(न०)* एक पल । समय का चौथा भाग । क्षण । *(ना०)* हठ करने की आदत ।

खिणक–*(ना०)* १. बिजली । २. क्षण । *(अव्य०)* क्षण भर में । क्षण में ।

खिणका–*(ना०)* १. बिजली । २. झूठी रुलाई ।

खिणणो–*(क्रि०)* १. नाश करना । मारना । २. खुजाना । ३. खोदना ।

खिणदा–*(ना०)* रात ।

खिणवाणो–*(क्रि०)* १. खुदवाना । २. हटवाना । ३. तुड़वाना ।

खिणांतरि–*(अव्य०)* क्षण भर के बाद । थोड़ी देर के बाद । क्षणान्तर ।

खिणाणो–दे० खिणावणो ।

खिणावणो–*(क्रि०)* १. खुदवाना । २. हटवाना । ३. तुड़वाना ।

खिणेक–*(क्रि०वि०)* क्षणेक । क्षण भर । थोड़ी देर ।

खित–*(ना०)* १. पृथ्वी । क्षिति । २. क्षेत्र । ३. घन ।

खितज–*(न०)* १. क्षितिज । २. वृक्ष ।

खितजा–*(ना०)* क्षितिजा । सीता ।

खितधर–*(न०)* पर्वत । क्षितिधर ।

खितप–*(न०)* राजा ।

खितपाळ–*(न०)* १. क्षेत्रपाल । २. राजा ।

खितपुड़–*(न०)* पृथ्वीतल ।

खितबो–*(न०)* १. पद । ओहदा । रुतबा । २ प्रतिष्ठा । ३. प्रशंसा ।

खितरू–*(न०)* क्षितिरुह । वृक्ष ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खिताब-(न०) उपाधि। पदवी।
खिति-दे० खित।
खितिज-(न०) वह दृश्य जहाँ धरती और आकाश मिले हुये दिखाई देते हैं। क्षितिज। २. वृक्ष।
खिदमत-(ना०) सेवा। चाकरी। टहल।
खिदमतगार-(न०) सेवक। नौकर।
खिनाणो-(क्रि०) १. भेजना। २. भिजवाना। ३. उठवाना। ४. उचवाना।
खिनावणो-दे० खिनाणो।
खिपा-(ना०) रात। क्षिपा।
खिमण-दे० खिवण।
खिमणो-दे० खमणो।
खिमता-दे० खमता।
खिमा-दे० खमा।
खिमावंत-(वि०) १. क्षमावंत। दयालु। २. क्षमा करने वाला। ३. शांत प्रकृति। ४. गंभीर। धीर।
खिमिया-(ना०) १. क्षमा। २. देवी। शक्ति। ३. पृथ्वी।
खिमियावान-(वि०) १. क्षमा करने वाला। क्षमावान। २. शांत प्रकृति। गंभीर। धीर। ४. दयालु।
खिमियावाळो-दे० खिमियावान।
खिरणियो-(न०) वाड़ करने के काम में ली जाने वाली शमी आदि कँटीले वृक्षों की काटी हुई शाखा। खरणियो।
खिरणी-(ना०) एक वृक्ष और उसका फल। रायण। खिरनी। दे० खरणी।
खिरणो-(क्रि०) वृक्ष से पत्ते, फूल आदि का नीचे गिरना। २. गिरना। झड़ना।
खिराज-(ना०) १. राजस्व। खंडी।
खिल-(ना०) १. खेत में पहली खेड़न। २. विकसित होती हुई खेती। बाल कृषि। ३. बिना जुती भूमि।
खिलअत-दे० खिल्लत।
खिलकत-(ना०) सृष्टि। संसार।
खिलको-(न०) १. अनुचित हँसी-मजाक। २. तमाशा। हँसी। खेल। ३. तमाशबीनों की भीड़। ४. वातावरण। ५. अव्यवस्था।
खिलणो-(क्रि०) १. विकसित होना। खिलना। फूलना। २. फबना। शोभा देना।
खिलदार-(वि०) १. खिलाड़ी। २. ख्याल रखने वाला। ३. ख्याल-अभिनय करने वाला।
खिलवत-(ना०) १. आमोद-प्रमोद। हँसी-खुशी। २. आमोद-प्रमोद की गोष्ठी। ३. एकान्त स्थान। खिलवत। ४. खेल-तमाशा।
खिलवाड़-(ना०) १. खेल। तमाशा। कौतुक। २. जिसको करने में कोई तकलीफ का अनुभव न हो, ऐसा साधारण काम।
खिलहरी-दे० खिलोरी।
खिलाड़-दे० खेलाड़।
खिलाड़ी-दे० खेलाड़ी।
खिलाणो-(क्रि०) १ खिलाना। भोजन कराना। २. खेलने देना। ३. विकसित करना।
खिलाफ-(वि०) विरुद्ध। प्रतिकूल।
खिलाफत-(ना०) विरुद्धता। प्रतिकूलता।
खिलियार-(वि०) १. खिलाड़ी। २. रणरसिक। युद्ध कुशल। युद्ध का खिलाड़ी।
खिलोणो-(न०) खिलौना। रमकड़ो। रामतियो।
खिलोरी-(न०) १. जंगली मनुष्य। २. असभ्य व्यक्ति। ३. भेड़-बकरी चराने वाला व्यक्ति। गड़रिया। रबारी।
खिल्लत-(ना०) वे वस्त्रादि जो बादशाह की ओर से किसी राजा आदि को उसके सम्मानार्थ उपहार में दिये जाते हैं। खिलअत।
खिल्ली-(ना०) हँसी। मजाक। दिल्लगी।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खिल्लो-खिल्ल-*(न०)* १. एक का दूसरे में समा जाने से उत्पन्न एक रूपता। समान रूप। एक रूप। २. अभिन्नता। ३. गाढ़ मिलन।

खिवण-*(ना०)* बिजली। चपला। विद्युत।

खिवणो-*(क्रि०)* १. बिजली का चमकना। २. आक्रमण करना। ३. झपटना। ४. क्रोध करना।

खिसकणो-*दे०* खसकणो।

खिसकाणो-*दे०* खसकाणो।

खिसकावणो-*दे०* खसकाणो।

खिसण-*दे०* खसण।

खिसणो-*दे०* खसणो।

खिसाणो-*(वि०)* १. लज्जित। शर्मिन्दा। *(क्रि०)* १. लज्जित करना। २. खिसकना। पीछे हटना। *(क्रि०भू०)* लज्जित हुआ।

खिहाणो-*दे०* खिसाणो।

खिंचणो १. तनना। २. आकर्षित होना। ३. घसीटा जाना। ४. अंकित होना। ५. अंकित करना।

खिंचाई-*(ना०)* १. खींचने की क्रिया या भाव। खींचने की मजदूरी।

खिंचाव-*(न०)* १. तनाव। २. मतभेद। ३. शत्रुता। ४. खींचने का काम या भाव।

खिंडणो-*(क्रि०)* १. चलना। जाना। २. मरना। ३. तहस-नहस होना। ४. छित-राना। बिखरना। तितर-बितर होना। ५. ले जाना। ६. उठाना। ७. बिखेरना।

खिंडाणो-*(क्रि०)* १. बिखराना। छितराना। तितर-बितर करना। २. तहस-नहस करना। ३. उठवाना। ४. ले जाना।

खिंदाणो-*दे०* खिंडाणो।

खिंवण-*(ना०)* बिजली।

खिंवणो-*(क्रि०)* १. बिजली का चमकना। २. क्रोध करना।

खीच-*(न०)* छड़े हुये बाजरी या गेहूँ को दाल के साथ पका कर बनाया हुआ खिचड़ी जैसा एक खाद्यान्न। २. बाजरी की खिचड़ी।

खीच खबोड़-*(वि०)* १. खूब खीच खाने वाला। २. अधिक खाने वाला।

खीचड़-खोटो-*(न०)* १. ओखली में मूसल से खीच कूटने वाला। २. मूसल। **सांबीलो।**

खीचड़ वार-*(न०)* माघ मास की संक्रान्ति, जिस दिन सूर्य पूजा के निमित्त सात धान्यों का खीच और गुड़राब बनाई जाती है। मकरसंक्रान्ति। **संक-रांयत।** खीच खाने का दिन। **खीच, परब। खीचवार। खिचड़वार।**

खीचड़ी-*(ना०)* दाल और चावल सामिल पका कर बनाया जाने वाला एक खाद्यान्न। खिचड़ी।

खीचड़ी-लाग-*(न०)* जागीरदार का एक कर।

खीचड़ो-*दे०* खीच।

खीच परब-*दे०* खीचड़वार।

खीचवार-*दे०* खीचड़वार।

खीचियो-*(न०)* गेहूँ, ज्वार आदि के आटे को सज्जी के पानी में पका कर बना हुआ एक प्रकार का पापड़।

खीची-*(ना०)* १. चौहान राजपूतों की एक शाखा। *(न०)* २. खीची राजपूत।

खीचीवाड़ो-*(न०)* खीची राजपूतों की जागीरी का प्रदेश।

खीज-*(ना०)* १. क्रोध। गुस्सा। **रीस।** २. चिढ़। झुंझलाहट। ३. शीतकाल में ऊंट को आने वाली मस्ती। ऊंट की गर्जन।

खीजणो-*(क्रि०)* १. क्रोध करना। **रीसणो। रीस करणो।** २. खीजना। झुंझलाना। **चिड़णो।** ३. पश्चाताप करना। ४. ऊँट का मस्ती में आना।

खीजाणो-*(क्रि०)* १. क्रोधित होना। २. क्रोधित करना। **चिड़ाणो।**

खीजाळ-*(वि०)* क्रोध करने वाला। खीजने वाला। *(न०)* ऊँट।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खीजावणो–दे० खीजाणो ।

खीजियोड़ो–(वि०) १. क्रोधित । २. चिढ़ा हुआ । ३. शीतकाल में मस्ती में आया हुआ (ऊंट) ।

खीटणो–दे० खींटणो ।

खीण–(वि०) १. क्षीण । दुर्बल । २. सूक्ष्म । मंद । ३. कृश । पतला । ४. जो क्षीण हो गया हो । जो घट गया हो ।

खीणता–(ना०) क्षीणता । दुर्बलता । **दुबळाई** ।

खीनखाप–(न०) एक प्रकार का बढ़िया कपड़ा ।

खीप–दे० खींप ।

खीमर–दे० खींवर ।

खीर–(ना०) १. दूध । क्षीर । २. दूध में चावल डालकर बनाया जाने वाला एक भोज्य पदार्थ । क्षीर । तस्मई । हविष्य ।

खीरकंठ–(न०) बालक । क्षीरकंठ । **बोबो-धावणियो । थण-चूंघणियो ।**

खीरज–(न०) दही ।

खीर सागर–(न०)१. क्षीर सागर । २.खीर आदि द्रव पदार्थ परोसने का एक पात्र ।

खीरो–(न०) जलता हुआ कोयला । अंगारा ।

खील–(न०) २. मुंहासा । २. चक्की के नीचे के पाट में बीच में लगी कील । ३. मेख । कील । ४. एक प्रकार का व्रण जिसमें से चावल जैसी कील निकलती है । ५. व्रण की कील । ६. भुना हुआ अन्न ।

खीलणो–(क्रि०) १. खिलना । फूलना । २. मंत्र के प्रभाव से प्रेतादि के आवेश को रोकना । कीलना । ३. किसी वस्त्र के दो लम्बे टुकड़ों को इस प्रकार सीना कि दोनों के किनारे मुड़े नहीं । डँडियाना ।

खील-मांकड़ी–(ना०) चक्की के ऊपर वाले पाटे के बीच की लकड़ी और नीचे वाले पाट की खूंटी जो ऊपर वाले पाट की लकड़ी में बनाये हुये खड्डे में इस प्रकार अटकी रहती है कि जिससे ऊपर वाला पाट आसानी से घुमाया जा सके । खील और मांकड़ी ।

खीली–(ना०) १. कील । मेख । **चूंक** । २. खूंटी ।

खीली करणो–(मुहा०) १. दुख देना । २. चिढ़ाना ।

खीली खटको–(न०) भय । डर ।

खीलो–(न०) १. बड़ी कील । मेख । २. लंबा और पतला आदमी ।

खीलो-खांपो–दे० खांपो-खीलो ।

खीलोरी–(वि०) १. जंगली । २. उजड्ड । (न०) गड़रिया ।

खीवर–(न०) सुभट । वीर ।

खीस–दे० खीसी ।

खीसी–(ना०) शमीवृक्ष की मंजरी । खेजड़ी की मंजरी । **मींजर** ।

खीसो–(न०) जेब । खूंजियो । गूंजियो ।

खींखरो–(वि०) १. अति वृद्ध । **डैण** । **डोकरड़ो** । १. जीर्ण । **बोदो** । (न०) १. जंगल । वन । २. घास । **चारो** ।

खींच–(ना०) १. खिचाव । तनाव । २. आकर्षण । ३. आग्रह । ४. कमी । **तंगी** ।

खींचणो–(क्रि०) १. खींचना । घसीटना । २. म्यान से तलवार को बाहर निकालना । ३. भभके से शराब आदि बनाना । ४. लकीर काढ़ना । रेखा बनाना । **ओळी-काढणो** ।

खींचा-खींच–(ना०) १. खींचातानी । २. आग्रह । ३. तंगी । कमी ।

खींचा-खींची–दे० खींचा-खींच ।

खींचाताण–(ना०) १. किसी वस्तु को प्राप्त करने के लिये दो में से एक दूसरे के विरुद्ध किया जाने वाला उद्योग । खींचा-खींची । २. शब्द तथा वाक्य का क्लिष्ट कल्पना के सहारे या जबरदस्ती

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

भिन्न अर्थ करना। ३. आग्रह। ४. दुराग्रह।

खींचा-ताणी–दे० खींचाताण।

खींचीजणो-(क्रि०) १. खींचा जाना। २. घसीटा जाना।

खींजो–(न०) जेब।

खींटणो–(क्रि०) १. तोड़ना। २. क्रोध करना।

खींडणो-(क्रि०) बिखेरना। फैलाना। दे० खिंडणो।

खींप-(न०) लम्बी और पतली सींकों तथा बिना पत्तों वाला एक क्षुप।

खींपड़ो–दे० खींप।

खींपोली–(ना०) खींप की फली।

खींवर–(वि०) शूरवीर। बहादुर।

खींवळ–(न०) एक आभूषण।

खुक–(ना०) १. पानी पीने की अधिक इच्छा। अधिक प्यास। २. गरमी या या बुखार के कारण गले में उत्पन्न होने वाली खुश्की और प्यास। ३. खुश्की।

खुख–दे० खुक।

खुजळी–(ना०) खुजली। खाज।

खुजाळ-(ना०) १. खुजली। २. कामेच्छा। ३. किसी अनुचित काम की प्रवृत्ति।

खुजाळणो–(क्रि०) खुजलाना। खिणणो।

खुटणो-(क्रि०) १. कम होना। घट जाना। २. समाप्त होना। ३. पूरा नहीं होना। कम पड़ जाना।

खुटहड़–(वि०)१. जबरदस्त। २.नालायक।

खुटाड़णो–(क्रि०) १. कम करवा देना। घटवा देना। खुटवा देना। २. समाप्त करवाना। ३. समाप्त करना। ४. कम करना।

खुटाणो–दे० खुटाड़णो।

खुटावणो–दे० खुटाड़णो।

खुड–(ना०) अर्ध पथरीली (और ऊँची-नीची) भूमि में बनी हुई गुफा। खोह। खुड्डो।

खुड़कणो–(क्रि०) बजना। शब्द करना। खुड़का होना।

खुड़को–(न०) आवाज। शब्द।

खुड़खोज–दे० खुरखोज।

खुड़ताल–दे० खड़ताल।

खुड़ताळ–दे० खड़ताल।

खुड़द–(न०)१. संहार। नाश। २. टुकड़ा। ३. छोटा। खुर्द।

खुड़द साणोर–(न०) एक डिंगल छंद।

खुड़दा-खुड़दा–(अव्य०) १. टुकड़े-टुकड़े। २. जुड़े हुये भागों का अलग होना।

खुड़दियो–(वि०) परचुनिया।

खुड़दो–(न०) १. चूरा। टुकड़ा। २. खुर्दा। रेजगारी। खुदरा।

खुड़दो करणो–(मुहा०) १. धन उड़ा कर खतम करना। २. तोड़ना। ३. नाश करना।

खुड़पगी–दे० खुरड़पगी।

खुड़पगो–दे० खुरड़पगो।

खुड़ाणो–(क्रि०) लंगड़ाना।

खुड़ावणो–दे० खुड़ाणो।

खुडी–(ना०) १. छोटा घर। २. थेपड़ियों (उपलों) को खड़ा करके सोने चाँदी को गलाने के लिये बनाया जाने वाला एक शिखराकार।

खुडीबिगाड़–(वि०) १. सभा में विघ्न उत्पन्न करने वाला। सभा बिगाड़। २. घर घालक। घर बिगाड़।

खुड्डी–(ना०) छोटी छोटी कोटरियों वाला घर। छोटा घर। खुडिया।

खुड्डो–(न०) १. पक्की मिट्टी का टीबा। २. ऐसे टीबे को खोद कर बनाया हुआ घर या गुफा। ३. अर्ध पथरीली भूमि में बनी हुई गुफा। खोह। ४. कबूतर और मुर्गा-मुर्गी को रखने का घर। खाना। दड़बा।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खुणखुणियो-(न०) १. खनखन आवाज करने वाला खिलौना। रमकड़ो।
खुणचो-(न०) नाज आदि सूखा पदार्थ लेने के लिये बनाई जाने वाली हाथ की अंजलि। खबचो।
खुणस-ना०) १. शत्रुता। २. द्वेष। ३. क्रोध। ४. शक। अंदेशा। ५. आदत। ६. खराब आदत।
खुणसो-दे० खुणचो।
खुद-(सर्व०) स्वयं। आप।
खुदकाश्त-(ना०) १. अपनी ही जमीन में की जाने वाली काश्त। २. खुद की ही भूमि को जोतने वाला काश्तकार।
खुदकुशी-(ना०) आत्महत्या। आपघात।
खुदगरज-(वि०) स्वार्थी। मतलबी। खुद-गरज।
खुदगरजी-(ना०) स्वार्थ परता। (वि०) खुदगरज। स्वार्थी।
खुदणो-(क्रि०) खोदा जाना।
खुद बखुद-(वि०) १. अपने आप। २. आप खुद।
खुद मुख्तार-(वि०) स्वतंत्र।
खुद मुख्तारी-(ना०) स्वतंत्रता।
खुदवाई-(ना०) १. खोदने का काम। २. खोदने की मजदूरी।
खुदवाणो-(क्रि०) खुदवाना। खोदने का काम करवाना।
खुदा-(न०) ईश्वर।
खुदाणो-दे० खुदावणो।
खुदालम-दे० खूंवालम।
खुदावणो-(क्रि०) खुदवाना।
खुदावंद-(न०) १. खुदा। परमेश्वर। २. महाशय।
खुदिया-दे० खुधा।
खुदी-(ना०) १. अहंभाव। २. अभिमान।
खुदोखुद-(वि०) १. अपने आप। २. आप खुद।
खुद्या-दे० खुधा।
खुधा-(ना०) क्षुधा। भूख।
खुधाळ-दे० खुधावंत।
खुधावंत-(वि०) भूखा। क्षुधावंत।
खुधिया-(ना०) क्षुधा। भूख।
खुध्या-दे० खुधिया।
खुपरी-(ना०) १. खोपड़ी। २. किसी कड़ी गोलाकार वस्तु का ऊपरी आवरण। ३. गूदा निकाले हुये मतीरे के ऊपर का मोटा छिलका अथवा उसका आधा भाग।
खुफिया-(वि०) गुप्त। छिपा हुआ।
खुभणो-(क्रि०) चुभना। घँसना। गड़ना। खुभणो।
खुभाणो-(क्रि०) चुभाना। घँसाना। चुभा-वणो।
खुभावणो-दे० खुभाणो।
खुमरी-(ना०) एक चिड़िया।
खुमाणरासो-(न०)दलपतविजय द्वारा रचा हुआ मेवाड़ के इतिहास का एक डिंगल काव्य ग्रंथ।
खुमाणी-(ना०) एक मेवा। खुरबाणी।
खुमाणो-(वि०) नशा किया हुआ। नशीला। खुमारियो। (न०) मेवाड़ के अधिपति रावळ खुमान के वंशज।
खुमार-दे० खुमारी।
खुमारियो-(वि०) नशा किया हुआ। नशीला।
खुमारी-१. नशा। २. नशे का उतार। ३. अधूरी नींद। ४. भोजन के बाद की सुस्ती।
खुर-(न०) १. सींग वाले चौपायों के पैर की दो भागों में विभक्त टाप। गाय, भैंस आदि के पैर का नख। घोड़े आदि पशुओं के पैर का वह बिना फटा नख भाग जो जमीन पर पड़ता है। सुम। टाप। क्षुर। २. पैर। पाँव।
खुरखूं-(ना०) धरती।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खुरखोज-*(ना०)* १. शोध। पता। २. जाँच। पूछताछ। ३. पदचिन्ह। खोज।

खुरचण-*(ना०)* १. कड़ाही, हाँडी आदि में से खुरच कर निकाला गया खाद्यान्न। खुरचन। २. गरम किये हुये दूध के पात्र में से खुरच कर निकाला हुआ अंश। ३. कड़ाह में रखा जाने वाला नाई का भोज्य-नेग। पकाये गये पक्वान्न का कड़ाह में रखा जाने वाला नाई के नेग का शेष भाग।

खुरचणियो-*(न०)* छोटा खुरपा। खुरचनी। पलटा।

खुरचणो-दे० खुरचणियो। *(क्रि०)* किसी जमी हुई वस्तु को छील कर अलग करना। खुरचना। छुटाना।

खुरजी-*(ना०)* एक प्रकार का थैला।

खुरड़पगी-*(ना०)* वह स्त्री जिसके आने से-निवास करने से अनिष्ट और हानि होती हो।

खुरड़पगी-*(न०)* वह पुरुष जिसके पदार्पण से तथा आकार रहने से अमंगल और हानि होती हो।

खुरद-*(वि०)* छोटा। क्षुद्र। खुर्द।

खुरदम-*(न०)* गदहा।

खुरदरो-*(वि०)* जो चिकना न हो। खुरदरा।

खुरपियो-*(न०)* लोहे या पीतल की चपटी कलछी। लोहे या पीतल की खुरचनी। छोटा पलटा। खुरचणियो।

खुरपी-*(ना०)* १. घास छीलने-काटने का एक उपकरण। २. चमार का एक औजार।

खुरपो-*(न०)* खुरपा। क्षुरप्र। वड़ा पलटा। खुरचना।

खुरवाणी-दे० खुमाणी।

खुरमो-*(न०)* एक मिष्ठान्न। खुरमा।

खुररो-*(न०)* १. पशुओं के बालों में से मैल निकालने का एक उपकरण। २. ईंटों, पत्थरों से बँधा हुआ ढलुवाँ मार्ग। खुर्रा।

खुरसाड़ो दे० खुराड़ो।

खुरसाण-*(ना०)* १. शाण। सान। खरसान। २. घोड़ा। ३. सेना। ४. तलवार। ५. बादशाह। ६. मुसलमान। ७. खुरासान।

खुरसाणी-*(वि०)* खुरासान का। *(न०)* मुसलमान।

खुरसी-*(ना०)* १. कुरसी। २. ओहदा। पद।

खुरंट-*(न०)* घाव के ऊपर की सूखी पपड़ी।

खुराक-*(ना०)* १. भोजन। २. भोजन-परिमाण। ३. औषधि-मात्रा।

खुराकी-*(ना०)* १. भोजन-व्यय। खुराक का नकद एवजाना। खुराक के लिये दिया जाने वाला नकद दाम। २. खुराक के एवजाने में की जाने वाली मजदूरी। ३. पारिश्रमिक एवजाना। ४. दैनिक वेतन। दैनिकी। दैनगी। *(वि०)* अधिक खाने वाला।

खुराड़ो-*(न०)* पशुओं के खुरों में होने वाला एक रोग।

खुराड़ो-मुराड़ो-*(न०)* पशुओं के खुरों और मुँह में होने वाला एक रोग।

खुरापाती-*(वि०)* १. उपद्रवी। झगड़ा। करने वाला। २. इधर-उधर की लगा कर झगड़ा कराने वाला।

खुरासाण-*(न०)* १. फारस का एक प्रांत। खुरासान। २. फारस का एक नगर। ३. मुसलमान। ४. बादशाह। ५. घोड़े की एक जाति।

खुरासाणी-*(वि०)* १. खुरासान का रहने वाला। खुरासानी। २. खुरासान से संबंधित, यथा-खुरासाणी अजमो। खुरासाणी घोड़ो। *(न०)* मुसलमान।

खुरासाणी अजमो-*(न०)* एक प्रकार का बढ़िया अजवाइन।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खुरींट-*(वि०)* १. वृद्ध । बूढ़ा । खुरीट । २. अनुभवी । खुरींट । ३. होशियार । चालाक ।

खुरियो-*(न०)* १. पैर । २. सद्य-जात पशु के बछड़े का खुर । ३. पशु का पैर ।

खुरिया करणो-*(मुहा०)* सद्यजात बछड़े के नरम खुरों को तोड़ कर छोटा करना ।

खुरी-*(ना०)* १. पशु का खुर । सुम । २. घोड़ा । ३. खुर वाला पशु । ४. घोड़े को फिराने की एक अभ्यास क्रिया । ५. आनंद । सुख । मौज । ६. पशुओं का खुर से भूमि खोदने या पग पटकने की क्रिया । ७. चुराए गये पशु को प्राप्त करने के लिये चोरों को दिया जाने वाला धन ।

खुरो-*(न०)* दे० खुररो १, २ । ३. सिर में मैल की पपड़ी जमने का एक रोग ।

खुलखुलियो-*(न०)* बच्चों को होने वाला सूखी खाँसी का एक रोग । कुकुर खाँसी । खाँसी ।

खुलणो-*(क्रि०)* १. आवरण हटना । खुलना । २. बंधन छूटना । ३. ताले में चाबी लगना । ४. शोभित होना । ५. आरंभ होना । ६. प्रचलित होना ।

खुळणो-*(क्रि०)* १. खौलना । गरम पानी का खौलना । २. गले से खाँसी के कफ का उखड़ना ।

खुलावणो-*(क्रि०)* खुलवाना ।

खुलास-*(वि०)* १. स्पष्ट । साफ-साफ । १. कुशादा । चौड़ा । विस्तृत (मकान) । ३. हवादार (मकान) ।

खुलासावार-*(अव्य०)* विवरण सहित । स्पष्टीकरण के साथ ।

खुलासो-*(न०)* १. स्पष्टीकरण । खुलासा । २. सार । निचोड़ । सारांश । *(वि०)* १. खुला हुआ । २. साफ-साफ । स्पष्ट ।

खुलो-*(वि०)* १. जो बँधा न हो । खुला हुआ । २. जो ढका न हो । खुला । ३. साफ-साफ । स्पष्ट ।

खुल्लमखुल्ला-*(अव्य०)* १. सबके सामने । खुले में । २. बिलकुल स्पष्ट ।

खुवाणो-*(क्रि०)* खिलाना ।

खुवार-*(वि०)* १. नष्ट । बरबाद । ख्वार । २. खराब ।

खुवारी-*(ना०)* ख्वारी । बरबादी ।

खुश-दे० खुस ।

खुशखबरीं-दे० खुसखबरी ।

खुशनसीब-*(वि०)* भाग्यशाली ।

खुशनसीबी-*(ना०)* सौभाग्य ।

खुशनुमा-*(वि०)* मनोहर । सुंदर ।

खुशबू-*(ना०)* सुगंध ।

खुशबूदार-*(वि०)* सुगंधित ।

खुशबख्ती-दे० खुसभगती ।

खुशमिजाज-*(वि०)* हमेशा प्रसन्न रहने वाला ।

खुशहाल-दे० खुस्याल ।

खुशहाली-दे० खुस्याली ।

खुशामद-दे० खुसामद ।

खुशी-दे० खुसी ।

खुश्क-दे० खुस्क ।

खुश्की-दे० खुस्की ।

खुस-*(वि०)* १. प्रसन्न । राजी । खुश । २. तंदुरुस्त । स्वस्थ ।

खुस करणो-*(मुहा०)* १. पसंद करना । चाहना । २. प्रसन्न करना । राजी करना । संतोष कराना ।

खुसकी-*(ना०)* १. खुश्की । स्थल मार्ग । २. पैदल चलना । ३. शुष्कता । खुश्की ।

खुसखबरी-*(ना०)* आनंद समाचार ।

खुसणो-*(क्रि०)* चुभना । धँसना ।

खुसबो-*(ना०)* खुशबू । सुगंध ।

खुसबोदार-*(वि०)* खुशबूदार । सुगंधित ।

खुसभगती-*(ना०)* खुशबख्ती । सद्भाग्य । २. बख्शिश । ३. अति प्रसन्नता ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खुसामद-*(ना०)* १. चापलूसी । खुशामद । २. झूठी प्रशंसा ।

खुसामदियो-*(वि०)* खुशामदी । चापलूस ।

खुसामदी-*(वि०)* खुशामद करने वाला । चापलूस । २. झूंठी प्रशंसा करने वाला । *(न०)* खुशामद । चापलूसी ।

खुसी-*(ना०)* १. खुशी । प्रसन्नता । २. इच्छा । मरजी *(वि०)* राजी । खुश ।

खुस्क-*(वि०)* १. शुष्क । सूखा । २. रूखा ।

खुस्की-दे० खुसकी ।

खुस्याल-*(वि०)* १. प्रसन्न । २. सब प्रकार से सुखी । खुशहाल । सम्पन्न । २ तंदुरुस्त ।

खुस्याली-*(ना०)* १. प्रसन्नता । खुशी । २. खुशहाली । ३. सुख । ४. सम्पन्नता । समृद्धि ।

खुंदालम-दे० खूंदालम ।

खुंभी-*(ना०)* १. थंभे के नीचे का भाग । थंभे के नीचे की चौकी । थंभे का आधार । २. वर्षा ऋतु में उत्पन्न । होने वाला सर्वांग में कोमल, सफेद, क्षुद्र, छतरी जैसा एक उद्‌भिद् । कुकुरमुत्ता । धरती का फूल । सांप की टोपी । खुमी । ढिंगरी । ३. कान का एक गहना ।

खू-*(न०)* १. दुष्काल । अकाळ । (उ०पांचों आठो दस पनरो खू पड़िया) २. पीड़ा । दुख । ३. क्रंदन । विलाप ।

खूटणो-दे० खुटणो ।

खूटल-दे० खूटोलो ।

खूटोड़ो-दे० खूटोलो ।

खूटोलो-*(वि०)* १. निर्धन । गरीब । दीन । २. दीनहीन । ३. मूर्ख । बेवकूफ । ४. अप्रामाणिक । झूठ बोलने वाला । ५. निकम्मा । ६. समाप्त । ७. हानिवाला । ८. कमीवाला । खूटोड़ो । ९. भूलवाला । १०. निर्लज्ज ।

खूणियो-*(न०)* कोना । खूणो ।

खूणी-*(ना०)* कोहनी ।

खूणै-खोचरै-*(अव्य०)* किसी कोने में । कोने में । इधर-उधर ।

खूणो-*(न०)* १. कोना । २. पति के मरने के बाद कुछ काल तक विधवा को कोने में बैठने का रिवाज । ३ ऐसी विधवा के बैठने का स्थान ।

खूणो-खोचरो-*(न०)* १. कोना-खांचा । २. काम में नहीं आनेवाला तथा काम में नहीं लिया जाने वाला घर का भाग । ३. एकान्त स्थान । *(अव्य०)* किसी कोने में । कोने में ।

खून-*(न०)* १. रक्त । लहू । लोही । २. हत्या । कत्ल । ३. अपराध । ४. बिगाड़ । ५. रक्त संबंध । वंश ।

खून करणो-*(मुहा०)* हत्या करना ।

खूनी-*(वि०)* १. खून करने वाला । घातक । हत्यारा । २. दोषी । अपराधी । ३. अत्याचारी । ४. खून से संबंधित । ५. खून से रंगा हुआ । रक्त रंजित ।

खूब-*(वि०)*१. बहुत । अधिक । २. बढ़िया । ३. कमाल ।

खूबसूरत-*(वि०)* रूपवान । सुंदर ।

खूबसूरती-*(ना०)* सुन्दरता ।

खूबाणी-*(ना०)* खूबानी । जरदालू । खुरबाणी ।

खूबी-*(ना०)* १. विशेषता । विलक्षणता । २. गुण । खूबी । ३. चतुराई । निपुणता । ४. अच्छापन । ५. मौज । मजा ।

खूम-*(न०)* १. मुसलमान । २. कृषक । ३. वस्त्र । ४. निम्न जाति या उस जाति का व्यक्ति ।

खूमचो-*(न०)* एक बड़ा थाल जिसमें मिठाई आदि खाने का सामान रख कर फेरी वाले बेचते हैं । खौंचा ।

खूमपोस-*(न०)* परोसे हुये भोजन के थाल को ढकने का वस्त्र ।

खूमाणो-*(न०)* रावल खुमान का वंशज शिशोदिया राजपूत ।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खूमो-*(न०)* १. वस्त्र । २. वस्त्र जलने की दुर्गंध ।

खूर-*(न०)* १. सेना । फौज । २. मुसलमान । यवन । ३. घोड़ा । ४. बाण । तीर । *(वि०)* दुष्ट ।

खूसट-*(वि०)* १. मूर्ख । बेवकूफ । २. वृद्ध । बूढ़ा ।

खूह-*(न०)* कुंआँ । कूप ।

खूंखरण-*(न०)* नाश । विनाश । *(वि०)* कुंआँ खोदने वाला ।

खूंखाट-*(ना०)* तेज आंधी और उसकी आवाज ।

खूंखार-*(वि०)* १. भयानक । डरावना । २. क्रूर । निर्दयी ।

खूंगाळो-*(ना०)* गले का एक आभूषण ।

खूंच-*(ना०)* १. नुक्कड़ । कोना । २. भूल । चूक । खामी । ३. नुक्स । दोष । ४. कमी । न्यूनता । ५. द्वेष । बैर ।

खूंचणा-*(न०)* १. दोष । ऐब । नुक्स । बुराई । २. कसर । कमी ।

खूंजियो-*(न०)* जेब । खीसो । गूंजियो ।

खूंजो-दे० खूंजियो ।

खूंट-*(ना०)* १. दिशा । २. ओर । तरफ । ३. कोना । ४. छोर । सिरा । ५. भाग । हिस्सा । ६. वंश या शाखा । ७. गांव या प्रदेश का एक छोर । *(अव्य०)* पूरा । ठीक । (नाप में) ।

खूंटणी-*(ना०)* खूंटने का काम ।

खूंटणो-*(क्रि०)* १. तोड़ना । २. चुनना । ३. उखाड़ना । ४. फूल पत्ते आदि तोड़ना ।

खूंटा-उपाड़-*(न०)* सभी लोग ।

खूंटा-उपाड़ नैतो-*(न०)* भोजन का वह निमंत्रण जिसमें कोई बाकी नहीं रहे । (बड़े भोज में) सभी घरों में दिया जाने वाला निमंत्रण ।

खूंटाणो-*(क्रि०)* तुड़वाना । चुनवाना ।

खूंटावणो-दे० खूंटाणो ।

खूंटारोप-*(वि०)* १. दृढ़ । मजबूत । २. पक्कावट ।

खूंटियो-*(न०)* १. खूंट (वंश की शाखा) का अधिकारी या प्रतिनिधि । २. मुखिया । प्रधान । ३. गांव का मुखी । ४. खूंटा । मेख । *(वि०)* १. नामी । प्रसिद्ध । प्रख्यात । २. खूंटे से बंधा रहने वाला ।

खूंटी-*(ना०)* १. कपड़े लटकाने के लिये दीवाल में लगी कील । २. कील । मेख । खूंटी । छोटा खूंटा । ४. दाढ़ी के बालों के वे अंकुर जो हजामत कराने पर रह जाते हैं ।

खूंटो ताण-*(ना०)* १. पांव लम्बे करके सीधे सोने की स्थिति । २. गाढ़ निद्रा ।

खूंटो-*(न०)* १. नुकीला दांत । शूल दांत । कालेठो । २. गाय-भैंस आदि बांधने की जमीन में गड़ी मोटी लकड़ी । बड़ी मेख । खूंटा । ३. फसल काटने के बाद खेत में खड़ा उसका सूखा डंठल ।

खूंद-*(न०)* १. मुसलमान । २. बादशाह । ३. वीर । ४. खूंदने का भाव । ५. स्वामी ।

खूंदणो-*(क्रि०)* १. खूंदना । रौंदना । २. कुचलना । (पैरों के द्वारा) ३. चंपी करना । ४. नाश करना ।

खूंदळियो-*(वि०)* १. किसी को संकट के समय सहायता न करने वाला । संकट के समय मुंह छिपाने वाला । २. पराप-कारी । ३. खुशामदी । *(न०)* १. शत्रु । २. आक्रमणकारी ।

खूंदवै-*(न०)*१. बादशाह । २. मुसलमान ।

खूंदालम-*(न०)* १. बादशाह । २. मुसल-मान । ३. यवन सेना । ४. वीर । ५. क्षमा । *(वि०)* क्षमावंत ।

खूंसड़ो-*(न०)* १. सूखा जूता । २. जूता । खाहड़ो ।

खेचर-*(न०)* १. नभचर । पक्षी । २. सूर्य, चंद्र, तारागण आदि । ३. देवता ।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खेचल-*(ना०)* १. कष्ट। दुख। २. रोग। ३. परेशानी। हैरानी। ४. छेड़ छाड़। छेड़खानी।

खेजड़ी-*(ना०)* शमी वृक्ष। **खेजड़ो**। **जाँट**।

खेजड़ो-दे० खेजड़ी।

खेट-*(ना०)* १. युद्ध। २. घोड़ा। ३. ढाल। फलक। ४. शिकार। आखेट। ५. गाँव।

खेटक-*(ना०)* १. ढाल। २. शिकार। आखेट। *(वि०)* ३. शिकारी। आखेटक। वीर। बहादुर।

खेटर-*(न०)* १. फटा पुराना सूखा जूता। **ठेठर**। २. जूता।

खेटो-*(न०)* १. युद्ध। २. शत्रुता। ३. धक्का। ४. भिड़न्त। मुठभेड़। ५. सरोकार। वास्ता। ६. जान-पहचान। परिचय। **फेटो**।

खेड़-*(न०)* १. गाँव। खेड़ा। २. खंडहर। ३. हल-चला कर निकाली हुई रेखा। **ओळ**। ४. लड़ाई। ५. आक्रमण। ६. औसर-मौसर आदि बड़े भोज समारोह में प्रमुक गाँवों को निमंत्रित करने की निश्चित मर्यादा। ७. मारवाड़ का एक इतिहास प्रसिद्ध नगर जहाँ राठौड़ों ने (राव सीहा और उसके पुत्र आसथान ने) कन्नौज से आकर सर्व प्रथय अपने राज्य की नींव डाली थी। (आज यह नगर खंडहर रूप में है। इसके प्राचीन नाम 'खेड़पाटण' या 'क्षीरपुर' कहे जाते हैं। यह नगर बालोतरा से ५ मील पश्चिम में स्थित है।)

खेड़करणो-*(मुहा०)* १. खेत में हल चलाना। खेत जोतना। २. पैदल मुसाफिरी करना। चलना। ३. मनुष्यों को आक्रमण के लिये इकट्ठा करना। ४. आक्रमण करना। ५. किसी बड़े कार्य को सफलता पूर्वक पार लगाना।

खेड़खरच-*(न०)* १. पराजित शत्रु से लिया जाने वाला सेना खर्च। २. सेना का मार्ग व्यय। ३. शत्रु से लिया जाने वाला आक्रमण खर्च। ४. खेत को खड़ने में होने वाला खर्च।

खेड़णो-*(क्रि०)* १. खेत में हल चलाना। २. चलाना। हांकना।

खेड़पति-*(न०)* १. खेड़ नगर का स्वामी। २. राठौड़ क्षत्री।

खेड़ादेवत-*(न०)* १. ग्राम देवता। २. क्षेत्रपाल।

खेड़ायत-*(न०)* १. एक गाँव का धनी। एक गाँव की जागीरीवाला जागीरदार। २. जमीन जोत कर गुजरान करने वाला व्यक्ति।

खेड़ा-री-वाधण-*(ना०)* शिकार का एक प्रकार।

खेड़ी-*(ना०)* इस्पात। पक्का लोह।

खेड़ेचो-*(न०)* १. खेड़ में सर्वप्रथम राज्य स्थापित करने और वहां से अन्य स्थानों में फैलने के कारण राठौड़ राजपूतों का प्रचलित नाम। २. राठौड़ राजपूतों की एक शाखा।

खेड़ो-*(न०)* गाँव। खेड़ा।

खेढी-*(न०)* शत्रु। **खेधो**। **वैरी**।

खेत-*(न०)* १. वह भूमिखंड जिसे अन्न उत्पन्न करने के लिये जोतते बोते हैं। **खेतर**। २. रणक्षेत्र। **रणखेत**। युद्धस्थल। ३. खानदान। **कुळ**। वंश। ४. उत्पत्ति स्थान। ५. श्मशान भूमि।

खेतपाळ-*(न०)* एक लोक देवता। क्षेत्रपाल। एक ग्राम रक्षक देवता। **खेत्रपाळ**।

खेतर-दे० खेत १।

खेतरपाळ-दे० खेतपाळ।

खेत रहणो-*(मुहा०)* युद्ध में मरना।

खेतरी-दे० खेती।

खेतल-*(न०)* १. क्षेत्रपाल। क्षेत्र या गाँव का देवता। २. भैरव। ३. खेतसिंह

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खेतराम या खेताराम का साहित्यिक लघु रूप।

खेतलरथ-*(न०)* भैरव का वाहन। कुत्ता। **कूतरो**।

खेतलवाहण-दे० खेतलरथ।

खेतलोजी-*(न०)* १. क्षेत्रपाल। **खेतरपाळ**। २. भैरव। भैरों।

खेती-*(ना०)* १. कृषि। काश्तकारी। काश्त। २. खेत में उगी हुई या खड़ी फसल। ३. व्यवसाय। धंधा।

खेती-पाती-*(ना०)* खेती वाड़ी का काम। कृषि का काम। **करसण**।

खेतीवाड़ी-*(ना०)* १. खेती काम। **किसानी**। २. खेती करने, साग सब्जी लगाने और बागवानी करने का काम। खेतीबारी। ३. वह भूमिखंड जहाँ सिंचाई द्वारा खेती, बागवानी और साग सब्जी पैदा होती है।

खेत्र-दे० खेत।

खेत्रपाळ-दे० खेतरपाळ।

खेत्री-दे० खेती।

खेद-*(न०)* १. अफसोस। शोक। २. मानसिक कष्ट। संताप। मनस्ताप। ३. पश्चाताप। अनुताप। पछतावा। ग्लानि। ५. खिन्नता। ६. शत्रुता।

खेदाई-*(ना०)* १. छेड़छाड़। २. ईर्ष्या।

खेदाखेद-*(ना०)* १. शत्रुता। २. वैमनस्य। ३. झगड़ा-टंटा। **तकरार**।

खेदो-*(न०)* १. छेड़छाड़। छेड़खानी। २. रगड़ा-झगड़ा। **टंटोझगड़ो**। ३. द्वेष। ४. हमला। ५. पीछा।

खेध-*(न०)* १. शत्रुता। **वैर**। २. युद्ध। ३. विरोध। ४. वाद-विवाद। ५. क्रोध। ६. दुख।

खेधी-*(न०)* शत्रु। दुश्मन। **वैरी**।

खेधो-दे० खेदो।

खेप-*(ना०)* १. एक मुश्त माल का अधिक लाभ प्रद क्रय विक्रय। लाभप्रद सौदा। २. सस्ते में खरीदा हुआ थोक माल। ३ व्यापार के निमित्त किया गया वह दौरा जिसमें अधिक लाभ मिला हो। ४. आयात होने वाला माल। ५. खेप। **फेरो**।

खेपक-*(न०)* मूलग्रन्थ में किसी अन्य द्वारा पीछे से जोड़ी हुई रचना। मूलग्रन्थ में दूसरे व्यक्ति द्वारा मिलाया हुआ रचना-अंश। क्षेपक *(वि०)* १. बाद में मिलाया हुआ। २. खेप करने वाला।

खेपियो-*(न०)* दूत। कासिद। *(वि०)* १. खेप करने वाला। २. परिश्रमी।

खेम-*(न०)* १. क्षेम। मंगल। कल्याण। स्वस्थ। ३. सुरक्षा। ४. सुख।

खेमकुसळ-*(ना०)* १. सुख-शांति और आरोग्य। क्षेम कुशल। आनंद-मंगल। **राजीबाजो**। **राजीखुशी**।

खेमंकरी-*(ना०)* १. क्षेमंकरी देवी। २. सफेद पंखवाली चील। **खेमकरी**।

खेमाळ-*(ना०)* तलवार।

खेमो-*(न०)* तंबू।

खेरणियो-*(न०)* चालनी। चलनी। *(वि०)* खिरानेवाला।

खेरणी-*(ना०)* १. चालनी। चलनी। २. खिराने का काम।

खेरणो-*(क्रि०)* १. गिराना। खिराना। २. झगड़ना। ३. संहार करना।

खेरवाळी-*(ना०)* रखवाली। **निगै**। **रख-वाळी**।

खेरा-खारो-*(न०)* १. मिठाई का चूरा। २. किसी वस्तु का बचा हुआ टूटा-फूटा। भाग। ३. चूरा। जखीरा। **खाराखेरो**।

खेरी-*(ना०)* दाँतों पर जमने वाली पपड़ी। दन्तशर्करा।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खेरूं–(वि०) १. बरबाद। नाश। २. बिगाड़। क्षति। ३. व्यर्थ।

खेरो–(न०) १. चूरा। चूरो। २. छोटा टुकड़ा। ३. बची हुई सूखी लपसी, हलुआ, मिठाई आदि। ४. इन वस्तुओं का मिश्रण। ५. इन वस्तुओं का बचा हुआ बासी चूरा। ६. किसी वस्तु या वस्तुओं का अवशिष्ट कण समूह।

खेल–(न०) १. नाटक। २. तमाशा। रमत। ३. हँसी। रमत। ४. क्रीड़ा। ५. खेलकूद। ६. करतब। ७. साधारण बात।

खेळ–(ना०) १. पशुओं के पानी पीने के लिये बनाया हुआ लंबोतरा कुंड। खेळी। २. कुल। ३. कुलभेद।

खेलड़ो–(न०) ककड़ी, टींडसी आदि की सूखी फाँक। (वि०) दुबला पतला। कृश।

खेलणो–(क्रि०) १. खेलना। रमणो। २. क्रीड़ा करना। ३. युद्ध करना। ४. सट्टे का व्यापार करना। ५. जुआ खेलना।

खेलाड़–दे० खेलार।

खेलाड़ी–(वि०) १. खेल खेलने वाला। खिलाड़ी। खेलाड़ी। रमाक। रमाकू। २. अभिनय करने वाला। ३. सट्टेबाज। ४. चतुर। चालाक। ५ मुत्सद्दी। (न०) १. नट। २. कीर्तनिया।

खेलार–(वि०)१. अभिनय करने वाला। २. खेलने वाला। खिलाड़ी। ३. चतुर। होशियार। चालाक। ४. सट्टेबाज।

खेळी–(ना०) १. युवती। २. मौजी-स्त्री। आनंद-प्रकृति वाली। ३. पशुओं के पानी पीने के लिये बनाया गया आयताकार हौज। ४. स्त्री के लिये (बात करते समय का) एक संपुट। (वि०) १. हँसमुखी। २. मौजी।

खेळू–(न०)१. खेल का मुखिया। २. पक्ष में खेलने वाला साथी। खेल का सहयोगी। खाळू।

खेळो–(न०) १. सैनिक। २. बच्चा। ३. पुरुष। ४. व्यक्ति। ५.तीसरे पुरुष का एक विशेषण। ६. बात करते समय का एक संपुट (तीसरे व्यक्ति के लिए)। (वि०) १. जवान। युवा। २. मस्त। ३. मूर्ख। ४. मजाकी। ५. आनन्दी।

खेलो–(न०) १. सट्टा। खेला। २. दाँव। ३. खेल।

खेव–(ना०) १. विलंब। देर। २. क्षण। पल। ३. आदत। टेव।

खेवट–(न०) १. केवट। मल्लाह। (ना०) १. ध्यान। लगन। २. अभ्यास। ३. उत्कंठा।

खेवटियो–(न०)१. केवट। मांझी। खेवट। २. अगुआ। अग्रणी।

खेवणा–(ना०) १. चिन्ता। परवाह। २. देख-रेख। निगरानी।

खेवणी–(ना०) १. नाव चलाने का डाँड़। २. छोटा खेवणा। खेवणो।

खेवणो–(न०) नथ के मध्य का जड़ा हुआ एक रत्न जिसके आजू-बाजू मोती पिरोये हुए रहते हैं। (क्रि०) १. देवता के आगे धूप या अगरबत्ती जलाना। धूप खेना। २. नाव चलाना। नाव खेना।

खेवो–(न०) अभ्यास। आदत।

खेस–(न०) १. दुपट्टा। उपरना। २. मोटे सूत की चद्दर। खेसलो।

खेसणो–(क्रि०) १. हटाना। दूर भगाना। २. मारना।

खेसलो–(न०) १. खेस। दुपट्टा। २. मोटे सूत की बुनी चद्दर।

खेह–(ना०)१. उड़ती हुई धूलि। २. धूलि। रज। ३. रोटों (बाटी) को पकाने के

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

लिये जलाई हुई कण्डों की निर्धूम अग्नि। ४. राख।

खेहटियो-विनायक-*(न०)* १. विवाहादि मांगलिक कार्यों के प्रारम्भ में अस्थाई रूप से स्थापित की जाने वाली विनायक की मूर्त्ति। किसी मांगलिक कार्य के पूर्व मिट्टी से बना कर स्थापित की जानेवाली गणेश की मूर्त्ति जो कार्य की समाप्ति के पश्चात् नदी, आदि किसी तीर्थ या स्थानीय जलाशय में विधिपूर्वक विसर्जित कर दी जाती है।

खेहरोटो-*(न०)*खेह में पकाया हुआ रोटा। **बाटी**।

खेहाडंबर-दे० खेहारव।

खेहारव-*(ना०)* आकाश में छाई हुई गर्द।

खेहारवण-दे० खेहारव।

खेंखाट-१. ग्रीष्म की तेज हवा। २. ग्रीष्म की तेज हवा की आवाज। **खूंखाट**। **खंखाड़**।

खेंखार-*(न०)* १. कफ। श्लेष्म। बलगम। दे० खेंखारो।

खेंखारो-*(न०)* १. गले में से कफ छूटने का शब्द। खांसी होने का शब्द। २. घर में प्रवेश के समय सूचना के रूप में गुरुजनों के द्वारा की जाने वाली कृत्रिम खांसी जिससे स्त्री आदि कुटुम्बीजन उनके प्रति शिष्टाचार का पालन करने के लिये सतर्क हो जायें। अंतःपुर आदि खानगी स्थानों में प्रवेश के समय पूर्व सूचना के रूप में किया जाने वाला कृत्रिम खांसी का शब्द।

खेंग-*(न०)* १. घोड़ा। २. तलवार। ३. पशु के अंग-प्रत्यंग के रंग या आकृति द्वारा उसको पहिचानने का चिन्ह। खंग ४. पशु की आकृति। ५. नाश।

खेंगरणो-*(क्रि०)* १. नाश करना। संहार करना। २. धन को दुर्व्यसन में खर्च करते रहना। धन का दुरुपयोग करना।

खेंगाळ-*(न०)* नाश। संहार।

खेंच-दे० खींच।

खेंचणो-दे० खींचणो।

खेंचाखेंच-दे० खींचाखींच।

खेंचाखेंची-दे० खेंचाखेंच।

खेंचाताण-दे० खींचाताण।

खै-*(न०)* क्षय। नाश। **क्षय**।

खैकार-*(न०)* नाश। संहार।

खैकारी-*(वि०)* क्षयकारी। संहारक।

खैकाळ-*(न०)* १. नाश। २. युद्ध।

खैंगरणो-*(क्रि०)* नाश करना।

खैंगाळ-दे० खैकाळ।

खैड़ी-दे० खेड़ी।

खैड़ो-*(न०)* १. गाँव। २. गाँव का बाहरी प्रदेश। ३. बर्र आदि का छत्ता। ४. पूरे गाँव को कराया जाने वाला भोजन। समस्त गाँव का न्योता। **खेड़ा-न्यात**। **खेड़ा-जीमण**।

खैण-*(न०)*१. नाश। २. क्षय रोग। तपेदिक।

खैर-*(न०)* १. एक वृक्ष जिसकी छाल से कत्था बनाया जाता है। २. कुशल। क्षेम। खैर। *(अव्य०)* १. कुछ चिंता नहीं। २. अस्तु। अच्छा।

खैरसा[illegible]-*(न०)* कत्था।

खैराइत-दे० खैरात।

खैरात-*(ना०)* दान। पुण्य।

खैरादी-*(न०)* खराद पर काम करने वाला व्यक्ति। खरादने का काम करने वाला। **खरादी**।

खैरायत-दे० खैरात।

खैरियत-*(ना०)* कुशल।

खैरी गूंद-*(न०)* खैर वृक्ष का गोंद। **खैरी गूंद**।

खैरोग-*(न०)* क्षय रोग। तपेदिक।

खैसर-*(न०)* कुबेर।

खंखाड़-*(न०)* ग्रीष्म की तेज हवा और उससे उत्पन्न डरावनी ध्वनि।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खँखार–दे० खेंखार ।
खँखारो–दे० खेंखारो ।
खँखारो करणो–खांसना ।
खँग–दे० खेंग ।
खँगरू–(न०) घोड़ा ।
खँगाळ–दे० खेंगाळ ।
खँगाळो–दे० खँगाळ ।
खँच–दे० खेंच ।
खँचणो–दे० खेंचणो ।
खँचाखँच–दे० खेंचाखेंच ।
खँचाताण–दे० खेंचाताण ।
खो–(न०) १. क्रोध । २. गर्व । ३. द्वेष । ४. शत्रुता । ५. आदत । ६. होश । ७. खाई । ८. वंश । कुल । ९. मूल । १०. उद्भव । ११. प्रारंभ ।
खोओ–दे० खोवो ।
खोखळो–(वि०) खोखला । पोला । पोलो ।
खोखो–(न०) १. शमी (खेजड़ी) वृक्ष की सूखी फली । शिंबी । २. किसी वस्तु के पैकिंग की खाली पेटी । सामान भरने या भर कर कहीं भेजने की हलकी पेटी । ३. वह कागज जिस पर हुंडी लिखी गई हो । हुंडी । ४. सिकरी हुई हुंडी । अदा की हुई हुंडी । ५. जिसका सारतत्व निकाल लिया गया हो ऐसी वस्तु । ६. एक खेल ।
खोगाळ–(ना०) १. गुफा कंदरा । २. खोखलापन । पोलाण । ३. नाश । खँगाळ ।
खोगीर–(न०) १. घोड़े की जीन के नीचे दिया जाने वाला एक ऊनी कपड़ा । घोड़े या ऊँट पर काठी रखने के समय उसके नीचे दिया जाने वाला मोटा कपड़ा । नमदा । खुगीर २. चारजामा । जीन ।
खोज–(न०) १. वंश । २. तलाश । अनुसंधान । ३. पद चिन्ह । खोज ।
खोज जाणो–(मुहा०) निर्वंश होना ।
खोजणो–(क्रि०) १.तलाश करना । ढूंढना । खोजना । २. तपासना ।
खोज लागणो–(मुहा०) पता लगना ।
खोजी–(वि०) पाँवों के चिन्ह देख कर चोर की तलाश करने वाला । पागी । २. खोजक । खोजू । खोजने वाला ।
खोजू–दे० खोजी ।
खोजो–(न०) १. नाजिर । नपुंसक । अंतःपुर में पहरा देने वाला नौकर । ३. नपुंसक सेवक । ४. एक मुसलमान जाति । खोजा ।
खोट–(ना०) १. भूल । गलती । २. कमी । अभाव । ३. हानि । ४. दोष । ५. पाप । ६. कलंक । ७. झूठ । असत्य । ८. काम से जी चुराना । ९. किसी उत्तम वस्तु में निकृष्ट पदार्थ का मिश्रण ।
खोट करमी–(वि०) १. पापिनी । २. कपटा । ३. व्यभिचारिणी ।
खोट करमो–(वि०) १. खोटे कर्म करने वाला । कुकर्मी । २. कपटी । ३. पापी ।
खोट काढणो–(मुहा०) १. लिखे हुए में भूल निकालना । २. भूल का पता लगाना । ३. दोष बताना ।
खोटखणो–दे० खोट करमो ।
खोट-खबाड़–(ना०) १. गलती । भूल । २. मिलावट । मिश्रण । ३. त्रुटि ।
खोटखाणो–(मुहा०) नुकसान उठाना ।
खोट-चूक–(ना०) भूलचूक ।
खोट नाखणो–(मुहा०) १. भूल डालना । २. घाटा डालना । ३. अच्छी वस्तु में हलकी वस्तु मिलाना ।
खोट निकाळणो–दे० खोट काढणो ।
खोट पखो–दे० खोट पाखो ।
खोट पड़णो–(मुहा०) १. कमी होना । (व्यक्ति की) । २. हानि होना ।
खोट पाखो–(न०) १. दूषित पक्ष । २. दूषित दृष्टिकोण । ३. वस्तु का दूषित अंश । (वि०) असत्य पक्ष वाला ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खोट-पियाणो–*(न०)* कन्यापक्ष की ओर से ज्योनार खतम होने के बाद दूल्हे के पिता की ओर से बारातियों को दी जाने वाली ज्योनार। २. बारात की विदाई के पूर्व वरपक्ष की ओरसे ज्योनार करने की एक प्रथा।

खोट-पीणो–दे० खोट-पियाणो।

खोट पूरी करणी–*(मुहा०)* कमी को पूरी करना। २. धन-हानि की पूर्ति करना।

खोटमाळो–दे० खोट वाळो।

खोट मेळणी–*(मुहा०)* शुद्ध वस्तु में हलकी या विजातीय वस्तु को मिलाना।

खोट-रखो–*(वि०)* १. जानबूझ कर गलती करने वाला। २. नालायक। ३. धूर्त।

खोट राखणी–*(मुहा०)* १. कपट रखना। २. मूल रखना। ३. भूल करना।

खोटवाळो–*(वि०)* १. वह वस्तु जिसकी कल आदि में कुछ नुक्स पैदा हो गया हो। २. गलती वाला। ३. बिगड़ा हुआ।

खोटमो–*(न०)* १. गुप्तांग के बालों के साफ करने का काम। २. शौचादि की निवृत्ति। ३. दे० खोट-पियाणो।

खोटवों–दे० खोटमो।

खोटहड़–*(न०)* कुंडली बनाकर बैठा रहने वाला सर्प। *(वि०)* निकम्मा।

खोटंगो–*(वि०)* १. वह जिसका स्वभाव खोटे काम करने का पड़ गया हो। २. अंग में खोट रखने वाला। मन में ऐब रखने वाला।

खोटाई–*(ना०)* १. दोष। बुराई। २. झूठापन। ३. आलसीपन। ४. दुष्टता। ५. छल। कपट।

खोटा-घड़णो–*(मुहा०)* १. अनुचित काम करना। २. कुकर्म करना। ३. कुविचार करना।

खोटा-लखणो–*(वि०)* १. बुरे लक्षणों वाला। बदचलन। १. दुर्गुणी।

खोटी–*(ना०)* १. प्रतीक्षा। २. देरी। *(वि०)* १. जिसमें खोट हो। २. वह जो असली न हो। नकली। ३. बुरी। खराब। ४. विश्वास घातिन। ५. निकम्मी। ६. गलत। ७. असत्य। ८. कपटी।

खोटीकथ–*(ना०)* १. झूंठ। २. झूंठी बात। ३. बुरी बात। ४. बुरी खबर।

खोटी करणो–*(मुहा०)* १. प्रतीक्षा करवाना। २. रोक रखना। ३. हैरान करना।

खोटीपो–*(न०)* १. देरी। विलंब। २. काम में देर होना। काम में होने वाली देरी। ३. बिना काम से होने वाली रुकावट। अनावश्यक रुकावट।

खोटी होणो–*(मुहा०)* १. प्रतीक्षा करना। २. रुके रहना। ३. हैरान होना।

खोटींगो–दे० खोटंगो।

खोटै खरणै-रो–*(वि०)* नीच कुल का। अकुलीन।

खोटो–*(वि०)* १. जो असली न हो। कृत्रिम। नकली। २. कपटी। छली। ३. अधर्मी। ४. विश्वासघाती। ५. बुरा। खराब। ६. निकम्मा। ७. गलत। ८. असत्य। झूठा।

खोटो खरणो–*(न०)* १. कलंकित कुटुंब। दूषित वंश। २. निकृष्ट कुल। नीच कुल।

खोटोड़ो–*(वि०)* १ खोट वाला। २. नकली। ३. निकम्मा। गयो-बीतो।

खोड़–*(न०)* १. कलंक। लांछन। २. कसर। कमी। ३. लंगड़ापन। ४. लत। कुटेव। ५. दोष। ऐब। ६. धूर्तता। ७. जंगल। ८. शंख। ६. बराबरी। तुलना।

खोड़की–*(वि०)* लंगडी। खोड़ी। *(ना०)* बच्चों का एक खेल।

खोड़-खवाड़–*(ना०)* खामी। दोष। त्रुटि।

खोड़ खुड़ावणो–*(मुहा०)* किसी की बराबरी करना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खोड़लो–दे० खोड़ीलो। (वि०) लंगड़ा।

खोड़ाणो–दे० खोड़ावणो।

खोडा में देणो–(मुहा०) कैदी के पाँवों को खोडा में डालना।

खोड़ावणो–(क्रि०) लंगड़ाना।

खोड़ियो–(वि०) लँगड़ा। खोड़ो।

खोडियो–(न०) १. छोटा क्यारा। २. हजामत बनाने का एक उपकरण। सेफ्टी रेजर।

खोड़ी–(ना०) १. खेत में आने जाने के लिये दो बाजू (बाँहों) वाला गाड़ा हुआ एक खूंटा जिससे जानवर खेत में नहीं जा सके। २. ऊँट के अगले पैर को मोड़कर दिया जाने वाला बंधन। (वि०) लंगड़ी।

खोड़ीलाई–(ना०) १.बदमाशी। २ चालाकी। ३. शरारत। ४. नुक्ताचीनी। ५. हैरानगति।

खोड़ीलो–(वि०) १. ऐबी। ऐब देखने वाला। दोष देखने वाला। २. अशुभ। ३. अमंगलकारी। ४. बदमाश। ५. चालाक। ६. हैरान करने वाला। ७. नुक्ता चीनी करने वाला। ८ व्यर्थ नुकशान करने वाला। (स्त्री० खोड़ीली)

खोडो–(न०) १. क्यारा। २. कैदी के पाँवों को कस कर रखने का एक बड़ा और भारी काष्ठ यंत्र। २. डाढ़ी के बीच में ठुड्डी पर (हजामत में) बनवाई जाने वाली पतली रेखा।

खोड़ो–(वि०) १. लंगड़ा। २. वीर। ३. स्वर रहित। हलंत। (अक्षर) (न०) १. हनुमान। २. भाटी क्षत्री।

खोण–(ना०) १. क्षोणी। पृथ्वी। २. अक्षौहिणी सेना।

खोणी–दे० खोण।

खोणो–(क्रि०) १. गँवाना। २. नष्ट करना। बिताना।

खोत–(न०) १. मुसलमान। २. मुस्लिम सेना।

खोतरणी–(ना०) १. दाँत कुरेदने की सलाई। तिनका। २. नक्काशी करने का औजार। टाँकी। ३. छेड़-छाड़। कुचरणी।

खोतरणो–(क्रि०) १. खोदना। २. जड़ से उखाड़ना। ३. कुरेदना।

खोदणियो–(वि०) खोदने वाला।

खोदणो–(क्रि०) १. खोदना। २. नक्काशी करना।

खोदाई–(ना०) १. खोदने का काम। २. खोदने की उजरत। ३. ऊधम। पाजीपन। शैतानी।

खोदियो–(न०) १. गदहे का बच्चा। दे० खोदो।

खोदो–(न०) १. साँढ। २. छोटा साँढ। ३. बैल।

खोध–(न०) क्रोध।

खोपड़ी–(ना०) सिर की की खुपरी।

खोपणो–(क्रि०) १. खोना। २. नष्ट करना। ३. गाड़ना। ४. रोपना।

खोपरी–(ना०) १. सिर की हड्डी। कपाल। २. सिर। ३. गूदा निकला हुआ तरबूज का टुकड़ा। खुपरी।

खोपरेल–(न०) नारियल का तेल।

खोपरो–(न०) सूखे नारियल का आधा भाग।

खोपी–(ना०) १. गाय का तुच्छार्थक नाम। २. बूढ़ी गाय।

खोपो–(न०) १. बैल का तुच्छार्थक नाम। २. बूढ़ा बैल। (वि०) अनावश्यक हस्तक्षेप करने वाला। बिन जरूरी दखल करने वाला।

खोबो–(न०) १. करतल का संपुट। अंजली। खबचो। २. अंजली भर वस्तु। ३. मोटी रोटी में अंगुली से दबाकर बनाया हुआ खड्डा।

खोम–(ना०) बुर्ज।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

खोयण-*(ना०)* १. पृथ्वी। २. अक्षौहिणी सेना।

खोरड़ी-*(ना०)* १. झोंपड़ी। २. कोठरी। ३. बुढ़िया। *(वि०)* बुड्ढी।

खोरड़ो-*(ना०)* १. झोंपड़ा। मिट्टी का बना घर। २. कोठरी। *(वि०)* बुड्ढा।

खोरो-*(न०)* १. सिर की चमड़ी का एक रोग। २. अधिक दिनों की खाद्य वस्तु में पैदा होने वाला बे-स्वादपना। *(वि०)* अधिक दिनों के कारण बेस्वाद बना हुआ (खाद्य पदार्थ)।

खोळ-*(ना०)* १. गिलाफ। २. केंचुली। ३. आवरण। ४. शरीर। ५. गोद। ६. सिंह की गुफा। ७. विवाह की एक प्रथा जिसमें वर और वधु के दुपट्टे और ओढ़ने के छोर में गुड़ मेवा आदि भरा जाता है।

खोलड़ो-*(न०)* १. घर। २. झोंपड़ा। ३. शरीर।

खोळणो-*(क्रि०)* धोना।

खोलणो-*(क्रि०)* १. बँधी हुई वस्तु को छोड़ देना। २. ढके हुए पात्र के ढक्कन को हटाना। ३. समेटी हुई वस्तु को फैलाना। ४. बंध किये हुए किंवाड़ आदि की रुकावट को हटा देना।

खोळ भरणी-*(मुहा०)* वर-वधू की खोळ में गुड़ मेवा आदि भरना।

खोळायत-*(वि०)* दत्तक। गोद लिया हुआ। *(न०)* दत्तक पुत्र।

खोलावणो-*(क्रि०)* खुलवाना।

खोळियो-*(न०)* शरीर।

खोळी-*(ना०)* १. गिलाफ। २. आवरण।

खोळो-*(न०)* १. गोद। अंक। २. अंचल। ३. अंचल से बनाई हुई झोली। ४. धोती के अगले भाग को ऊँचा खसोलने से बना हुआ झोला।

खोवणियो-*(वि०)* खोने वाला।

खोवणो-*(क्रि०)* दे० खोणो।

खोवा-खूंदो-*(न०)* १. लूट-खसोट। २. छीना-झपटी।

खोवो-*(न०)* खोआ। मावा। कीटी। मावो।

खोसणियो-*(वि०)* १. खोसने वाला। लूटने वाला। २. छीनने वाला।

खोसणो-*(क्रि०)* १. खोसना। लूटना। २. छीनना। झपटना। ३. लटकाना। टाँगना। ४. अटकाना। फँसाना। खोंसना।

खोसरो-*(न०)* वेश्या का दूत या दलाल।

खोसा-खूंदो-*(न०)* १. लूट-खसोट। २. २. छीना-झपटी।

खोह-*(ना०)* गुफा।

खोहण-*(ना०)* १. अक्षौहिणी सेना। २. पृथ्वी। क्षोणि।

खौडी-*(ना०)* घास फूस एकत्रित करने का लकड़ी के दाँतों वाला कृषकों का एक उपकरण।

खौळो-*(वि०)* जो तंग न हो। ढीला। शिथिल।

ख्यात-*(ना०)* १. इतिहास। २. इतिहास ग्रंथ। ३. मध्यकाल में लिखे गये राजस्थानी भाषा के इतिहास ग्रंथों की संज्ञा। ४. यश। ५. प्रसिद्धि। *(वि०)* प्रसिद्ध।

ख्याती-*(ना०)*१ ख्याति। प्रसिद्धि। २. यश। कीर्ति।

ख्याल-*(न०)* १. ध्यान। २. विचार। ३. नाटक का एक प्रकार। लोक नाटक। तमाशा। ४. एक रागिनी। ५. खेल।

ख्यालक-*(न०)* १. ख्याल खेलने वाला। ख्याली। २. बाजीगर।

ख्याली-*(वि०)* १. ख्याल खेलने वाला। खेलाड़ी। २. मजाकी। मजाक पसंद। ३. कल्पित। मनगढ़ंत।

ख्यालीड़ो-दे० ख्याली।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ख्यांत–देo खांत ।
ख्योणी–*(नाo)* १. पृथ्वी । क्षोणि । २. अक्षौहिणी ।
ख्वार–देo खुवार ।
ख्वारी–देo खुवारी ।
ख्वाहिश–*(नाo)* इच्छा ।

ग

ग–संस्कृत परिवार की राजस्थानी भाषा के कवर्ग का तीसरा वर्ण । कंठस्थानी तीसरा व्यंजन वर्ण ।
ग–*(नo)* १. गणेश । २. श्रीकृष्ण । ३. गंधर्व । ४. गीत । ५. गुरुमात्रा । *(काo)* । *(विo)* १. गाने वाला । २. जाने वाला ।
गइ–*(नाo)* गति ।
गई–*(विo)* दरगुजर । माफ किया हुआ । *(नाo)* माफी । क्षमा । *(क्रिoभूo)* 'जाणो' क्रिया का भूतकाल नारी जाति रूप । 'गयो' का नारी जाति रूप ।
गई करणो–*(मुहाo)* १. दर गुजर करना । २. माफ करना । ३. अनसुनी करना ।
गई गुजरी–*(विo)* १. बीती हुई । भूतकाल की । २. बुरी दशा को पहुँची हुई । निकृष्ट । ३. अशिष्ट व्यवहार वाली । अशिष्ट । *(नाo)* भूतकाल की हकीकत । बीती हुई बात ।
गईवाळ–*(विo)* १. गयाबीता । निकम्मा । अयोग्य । २. हतभाग्य ।
गउ–*(नाo)* गाय ।
गउ खाणो–*(नo)* मुसलमान ।
गउखानो–*(नo)* गौशाला ।
गउघाट–*(नo)* १. तालाब आदि जलाशयों पर बना हुआ गायों के पानी पीने का घाट । २. बड़ा घाट । मुख्य घाट ।
गउतिरात–देo गोत्रात ।
गउदान–*(नo)* गायदान । गोदान ।
गउ-मारणो–*(नo)* १. मुसलमान । २. गोहत्या ।
गउमुखी–*(नाo)* गउमुख के आकार की एक थैली जिसमें हाथ डालकर माला फिराई जाती है ।
गकार–*(नo)* कवर्ग का तीसरा वर्ण । 'ग' वर्ण । गग्गो । गगियो ।
गखड़ो–*(नo)* मुसलमान ।
गगन–*(नo)* आकाश । आसमान ।
गगन-गढ–*(नo)* बहुत ऊंचा महल ।
गगनघेर–*(नo)* १. भीड़ । २. मानवसमूह ।
गगनचर–*(नo)* १. पक्षी । २. नक्षत्र ।
गगनमणि–देo गगनमिण ।
गगनमंडळ–*(नo)* १. आकाश मंडल । २. ब्रह्माण्ड । ३. मस्तक (योगशास्त्रानुसार) ।
गगनमिण–*(नo)* सूर्य । गगनमणि ।
गगियो–देo गग्गो ।
गग्गो–*(नo)* 'ग' वर्ण ।
गघ–*(नo)* ऊँट ।
गघराज–देo गघराव ।
गघराव–*(नo)* १. ऊँट । २. बड़ा ऊंट । ३. महिया ऊंट । महियो ।
गच–*(नo)* १. चूने का फर्श । २. चूना ।
गचरको–*(नo)* १. खट्टी या तीखी डकार । अम्लीका । २. डकार के साथ आने वाला अपच अम्ल अंश । ३. उपेक्षा । घृणा । ४. मिचली । मतली ।
गच्छ–*(नo)* १. समुदाय । जत्था । २. जैन सम्प्रदाय के भेद या समुदाय का नाम । जैन साधुओं के चौरासी भेदों की संज्ञा । ३. जाना । गमन ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गच्छवै–दे० गछवै ।

गच्छंती–(ना०) १. भाग जाने का भाव । चंपत होना । २. गमन करने का भाव । गमन ।

गछणो–(क्रि०) १. चलना । २. भागजाना । ३. चले जाना ।

गछवै–(न०) गच्छपति ।

गछंत–दे० गच्छंती ।

गज–(न०) १. हाथी । २. तीन फुट का एक माप । ३. बंदूक भरने की छड़ । ४. सारंगी बजाने की कमान । (वि०) १. मुख्य । प्रधान । जैसे–गज दशा । २. श्रेष्ठ । उत्तम । जैसे–गजगिरि । ३. बड़ा । जैसे–गजमोती । गजपीपर ।

गजक–(ना०) तिल पपड़ी ।

गजगत–(न०) १. जमीन का गजों से किया हुआ माप । २. हाथी के समान मतवाली चाल । गजगति ।

गजगामरणी–(वि०) हाथी के समान मस्त चाल से चलने वाली । गजगामिनी ।

गजगामिनी–दे० गजगामरणी ।

गजगाव–दे० गजगाह ।

गजगाह–(न०) १. हाथी । २. हाथियों का झुंड । ३. हाथी की झूल । ४. शृंगारी घोड़ों के इधर उधर लटकाने वाले चमर । ५. घोड़े की झूल । ६. घाघरा । लहँगा । ७. गजगति । हाथी के समान चाल । ८. युद्ध । गजग्राह । ९. संहार । नाश । (वि०) शूरवीर ।

गजगौहर–(न०) गजमोती ।

गजग्राह–(न०) युद्ध ।

गजघड़ा–(न०) हस्ती सेना ।

गजठेल–(वि०) हाथियों को पछाड़ने वाला । महाशक्तिशाली ।

गजडंबर–(न०) गज समूह ।

गजढाल–(न०) हाथियों का समूह । गज-थाट । २. युद्ध में हाथियों की रक्षा करने वाला वीर योद्धा । ३. शरणागत रक्षक । ४. रक्षा करने में अग्रणी । (ना०) १. हाथी के कुंभस्थल पर बाँधी जाने वाली ढाल । २. बड़ी ढाल ।

गजथाट–(न०) हस्ति सेना ।

गजदंत–(न०) हाथी का दाँत ।

गजधर–(न०) १. भवन निर्माण करने वाला शिल्पी । मिस्त्री । २. दरजी, बढ़ई, सिलावट आदि जिनके काम में गज की आवश्यकता रहती है । ३. दरजी ।

गजनाळ–(ना०) बड़ी तोप ।

गजब–(न०) १. विचित्र बात । २. आश्चर्य । अचंभा । ३. जुल्म । अन्याय । ४. आपत्ति । आफत । ५. कोप । रोष । (वि०) १. भयंकर । २. विचित्र । ३. अतिशय । खूब ।

गजबरण–(वि०) १. गजब करने वाली । २. नखरे वाली । नखराळी ।

गजबंध–(न०) जिसके यहाँ सवारी के लिये हाथी बँधे रहते हों । राजा ।

गजबंधी–दे० गजबंध ।

गजबाग–(न०) हाथी को चलाने या वश में करने का अंकुश । गजबाँक ।

गजबाँक–दे० गजबाग ।

गजबी–(वि०) १. गजब करने वाला । २. कुशल । प्रवीण । चतुर ।

गजबोह–(न०) १. चमत्कार । २. विचित्रता । ३. गजब की बात । ४. शौर्य । वीरता । ५. हस्तीदल ।

गजमुख–(न०) १. गणेश । २. हस्तीमुख ।

गजमोती–(न०) १. एक प्रकार का मोती जो हाथी के मस्तक से निकलता है । गजमुक्ता । २. बड़ा मोती । गजमोती ।

गजर–(ना०) १. घंटा बजने का शब्द । २. प्रातःकाल बजने वाला घंटा । ३. चार, छः, आठ, दस और बारह सम संख्या के घंटों के बजने पर उतनी ही

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

बार जल्दी जल्दी बजने वाले घंटों की झनकार (शब्द) या बजाने की क्रिया। ४. दुर्ग पर से बजने वाला भोर का नगाड़ा। ५. एक प्रकार की बंदूक। ६. एक तोप। ७. गजर के अनुसार तोप का छोड़ा जाना। ८. मजाक। दिल्लगी। ९. शोर। हल्ला। १०. उत्पात।

गजराज–(न०) बड़ा हाथी।

गजरो–(न०) १. हाथ में पहिनने का एक गहना। २. फूलों का गजरा।

गजल–(ना०) १. उर्दू-फारसी की एक रागिनी। २. इस राग का शृंगारिक काव्य। ३. उर्दू-फारसी का एक गायन प्रकार। ४. रेखता। ५. वह गजल काव्य जो सूफियों द्वारा जीव और आत्मा के प्रतीक रूप तुर्रा और कलगी अथवा प्रिय और प्रियतमा (आशिक और माशूक) के दो प्रतिद्वन्द्वी समुदायों में आमने-सामने बैठ कर परस्पर एक दूसरे की श्रेष्ठता या महत्व के रूप में गाया जाता है।

गजवदन–(न०) गणेश।

गजवाग–दे० गजबाग।

गजविभाड़–(वि०) हाथी को पछाड़ देने वाला। जबरदस्त। वीर।

गजवेल–(न०) फौलाद। इस्पात। कांतिसार।

गजशाही–(न०) जोधपुर और बीकानेर के दोनों राजाओं द्वारा प्रवर्तित रुपया।

गजसिंघजी-रो-रूपक–(न०) बीकानेर नरेश गजसिंह की प्रशस्ति का सिंढायच फतहराम का एक डिंगल काव्य।

गजंद–दे० गयंद।

गजा–(ना०) १. आफत। २. सामर्थ्य। शक्ति। हैसियत।

गजाणण–(न०) गजानन। गणेश।

गजानन–(न०) गणेश।

गजानंद–(न०) गजानन। गणेश।

गजारूढ–(वि०) हाथी पर सवार।

गजियाणी–(ना०) १. एक रेशमी कपड़ा। २. एक गज पनहे का रेशमी कपड़ा।

गजी–(ना०) १. हस्तिनी। १. एक मोटा कपड़ा। खद्दर।

गजेन्द्र–(न०) १. बड़ा हाथी। २. ऐरावत।

गजो–(न०) १. सामर्थ्य। शक्ति। २. सामर्थ्य। बिसात। बूता।

गज्जूह–(न०) गजयूथ। हाथियों का झुंड।

गज्र–(ना०) तोप।

गट–(न०) गले में कोई वस्तु उतारने का शब्द।

गटकाणो–दे० गटकावणो।

गटकावणो–(क्रि०) १. उदरस्थ करना। गटकाना। पीना। निगल जाना। २. हड़पना।

गटकूड़ो–(न०) १. कबूतर। २. सुंदर रंग-रूप का छोटा बच्चा।

गटपट–(ना०) १. परस्पर की गुप्त बात। २. घनिष्टता।

गटरमाळा–(ना०) बड़े दानों की माला।

गटो–दे० गट्टो सं० ३

गट्टी–(ना०) लपेटे हुए धागे की दड़ी।

गट्टो–(न०) मुसाफिरी में सेवा-पूजा और दर्शनार्थ साथ में रखने योग्य राम, कृष्ण आदि की ढक्कनदार गोल छवि। २. हुक्के की तंबाकू रखने का एक विशेष प्रकार का गोल डिब्बा। ३. कलाई और पाँव की नली के नीचे की जोड़ की उभरी हुई हड्डी। टखना। गट्टा। ४. बेसन की लोई। ५. हुक्के का एक भाग। ६. लपेटे हुये धागे का बड़ा गोल-दड़ा।

गठजोड़ो–(न०) १. विवाह में पाणिग्रहण के समय वर-वधू के उत्तरीय के छोरों को परस्पर बाँधने की एक प्रथा। २. गठबंधन। छेड़ाछेड़ी।

गठड़ी–(ना०)१. कपड़े में बँधा हुआ सामान। गठरी। पोटली।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गठबंधण–दे० गठजोड़ो ।

गठियो–*(न०)* १. गाँठ काटने वाला । जेब काटने वाला । जेब कतरा । २. लुच्चा । ३. घुटने आदि अंग की जोड़ों में होने वाला वायु रोग । वायु रोग से जोड़ों में होने वाली पीड़ा ।

गड़–*(न०)* फोड़ा । गाँठ ।

गड़गड़-खाँड–दे० कड़कड़ खाँड ।

गड़गड़ाट–*(न०)* गर्जन ।

गड़गड़ी–*(ना०)* कुएँ से डोल की रस्सी खींचने का एक चक्राधार । फिरकी । २. घिरनी । चरखी । गराड़ी ।

गड़-गूमड़–*(न०)* फोड़ा-फुन्सी ।

गड़ड़णो–*(क्रि०)* १. बादलों का गर्जना । २. गड़गड़ की ध्वनि होना । ३. नगाड़ा बजना । ४. जोर से बाजा बजना ।

गडणो–*(क्रि०)* १. गड़ना । दफन होना । २. धँसना । ३. चुभना ।

गडत–*(ना०)*१. बीमारी की तंद्रा । बीमारी की बेहोशी । २. हलकी बेहोशी । ३. हलकी नींद ।

गड़दन–दे० गरदन ।

गड़दानी–*(ना०)* गरदन । गरेबान ।

गड़दान–*(न०)* १. एक वाद्य । २. ढोल । ३. एक तोप ।

गड़दानो–*(न०)* बाजा । ढोल ।

गड़बड़–*(ना०)* १. कोलाहल । शोरगुल । २. अव्यवस्था । गोलमाल । ३. क्रमभंग । ४. दंगा । बलवा । ५. जबड़की । बखेड़ा ।

गडवी–*(ना०)* लोटे के आकार की छोटी लुटिया । लोटे के ऊपर रखी जानेवाली छोटी लुटिया, जिससे लोटे में से लेकर पानी पिया जाता है । कळसियो । *(न०)* चारण । गढवी ।

गडवो–*(न०)* १. लोटा । २. कलसा । घड़ा । ३. चारण । गढवी ।

गड़ाकू–*(ना०)* गुड़ या खमीर मिला हुआ तम्बाकू ।

गड़ागड़-साज– १. वाद्य सामग्री । गाजे-बाजे । २. वाद्य-ध्वनि ।

गड़ासंध–*(न०)* सीमा । हद । *(क्रि० वि०)* पास । निकट ।

गडी–*(ना०)* १. कपड़े की तह । २. कपड़े के समेटने पर बनने वाला उसका हर भाग या मोड़ । ३. बही के पन्नों में डाले हुये सल । ४. उलझन । गाँठ । ५. कपड़े के थान थेले आदि की एक समान वस्तुओं की श्रेणीबद्ध की हुई चुनाई । ६. करीने से रखी हुई वस्तुओं का समूह ।

गडूथळ–दे० गड़ोथळ ।

गड़ो–दे० गिड़ो ।

गड़ोथळ–*(न०)* १. छलाँग । कुलाँच । कलाबाजी । २. शर्मिन्दगी । ३. हतप्रभ । ४. हतकीर्ति ।

गढ़–*(न०)* किला । दुर्ग ।

गढपति–*(न०)* १. राजा । २. दुर्गपति ।

गढरोहो–*(न०)*१. किले का घेरा । २. किले पर से किया जाने वाला शत्रुओं का अवरोध । ३. गढ़ की आड़ में किया जानेवाला अवरोध । ४. गढ़ पर किया जाने वाला आक्रमण ।

गढवई–दे० गढपति ।

गढवाड़ो–*(न०)*चारणों का गाँव या बस्ती ।

गढ़वार–*(वि०)* दृढ़ । मजबूत (कपड़े के लिये) ।

गढवी–*(न०)* १. चारण । *(ना०)* २. पानी पीने का लोटे के आकार का छोटा पात्र । कळसियो ।

गढवै–दे० गढपति ।

गढवो–*(न०)* चारण ।

गढी–*(ना०)* १. छोटा गढ़ । २. गाँव के चारों ओर का बाड़, भींत आदि का बना हुआ अहाता ।

गढीस–*(न०)* गढ़पति ।

गढोई–*(न०)* गढ़पति ।

गण–*(न०)* १. शिव का पारिषद । पार्षद । प्रमथ । २. झुंड । समूह । ३. श्रेणी ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वर्ग । ४. छंद शास्त्र के अनुसार तीन वर्णों का समूह । जैसे–यागण, मागण आदि ।

गणकारणो–दे० गिणकारणो ।

गणगोर–*(ना०)* १. पार्वती । गौरी । २. चैत्र मास में मनाया जाने वाला राजस्थान का एक प्रसिद्ध गौरी-पूजन का उत्सव ।

गणणणो–*(क्रि०)* १. तोप में गोला छूटने का शब्द । २. प्रतिध्वनि होना । ३. बीत जाना । निकल जाना ।

गणणाटो–*(न०)* १. गोल चक्कर खाने की क्रिया या भाव । २. सिर घूमना । चक्कर । ३. भिनभिनाहट । ४. रोने जैसी सूरत बनाकर भीं-भीं करने का भाव । गणाटो । टणाटो । गुनगुनाहट ।

गणणो–*(क्रि०)*१. गिनना । गिनती करना । २. हिसाब लगाना । ३. समझना । ४. किसी को कुछ महत्व का समझना । महत्व देना ।

गणतरी–*(ना०)* १. गिनती । २. अनुमान । अंदाज । ३. पूछ । आदर । मान । सम्मान ।

गणधर–*(न०)* तीर्थंकरों के उपदेशों का प्रचार करने वाले जैनाचार्य ।

गणनायक–*(न०)* गणेश ।

गणपति–*(न०)* गणेश ।

गणव–*(न०)* गणपति ।

गणवै–*(न०)* गणपति ।

गणिका–*(ना०)* गनिका । वेश्या ।

गणित–*(न०)* १. गिनती, मात्रा, संख्या इत्यादि के हिसाब का शास्त्र । २. हिसाब ।

गणेश–दे० गणेसजी ।

गणेसजी–*(न०)* ज्ञान और मंगल कार्यों के देवता । सर्वप्रथम पूजनीय देव । गणेश । गजानन ।

गत–*(ना०)*१. गति । २. मोक्ष । ३. विधि । गति । ४. दशा । हालत । ५. ढंग । ६. गति । चाल । ७. ईश्वरीय लीला । ८. वादन की क्रिया विशेष । वाद्य बजाने की कोई रीति । ९. तालभेद । १०. मजाक । ११. चालाकी । १२. मनुष्य, पशु आदि के बोलने (बोलियों) की नकल । *(वि०)* १. भूतकाल का । बीता हुआ । अतीत । व्यतीत । २. गया हुआ । ३. नष्ट । हृत । ४. रहित । हीन । ५. मरा हुआ ।

गत-पंचमी–*(ना०)* १. पंचत्व । २. मोक्ष । ३. पंचम गति । श्रेष्ठ गति । ४. वीर गति । ५. वीर लोक । ६. स्वर्ग ।

गतराड़ो–*(न०)* हिजड़ा । गतंड ।

गतंड–दे० गतराड़ो ।

गतागत–*(वि०)* गया और आया हुआ । *(न०)* गमनागमन ।

गतागम–*(ना०)* १. समझ । २. विचार । ध्यान । ३. सूझ । ४. आना-जाना । आवागमन । *(वि०)* गया और आया । गया और आया हुआ ।

गतावोळ–*(न०)* १. वंशोच्छेदन । २. नाम शेष । नष्ट । *(वि०)*पानी में समाविष्ट । डूबा हुआ । २. नष्ट ।

गति–*(ना०)* १. चाल । गति । गमन । २. स्पदंन । हरकत । ३. गम्यस्थान । ४. प्रकार । ढंग । रीति । ५. दशा । हालत । अवस्था । ६. मरने के बाद की स्थिति । ७. मुक्ति । मोक्ष । ८. लीला । माया ।

गतू–*(न०)* किसी वस्तु पर से छोड़ा हुआ अपना अधिकार । २. बेचान । जैसे— मकान गतू कर दियो । *(अव्य०)* १. बिल्कुल भी । २. कुछ भी । ३. पूर्णतया । *(वि०)* १. मस्त २. पूर्ण । संपूर्ण ।

गथराड़ो–*(न०)* १. हिजड़ा । २. नपुंसक ।

गथियो–दे० गथराड़ो ।

गदफड़–*(ग०)* एक पीली चोंचवाला मांसाहारी पक्षी । *(वि०)* १. मोटा । २. फूला हुआ ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गदरो-*(न०)* गद्दा । गादी ।

गदा-*(ना०)* एक अस्त्र ।

गदियाणो-*(न०)* आधे तोले का एक तोल । गद्याणक ।

गदियो-*(न०)* एक पुराने सिक्के का नाम । गधैयो ।

गद्य-*(न०)* वह रचना जो पद्यबन्ध न हो । पद्य का उलटा । सादी लिखावट । २. लेखनशैली । ३. लेखशैली ।

गधामस्ती-*(ना०)* १. शरारत । ऊधम । २. धक्कमधक्का ।

गधेड़ी-*(ना०)* गधी ।

गधेड़ो-*(न०)* गदहा । गधो ।

गधो-दे० गधेड़ो । *(ना०)* गधी ।

गनायत-*(न०)* स्वगोत्री के अतिरिक्त वह सजातीय व्यक्ति जिसके घर बेटी लेने देने का सम्बन्ध हो सकता हो । रिश्तेदार । सम्बन्धी । गिनायत ।

गनीम-*(न०)* १. शत्रु । २. डाकू । लुटेरा ।

गनीमाण-*(न०)* १. शत्रुदल । २. डाकूदल ।

गनो-*(न०)* सम्बन्ध । रिश्ता । गिनो ।

गप-*(ना०)* १. उड़ती बात । अफवाह । २. झूठी बात । डींग ।

गपाटो-*(न०)* गप । डींग ।

गपी-*(वि०)* गप हांकने वाला या वाली । गप्पी ।

गपोड़-*(वि०)* गप हांकने वाला । गप्पी ।

गपोड़बाज-*(वि०)* गप हांकने वाला । गप्पी ।

गपोड़ो-*(न०)* गप्प ।

गप्पी-दे० गपी ।

गप्पीदास-*(वि०)* गप हांकने का आदी ।

गफलत-*(ना०)* १. असावधानी । २. भूल ।

गबकावणो-*(क्रि०)* धमकाना । डांटना ।

गबड़कावणो-*(क्रि०)* धमकाना । दुत्कारना । फटकारना । फटकारणो ।

गबरू-*(वि०)* १. मूर्ख । २. सीधा । भोला । ३. असावधान ।

गबीड़ो-*(न०)* १. हानि । घाटा । २. किसी दुर्घटना का समाचार । ३. चोट । ४. धोखा ।

गबोळो-*(न०)* १. विघ्न । रुकावट । बाधा । २. खयानत । ३. गबन । ४. गोटाला । गोटाळो ।

गभ-*(न०)* गर्भ ।

गम-*(न०)* १. सूझ । २. ज्ञान । ३. गति । ४. सहन शीलता । ५. विचारशक्ति । ६. जानकारी । ७. क्षोभ । दुख । गम । ८. सब्र । ९. प्रतिष्ठा । साख ।

गमण-*(न०)* १. गमन । प्रस्थान । २. संभोग । मैथुन । ३. पाँव । ४. नाश ।

गमणो-*(क्रि०)* १. खो जाना । २. मरना । ३. नाश होना । ४. गमन करना । ५. बीतना । ६. बिताना । ७. मन लगना । ८. फबना । अच्छा लगना ।

गमत-*(ना०)* १. विनोद । गम्मत । २. आनन्द । मजा ।

गमती-*(वि०)* १. विनोदी । गम्मती । २. मजाक-पसन्द । हँसोड़ ।

गमर-*(ना०)* १. तुलना । बराबरी । २. घमंड । गुमर ।

गमलो-*(न०)* मिट्टी का एक पात्र जिसमें फूल-पत्ती के पौधे लगाये जाते हैं । गमला ।

गयोबीतो-*(वि०)* निकम्मा । गया-गुजरा ।

गमागम-*(क्रि०वि०)* १. चारों ओर । २. इधर-उधर । यहाँ-वहाँ । ३. जहाँ-तहाँ । ४. निरन्तर ।

गमाड़णो-दे० गमावणो ।

गमार-दे० गँवार ।

गमावणो-*(क्रि०)* १. खोना । २. नाश करना । ३. खो देना । ४. व्यतीत करना ।

गमांगमां-*(क्रि०वि०)* १. चारों ओर से । २. चारों ओर को । चारों तरफ ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गमी–*(ना०)* १. शोक। २. दिलगीरी। ३. मृत्यु।

गमीजरणो–*(क्रि०)* खो जाना।

गमे–*(क्रि०वि०)* १. ओर। तरफ। *(अव्य)* अथवा। वा। या।

गमे-गमे–*(क्रि०वि०)* १. चारों ओर से। २. चारों ओर। ३. इधर उधर। इधर-उधर को।

गय–*(न०)* १. गज। हाथी। २. ऊँट।

गयगमरणी–*(वि०)* गजगामिनी।

गयरण–*(न०)* आकाश। गगन। अकास। आभो।

गयरणमिरण–*(न०)* गगनमणि। सूर्य।

गयरणंग–*(न०)* आकाश। आभो।

गयरणाग–*(न०)* आकाश। आभो।

गयरणांगरण–*(न०)* आकाश। आभो।

गयदंतो–*(न०)* हाथी के समान बड़े दाँत वाला सूअर।

गयनाळ–दे० गजनाळ।

गयंद–*(न०)* गजेन्द्र। हाथी।

गयाजी–*(न०)* बिहार में फल्गु नदी के तट पर स्थित एक प्रसिद्ध प्राचीन तीर्थस्थान। यहाँ पितरों को पिंडदान करने का महात्म्य माना जाता है। गया।

गयो–*(क्रि०भू०)* 'जारणो' या 'जावरणो' का भूतकाल रूप। १. चला गया। २. मर गया। ३. खो गया।

गयोड़ो–*(भू०का०कृ०)* १. गया हुआ। २. खोया हुआ।

गयो-बीतो–*(वि०)* बुद्धिहीन। बेअक्ल।

गरक–*(वि०)* १. डूबा हुआ। सना हुआ। गरक। २. लीन। तन्मय। ३. खूब।

गरकाब–*(वि०)* १. मग्न। २. अंतरस्थ। डूबा हुआ। ३. समाहित। ४. गायब। लुप्त। गीला। शराबोर।

गरगड़ी–दे० गड़गड़ी।

गरज–*(ना०)* १. स्वार्थ। २. प्रयोजन। ३. आवश्यकता। ४. इच्छा। ५. खुशामद। ६. मेघ गर्जन। गाज। ७. दहाड़।

गरजरणो–*(क्रि०)* १. गरजना। २. दहाड़ना। गर्जन होना। ३. कड़क कर बोलना। तड़कना।

गरजाउ–*(वि०)* १. गरज वाला। जरूरत वाला। २. स्वार्थी।

गरट–दे० गरठ।

गरठ–*(न०)* १. सेना। २. समूह। झुंड। ३. पाताल। *(वि०)* १. गरिष्ट। भारी। २. अधिक। ३. कठिन। ४. अभेद्य।

गरढी–*(वि०)* वृद्धा। बुड्ढी। डोकरी। डंगती।

गरढो–*(वि०)* बूढ़ा। वृद्ध। बूढो। डोकरो। डंग।

गरण–*(ना०)* १. कराह। २. ग्रहण। ३. पकड़।

गरणाटो–*(ना०)* १. कराह। गरण। २. बकबक। ३. सिर घूमना। चक्कर।

गरणावरणो–*(क्रि०)* १. गरण करना। कराहना। २. चक्कर खाना। सिर घूमना। ३. भिनभिनाना।

गररणो–*(न०)* छन्ना। गळरणो। जळ छारणरणो।

गरथ–*(न०)* १. रुपया-पैसा। धनमाल। २. माल असबाब। ३. घर। ४. गृहस्थ। ५. गाँठ।

गरथार–*(ना०)* घर।

गरद–*(ना०)* १. गर्द। धूल। धूड़। २. नाश। ३. झुंड। *(वि०)* गर्द छाई हुई।

गरदन–*(ना०)* १. गला। ग्रीवा। २. बोतल या कुप्पे का ऊपर का सँकरा भाग।

गरदभ–*(न०)* गधा। गधो।

गरदी–*(ना०)* १. भीड़। जनसमूह। २. गर्द। धूल।

गरनाळ–*(ना०)* चौड़े मुँह की तोप।

गरब–*(न०)* गर्व। अभिमान।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गरब गहेलो-*(वि०)* गर्वोन्मत्त ।

गरबणो-*(क्रि०)* गर्वित होना । गर्व करना ।

गरबीजणो-*(क्रि०)* गर्वित होना । अभिमान में आना । अभिमान होना । अभिमान करना ।

गरबीलो-*(वि०)*१. अभिमानी । २. गर्वीला ।

गरभ-*(न०)* १. हमल । गर्भ । भ्रूण । २. गर्भाशय । ३. गूदा । ४. किसी वस्तु का मध्य भाग । *(अव्य०)* बीच में । भीतर में ।

गरभ-जगत-*(न०)* जगत का कारण । जगत-गर्भ । परब्रह्म ।

गरभणी-*(वि०)* गर्भिणी । गर्भवती । हामिला ।

गरभवती-दे० गर्भवती ।

गरभवास-दे० गर्भवास ।

गरभीजणो-*(क्रि०)* गर्भधारण करना ।

गरम-*(वि०)* १. उष्ण । तप्त । गरम । २. क्रुद्ध । उत्तेजित । ३. उग्र । तीव्र । ४. गरमी पैदा करने वाला ।

गरमागरम-*(वि०)* गरम-गरम ।

गरमास-*(ना०)* १. गरमी । उष्णता । २. गरम वातावरण ।

गरमी-*(ना०)* १. उष्णता । ताप । २. विचार-विमर्श में आने वाली तेजी । गरम वातावरण । ३. क्रोध । ४. उपदंश । ५. आतशक रोग ।

गरळ-*(न०)* विष । जहर ।

गरळस-*(न०)* १. सर्प । २. बिच्छू ।

गरळाणो-दे० गरळावणो ।

गरळावणो-*(क्रि०)* १. रोना । २. घिघियाना ।

गरवाई-*(ना०)*१. गंभीरता । २. अभिमान । ३. महिमा । ४. गरुग्राई ।

गरवीजणो-*(क्रि०)* गर्व करना । घमंड करणो ।

गरवो-*(वि०)* १. गौरव वाला । गरुआ । २. गंभीर । धीरजवान । ४. गर्ववाला । घमंडी ।

गरहण-*(ना०)* १. घृणा । २. निंदा । ३. उपालम्भ ।

गराळ-*(वि०)* विषभरा । विषाक्त । जहरीला *(न०)* विषतुल्य शत्रु । भयंकर शत्रु ।

गरास-दे० ग्रास ।

गरासियो-दे० ग्रासियो ।

गरीठ-*(वि०)* १. गरिष्ठ । भारी । २. पराक्रमी । ३. जबरदस्त । ४. अजेय वीर । *(न०)* १. भीषण युद्ध । २. हाथी ।

गरीब-*(वि०)* १. निर्धन । २. अनाथ । ३. दीन हीन । बापुरा । ४. सीधा । सरल । *(न०)* भिखारी । मँगता । २. गलित कुष्ट वाला रोगी । कोढ़ी ।

गरीब-गुरबो-*(न०)* कंगाल । भिखारी ।

गरीबणी-*(वि०)* निर्धना । २. सीधी । सरल । *(ना०)* भिखारन । मँगती ।

गरीब नवाज-*(वि०)* दयालु ।

गरीब परवर-*(वि०)* गरीब का पालन करने वाला । दीन प्रतिपालक ।

गरीबाई-*(ना०)* गरीबी । कंगाली ।

गरीवी-दे० गरीबाई ।

गरुड़-*(न०)* गरुड़ पक्षी । विष्णु का वाहन ।

गरुड़गामी-*(न०)* विष्णु भगवान ।

गरूड़ध्वज-*(न०)* विष्णु ।

गरूठ-*(वि०)* १. गरिष्ठ । भारी । २. जोरदार । जबरदस्त । ३. भयंकर । ४. बड़ा । ५. गर्व वाला ।

गरूर-*(न०)* गर्व । अभिमान ।

गरो-*(न०)* १. बल । शक्ति । २. पकड़ । ग्रहण । पकड़ने की शक्ति । ३. समूह । ४. ढेर । राशि । ५. झड़बेरी की पतली शाखाओं का ढेर ।

गरोळी-*(ना०)* छिपकली ।

गर्दभ-*(न०)* गधा ।

गर्भ-दे० गरभ ।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गर्भवती-*(वि०)* सगर्भा । गर्भिणी ।

गर्भवास-*(न०)* १. उदर में गर्भ का वास । २. उदरस्थ गर्भ ।

गल-*(ना०)* १. बात । २. खबर । समाचार । ३. संदेश । ४. गप्प । डींग । ५. पुकार ।

गळ-*(ना०)* १. गला । कंठ । *(क्रि०वि०)* १. संलग्न । २ पास । निकट । ३. चारों ओर ।

गळकासिला-*(ना०)* गंडकी नदी को शिला । सालिग्राम ।

गळगळो-*(वि०)* १. अत्यधिक हर्ष, प्रेम, श्रद्धा आदि के कारण आवेग से पूर्ण । पुलकित । गदगद । २. दुखकातर । ३. अश्रुपूर्ण ।

गळगै-*(ना०)* १. मन की गाँठ । मन की बात । २. गलग्रंथि । गले की गाँठ । *(अव्य०)* मन में

गळचिया खाणो-*(मुहा०)* मुँह, नाक, कान आदि में पानी घुस जाने पर डूबने की स्थिति में होना । २. यथार्थ उत्तर नहीं दे सकने की स्थिति में या घबराहट से ऊटपटांग उत्तर देना ।

गळचियो-*(न०)* गले से ऊपर मुँह, कान, नाक में आ जाये उतने पानी में डूबने की क्रिया ।

गळडवो-*(न०)* कंधे पर रहने वाला चमड़े का लंबा पट्टा जिसमें तलवार लटकाई रहती है ।

गळणियो-*(न०)* दे० गळणी ।

गळणी-*(ना०)* १. तरल पदार्थ छानने का उपकरण, चलनी । **चाळणी** । २. गले हुए अफीम को छानने की (बकरी के स्तन जैसी) कपड़े की एक थैली ।

गळणो-*(क्रि०)* १. गलना । पिघलना । **पिघळणो** । २. दुबला होना । क्षीण होना । ३. बीतना । खतम होना । ४. रस बनना । ५. छनना । *(न०)* पानी आदि तरल पदार्थों को छानने का कपड़ा । छन्ना । **जलछाणणो** । **जळछाणणियो** ।

गलत-*(वि०)* १. अशुद्ध । जो सही न हो । २. असत्य । झूठा । **खोटो** ।

गळत कोढ-*(न०)* गलितकुष्ट । **कोढ** ।

गळत कोढी-*(न०)* गलितकुष्टी । **कोढियो** ।

गळतंग-*(न०)* ऊंट के गले में माला की तरह बंधी हुई एक मोटी रस्सी जिसको ऊट पर कसे हुए पलान के अगले भाग में एक रस्सी के टुकड़े से इसलिए बांध दिया जाता है कि जिससे पलान ऊंट की पीठ पर से पीछे की ओर न खिसक सके।

गळती-*(वि०)* समाप्त होती हुई । बीतती हुई (रात) । *(ना०)* भूल । गलती । **खोट** ।

गळथणो-*(न०)* १. खूंटे से बांधने के लिए पशु के गले में डाली जाने वाली रस्सी । २. बकरी के गले में लटकने वाला स्तन । *(क्रि०)* गले में रस्सी डालना । गले में डोरी बांधना ।

गळपटियो-*(ना०)* स्त्रियों के गले में पहिनने का एक आभूषण ।

गलफो-*(न०)* १. ऊंट की फुलाई हुई जीभ । **गल्लो** । २. गाल का अंदर का भाग । गले के अंदर का चमड़ा ।

गलबल-*(अनु०)* शोर । कोलाहल ।

गलबो-दे० गलबल ।

गळवाणी-*(ना०)* घी में सिके हुए गेहूँ के आटे को गुड़ के पानी में औटा कर बनाई जाने वाली पतली राब । मीठी राब । **गुळराब** ।

गळसूंडो-*(न०)* १. गले और तालू के बीच में उभरा हुआ भाग । गलशुंडी । गले का एक रोग ।

गळहथ-*(ना०)* १. सौगध । शपथ । २. बंधन ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गळाई-*(क्रि०वि०)* १. ज्यों। जिस प्रकार। २. जिस ढंग से। जैसे। ३. प्रकार। तरह समान। *(ना०)* १. गलाने का काम। १. गलाने की मजदूरी। ३. गालने की मजदूरी। ४. गालने का काम।

गळाडोब-*(वि०)* गला डूबे इतना (पानी)।

गळाणो-*(क्रि०)* १. गलवाना। गलाना। पिघलाना। २. नष्ट करना।

गळामणो-*(न०)* १. पशुओं के गले में बांधने की डोरी। २. लंबी माला की तरह गले में बंधी हुई कपड़े की पट्टी जिसमें चोट लगाने या फोड़ा आदि होने से हाथ रखा रहता है।

गलार-*(ना०)* १. मौज। मजा। २. गायन। ३. भेड़ बकरी आदि पशु तथा गिद्ध आदि पक्षियों का तृप्ति या मौज में किया जाने वाला शब्द। ४. पशु-पक्षियों की मस्ती या मौज।

गळावणो-*(क्रि०)* गलाना। *(न०)* दे० गळामणो।

गळिआगो-*(न०)*१. ब्राह्मण। २. त्रिवर्ण। द्विज। ३. जनेऊ।

गळियार-*(न०)* १. सँकड़ी गली। *(वि०)* १. गली गली में चक्कर लगाते रहने वाला। आवारा। २. रसिक।

गळिआरो-*(न०)* १. सँकड़ी छोटी और बंद गली। २. संकड़ी गली। ३. संकड़ा मार्ग।

गळियो गुलसरो-*(न०)* अधिक मादकतार्थ गला कर तैयार किया हुआ अफीम द्राव।

गळी-*(ना०)* १. गली। कूचा। सेरी। २. छेद। ३. उपाय।

गळी-कूंचळी-दे० गळी-कूंची।

गळी-कूंची-*(ना०)* १. रहस्य। भेद। २. प्रत्येक गली। गली-गली। ३. उपाय।

गलीचो-*(न०)* गालीचा। कालीन।

गळूंडो-*(न०)* दे० गळसूंडो।

गळेटो-*(न०)* १. तीवन, घाट आदि रंधेज रांधते समय बेसन, दलिया आदि में पड़ने वाली गांठ। २. गुलांट। कुलांच।

गलेफ-*(ना०)* खांड की परत। खांड की चासनी की परत।

गलेफणो-*(क्रि०)* मिठाई पर खांड की चासनी की परत चढ़ाना।

गळै-*(क्रि०वि०)* पास। निकट। कनै। *(अव्य०)* गले में।

गळै-उतरणो-*(मुहा०)* दिल में बैठना। उचित जान पड़ना। जँचना। २. समझ में आना।

गळै-टूंपो आवणो-*(मुहा०)* संकट में पड़ना।

गळै-पड़णो-*(मुहा०)* १. दोष मँढ़ना। २. जवाबदारी डालना। ३. खुशामद की जबरदस्ती करना।

गळै हाथदेणो-*(मुहा०)* सौगंध खाना।

गळो-*(न०)* १. गला। गर्दन। कंठ। २. कंठ। स्वर। ३. बर्तन आदि का ऊपरी पतला भाग। ३. अंगरखी, कुरते आदि का वह भाग जो गले के आजू-बाजू रहता है।

गळो-पड़णो-*(मुहा०)* बालक के गले में गरमी से होने वाला एक रोग।

गल्ल-*(ना०)* १. कीर्ति। यश। २. शुभ कामों की कीर्ति गाथा। ३. बात। ४. उड़ती बात। ५. डींग। गप्प।

गल्लड़ी-*(ना०)* १. शुभ कामों की यश गाथा। २. बात। ३. उड़ती बात।

गल्लो-*(न०)* १. ऊंट की फुलाई हुई जीभ। २. बिक्री का रुपया-पैसा रखने की पेटी। ३. अन्न राशि।

गवड़-*(न०)* गौड़ (राजपूत या ब्राह्मण)।

गवड़ावणो-*(क्रि०)* गीत गवाना। गाने में साथ देना। गवाना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गवीड़जणो-(क्रि०) १. गाया जाना। २. बदनाम होना।

गवर-(ना०) १. गौरी। पार्वती। २. गणगोर के उत्सव पर प्रदर्शित की जाने वाली गौरी की काष्ठ-प्रतिमा।

गवरजा-(ना०) गौरी। पार्वती।

गवरल-(ना०) १. गौरी। पार्वती। २. गणगोर उत्सव पर गाया जाने वाला एक लोकगीत।

गवरांदे-(ना०) गौरीदेवी। गौरी। पार्वती।

गवरी-(ना०) गौरी। पार्वती।

गवरीपुत्र-(न०) गणेशजी।

गवळ-(न०) १. गोवंश। गाय बैल आदि। २. ग्वाला।

गवा-(ना०) गवाह। साक्षी।

गवाड़-(ना०) १. मोहल्ला। गली। २. बाड़ा।

गवाड़णो-दे० गवड़ावणो।

गवाड़ो-(ना०) १. छोटी गली। गृहावली। २. एक कुटुम्ब के पाँच-सात घरों की बंद गली। २. घर। वंश। बाड़ी।

गवार-(न०) १. ग्वार का क्षुप। २. ग्वार का बीज। ग्वार।

गवारणी-(ना०) गवारिया की स्त्री।

गवारफळी-(ना०) ग्वारफली।

गवारियो-(न०) प्रायः कंघा बनाने और बेचने वाली एक खानाबदोश जाति का मनुष्य।

गवाळ-(न०) ग्वाल।

गवाळण-(ना०) ग्वालिनी।

गवाळणी-दे० गवाळण।

गवाळियो-(न०) ग्वाला।

गवावणो-दे० गवड़ावणो।

गवाह-दे० गवा।

गवाही-(ना०) साक्षी। गवाही।

गवीजणो-(क्रि०) १. कुख्यात होना। बदनाम होना। २. चर्चा का पात्र होना। ३. गाया जाना।

गवेसो-(न०) १. निंदा-चर्चा। २. चर्चा। व्यर्थ की बातें। गप्पें। ३. बकवाद। ४. बातचीत। ५. खोज-पता।

गवैयो-(न०) गाने वाला। गवैया। गायक।

गस-(ना०) १. चक्कर। २. बेहोशी।

गह-(न०) १. गर्व। घमंड। २. आनंद। मौज। ३. मस्ती। ४. प्रतिष्ठा। मान। ५. घर। गृह। ६. घर का कोई भाग। ७. घर का ऊपरी भाग। ऊपर की मंजिल। (वि०) १. गंभीर। ऊंडा। २. मस्त। ३. जबरदस्त वीर।

गहक-(न०) १. नखरा। २. गर्व। घमंड। ३. कृत्रिमता।

गहकणो-(क्रि०) १. प्रसन्न होना। खुश होना। २. खुश होकर गर्जना। ३. नखरे से बोलना। ४. नखरे करना। ५. गर्व से बोलना। ६. पक्षियों का कलरव करना। ७. ढोल या नगाड़े का बजना।

गहको-(न०) १. बोलने का बनावटी और व्यंग्य पूर्ण ढंग। २. मिजाज। घमंड। ३. नखरा। ४. कृत्रिमता। ५. ढंग। तरीका।

गहगट-(न०) १. आनंद। हर्ष। खुशी। २. हर्षातिरेक। ३. उत्सव। ४. खूबी। विशेषता। ५. अधिकता। ६. हर्ष की अधिकता। बादलों का छा जाना। घटा। ८. युद्ध। घमासान।

गहगहणो-(क्रि०) १. उत्साहित होना। २. प्रसन्न होना ३. उत्सव होना। ४. अच्छा लगना। ५ महकना। ६. विशेषता युक्त होना। ७. फलना-फूलना।

गहगाट-(वि०) प्रकाशमान। रोबवाला।

गहड़-(वि०) १. वीर। २. जबरदस्त। ३. गंभीर। (न०) गर्व। घमंड।

गहडंबर-(न०) १. घटा। २. धूप, अतर आदि की सुगंधि से भरपूर बना हुआ

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वातावरण । *(वि०)* १. बादलों से छाया हुआ । २. वस्त्राभूषणों से अलंकृत । ३. घना । ४. खूब ।

गहण–*(न०)* १. ग्रहण (सूर्य, चंद्र का) । २. युद्ध । ३. भीड़ । *(वि०)* गहन । गंभीर ।

गहणो–*(क्रि०)* १. पकड़ना । २. धारण करना । लेना । *(न०)* गहना । आभूषण ।

गहणो-गाँठो–*(न०)* गहना व अन्य सम्पत्ति । धन-माल ।

गहतंग–*(न०)* नशे में मस्त ।

गहपूर–*(वि०)* पूर्ण गर्वित । *(न०)* सिंह ।

गहभरियो–*(वि०)* १. गर्वित । घमंडी । २. गंभीर । ३. मस्त । मौज ।

गहमह–*(न०)* १. दीपकों की जगमगाहट । २. धूमधाम । उत्सव । ३. भीड़ ।

गहमहणो–*(क्रि०)* १. दीपकों का चमकना । २. शोभा देना । ३. धूमधाम होना । ४. जोश में आना । ५. गर्व करना । ६. भीड़ करना । ७. भीड़ होना ।

गहमहर–*(वि०)* १. गंभीर । २. वीर । योद्धा । *(न०)* उत्सव । धामधूम ।

गहमातो–*(वि०)* पूर्ण गर्वित । गर्वोन्मत्त ।

गहर–*(न०)* १. गर्व । घमंड । २. शोभा । *(वि०)* १. घना । गहरा । २. अथाह । ३. गंभीर ।

गहराई–*(ना०)* १. गहरापन । ऊंडाई । २. गंभीरता ।

गहरो–*(वि०)* १. घनिष्ट । २. घना । अधिक । ३. गंभीर । ऊंडा ।

गहळ–*(ना०)* १. नशा । २. चक्कर । सिर घूमना । ३. भोजन का नशा या सुस्ती । ३. हलकी नींद ।

गहलाई–*(ना०)* पागलपन ।

गहलो–*(वि०)* पागल । मत्त । *(न०)* १. अणहिलपुर-पाटण के शासक कर्ण की मूर्खता का एक विरुद । २. कर्ण-गहलो ।

गहवइ–*(न०)* गृहपति ।

गहवर–*(न०)* १. सघनता । २. अभिमान । *(वि०)* १. गह्वर । दुर्गम । २. घना । ३. अभिमानी ।

गहवरणो–*(क्रि०)* १. अभिमान करना । २. वृक्ष का पुष्पों, पत्तों आदि से छा जाना । ३. मस्ती से झूमना ।

गहवरियो–*(वि०)* १. गंभीर । २. निडर । ३. गर्वित । ४. मस्त ।

गहवंत–*(वि०)* १. घमंडी । अभिमानी । २. गंभीर ।

गहीजणो–*(क्रि०)* १. घिस जाना । २. हानि उठाना । ३. दूसरे के बदले में हानि उठाना ।

गहीर–*(वि०)* गंभीर । गहरा ।

गहुंआळ–*(ना०)* गेहूं के खेतों का समूह । गेहूं के खेतों की पंक्ति ।

गहूं–*(न०)* गेहूं ।

गंग–*(ना०)* गंगा । जान्हवी । भागीरथी । *(न०)* १, जोधपुर नगर के स्थापक राव जोधा के वंशज राव गांगा का काव्य नाम । २. चहुवाण का पौत्र और चाह का पुत्र राणा घणसूर (छापर-द्रोणपुर के मोहिल का बडेरा) का विरुद । ३. ३. अकबर कालीन एक कवि ।

गंग-रो-जड़ाग–*(न०)* भीष्म पितामह ।

गंगा–*(ना०)* भारत के उत्तर भाग की एक प्रसिद्ध और अति पवित्र नदी, जो हिमालय में गंगोत्री से निकल कर बंगाल की खाड़ी में गिरती है । भागीरथी ।

गंगाजळ–*(न०)* गंगा का जल ।

गंगाजळी–*(ना०)* १. टोंटी वाला छोटा जलपात्र । २. गंगा की यात्रा करके गंगा-जल भर कर लाने का पात्र । ३. पीतल और तांबे की चद्दर जोड़ कर बनाया हुआ छोटा कलश ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गंगा न्हावणो-*(मुहा०)* १. पाप, झंझट और उत्तरदायित्व से बरी होना। २. गंगा में स्नान करना।

गंगा-परसादी-*(ना०)* गंगा-यात्रा की प्रसादी और गंगाजल बांटने के निमित्त किया जाने वाला भोजन-समारोह।

गंगा-सागर-*(न०)* वह तीर्थ स्थान जहाँ गंगा सागर में मिलती है। २. टोंटी वाला लोटा।

गंगा-स्वरूप-*(वि०)* १. गंगा के समान निर्मल स्वभाव वाला। २. शांत प्रकृति के धर्माचारी व्यक्तियों के नाम के पहिले आदरार्थ प्रयुक्त होने वाला एक विशेषण। ३. विधवा स्त्रियों के नाम के पूर्व लिखा जाने वाला आदर सूचक 'गं० स्व०' विशेषण का पूरा नाम।

गंगेरण-*(ना०)* १. एक वृक्ष। २. इस वृक्ष की लकड़ी।

गंगेव-*(न०)* गांगेय। भीष्म पितामह।

गंगोज-*(न०)* दे० गंगा-परसादी।

गंगोतरी-*(ना०)* वह तीर्थ स्थान जहाँ से गंगा निकलती है। गंगोत्री। रुद्र हिमालय।

गंज-*(न०)* १. ढेर। राशि। २. एक के ऊपर एक रखी हुई एकसी चीजों का ढेर। ३. सिर की चमड़ी का एक रोग। खल्वाट। ४. एक ही वस्तु के क्रय-विक्रय का बाजार। मंडी।

गंजणहार-*(वि०)* १. शत्रुओं का नाश करने वाला। २. वीर। ३. जीतने वाला।

गंजणो-*(वि०)* शत्रुओं का नाश करने वाला। *(क्रि०)* १. नाश करना। गंजना २. पराजित करना।

गंजीजणो-*(क्रि०)* १. नाश होना। मरना। २. हारना।

गंजीफो-*(न०)* १. ताश की गड्डी। ताश का खेल।

गंजेड़ी-*(वि०)* गांजा पीने वाला। नशाबाज।

गंजो-*(न०)* गंज रोग वाला।

गंठ-*(ना०)* १. गाँठ। २. उलझन। ३. माया-रूपी गाँठ। अविद्या। अज्ञान।

गंठियो-*(न०)* १. संधिवात का एक रोग। गठिया रोग। २. गँठकटा। गिरहकटा। ३. ठग। धूर्त। ४. एक घास।

गंठीजणो-*(क्रि०)* बँध जाना।

गंठो-*(न०)* १. ऊंट पर दोनों ओर लदी हुई जलाने की लकड़ियों (ईंधन) की लाद। २. कस कर बांधी हुई गठरी। ३. पानी में ऊपर से सीधी मारी जाने वाली छलांग।

गंडक-*(न०)* १. कुत्ता। कूतरो। २. ग्राम-शूकर।

गंडकड़ो-*(ना०)* १. कुत्ती। कुतिया। कूतरी। २. ग्राम-शूकरी।

गंडकड़ो-दे० गंडक।

गंड़की-*(ना०)* १. एक नदी का नाम। २. कुतिया। कुत्ती।

गंडसूर-*(न०)* ग्राम शूकर।

गंडसूरो-दे० गंडसूर।

गंडूरो-दे० गंडसूर।

गंडो-*(न०)* १. अंकुश। २. एक अस्त्र। ३. ताबीज। गंडा।

गंदगो-*(ना०)* १. मैलापन। २. अस्वच्छता। अशुद्धता। ३. मैला। मल।

गंदळ-*(ना०)* मूली, गाजर आदि के पत्तों के बीच में उत्पन्न होने वाला एक कोमल डंठल वाला पत्ता।

गंदवाड़-*(ना०)* १. गदंगो। २. अस्वच्छता। ३. गंदीवाड़ा।

गंदियो-*(न०)* १. एक तीक्ष्ण बदबू वाला घास। २. एक कीड़ा।

गंदीवाड़ो-*(न०)* १. दुर्गंध वाले कचरे का ढेर। २. वह स्थान जहाँ ऐसा गंदा कचरा पड़ा हो। ३. गंदगी।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गंदो–*(न०)* जट की दरी। *(वि०)* मैला। गंदा। अस्वच्छ।

गंध–*(ना०)* १. सुगंध। २. दुर्गंध। ३. लेशमात्र स्पर्श। ४. लेशमात्र निकटता।

गंधक–*(न०)* गंधक।

गंधजाण–*(न०)* नासिका।

गंधमद–दे० मदगंध।

गंधरप–*(न०)* १. गंधर्व। २. गंधक।

गंधर्व–*(न०)* १. गाने बजाने वाले देवताओं का एक वर्ग। गाने बजाने वाली एक जाति।

गंधर्वनगरी–*(ना०)* १. आकाश मंडल में दिखने वाला एक प्रतिबिम्ब। २. काल्पनिक नगर। मिथ्या ज्ञान।

गंध-वह–*(न०)* १. नाक। नासिका। २. २. पवन। वायु। ३. चंदन। *(वि०)* सुगंधित।

गंध-वहण–दे० गंधवह।

गंधवाह–दे० गंधवह।

गंधसार–*(न०)* चंदन।

गंधहर–*(न०)* नाक।

गंधावणो–*(क्रि०)* गंधना। बदबू मारना। बू मारना।

गंधी–दे० गांधी।

गंधीलो–*(वि०)* १. मैला। बदबूदार। गंधवाला।

गंध्रव–*(न०)* गंधर्व।

गंभीर–*(वि०)* १. उदार। २. प्रौढ़। ३. गहरा। ४. विकट। ५. शांत। ६. धीर। *(न०)* एक विषला व्रण।

गंभीरी–*(ना०)* मेवाड़ की एक नदी।

गँवार–*(वि०)* १. ग्रामीण। देहाती। २. मूर्ख। नासमझ। ३. असभ्य।

गा–*(ना०)* १. गाय। २. पृथ्वी। *(वि०)* गरीब। बिचारा।

गाएठो–*(न०)* पराल में से अनाज को अलग करने का काम।

गाऊ–*(न०)* दूरी का एक नाप जो दो मील का होता है। गव्यूत। कोस।

गागड़दो–*(न०)* राब के जैसी गाढ़ी छनी हुई भांग। २. अधिक गाढ़ा द्रव।

गाघ–*(न०)* १. गहरा घाव। २. सड़ा हुआ घाव। *(वि०)* १. चालाक। होशियार। घाघ। २. चतुर। दक्ष।

गाघराणो–*(क्रि०)* विवाहित पति को छोड़कर या विधवा होने पर स्त्री का दूसरे पुरुष के घर में पत्नी रूप से रहना।

गाज–*(न०)* १. बादल का गर्जन। २. सिंह की दहाड़। ३. तोप के छूटने का शब्द। ४. बिजली। वज्र। ५. एक वस्त्र। ६. बटन का काज।

गाजणो–*(क्रि०)* १. बादलों का गर्जना। २. सिंह का दहाड़ना। *(वि०)* गाजने वाला।

गाजन माता–*(ना०)* बनजारों की कुलदेवी।

गाजर–*(ना०)* १. मूली के जैसा एक कंद। गाजर। २. एक प्रकार की आतिशबाजी।

गाज-वीज–*(न०)* बादलों का गर्जन और बिजली की चमक।

गाठणो–*(क्रि०)* घिसना। घिसजाना।

गाठीजणो–*(क्रि०)* घिसजाना।

गाडणो–*(क्रि०)* १. गाड़ना। दफनाना। २. थंभे आदि के कुछ भाग को गाड़ कर खड़ा करना।

गाडर–*(ना०)* भेड़।

गाडियोड़ो–*(वि०)* १. गाड़ा हुआ।

गाडी–*(ना०)* १. सामान या मनुष्यों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचाने वाला यान। रेलगाड़ी, घोड़ागाड़ी, बैलगाड़ी आदि।

गाड़ीखड़–*(वि०)* गाड़ी चलाने वाला। गाड़ीवान। गाड़ीवाळो। सागड़ी।

गाडीवान–दे० गाड़ीखड़।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गाडेती–*(वि०)* गाड़ीवान । गाड़ीवाळो ।
गाडो–*(न०)* १. छकड़ा । २. बैलगाड़ी । ३. घास से भरी हुई बैलगाड़ी ।
गाडो धकावणो–*(मुहा०)* १. जैसे तैसे गुजारा करना । २. अपना व्यवहार विवेक से चलाना ।
गाडो चलावणो–दे० गाडो धकावणो ।
गाडोलियो–*(न०)* १. बैलगाड़ी पर घर-सामान रख कर एक गांव से दूसरे गाँव धंधे के निमित्त फिरती रहने वाली खाना-बदोश लुहार जाति का व्यक्ति । २. चलना सीखने की बच्चों की एक प्रकार की छोटी गाड़ी ।
गाडोलो–*(ना०)* १. दे० गाडोलियो । २. हाथ से चलाया जाने वाला ठेला ।
गाढ–*(न०)* १. शक्ति । २. धैर्य ३. गर्व । घमंड । ४. आग्रह । ५. दृढ़ता । ६. निरोगता । ६. सम्मान । मान-सनमान । *(वि०)* १. गहरा २. पक्का । ३. घना । ३. दृढ़ । ५. अधिक ।
गाढम–*(वि०)* १. गर्वीला । २. गंभीर । ३. वीर । *(न०)* १. वीरता । २. बल । ३. गंभीरता । ४. प्रतिष्ठा ।
गाढमल–*(न०)* १. गर्वीला वीर । २. वीर पुरुष । *(वि०)* स्वाभिमानी । २. अभि-मानी ।
गाढ-रो-कोट–*(न०)* शक्ति का भंडार । *(वि०)* १. अजेय शक्तिशाली । जबरदस्त ताकतवर । २. स्वाभिमानी ।
गाढवान–दे० गाढवाळ ।
गाढवाळ–*(वि०)* १. शक्तिमान । २. धीरज वान । ३. दृढ़ ।
गाढवाळो–*(वि०)* १. बलवान । २. धैर्य-वान । ३. गंभीर । ४. सहनशील ।
गाढा-मारू–*(न०)* १. गर्वीला पुरुष । स्वाभिमानी व्यक्ति । २. रसिक-पुरुष । ३. जमाई । दामाद । ४. दूल्हा । ५. जमाई । विवाह के लोकगीतों का । ६. एक नायक । ७. एक लोक गीत ।
गाढो–*(वि०)* १. अच्छा । २. खूब । अधिक । बहुत । ३. जो अधिक पतला न हो । काठो । ४. घनिष्ट । घना । ५. धैर्यवान । धीरजवाळो । ६. दृढ़ । ७. गर्वीला ।
गाणो–*(न०)* गाना । गायन । गीत । *(क्रि०)* गाना । गीत गाना । लय के साथ अलापना ।
गात–*(न०)* शरीर । देह ।
गातड़ी–*(ना०)* दे० गाती ।
गातर–*(न०)* १. गात्र । अंग । २. शरीर का कोई भाग । ३. दे० गातरो ।
गातर ढीला पड़णो–*(मुहा०)* शर्म या डर के मारे शिथिल पड़ जाना ।
गातरो–*(न०)* १. अनेक आड़े डंडों वाली निसेनी का एक डंडा । २. किवाड़ में लगने वाली आड़ी लकड़ी का एक टुकड़ा ।
गाती–*(ना०)* १. शरीर पर कपड़ा लपेट कर बाँधने का एक ढंग । २. छाती और पीठ पर लपेट कर बाँधा जाने वाला कपड़ा ।
गातो–दे० गातरो ।
गात्र–*(न०)* १. शरीर । देह । २. शरीर का कोई भाग । अंग । गातर ।
गाथ–*(ना०)* १. धन । २. घर । ३. गाथा । कथा । वृत्तान्त । ४. कीर्ति । यश ।
गाथा–*(ना०)* १. कथा । वृत्तान्त । २. कीर्ति । यश । ३. छंदबद्ध वार्ता । ४. वर्णन । बयान । चित्रण । ५. एक छंद ।
गाद–*(ना०)* १. तरल पदार्थ के नीचे जम जाने वाली गाढ़ी चीज । तलछट । कीट । कीचड़ । २. पशुओं के चूतड़ के ऊपर का भाग । पुट्ठा । ३. गंध । ४. दुर्गंध । ५. मैला । विष्ठा । मल ।
गादड़ो–*(न०)* गीदड़ ।
गादरणो–*(क्रि०)* १. अंकुरित होना । २. प्रफुल्लित होना । खिलना । प्रसन्न होना ।
गादह–*(न०)* गदहा । गधो ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गादहो–दे० गावह ।

गादी–(ना०) १. राज्य सिंहासन । २. राजा, महंत, साधु आदि के बैठने का आसन तथा पद । ३. किसी व्यवसायी के बैठने का स्थान । पेढ़ी । दुकान । ४. गद्दी । आसन ।

गादीधर–(न०) १. महंत । २. राजा । ३. उत्तराधिकारी ।

गादी नशीन–(वि०) १. गद्दी नशीन । गद्दी पर बैठा हुआ । सिंहासनारूढ़ । २. पदारूढ़ ।

गादेपत–दे० गाधोतरो ।

गादोतरो–दे० गाधोतरो ।

गाधोतरै-गाळ–(अव्य०) सख्त से सख्त दी जाने वाली शपथ या गाली । जैसे–मारा रुपिया हमार-रा-हमार नहीं देवैला तो थनै गादोतरै-गाळ है ।

गाधोतरो–(न०) १. पुनः नहीं लौट आने के लिये, गौवध के पाप लगने की प्रतिज्ञा करके किसी गाँव से किया हुआ सामूहिक निष्कासन । गौवधोत्तर । २. ऐसी दुर्घटना के समय छोड़े हुए स्थान पर खड़ा किया जाने वाला गौ मूर्ति के साथ अंकित शिलालेख । ३. इसी प्रकार किया जाने वाला निष्कासन जिसमें वापिस नहीं लौट आने के लिए माता, पुत्री, बहिन और पत्नी के साथ गदहे से संभोग कराने की शपथ ली हुई हो । ४. गदहे से संभोग कराती हुई स्त्री की मूर्त्ति के साथ अंकित उक्त आशय का शिलालेख । गर्दभोतर ।

गानगर–(न०) गायक ।

गाफल–(वि०) गाफिल । बेसुध ।

गाबड़–(ना०) गरदन । ग्रीवा ।

गाभ–(न०) १. हमल । भ्रूण । गर्भ । प्रायः इस शब्द का अर्थ गाय, भैंस आदि मादा पशुओं के गर्भ से ही लिया जाता है । ३. किसी वस्तु का मध्य भाग । ४. किसी वस्तु का भीतरी भाग ।

गाभणी–(ना०) गर्भवती । (प्रायः गाय, भैंस आदि के लिये) ।

गाभलो–(न०) चूड़ा चीरने के बाद रहा हुआ हाथी-दांत का वह बीच का भाग जो चूड़ी चीरने के योग्य नहीं रहता । (वि०) १. भोला । सीधा । २. मूर्ख । गोभू ।

गाभो–(न०) १. वस्त्र । कपड़ा । २. रद्दी कपड़ा । ३. कड़ा, टड्डा आदि पोले आभूषणों के अंदर की तांबे की पतली छड़ (सरिया) ।

गाम–(न०) १. ग्राम । गाँव । २. निवास स्थान ।

गाम-गोठ–(न०) १. प्रवास । यात्रा । २. गाँव -गोष्ठी । ३. ठाम-ठिकाना । पता-ठिकाना ।

गामठी–(वि०) १. गाँव से संबंधित । २. गाँव संबंधी । ३. गाँव का रहने वाला । गँवार । ४. विदेशों में बनी हुई के मुकाबिले देश में बनी हुई (वस्तु) । देश में गृह उद्योग द्वारा निर्मित ।

गामठी-चाँदी–(ना०) १. जेवर आदि मिलावटी चाँदी को घरू शोधन-प्रक्रिया से तैयार की गई शुद्ध चाँदी । २. टँकसाल में शुद्ध नहीं की हुई अथवा टँकसाल में टच नहीं निकलवाई हुई चाँदी ।

गामड़ियो–(न०) छोटा गाँव । (वि०) गाँव का । गाँव का रहने वाला ।

गामतरो–(न०) १. अपने गाँव से की जाने वाली दूसरे गाँव की यात्रा । २. एक गाँव से दूसरे गाँव को जाने की क्रिया । ग्रामान्तर होना । ग्रामान्तरण ।

गामधणी–(न०)गांव का स्वामी । जागीरदार ।

गामधर–(न०) गाँव का स्वामी ।

गाम भांभी–(न०) सरकारी या जागीरी के काम के लिये आसामियों को बुलाने के

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

लिये नियुक्त किया गया भौमी जाति का व्यक्ति।

गाम-सारणी–*(ना०)* सारे गाँव को दिया जाने वाला भोजन। किसी एक व्यक्ति की ओर से समस्त गाँव के लिये किया जाने वाला भोजन समारोह। वृहत् गाँव भोज।

गामसिंघ–*(न०)* कुत्ता। ग्रामसिंह।

गामाऊ–*(वि०)* गाँव संबंधी। गाँव का।

गामेती–*(वि०)* १. गाँव का निवासी। गँवार। ग्रामीण। २. गाँव का अगुआ।

गामोगाम–*(न०)* गाँव-गाँव। प्रत्येक गाँव। प्रति गाँव।

गाय–*(ना०)* धेनु। गाय। गौ।

गायक–*(न०)* गवैया।

गायकवाड़–*(न०)* बडोदरा राज्य के शासक की जाति या विरुद।

गायटो–*(न०)* खलिहान में भूसे से अनाज को जुदा करने की क्रिया।

गायड़मल–दे० गाहड़मल।

गायड़-रो-गाडो–दे० गाहड़-रो-गाडो।

गायणी–*(ना०)* १. गाने वाली। गायिनी। पेशेवर गायिका। २. वेश्या।

गायत्री–*(ना०)* १. एक अत्यन्त पवित्र वैदिक मंत्र। गायत्री। २.एक वैदिक छंद।

गायबी–*(न०)* गायक।

गार–*(ना०)* लीपने के लिये बनाया हुआ गोबर और मिट्टी का गारा। २. कीचड़।

गारड़ी–*(न०)* सँपेरा।

गारत–*(वि०)* नष्ट बरबाद।

गारबो–*(न०)* १. गर्व। घमंड।

गारो–*(न०)* १. कीचड़। कादो। २. चुनाई के लिये गाली हुई मिट्टी। गारा। ग्रालेड़ो।

गाल–*(न०)* कपोल। गाल।

गाळ–*(ना०)* १. गाली। अपशब्द। २. कलंक। लांछन। ३. विवाह में स्त्रियों द्वारा संबंधियों को संबोधन करके गाये जाने वाले परिहास गीत। *(न०)* १. मालपुआ, जलेबी आदि बनाने के लिये बनाया जाने वाला आटे का घोल। २. मार्ग। ३. पहाड़ का तंग मार्ग। ४. दो पहाड़ों के बीच का सँकड़ा मार्ग। ५. पर्वत की घाटी। ६. संहार। नाश।

गाळणो–*(क्रि०)* १. पिघलाना। गलाना। २. निचोड़ना। ३. पानी आदि किसी तरल पदार्थ को छानना। ४. मजबूर करना। मनाना। ५. प्रभाव डालना। ६. नष्ट करना।

गाळमो–*(न०)* गला हुआ अफीम। कसूंबो। *(वि०)* गला हुआ। पिघला हुआ।

गाळी–*(ना०)* १. उपाय। रास्ता। २. गाँठ। ग्रंथि। ३. टोटी, लौंग आदि कर्णाभूषणों का वह पिछला भाग जो (लोलक) कर्ण छेद में डाला हुआ रहता है। ४. गाली। दुर्वचन।

गाळो–*(न०)* १. अंतर। फर्क। २. समयान्तर। ३. स्थलान्तर। ४. किसी वस्तु के मूल्य में एक दूसरे स्थान में परस्पर रहने वाला अंतर। ५ सरकाई जा सकने वाली रस्सी की गाँठ। फाँसा। सरकी पासो। ७. चक्की का मुँह। ८. चूड़ी आदि गोल वस्तु का घेरा। व्यास। ९. चक्की के गाले (मुँह में पीसने के लिये डाले जाने वाले मुट्ठी भर अनाज का परिमाण। १०. चक्की के मुँह में डाला जाने वाला मुट्ठी भर अनाज।

गावड़ियो–*(न०)* १. बैल, साँढ़, बछड़ा आदि गोवंश। २. बैल। ३. साँढ़।

गावड़ी–*(ना०)* गाय। गौ।

गावणियो–*(वि०)* गाने वाला। गवैयो।

गावणो–दे० गाणो।

गाव तकियो–*(न०)* १. छोटा गोल तकिया जो सोते समय गाल के नीचे रखा रहता

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

है। २. गादी पर रखा रहने वाला लंबा तकिया। मसनद। पीठ के सहारे का बड़ा तकिया।
गावदू–*(वि०)* गावदी। नासमझ।
गावी छाछ–*(ना०)* गाय की छाछ। गोतक्र।
गावो–*(वि०)* गाय का। गाय से संबंधित। *(ना०)* गाय।
गावो-घी–*(न०)* गाय का घी। गोघृत।
गावो-दूध–*(न०)* गाय का दूध। गो-दुग्ध।
गास–*(न०)* ग्रास। कौर। निवाला। कवो।
गासियो–दे० गास।
गाह–*(न०)* १. गर्व। २. शक्ति। ३. कथा। ४. हानि। नुकसान। ५. नाश।
गाहटणो–*(क्रि०)* दे० गाहणो।
गाहटो–दे० गायटो।
गाहड़–*(न०)*१. अभिमान। २. स्वाभिमान। ३. शक्ति। बल।
गाहड़णो–*(क्रि०)* अभिमान करना।
गाहड़मल–*(वि०)* १. गर्वीला। २. स्वाभिमानी। ३. शौकीन। *(न०)* १. दूल्हा। बींद। २. स्वाभिमान और वीरता सूचक दूल्हे का पर्याय। ३. दूल्हे का एक विरुद। ४. विवाह के गीतों का एक नायक।
गाहड़-रो-गाडो–*(न०)* १. समर स्वाभिमानी। २. स्वाभिमानी पुरुष। ३. वीर पुरुष।
गाहण–*(न०)* १. नाश। २. युद्ध। *(वि०)* नाश करने वाला।
गाहणो–*(न०)* १. धान, गेहूं आदि दाने निकालने के लिये डंठलों के ढेर पर बैलों आदि को फिराने की क्रिया। दे० गायटो। *(क्रि०)* १. नाश करना। २. पकड़ना। ग्रहण करना। ३. ठगना। ४. पहुँचना। ५. घिस जाना। ६. घिसना। घिसा जाना।
गाहा–दे० गाथा।
गांगड़ी–*(ना०)* १. एक क्षुप। २. इस क्षुप का फल।
गांगरत–*(ना०)* १. व्यर्थ की बातें। बकवाद। २. बात की रगड़। रटन।
गांगरो–दे० गांगरत।
गांगीरासो–*(न०)* १. व्यर्थ की लम्बी बातें। बकवाद। २. बार-बार वे ही बातें। बात की रगड़।
गांगेय–*(न०)* भीष्म पितामह।
गाँघेड़ो–*(न०)* गरदन में से टूट कर जुदा हो गया हुआ घड़े बरतन आदि का मुँह।
गांघी–*(न०)* दे० गांघेड़ो।
गाँछ–*(ना०)* १. गांछे का काम। २. गांठ। ३. समूह। टोळी।
गाँछण–*(ना०)*१. गांछे की पत्नी। २. गांछा जाति की स्त्री।
गाँछो–*(ना०)* १. बांस की टोकरियाँ बनाने वाली जाति का व्यक्ति।
गांजणो–*(क्रि०)* १. नष्ट करना। नाश करना। गंजन करना। २. हराना।
गाँजर–*(न०)* चरस। मोट। कोश।
गाँजो–*(न०)* १. भाला। २. भांग की जाति का एक नशीला पौधा, जिसकी कलियों को चिलम में तमाकू की तरह पीते हैं।
गाँठ–*(ना०)* १. बंध। २. ग्रंथि। गांठ। ३.जड़ की गुत्थी। ४.गोल जड़। ५. बांस का पोर। ६. गठड़ी। ७. फोड़ा। व्रण।
गाँठड़ी–*(ना०)* गठरी। गठड़ी।
गाँठणो–*(क्रि०)*१. जूतों की मरम्मत करना। २. फँसाना। बनाना। ३. गांठ देना। बांधना।
गाँठ-रो–*(वि०)* अपना। निज का।
गाँठाळो–*(वि०)* गाँठों वाला।
गाँठियो–*(न०)* सोंठ, हल्दी आदि की गांठदार जड़। गांठ के आकार की जड़।
गाँठे–*(क्रि०वि०)*१. पास में। २.अधिकार में।
गाँड–*(ना०)* १. गुदा। मलद्वार। २. पेंदा। तला।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गाँथणो-*(क्रि०)* १. किसी को अपने पक्ष में कर लेना। २. बांधना। दो पशुओं को गले से एक साथ बांधना।

गाँथे घालणो-*(मुहा०)* १. अपनाना। अपना करना। २. अपने पक्ष में करना। ३. आश्रय देना। ४. किसी को अपने कब्जे में लेना। ५. किसी को दूसरे के आश्रय में कर देना। ६. दो पशुओं को गले से एक साथ बांधना।

गाँधण-*(ना०)* गांधी की स्त्री।

गाँधी-*(न०)* १. अत्तर बेचने वाला। अत्तार। २. पंसारी। ३. एक वैश्य जाति।

गाँव-*(न०)* दे० गाम।

गाँव खेड़ो-*(न०)* १. गांव के आजू बाजू की जमीन। बस्ती के अतिरिक्त गांव की वह जमीन जो वहाँ की पंचायत या म्युनिसीपैलिटी के अधिकार में हो। गांव की सीमा। २. गांव।

गाँवड़ियो-दे० गामड़ियो।

गाँवतरो-दे० गामतरो।

गाँवधणी-दे० गामधणी।

गाँवघर-दे० गामघर।

गाँवभाँमी- दे० गामभाँमी।

गाँव सारणी-दे० गामसारणी।

गाँवसिंघ-दे० गामसिंघ।

गाँवाऊ-दे० गामाऊ।

गिगन-*(न०)* गगन। आकाश।

गिगनार-*(न०)* १. आकाश। २. गिरनार-पर्वत।

गिचरको-दे० गचरको।

गिजा-*(ना०)* १. भोजन। २. ताकत देने वाली खुराक। ३. संकट। आफत।

गिटकणो-*(क्रि०)* गिटना। निगलना।

गिटणो-*(क्रि०)* १. निगलना। २. समाप्त करना।

गिड़-*(न०)* सूअर। *(वि०)* बड़ा। दे० गिड़ो।

गिड़कंध-*(वि०)* १. दृढ़स्कंध। २. दृढ़स्कंध वाला। बलवान। *(न०)* १. सूकर। २. ऊंट।

गिड़गिड़ी-*(ना०)* कुँएँ पर लगा हुआ पहिया जिस पर डोल रख कर खींचा जाता है। चरखी। फिरकी।

गिड़दी-दे० गिरदी।

गिड़राज-*(न०)* १. बड़ा सूअर। सूअर। २. ऊंट।

गिड़ंग-*(न०)* ऊंट।

गिड़ो-*(न०)* १. ओला। २. बड़ा गोल पत्थर।

गिणका-*(ना०)* गणिका। वेश्या।

गिणकारणो-*(क्रि०)* १. सम्मान करना। २. आदर देना। ३. किसी बात पर ध्यान देना। बात का मानना। स्वीकार करना। ४. लक्ष्य में लेना। ५. अपनाये रखना।

गिणगोर-*(ना०)* दे० गणगोर।

गिणणो-*(क्रि०)* १. गिनना। गिनती करना। गणना करना। २. हिसाब लगाना। ३. मानना। ४. ध्यान देना। ५. किसी बात को कुछ महत्व की समझना। ६. किसी को कुछ महत्व का समझना। ७. महत्व देना।

गिणत-*(ना०)* १. चिंता। खटक। परवाह। २. विचार। ध्यान। ३. सोच-विचार। ४. गणना। ५. महत्व। *(वि०)* गिना जाने वाला। माना जाने वाला। सम्मान वाला। गिनती में आने वाला।

गिणती-*(ना०)* १. गिनती। गणना। २ महत्व। ३. संख्या।

गिणाणो-*(क्रि०)* गिनाना।

गिणावणो-*(क्रि०)* गिनवाना। गिणाणो।

गिथळ-*(वि०)* १. गंदा। २. पागल। *(न०)* हिजड़ा।

गिनर-*(ना०)* १. परवाह। चिंता। २. ध्यान। ख्याल।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गिनरत-*(ना०)* १. गिनती । गणना । २. ख्याल । विचार । ध्यान । ३. पूछ । बूझ ।

गिनान-दे० ग्यान ।

गिनान-विसंभ-*(न०)* ज्ञान का आधार-रूप । ज्ञान-विश्रंभ । *(वि०)* तत्वज्ञान में दृढ़ ।

गिनायत-दे० गनायत ।

गिनारणो-*(क्रि०)* १. ध्यान देना । सोचना । २. परवाह करना । ३. समझना । विचार करना ।

गिनारो-*(न०)* परवाह । ध्यान । ख्याल । गिनती ।

गिनो-दे० गनो ।

गिर-*(न०)* १. गिरि । पहाड़ । २. तरबूज आदि फलों के अन्दर का गूदा । ३. दसनामी संन्यासियों का एक भेद । गिरि ।

गिर-अठार-*(न०)* १. आबू पर्वत । २. समस्त पर्वत ।

गिर-उद्धर-*(न०)* गिरिधारी । श्रीकृष्ण ।

गिरगट-दे० काकींडो ।

गिरजा-*(ना०)* १. गिरिजा । पार्वती । २. ईसाइयों का प्रार्थना-मंदिर । गिरजा-घर ।

गिरझ-*(न०)* १. गिद्ध । *(ना०)* गिद्धनी ।

गिरझड़ो-*(न०)* गिद्ध ।

गिरण-*(न०)* १. सूर्य, चंद्र का ग्रहण । २. पीड़ा के कारण मुँह से निकलने वाला एक अव्यक्त शब्द । पीड़ा सूचक शब्द । कराह ।

गिरण-गहलो-*(वि०)* अति विक्षिप्त । पूरा पागल ।

गिरणो-*(क्रि०)* १. गिरना । २. पतन होना । अवनति होना । ३. लुढ़कना । ४. सूर्य चंद्र का ग्रहण होना । ग्रहण लगना ।

गिरद-*(क्रि०वि०)* १. चारों ओर । गिर्द । २. आजू-बाजू । इर्द-गिर्द । *(ना०)* रज । धूलि । गर्द ।

गिरदवाय-*(न०)* १. विस्तार । २. घेरा । चारों ओर का विस्तार ।

गिरदाव-*(क्रि०वि०)* चारों ओर । *(न०)* घेरा । चक्कर ।

गिरदावर-*(न०)* महकमा मालगुजारी का एक कार्यकर्त्ता । फिर करके जांच पड़ताल करने वाला । गिर्दावर ।

गिरदी-*(ना०)* १. भीड़ । २. धूलि । गर्द ।

गिरधर-*(न०)* श्रीकृष्ण । गिरिधर ।

गिरधारी-*(न०)* गिरिधारी । श्रीकृष्ण ।

गिरनार-*(न०)* सौराष्ट्र में जूनागढ़ के पास का पर्वत और तीर्थस्थान ।

गिरपुर-*(न०)* १. राजस्थान के डूंगरपुर नगर का काव्योक्त नाम । २. पहाड़ और नगर ।

गिरफतार-*(वि०)* पकड़ा हुआ । गिरिफ्तार ।

गिरफतारी-*(ना०)* कैद । बंधन ।

गिरमिट-*(न०)* १. भारत के बाहर मजदूरी के लिये ले जाये जाने वाले मजदूरों से कराया जाने वाला इकरार नामा । एग्रीमेन्ट । २. छेद करने का एक औजार । गिम्लेट ।

गिरमिटियो-*(न०)* गिरमिट (एग्रीमेन्ट) से बँधा हुआ मजदूर ।

गिरमेर-*(न०)* सुमेरु पर्वत । मेरुगिरि ।

गिरराज-*(न०)* १. गोवर्द्धन पर्वत । गिरि-राज । २. हिमालय । ३. आबू पर्वत ।

गिरराजधरण-*(न०)* गिरिराजधरण । श्रीकृष्ण ।

गिरवाण-*(ना०)* १. लकड़ी की बनी ऊंट की नकेल । *(न०)* देवता । गीर्वाण ।

गिरवाणपत-*(न०)* इन्द्र । गीर्वाणपति ।

गिरवाणी-*(ना०)* देवी । सरस्वती । गीर्देवी ।

गिरवी-*(ना०)* रेहन । बंधक ।

गिरवै-*(न०)* गिरिराज । दे० गिरवी ।

गिरसोन-*(न०)* जालोर का स्वर्णगिरि पर्वत । सोनगिरि ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गिरस्थ–दे० गृहस्थ ।

गिरस्थी–दे० गृहस्थी ।

गिरंता–(श्रव्य०) ऋणदाता की ओर से ऋणी से लिखाये जाने वाले दस्तावेज में 'ग्रहीता' अर्थ का बोधक एक पारिभाषिक शब्द । उदा० के लिये देखिये 'धनिक नाम' शब्द ।

गिरंद–(न०) बड़ा पहाड़ ।

गिरा–(ना०) १. सरस्वती । २. विद्या । ३. वाणी । वचन । ४. आज्ञा ।

गिराग–(न०) ग्राहक । गाहक ।

गिराज–(ना०) १. समझ । विचार । २. उपाय ।

गिराणो–(क्रि०) १. गिराना । २. घटाना । ३. पतन करना ।

गिराळ–(न०) १. पर्वतश्रेणी । २. बड़ा पर्वत ।

गिरावट–(ना०) १. गिरने की क्रिया, (भाव अथवा ढंग) । २. पतन । ३. वस्तुओं के मूल्य अथवा भाव घटने की क्रिया । मंदी ।

गिरावणो–(क्रि०) दे० गिराणो ।

गिरासियो–(न०) दे० ग्रासियो ।

गिरि–(न०) १. पर्वत । २. दसनामी संन्यासियों का एक भेद । ३. इस वर्ग के संन्यासियों के नाम के अंत में लगने वाला एक प्रत्यय ।

गिरिजा–(ना०) पार्वती ।

गिरिजापति–(न०) महादेव ।

गिरिधर–(न०) श्रीकृष्ण । गिरधर ।

गिरिधारी–दे० गिरिधर ।

गिरियंद–(न०) १. गिरीन्द्र । बड़ा पर्वत । २. सुमेरु पर्वत । ३. हिमालय ।

गिरियाडोब–(वि०) टखना डूबे जितना (पानी) । टखने तक ।

गिरियो–(न०) एड़ी के ऊपर बाहर निकली हुई गाँठ जैसी हड्डी । गुल्फ ।

गिरिराज–(न०) गोवर्धन पर्वत ।

गिरिराज धरण(न०) श्रीकृष्ण ।

गिरिंद–दे० गिरियंद ।

गिरी–(ना०) नारियल के अन्दर (जमे हुए पानी) के गूदे का टुकड़ा । चटक ।

गिरै–(ना०) १. ग्रह । २. संकट । ३ आपत्ति ।

गिलगिली–(ना०) गुदगुदी । कांख आदि में किसी के हाथ के स्पर्श से होने वाली सुरसुराहट ।

गिलट–(न०) १. किसी धातु पर सोने चाँदी का चढ़ाया जाने वाला झोल । २. कथीर । कलई ।

गिळणो–(क्रि०) १. निगलना । २. नाश करना । ३. अधिकार में करना ।

गिलम–(न०) १. मोटा गद्दा । २. बड़ा गोल तकिया । ३. कालीन ।

गिला–(ना०) १. निंदा । गिला । बदनामी । २. झगड़ा । टंटा । ३. शिकायत । उलहना ।

गिलानी–(ना०) १. ग्लानि । घृणा । नफरत । सूग । २. शिथिलता । थकावट । ३. खेद । पश्चाताप ।

गिलास–(ना०) पानी पीने का एक जलपात्र । ग्लास ।

गिलो–(न०) १. झगड़ा-टंटा । २. निंदा । गिला । ३. गिलोय ।

गिलोवणो–(क्रि०) गीला करना ।

गिंदणो–(क्रि०) १. दुर्गंध देना । २. सड़ांधगंध उत्पन्न होना । ३. निंदा करना । बुराई करना ।

गिंदवो–(न०) तकिया । गिंदुक ।

गिंदियो–(न०) एक बदबूदार घास । २. एक बदबूदार कीड़ा । (वि०) गंदा । मैला ।

गीगली–दे० गीगी ।

गीगलो–दे० गीगो ।

गीगी–(ना०) बच्ची । कीकी ।

गीगो–(न०) बालक । बच्चा । कीको ।

गीजड़–दे० गींड ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गीत-*(न०)* १. गायन । २. डिंगल साहित्य का एक छंद विधान ।
गीतण-*(वि०)* गीत गाने वाली ।
गीतणी-दे० गीतण ।
गीत भेदक-*(वि०)* १. काव्य (डिंगल) के भेदों को जानने वाला । २. गायन तथा राग-रागिनियों का जानकार ।
गीता-*(ना०)* १. एक विश्वविख्यात धर्म पुस्तक । श्रीमद्भगवद्गीता । २. कितनेक धार्मिक पद्यग्रन्थों के रखे हुए नाम । जैसे-रामगीता । शिवगीता आदि ।
गीताजी-*(ना०)* श्रीमद्भगवद्गीता ।
गीतेरण-दे० गीतण ।
गीदड़-*(न०)* सियार । *(वि०)* डरपोक ।
गीध-*(न०)* गिद्ध ।
गीधण-दे० गीधाणी ।
गीधाण-*(न०)* गिद्ध समूह ।
गीधाणी-*(ना०)* गिद्धनी ।
गीरबो-दे० गारबो ।
गीरवाण-*(न०)* गीर्वाण । देवता ।
गीरवाणी-*(ना०)* १. सरस्वती । २. देवी । ३. संस्कृत भाषा । गीर्वाणी । ४. वेद वाणी ।
गीलो-*(वि०)* १. गीला । भीगा हुआ । तर । २. जो गाढ़ा न हो । गीला । ढीला । ३. सुस्त । ढीला ।
गींगणी-*(ना०)* पीली आँखों वाली एक चिड़िया ।
गींड-*(न०)* आँख का मैल । चीपड़ ।
गींडोळो-*(न०)* १. वर्षा ऋतु में पैदा होने वाला काले रंग का एक कीड़ा । *(वि०)* १. मैला । कुचेला । गंदा । २. आलसी । अकर्मण्य ।
गींदड़-*(ना०)* १. शेखावाटी का होली का नृत्योत्सव । २. रास । ३. गेहर ।
गींदवो-*(न०)* तकिया ।
गींदोळो-*(न०)* एक मिठाई ।
गुआड़-दे० गवाड़ ।
गुआड़ी-दे० गवाड़ी ।
गुआर-दे० गवार ।
गुआरतरी-*(ना०)* १. ग्वारफली । २. बीज निकली हुई ग्वारफली का भूसा ।
गुआरपाठो-*(ना०)* १. ग्वारपाठा । घीकुआँर ।
गुआरफळी-*(ना०)* ग्वार की फली ।
गुआळ-*(न०)* ग्वाला ।
गुआळियो-*(न०)* ग्वाला ।
गुआळो-*(न०)* ग्वाला ।
गुआंजणी-*(ना०)* पलक पर होने वाली फुंसी । गुहांजनी ।
गुचळकियो-दे० गळचियो ।
गुचळको-*(न०)* १. पानी में गोता खाने की क्रिया । डूबने का भाव । डुबकी । २. अधिक भोजन करने से डकार के साथ आने वाला अन्नांश ।
गुचळी-*(ना०)* कोई बात कह कर उससे फिर जाने का भाव, मुकरने का भाव मुकरनी ।
गुजर-*(न०)* १. गुजरान । निर्वाह । २. निकाल । निकास । ३. प्रवेश ।
गुजरणो-*(क्रि०)* १. बीतना । व्यतीत होना । २. किसी जगह से आना या जाना । ३. निभना । निभाव होना । निर्वाह होना । ४. मरना । फौत होना ।
गुजराण-*(न०)* गुजरान । निर्वाह ।
गुजरात-*(न०)* राजस्थान के दक्षिण में अरब समुद्र के किनारे आया हुआ भारत का एक प्रान्त । गुर्जर देश ।
गुजरातण-*(ना०)* १. गुजरात की स्त्री । २. गुजरात की तंबाकू । ३. तमाखू ।
गुजराती-*(न०)* १. गुजरात का रहने वाला । गुजरात का निवासी । २. मूंझारो (निमोनिया रोग) । *(ना०)* गुजरात की भाषा । गुजराती । *(वि०)* गुजरात का । गुजरात संबंधी ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गुजारणो–*(क्रि०)* १. गुजारना। बिताना। २. निर्गमन करना। ३. पेश करना। दाव माँगना।

गुजारिश–*(ना०)* निवेदन।

गुजारो–*(न०)* निर्वाह। गुजर। गुजरान।

गुज्ज–*(वि०)* गुह्य।

गुटकी–*(ना०)* १. जन्मघुट्टी। २. पानी आदि प्रवाही की घूंट।

गुटको–*(न०)* १. पानी की घूंट। २. छोटे आकार की मोटी पुस्तक। ३. बीच में सिले हुये पत्रों की हस्तलिखित पुस्तक।

गुठली–*(ना०)* ऐसे फल का बीज, जिसमें एक ही कड़ा बीज होता है। अष्टि। गुठली।

गुड़–*(न०)* १. हाथी का कवच। २. कवच। ३. गुड़। गुळ।

गुड़कणो–*(क्रि०)* १. गिरना। २. चलना। ३. लुढ़कना। लुड़कना। ४. मरना।

गुड़को–*(न०)* १. लुढ़कने की क्रिया। २. धक्का। ३. बात को आगे की चर्चा के लिये मुल्तवी करने की क्रिया। ४. किसी बात की चर्चा या टंटे झगड़े के निपटाने के लिए नियत किये गये समय को और आगे बढ़ाना।

गुड़णो–*(क्रि०)* १. लुढ़कना। २. गिरना: गिर पड़ना। ३. मरना। ४. पाखर (कवच) पहिनना।

गुड़ पाखर–*(वि०)* कवचधारी। *(न०)* १. कवच। २. हाथी या घोड़े का कवच।

गुडळ–*(न०)* १. अस्थियुक्त पकाया हुआ मांस। २. घुटना।

गुडळणो–*(क्रि०)* पानी का मैला होना।

गुडळो–*(वि०)* १. मैला। गंदला। २. गाढ़ा। ३. घना।

गुड़ाणो–दे० गुड़ावणो।

गुडाळियाँ–*(क्रि० वि०)* घुटनों के द्वारा (चलना)।

गुड़ावणो–*(क्रि०)* १. गिराना। २. लुढ़काना।

गुड़ियो–*(वि०)* कवच धारण किया हुआ। (हाथी)। पाखरित।

गुडी–*(ना०)* १ पतंग। २. ध्वजा। धजा। ३ छोटी धजा। ३. वन्दनमाला। बंदनवार। बंदणमाळा। ५. उत्सव। ६. गुलाल। ७. चंग। डफ। ८. कागज की बनी चिड़िया। ९. रहस्य। १०. गाँठ। ११. कपोल। गाल। १२. कवच।

गुड़ी–*(न०)* १. ऊंट। २. कवच। ३. एक गाली।

गुडी उछळणो–*(मुहा०)* १. उत्सव होना। २. पतंग उड़ना।

गुडीजणो–*(क्रि०)* १. आना। २. जाना। (दोनों अर्थ तुच्छकार में)

गुडी पड़णो–*(मुहा०)* १. गाँठ पड़ना। २. मनोमालिन्य होना। ३.शत्रुता होना।

गुडी-पड़वो–*(न०)* चैत्र शुक्ल प्रतिपदा।

गुडी मेळो–*(न०)* पतंगोत्सव। पतंग उड़ाने और काटने की स्पर्धा का उत्सव।

गुढियो–*(न०)* १. किसी अंक की एक से दस तक के गुणनफलों की क्रमागत सारिणी। पहाड़ा। २. छोटा घड़ा।

गुढो–*(न०)* रक्षास्थान।

गुण–*(न०)*१. जाति स्वभाव। २. लक्षण। ३. धर्म। ४. निपुणता। चतुराई। ५. ज्ञान। ६. विद्या। ७. कीर्ति। ८. उपकार। अहसान। ९. प्रभाव। असर। १०. लाभ। ११. प्रकृति के सत्व, रज और तम ये तीन गुण। १२. कला। १३. कारण। १४. काव्य। १५. स्तुति काव्य। विरुद काव्य। १६. डिंगल के प्रशस्ति काव्यों की एक संज्ञा। १७. डिंगल का भक्ति काव्य। १८. सुमिरन। १९. विशेषता। २०. तीन की संख्या।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

(ना०) १. रस्सी। २. धनुष की डोरी। प्रत्यंचा।

गुण-प्रतीत-(न०) गुणातीत। निर्गुण परमेश्वर। परब्रह्म।

गुण-आगम-(न०)१. परब्रह्म महिमा। २. भक्त ईसरदास-बारहठ द्वारा रचित एक भक्ति ग्रन्थ। (गुण आपण, गुण निंदा-स्तुति इत्यादि इनके रचे हुए 'गुण' संज्ञक आठ ग्रन्थ प्राप्त हैं जो इनके अन्य काव्य ग्रन्थों के अतिरिक्त हैं)।

गुणकारी-(वि०) लाभकारी।

गुण-गरवो-(वि०)गम्भीर। धीर। शांत। २. गुणों में गहरा। धीर। गुणी। ३. गौरवशाली।

गुणगान-(न०) स्तुति। प्रशंसा।

गुणग्राम-(न०) गुण समूह।

गुण-ग्राहग-(न०) १. गुणों का ग्राहक। २. काव्यरसिक।

गुणचाळी-(वि०) तीस और नौ। उनचालीस। उनतालीस। (न०) तीस और नौ की संख्या '३६'।

गुणचाळीस-दे० गुणचाळी।

गुणचास-(वि०) चालीस और नौ। उनचास। उनपचास। गुणपचास। (न०) चालीस और नौ की संख्या '४६'।

गुणचोर-(वि०) १. कृतघ्न। २. खल। दुष्ट।

गुणणी-(ना०) पाठशाला में पढ़े हुए और पढ़ाए जाने वाले पाठों (पट्टी पहाडे आदि) की विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से की जानेवाली आवृत्ति। गणना। गणनावृत्ति।

गुणणो-(क्रि०) गुणा करना। दे० गणणो तथा गिणणो।

गुणताळीस-दे० गुणचाळीस।

गुणती-दे० गुणतीस।

गुणतीस-(वि०) बीस और नौ। उनतीस। (न०) उनतीस की संख्या। २६

गुणपचा-दे० गुणचास।

गुणपचास-दे० गुणचास।

गुण-पाड़-(न०) आभार। उपकार।

गुण-बाहिरो-(वि०) १. गुणहीन। २. प्रभावहीन। महिमा रहित। ३.अवगुणी। दोषी। ४. खोटो। खोटा।

गुणमोती-(न०) बढ़िया और बड़ा मोती।

गुणव-(न०)१. स्तुति। प्रार्थना। २. भक्ति। ३. गुणानुवाद। गुणावली। गुणराशि। ४. प्रशंसा।

गुणवत्ता-(ना०) १. गुणयुक्तता। २. उत्तमता। श्रेष्ठता।

गुणवंत-दे० गुणवान।

गुणवंती-(वि०) गुणवाली। सुलक्षणा। गुणशालिनी।

गुणवाचक-(वि०)१. जो गुण को बतलावे। २. विशेषण। (व्या०)३. प्रशंसक।

गुणवान-(वि०) १. गुणवंत। २. विद्वान।

गुण-वृद्धिविधान-दे० वर्ण वार्धक्य विधान।

गुणसठ-(वि०) १. पचास और नौ। (न०) पचास और नौ की संख्या '५६'। उनसठ।

गुणसाठ-दे० गुणसठ।

गुणहीण-(वि०)१. गुणहीन। गुणरहित। २. उपकार को नहीं मानने वाला। कृतघ्न।

गुणंतर-(वि०) साठ और नौ। (न०) साठ और नौ की संख्या '६६'। उनहत्तर।

गुणा-(न०) १. एक संख्या को दूसरी संख्या से उतनी ही बार बढ़ाने की अंकगणित की एक प्रक्रिया। २. बार। बेर।

गुणाकार-(न०) गुणा। गुणन। (वि०) गुण करने वाला। लाभदायक।

गुणानुवाद-(न०) प्रशंसा। स्तुति।

गुणावळी-(ना०) १. यशोगान। गुणगान। २. माला।

गुणियण-(न०) १. गुणीजन। गुणवान लोग। २. पंडित जन। ३. गवैया। ४. कवि। ५. यशगायक।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गुणियासी–*(वि०)* सत्तर और नौ । उनासी । *(न०)* उनासी की संख्या '७६' ।

गुणियो–*(न०)* बढ़ई आदि शिल्पियों का एक उपकरण जिससे किसी वस्तु के कोणों की सीध देखी जाती है। गुनिया-गज । कोण-गज । कोण-माप ।

गुणी–*(न०)* १. कवि । २. कला कोविद । ३. विद्वान । पंडित । ४. गवैया । ५. जंतर मंतर जानने वाला । ६. रस्सी । *(वि०)* १. गुणवान । सद्‌गुणी । २. अनुभवी । ३. चतुर । होशियार । दक्ष ।

गुणीजण–दे० गुणियण ।

गुणीजणो–*(क्रि०)* १. गिनती में आना । २. हिसाब में लिया जाना । ३. बड़े आदमियों की गिनती में आना । ४. धनवानों में गिना जाना । ५. शिष्ट पुरुषों में गिना जाना ।

गुदड़ी–दे० गूदड़ी ।

गुदरणो–*(क्रि०)* १. निभना । गुजरान करना । निभाव होना । २. परवरिश पाना ।

गुदराण–*(न०)* निर्वाह । गुजरान ।

गुदरावणो–*(क्रि०)* १. अर्ज करना । गुजारिश करना । १. अर्ज पहुंचाना । ३. पेश करना । गुजारना ।

गुदाळक–*(वि०)* मांसाहारी ।

गुद्दी–*(ना०)* गरदन का पिछला भाग ।

गुधळक–दे० गुधळकियो ।

गुधळकियो–*(वि०)* गोधूलिक । गोधूलि समय का । सन्ध्या समय का ।

गुधळकियो लगन–*(न०)* गोधूलिक समय का पाणिग्रहण लग्न । संध्या समय का विवाह मुहूर्त ।

गुनैगार–*(वि०)* गुनहगार । अपराधी । कसूरवार ।

गुनैगारी–*(ना०)* १. दंड । जुरमानो । जरीबानो । २. अपराध । गुनहगारी । कसूर ।

गुनो–*(न०)* गुनाह । जुर्म । अपराध । कसूर ।

गुपचुप–*(अव्य०)* चुपचाप ।

गुपती–*(ना०)* एक शस्त्र ।

गुफा–*(ना०)* गुफा । कंदरा । खोह ।

गुम–*(वि०)* १. लापता । गायब । २. खोया हुआ । ३. अप्रसिद्ध ।

गुमकरणो–*(मुहा०)* १. छिपा देना । २. उठा ले जाना । उड़ा देना ।

गुमघाम–दे० गुमसुम ।

गुमणो–*(क्रि०)* खोना । खोजाना ।

गुमनाम–*(वि०)* १. अज्ञात । २. जिस (पत्र) में भेजने वाले का नाम न हो ।

गुमर–*(न०)* १. अभिमान । मिजाज । २. युद्ध ।

गुमसुम–*(अव्य०)* १. स्तब्ध । २. मंद । उदास । ३. चुपचाप ।

गुमहोणो–*(मुहा०)* १. खोजाना । २. छिप जाना ।

गुमाणो–दे० गुमावणो ।

गुमान–*(न०)* गर्व । घमंड ।

गुमानण–*(वि०)* १. गुमानवाली । गर्वीली । २. लोक गीतों की एक नायिका ।

गुमानी–*(वि०)* १. गर्वीला । अभिमानी । गुमानवाला । २. स्वाभिमानी ।

गुमावणो–*(क्रि०)* १. गुमाना । खोना । २. नष्ट करना । ३. गायब करना । उड़ा लेना ।

गुमासतो–*(न०)* १. व्यापारी की ओर से खरीद फरोक्त करने वाला मनुष्य । गुमाश्ता । एजेण्ट । २. दुकानदार का नौकर । ३. मुनीम ।

गुमेज–*(न०)* १. अभिमान । गर्व । २. हैसियत ।

गुर–*(न०)* १. गणित की एक सहज प्रणाली । ऊपर मार्ग । ऊपरवाड़ी । २. रहस्य । ३. गुरु ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गुरज–*(न०)* एक शस्त्र । गदा । मुद्गर । गुर्ज ।

गुरजदार–*(न०)* गदाधारी । गुर्जबरदार ।

गुरजबरदार–दे० गुरजदार ।

गुरड़–*(न०)* गरुड़ । पक्षीराज । विष्णु का वाहन ।

गुरड़धजगामी–*(न०)* विष्णु ।

गुरड़ो–*(न०)* १. भाँभी जाति का गुरु । चमारों का पुरोहित । २. गुरु की अपमान सूचक संज्ञा ।

गुर-सदातारां–*(वि०)* दान दाताओं का गुरु । महादानी ।

गुरंड–*(न०)* अंग्रेज ।

गुराणी–*(ना०)* १. गुरुपत्नी । गुरुआनी । २. पुरोहितानी । २. स्त्री शिक्षक । शिक्षिका । ४. रसोई बनाने का धंधा करने वाली ब्राह्मणी । **बामणी । रसोईवारणी ।**

गुराब–*(ना०)* एक प्रकार की तोप ।

गुरां–*(न०)* १. देशी पाठशाला का शिक्षक । **मारजा** । २. जैन जती । **जती** ।

गुरांसा–दे० गुरां ।

गुरु–*(वि०)* १. बड़ा । २. भारी । वजनी । ३. श्रेष्ठ । *(न०)* १. आचार्य । शिक्षक । २. किसी धर्म के मंत्र का उपदेष्टा । आचार्य । ३. देवताओं के गुरु बृहस्पति । ४. एक नक्षत्र । ५. भाँभी जाति (चमारों) का गुरु । ६. सात वारों में से एक वार । बृहस्पतिवार । ७. दो मात्राओं वाला दीर्घाक्षर ।

गुरुकूंची–*(ना०)* १. गुरु के द्वारा प्राप्त मार्ग । २. रहस्य । भेद । ३. किसी भी परिस्थिति में कारगर होने वाली युक्ति, साधन, उपाय आदि । ४. अनेक तालों में लगने वाली चाबी । ५. वह दूसरी चाबी जिसके लगाये बिना ताला नहीं खुलता । ६. गुप्त चाबी । ७. सरल उपाय । ८. परिश्रम के बाद प्राप्त सफलता का सरल उपाय ।

गुरुगम–*(ना०)* १. गुरु के द्वारा बतलाया हुआ ज्ञान या मार्ग । २. गुरु द्वारा समझा हुआ रहस्य । ३. गुरुज्ञान ।

गुरुजन–*(न०)* माता, पिता, शिक्षक इत्यादि वडील वर्ग ।

गुरुद्वारो–*(न०)* १. गुरु का निवास स्थान । २. वह सम्प्रदाय जिसमें गुरुदीक्षा ली हो । ३. सिक्खों का धर्म स्थान ।

गुरुभाई–*(न०)* एक ही गुरु के शिष्य होने के नाते अन्य शिष्य की भाई संज्ञा । अपने गुरु का दूसरा शिष्य । गुरुभाई ।

गुरुमुखी–*(ना०)* पंजाब की एक लिपि एवं भाषा ।

गुरुवार–*(न०)* बुधवार के बाद का दिन । बृहस्पतिवार ।

गुर्जर–*(न०)* १. गुजरात । २. गूजर जाति । *(वि०)* गुजरात का रहने वाला ।

गुर्जरी–*(ना०)* १. गुजराती भाषा । २. गुजरात की स्त्री । गुजरातिन । ३. ग्वालिन । **रबारण** । **गूजरी** ।

गुल–*(न०)* १. फूल । २. चिलम का कीट । ३. चिलम में जली हुई तम्बाकू । ४. दिये की बत्ती का जल कर फूला हुआ सिरा । ५. दीपक के बुझने या बुझाने का भाव । बुझाना । ६. दग्धोपचार । **डाम** । ७. पशुओं के पुट्ठे पर गरम शलाका से बनाया हुआ चिह्न । दाग ।

गुळ–*(न०)* गुड़ ।

गुल करणो–*(मुहा०)* दीये को बुझाना ।

गुल क्यारी–*(ना०)* १. अनेक भांति के पुष्प । २. पुष्पों की क्यारी । गुलक्यारी ।

गुळगचियो–*(न०)* १. छोटा गोल पत्थर । २. एक कँटीले पौधे का गोल बीज ।

गुलगुलो–*(न०)* मीठा पकोड़ा । गुड़ का बड़ा ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गुळचियो-*(न०)* १. तैरना नहीं जानने के कारण डूबने की क्रिया। निराश्रय होकर डूबने की हालत। २. डुबकी। गोता।

गुलजार-*(वि०)* १. रौनक वाला। शोभा वाला। २. हराभरा। ३. पुष्पावृत। *(न०)* वाटिका। बगीचा।

गुळराब-दे० गळवाणी।

गुललंजा-*(ना०)* १. कामिनी। सुंदरी। सदा बनी ठनी रहने वाली। छैली। २. सुन्दर रमणी। ३. एक लोक गीत।

गुललंजो-*(वि०)* सदा बना ठना रहने वाला। छैला। शौकीन। २. रसिक। ३. अति सुन्दर। *(न०)* लोकगीतों का एक नायक।

गुळ-लपेटी-*(वि०)* १. गुड़ से लपेटी हुई। ऊपर से मीठी और अंदर से कड़वी। २. कपट-भरी। अंतर में कपट और बाहर प्रीतियुक्त (बात)।

गुळलाग-*(ना०)* जन्म, विवाह आदि शुभ अवसरों पर गुड़ के रूप में लिया जाने वाला एक जागीरी लाग।

गुळवाड़-*(न०)* १. ईख की खेती। २. ईख का खेत। ३. ईख। गन्ना।

गुलहंजा-*(वि०)* १. हँस के समान गति वाली। २. हंस के समान कोमलांगी। ३. सुंदर। ४. रसिक।

गुल होणो-*(मुहा०)* १. दीये का बुझना। २. मरना।

गुलाब-*(न०)* १. एक पुष्प। गुलाब। २. गुलाब का पौधा।

गुलाबजळ-*(न०)* गुलाब के फूलों का चुआया हुआ अर्क। गुलाब जल।

गुलाब-जाँबू-*(न०)* एक मिठाई। गुलाब जामुन।

गुलाबी-*(वि०)* गुलाब के रंग का। गुलाब संबंधी।

गुलाम-*(न०)* १. खरीदा हुआ दास। २. परवश मनुष्य।

गुलामी-*(ना०)* १. दासता। गुलामपना। २. बहुत हलकी ताबेदरी। ३. पराधीनता।

गुलाल-*(ना०)* उत्सव के समय लोगों पर डाली जाने वाली लाल रंग की एक बुकनी।

गुलांच-*(ना०)* १. जमीन पर उलटा गिर पड़ना। लुढ़कन। २. कुलांच। छलांग।

गुळी*(ना०)* नील का रंग। नील। लाजबुर्द।

गुळेचो-*(न०)* १. डुबकी। गुलांच। २. कुलांच।

गुळेटो-*(न०)* जमीन पर उलटा गिर पड़ने की क्रिया। लुढ़कन।

गुवाड़-दे० गवाड़।

गुवाड़ी-दे० गवाड़ी।

गुवार-दे० गुआर।

गुवारफळी-दे० गुआरफळी।

गुवाळ-दे० गुआळ।

गुवाळियो-दे० गुआळियो।

गुसट-*(ना०)* १. छिपी बातचीत। कानाफूसी। २. परामर्श। सलाह। गोष्ठी। ३. बातचीत।

गुसळ-*(न०)* स्नान। गुस्ल।

गुसळखानो-*(न०)* स्नानघर।

गुसाँई-*(न०)* गोस्वामी। गोसाँई।

गुस्ताखी-*(ना०)* १. उद्दंडता। धृष्टता। २. अशिष्टता। ३. छेड़-छाड़।

गुस्सेल-*(वि०)* क्रोधी।

गुस्सो-*(न०)* क्रोध। गुस्सा।

गुहराज-*(न०)* शृंगवेरपुर निवासी रामभक्त निषादराज गुह।

गुहिर-*(वि०)* गंभीर। गहरा।

गुहिर-दुरंग-*(न०)* जैसलमेर के किले का नाम।

गुहो-दे० गूहो।

गुंजार-*(ना०)* १. गूंज। गुंजन। २. अव्यक्त मधुर ध्वनि। कलकल ध्वनि। ३. भौंरों की आवाज। ४. भनभनाहट। गूंज। ५. साहस। ६. शक्ति।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गुंजारव-*(ना०)* १. भौंरों का शब्द। भ्रमर ध्वनि। गुंजार। २. झनझनाहट।

गुंजास-*(ना०)* १. गुंजाइश। सुभीता। २. खटाव। सामर्थ्य। हैसियत। ३. खाली जगह। ४. अवकाश। समाई।

गुंजाहळ-*(न०)* गुंजाफल। चिरमटी। घुंघची। चिरमी

गुंडो-*(वि०)* बदमाश। दुराचारी। कुमारगी। *(न०)* दुराचारी व्यक्ति।

गुंभारियो-दे० गुंभारो।

गुंभारो-*(न०)* १. गुफा। कंदरा। २. भूमिगृह। तलघर। तहखाना।

गू-*(न०)* मल। विष्टा। भिस्टो।

गूगीड़ो-दे० गोगीड़ो या जूंजळो।

गूगरी-दे० गूघरी।

गूगळ-*(न०)* एक पहाड़ी वृक्ष। २. गूगल का सूखा रस। गूगल का सुगंधि वाला गोंद। गुग्गुल।

गूगळी-*(ना०)* छोटी जाति का गूगल का पेड़। *(वि०)* १. मैली। २. धुंधली। ३. गाढ़ी। ४. मटमेली।

गूगळो-*(वि०)* १. धुंधला। २. मैला। ३. मटमैला।

गूघरमाळ-दे० घूघरमाळ।

गूघरी-*(ना०)* १. धातु की बनी गुरिया, जो हिलने पर बजती है। छोटा घुंघरू। २. उबाले हुए गेहूँ। ३. अनाज के रूप में लिया जाने वाला लगान। गूघरी लाग।

गूघरी लाग-*(ना०)* खेत मालिक की ओर से खेत जोतने वाले से लिया जाने वाला अनाज के रूप में एक लगान। खेत या कुएँ का किराये के रूप में जोतने वाले से लिया जाने वाला धान्यकर।

गूघरो-*(न०)* घुंघुरू।

गूघी-*(ना०)* जमा हुआ ऊनी कपड़ा। नमदा। घुग्घी। घूघी।

गूघू-*(न०)* उल्लू। घुग्घु। घुग्घूराजा।

गूजर-*(न०)* १. गूजर जाति। २. गूजर जाति का व्यक्ति। घोसी। ३. ग्वाला। *(ना०)* तीसरी पत्नी।

गूजर-खंड-*(न०)* गुजरात।

गूजरधरा-*(ना०)* गुजरात।

गूजरवै-*(न०)* गूर्जरपति। गुजरात का स्वामी।

गूजरी-*(ना०)* १. गूजर जाति की स्त्री। २. ग्वालिन। ३. स्त्रियों की कलाई में पहिनने का एक गहना।

गूजी-*(ना०)* १. गरम की हुई छाछ। २. मिला हुआ गेहूं और जौ। गोजई।

गूझ-*(ना०)* गुह्य। रहस्य।

गूडरण-*(ना०)* एक गाली *(वि०)* गिराने वाला।

गूडळ-*(न०)* १. बैल का अंडकोश। २. हड्डी में लगा हुआ मांस जो चूस करके या दाँतों से तोड़कर खाया जाता है। ३. घुटना। ४. अंडकोश।

गूडळणो-*(क्रि०)* १. छा जाना। आच्छन्न होना। २. गँदला होना। ३. धूल से आच्छादित होना।

गूडळियो-*(वि०)* गँदला।

गूढ-*(वि०)* १. जिसमें कोई विशेष अभिप्राय छिपा हो। २. जिसका अभिप्राय समझना कठिन हो। ३. रहस्यमय। ४. गहन। ५. गुह्य। छिपा हुआ। ६. दुर्गम। *(न०)* पहेली।

गूढचर-*(न०)* चोर।

गूढपद-*(न०)* १. साँप। सर्प। २. मन। ३. गूढ़ अर्थ वाला पद।

गूढा-*(ना०)* पहेली।

गूण-*(ना०)* १. गूनी। बोरा। बोरी। २. बैल या ऊंट पर अनाज भरने और लादने का दोनों ओर लटकने वाला दोहरा थैला। खुरजी। गोन। छाटी।

गूणती-दे० गूण।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गूणियो-*(न०)* १. छोटा कलश । २. दूध दुहने का पात्र । **दूणियो । दूहणियो** ।

गूणो-*(न०)* ग्वार, मूंग, मोंठ आदि के सूखे हुए पौधों की कुटी हुई टहनियाँ, पत्तियाँ आदि का भूसा ।

गूतो-*(न०)* १. गाय या भैंस के प्रसव के बाद पहली बार दोहा हुआ और गरम किया हुआ दूध । २. पहली बार दोहा हुआ दूध ।

गूद-*(न०)* माँस ।

गूदड़ती-दे० गूदड़ी ।

गूदड़ी-*(ना०)* चिथड़ों से बनी हुई बिछाने व ओढ़ने की गुदड़ी । **गोदड़ी । राली** ।

गूदड़ो-*(न०)* चिथड़ों से बना हुआ बिछावन ।

गूमड़ो-*(न०)* व्रण । गाँठ । फोड़ा ।

गू-मूतर-*(न०)* मल-मूत्र । मैला ।

गूलरियो-*(न०)* कुत्ते का बच्चा । पिल्ला । **कूकरियो** ।

गूहो-*(न०)* उपस्थकच राशि ।

गूंग-*(ना०)* १. गूंगापन । मूकपन । २. आपे से बाहर होने का भाव । ना समझी । सनक । ३. पागलपन । उन्मत्तता ।

गूंगलो-*(वि०)* १. गूंगा । मूक । *(न०)* १. एक बरसाती कीड़ा । २. मस्त ऊंट ।

गूंगी-*(ना०)* ठंड तथा बरसात में ओढ़ा जाने वाला जमाई हुई सफेद ऊन का एक वस्त्र । *(वि०)* १. जिसमें बोलने की शक्ति न हो । मूक । गूंगी । २. आपे से बाहर । नासमझ (स्त्री) । ३. पागल (स्त्री) ।

गूंगो-*(न०)* नाक का सूखा मैल । सूखा रेंट । *(वि०)* १. जिसमें बोलने की शक्ति न हो । मूक । गूंगा । २. आपे से बाहर । ना समझ । ३. पागल । उन्मत्त ।

गूंघट-*(न०)* १. घूंघट । मुखावरण । २. आवरण । ३. लज्जा ।

गूंघटो-दे० गूंघट ।

गूंच-*(ना०)* १. गुत्थी । २. उलझन । कठिनाई ।

गूंचवाड़ो-*(न०)* १. उलझन । गुत्थी । २. असमंजस । दुविधा । ३. कठिनाई ।

गूंछळी-*(ना०)* १. लच्छी । अंटी । २. उलझन । मुश्किली । ३. डोरे आदि में पड़ने वाली गाँठ, गूंची । उलझन ।

गूंछळो-*(न०)* बड़ी गूंछळी ।

गूंज-*(ना०)* १. गुंजार । २. प्रतिध्वनि । ३. कान की बालियों में लपेटा हुआ पतला तार ४. गुप्त मंत्रणा ।

गूंजणो-*(क्रि०)* १. गुर्राना । २. गरजना । ३. प्रतिध्वनि होना । गूंजना । ४. भौंरे का गुंजार करना । ५. जोर से बोलना ।

गूंजार-*(न०)* कोठार ।

गूंजियो-*(न०)* जेब । **खीसो** ।

गूंजी-*(ना०)* घर वालों से छिपा कर रखा हुआ धन ।

गूंजो-*(न०)* १. जेब । २. एक मिठाई ।

गूंथणो-*(क्रि०)* १. गूंथना । २. पिरोना । ३ रचना करना । ग्रथित करना ।

गूंथाणो-दे० गूंथावणो ।

गूंथावणो-*(क्रि०)* गुथवाना ।

गूंद-*(ना०)* १. गोंद । २. मांस । ३. मरा हुआ पशु ।

गूंदणो-*(क्रि०)* गूंधना । माँड़ना ।

गूंदपाक-*(न०)* गोंद से बनने वाली एक मिठाई ।

गूंदरै-*(क्रि० वि०)* निकट । पास । (प्रायः गाँव के)

गूंदवड़ो-*(न०)* एक मिठाई ।

गूंदरो-*(न०)* १. गाँव के फलसे की बाहर का मैदान । २. कनिष्ठिका के नीचे से कलाई तक हथेली का भाग ।

गूंदियो-*(न०)* १. छोटे लिसोड़े वाली गूंदी का फल । लिसोड़ा । २. गोंदपाक ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गूंदी–(*ना०*) एक वृक्ष जिसके फल लगभग चने जितने बड़े, मीठे और लसदार होते हैं। गोंदी। छोटे लिसोड़ा वाला वृक्ष। छोटा लसोड़ा। लभेरा।

गूंदो–(*न०*) १. बड़े लसोड़ों का वृक्ष। २. बड़ा लसोड़ा फल। **गूंदो**।

गूंबड़ो–(*न०*) दे० गूमड़ो।

गृह–(*न०*) घर। मकान।

गृहस्थ–(*न०*) १. ब्रह्मचर्य के बाद विवाह करके घर में रहने वाला पुरुष। २. घर-संसार। ३. गृहराज्य। ४. उच्च कुलोत्पन्न पुरुष। ५. कुटुंब। परिवार।

गृहस्थाश्रम–(*य०*) भारतीय जीवन के चार आश्रमों में से दूसरा आश्रम। ब्रह्मचर्य के बाद का आश्रम।

गृहस्थी–(*ना०*) १. घर की व्यवस्था। २. गृहस्थ का काम काज। ३. कुटुम्ब। परिवार।

गृहिणी–(*ना०*) १. गृहस्थ की स्त्री। २. गृहस्वामिनी। घर मालकिन। ३. पत्नी।

गेघरो–(*न०*) १. कच्चा व हरा चना। कोष सहित हरा चना। २. चने का पौधा। ३. चने की फसल। ४. ज्वार की बाल।

गेडियो–(*न०*) १. मुड़े हुए हत्थेवाला मोटा डंडा। २. छड़ी।

गेडी–(*ना०*) १. छड़ी। २. लाठी। ३. मुड़े हुए हत्थे वाली छड़ी।

गेड़ो–(*न०*) १. बैलगाड़ी आदि वाहन द्वारा माल ले जाने-लाने का चक्कर। २. चक्कर। फेरा। परिभ्रमण। ३. माल या सामान को इधर से उधर ले जाने की क्रिया।

गेढी–(*ना०*) १. स्त्रियों के सिर में बोर (रखड़ी) की जड़ाऊ नली। एक सिरोभूषण। २. सूत, ऊन आदि की गेंडुरी। ३. बैलगाड़ी के पहिये की धुरी में लगाया जाने वाला सुराख वाला चमड़े का गोल टुकड़ा।

गेढी-डोरो–(*न०*) स्त्रियों के सिर के बोर (रखड़ी) के साथ लगने वाली सोने की जड़ाऊ गावदुम नली और उसके साथ लगाई जाने वाली इधर-उधर दो सोने की पतली संकले। (जंजीरें)।

गेम–(*न०*) १. देशद्रोह। २. पाप। दुष्कर्म। ३. शत्रुता।

गेमार–(*वि०*) १. गँवार। असभ्य। २. मूर्ख।

गेमी–(*वि०*) १. देशद्रोही। २. पापी। दुष्कर्मी।

गेरणियो–(*न०*) बड़ी चलनी। चालना।

गेरणी–(*ना०*) चलनी। चालनी।

गेरणो–(*न०*) बड़ी चलनी। चालना। (*क्रि०*) गिराना। डालना। पटकना।

गेरू–(*न०*) एक लाल मिट्टी।

गेह–(*न०*) घर। गृह।

गेहणी–(*ना०*) १. गृहिणी। २. पत्नी।

गेहर–(*ना०*) १. होलिका उत्सव का एक लोक नृत्य। **डंडिया गेहर**। वासंतिक रास क्रीड़ा। २. चंग के साथ गाने-बजाने और नाचने का एक वासतिक उत्सव। ३. डोलचियाँ द्वारा एक दूसरे पर पानी डाल कर खेलने की एक वासंतिक जल-क्रीड़ा।

गेहरियो–(*न०*) गेहर खेलने वाला। गेहर में नाचने वाला व्यक्ति।

गेहूं–(*न०*) एक प्रसिद्ध अनाज। **गहूं**। गोधूम। गंदुम।

गेंती–(*ना०*) कुदाली। **कोदाळी**।

गेंद–(*ना०*) दड़ी। गेंद।

गैं–(*न०*) १. हाथी। गज। २. आकाश। (*ना०*) गति। चाल।

गैंगमणी–दे० गयगमणी।

गैंगहण–(*वि०*) १. अपने बाहुबल से आकाश को थामने वाला। अत्यन्त

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

बलशाली। २. हाथियों को पकड़ने या पछाड़ने वाला।

गैगाह–दे० गजगाह।

गैघट–(न०) १. आनंदोल्लास। २. महोत्सव। ३. भोगविलास। ४. आनंद के साधनों की उपलब्धि। सर्व सम्पन्नता। ५. गैघट (गैघट्ट) नाम का राजस्थानी दूहा साहित्य। ६. गजदल। हस्तीदल।

गैघटा–(ना०) १. हाथियों की घटा। हाथियों का झुंड। २. हाथियों की सेना। हस्ती सेना।

गैवूमणो–(क्रि०) १. घने बादलों का उमड़ना। घटा का उमड़ना। २. छा जाना। मंडराना।

गैजूह–(न०) हस्ती दल।

गै-डसण–(न०) १. गजदंत। गजदशन। २. गजदंशन। सिंह। ३. ध्रोळ (सौराष्ट्र) के ठाकुर जसाजी जाड़ेजा का विरुद। ४. सूअर। (वि०) सिंह के समान बली। वीर।

गैडंबर–(न०) १. घटा। घनघटा। २. पश्चिम की ओर से उठने वाले बादलों की घटा। लीरों की घटा।

गैण–(न०) आकाश। गगन।

गैणाग–(न०) १. गगन। आकाश। २. गगनाग्नि। ३. हाथी।

गैतूल–(न०) १. वातचक्र। बवंडर। २. आकाश में छाई हुई गर्द। ३. आंधी। तूफान। ४. हस्ती सेना। ५. सेना। ६. समूह। ७. पवन।

गैदंत–(न०) हाथी दांत।

गैब–(वि०) १. जो सम्मुख न हो। जो अज्ञात हो। परोक्ष। २. जो नहीं देखा जा सके। अदृश्य।

गैबाऊ–(क्रि०वि०) १. गुप्त रीति से। २. अचानक। ३. सामान्य प्रकार से। (वि०) सामान्य।

गैबो–(वि०) १. गुप्त। छिपा हुआ। २. अदृश्य। ३. अज्ञात। ४. पापी। (क्रि०वि०) अचानक।

गैमर–(न०) हाथी।

गैर–(अव्य०) निषेध, अभाव, गलत इत्यादि अर्थ सूचक एक उपसर्ग। (वि०) १. दूसरा। अन्य। २. अपरिचित। ३. अनुचित।

गैर इनसाफ–(न०) अन्याय।

गैर कायदे–(वि०) कायदा विरुद्ध।

गैर चलण–(न०) १. जो राज्य से अमान्य हो। जो राज्य द्वारा संचालित न हो। जैसे खोटा रुपया। नकली रुपया। २. जो व्यवहार विरुद्ध हो, जैसे–खोटी हुंडी। जाली हुंडी। ३. गैर चाल। कुमार्ग।

गैर चाल–(न०) कुमार्ग। बदचलनी। (वि०) बदचलन।

गैर-मुनासिब–(वि०) गैर वाजिबी। अनुचित।

गैर-रस्तो–(न०) १. बेकायदा। २. खोटा मार्ग। ३. कुरीति।

गैर-वदळै–दे० गैर वल्ले।

गैर वल्ले–(अव्य०) १. चिट्ठी पत्री आदि का योग्य पते पर नहीं पहुँचना। गैर बदले। गैर बदले हो जाने का भाव। २. खो जाने का भाव। गुम हो जाने का भाव।

गैर वाजबी–(वि०) १. अनुचित। २. अयोग्य।

गैर-हाजर–(वि०) अनुपस्थित। गैर हाजिर।

गैर-हाजरी–(ना०) अनुपस्थिति। गैर हाजिरी।

गैल–(ना०) १. पीछा। २. रास्ता। मार्ग। (अव्य०) प्रति। हर। (क्रि०वि०) पीछे।

गैल छोड़णो–(मुहा०) १. (किसी से संबंधित) छेड़ी हुई चर्चा को बंद करना। घर रखना। पीछा छोड़ना। २. पीछा नहीं करना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गैलापणो–*(न०)* पागलपन ।

गैली–*(वि०)* पगली ।

गैलो–*(न०)* १. मार्ग । रास्ता । २. परम्परा । सिलसिला । *(वि०)* १. पागल । गहलो । २. नासमझ ।

गैवर–*(न०)* १. हाथी । २. श्रेष्ठ हाथी । गजवर ।

गैंडो–*(न०)* भैंसे की तरह का एक जंगली जानवर ।

गो–*(ना०)* १. गाय । गौ । २. इन्द्रिय । ३. वाणी । ४. पृथ्वी । ५. आकाश ।

गोआळ–*(न०)* ग्वाल ।

गोआळियो–दे० गोआळ ।

गोउड़ो–*(वि०)* गाय का (चमड़ा) ।

गोउड़ो साज–*(न०)* गाय का चमड़ा । गोचर्म ।

गोओ–*(न०)* शीतकाल में मस्ती में आये हुए ऊंट की गलसुई के समान फूल कर मुंह से बाहर निकली हुई जीभ ।

गो-करण गहण–*(न०)* पृथ्वी को उत्पन्न व धारण करने वाला परमेश्वर ।

गो-कर्ण–*(न०)* १. टोडा (राजस्थान) के पास बनास नदी के तट पर आया हुआ शिव का एक प्रसिद्ध तीर्थ । २. दक्षिण में आया हुआ एक प्रसिद्ध शिव-तीर्थ । ३. गाय का कान । ४. खच्चर । ५. सर्प ।

गोकळ–*(न०)* गोकुल । गोकुळ ।

गोकळ-आठम–दे० कानजी-आठम ।

गोकळिया गुसांई–*(न०)* वल्लभ सम्प्रदाय के गुसांईजी ।

गोकुळ–*(न०)* १. व्रज में मथुरा के पास का एक गाँव, जहाँ भगवान श्रीकृष्ण ने अपना बाल्यकाल बिताया था । नंद, यशोदा और श्रीकृष्ण की निवास भूमि २. गौओं का समूह । ३. गो, वृषभ आदि ।

गोकुळनाथ–*(न०)* श्रीकृष्ण ।

गोकुळवाळ–*(न०)* गोकुलवाला । श्रीकृष्ण ।

गोकुळीनाथ–*(न०)* १. जालोर के इतिहास प्रसिद्ध शासक वीर कान्हड़दे सोनगरा का एक विरुद । २. श्रीकृष्ण ।

गोख–*(न०)* १. गवाक्ष । झरोखा । गोखड़ो । २. कान का बाहरी पर्दा व भाग । ३. आँख और कान के आजू बाजू का भाग । ४ कर्ण विवर । ५. कनपटी । कनपटो ।

गोखड़ो–*(न०)* १. गवाक्ष । वातायन । झरोखा । २. एक प्रकार का ताक जो साल के प्रवेश द्वार (की दोनों ओर दीवाल के आसारों) में बना हुआ होता है ।

गोखरू–*(न०)* १. एक वनस्पति और उसका बीज । २. स्त्रियों के हाथ में पहिनने का एक गहना । ३. पुरुषों के कान में पहिनने का एक गहना । ४. जरतार । (कोरगोटा) का एक प्रकार का फीता ।

गोखो–*(न०)* १. गवाक्ष । गोखड़ो । २. डिंगल का एक छंद ।

गोगादे–*(न०)* १. एक लोक देवता । २. गोगादे चौहान । ३. राठौड़ राव वीरम का पुत्र ।

गोगानम–*(ना०)* भादौं सुदी नौम । सर्प पूजा का दिन । नाग-नवमी ।

गोगीड़ो–दे० जूंजळो ।

गोगो–*(न०)* १. एक लोक गीत । २. एक लोक देवता । ३. गोगादे चौहान । ४. गोगादे राठौड़ ।

गोघ–*(न०)* फेन । झाग ।

गोघी–दे० गूघी ।

गोघोख–*(न०)* गौशाला ।

गोचर–*(न०)* १. चरागाह । *(वि०)* इन्द्रिय-गम्य ।

गोचरी–*(ना०)* १. भिक्षा । २. भिक्षा-वृति । (जैने साधुओं की) । ३. अपने ही घर में की जाने वाली चोरी । ४. चोरी से घर वालों से छिपाकर इकट्ठा किया हुआ धन ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गोचंदरण–*(न०)* गोपीचंदन । *(ना०)* एक प्रकार की गोह । चंदनगोह ।

गोट–*(ना०)* १. मगजी । २. चौपड़ की गोटी । ३. मुंझाहट । ४. धुएँ की घटा । ५. धूलि की घटा । गर्द । ६. आवेग । मन की तरंग ।

गोटको–*(न०)*जिल्द बंधी हुई छोटी पुस्तक । गुटका । २. बिना पकाई हुई ईंट ।

गोटाळो–*(न०)* १. अव्यवस्था । २. पैसों के मामले में गोलमाल ।

गोटावाळ–*(वि०)* कर्त्तव्य भावना से रहित होकर किया हुआ (काम) । २. फूहड़पन । से किया हुआ । ३. जैसा-तैसा किया हुआ ।

गोटी–*(ना०)* चौपड़ की सारी । चौपड़ या सतरंज का मोहरा । २. गोली । टिकिया ।

गोटीजरणो–*(क्रि०)* १. मुंझाना । २. दम घुटना । ३. धुआँ, धूल आदि से भर जाना ।

गोटो–*(न०)* १. नारियल । २. गोटा किनारी । ३ मुंझाहट । ४. मन की तरंग आवेग । ५. घुटन । ६. धुएँ का बादल या घटा ।

गोठ–*(ना०)*१. मित्रमंडली का भोजनोत्सव । दावत । गोठ । २. समूह भोज । ३. गोष्ठी । ४. ढाणी । ५. छोटा गाँव ।

गोठ-गूघरी–*(ना०)* किसी प्रसन्नता या उत्सव के समय किया जाने वाला मित्र-मंडली का भोजन समारोह । महफिल और दावत । प्रीति भोज ।

गोठरण–*(ना०)* १. साथिन । स्त्रीमित्र । २. सखी । सहेली ।

गोठियो–*(न०)* १. मित्र । २. बालमित्र ।

गोठी–*(न०)* १. बालमित्र । २. मित्र । दोस्त ।

गोड–*(ना०)* (हाथी की) मस्ती ।

गोडरणो–*(क्रि०)*१. खुरपी लगाना । २. खेत बाग आदि में कसी, फावड़े इत्यादि से मिट्टी उलट-पुलट करना ।

गोड़–*(ना०)* १. भीड़ । २. समूह । झुंड । ३. नाश । संहार ।

गोड़रणो–*(क्रि०)* १. नाश करना । संहार करना । २. हाथी का चिंघाड़ना ।

गोड़वरणो–*(क्रि०)* १. मारना । नाश करना । २. गिराना ।

गोडवाड़–दे० गोढवाड़ ।

गोड़ाटी–*(ना०)* मारवाड़ के नागौर जिले का भाग ।

गोड़ा देरणो–*(मुहा०)* १. हानि पहुंचाना । २. किसी प्रिय की मृत्यु होना ।

गोडालकड़ी–*(ना०)* एक कठोर शारीरिक दंड ।

गोडाळियाँ–*(क्रि०वि०)* बच्चे का घुटनों और हाथों के बल चलने की क्रिया ।

गोड़ियो–*(न०)* १. इंद्रजालिक । जादूगर । २. मदारी ।

गोडी–*(ना०)*१. घुटना । २. घुटने को मोड़ कर रस्सी से पैर को बाँधने की क्रिया ।

गोडी कररणो–*(मुहा०)*१. ऊँट के एक पाँव को घुटने में से ऊपर को मोड़ कर रस्सी के द्वारा घुटने से बाँध देना, जिससे वह भाग नहीं सके । २. विवश करना । मजबूर करना । ३. विश्राम करना ।

गोडी ढाळरणो–*(मुहा०)* १. थक जाना । २. थक कर बैठ जाना । ३. बैठ जाना । ४. मृतक के घर उसके घर वालों को सम्वेदना प्रकट करने को जाना ।

गोडी देरणो–*(मुहा०)* ऊंट के अगले पैर को घुटने से मोड़कर रस्सी से बाँधना ।

गोडीख-*(न०)*१. समुद्र । २. समुद्र में उठने वाली लहरों की ध्वनि ।

गोडो–*(न०)* घुटना ।

गोडो वळावरणो–*(मुहा०)*मुंहकाण कराना । मृतक के यहाँ उसके घर वालों को सान्त्वना देने व संवेदना प्रकट करने को जाना ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गोडो वाळणो-(मुहा०)दे० गोडोवळावणो।

गोढ-(न०) १. वृक्ष का तना। धड़। २. मूला। मूली। ३. जड़। मूल।

गोढलो-(वि०)निकट का। पास का।

गोढवाड़-(न०) मारवाड़ के पाली जिले का दक्षिण-पूर्वी प्रदेश।

गोढवाड़ी-(वि०) १. गोढवाड़ प्रदेश का रहने वाला। २. गोढवाड़ का। गोढवाड़ सम्बन्धी।

गोढाण-दे० गोढवाड़।

गोढाँ-दे० गोढै।

गोढै-(क्रिवि०) पास। निकट। कनै।

गोण-(न०) १. आसमान। २. गमन। जाना।

गोणो-(न०) गौना। द्विरागमन। आणो।

गोत-(ना०) १. गोत्र। २. वंश। कुल। ३. डुबकी। ४. बहाना। ५. तलाश। खोज।

गोतकदम-(ना०) गोत्र हत्या। कुल-हत्या।

गोत खाणो-(मुहा०) नट जाना। मुकर-जाना।

गोतणो-(क्रि०) तलाश करना। ढूंढ़ना।

गोतभाई-(न०) एक ही गोत्र में उत्पन्न व्यक्ति।

गोतर-दे० गोत्र।

गोतियो-(न०) १. गाय, भैंस आदि के लिये बाजरी, ग्वार, खल और कुतर आदि के मिश्रण (वांटो) को पकाने का चूल्हा व पात्र (हौडो)। (वि०)समान गोत्र वाला। गोत्रज।

गोती-(वि०)१. गोत्र वाला। २. स्वगोत्री।

गोतीत-(वि०) इन्द्रियातीत।

गोतो-(न०) १. व्यर्थ का चक्कर। फेरा। भांटो। २. मार्ग भूलकर इधर-उधर फिरते रहने की क्रिया। चक्कर। ३. डुबकी। गोता।

गोत्र-(ना०) १. किसी ऋषि के नाम से पहिचाने जानेवाला कुल। कुल के मूल पुरुष के नाम के अनुसार उस कुल की संज्ञा। २. वंश। कुल। ३. संतान।

गोत्र-कदंब-दे० गोतकदम।

गोत्रजण-(ना०) पड़िहारों की कुलदेवी।

गोत्रात-(न०) गोत्रिरात्र नाम का स्त्रियों का व्रत जो भादौं शुक्ल पक्ष की सप्तमी, अष्टमी और नौमी को किया जाता है। गोत्रिरात्रि।

गोथणी-(ना०) १. बैलगाड़ी के जुए में लगने वाली लकड़ी की कील जो बैल को गरदन को अंदर की ओर जाने से रोकती है। २. द्राक्षा। बड़ी दाख।

गोथणो-(न०) जुआ (धूंसरी) को बंद करने की लकड़ी की एक कील। गोथणी। (क्रि०) गोथणी से बंद करना।

गोथळी-(ना०) थैली। कोथली।

गोद-(ना०) १. कोड़। उत्संग। अंचल। खोळो। २. कोड़ांग का वस्त्र भाग। ३. दत्तक प्रणाली। ४. दत्तक।

गोदड़ी-(ना०) गुदड़ी। गूदड़ी।

गोदड़ो-(न०) फटे-पुराने चिथड़ों का बिछौना। गुदड़ा। गोदड़ा।

गोद लेणो-(मुहा०)निःसंतान होने की दशा में अपने किसी गोत्री के पुत्र को शास्त्र विधि अनुसार अपना पुत्र स्वीकार करना। खोळै लेणो। २. बच्चे को कमर में उठाना। तेडणो।

गोदान-(न०) गाय का दान।

गोदाम-(न०) माल रखने का वखार। गोडाउन। गोदाम।

गोदावरी-(ना०) दक्षिण भारत की एक पवित्र नदी।

गोदी-(ना०) १. कोड़। उत्संग। २. गोदाम। भखार। वखार।

गोधण-(न०) गायों का समूह। गोधन।

गोधन-(न०) १. गायें रूपी धन-दौलत। २. गोवृन्द।

गोधम-(न०) १. होहल्ला। २. झगड़ा-टंटा। ३. कलह। ४. गृह कलह।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गोधळियो-(न०) १. छोटा साँड़। २. बेनसल का साँड़। ३. छोटा बैल।

गोधुळक-(ना०) संध्या समय। गोधूलि समय। (वि०) गोधूलि समय का (पाणिग्रहण)।

गोधुळक-लगन-(न०) १. गोधूलिक लग्न। २. गोधूलिक समय का विवाह। गोधूलिक पाणिग्रहण।

गोधुळकिया फेरा-(न०) संध्याकालीन मुहूर्त में होने वाला पाणिग्रहण।

गोधुळकियो साहो-दे० गोधुळकिया फेरा।

गोधुलि-(ना०) गायों के चलने से उड़ने वाली धूलि। २. गायों के जंगल में से वापिस लौटने का समय। संध्या समय।

गोधो-(न०)१. साँड़। २. खस्सी नहीं किया हुआ बैल।

गोप-(न०) १. गले का एक आभूषण। २. व्रज की एक अहीर जाति। ३. ग्वाला। ४. गौ। गाय।

गोपकाव्य-(न०) ग्राम्य-जीवन वर्णन करने वाला काव्य।

गोपाळ-(न०) १. श्री कृष्ण। २. ग्वाला।

गोपी-(ना०) १. गोप पत्नी। ग्वालिन। २. वृन्दावन की श्रीकृष्ण भक्त गोप-स्त्री।

गोपीचंदण-(न०) तिलक करने की एक सफेद व पीली मिट्टी। गोपीचंदन।

गोपीवर-(ना०) श्रीकृष्ण।

गोफण-(न०) पत्थर या ढेला फेंकने का जोता (योत्र) के जैसा एक साधन। गोफन। फिन्नी। ढेलवाँस।

गोफणियो-(न०) १. गोफन से फेंका जाने वाला ढेला या पत्थर। २. गोफन। ढेलवाँस।

गोबर-(न०) गाय या भैंस का मल।

गो-भरतार-(न०) १. पृथ्वीपति। २. इन्द्रियों का अधिपति। ३. श्रीकृष्ण।

गोभी-(ना०) शाक में प्रयोग आने वाला एक फूल या पत्तों की एक गाँठ। कोबी।

गोभू-(वि०) डरपोक।

गोम-(न०) १. पृथ्वी। २. आकाश। ३. नगाड़ा। ४. गर्जन। (वि०) गुप्त।

गोमगह-(न०) १. आकाश। २. मेघगर्जन।

गोमतसर-(न०) मारवाड़ के इतिहास प्रसिद्ध भीनमाल नगर का एक प्राचीन नाम। गौतमसर।

गोमती-(ना०)१. द्वारका की सामुद्र नदी। २. गंगा में मिलने वाली एक नदी।

गोमय-दे० गोबर।

गोमुख-(न०) १. गाय का मुँह। २. एक प्राचीन तीर्थ।

गोमुखी-(ना०) १. माला जपने की गाय के मुख के आकार की कपड़े की कोथली। २. गंगोत्री तीर्थ। गंगोतरी।

गोमूत-(न०) गोमूत्र।

गोय-(क्रि०वि०) छिपा करके।

गोयणी-दे० गोरणी।

गोयरो-(न०)१. गाँव के निकट का भाग। गूंदरो। २. गोह।

गोरखधंधो-(न०) १. गोरखपंथी साधुओं का बहुत कड़ियों वाला एक डंडा। २. गोरख पंथियों का एक यंत्र। ३. अनेक कड़ियों वाली एक अंगूठी। ४. एक ही काम की निरर्थक पुनरावृत्ति। ५. निकम्मा धंधा। खोटो धंधो। ६. बहुत झंझट वाला काम। ७. उलझन। झंझट।

गोरखनाथ-(न०) एक प्रसिद्ध संन्यासी महात्मा गोरखनाथ।

गोरखपंथ-(न०) गोरखनाथ द्वारा चलाया हुआ पंथ।

गोरखपंथी-(वि०) गोरखपंथ के अनुयायी।

गोरज-(ना०) गायों के चलने से उड़नेवाली रज।

गोरटियो-(वि०) गोरे रंग वाला। गौर वर्ण।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गोरण-(*ना०*) प्रथम मिलन। सुहागरात।

गोरणी-(*ना०*) १. गौरी व्रत उद्यापन की सौभाग्यवती स्त्रियों को दी जाने वाली लहाण (सौगात) गौरिणी। २. व्रत उद्यापन के दिन भोजन के लिये निमंत्रित सौभाग्यवती स्त्री। ३. सौभाग्यवती स्त्री के गौरी व्रत के उद्यापन का भोज।

गोरधन-दे० गोवर्धन।

गोरबंध-(*न०*) १. ऊंट का शृंगार करने के लिए उसे पहिनाया जाने वाला फुंदनों और लूमों वाला अलंकार। २. इस संबंध का एक बहुत प्रसिद्ध लोक-गीत। 'गोरबंध लूंबाळो' नामक लोक गीत।

गोरमो-(*न०*) १. बरात को, उसके गोरमे में पहुंच जाने पर कन्यापक्ष की ओर से दिया जाने वाला एक स्वागत भोज। २. गांव के बाहर का मैदान। ३. गांव के निकट का भाग। ४. गांव का वह स्थान या मैदान जहां गांव की गायें जंगल में चरने को जाने के लिये इकट्ठी होती हैं।

गोरल-दे० गणगोर।

गोरवो-दे० गोरमो।

गोरस-(*न०*) दूध, दही, छाछ, मक्खन आदि गाय के द्वारा प्राप्त होने वाली वस्तुएँ।

गोरहर(*न०*) जैसलमेर किले का नाम।

गोरंग-(*वि०*) गौर वर्ण का। (*न०*) १. अंगरेज। २. यूरोपियन।

गोरंगी-(*वि०*) गौर वर्ण वाली। सुन्दर। (*ना०*) अंगरेज स्त्री।

गोरावो-(*न०*) एक जाति का सांप।

गोरांगी-दे० गोरंगी।

गोरांदे-(*ना०*) १. गौरी। पार्वती। २. पत्नी। ३. गौर वर्णवाली स्त्री।

गोरी-(*वि०*) १. गौर वर्ण की। सुन्दर। (*न०*)१. मुसलमान। २. ग्वाला। (*ना०*) गौर वर्ण की स्त्री।

गोरीराय-(*न०*) बादशाह।

गोरू-(*ना०*) गाय। (*न०*) गोवंश। (*वि०*) कायर। डरपोक।

गोरो-(*वि०*) गौर वर्ण का। (*न०*) १. यूरोप का निवासी। २. अंग्रेज। फिरंगी। ३. गोरा भैरव।

गोरोचन-(*न०*) गाय के पित्ताशय से प्राप्त होने वाला एक सुगन्धित द्रव्य।

गोरो-निचोर-(*वि०*) खूब गोरा। सुन्दर वर्ण का।

गोळ-(*न०*)१. वृत्ताकार। वृत्त। २. समूह। झुंड। ३. सेना। फौज। ४. शक। संदेह। ५. अंतर। फर्क। ६. षड्यन्त्र। जाल। ७. एक शस्त्र। ८. घेरा। (*वि०*) १. वृत्त या चक्र की तरह का। घेरे वाला। २. गेंद या गोले की तरह का। गोल।

गोल-(*न०*) १. सेना का मध्य भाग। २. गोला। वर्णसंकर। ३. गोलों का मुहल्ला। ४. दास। सेवक।

गोलक-(*न०*) १. रुपया पैसा रखने की पेटी। गल्ला। २. वर्णसंकर। गोलो।

गोळ गूंथणो-(*मुहा०*) षड्यंत्र रचना।

गोलण-(*ना०*) गोले की स्त्री। गोली। २. दासी।

गोलणो-(*न०*) १. वर्णसंकर। गोलो। २. दास। नौकर।

गोळ-मटोळ-(*वि०*) १. बिल्कुल गोल। २. अस्पष्ट (बात)।

गोळमाळ-(*न०*) १. गोलमाल। २. अव्यवस्था। ३. घपला। घोटाला। ४. मिलावट।

गोळमोळ-(*वि०*) १. गोल-गोल। बिल्कुल गोल। २. अस्पष्ट।

गोळवो-(*न०*) गेहूं के आटे का दड़ी के जैसा गोल बनाये जाने वाला एक भोज्य पदार्थ। रोटक। रोटो। बाटी।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गोलाई–*(ना०)* गोलापन। गोलता।

गोळाई–*(ना०)* गोलाई। घेरा।

गोळियो–*(न०)* १. काँसी की कटोरी। २. अंगुली में पहनी जाने वाली एक प्रकार की अंगूठी। ३. स्त्रियों के पाँव की अंगुली में पहिना जाने वाला एक छल्ला।

गोळी–*(ना०)* १. वटिका। २. बच्चों के खेलने की कांच की गुलिका। ३. बंदूक में भर कर छोड़ने की शीशे की गुलिका। ३. दही बिलौने का मिट्टी का बड़ा पात्र। ४. पीतल या ताँबे का बड़ा घड़ा। ४. वृक्ष का सूखा हुआ मोटा तना।

गोली–*(ना०)* १. गोले जाति की स्त्री। २. दासी। ३. गोले की स्त्री।

गोळो–*(न०)* १. गेंद के समान कोई गोल वस्तु। किसी वस्तु का गोलपिंड। ३. नारेली (टोपाळी) रहित नारियल। वह नारियल जिसके ऊपर का कठोर छिलका (नारेली) दूर कर दिया गया हो। गरी का गोला। गोळो। गोटो। ४. लोहे का गोल पिंड जो तोप में डाल कर छोड़ा जाता है। ५. लालटैन में लगाया जाने वाला काच का एक उपकरण। लालटैन का गोला। ६. पेट का एक रोग। गुल्म रोग।

गोलो–*(न०)* १. गोला जाति का आदमी। गोला। २. वर्णसंकर। ३. दास। चाकर।

गोवणियो-दे० गूणियो।

गोवर्धन–*(न०)* १. व्रज प्रदेश का एक पुराण-प्रसिद्ध पर्वत। श्रीकृष्ण द्वारा अंगुली पर उठाया गया एक पर्वत। २. मंदिर के द्वार के आगे स्थापित किया जाने वाला कीर्तिस्तम्भ। ३. गोवंश की वृद्धि। ४. दीवाली पर घर के आगे बनाया जाने वाला गोबर का एक पर्वत-रूप जिसकी स्त्रियाँ पूजा करती हैं।

गोवर्धनधारी–*(न०)* गोवर्धन पर्वत को अंगुली पर उठाने वाले श्रीकृष्ण।

गोवाळ–दे० गुग्राळ।

गोवाळियो–दे० गुग्राळियो।

गोविंद–*(न०)* १. श्रीकृष्ण। २. परब्रह्म।

गोवो–दे० गोग्रो। *(न०)* गोचर भूमि।

गोश्त–*(न०)* मांस।

गोष्ठी–*(ना०)* १. मंडली। २. बातचीत। ३. परामर्श।

गोस–*(न०)* १. कान। २. गोश्त।

गोसवारो–*(न०)* १. ग्राय-व्यय का लेखा तथा ब्योरा। गोशवारा। २. योग। जोड़।

गोसियळ–दे० गोसेल।

गोसेल–*(वि०)* क्रोधी। गुस्सेल।

गोसो–*(न०)* १. एकान्त। गोशा। २. कोना। गोशा। खूणो। ३. अंडकोश वृद्धि रोग। ४. अंडकोश। पोतवाळ। ५. कमान, छड़ी आदि की नोक।

गोह–*(ना०)* छिपकली की जाति का एक बड़ा जहरीला जन्तु।

गोहर–*(न०)* १. गाँव के बाहर का वह मैदान, जहाँ गाँव की गायें चरने जाने को इकट्ठी होती हैं। २. गोसमूह।

गोहरी–*(न०)* गाँव की गायें जंगल में ले जाकर चराने वाला। २. ग्वाला।

गोहीरो–*(न०)* १. गोह के समान एक छोटा विषाक्त जंतु। विषखपरा। २. गोह।

गोहूं–*(न०)* गेहूँ।

गौ–*(ना०)* १. गाय। २. पृथ्वी। ३. सरस्वती।

गौतमसर–दे० गोमतसर।

गौरजा–*(ना०)* पार्वती। गौरी। गवरजा।

गौरव–*(न०)* १. गुरू होने का भाव। २. बड़प्पन। बड़ाई। ३. सम्मान। आदर। ४. वृद्धि। बढ़ती। ५. वर और उसके संबंधियों का गौरव-मान बढ़ाने के निमित्त कन्यापक्ष की ओर से दी जाने वाली एक विशेष ज्योनार।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गौरवान्वित–(वि०) गौरवमय। महिमामय।

गौरी–(ना०) १. पार्वती। २. गोरे रंग की स्त्री। ३. आठ वर्ष की कन्या।

गौरी शंकर–(न०) १. महादेव। २. गौरी और शंकर। ३. हिमालय की एक चोटी का नाम।

गौहर–(न०) मोती।

ग्याति–(ना०) १. जाति। २. ज्याति।

ग्यान–(न०) १. ज्ञान। तत्वज्ञान। ब्रह्मज्ञान। २. चेतनता। ३. बोध। जानकारी। ४. बुद्धि। समझ। ५ प्रतीति। भान।

ग्यान-गहीर–(वि०) ज्ञान-गंभीर।

ग्यानरण–(वि०) ज्ञान वाली।

ग्यान पंचमी–(ना०) कार्तिक शुक्ल पंचमी।

ग्यान भंडार–(न०) पुस्तकालय। ज्ञान भंडार।

ग्यान रुपेत–(न०) ज्ञान-स्वरूप।

ग्यान रूप–(न०) ज्ञान-स्वरूप।

ग्यानवान–(वि०) १. ज्ञानी। २. विद्वान।

ग्यान विसंभ–दे० गिनान-विसंभ।

ग्यानी–(वि०) १. ज्ञानवान। ज्ञानी। २. विद्वान। पंडित। (न०) आत्मज्ञानी। ब्रह्मज्ञानी।

ग्याभ–(न०) गर्भ (मादा पशु का)। गाभ।

ग्याभरण–(वि०) गर्भवती (मादा पशु)। गाभरण।

ग्याभरणी–दे० ग्याभरण।

ग्यारस–(ना०) एकादशी। पक्ष का ग्यारहवाँ दिन।

ग्यारसियो–(वि०) वह, जो एकादशी का व्रत रक्खे हुए हो।

ग्रगाचार–(न०) गर्गाचार्य ऋषि।

ग्रज–दे० गरज।

ग्रजरणो–दे० गरजणो।

ग्रब–(न०) गर्व। घमंड।

ग्रभ–(न०) १. गर्भ। हमल।

ग्रभवास–(न०) गर्भवास।

ग्रह–(न०) १. नक्षत्र। २. नौ की संख्या। १. नौ प्रसिद्ध तारे जो सूर्य के चारों ओर घूमते हैं।

ग्रहण–(न०) १. सूर्य या चन्द्र पर क्रमशः चंद्र या पृथ्वी की छाया पड़ने की स्थिति। सूर्य या चंद्र का पूरा या किसी अंश में पृथ्वीवासियों को दिखाई नहीं देना। २. पकड़ना। पकड़। ३. स्वीकार। मंजूर।

ग्रहणगंध–(न०) नाक। नासिका।

ग्रहणी–(ना०) गृहिणी। पत्नी।

ग्रहणो–(क्रि०) १. लेना। पकड़ना। २.ग्रहण लगना। (न०) गहना। आभूषण।

ग्रहदशा–दे० ग्रहदसा।

ग्रहदसा–(ना०) ग्रहों की स्थिति के अनुसार किसी व्यक्ति की अच्छी या बुरी दशा। ग्रहदशा। २. गोचर ग्रहों की स्थिति। ३. दुर्भाग्य। अभाग्य।

ग्रहमिरण–(ना०) दीपक। गृहमणि।

ग्रहम्रग–(न०) कुत्ता। गृहमृग।

ग्रहस्थ–दे० गृहस्थ।

ग्रहस्थास्रम–दे० गृहस्थाश्रम।

ग्रहस्थी–दे० गृहस्थी।

ग्रहावरणो–(क्रि०) १. पकड़वाना। २. प्राप्त कराना।

ग्रंथ–(न०) पुस्तक। पोथी। किताब।

ग्रंथसाहब–(न०) सिक्खों का धर्म-ग्रंथ।

ग्रंथारण–(न०) १. शास्त्र। २. ग्रंथ राशि। ग्रंथसमूह।

ग्रंथी–(न०) १. ग्रंथ साहब का पाठ करने वाला। २. ग्रन्थि। गाँठ। ३. बंधन।

ग्राम–(न०) १. गाँव। २. बस्ती। ३. राशि। ढेर। ४. शिव। ५. सप्तक (संगीत) ६. तौल की दशांश पद्धति की एक इकाई।

ग्रामदेवता–(न०) गाँव का रक्षक-देवता। खेतरपाळ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ग्राममृग–(न०) कुत्ता। स्वान।

ग्रामसिंह–(न०) कुत्ता। कूतरो।

ग्रामसीह–(न०) कुत्ता। ग्रामसिंह।

ग्रामान्तर–(न०) दूसरा गाँव। गाँवतरो।

ग्रामीण–(वि०) गाँव का रहने वाला। देहाती। गँवार। गमार। गिवार।

ग्राव–(न०) पत्थर।

ग्रास–(न०) १. राजाओं की ओर से अपने कुटभाइयों को आजीविका के लिये दी हुई भूमि। २. कौर। कवो। लुकमा। ३. खुराक। भोजन। ४. लूटखसोट। ५. हिस्सा।

ग्रासवेध–(न०) १. लूटखसोट। २. लूटमार। ३. लड़ाई। ४. दूसरे की जमीन या जागीरी पर किया जाने वाला बलात् अधिकार। बलात् वसूल किया जाने वाला भूमिकर।

ग्रासियो– १. ग्रास में प्राप्त भूमि का जागीरदार। गुजारे के लिए दी हुई जागीरी का जागीरदार। २. जागीरधार। ३. पहाड़ों में रहने वाली लुटेरी जाति का व्यक्ति। ४. लूट-खसोट करने वाला व्यक्ति। ५. विद्रोही। बागी।

ग्राह–(न०) मगरमच्छ।

ग्रिध–(न०) गिद्धपक्षी।

ग्रीखम–(न०) ग्रीष्म ऋतु। गरमी का मौसम। ऊनाळो।

ग्रीभण–(ना०) गिद्धनी।

ग्रीठ–दे० गरीठ।

ग्रीधण–दे० ग्रीभण।

ग्रीधाण–(ना०) गिद्धनियाँ। (न०) गिद्धों का झुंड।

ग्रीधाणी–दे० ग्रीधण।

ग्वाड़–दे० गवाड़।

ग्वाड़ी–दे० गवाड़ी।

ग्वार–दे० गवार।

ग्वारतरी–दे० गुआरतरी।

ग्वारपाठो–दे० गुआरपाठो।

ग्वारफळी–दे० गुआरफळी।

ग्वाळ–(न०) ग्वाला। अहीर। गुआळो। ग्वाळो।

ग्वाळियो–दे० गोआळ। ग्वाळ।

ग्वाळेरी–(ना०) ग्वालियर की भाषा या बोली। (वि०) ग्वालियर का।

ग्वाळो–दे० गोआळ।

घ

घ–संस्कृत परिवार की राजस्थानी वर्णमाला का चौथा कंठ्य व्यंजन-वर्ण। इसका उच्चारण-स्थान कंठ है।

घकार–(न०) वर्णमाला का चौथा व्यंजन वर्ण। 'घ' वर्ण। घग्घो।

घघ–(न०) ऊंट। (ना०) खजूर (खारक) का बीज। कुळियो।

घघड़ो–(न०) १. बेर का बीज। कुळियो। २. अष्ठि। गुठलो।

घग्घो–(न०) घकार। वर्णमाला का चौथा व्यंजन वर्ण। 'घ' वर्ण।

घचरो–दे० घसरो।

घचोळणो–(क्रि०) १. धमकाना। डराना। २. मारना। पीटना ३. विघ्न डालना।

घट–(न०) १. घड़ा। २. शरीर। ३. हृदय। ४. कमी। (वि०) कम। थोड़ा।

घटकार–(न०) कुम्हार। परजापत। कुंभकार।

घटणो(क्रि०) १. कम होना। छीजना। २. होना। घटना। वाका होना। ३.

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उचित लगना । ४. उचित होना । ५. लागू होना ।

घटना-(ना०) १. रचना । बनावट । २. माजरा । वारदात ।

घटमाळ-(ना०) १. रहँट की घड़ियों की माला । २. क्रम । प्रणाली । ३. आवा-गमन । जन्म-मरण ।

घट-वध-(ना०)१. कमीबेशी । न्यूनाधिकता । २. अवनति-उन्नति । ३. मंदी-तेजी । (व्यापारिक वस्तुओं की) ।

घटा-(ना०) १. बादलों का उमड़ना । मेघमाला । २. वृक्ष समूह । ३. समूह । झुंड ।

घटाटोप-(न०) बादलों या रज के उड़ने से हुई छाया या अंधेरा । २. आकाश में छाई हुई बादलों की घटा । घनघोर घटा । ३. ओहार । छाजन । आच्छादन ।

घटाड़णो-(क्रि०) १. घटाना । कम करना । २. शेष करना । बाकी निकालना । ३. उचित ठहराना । ४. लागू करना ।

घटाणो-दे० घटाड़णो ।

घटावणो-दे० घटाड़णो ।

घटिया-(वि०) १. अपेक्षाकृत निम्न कोटि का । उतरता । हलका । २. तुच्छ । नीच । कमसल ।

घटियो-दे० घटोलियो ।

घटूलियो-दे० घटोलियो ।

घटोलियो-(न०) छोटी चक्की ।

घट्टी-(ना०) आटा पीसने की चक्की । घरटो ।

घड़-(ना०) १. सेना । २. शरीर । ३. समूह । ४. घटा । ५. घड़ा । ६. परत । तह । (क्रि०वि०) १. यथास्थिति । ठिकाने सर । २. समुचित रूप में ।

घड़घड़ाट-(न०) गर्जन । गाड़ी चलने आदि से होने वाला शब्द ।

घड़णो-(क्रि०) १. घड़ना । बनाना । आकार देना । २. शिक्षित बनाना । योग्य बनाना । ३. माल बेच कर पैसा बनाना ।

घड़त-दे० घड़तर ।

घड़तर-(ना०) १. बनावट । गढ़न । २. कारीगरी । ३. शिल्प ।

घड़ बैठणो-(मुहा०) १. समुचित रूप से तय होना । २. किसी काम का यथा स्थिति, यथास्वरूप पार पड़जाना ।

घड़भंजण-(ना०) १. निर्माण और नाश । २. उथल-पुथल । ३. विचारों का उठना और समा जाना । विचारों की उथल-पुथल । उधेड़बुन । (वि०) सेना का नाश करने वाला । वीर ।

घड़मोड़-(वि०) शत्रु की सेना को पीछे हटाने वाला । २. शूरवीर ।

घड़ली-(ना०) १. रहँट की माल में बँधी रहने वाली घड़िया । घेड़ । २. कागज, कपड़े आदि की परत । घड़ी ।

घड़वै-(न०) सेनापति ।

घड़ा-(ना०) १. सेना । फौज । २. समूह । झुंड ।

घड़ाई-(ना०) १ घड़ने का काम । २. घड़ने का पारिश्रमिक ।

घड़ाणो-दे० घड़ावणो ।

घड़ामण-दे० घड़ाई ।

घड़ामणी-दे० घड़ामण ।

घड़ामोड़-दे० घड़मोड़ ।

घड़ाळ-(वि०) १. सेना वाला । २.शूरवीर ।

घड़ावणो-(क्रि०) घड़ाना । गढ़ाना । बन-वाना ।

घड़ा-विभाड़-(वि०) शत्रु सेना का नाश करने वाला ।

घड़ियक-(क्रि०वि०) घड़ी भर के लिये । एक घड़ी भर ।

घड़ियाल-(ना०) १. घड़ी । २. घंट । टकोरा । (न०) मगरमच्छ । ग्राह ।

घड़ियो-(न०) १. किसी अंक के एक से १० तक गुणनफलों की क्रमिक सारणी ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पहाड़ा। **गुणियो**। पट्टी पहाड़ा। २. सुवर्णकार। ३. छोटा घड़ा।

घड़ी-*(ना०)* १. चौबीस मिनट का समय परिमाण। २. समय। ३. अवसर। ४. एक समय सूचक यंत्र। **घड़ियाल**। ५. रहट की माल में लगी हुई कुलिया। **घड़ली**। ६. कपड़े, कागज आदि की परत।

घड़ी-घड़ी-*(क्रि०वि०)* बार-बार।

घड़ीभर-*(अव्य०)* थोड़ी देर। थोड़ी देर के लिये।

घड़ूलो-*(न०)* छोटा घड़ा।

घड़ो-*(न०)* घड़ा। कलसा।

घड़ोटिया-*(न०ब०व०)* एकादशा की शुद्धि क्रिया के उपरान्त मृतक के बारहवें दिन की एक विशेष अशौच-निवारण क्रिया जिसमें बारह पिण्डों के अतिरिक्त (घट-स्वरूप) पानी भरे बारह घड़े, बारह जल छानने और उनके ऊपर बारह थालियों में उस दिन का बनाया हुआ मिष्टान्न भर करके शुद्ध किये हुए तर्पण स्थान में रख दिये जाते हैं और फिर तर्पण करके मिष्टान्न सहित वे घड़े संबंधी और कुटुंबी-जनों में अशौच निवारण की सूचना रूप में दिये जाते हैं और पिंड गाय को दे दिये जाते हैं। बारहवें दिन का श्राद्ध। द्वादशा। **बारियो**।

घड़ोटियो-*(न०)* छोटा घड़ा।

घण-*(न०)* १. बड़ा हथौड़ा। २. बादल। मेघ। ३. द्विदल अनाज में पड़ने वाला एक कीड़ा। घुन। ४. समूह। झुंड। ५. लोहा। *(वि०)* १. बहुत। अधिक। २. ठोस। दृढ़।

घणकरो-*(वि०)* १. बहुत सा। *(क्रि०वि०)* प्रायः। बहुत करके। अकसर।

घणखाऊ-*(वि०)* अधिक खाने वाला।

घणघणा-*(वि०)* बहुत अधिक।

घणघट्ट-*(वि०)* अत्यन्त।

घणघोर-*(न०)* मेघ गर्जन। *(वि०)* १. घनघोर। भयंकर। २. बहुत। ३. गहरा। घना।

घणचक-*(न०)* १. भीड़। भीड़भाड़। २. मेला। ३. युद्ध। ४. बड़ा आयोजन।

घणजाण-*(वि०)* १. बहुज्ञ। २. बुद्धिमान। पंडित। ३. कलाविद। ४. होशियार। चतुर।

घणजाणग-दे० घणजाण।

घणदाता-*(वि०)* अधिक दान देने वाला। औढर दानी। **घणदेवाळ**।

घणदीहो-*(वि०)* १. वृद्ध। बुड्ढा। २. बहुत दिनों का। पुराना। ३. बासी।

घण-देवजी-रोटा-*(न०ब०व०)* १. देवी-देवता के निमित्त बनाये जाने वाले घी, गुड़ मिश्रित बाटी (रोटों) के चूरमे के लड्डू। २. विशेष प्रकार से बनाया हुआ देवता के निमित्त का रोटा-भोज। ३. हनुमानजी के लिये बनाया हुआ मोटी रोटियों के चूरमे का भोज। रोट। ४. बड़ी बाटी। गोल आकार के बड़े रोटे। **गोळबा**।

घणदेवाळ-*(वि०)* दातार। **घणदाता**।

घणनामी-*(वि०)* असंख्य नामों वाला। *(वि०)* ईश्वर। परमेश्वर।

घणमंड-*(न०)* मेघ घटा।

घणमोली-*(वि०)* बहुमूल्य। महँगी।

घणमोलो-*(वि०)* १. अमूल्य। बहुमूल्य। २. महँगा। ३. प्रिय।

घणरूप-*(वि०)* अनेक रूपों वाला। *(न०)* ईश्वर।

घणसहवाळ-दे० घणसहो।

घणसहो-*(वि०)* सहनशील। **भरखमो**। **भारीखमो**।

घणसार-*(न०)* १. कपूर। २. चंदन। ३. पारा। ४. धुँआं। ५. वर्षा। ६. पानी।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

घणस्याम-*(न०)* १. घनश्याम। श्रीकृष्ण। २. काला बादल। *(वि०)* अधिक श्याम। बहुत काला।

घणहर-*(ना०)* घटा।

घणाक-*(वि०)* बहुत से। ज्यादातर।

घणाघणी-*(ना०)* १. आश्चर्यजनक बात। २. बहुत अधिक होशियारी की बात या काम। ३. चालबाजी।

घणाजीवो-*(अव्य०)* चिरायु हो। दीर्घजीवी हो। आशीर्वाद।

घणारग-*(अव्य०)* १. बहुत आभार। २. धन्य। धन्यवाद। शाबास। ३. वाह-वाह।

घणी खमा-*(अव्य०)*१.गुरुजन आदि अत्यन्त सम्मानित पुरुषों को किया जाने वाला अभिवादन। २. बहुत क्षमावान हैं आप। ३. गुरूजनों की बात का स्वीकृति सूचक शब्द। 'हाँ' शब्द का एक शिष्ट पर्याय।

घणी वात-*(वि०)* १. अनेक गुणों से अलंकृत। २. महिमावंत। ३. आदरणीय।

घणी वार-*(क्रि०वि०)*१. कई बार २.प्रायः। ३. कभी २। ४. बहुत देर।

घणूं-दे० घणो।

घणेरो-*(वि०)* बहुतेरा। बहुत। बहुत सारा।

घणो-*(वि०)* अधिक। बहुत। पुष्कल।

घणोखरो-दे० घणकरो।

घतावणो-दे० घलावणो।

घन-*(वि०)* १. ठोस। २. घना। गाढ़ा। ३.बहुत। अधिक। *(न०)* बादल। मेघ।

घनघोर-दे० घणघोर।

घनमंड-दे० घणमंड।

घनरूप-*(वि०)* मेघ के समान श्याम रूप। श्यामवर्ण।

घनवान-*(वि०)* मेघ के समान वर्णवाला। मेघवान। श्यामवर्ण।

घनश्याम-*(न०)* श्रीकृष्ण।

घनसार-दे० घणसार।

घबराट-*(ना०)* १. घबराहट। हड़बड़ी। २. व्याकुलता।

घबराणो-दे० घबरावणो।

घबरावणो-*(क्रि०)* १. घबराना। हड़बड़ाना। २. व्याकुल होना।

घबरीजणो-*(क्रि०)* १. घबरा जाना। हड़बड़ा जाना। २. व्याकुल होना।

घमक-*(न०)* १. भाले के प्रहार का शब्द। २. अधिक जोर की वर्षा का शब्द। ३. मेहमानों को भोजन के समय बार-बार अधिक से अधिक घी परोसने की मनुहारें। जैसे-'घी री घमक उड़ रही है।' ४. लूहर और घूमर नाम के नृत्यों में एक नृत्य ताल। ५. अनेक पाँवों के घुंघुरुओं का एक साथ होने वाला तालबद्ध शब्द।

घमकणो-*(क्रि०)* १. नाचना। २. घटा का उमड़ना। ३. अचानक आ पड़ना।

घमको-*(न०)* १. नाच में घुंघुरुओं का लगने वाला झटका। २.एक नृत्य ताल।

घमचाळ-*(ना०)* १. युद्ध। २. प्रहार। ३. सेना। फौज। धमचाळ।

घमड़-घमड़-*(अनु०)* चक्की का तेजी से चलने का शब्द।

घमरोळ-*(ना०)* १. ऊधम। २. उत्पात। ३. युद्ध। ४. खलबली। ५. प्रहार।

घमसाण-*(वि०)* भयंकर। प्रचण्ड। *(न०)* १. भयंकर युद्ध। २. सेना। ३. समूह। ४. भीड़। ५. शोर। ६. नाश।

घमंड-*(न०)* अहंकार। गर्व।

घमंडी-*(वि०)* अभिमानी।

घमोड़णो-*(क्रि०)* १. ठोकना। पीटना। २. धमकाना। डराना। ३. मारना। नाश करना। ४. बहुत खाना। ५. बिलौना करना।

घय-*(ना०)* १. चोट। जख्म। २. ढोल या नगाड़े का शब्द। घाई।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

घर-(न०) १. मनुष्य का रहने का स्थान। मकान। घर। गृह। ग्रावास। २. किसी वस्तु का कोष। आवरण। ३. कुल। वंश। ४. वस्तु रखने का कोठा। खाना। ५. चौपड़, शतरंज आदि का खाना। ६. कोठरी। ७. जन्म स्थान। ८. जन्म कुंडली में ग्रह विशेष का स्थान। ९. मूल कारण। जैसे-'रोग रो घर खाँसी।'

घर-आँगणो-(न०) १. घर का आँगन। २. अति परिचित और निकट का स्थान। ३. बार बार आते जाते रहने का स्थान।

घरकोलियो-(न०) १. छोटा और कच्चा घर। २. अवदशा को प्राप्त हुआ घर। ३. पाँव के पंजे पर गीली मिट्टी थपथपा कर बच्चों द्वारा बनाया हुआ विवर।

घर-खरच-(न०) १. घर वालों का निर्वाह करने में होने वाला खर्च। २. घर में या घर के संबंध में होने वाला खर्च। घरखर्च।

घरगतु-(वि०) १. जो घर के उपयोग के लिये बना हो। २. जो बेचने के लिये नहीं बनाया गया हो। ३. खानगी।

घर गरणो-(न०) विधवा का पुनर्लग्न। नातो। नातरो।

घर-घर-(अव्य०) प्रतिघर।

घर जमाई-(न०) १. वह व्यक्ति जो ससुर का आश्रित होकर ससुराल में ही रहे। २. वह व्यक्ति जो अपनी प्रथा के अनुसार विवाह संबंध के निमित्त अपनी ससुराल में रहने के लिये बाधित होता है।

घरजाम-(वि०) घर में जन्म लिया हुआ (गोद आया हुआ नहीं।) २. विवाहिता पत्नी से उत्पन्न। औरस।

घरट-(न०) भैंसे द्वारा चलाई जाने वाली चूना पीसने की बड़ी चक्की। घट्टा। घरट्ट। २. घेरा। ३. समूह। (वि०) बहुत अधिक।

घरटियो-दे० घटोलियो।

घरटी-(ना०) आटा पीसने की चक्की। घट्टी।

घरणी-(ना०) १. गृहिणी। पत्नी। २. स्त्री। लुगाई।

घर दीवो-(न०) वंश का दीपक। वंश को प्रकाशित करने वाला। पुत्र।

घर-धणी-(ना०) १. स्वपत्नी। २. घर की स्वामिनी।

घर-धणियाणी-(ना०) १. पत्नी। २. घर की मालकिन।

घर-धणी-(न०) १. पति। २. गृहस्वामी। ३. मकान का मालिक।

घरनार-(ना०) पत्नी। लुगाई।

घरनाळो-(न०) मिट्टी का पकाया हुआ नल जैसा फुट डेढ़ फुट का एक टुकड़ा। परनाळो। परनाला।

घरबार-(न०) १. बाल बच्चे वगैरह। घर-गिरस्ती। २. घर की चीज वस्तु। माल-मिल्कीयत।

घरबारी-(वि०) १. घर वाला। २. संसारी। गृहस्थी।

घरबीती-(वि०) खुद में बीती हुई। (ना०) निजो तथा घर के सुख-दुख की बात। 'पर बीती' का उलटा।

घर बूडो-(वि०) घर को नष्ट करने वाला। घर घालक।

घर भेदू-(वि०) १. घर का भेद जानने वाला। २. घर का भेद जानकर चोरी करने वाला। ३. घर का भेद खोल कर दगा देने वाला।

घरमंड-(न०) १. धन। सम्पत्ति। २. घर का स्वामी। गृहपति। ३. पति। ४. कुल की शोभा।

घरमंडण-(न०) १. स्वामी। पति। २. घर की शोभा। ३. पुत्र। ४. कुल

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

परम्परा कायम रहने का साधन । पत्नी की प्राप्ति । विवाह । ५. पत्नी ।

घरमेढी–*(न०)* १. गृहस्थ । गृहमेधी । २. घर का मुखिया ।

घर-रो-घर–*(न०)* १. अपना घर । २. घर के सभी लोग । ३. संपूर्ण घर । पूरा मकान ।

घर रो धणी–*(न०)* १. पति । २. घर का मालिक । मकान-मालिक ।

घरलोचू–*(वि०)* १. आमदनी की सीमा में रहकर विवेक से घर का खर्च चलाने वाला । २. घर की व्यवस्था को सुचारु रूप से बनाये रखने वाली ।

घरवट–*(ना०)* १. घर की व्यवस्था । २. गृहस्थ लक्षण । ३. घर की परंपरा । मर्यादा । घर की पारंपरिक मर्यादा । ४. वंश का गुण । ५. वंश ।

घरवाळी–*(ना०)* १. घर की मालकिन । घरधणियाणी । २. पत्नी ।

घरवाळो–*(न०)* १. घर का मालिक । घरधणी । २. पति ।

घरवास–*(न०)* १. अन्य पुरुष के घर में पत्नी रूप से किया जाने वाला निवास । २. पर स्त्री का पत्नी रूप में ग्रहण । ३. गृहस्थ । गृहस्थाश्रम ।

घरवासो–*(न०)* १. पर पुरुष के साथ पत्नी रूप का सम्बन्ध । पत्नी रूप में पर पुरुष के घर में रहना । २. गृहस्थावस्था । ३. गृहस्थ-जीवन ।

घरविकरी–*(ना०)* घर का सामान । गृहस्थी का सामान ।

घरविध–*(वि०)* १. निजी । आपसी । व्यक्तिगत । २. गुप्त । ३. घर संबंधी । ४. घर की तरह । *(ना०)* १. मित्रता । प्रेम संबंध । २. प्रेम । स्नेह । *(क्रि०वि०)* परस्पर । आपस में ।

घरहाण–*(ना०)* १. निर्बल स्थिति का घर । गरीब घर (सगाई करते समय विचारणीय) २. घर की हानि । खुद की हानि ।

घराऊ–*(वि०)* १. घर संबंधी । घर का । २. निज का । अपना । ३. आपस का । परस्पर का ।

घराघरू–*(वि०)* निजी । अपना । अपना ही ।

घराणो–*(न०)* कुल । वंश । घराना ।

घरियो–*(न०)* आभूषण का कोठा, जिसमें नग जड़ा जाता है ।

घरू–*(वि०)* १. घर से संबंधित । घर का । २. निज का । अपना । निजी । खानगी ।

घरूपणो–*(न०)* घर वालों के जैसा व्यवहार । अपणात ।

घरेचो–*(न०)* पुनर्विवाह । धारेचो । नातो । नातरो ।

घरोघर–*(अव्य०)* १. प्रतिघर । प्रत्येक घर । २. घर प्रति घर । एक घर के बाद दूसरा घर । ३. सभी घरों में । घर-घर ।

घरोट–दे० घरवट ।

घरोपो–*(न०)* बहुत अच्छा सम्बन्ध । घर का सा संबंध । अपणात ।

घलावणो–*(क्रि०)* डलवाना । प्रवेश कराना । पैसाड़णो ।

घसक–*(ना०)* १. डींग । गप्प । २. तौर-तरीका । रंग-ढंग । ३. सूरत-शक्ल । ४. बनावट । रचना । ५. ठसक ।

घसकाळ–*(वि०)* घसक मारने वाला । गप्पी । २. ठसक वाला । ठसकाळ ।

घसको–दे० घसक ।

घसड़को–*(न०)* १. खरोंच । रगड़ । २. रेखा । चिन्ह । ३. खर्चा । ४. भारी । खर्च का परिणाम । ५. बिना मन का काम । इच्छा के विरुद्ध करने या करवाने का भाव । बेगार । वेठ ।

घसड़णो–दे० ढसड़णो ।

घसड़-पसड़–*(ना०)* अव्यवस्था ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

घसण–*(ना०)* १. युद्ध । लड़ाई । २. सेना । फौज । ३. मार्ग ।

घसणो–*(क्रि०)* घिसना । रगड़ना ।

घसरको–*(न०)* १. खरोंच । २. दूसरे के लिये उठाई जाने वाली हानि और कष्ट । ३. बेगार । वेठ । दे० घसारो ।

घसरो–*(न०)* १. बिना मतलब का काम । व्यर्थ का काम । २. बिना पारिश्रमिक के किया जाने वाला काम । ३. हैरानी का काम । ४. प्रासंगिक काम । ५. मन को नहीं रुचने वाला काम । ६ काम पर काम । काम की अधिकता । एक साथ अनेक काम ।

घसाणो–दे० घसावणो ।

घसारो–*(न०)* १. विवशता अथवा लिहाज से किसी का मुफ्त में किया जानेवाला काम । २. दूसरे के लिये उठायी जाने वाली हानि । ३. बेगार । ४. हानि । नुकसान । ५. घिसाई । ६. घिसा जाना । छीजन । घटाव ।

घसावणो–*(क्रि०)* घिसाना ।

घसियारो–*(न०)* घासवाला । घसियारा ।

घसीट–*(ना०)* १. घसीटने की क्रिया या भाव । २. जल्दी की लिखावट । शीघ्र लिखावट ।

घसीटणो–*(क्रि०)* १. रगड़ते हुए खींचना । १. जल्दी जल्दी में लिखना । जैसा तैसा लिखना ।

घंट–*(न०)* १. बड़ी घंटी । घंटो । २. कंठ । *(वि०)* उस्ताद ।चालाक ।

घंटारव–*(न०)* घंट बजने की ध्वनि ।

घंटाळ–*(वि०)* जिसके गले में घंट बँधा हुआ हो ।

घंटाळी–*(ना०)* घंटिका देवी ।

घंटियाल–*(न०)* फोग के छोटे छोटे दानों (फोगला) के पक जाने की संज्ञा । पका हुआ फागला । फोग मंजरी ।

घंटी–*(ना०)* छोटा घंटा ।

घंटो–*(न०)* १. साठ मिनिट का समय । दिन-रात का चौबीसवां भाग । २. धातु का एक बाजा जो केवल ध्वनि उत्पन्न करता है । घंट । बाजा । लिंगेन्द्रिय । (गाली के रूप में)

घंटो देखावणो–*(मुहा०)* अंगूठा दिखाना । इनकार करना ।

घंस–*(न०)* १. मार्ग । २. बड़ा मार्ग । ३. सेना का मार्ग । ४. युद्ध । ५. सेना । ६. संहार । ध्वंस । ७. समूह ।

घंसार–*(न०)* १. मार्ग । २. नाश । ३. सेना । फौज । ४. युद्ध । *(वि०)* १. युद्ध करने वाला । नाश करने वाला । २. पीछा करने वाला ।

घा–*(न०)* १. घाव । २. घास । चारा । ३. नाश ।

घाई–*(ना०)* ढोल नगाड़े आदि बड़े वाद्यों का (दूसरे वाद्यों के साथ) तालबद्ध वादन । दो वाद्यों के बजने का मिलान । तान । २. ढोल नगाड़े आदि का शब्द । ३. अजस्र वादन । बजाते जाना । ४. किसी वस्तु या बात के लिये लगायी जाने वाली रटन । अजस्रता । अविच्छिन्नता । जैसे—कँई घाई लगा दी है, चुप रह । ५. उतावल । दौड़धूप ।

घाउ–*(न०)* १. घाव । २. नाश । *(वि०)* घाव करने वाला । प्रहार करने वाला ।

घाघ–*(वि०)* १. बहुत चालाक । २. अनुभवी । *(न०)* एक अनुभवी व्यक्ति जिसके नाम की वर्षा व कृषि सम्बन्धी कहावतें प्रसिद्ध हैं ।

घाघड़दी–*(वि०)* गहरी । गाढ़ी ।

घाघरी–*(ना०)* छोटा लहँगा । घघरी ।

घाघरो–*(न०)* लहँगा । घाघरा ।

घाघस्याण–*(न०)* ब्राह्मणों का एक भेद ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

घाचधूंच-*(ना०)*१. अव्यवस्थित बनावट। २. मोच। खड्डा(बरतन में)। ३. बखेड़ा। *(वि०)* आड़ा-टेढ़ा।

घाट-*(न०)* १. जलाशय का बँधा हुआ किनारा। २. नदी, तालाब आदि का तट। तीर। ३. मार्ग। रास्ता। ४. पर्वत का तंग व दुर्गम मार्ग। घाटी। ५. आभूषण। गहना। ६. बनावट। शिल्प। दस्तकारी। कारीगरी। ७.स्थान। ८. दशा। अवस्था। ९. ढंग। तरीका। १०. व्यवस्था। ११. रूप। १२. प्रकार। भाँति। १३. शरीर। १४. षड्यन्त्र। *(ना०)* दली हुई मक्की या बाजरी का छाछ में पका कर बनाया हुआ एक खाद्य। एक रंधेज। २. मृत्यु। *(वि०)* कम। थोड़ा।

घाटघड़-*(ना०)* १. सोच विचार। चिंता। उधेड़ बुन। *(वि०)* विचार मग्न।

घाटघड़ो लुहार-*(न०)*वह लुहार जो चाँदी के जेवर बनाने का काम करता हो।

घाट-बराड़-*(ना०)*१. घाट पर स्नान करने का कर। २. पहाड़ी की घाटी में रक्षार्थ लगने वाला यात्रा कर।

घाटादारी-*(ना०)* घाटी में होकर जाने का कर।

घाटारोह-*(न०)* १. पर्वत की घाटी से पसार नहीं होने देने के लिये किया जाने वाला बंदोबस्त। घाटावरोध।

घाटावळ-*(न०)* १. विकट पहाड़ी मार्ग। २. पर्वत लाँघने का एक मात्र मार्ग।

घाटी-*(ना०)* १. दो पहाड़ों के बीच का भाग। २. दो पहाड़ों के बीच का तंग रास्ता। ३. पहाड़ी ढलाई। ४. संकट। आपत्ति।

घाटू-*(वि०)* कम। थोड़ा।

घाटो-*(न०)* १. हानि। नुकसान। २. कमी। न्यूनता। ३. पहाड़ की बड़ी घाटी। ४. दुर्गम पहाड़ी मार्ग।

घाटो पड़णो-*(मुहा०)* नुकसानों होना।

घाण-*(न०)* १. राशि में की उतनी वस्तु जो एक बार में कोल्हू में पेली जाय या भट्टी पर पकाई जाय। धान। संपूर्ण राशि का उतना एकम जो एक बार में तला, पीसा, पेला या पकाया जाय। २. नाश। ३. युद्ध। ४. हैरान। व्यग्र। ५. कोल्हू। ६. सुगंध। ७. समूह। *(वि०)* तरबतर। सरोबार।

घाण काढणो-*(मुहा०)* १. नाश करना। २. हैरान करना।

घाण-मथाण-*(न०)* किसी बात पर लंबा विवाद। २. संहार। नाश। ३. कलह।

घाण-मथाण करणो-*(मुहा०)* १. विवाद करना। २. बहुत सोच विचार करना।

घाणी-*(ना०)* कोल्हू।

घाणो-*(न०)* उतनी वस्तु या अंश जितनी एक बार में पेली या पकायी जाय। २. नाश। संहार। ३. समूह।

घात-*(ना०)* आपत्ति। विपत्ति। २. कष्ट। दुख। ३. अहित। हानि। ४. धोखा। छल। ५. हत्या। वध। नाश। ६. दुर्दिन। ७. ताक। अवसर की प्रतीक्षा। ८. चोट। घाव। प्रहार। ९. दाँव। पेंच। १०. पानी में डूबने या अकस्मात होने वाली मृत्यु। ११. निंदा। बुराई।

घात करणी-*(मुहा०)* धोखा देना।

घातक-*(वि०)*१. घात करने वाला। मारने वाला। घातक। २. शत्रु।

घातकियो-दे० घातक।

घा-तकियो-*(न०)*एक विशेष घास का बना तकिया। बूसी घास से भरा तकिया।

घातकी-दे० घातक।

घातणो-दे० घालणो।

घातियो-दे० घातक।

घाती-दे० घातक।

घावाजरियो-*(न०)* घाव पर लगाने की एक वनस्पति।

घायल-*(वि०)* जख्मी। आहत। घायल।

घायो-*(वि०)* आहत। जख्मी।

घारड़ो-*(न०)* तवे पर बनाया जाने वाला मालपुए की तरह का एक पकवान। चीलड़ो। उलटा।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

घालणो–*(क्रि०)* १. डालना । रखना । छोड़ना । २. अंदर रखना । ३. घुसाना । प्रवेश कराना । ४. मिलाना । ५. बिगाड़ना । ६. मारना । नाश करना ।

घालमेल–*(ना०)* १. हस्तक्षेप । दखल । दस्तंदाजी । २. उखाड़-पछाड़ । ३. किसी बात पर आवश्यकता से अधिक विचार विनिमय । ४. प्रपंच । बखेड़ा । ५. निकालने और डालने का काम । इधर-उधर करना । ६. फेरफार करना । हेरा-फेरी । ७. व्यर्थ का काम । ८ चुगली-चाँटी । इधर-उधर लगाने का काम ।

घालामेलो–*(न०)* १. भोज के अवसर पर कमीन-कारू आदि नेग वालों को काँसा (जीमन) परोसने का काम । २. निमंत्रित व्यक्तियों के नहीं आ सकने पर उनके लिए थाल परोसकर भेजने का काम । दे० घालमेल १, २, ४ और ५ ।

घाव–*(न०)* १. क्षत । जख्म । २. आघात । चोट । प्रहार ।

घाव करियो–*(वि०)* घाव करने वाला । मारने वाला ।

घावड़ियो–*(वि०)* १. घाव करने की ताक में रहने वाला । २. मारने वाला । घातक । ३. अवसर का लाभ उठाने वाला । ३ होशियार । चालाक । *(न०)* हानि पहुँचाने या मारने की ताक में रहने वाला या पीछा करने वाला व्यक्ति । २. जासूस ।

घावणो–*(क्रि०)* १. घाव करना । प्रहार करना । २. मारना । संहार करना ।

घाव भरीजणो–*(मुहा०)* घाव का दुरुस्त होना ।

घा वेकरियो–*(न०)* घाव के खून को बंद करने वाला एक घास ।

घास–*(न०)* तृण । चारा । खड़ ।

घास चराई–*(ना०)* पशुओं को घास चराने का कर ।

घासतेल–*(न०)* मिट्टी का तेल । घासलेट ।

घासफूस–*(न०)* कूड़ा करकट ।

घास वराड़–दे० घास चराई ।

घासमारी–*(ना०)* मवेशी रखने वालों से लिया जाने वाला कर ।

घासलेट–*(न०)* मिट्टी का तेल । घासतेल ।

घासियो–*(न०)* १. मोटा गद्दा । २. ऊंट के पलान पर बिछाया जाने वाला गद्दा ।

घासियो कसणो–*(मुहा०)* १. रवाना होना । २. ऊँट पर घासिया रखना ।

घासो–*(न०)* १. औषध को पानी में घिस कर देने का प्रकार । इस प्रकार घिसकर दी जाने वाली औषधि । ३. पानी में घिसी हुई औषधि का द्रावण । ४. दूसरे के बदले में उठायी जाने वाली हानि ।

घासो खाणो–*(मुहा०)* दूसरे के बदले में हानि उठाना ।

घाह–*(ना०)* लहँगे, घाघरे, पायजामे इत्यादि में नाड़ा डालने की जगह । नेफा ।

घाँचण–*(ना०)* १. घाँची की स्त्री । २. घाँची जाति की स्त्री ।

घाँची–*(न०)* १. कोल्हू चलाने वाली जाति का व्यक्ति । २. तिलहन पेलने वाली जाति ।

घाँटकी–दे० घाँटी ।

घाँटकी दाबणी–दे० घाँटो दाबणो ।

घाँटी–*(ना०)* १. कंठ । २. गरदन । ३. गले की वह हड्डी जो आगे की ओर निकली रहती है । टेंटुआ ।

घाँटो–*(न०)* १. कंठ । २. गरदन । ३. गला ।

घाँटो-टूंप–*(न०)* १. गले में टूंपा आये जैसी दशा । २. गला-घोंट ।

घाँटो दाबणो–*(मुहा०)* १. गला दबोचना । २. मजबूर करना ।

घाँतरड़ो–*(न०)* गला । कंठ ।

घाँदो–*(न०)* १. बाधा । अड़चन । २. विघ्न ।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

घांसाड़–दे० घांसाहर ।

घांसाड़ो–*(वि०)* वीर । बहादुर । *(न०)* १. सेनापति । २. योद्धा ।

घांसाहर–*(ना०)* १. सेना । फौज । २. समूह । ३. वीर । ४. सिंह । ५. युद्ध ।

घांसाहरो–*(न०)* १. सेनापति । २. योद्धा ।

घिनड़ो–*(न०)* १. घास, लकड़ी बेचने वाली जाति का व्यक्ति । २. गंदा रहने वाला व्यक्ति ।

घिरणो–*(क्रि०)* १. लौटना । फिरना । २. गई हुई या खोई हुई वस्तु का प्राप्त होना । ३. घिर जाना । आवृत्त होना । ३. एकत्रित होना ।

घिरत–*(न०)* घृत । घी ।

घिरोळो–*(न०)* डर के कारण मन में उठने वाला वेग । २. चक्कर । ३. बेहोशी ।

घिलोड़ी–दे० घीलोड़ी ।

घिसणो–*(क्रि०)* १- घिसना । रगड़ना ।

घिसाणो–दे० घिसावणो ।

घिसारो-दे० घसारो ।

घिसावणो–*(क्रि०)* घिसाना । घिसवाना ।

घिस्सो–*(न०)* झांसा । जुल । धोखा ।

घी–*(न०)* घृत । घी । तूप ।

घी-खीचड़ी–*(ना०)* १. समान संबंध । २. प्रेम संबंध । ३ लाभ ।

घी-खीचड़ी रो मेळ–*(मुहा०)* १. लाभ । २. प्रेम सम्बन्ध । ३. समान सम्बन्ध । ४. मृतक के पीछे किये जाने वाले अनेक टंकों के ग्याति-भोज (मौसर) का घी और खिचड़ी का पहला भोज ।

घी घालणो–*(मुहा०)* १. हानि पहुँचाना । २. विघ्न डालना ।

घी चोपड़णो–*(मुहा०)* १- फुसलाना । २. धोखा देना ।

घी देणो–*(मुहा०)* अग्नि संस्कार के समय कपाल तोड़कर के उसमें घी डालना । कपाल क्रिया की विधि करना ।

घीनड़–*(न०)* शेखावाटी में होली-त्योहार के दिनों में पुरुषों द्वारा खेला जाने वाला एक डंडिया नृत्य । गींदड़ रास ।

घीनरो–*(न०)* फटा-पुराना और मेला कपड़ा ।

घी पीणो–*(मुहा०)* किसी काम को सुगम समझना ।

घी रा दीवा वळणा–*(मुहा०)* १. अत्यन्त वैभवशाली बनना । २. वैभव का उपभोग करना ।

घी री नाळ देणी–*(मुहा०)* मोटे बांस की नली को घी से भर कर गाय, भैंस, ऊंट आदि के मुँह में डालकर पिलाना ।

घी री माखी–*(वि०)* १. घृणित । २. उपेक्षित ।

घीलोड़ो–*(ना०)* घृतपात्र । घी की लुटिया ।

घीसणो–दे० घींसणो ।

घींचणो–*(क्रि०)* १. खींचना । २. घसीटना ।

घींचीजणो–*(क्रि०)* १. खींचा जाना । २. घसीटा जाना ।

घींसणो–*(क्रि०)* घसीटना ।

घींसार–*(न०)* १. मार्ग । २. विकट जगह में बनाया हुआ मार्ग ।

घींसाळी–*(ना०)* १. हल को आड़ा रख कर के (घर से खेत और खेत से घर तक बैलों द्वारा) ले जाने का लकड़ी का बनाया हुआ साधन । २. क्यारों में पानी पहुँचाने वाली नाली में पानी नहीं सोखने देने के लिये नाली में चिकनी मिट्टी लेप करने की क्रिया ।

घुचरियो–*(न०)* पिल्ला । कूकरियो । गूलरियो ।

घुटणो–*(क्रि०)* भंग, ठंडाई आदि का पिसना । २. दम घुटना । ३. मन ही मन दुखी होना । कुढ़ना । *(न०)* घुटना । गोडो ।

घुटाई–*(ना०)* घोटने का काम अथवा उसकी मजदूरी ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

घुटाणो-*(क्रि०)* घुटवाना ।

घुटीजणो-*(क्रि०)* १. घोटा जाना । २. क्रोधित होना । ३. दम घुटना । ४. क्रोध से अंदर ही अंदर घुटना ।

घुड़काणो-*(क्रि०)* धमकाना । डाँटना ।

घुड़की-*(ना०)* धमकी । डांट ।

घुड़चढ़ी-*(ना०)* विवाह की एक प्रथा ।

घुड़चराई-दे० घोड़ा-चारण ।

घुड़नाळ-दे० असनाळ ।

घुड़लो-*(न०)* १. चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से सप्तमी तक मनाया जाने वाला कन्याओं का एक प्रसिद्ध त्यौहार । २. अनेक छिद्रों वाला एक छोटा मिट्टी का घड़ा जिसमें दीपक जला रहता है। कन्याएं इसे सिर पर उठा कर दुष्टों द्वारा सतीत्व रक्षा करने और सतीत्व महिमा के गीत गाती हैं । ३. इस संबंध का एक लोकगीत ।

घुड़साळ-*(ना०)* घुड़शाला । पायगा । तबेलो ।

घुण-*(न०)* मूंग, मोठ आदि द्विदल अन्न व लकड़ी में उत्पन्न होने वाला और उसी को खाने वाला कीड़ा । घुन ।

घुण पड़णा-*(मुहा०)* नाज में घुन पैदा होना ।

घुण लागणो-*(मुहा०)* १. नाज में घुन पैदा होना । २. नहीं मिटने वाली बीमारी का लगना । ३. लंबी बीमारी के कारण दुर्बल होते जाना ।

घुमट-*(न०)* गुंबज । हरम्य शिखर ।

घुमटी-*(ना०)* छोटा गुंबज । हरम्य शिखर ।

घुमड़णो-*(क्रि०)* बादलों का उमड़ना । घटा का उठना ।

घुमाणो-दे० घुमावणो ।

घुमाव-*(न०)* १. मोड़ । २. चक्कर । फेरा

घुमावणो-*(क्रि०)* १. घुमाना । फिराना । २. चक्कर देना । ३. मोड़ना । मोड़णो ।

घुरकणो-*(क्रि०)* १. भूंकना । २. टकटकी लगा कर देखना ।

घुरकाणो-*(क्रि०)* धमकाना । डाँटना । घुड़काणो ।

घुरकावणो-दे० घुरकाणो ।

घुरको-*(न०)* १. डाँट । धमकी । २. गुर्राहट ।

घुरड़का-रो-दान-*(न०)* १. मृत्यु के समय दिया जाने वाला दान । २. निकृष्ट दान ।

घुरड़को-*(न०)* १. मृत्यु के समय कफ उठ जाने से कंठ में होने वाली घरघराहट । २. अंतिम साँस के समय दिया जाने वाला दान ।

घुरड़णो-*(क्रि०)* १. रगड़ना । २. खरोंचना ।

घुरणो-*(क्रि०)* १. नगाड़े, ढोल आदि का वजना । २. बादलों का गरजना । ३. कुत्ते आदि पशुओं का गुर्राहट करना । गुर्राना । ४. एक टक देखना ।

घुरस-*(ना०)* घोड़े का गरदन झुका कर पैर पटकने की क्रिया ।

घुरस खाणो-*(मुहा०)* घोड़े का पैर पटक कर गरदन झुकाना ।

घुरसाळी-*(ना०)* कुतिया, लोमड़ी आदि के रहने का खड्डा । घुरिया ।

घुरसाळो-*(न०)* घोंसला ।

घुरावणो-*(क्रि०)* १. ढोल, बाजा आदि बजाना । २. बजवाना । ३. गरजना । ४. निद्रावस्था में जोर से खुर्राटों की आवाज करना ।

घुरी-*(ना०)* कुत्ते, सियार आदि द्वारा अपने रहने बैठने के लिये बनाया हुआ खड्डा ।

घुळगाँठ-*(ना०)* वह गाँठ जो आसानी से नहीं खुल सके ।

घुळणो-*(क्रि०)* १. घुलना । २. पिघलना । ३. रोग, चिंता आदि से क्षीण होना । ४. धागे आदि में लगी गाँठ का दृढ़ होना । ५. (समय का) बीतना । व्यतीत होना ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

घुळवीं गाँठ–दे० घुळगाँठ ।
घुसणो–*(क्रि०)* घुसना । प्रवेश करना ।
घुसाणो–*(क्रि०)* घुसाना । अंदर घुसेड़ना ।
घुसाळ–*(ना०)* १. घोंसला । २ घुड़शाला ।
घुसाळी–*(ना०)* कुत्ती और उसके छोटे बच्चों के रहने का खड्डा ।
घुसेड़णो–दे० घुसाणो ।
घुंआळो–*(न०)* घोंसला ।
घुंडी–*(ना०)* १. बटन । २. गाँठ ।
घूक–*(न०)* उल्लू ।
घूकारि–*(न०)* कौआ ।
घूघ–*(ना०)* लोहे का टोप । शिरस्त्राण ।
घूघर–*(न०)* १. घुंघरू । २. एक शस्त्र ।
घूघरमाळ–*(ना०)* बैलों आदि के गले में बाँधी जाने वाली घुंघुरुओं की माला ।
घूघरी–दे० गूघरी ।
घूघरो–*(न०)* घुंघुरू ।
घूघी–*(ना०)* ऊन को जमा कर बनाया हुआ एक वस्त्र ।
घूघू–*(न०)* उल्लू ।
घूब–*(ना०)* बरतन आदि के गिरने या टक्कर लगने से उसमें पड़ा हुआ खड्डा । मोच ।
घूम–दे० घूब ।
घूम घुमाळो–*(वि०)* बड़े घेर वाला । घेर दार (घाघरा) ।
घूमणो–*(क्रि०)* १. घूमना । लहराना । झूमना । २. चक्कर काटना । फिरना । ३. गोलाकार में घूमना । ४. किसी लोक देवता का आवेश आना । आवेश आने पर घूमना ।
घूमर–*(ना०)* १. समूह । २. झुंड । ३. स्त्रियों का एक गोलाकार नृत्य । ४. घूमर का एक लोक गीत । ५. छत में लटकाया जाने वाला काँच की अनेक हंडियों का एक फानूस । झूमर ।
घूमर घालणो–*(मुहा०)* १. गोलाकार फिरना । २. बार बार आना । ३. घूमर नृत्य करना ।
घूमरो–*(न०)* १. समूह । झुंड । झूमरो । २. घेरा ।
घूरणो–*(क्रि०)* १. अपलक देखना । बिना आँख झपकाये देखते रहना । २. आँखें फाड़ फाड़कर देखना ।
घूस–*(ना०)* १. रिश्वत । २. एक बड़ा चूहा । कोळ । घूस ।
घूस खावणियो–दे० घूसखोर ।
घूसखोर–*(वि०)* रिश्वत खाने वाला । रिश्वत लेने वाला ।
घूसो–*(न०)* १. घास । २. तंतु । छूछा । ३.मुक्का । ४. गुप्तेन्द्रिय के बाल । झाँट ।
घूहो–*(न०)* गुप्तस्थान के बाल । झाँट । उपस्थ-कच ।
घूंघटो–*(न०)* घूंघट ।
घूंच–*(ना०)* १. टेढ़ापन । मोड़ । २. मोच । ३. दुविधा । अड़चन । ४. उलझन ।
घूंच पड़णो–*(मुहा०)* १. मोच पड़ना । २. डोरी या धागे का उलझना । गाँठ पड़ना । ३. मेल-मिलाप में गाँठ पड़ना ।
घूंट–*(ना०)* १. द्रव पदार्थ का उतना अंश जितना एक बार में गले के नीचे उतारा जा सके । २. चुसकी ।
घूंटी–*(ना०)* १. मृगी की बीमारी । २. जन्म होने के बाद बच्चे को पिलाई जाने वाली औषधि । घुट्टी । जन्मघुट्टी ।
घूंसो–*(न०)* १. मुक्का । २. मुष्टिका प्रहार ।
घृणा–*(ना०)* नफरत । घिन । ग्लानि ।
घृत–*(न०)* घी । घिरत ।
घेघूंचणो–*(क्रि०)* १. एक हो जाना । २. आलिंगन करना । ३. छा जाना ।
घेघूमणो–*(क्रि०)* १. मँडराना । घेरा डालना । २. छा जाना । ३. भिड़ना । लड़ना । ४. घटा छाना ।
घेच–*(ना०)* १. सेना । २. घसीटना ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

घेंचणो–*(क्रि०)* घसीटना । खींचना । लेजाना ।

घेटियो–*(न०)* भेड़ का बच्चा । मेमना ।

घेटो–*(न०)* नर भेड़ । मेढ़ा ।

घेट्यो–दे० घेटो ।

घेड़–दे० घड़ली ।

घेर–*(न०)* १. घाघरा, जामा आदि का गोल विस्तार । घेराव । २. घेरा । परिधि । ३. समूह । टोली ।

घेरणो–*(क्रि०)* १. घेरना । मोड़ना । २. चारों ओर फैल जाना । ३. घेरा डालना ।

घेरदार–*(वि०)* घेरवाला ।

घेरो–*(न०)* १. परिधि । २. सेना का किसी दुर्ग आदि के चारों ओर किया हुआ घेराव । ३. घेरा हुआ स्थान । ४. गोल चक्र । घेरा ।

घेरो खाणो–*(मुहा०)* चक्कर खाना ।

घेरो देणो–*(मुहा०)* १. घेरा डालना । २. चक्कर खाना । ३. चक्कर देना ।

घेवर–*(न०)* एक मिठाई । घेवर ।

घेघूं बणो–दे० बेघूमणो ।

घेंसाहर–दे० घांसाहर ।

घोई–*(ना०)* १. चक्कर । मोड़ । टेढ़ापन । (मार्ग का) २. बार । दफा । समय । मरतबा । ३. देर । बेर । विलम्ब ।

घोई खाणो–*(मुहा०)* चक्कर खाना । आंटे मारना ।

घोख–*(न०)* १. गर्जन । गरज । घोष । २.नाद । शब्द । ३. नारा । ४. गायों का बाड़ा । गौशाला ।

घोखणो–*(क्रि०)* १. रटना । २. बराबर पढ़ना । ३. मनन करना । चिंतन करना ।

घोघ–*(न०)* १. झाग । फेन । २. नदी के पानी का बढ़ता हुआ वेग ।

घोघड़ मिन्नी–*(न०)* १. बड़े सिर वाला जंगली बिल्ला । वनबिलाव । २. बच्चों को डराने का हाऊ । हौवा ।

घोचो–*(न०)* १. लकड़ी का छोटा टुकड़ा । २. तृण । तिनका ।

घोचो लागणो–*(मुहा०)* घोचा चुभना ।

घोट–दे० घोटो ।

घोट उपड़णो–*(मुहा०)* लट्ठियों से लड़ाई होना ।

घोटणो–*(क्रि०)* १. घिसना । २. पीसना । ३. रगड़ना ।

घोटमघोट–*(वि०)* १. दृढ़ । २. मोटा । (मनुष्य) ।

घोटाई–*(ना०)* १. घोटने का काम । २. घोटने की मजदूरी ।

घोटो–*(न०)* डंडा । सोंटा । घोटा ।

घोड़चढ़ी–दे० घुड़चढ़ी ।

घोड़ची–*(न०)* घुड़सवार ।

घोड़ पलाण–*(न०)* घोड़े की जीन ।

घोड़लो–*(न०)* १. घोड़ा । २. द्वार (चौखट) में ऊपर की ओर दोनों बाजू बनाई जाने वाली लकड़ी या पत्थर की अश्वमुखाकृति । ३. मकान की शाल के द्वार पर दोनों ओर आमने-सामने बनाया जाने वाला एक प्रकार का गवाक्ष । गोखड़ो ।

घोड़ागांठ–*(ना०)* १. रस्सी में लगाई जाने वाली सरकने वाली गांठ । सरकीफासो । खूंटा गांठ ।

घोड़ागाड़ी–*(ना०)* १. घोड़े से चलाई जाने वाली गाड़ी । इक्का । तांगा । २. बग्गी ।

घोड़ा चारण–*(न०)* घोड़ों का जंगल में चराने का कर ।

घोड़ा नस–*(ना०)* १. बड़ी नस । रक्त वाहिनी । २. एड़ी के पीछे की नस ।

घोड़ा ले–*(अव्य०)* आश्चर्य सूचक एक अव्यय पद ।

घोड़ावेग–*(क्रि०वि०)* १. अति शीघ्रता से । तुरंत । एकदम । एकाएक । २. तेज गति से ।

घोड़ियो–*(न०)* पालना । झूलना । गहवारा ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

घोड़ी–*(ना०)* १. घोड़े की मादा। अश्वा। अश्विनी। २. पालना। कपड़े की झोली का झुलना। गहवारा। ३. सेवइयां बनाने की मशीन को खड़ा करने का ढांचा। ४. ऊंट की काठी को दो बैठकों में विभाजित करने वाला बीच का उठा हुआ भाग। ५. लंगड़े के सहारे की लाठी। ६. विवाह का एक लोक गीत। ७. बच्चों का एक खेल। ८. एक ऊंची तिपाई। ९. ताने को मांड देने के लिये उसे फैलाने का जुलाहों का एक उपकरण।

घोड़ो–*(न०)* १. घोड़ा। अश्व। २. सीमा चिन्ह। हदबंधी का निशान। ३. बंदूक दागने का खटका। ४. शतरंज का एक मोहरा।

घोणी–*(न०)* सूअर।

घोदो–*(न०)* १. लकड़ी व हाथ की हलकी चोट। २. तीक्ष्ण वस्तु के चुभने की क्रिया। ३. रोक। अड़चन।

घोनी–*(ना०)* बकरी।

घोनो–*(न०)* १. बकरा। २. बकरी। *(वि०)* बहरा।

घोबो–*(न०)* १. नेत्र की नस में होने वाला शूल। २. रह रह कर होने वाला शिर शूल। सिर दर्द। ३. रह रह कर होने वाला दर्द। ४. अंगुली आदि से आंख में लगने वाली चोट। ५. खेत में काटी हुई फसल के खड़े डंठल। खांपा।

घोबो चालणो–दे० घोबो हालणो।

घोबो लागणो–*(मुहा०)* लकड़ी चुभना। तिनका चुभना।

घोबो हालणो–*(मुहा०)* १. कनपटी या सिर में असह्य दर्द होना। २. आंख में दर्द होना। ३. आंख की नस में दर्द होना।

घोर–*(वि०)* १. भयंकर। भयानक। २. बिकराल। ३. सघन। घना। ४. अत्यधिक। ५. विकट। दुर्गम। ६. गंभीर। *(ना०)* १. मुर्दे को दफनाने का स्थान या खड्डा। कब्र। २. नींद में होने वाला श्वास शब्द। ३. गूंज। गुंजार। ४. ढोल या नगाड़े की गंभीर ध्वनि।

घोरणो–*(क्रि०)* १. ढोल बजाना। २. ठोकना। पीटना। २. नींद में सांस लेने की आवाज होना। खर्राटे खींचना।

घोरंधार–*(न०)* १. प्रसिद्ध लोक-देवता पाबूजी के प्रतिघाती कोळू के स्वामी पमे की लोक निंदित उपाधि। २. घोर अंधेरा।

घोरावणो–*(क्रि०)* १. नींद की अवस्था में जोर से खर्राटे खींचना। २. जोर से ढोल या नगाड़ा बजाना।

घोरारव–*(न०)* १. भयसूचक आवाज। २. खूब जोर की आवाज। घोर ध्वनि।

घोळ–*(न०)* १. न्योछावर। उत्सर्ग। उतारा। वारीफेरी। १. न्योछावर की गई वस्तु। ३. वह पानी जिसमें कोई वस्तु हल की गई हो। पानी में मिला हुआ कोई घुलनशील पदार्थ।

घोळ करणो–*(मुहा०)* न्योछावर करना। उतारा करना। वारीफेरी करना। उवारणो।

घोळणो–*(क्रि०)* किसी घुलनशील पदार्थ को पानी में मिलाना। घोलना। मिश्रण करना। २. न्योछावर करना। वारना। वारणो। उवारणो।

घोळियो–*(न०)* मट्ठा। गाढ़ी छाछ। दे० घोळघो।

घोळीजणो–*(मुहा०)* १. पिघलना। २. न्योछावर होना। दुखी होना। मन में घुटना। मनस्ताप होना। घुटीजणो।

घोळी जाणो–*(मुहा०)* १. न्योछावर होना। बलि होना। बलि जाना। २. बलैया लेना।

घोळघो–*(न०)* एक तकिया कलाम। एक सखुन तकिया। बातचीत के बीच में

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रायः कई मनुष्यों द्वारा स्वभावतः बोला जाने वाला एक सम्पुट। *(अव्य०)* १. अस्तु। अच्छु। अच्छा। भला। खैर। २. न्योछावर होता हूँ। वारी जाऊं। उत्सर्ग करता हूं। ३. उत्सर्ग होता हूं। बलि जाता हूं। ४. उत्सर्ग हुआ। निछावर हो गया।

घोसण-*(ना०)* १. घोसी की स्त्री। २. घोसी जाति की स्त्री।

घोसी-*(न०)* १. गायें रखने वाला। घोषित्। २. गूजर। ३. गायें रख कर उनके दूध को बेचने का धंधा करने वाली एक मुसलमान जाति। ४. इस जाति का व्यक्ति।

घोंघाट-*(न०)* कान में होने वाला घों-घों का शब्द।

घ्रणा-*(ना०)* घृणा। ग्लानि। नफरत।

घ्रत-*(न०)* घृत। घी।

घ्रोणी-*(न०)* शूकर। सूअर।

ङ

ङ-संस्कृत परिवार की राजस्थानी वर्ण-माला के क-वर्ग का पांचवां व्यंजन वर्ण। इसका उच्चारण-स्थान कंठ और नासिका है। महाजनी में इसका उच्चारण 'ड़' होता है। पोसाळ (पाठशाला) की बालभाषा में इसे 'रड़ियो ऊमणो-दूमणो' कहते हैं। 'ङ' या 'ड़' का शब्द के आदि में प्रयोग नहीं होता।

च

च-संस्कृत परिवार की राजस्थानी वर्ण माला के चवर्ग का तालुस्थानीय पहला व्यंजन।

च-*(अव्य०)* १. और। अन्य। २. एक पद पूर्णार्थक वर्ण। *(न०)* १. मुख। २. चन्द्रमा। ३. अग्नि।

चइ-*(अव्य०)* 'चे' विभक्ति का एक रूप। के।

चइलो-दे० चीलो।

चउ-*(ना०)*हल का एक उपकरण। *(अव्य०)* संबंध सूचक (षष्टी) विभक्ति का एक चिन्ह। राजस्थानी की 'चो' और हिन्दी की 'का' विभक्ति का अपभ्रंश रूप।

चउक-दे० चौक।

चउगणउ-दे० चौगुणो।

चउथ-दे० चौथ।

चउद-*(वि०)* चौदह। '१४'

चउपई-दे० चौपाई।

चउहट्ट-दे० चोहटो।

चऊ-*(ना०)* हल का एक उपकरण।

चक-*(न०)* १. एक अस्त्र। चक्र। २. पहिया। ३. चकवा पक्षी। ४. जमीन का बड़ा टुकड़ा। ५. दिशा। *(वि०)*चकित। अचंभित। *(ना०)* ओर। तरफ।

चकचक-*(ना०)* १. निंदा। चर्चा। २. लोकापवाद। ३. बकबक। ४. पक्षियों की चहचहाट।

चकचाळो-*(न०)* १. युद्ध। २. उत्पात। उपद्रव।

चकचूर-*(न०)* १. नाश। चकनाचूर।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ध्वंस। २. थकान। *(वि०)* १. अधिक। नशा लिया हुआ। २. थका हुआ। ३. *(क्रि०वि०)* चूराचूरा।

चकचूंध-*(ना०)* प्रकाश या चमक के कारण आँखों की दृष्टि का स्थिर न रहना। तिलमिली। चकाचौंध।

चकचूंधियो-दे० चकचूंध।

चकड़ीखम-*(वि०)* चकित। विस्मित।

चकडोळ-*(न०)* १.जनानी पालकी। डोली। २. नीचे ऊपर चक्कर खाने वाला झूला। ३. नशा। दे० वेंकुंठी।

चकडोळ चढणो-*(मुहा०)* १. नशा छा जाना। बदनाम होना।

चकतो-*(न०)* १. मुसलमान। २. मुसलमानों का एक भेद। ३. चमड़ी के ऊपर उठी हुई चपटी सूजन।

चकनाचूर-*(क्रि०वि०)* १. चूरा-चूरा। टुकड़े टुकड़े। २. बहुत थका हुआ। ३. जो बिल्कुल टुकड़े-टुकड़े हो गया हो।

चकबंदी-*(ना०)* १. कई खेतों को मिलाकर एक चक बनाना। २. खेती की भूमि को चकों में बांटना। ३. भूमि को भागों में बाँटकर सीमाबंदी करना।

चकमक-*(न०)* १. झगड़ा। तकरार। २. चिनगारी। ३. चकमक पत्थर।

चकमो-*(न०)* १. धोखा। २. भुलावा। चकमा। ३. ऊन को जमाकर बनाया हुआ एक वस्त्र।

चकर-*(न०)* १. चक्र। २. चक्कर।

चकरड़ी-दे० चकरी।

चकराणो-*(क्रि०)* १. चकराना। चकित होना। २. चक्कर खाना। ३. भ्रमित होना।

चकरायत-*(न०)* १. योद्धा। शूरवीर। २. घबराहट। *(वि०)* घबराया हुआ।

चकरावणो-दे० चकराणो।

चकरी-*(ना०)* गिररी। फिरकनी। फिरनी।

चकरीखम-*(वि०)* चकित। विस्मित। चकड़ीखम।

चकरीजणो-*(क्रि०)* १. चकित होना। २. भ्रम में पड़ना। चकराना। ३. घबरा जाना।

चकळ-*(वि०)* भ्रमित। चकित।

चकलो-*(न०)* १. चकलोटा। चकला। २. दुश्चरित्र स्त्रियों का अड्डा।

चकलोटो-दे० चकलो।

चकवई-दे० चकवै।

चकवान-*(न०)* गदहा। खर।

चकवी-*(ना०)* चक्रवाकी। चकई।

चकवै-*(न०)* चक्रवर्ती राजा। सार्वभौम राजा। सम्राट। *(वि०)* चक्रवर्ती। सार्वभौम।

चकवो-*(न०)* चकवा। चक्रवाक।

चकाचक-*(वि०)* १. तृप्त। २. घृतपूर्ण। तरबतर। ३. मजेदार।

चकाचूंध-दे० चकचूंध।

चकाबो-*(न०)* १. लड़ाई। युद्ध। २. हमला। आक्रमण। ३. चमत्कार।

चकार-*(न०)* १. चवर्ग का प्रथम वर्ण 'च'। २. भीड़। जन समूह। ३. स्वीकार। ४. चारण को दान में दी हुई जागीरी। *(वि०)* चतुर।

चकारो-*(न०)* १. भाला आदि शस्त्रों की कपड़े की खोल। २. दल। समूह। ३. गोलाई। चक्र। गोलचक्र। ४. दंतक्षत का गोल निशान। ५. एक प्रकार का तंतुवाद्य। चिकारो। ६. चक्कर। फेरा।

चकास-*(ना०)* १. जाँच। तपास। २. प्रकाश।

चकासणो-*(क्रि०)* परीक्षा करना। जाँच करना। तपासणो।

चकासो-*(न०)* १. प्रकाश। २. कौतुक। ३. चमत्कार। ४. करामात। ५. झगड़ा। लड़ाई। बोल-चाल। वाद-विवाद।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चकित-*(वि०)* दंग। चकित। विस्मित।

चकू-दे० चक्कू।

चकोतरो-*(न०)* एक प्रकार का नींबू। चकोतरा।

चकोर-*(न०)*१. एक पक्षी। *(वि०)*१. सावधान। होशियार। सतर्क। २. चालाक।

चक्क- *(न०)* १. चक्र। २. पहिया। चक्का। ३. दिशा। ४. चकवा। ५. ओर। तरफ। *(वि०)* चकित।

चक्कर-*(न०)* १. गोलाकार वस्तु। २. घेरा। ३. पहिया। चक्का। ४. फेरा। ५. हैरानी। ६. सिर घूमना। गश। चक्कर।

चक्कर आणो-*(मुहा०)* माथा फिरना।

चक्कर खाणो-*(मुहा०)*फेरा खाना। आंटा मारना।

चक्कवै-दे० चकवै।

चक्की-*(ना०)* १. आटा पीसने का एक यंत्र। घरटी। घट्टी। २. मिठाई का थक्का। चाशनी में तैयार की हुई एक मिठाई जिसकी थाली में ढालकर थक्के काट दिये जाते हैं।

चक्की फेरणो-*(मुहा०)* चक्की चलाना। घट्टी फेरना।

चक्कू-*(न०)* चाकू। छुरी।

चक्को-*(न०)* १. पहिया। चक्का। २. धक्का। ३. पिंड।

चक्ख-*(ना०)* चक्षु। आंख। नेत्र।

चक्खेव-*(अव्य०)* आंखों से।

चक्र-*(न०)* १. एक शस्त्र। चक्र। २. सुदर्शन चक्र। ३. चक्रांक। ४. गोल आकृति। गोलाकार। ५. पहिया। चक्का। ६. कुम्हार की चाक। ७. पानी का भँवर। ८. सेना। ९. अंगुली के ऊपर के पोर पर बनी हुई चक्राकार रेखा। १०. वातचक्र। ११. चक्कर। १२.फेरा। दौर।

चक्रधर-*(न०)* विष्णु भगवान।

चक्रपाणि-*(न०)* १. विष्णु भगवान। २. श्रीकृष्ण।

चक्रवर्ती-*(वि०)* एक समुद्र से दूसरे समुद्र तक राज्य करने वाला। सार्वभौम।

चक्रवाक-*(न०)* चकवा।

चक्र सुदर्शन-दे० सुदर्शन चक्र।

चक्राकार-*(न०)* गोलाकार।

चक्रायुध-*(न०)* सुदर्शन चक्र।

चक्रांकित-*(न०)* एक वैष्णव सम्प्रदाय। *(वि०)* जिसके बाहु मूल पर सुदर्शन चक्र का चिन्ह अंकित हो।

चक्रित-*(वि०)* चकित। विस्मित।

चक्रेश्वरी-*(ना०)* एक देवी।

चख-*(ना०)* १. नेत्र। चक्षु। आंख। २. युद्ध। ३. अग्नि।

चख-अलाव-*(न०)* क्रोध पूर्ण नेत्र। क्रोध से जलते हुए नेत्र। क्रोध-पूर्ण लाल नेत्र।

चखएक-*(न०)* दैत्यगुरु शुक्राचार्य। *(वि०)* एकाक्ष। काना। काणो।

चखचूंधियो-*(न०)* चकाचौंध।

चखचूंधी-*(ना०)* चकाचौंध।

चखचूंधो-*(वि०)* छोटी आंख वाला।

चखचोळ-*(न०)* क्रोधाविष्ट रक्त नेत्र। क्रोधपूर्ण लाल नेत्र। रक्त वर्ण नेत्र। *(वि०)* १. लाल आंखों वाला। २. क्रुद्ध।

चखण-दे० चखणी।

चखणी-*(ना०)* १. चखने की क्रिया। २. चखने की वस्तु।

चखणो-दे० चाखणो।

चखस्रुव-*(न०)* सर्प। साँप।

चखाड़णो-*(क्रि०)* चखाना।

चखाणो-दे० चखाड़णो।

चखावणो-दे० चखाड़णो।

चग-*(न०)* खींप नाम का एक जंगली क्षुप। खींपड़ो।

चगडोळ-दे० चकडोळ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चगणो–*(क्रि०)* १. चग से झोंपड़े को छाना। २. घाव से खून बहना।

चगतो–*(न०)* मुसलमान।

चगदायळ–*(वि०)* १. कुचला हुआ। २. घायल।

चगदो–*(न०)* १. घाव। क्षत। २. कुचल कर बनाया हुआ चूरा।

चगाणो–दे० चिगाणो।

चगावणो–दे० चिगाणो।

चच्चो–*(न०)* 'च' वर्ण। चकार।

चज–*(न०)* १. छल। कपट। २. बुरा चरित्र। ३. कपटपूर्ण आचरण। चरित्तर। ४. नखरे बाजी। ५. चमत्कार की बात।

चट–*(न०)* लकड़ी के टूटने का शब्द। *(क्रि० वि०)* शीघ्र। तुरंत। झट।

चटक–*(ना०)* १. शोभा। २. फुरती। शीघ्रता। ३. चमक दमक। ४. चमक। कान्ति। ५. नखरा। ६. गर्व। घमंड। ७. नारियल की गिरी का छोटा टुकड़ा। चिटक।

चटकणी–*(ना०)* सिटकनी।

चटकणो–*(क्रि०)* १. चट चट शब्द होना। २. उछलना। ३. टूटना। ४. चुभना।

चटक-मटक–*(ना०)* १. नखरा। बनाव। चटकीलापन। २. रसिकता।

चटकाणो–दे० चटकावणो।

चटकावणो–*(क्रि०)* डंक मारना।

चटकीलो–*(वि०)* १. सुन्दर। मनोहर। २. नखरे वाला। रंगीला।

चटको–*(न०)* १. बिच्छू, मच्छर आदि का दंश। २. काटने या डंक मारने की क्रिया। दंशन। ३. चुभन। खटक। ४. मनोभाव।

चटको-भरणो–*(मुहा०)* १. किसी कीड़े या जानवर का डंक मारना या दाँत से काटना। २. चुभती बात कहना।

चटको-मटको–*(न०)* नखरा।

चटको मारणो–दे० चटको भरणो।

चटको लागणो–*(मुहा०)* १. डंक लगना या चुभना। २. बात चुभना।

चटणी–*(ना०)* १. पुदीना, अदरक, धनिया आदि को पीस कर बनाया हुआ व्यंजन। चटनी। २. चाटने की चीज। अवलेह।

चटपटी–*(वि०)* १. स्वादिष्ट। जायकादार। २. मसालेदार। *(ना०)* १. घबराहट। संताप। २. उतावल। शीघ्रता।

चटाई–*(ना०)* १. चाटने की क्रिया या भाव। २. तृण, सींक, ताड़ के पत्तों आदि का बना बिछावन। छावड़ी। सालड़ी।

चटाणो–दे० चटावणो।

चटावणो–*(क्रि०)* चटाना।

चटाँ-लटाँ–*(ना०)* लत्थोबत्थ। गुत्थमगुत्था। भिड़ंत।

चटियो–*(न०)* छड़ी। चिटियो।

चटु–दे० चिटुड़ी।

चटुकी–दे० चिटुड़ी।

चटोकड़ो–*(वि०)* स्वाद-लोलुप। चटोरा। चट्टू।

चट्टान–*(ना०)* पर्वत का समतल भाग। विशाल पाषाण-खंड।

चट्टो–दे० चोटलो।

चड़भड़–*(ना०)* १. कलह। टटा। २. बकवाद।

चड़भड़णो–*(क्रि०)* १. गुस्से होना। २. ऊंचानीचा होना। ३. लड़ पड़ना। झगड़ना।

चडवो–*(न०)* रंगरेज। रंगारो।

चड़स–*(न०)* १. चिलम में पीने का एक मादक पदार्थ। चरस। २. मोट। चरसा। कोस। चड़ो।

चड़सियो–*(न०)* चरसा को खाली करने वाला व्यक्ति।

चड़सो–दे० चड़ो।

चड़ो–*(न०)* चड़स। मोट। कोस।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चढ-उतार–*(वि०)* १. गावदुम । २. चढ़ाई-उतराई । ३. ऊंचाई और ढलाई ।

चढण-सितवारण–*(न०)* इन्द्र ।

चढणो–*(क्रि०)* १. नीचे से ऊपर को जाना । चढ़ना । २. प्रस्थान करना । ३. हमला करना । ४. उन्नति करना । ५. सवार होना । ६. कर्ज होना । कर्ज बढ़ना । ७. नदी, तालाब आदि के पानी का बढ़ना । ८. सेवन किये हुए मादक पदार्थ का नशा होना । ९. पदवृद्धि होना । १०. अर्पित होना । किसी देवता को किसी वस्तु की भेंट धरा जाना । ११. पकाने के लिए पात्र का चूल्हे पर रखा जाना । १२. मोल बढ़ना । भाव बढ़ना । १३. जोश में आना । १४. लेप, रंग, मुलम्मा आदि का आवरण होना ।

चढती–*(ना०)* १. उन्नति । उत्थान । २. **बढोतरी** ।

चढती-पड़ती–*(ना०)* उन्नति-अवनति । उत्थान-पतन ।

चढतो–*(वि०)* १. तुलना में बढ़ा हुआ । २. बढ़ा चढ़ा हुआ । ३. उदीयमान । ४. अधिक । ज्यादा ।

चढतो आंक–*(न०)* संख्या का अगला अंक शून्य में अशुभ समझा जाता है इसलिये उसमें जोड़ी जाने वाली '१' की संख्या । जैसे ५००) के स्थान पर ५०१) इसी प्रकार सभी शून्याग्र संख्याओं में । **तीखो आंक** ।

चढाई–*(ना०)* १. हमला । आक्रमण । २. पर्वत या भूमि का वह भाग जो क्रमशः ऊंचा हो । ऊंचाई की ओर जाने वाली भूमि । ३. ऊंचाई । ४. चढ़ने की क्रिया ।

चढाऊ–*(वि०)* १. सवारी योग्य । २. तुलना में चढ़ता हुआ । ३. क्रमशः ऊंची होती हुई भूमि । ४. चढ़ने वाला ।

चढाक–*(वि०)* ऊंट, घोड़े आदि सवारी में कुशल । **चढाकू** ।

चढाकू–दे० चढाक । २. सवारी करने के लायक उम्र का (ऊंट, घोड़ा) सवारी योग्य । **चढाऊ** ।

चढाचढ़ी–*(ना०)* प्रतिस्पर्धा । **होड़** ।

चढाण–*(ना०)* १. चढ़ाई । २. ऊंचाई ।

चढाणो–*(क्रि०)* १. नीचे से ऊपर की ओर ले जाना । चढ़वाना । २. चढ़ने में प्रवृत्त करना । ३. देवताओं को अर्पण करना । ४. सवारी कराना । ५. मँगेतर को वस्त्र और आभूषण पहिनाने की प्रथा को मनाना । ६. हँडिया, तवा आदि पात्र को चूल्हे पर रखना । ७. बही या रजिस्टर में दर्ज करना । ८. लेप, रंग मुलम्मा आदि का आवरण करना । **चढावणो** ।

चढापो–दे० चढावो ।

चढाव–*(न०)* १. पर्वत या भूमि के किसी भाग की उत्तरोत्तर ऊंचाई । चढ़ाई । २. समुद्र के जल का बढ़ाव । ज्वार । ३. नदी आदि के पानी का बढ़ाव ।

चढावणो–दे० चढाणो ।

चढावो–*(न०)* १. देवता को अर्पण किया हुआ रुपया-पैसा, गहना, वस्त्र इत्यादि सामग्री । २. देवता को अर्पण किया हुआ नैवेद्य । प्रसाद । ३. व्यापारी द्वारा वस्तु पर उसके वास्तविक मूल्य से अधिक मूल्य अंकित करने अथवा मूल्य के आगे और फालतू अंक बढ़ा देने का संकेत । ४. बढ़ावा । उत्साह । ५. बहकावा ।

चढी-रो-पलाण–*(न०)* ऊंट पर कसी जाने वाली सवारी की काठी । सवारी का पलान ।

चणक–दे० चिणक ।

चणखार–*(न०)* चने के क्षुप को जला कर निकाला हुआ क्षार । चनकक्षार ।

चणणाट–*(न०)* १. तमाचा, बेंत आदि के लगने से होने वाला दर्द । २. एक ध्वनि । ३. नाश ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चणणावणो-(क्रि०)१. भय, क्रोध, करुणा, हर्ष, शीत, आवेश इत्यादि से शरीर की रोमावली का तन कर खड़ा होना। २. आवेश में आना। तनतनाना। ३.'चणण' शब्द करना। ४. जोश में आना।

चणपण-(ना०) १. शारीरिक अशांति। अस्वस्थता। २. वेदना। व्यथा। क्लेश। ३. मानसिक अशांति।

चणाई-दे० चिणाई।

चणायर्का-दे० चिणायर्का।

चणारी-दे० चिणाई।

चणोबोर-(न०) छोटा बेर। झड़बेरी का बेर।

चणो-(न०) चना। चणक।

चण्णाटियो-(न०) नाश।

चतड़ा-चौथ-(ना०) भादौं मास की गणेश चतुर्थी।

चतरबांह-दे० चत्रबाह।

चतराई-दे० चतुराई।

चतुर-(वि०) १. होशियार। चतुर। २. बुद्धिमान। ३. दक्ष। निपुण। ४. व्यवहार कुशल। ५. चालाक। ६. चार। चतुर्। (समास में पूर्व पद)।

चतुरता-दे० चतुराई।

चतुरपणो-दे० चतुराई।

चतुरभुज-(वि०) चार भुजाओं वाला। चत्रभुज। (न०) विष्णु भगवान।

चतुरंग-(ना०)१. शतरंज। २. चतुरंगिणी।

चतुरंगणी सेना-(ना०) हाथी, घोड़े, रथ और पैदल इन चार अंगों वाली सेना। चतुरंगिणी।

चतुरंगिणी-दे० चतुरंगणी सेना।

चतुराई-(ना०) १. पवित्रता। २. चतुरपना। चतुरता। ३. चालाकी। ४. होशियारी। सावधानी।

चतुराणण-(न०) चतुरानन। ब्रह्मा। (वि०) चार मुख वाला।

चतुरानन-दे० चतुराणण।

चतुराश्रम-(न०) चार आश्रम। (ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास)।

चतुर्थ-(वि०) चौथा। चौथो।

चतुर्थाश्रम-(न०) चौथा आश्रम। संन्यस्ताश्रम।

चतुर्थांश-(न०) चौथा भाग।

चतुर्थी-(ना०) १. चौथ तिथि। २. चौथी विभक्ति।

चतुर्दश-(वि०) चौदह। चवदै।

चतुर्दशी-(ना०) पक्ष का चौदहवां दिन। चौदश। चवदस।

चतुर्दिश-(अव्य०) चौतरफ। चारों ओर। चारूंकानी।

चतुर्दिशा(ना०) चारों दिशाएँ। चारूंकूंट।

चतुर्धाम-(न०) द्वारका, रामेश्वर, जगन्नाथपुरी और बदरिकाश्रम-ये मुख्य तीर्थ या धाम।

चतुर्भुज-(वि०) १. चार हाथ वाला। २. चार कोण वाला। (न०) १. चार कोण वाली आकृति। २. विष्णु भगवान।

चतुर्मास-(न०) आषाढ़ शुक्ला एकादशी से कार्तिक शुक्ला एकादशी तक की अवधि। चातुर्मास। चौमासो।

चतुर्युग-(न०) सत्य, त्रेता, द्वापर और कलि-ये चार युग।

चतुर्वर्ण-(न०) ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र—ये चार वर्ण।

चतुर्वेद-(न०) ऋक्, यजुर, साम और अथर्व-ये चारों वेद।

चतुर्वेदी-(न०) ब्राह्मणों का एक गोत्र।

चतुस्तन-(न०) गाय, भैंस आदि चार स्तन वाला मादा पशु।

चत्र-(वि०) १. चार। २. चतुर। दक्ष। ३. धूर्त। छली। छळियो।

चत्रकोट-दे० चत्रगढ।

चत्रगढ-(न०) चित्तौड़गढ़।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चत्रधा-*(वि०)* चार प्रकार का। *(न०)* चारों ओर।
चत्रबाह-*(न०)* १. श्रीकृष्ण। २. चार भुजा धारी श्री विष्णु। *(वि०)* चार हाथों वाला। चतुर्भुज। **चत्रभुज। चतुरबाह।**
चत्रभुज-दे० चत्रबाह।
चत्रभुज वाहण-*(न०)* गरुड़।
चत्रमास-*(न०)* चातुर्मास। चौमासा। **चौमासो।**
चत्रवाणी-*(ना०)*१. चारों वेद। २. ब्रह्मा।
चत्वार दिस-*(न०ब०व०)* चारों दिशाएँ। **चारूंखूंट।**
चदरो-*(न०)* चादर। चद्दर।
चनण-*(न०)* चंदन। **चंदण।**
चनण गोह-दे० चंदण गोह।
चनण चौक-दे० चन्नणचौक।
चनरमा-*(न०)* चंद्रमा। चाँद।
चन्नण-दे० चनण।
चन्नणगोह-*(ना०)* चंदन के समान रंग वाली एक गोह। **चनणगोह।**
चन्नणचौक-*(न०)* १. चंदन से सुवासित चौक। २. वह चौक जिसके द्वार आदि चंदन के बने हुए हों। ३. श्रीखंड मंडित बड़ा मंडप। ४. सभी प्रकार से सजा हुआ आलोकित चौक।
चपक-*(न०)* सेना का बायाँ भाग।
चपको-दे० डाम।
चपटो-*(वि०)* जो छितराया हुआ और पतला हो। चपटा।
चपड़ास-*(ना०)* चपरास।
चपड़ासी-*(न०)* १. अरदली। २. चौकीदार। ३. नौकर। सेवक। ४. चपरासी।
चपड़ी-दे० चिपड़ी।
चपड़ो-*(न०)* १. चीनी की चाशनी की थाली में बिछाकर बनाई हुई पतली परत। २. चीनी की चाशनी से बनाई हुई पतली भिल्ली। **बिड़क। चिपड़ो।** ३. साफ की हुई लाख की पतली परत। चिपड़ी। **चपड़ो।**
चपत-*(ना०)* थप्पड़। तमाचा। **थाप।**
चपळ-*(वि०)* १. स्थिर नहीं रहने वाला। चपल। चंचल। २. होशियार। चालाक। ३. फुर्तीला। उतावला। **उतावळो।**
चपळता-*(ना०)* १. चंचलता। चपलता। २. होशियारी। चालाकी। ३. उतावल। फुर्ती। **उतावळ।**
चपळा-*(ना०)* १. बिजली। चपला। २. लक्ष्मी। ३. चपला स्त्री।
चपेट-*(ना०)* १. तमाचा। थप्पड़। २. चंगुल।
चपेटणो-*(क्रि०)*१.तमाचा मारना। ठोंकना। २. भगाना।
चप्पल-*(न०)* खुली एड़ी का एक प्रकार का जूता।
चबको-*(न०)* १. घाव या व्रण का दर्द। २. रह रह कर होने वाला दर्द। **चबक।** ३. व्रण आदि की गरम शलाका से दागने की क्रिया। **डंभ क्रिया। डाम।** ४. मर्म वचन। ताना। **महणो।** ५. मर्म प्रहार।
चबाणो-*(क्रि०)* दाँतों से कुचलना या काटना। चबाना। **चबावणो।**
चबावणो-दे० चबाणो।
चबीणो-*(न०)* चबैना। चर्वण। चना-चबैना। मूंगफली, सेव, चना आदि चबा कर खाने की चीज।
चबूतरी-*(ना०)* छोटा चबूतरा। **चौतरी।**
चबूतरो-*(न०)* चबूतरा। **चौतरा।**
चमक-*(ना०)* १. प्रकाश। २. आभा। कान्ति। ३. चौंक। झिझक। ४. भ्रम। संदेह। ५. संदेहगत भय।
चमक चूड़ी-*(ना०)* एक प्रकार का सोने या चाँदी का कंगन। गोल मोगरों वाली चूड़ी।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चमकणो–(क्रि०) १. चमकना। प्रकाशित होना। २. प्रतिभा का प्रकाश में आना। ३. ऐश्वर्य बढ़ना। ४. कीर्ति पाना। ५. चौंकना। ६. डरना। ७. संदेह करना। ८. संदेह होना।

चमकदार–(वि०) चमकीला।

चमकाणो–दे० चमकावणो।

चमकारो–(न०) १. चमक। प्रकाश। २. चमत्कार।

चमकावणो–(क्रि०) १. चमकाना। चमचमाना। २. उज्वल करना। ३. चौंकाना। ४. डराना। ५. कीर्ति फैलाना।

चमकीलो–(वि०) चमक वाला। प्रकाश वाला।

चमगादड़–(ना०) चूहे से मिलती सूरत का उड़ने वाला एक जंतु, जिसे दिन में नहीं दिखने से पैरों के बल औंधा टँगा रहता है और रात में उड़ता है। चमचेड़।

चमचम–(ना०) जलन। चमचमाहट। चरचराट। (न०) एक मिठाई। खोए की एक बीकानेरी मिठाई। (वि०) तेज युक्त।

चमचाटक–दे० चमगादड़।

चमची–(ना०) छोटा चम्मच।

चमचेड़–दे० चमगादड़।

चमचो–(न०) चम्मच।

चम-जूं–(ना०) १. उपस्थ के बालों में उत्पन्न होकर चमड़े से चिपटी हुई रहने वाली एक प्रकार की जूं। चर्म-यूका। २. पशुओं के बालों में होने वाली जूं।

चमड़पोस–(न०) वह हुक्का जिसका जल-पात्र चमड़े का होता है।

चमड़ी–(ना०) चमड़ी। त्वचा। चामड़ी।

चमड़ो–(न०) चमड़ा। खाल। चामड़ो।

चमतकार–(न०) १. करामात। चमत्कार। २. विस्मय। आश्चर्य। ३. अलौकिक क्रिया।

चमतकारी–(वि०) १. चमत्कार दिखाने वाला। चमत्कारी। २. जिसमें कोई चमत्कार हो। ३. उन्नति करने वाला। भाग्यशाली। ४. सिद्धिवान।

चमत्कार–दे० चमतकार।

चमत्कारिक–दे० चमतकारी।

चमन–(न०) १. फुलवाड़ी। २. बगीचा। ३. मौज।

चमर–दे० चँवर।

चमरख–(न०) सुराख वाले मोटे चमड़े की एक चकती जिसमें होकर चरखे का तकला फिरता रहता है। चमरखो।

चमरखो–दे० चमरख।

चमर ढोळणो–(मुहा०) किसी देवता पर चमर फिराना।

चमरबंद–(न०) १. राजा। २. शूरवीर।

चमराळो–(न०) मुसलमान। (वि०) १. वह जिसके ऊपर चँवर ढुलता हो। चँवरबंद। २. चँवर फिराने वाला।

चमरी–दे० चँवरी।

चमार–(न०) १. जूता बनाने वाला व्यक्ति। मोची। २. जूता गाँठने वाली जाति का व्यक्ति। चर्मकार।

चमारण–दे० चमारी।

चमारी–(ना०) चमार जाति की स्त्री। मोचण।

चमाळियो–दे० चँवाळियो।

चमाळीस–(वि०) चालीस और चार। चँवालीस। (न०) चँवालीस की संख्या। "४४"।

चमाळीसो–(न०) चँवालीसवाँ सम्वत्।

चमीर–(न०) सुवर्ण। सोना। चामीकर। सोनो।

चमीरळ–(न०) सोना। सुवर्ण। (वि०) सुवर्ण निर्मित।

चमू–(ना०) सेना।

चमूपत–(न०) चमूपति। सेनापति।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चमेली-(ना०) छोटे सफेद सुगंधित फूलों वाली एक लता।

चमोटो-(न०) १. चमड़े का एक टुकड़ा जिस पर उस्तरे की तेज की हुई धार को सँवारा जाता है। २. सान को घुमाने की चमड़े की लम्बी पट्टी।

चम्मड़-(न०) चमड़ा। (वि०) १. चमड़े जैसा मजबूत। २. कंजूस।

चम्मड़पोस-दे० चमड़पोस।

चय-(न०) ढेर। राशि।

चर-(न०) १. दूत। २. दास। सेवक। ३. घास। चारा। (वि०) चलने वाला।

चरक-(न०) वैद्यक के एक आचार्य। २. चरक ऋषि का रचा हुआ 'चरक संहिता' ग्रंथ।

चरकणो-(क्रि०) पक्षी या बच्चों का हँगना।

चरकीन-(न०) टट्टी। विष्टा।

चरको-(वि०)१. जिसमें अधिक मिर्चें हों। २. चरपरा। तीखा। ३. तेज। ४.क्रोधी।

चरको-फरको-(न०) मिर्च-मसाला युक्त व्यंजन। तीखा-फीका व्यंजन। (वि०) १.जो मीठा न हो। २. फीके स्वाद वाला। ३. मिर्च मसाले वाला।

चरख-(न०) १. तोप। २.बंदूक। ३. तोप-गाड़ी।

चरखी-(ना०) १. तोप खींचने वाली गाड़ी। तोप गाड़ी। २. तोप। ३. कपास ओटने का चरखा। ४. कुएँ में से डोल खींचने की गड़ारी। घिरनी। ५. चक्कर खाने वाली एक आतिशबाजी। ६. रस्सी बटने का एक यंत्र। ७. सर्दियों में मस्ती में आने के समय ऊँट के दाँत पीसने की क्रिया या शब्द।

चरखो-(न०) १. हाथ से सूत कातने का यंत्र। चरखा। अरटियो। २. कपास लोढ़ने का एक संचा।

चरचणो-(क्रि०) १. चरचना। लेप करना। २. चर्चा करना।

चरचरणो-(क्रि०) जलन होना।

चरचराट-(ना०) १. जलन। २. चरचर ध्वनि।

चरचराणो-दे० चरचरणो।

चरचरो-(वि०) चरपरा। तीखा।

चरचा-(ना०) १. चर्चा। बातचीत। २. जिक्र। वर्णन।

चरज-(न०) १. चरित्र। ढोंग। २. धोखा। ३. एक पक्षी।

चरजणो-(क्रि०) काटना। चीरना।

चरजा-(ना०) १. विशेष रागिनी जिसमें देवी की स्तुति गाई जाती है। २. देवी की स्तुति।

चरजाळी-(वि०ना०) १. ढोंगी। २. धूर्ता। ३. नखरों वाली। नखराळी।

चरजाळो-(वि०) १. ढोंगी। पाखंडी। २. धूर्त।

चरड़-(अव्य०) चीरने या फाड़ने का शब्द।

चरण-(न०) १. पाँव। पग। २. कविता या गायन का एक पाद। तुक। कड़ो।

चरण कमळ-(न०) कमल के समान कोमल और सुंदर चरण।

चरण कमळायने-(अव्य०) चरण कमलों में (गुरुजनों को पत्र में लिखा जाने वाला एक पद)।

चरणरज-(ना०) चरणों की धूलि।

चरणामृत-(न०) देव मूर्ति या किसी पूज्य व्यक्ति के पाँवों की धोवन। पादोदक। चरणोदक।

चरणारविंद-दे० चरण कमल।

चरणो-(क्रि०)१. पशुओं का घास चरना। घास खाना। (न०) १. एक रेशमी वस्त्र। २. जूता निकालने और पहिनाने वाला सेवक।

चरणोई-(ना०) १. चरने की जगह। २. घास। ३. विविध प्रकार की घास।

चरताळो-(वि०) १. चरित करने वाला। धूर्त। पाखंडी। चरजाळो।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चरपराट-*(न०)* १. गर्व। तरमराट। २. स्वाद में तीखापन। ३. घाव की जलन।

चरपराणो-*(क्रि०)*१.जलन होना। २.तीखा लगना। चरचरणो।

चरपरो-*(वि०)* १. तीखे स्वाद वाला। चरपरा। चरचरी। २. बहुत बोलने वाला।

चरबण-*(न०)* चबेना। चबीणो।

चरबी-*(ना०)* मेद। वसा। चरबी।

चरभर-*(न०)* एक खेल। 'सरभर' नाम का खेल।

चरम-*(वि०)*१. अंतिम। २.पराकाष्टा का। दे० चर्म।

चरमराट-*(ना०)* १. जलन। २. प्रकड़।

चरम-समाध-*(ना०)* संभोग।

चरमी-दे० चिरमी।

चरवरणो-*(क्रि०)* घाव का चर्राना। जलन होना।

चरवादार-दे० चरवैदार।

चरवी-*(ना०)* पीतल का एक जल पात्र।

चरवैदार-*(न०)* घोड़ों की देखभाल करने वाला या जंगल में जाकर चराने फिराने वाला नौकर। सईस। चरवादार।

चरवो-*(न०)* तांबे या पीतल का एक बड़ा जलपात्र। चरू। देग।

चरस-*(ना०)* १. तीव्र इच्छा। उत्कट चाह। २. परम्परा। अनुक्रम। ३. उत्साह। उमंग। *(न०)* १. एक मादक पदार्थ जो तंबाकू की तरह चिलम में रख कर धुएँ के रूप में पिया जाता है। गांजे का गोंद। २. मोट। चरसा। कोश। *(वि०)* बढ़िया। अच्छा।

चराई-*(ना०)* १. चरवाने की मजदूरी। २. चराने का काम।

चराक-*(न०)* चिराग। दीपक।

चराचर-*(वि०)* स्थावर और जंगम। जड़ और चेतन। चर-अचर। *(न०)* जगत।

चराणो-*(क्रि०)* चराना। घास खिलाना। चरावणो।

चरावणो-दे० चराणो।

चरित-*(न०)* १. आचरण। वर्तन। व्यवहार। २. चरित्र। ३. रीति नीति। ४. वृत्तान्त। हाल। ५. जीवनी। ६. पाखंड। ढोंग। ६. करनी। करतूत। ८. कपट।

चरिताळी-दे० चिरताळी।

चरिताळो-दे० चिरताळो।

चरित्र-दे० चरित।

चरित्रवान-*(वि०)* उत्तम चरित्र वाला। सदाचारी।

चरी-*(ना०)*१. घास। चारा। २.हरी ज्वार आदि का चारा। ३. चरने की क्रिया। ४. घास वाली जगह। चरागाह। ५. एक जळ पात्र। चरवी।

चरू-*(न०)* चौड़े मुँह का एक बरतन। देग। देगड़ो।

चरू-सुगाळ-*(न०)* १. अधिक अतिथियों के आवागमन के कारण वह स्थिति जिसमें हर समय भोजन बनाना चालू ही रहता है। २. वह नियम जिसमें आने वाला कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं जा सके। ३. किसी भी समय किसी भी अतिथि या अनाथ के आ जाने पर भोजन किये बिना नहीं जाने देने की उदारता। ४. अतिथि सेवा की वह व्यवस्था जिसमें किसी भी समय कोई भी आये भोजन किये बिना नहीं जा सकेगा।

चर्चरी-*(ना०)* १. आनंद। २. उत्सव। ३. होली पर नाच-गान के साथ गाई जाने वाली फाग रागिनी।

चर्चा-दे० चरचा।

चर्म-*(न०)* चमड़ा। त्वचा। चामड़ो। खालड़ो।

चर्मकार-*(न०)* १. चमार। २. मोची।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चर्मचिड़ी-*(ना०)* चमगादड़ ।

चर्मवाद्य-*(न०)* ढोल, नगाड़ा आदि चमड़े से मँढ़ा हुआ बाजा ।

चळ-*(वि०)* अस्थिर । चल । *(ना०)* **खाज** । खुजली । *(न०)* युद्ध ।

चल-*(वि०)* अस्थिर । चलायमान । चलता हुआ । *(न०)* १. रिवाज । २. व्यवहार । उपयोग ।

चळक-*(ना०)* १. चमक । चिलक । २. कांति । आभा । ३. वस्तुओं के भाव में आने वाली तेजी । **तेजी** । सुर्खी ।

चळकणो-*(न०)* १. प्रकाश । चमक । २. प्रतिबिम्ब । चमक । *(वि०)* १. चमकने वाला । चमकीला । २. प्रकाश देने वाला । *(क्रि०)* चमकना । प्रकाश देना ।

चलकर्ण-*(न०)* घोड़ा ।

चळकाणो-*(क्रि०)* चमकाना । **चळकावणो** ।

चळकी-*(ना०)* चमक ।

चळको-*(न०)* १. प्रकाश । २. प्रतिबिम्ब ।

चळगत-*(ना०)* १. स्वभाव । २. चाल-चलन । ३. रहन-सहन ।

चलचाल-*(ना०)* १. धंधा । व्यापार । **काम-धंधो** । कामधंधा । २. बिकरा । ३. रहन-सहन ।

चळचूक-*(ना०)* १. जान-बूझ कर की हुई गलती । २. गलती । भूल । ३. धोखा । छल ।

चलण-*(न०)* १. पाँव । चरण । **पग** । २. व्यवहार । ३. उपयोग । ४. स्वत्व । हक । ५. अधिकार । सत्ता । ६. प्रचार । रिवाज । व्यवहार । ७. प्रथा । रीति-रिवाज । चलन । ८. रुपया-पैसा आदि । सिक्का । ९. प्रचलित सिक्का । **प्रचलित नाणो** ।

चलणसार-*(वि०)* १. प्रचलित । २. काम में आने योग्य । काम चलाऊ ।

चलणी-*(वि०)* १. जिसका चलन हो । चलनसार । चलता (सिक्का) यथा-चलणी नोट । *(ना०)* १. चलने की क्रिया । २. आटा छानने की चलनी । **चालणी** ।

चलणो-*(क्रि०)* १. चलना । प्रस्थान करना । २. हिलना । ३. बहना । ४. जारी रहना । ५. निभना । ६. अनुसरण करना । ७. उपयोग में लेना । ८. उपयोग में आना । ९. आरंभ होना । शुरू होना । १०. मरना ।

चळणो-*(क्रि०)* १. विकृत होना । २. पथ भ्रष्ट होना । चलित होना । विचलित होना । ३. डिगना । **डिगणो** । पतित होना ।

चळदळ-*(न०)* १. पीपल वृक्ष । २. पीपल का पत्ता ।

चळपत्र-*(न०)* १. पीपल वृक्ष । अश्वत्थ । २. पीपल का पत्ता ।

चळवळणो-*(क्रि०)* १. घबराना । **घबरावणो** । २. विचलित होना ।

चळवळाट-*(न०)* १. घबराहट । २. तन-मनाट ।

चळविचळ-*(वि०)* १. चलायमान । डाँवा-डोल । अस्थिर । २. अस्त-व्यस्त । ३. घबराया हुआ ।

चळस-दे० फैशन ।

चळा-*(ना०)* १. लक्ष्मी । २. बिजली । ३. पृथ्वी । ४. स्त्री ।

चलाऊ-*(वि०)* १. साधारण । २. साधारण उपयोग की । ३. व्यवहार में आने योग्य ।

चलाक-*(वि०)* १. चालाक । धूर्त । चाल-बाज । २. होशियार ।

चलाकी-*(ना०)* १. चालाकी । धूर्तता । चालबाजी । २. होशियारी ।

चलाचली-*(ना०)* १. जन्म-मरण । आवा-गमन । २. व्यग्रता । घबराहट । ३. चलने की तैयारी ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चलाण-(न०) १. पुलिस द्वारा अपराधी को पकड़ कर न्यायालय में उपस्थित करने का काम। २. माल का एक स्थान से से दूसरे स्थान पर भेजे जाने का काम। ३. रेलवे से बाहर भेजे जाने वाले माल की गिनती, तोल आदि की नोंध का भरा जाने वाला फॉर्म। चलान। रवन्ना। ४. बाहर से आये हुए माल की रेलवे की रसीद।

चलाणो-दे० चलावणो।

चलावणो-(क्रि०)१. चलाना। २. हिलाना। ३. हाँकना। ४. बहाना। ५. निभाना। ६. काम में लेना। ७. जारी रखना। ८. गतिमान करना। ९. प्रचलित करना। १०. प्रहार करना।

चलायमान-(वि०) १. विचलित। २. चलने वाला। ३. चलता हुआ। ४. चंचल।

चळीजणो-(क्रि०) पतन होना। पथभ्रष्ट होना।

चळुअळ-दे० चळूळ।

चळुवो-(न०) १. रक्त। २. चुल्लू। अंजली।

चळू-(न०) १. भोजन के बाद का आचमन। चुल्लू। २. अंजली। चळुवो। ३. भोजन के बाद हाथ-मुँह धोने की क्रिया।

चलू करणो-(मुहा०) चालू करना। शुरू करना। प्रारंभणो।

चळू करणो-(मुहा०) भोजन करके हाथ-मुँह धोना। चुल्लू करना।

चळूळ-(न०) १ रक्त। खून। २. मुसलमान। ३. युद्ध।

चळेवो-(न०) १. मृतक का क्रिया कर्म। २. मृतक भोज।

चळो-(न०) घोड़े, गधे आदि उन पशुओं का मूत्र जिनके खुर फटे हुए नहीं होते हैं।

चव-(न०) १. मोतियों को तोलने का एक तोल। मोती आदि रत्नों को तोलने का बहुत छोटा एक तोल। २. कथन। बात। ३. खबर। संदेश। (वि०) चार।

चवड़ै-दे० चौड़े।

चवड़ो-दे० चौड़ो।

चवणो-(क्रि०) १. कहना। २. चूना। टपकना। झरणो। चूवणो।

चवत्थो-(वि०) चौथा। चौथो।

चवथ-(वि०) चौथा। चतुर्थ।

चवदमों-(वि०) चौदहवां।

चवदस-(ना०) पक्ष का चौदहवाँ दिन। चतुर्दशी। चौदस।

चवदंत-(न०) प्रकट। (अव्य०) प्रत्यक्ष रूप में।

चवदे-(वि०) दस और चार। १४। (न०) चौदह की संख्या। १४.।

चवदोतर सो-(न०) पहाड़े में बोली जाने वाली एक सौ चौदह (११४) की संख्या।

चवदोतरो-(न०) चौदहवाँ वर्ष।

चवरासियो-(न०) चौरासी गाँवों का जागीरदार। बड़ा ठाकुर। २. लोकगीतों का एक नायक। ३. चौरासीवाँ वर्ष।

चवरासी-दे० चोरासी।

चवरी-(ना०) चौरी। विवाह-वेदी।

चवर्ग-(न०) च, छ, ज, झ, ञ-इन पाँच तालुस्थानी व्यंजनों का वर्ग। 'च' समाम्नाय। 'च' समाम्नाय के पाँच वर्ण।

चवळेरी-दे० चँवळेरी।

चवळो-दे० चँवळो।

चवाण-(न०) १. चौहान राजपूत। २. किसी जाति की अल्ल या अटक।

चश्म-(ना०) आँख।

चश्मदीद-(वि०) प्रत्यक्षदर्शी। आँखों से देखा हुआ।

चश्मो-(न०) १. ऐनक। २. स्रोत। सोता।

चसक-(ना०) रह रह कर होने वाला दर्द। चवको।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चसकणो-*(क्रि०)* रह रह कर दर्द होना। चबखणो।

चसको-*(न०)* १. चसका। लत। २. व्यसन। ३. झटका देकर उठने वाली पीड़ा। ४. रह रह कर उठने वाला दर्द। चबखो।

चसणो-*(क्रि०)* १. दीपक जलना। दीपक का प्रकाशित होना। ३. दीपक का प्रकाश होना। ३. प्रकाशित होना। ४. बंदूक का छूटना।

चसम-*(ना०)* आँख। चश्म। नेत्र।

चसमाण-*(ना०ब०व०)* आँखें। चक्षुद्वय।

चसमो-*(न०)* १. चश्मा। ऐनक। २. झरना। स्रोत। झरणो।

चसळक-दे० चसळको।

चसळको-*(न०)* १. बैलगाड़ी के चलने पर उसके पहिये में अथवा कुएँ पर मोट निकालते समय भ्रमण में होने वाला शब्द। २. मस्ती में आये हुए ऊंट के दाँत पीसने से होने वाला शब्द। चसळक। ३. दर्द। पीड़ा। पीड़।

चसवाणो-दे० चसावणो।

चसाणो-दे० चसावणो।

चसावणो-*(क्रि०)* १. दीपक जलाना। दीपक से प्रकाश करना। २.बंदूक छोड़ना। ३. आग जलाना।

चह-*(ना०)*१. चिता। मारोणी। २ इच्छा। चाह। *(वि०)* गुप्त।

चहक-*(ना०)*१. पक्षियों का शब्द। २.दर्द। पीड़ा।

चहकणो-*(क्रि०)* १. उमंग में बोलना। २. पक्षियों का कलरव करना। ३.दर्द होना। दर्द उठना।

चहचंद-*(न०)* १. आनंद। २. उत्सव। उच्छव।

चहटणो-*(क्रि०)* चिपटना। चिपकना। चेंटणो।

चहन-*(न०)* १. रोने का ढोंग। ढपला। २. शिशु के अपने आप हँसने, अव्यक्त शब्द बोलने आदि के प्रति लक्षण। ३. चिन्ह।

चहबचो-*(न०)* पानी का हौद। कुंड। चह बच्चा।

चहर-*(ना०)*१. निंदा। बदनामी। २. खेल। तमाशा। ३.बाजीगर। मदारी। ४.ठाट-बाट। आनंदोत्सव। चहल। ५. पक्षियों का कलरव। ६. भाँति २ के पक्षियों का समूह। पक्षी समूह। ७. कलंक। ८. व्यंग्य। *(वि०)* श्रेष्ठ।

चहरो-*(न०)* १. चहरा। सूरत। शक्ल। २. मुख। मुँह। ३. मुँह पर पहनने की कोई मुखाकृति। मुखोटा। ४. निंदा। अपकीर्त्ति।

चहल-*(न०)* १. आनंद। मौज। २. पक्षियों का कलरव। ३. सीमा। *(अव्य०)* आनंद से। मौज में। *(क्रि०वि०)* इधर-उधर।

चहल-पहल-*(ना०)* १. आनंदोत्सव की सजीवता। २. उत्सवीय वातावरण। ३. रौनक। चमक-दमक।

चहळावणो-*(क्रि०)* १. बिजली का चमकना। २. चमकना।

चहळावळ-*(ना०)* चमक। प्रकाश।

चहाव-*(ना०)* १. इच्छा। अभिलाषा। २. उत्साह। उमंग।

चहावणो-*(क्रि०)* चाहना। इच्छा करना।

चहीजणो-*(क्रि०)* १. आवश्यकता होना। २. चाहिये।

चहीजै-*(अव्य०)* १. चाहिये। २. उचित है। ३. आवश्यकता है।

चहुँ-*(वि०)* १. चारों। चारोंही। २. चार।

चहुँगमाँ-*(अव्य०)* चारों ओर।

चहुँचक-*(अव्य०)* १. चारों दिशाएँ। २. चारों दिशाओं में। ३. चारों ओर।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चहुँदिस–*(अव्य०)* चारों दिशाएँ। सब ओर।

चहुँधा–दे० चहुँगमाँ।

चहुँवळ–दे० चहुँगमाँ।

चहुँवै–*(अव्य०)*१ चारों ओर। २.चारों ही।

चहुँवैग्रमा–दे० चहुँगमाँ।

चहुँवैचकाँ–दे० चहुँगमाँ।

चहुँवैवळाँ–दे० चहुँगमाँ।

चंग–*(न०)* १. एक प्रकार का डफ। बड़ा डफ। २. पतंग। ३. पतंग की पूंछ।

चंगास–*(न०)* गोमूत्र। चौंगास।

चंगासणो–*(क्रि०)* गाय का मूतना। चौंगासणो।

चंगी–*(वि०)* १. उत्तम। २. स्वस्थ। ३. सुंदर।

चंगूल–*(न०)* १. पंजा। २. फंदा।

चंगो–*(वि०)* १. अच्छा। उत्तम। २. स्वस्थ। तंदुरुस्त। ३. सुन्दर। ४. मजबूत। ५. पवित्र। (स्त्री० चंगी)।

चंच–*(ना०)* चोंच। चंचु।

चंचरी–*(ना०)* भौंरी। भमरी।

चंचरीक–*(न०)* भौंरा। भमरो।

चंचळ–*(वि०)* १. चुलबुला। चपल। २. चलायमान। गतिशील। अस्थिर। ३. चालाक। होशियार। ४. तेज। फुर्तीला। ५. क्षणिक। फानी। *(न०)* १. घोड़ा। २. मन। ३. पारा। ४. पवन। *(ना०)* १. बिजली। २. मछली। ३. माया।

चंचळता–*(ना०)* १. चपलता। चुलबुलापन। २. गतिशीलता। अस्थिरता। ३. तेजी। फुर्ती। चंचळाई।

चंचळा–*(ना०)* १. बिजली। २. लक्ष्मी। ३. माया। ४. मछली। ५. घोड़ी। ६. चंचल स्त्री। *(वि०)* अस्थिर। चलायमान।

चंचळाई–*(ना०)* चंचलता। अस्थिरता।

चंचाणी–*(ना०)*१. चील पक्षी। २.गिद्धनी। ३. मांसाहारी पक्षी।

चंचाळ–*(न०)* १. घोड़ा। २. घोड़ों का समूह। अश्व समूह। ३.पक्षी। ४.हाथी।

चंचाळी–दे० चंचाणी।

चंचु–*(ना०)* चोंच। चूंच।

चंट–दे० छंट।

चंटेल–दे० छंटेल।

चंड–*(ना०)*१. चंडिका देवी। चंडी। *(वि०)* १. विकट। भयंकर। २. बलवान। ३. उग्र। ४. क्रोधी। ५. उद्धत।

चंडका–दे० चंडिका।

चंड-डाक–*(ना०)*१. युद्ध-चंडिका का वाद्य। २. भय या युद्ध की चेतावनी देने वाला बाजा।

चंडा–*(ना०)* उग्र स्वभाव की स्त्री। कर्कशा। करगसा।

चंडाई–*(ना०)* १. उग्रता। २. प्रबलता। ३. नालायकी। ४. बे-ईमानी। ५. चंडालपना। ६. अत्याचार। ७. ऊधम। ८. शीघ्रता।

चंडातक–*(न०)* लहँगा।

चंडाळ–*(वि०)* १. चाण्डाल। क्रूर। २. निर्दय घातक। ३. पापी। ४. जल्लाद। ५. पतित। ६. उग्र क्रोधी। *(न०)* एक अन्त्यज जाति। चाण्डाल। डोम। २. जल्लाद।

चंडाळ-चौकड़ी–*(ना०)* १. कुकर्म करने वालों की टोली। २. षड्यन्त्रकारियों की मंडली। गुन्डाटोली।

चंडाळण–*(ना०)* १. चाण्डाल जाति की स्त्री। २. चांडाल स्त्री। *(वि०)* क्रूर स्वभाव वाली।

चंडाळणी–दे० चंडाळण।

चंडाळी–*(ना०)* १. क्रोध। २. उग्र क्रोध।

चंडावळ–दे० चंदावळ।

चंडिका–दे० चंडी।

चंडी–*(ना०)* १. चंडिका देवी। दुर्गा। २. कर्कशा स्त्री। *(वि०)* कर्कशा।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चंडीश-(न०) महादेव । शिव ।

चंडू-(न०) अफीम का किवाम जो तंबाकू की तरह नशा करने के लिये चिलम में पिया जाता है ।

चंडूखानो-(न०) चंडू पीने का नशाबाजों का स्थान ।

चंडूल-(ना०) एक चिड़िया ।

चंडोळ-(ना०) एक प्रकार की पालकी ।

चंद-(न०) १. चंद्रमा । चाँद । (ना०) एक रागिनी । (वि०) कुछ । थोड़े । थोड़े से । २. कई एक ।

चंदगी-(ना०) १. रुपया-पैसा । २. बहुत थोड़ा पैसा ।

चंदण-(न०) चंदन । श्रीखंड । संदल । चनण ।

चंदणगिर-(न०) चंदनगिरि । मलयाचल । मलयगिरि ।

चंदणगोह-(ना०) एक प्रकार की गोह । चंदनगोह ।

चंदणहार-(न०) १. चंदनहार । २. चन्द्रहार ।

चंदणिया-(वि०)चंदन के समान रंगवाला । चंदनी । चंदनिवा ।

चंदन-दे० चंदण ।

चंदनाम-दे० चंदनामो ।

चंदनामो-(न०) यावच्चन्द्र प्राप्त की हुई ख्याति । यावच्चन्द्र बनी रहने वाली कीर्ति । २. ऐसा काम जिसकी ख्याति यावच्चन्द्र बनी रहे । ३. कीर्त्ति । यश ।

चंदप्रहास-दे० चंद्रप्रहास ।

चंदमुखी-(वि०) चन्द्रमा के समान मुख वाली । चंद्रमुखी । चंद्राननी ।

चंदरमा-(न०) चंद्रमा ।

चंदरवो-(न०) चंदोवा ।

चंदळाई-दे० चंदळेवो ।

चंदळियो-दे० चंदळेवो ।

चंदळेवो-(न०) चौलाई । चंदळियो ।

चंद वदनी-दे० चंदमुखी ।

चंद बरदाई-(न०)डिंगल महाकाव्य 'पृथ्वीराज रासो' का रचयिता प्रसिद्ध महाकवि चंदवरदायी ।

चंदवो-दे० चंदरवो ।

चंदाणणी-(वि०) चन्द्रवदनी । चंद्राननी ।

चंदावदनी-दे० चंदाणणी ।

चंदावळ-(ना०) सेना का पीछे का भाग । २. चांद्रायण व्रत ।

चंदो-(न०) १. किसी कार्य की सहायता के लिये कई व्यक्तियों से उगहाया हुआ धन । चंदा । २. पत्र-पत्रिकाओं का वार्षिक मूल्य । ३. सदस्य शुल्क । ४. चंद्रमा ।

चंदोल-(न०) १. सेना का पिछला भाग । चंदावळ । २. एक प्रकार की पालकी ।

चंदोवो-(न०) चंदोवा । चंदरवो ।

चंद्र-(न०) १. चन्द्रमा । चाँद । २. मोर पाँख का चन्द्राकार चिन्ह या भाग । चंद्रक । ३. एक की संख्या । ४. शकुन तथा योग के अनुसार बाएँ नासाछिद्र से चलने वाला श्वासोच्छ्वास । चंद्रस्वर ।

चंद्रकळा-(ना०) चंद्रिका । चाँदनी । चानणी ।

चंद्रग्रहण-(न०) चंद्रमा का ग्रहण ।

चंद्रदुरंग-(न०) चितौड़गढ़ का एक नाम । चंद्रदुर्ग ।

चंद्रप्रहास-(ना०) तलवार ।

चंद्रबिंदु-(न०) सानुनासिक वर्णों के ऊपर लगने वाला अर्ध चन्द्राकार और बिन्दु । 'ँ' ऐसा चिन्ह । अर्धबिन्दु ।

चंद्रमा-(न०) चंद्र । इंदु । शशि । । चाँद ।

चंद्रमुखी-दे० चंदमुखी ।

चंद्रमौलि-(न०) महादेव ।

चंद्रवार-(न०) सोमवार ।

चंद्रवो-दे० चंदरवो ।

चंद्रशेखर-(न०) महादेव ।

चंद्रहार-(न०)१. रत्नहार । २. एक प्रकार का हार ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चंद्रहास-*(ना०)* १. तलवार । २. रावण की तलवार का नाम । ३. एक भक्त का नाम ।

चंद्रहांस-*(न०)* चंद्रहार । हार ।

चंद्राणणी-दे० चंदाणणी ।

चंद्रायणो-*(न०)* एक छंद ।

चंद्रुवो-दे० चंदोवो ।

चंद्रोदय-*(न०)* १. चंद्रमा का उदय । २. एक रसौषधि ।

चंपक-*(न०)* चंपा का वृक्ष अथवा पुष्प ।

चंपकळी-*(ना०)* १. गले का एक आभूषण । २. चंपे के फूल की कली ।

चंपकवरणी-दे० चंपावरणी ।

छूं-*(क्रि०)* वर्तमान कालिक 'छै' (हिंदी 'है') क्रिया का उत्तम पुरुष एकवचन रूप। हूं। जैसे—म्हूं आयो छूं।

छूंछ-*(ना०)* उमंग। उत्साह।

छूंछो-*(न०)* फल का तंतु। फल के गूदे का निस्सार भाग। *(वि०)* १. निःसार। निःसत्व। २. खाली। रिक्त। ३. निर्धन।

छूंतको-दे० छूंतरको।

छूंतरको-*(न०)* छिलका। **फोतरको**। **फोतरो**।

छूंतरो-*(न०)* छिलका। **फोतरको**। **फोतरो**। **फोतो**।

छूंदो-*(न०)* किसी फल की कतलियाँ बना कर या कुचल कर चीनी की चाशनी में बनाया जाने वाला एक प्रकार का अचार। कचूमर। कचुंबर।

छेक-*(न०)* १. चाकू या किसी शस्त्र की धार की रगड़ से बना घाव या दरार। चीरने का घाव। चीरा। **चीरो**। २. छेद। सुराख। ३. अंत। सीमा। ४. रद्द।

छेकड़-*(अव्य०)* अंत में। आखिर में। *(न०)* दरार। सुराख।

छेकड़ो-*(न०)* सुराख। दरार।

छेकणो-*(क्रि०)*१. काटना। चीरा लगाना। २. लिखा हुआ ठीक नहीं है ऐसा समझने के लिये उसके ऊपर लकीरें खींचना। लिखे हुए को रद्द करना। ३. सुराख करना। छेदना। ४. छलांग मारना। ५. भागना।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

छेकलो–दे० छेकड़ो।

छेकाछेक–(ना०) १. लिखे हुए को रद्द समझने के लिए उसके ऊपर खींची हुई लकीरें। काटा-कूटी। २. काटने चीरने का काम।

छेकानुप्रास–(न०)एक अलंकार (साहित्य)।

छेकियोड़ो–(वि०) लिखावट में काट-छांट किया हुआ। लिखावट पर काट-छांट की हुई। काटा हुआ। रद्द किया हुआ।

छेको–(क्रि०वि०) शीघ्र। जल्दी। (न०) शीघ्रता। दे० छेक।

छेकोक्ति–(ना०) साहित्य में एक अलंकार।

छेटी–दे० छेती।

छेटै–(क्रि०वि०)दूर। दूरी पर। फांसले से।

छेटो–(क्रि०वि०) दूर। (न०) दूरी। अंतर।

छेड़–(ना०) १. छेड़छाड़। छेड़ने का काम। २. रगड़ा। चाल। बदमाशी। ३. हँसी। दिल्लगी। मसकरी।

छेड़खानी–(ना०) छेड़-छाड़।

छेड़छाड़–(ना०) किसी को तंग करने या चिढ़ाने की बात या क्रिया।

छेड़णी–(ना०) दे० छेड़ या छेड़खानी।

छेड़णो–(क्रि०) १. छेड़ना। तंग करना। २. चिढ़ाना। खिजाना। ३. किसी कार्य, गायन या विवाद आदि को शुरु करना।

छेड़ा–दे० छाजिया।

छेड़ा-छेड़ी–(ना०)१. पाणिग्रहण के अवसर पर तथा भांवर लेते समय वर और कन्या के दुपट्टे और चुनरी दोनों के छोरों में दी जाने वाली गाँठ। गँठजोड़ा। गठबंधन। २. छेड़खानी।

छेड़ा-छेड़ी री जात–(ना०) १. गँठजोड़े के साथ दम्पति द्वारा की जाने वाली देव-पूजा या यात्रा। पाणिग्रहण के बाद नवदंपति का देव दर्शन को जाना। २ किसी मान्यता के उपलक्ष में दम्पति द्वारा की जाने वाली देव दर्शन की यात्रा और भेंट।

छेड़ा लेणो–(मुहा०) १. वृद्ध के मरने पर उसकी कीर्त्ति को स्त्रियों द्वारा रोने की राग में गाना। २. वृद्ध समधी की मृत्यु पर समधिनों के द्वारा व्यंग्य या परिहास के रूप में शोक-गीत का गाना। सापा गाना। पल्ला लेणो।

छेड़ियो–(न०) १. गले का वह आभूषण जिसके किनारों पर पोत (चीडों) या मोतियों के गुच्छे लगे हों। २. पोत या छोटे मोतियो का गुच्छा।

छेड़ै–(क्रि०वि०) १. एक ओर। २. किनारे पर। छोर पर।

छेड़ो–(न०)१ ओढ़नै या साड़ी का पल्ला। वस्त्र का छोर। २. घूंघट। ३. अंत। पार। समाप्ति। ४. किनारा। अंतिम भाग। ५. सीमा। हद। ६. एक ओर। ७. रुदन का एक प्रकार। ८. मृतक के पीछे स्त्रियों का रुदन। ९. वृद्ध मृतक के पीछे स्त्रियों द्वारा रुदन राग में गाया जाने वाला शोक-गीत।

छेड़ो वाळणो–(मुहा०) मृतक के पीछे रोना। (स्त्रियों का)

छेणी–दे० छीणी।

छेतरण–(ना०) १. कपट। छल। २. धोखा। दगा।

छेतरणो–(क्रि०) १. धोखा देना। ठगना। २. भुला देना। भ्रम में डालना। चकमा देना। कपट करना।

छेतरामण–(ना०) १. ठगाई। धोखा। २. भ्रांति। धोखा। भ्रम। ३. कपट। छल। ४. भूल।

छेतरामणी–दे० छेतरामण।

छेतरीजणो–(क्रि०) १. धोखा खाना। ठगीजणो। २. भ्रम में पड़ना।

छेती–(ना०) १. दूरी। फासला। अंतर। छेटो। २. बाधा। अड़चन।

छेत्र–(न०) क्षेत्र।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

छेद-*(न०)* १. सुराख। छिद्र। फाँको। २. विवर। बिल। ३. नाश। ४. दोष।

छेदणो-*(क्रि०)* १. छेदना। छेद करना। २. नाश करना। मारना। ३. काटना। ४. घाव करना।

छेदो-*(न०)* १. छल। कपट। २. धोखा।

छेलछेलो-*(वि०)* सबसे अंतिम।

छेलमछेलो-*दे०* छेलछेलो।

छेलो-*(वि०)* अंतिम।

छेवट-*(न०)*अंत। अखीर। सेवट। *(अव्य०)* अंततः। आखिरकार। आखिर में।

छेवटी-*(ना०)* १. घोड़े की जीन। २. पलान। काठी। पलाण।

छेवाड़ो-*(न०)* १. अंत। २. सीमा। ३. किनारा। छोर।

छेह-*(न०)* १. दगा। विश्वासघात। २. अंत। समाप्ति। ३. किनारा। ४. थाह। गहराई। ५. हानि। ६. ओर। तरफ।

छेहड़ळो-*दे०* छेहलो।

छेहड़ै-*(अव्य०)* १. एक तरफ। २. किनारे पर।

छेहड़ो-*दे०* छेड़ो।

छेहलो *(वि०)* अंतिम। आखिरी। छेलो।

छै-*(क्रि०)* वर्तमान कालिक क्रिया 'हुणो', 'होणो' अथवा 'होवणो' (हिंदी 'होना') का अन्य पुरुष में एक वचन और बहु वचन रूप 'है' तथा 'हैं'। जैसे—राम आयो छै। राम नै लछमण आया छै।

छैल-*(न०)* १. छैला। रंगीला पुरुष। २. पति। प्रीतम। ३. वह जिसका प्रपितामह (परदादा) जीवित हो। भँवर। *(वि०)* १. प्यारा। २. रंगीला। रसिक। छैला।

छैलकड़ी-*(ना०)* कान के बीच में पहनी जाने वाली एक प्रकार की वाली।

छैलकड़ो-*(न०)* पाँव में पहनने का सोने या चाँदी का एक प्रकार का कड़ा।

छैलछबीलो-*(वि०)* १. शौकीन। रसिक। सजा-धजा।

छैलण-*दे०* छैली।

छैलभँवर-*(न०)* रसिक पुरुष। रंगीला व्यक्ति।

छैली-*(वि०)* १. बनी-ठनी। सजीली। २. शौकीन। ३. नखराली। छैलण।

छैलो-*(वि०)* १. बना-ठना। सजीला। शौकीन। २. प्यारा। ३. नखराबाज।

छो-*(भू०क्रि०)*सत्तार्थक क्रिया 'हुवणो' होणो और होवणो के उत्तम, मध्यम और अन्य तीनों पुरुषों में संभाव्य (वर्तमान या भूत) काल के दोनों वचनों का रूप। हो। था। जैसे हूं आयो छो। थूं आयो छो। ३. वो आयो छो। *(अव्य०)*१. भले। अस्तु। भला। खैर। अच्छा। २. कोई बात नहीं। २. वाह। खूब।

छोकणो-*(क्रि०)* १. मस्त होना। २. नशे में बेहोश होना। ३. तृप्त होना। छक जाना।

छोकरड़ी-*दे०* छोकरी। (तिरस्कार शब्द)

छोकरड़ो-*दे०* छोकरो। (तिरस्कार शब्द)

छोकर बुद्धि-*(वि०)* बालक जैसी अल्प बुद्धि वाला। नासमझ। *(ना०)* १. नासमझी। लड़कपन।

छोकर मत-*दे०* छोकर बुद्धि।

छोकरवाद-*(न०)* लड़कपन।

छोकरियो-*दे०* छोकरड़ो।

छोकरी-*(ना०)* १. बच्ची। २. लड़की। कन्या। छोरी। ३. दासी।

छोकरो-*(न०)*१. बालक। छोरो। बच्चा। २. पुत्र। ३. संतान।

छोगाळो-*(वि०)* १. कलगी वाला। २. पगड़ी या साफे में फुंदने (तुर्रे) वाला। छोगे वाला। ३. शौकीन। रसिक। ४. वीर। बहादुर।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

छोगो–*(न०)*१. कलगी । २. पगड़ी या साफे में उठा हुआ तुर्रे के समान छोर । ३. साफा के पीछे की ओर लटकने वाला छोर । ४. तुर्रे के समान बना गोशवार । सिरपेच ।

छोटक्यो–*(वि०)* छोटा । नैनो । *(न०)* छोटा पुत्र । छोटोड़ो ।

छोटमन–*(वि०)* कंजूस ।

छोटाई–*(ना०)* १. छोटापन । लघुता । २. क्षुद्रता । ओछापन । ३. नीचता ।

छोटो–*(वि०)* १. जो अवस्था, कद, विस्तार पद और परिमाण आदि में कम हो। छोटा । नैनो । २. ओछा । क्षुद्र । ३. न्यून । कम । थोड़ा ।

छोटो-मोटो–*(वि०)* १. साधारण । २. छोटा सा । ३. तुच्छ ।

छोड–*(ना०)* १. भ्रूण के स्थान गर्भाशय में उत्पन्न होने वाला मांसपिंड । २. पौधा ।

छोड़णो–*(क्रि०)* १. छोड़ना । मुक्त करना । २. अपराध क्षमा करना । माफ करना । ३. अपने अधिकार या प्रभुत्व को हटा लेना । ४. त्यागना । त्याग करना । ५. पद, कार्य अथवा अधिकार से अलग होना । ६. साथ न देना । पीछे रहने देना । ७. किसी कार्य को भूल वश न करना । भूल जाना । ८. अभियोग से मुक्त करना । ९. बंदूक की गोली या तीर को चलाना । १०. गिराना ।

छोड़ाणो–दे० छुड़ाणो ।

छोड़ावणो–दे० छुड़ाणो ।

छोड़ो–दे० छोडो ।

छोण–*(न०)* बछड़ा ।

छोणी–*(ना०)* पृथ्वी । धरती । क्षोणि ।

छोत–*(ना०)* १. संसर्ग दोष । २. अपवित्र । वस्तु को छूने का दोष । ३. अपवित्रता । ४. अस्पृश्य को छूने का अशौच । ५. अस्पृश्यता । ६. छिलका ।

छोतरको–दे० छोती ।

छोतरो–*(न०)* छिलका । फोतो । फोतरो ।

छोती–*(न०)* छिलका । फोती ।

छोतो–*(न०)*१. घास । चारा । चार-छोतो । २. फूस । ३. तिनका ।

छो-नी–*(अव्य०)*भले ही । भले । भलां ही ।

छोर–*(न०)*१. किनारा । २. सिरा । नोक । ३. अंतिम सीमा ।

छोरा-रोळ–*(ना०)*१. नासमझी । नादानी । मूर्खता । २. बच्चों का सा खेल ।

छोरी–*(ना०)* १. लड़की । छोकरी । २. पुत्री । बेटी । ३. दासी ।

छोरू–*(न०)* १. संतान । पुत्र, पुत्री आदि । २. पुत्र । ३. छोरा । बालक । ३. सेवक । *(वि०)* चिरंजीव ।

छोरो–*(न०)*१. लड़का । बच्चा । छोकरो । २. पुत्र । बेटो ।

छोल–*(न०)* १. छिलका । २. छाल । ३. चमड़ी । ४. छीलन । खरोंच । ५. छोडो ।

छोळ–*(ना०)* १. लहर । तरंग । २. तेज लहर । लहर का झपट्टा । ३. प्रवाह का वेग । ४. अतिवेग से बरसने वाली वर्षा । ५. बौछार । ६. उदारता । ७. उमंग । मौज । ८. प्रसन्नता । आनंद । ९. हँसी । ठट्ठा । मजाक ।

छोळणो–*(क्रि०)* १. छीलना । छिलका उतारना । २. खुरचना । ३. खरादना ।

छोलदारी–*(ना०)* छोटा खेमा या तम्बू ।

छोला–*(न०)* चना ।

छोह–*(न०)* १. क्रोध । २. रोष । क्षोभ । ३. उत्साह । ४. जोश । ५. अनुग्रह । दया । ६. स्नेह । प्रेम । ७. वियोग ।

छोंकर–*(ना०)* शमीवृक्ष । खेजड़ी । जांट ।

छोंतरो–*(न०)*छिलका । छोतरो । फोतरो ।

छोंती–दे० छोती ।

छौ–दे० छो ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

छौडो-*(न०)* १. वृक्ष की छाल। २. छाल का टुकड़ा। ३. लकड़ी का छोटा टुकड़ा। कुल्हाड़ी या बँसोले से उतारा हुआ (काटा हुआ) लकड़ी का चपटा टुकड़ा।

छौळ-दे० छोळ।

छौळ-बौळ-*(वि०)* अत्यधिक। *(ना०)* १. अधिकता। २. मौज-मजा। ३. हँसी-मजाक। ४. प्रसन्न। खुश।

छौळीलो-*(वि०)* १. मौजी। लहरी। २. हँसोड़। मसखरा।

छ्यासट-दे० छासट।

छ्यासी-दे० छियासी।

ज

ज-संस्कृत परिवार की राजस्थानी वर्णमाला के चवर्ग का तीसरा वर्ण। इसका उच्चारण स्थान तालु है।

ज-*(अव्य०)* १. जोर, प्रभाव, और निश्चय सूचक एक शब्द। ही। २. काव्य तथा गीतों में एक पाद पूरक अक्षर। *(प्रत्य०)* किसी शब्द के अंत में संयुक्त होने पर उत्पत्ति अर्थ का वाचक नर जाति प्रत्यय। जैसे—जल+ज= जलज। *(सर्व०)* १. जिस। २. उस।

जइ-*(क्रि०वि०)* १. यदा। जब। २. यहाँ। *(अव्य०)* यदि। जो। अगर।

जइयाँ-*(सर्व०)* १. जिसको। *(क्रि०वि०)* जहाँ।

जई-*(क्रि०वि०)* जब। *(ना०)* १. जौ। यव। २. छः राई का तौल। ३. लंबे डंडे में लगी लकड़ी की दो नोकों वाली कँटीली झाड़ी या घास आदि उठाने का कृषकों का एक उपकरण। बेई। *(वि०)* जीतने वाला। जयी।

जईमैण-*(न०)* मयणजई। मदनजई। महादेव।

जक-*(ना०)* १. चैन। शांति। २. आराम। विश्राम।

जकड़-*(ना०)* १. बंधन। २. पकड़। ३. कस कर पकड़ने या बाँधने का भाव।

जकड़णो-*(क्रि०)* १. मजबूती से पकड़ना। २. मजबूती से बाँधना। कस कर बाँधना।

जकड़ी-*(ना०)* १. गीत, भजन, लावनी या ख्याल आदि के अंतरा के बीच में बदलने वाली राग या लय। २ लावनी। ३. एक छंद। ४. संगीत का एक ताल।

जकड़ीजणो-*(क्रि०)* १. बंधन में आना। फँस जाना। २ बँध जाना (बातचीत में)। ३. ठंड, चोट आदि लगने से शरीर का अकड़ जाना।

जकण-*(सर्व०)* जिस। जिकण। जिके।

जकणो-*(क्रि०)* १. नींद में बात करना। व्यर्थ बकना। ३. चौंकना। भौचक्का होना। ४. चैन पड़ना। आराम मिलना।

जका-*(सर्व०)* १. स्त्री वाचक एक सर्वनाम। जो। २. सो। ३. वह। ४. उस।

जकात-*(ना०)* १. चुंगी। आयात कर। महसूल। २. खैरात।

जकात-माफी-*(ना०)* कर मुक्ति। महसूल माफी।

जकार-*(न०)* 'ज' वर्ण।

जकाँरै-*(सर्व०)* जिनके। जिकारै। जिणारै।

जकाँरो-*(सर्व०)* जिनका। जिकारो। जिणारो। *(ना०)* जकाँरी।

जकी-दे० जका।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जकें-(सर्व०) १. एक बहुवचन संबंध सूचक सर्वनाम। जो। २. वे। ३. उन। ४. जिन।

जको-(सर्व०) १. जो। २. सो। ३. उस। ४. वह।

जकोई-(सर्व०) जिसका जिक्र या उल्लेख हुआ हो। पूर्वोक्त। वही। वह ही।

जको ज-दे० जकोई।

जको ही-दे० जकोई।

जक्ख-(न०) यक्ष।

जक्ष-(न०) यक्ष।

जख-(न०) यक्ष।

जख कादम-(न०) १. एक प्रकार का अंग-लेप, जिसका लेप यक्ष अपने अंगों पर करते हैं। यक्ष कर्दम। २. कपूर, कस्तूरी अगर, कंकोल इत्यादि सुगंधित पदार्थों से बनाया जाने वाला एक अंग लेप।

जखणी-(ना०) यक्षिणी।

जखणो-(क्रि०) १. व्यर्थ बकना। २. अधिक बुखार में असंगत और व्यर्थ बकना।

जखम-(न०) १. जख्म। घाव। क्षत। २. फोड़ा।

जखमायल-(वि०) जख्मी। घायल।

जखमी-(वि०) जख्मी। घायल।

जखराज-(न०) यक्षराज। कुबेर।

जखराट-(न०) कुबेर। यक्षराज।

जखवै-(न०) यक्षपति। कुबेर।

जखाधीस-(न०) यक्षाधीश। कुबेर।

जखीराज-(न०) कुबेर। ~क्षराज।

जखीरो-दे० जखेरो।

जखेरो-(न०) १. ढेर। राशि। जखीरा। २. कोष।

जखेस-(न०) १. महादेव। शंकर। यक्षेश। २. कुबेर। यक्षेश।

जखेसर-दे० जखेस।

जग-(न०) १. संसार। जगत। २. यज्ञ।

जगकर्ता-(न०) जगत को रचने वाला। ईश्वर।

जगचख-(न०) १. सूर्य। जगचक्षु।

जगचावो-(वि०) जग प्रसिद्ध। विश्व-विख्यात।

जग जरणी-(ना०)जगदंबा। जग जननी।

जग जणियार-(न०) जगत्पिता।

जग जाड-(ना०) जगत की जड़ता। अज्ञा-नता।

जगजामी-(न०) जगत्पिता।

जगजिवास-(न०) १. जगत का जीवन। २. परमेश्वर। ३. पवन। वायु।

जगजेठ-(वि०) जगत में बड़ा। (न०) १. प्रख्यात वीर। २. ईश्वर। ३. संसार के बड़ों में से बड़ा।

जगजेठी-दे० जगजेठ।

जगजोत-(न०) १. सूर्य। जगज्योति। जगचख। २. ईश्वर।

जगढाल-(न०) जगत का रक्षक।

जगण-(न०)१. छंद शास्त्र में दो लघु और इनके बीच में एक गुरु ऐसे तीन अक्षरों का एक गण। २. यज्ञ। ३. अग्नि।

जगणो-(क्रि०) जागना। जागणो।

जगत-(न०) संसार। विश्व। दुनिया।

जगतजेठ-दे० जगजेठ।

जगतण-(ना०) वेश्या।

जगतप्राण-(न०) १. पवन। वायु। २. ईश्वर।

जगतसेठ-(न०) अत्यन्त धनी व दानी व्यक्ति को सरकार की ओर से दी जाने वाली एक उपाधि।

जगतंबा-दे० जगदंबा।

जगति-(ना०) द्वारिका नगरी।

जगती-(ना०) १. संसार। २. पृथ्वी। ३. मंदिर का तल। सतह। आँगन। प्लिथ।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जगत्र-(न०) १. जगत । संसार । २. जग-त्रय । त्रिलोक । ३. यज्ञ । ४. यज्ञमंडप ।

जगदंबा-(ना०) १. जगज्जननी । जगत की माता । २. महामाया । ३. दुर्गा ।

जगदाधार-(न०) ईश्वर ।

जग-दिवलो-(न०) सूर्य ।

जगदीश-(न०) ईश्वर ।

जगदीश्वर-(न०) परमात्मा । परमेश्वर ।

जगदीश्वरी-(ना०) १. महामाया । जग-दीश्वरी । २. दुर्गा ।

जगदीस-(न०) जगदीश । ईश्वर ।

जगदीसर-दे० जगदीस ।

जगदीसरी-(ना०) जगदीश्वरी । दुर्गा । महामाया ।

जगदुआळ-(न०) १. जगद्वाल । व्यर्थ का आडम्बर । २. माया । संसार का प्रपंच ।

जगधणी-दे० जगदीस ।

जगन-(न०) १. यज्ञ । २. महाभोज । ब्रह्म-भोज । ३. बड़ा काम । कीर्ति काम ।

जगनाथ-(न०) १. जगन्नाथ । परमेश्वर । २. उड़ीसा की जगन्नाथपुरी का श्रीकृष्ण का अपूर्ण दारु-विग्रह । श्री जगन्नाथपुरी की श्रीकृष्ण (सुभद्रा और बलभद्र के साथ) की अर्धपूर्ण (असंपूर्ण) काष्ठमूर्ति । ३. चार दिशाओं के चार धामों में पूर्व दिशा का जगन्नाथ धाम । जगदीशपुरी ।

जगनाथी-(ना०) १. एक वस्त्र । २. एक जलपात्र ।

जगनामो-(न०) १. सत्कर्मों द्वारा संसार में रह जाने वाला अमर नाम । २. जग-यश । जगकीर्ति । ३. जगप्रसिद्धि । विश्वख्याति ।

जगनैण-(न०) सूर्य ।

जगन्नाथ-दे० जगनाथ ।

जगपुड़-(न०) १. पृथ्वीतल । जगतीतल । २. पृथ्वी । जमीन ।

जगप्राण-दे० जगतप्राण ।

जगभाळण-(ना०) १. आंख । नेत्र । २. सूर्य ।

जगमग-(न०) प्रकाश । चमक । (वि०) प्रकाशमान । चमकीला ।

जगमगणो-(क्रि०) चमकना । जगमगना ।

जगमगाट-(ना०) चमक । जगमगाहट ।

जगमिण-(न०) जगद्मणि । सूर्य ।

जगमोहन-(न०) १. ईश्वर । २. देवमंदिर में गर्भगृह के सामने का स्थान ।

जगर-(न०) १. कवच । २. अधिकार । वश ।

जगरै आवणो-(मुहा०) घोड़ी का ऋतु में आना । घोड़ी को कामेच्छा होना । जाग में आणो ।

जगरो-(न०) १. शीघ्र जल उठने वाली पतली टहनियों और घास आदि की छोटी राशि । शीत मिटाने के उद्देश्य से जलाने के निमित्त इस प्रकार का इकट्ठा किया हुआ कचरा । तृणपुंज । २. घोड़ी का ऋतु समय । घोड़ी की कामेच्छा । जाग ।

जगवंद-(न०)१. जगवंदनीय । २. परमात्मा ।

जगवंदण-दे० जगवंद ।

जगवासग-(न०) १. जगत को बसाने वाला व पोषण करने वाला ईश्वर । २. जो जगत में व्यापक है वह । ३. जिसके अंदर जगत बसा हुआ है वह । परमात्मा । परब्रह्म ।

जगवै-(न०) जगपति । ईश्वर ।

जगसाखी-(न०) सूर्य । जगत्साक्षी ।

जगहथ-(न०) समस्त जगत को विजय कर अपने हाथ (अधिकार) में करने का काम । जगद्विजय । दिग्विजय ।

जगा-(ना०) १. स्थान । स्थल । जगह । २. खाली स्थान । ३. मकान । ४. नौकरी । ५. पद । ओहदा ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जगाजोत–(ना०) १. अनेक दीपकों का प्रकाश । जगमगाहट । २. अनेक दीपक । दीपक माल ।

जगाणो–(क्रि०) १. जगाना । नींद छुड़ाना । २. प्रज्वलित करना । ३. सावधान करना ।

जगात–दे० जकात ।

जगाती–(वि०) जकात वसूल करने वाला । (न०) जकात वसूल करने वाला व्यक्ति ।

जगावणो–दे० जगाणो ।

जगीस–(न०) १. युद्ध । २. बड़ा यश । ३. जगदीश । (ना०) १. इच्छा । अभिलाषा । २. कीर्ति । यश ।

जग्गार दे० जागर ।

जग्य–(न०) यज्ञ ।

जग्योपवीत–(न०) यज्ञोपवीत । जनेऊ । जनोई ।

जचणो–(क्रि०) १ उचित लगना । हृदय में जमना । जँचना । २. स्वीकार होना । ३. स्थिर होना । कायम होना । ४. फबना । सुंदर लगना । ५. किसी वस्तु का अन्य वस्तु से मेल खाना ।

जचाणो–दे० जचावणो ।

जचावणो–(क्रि०) १. जँचवाना । जाँच करवाना । २. तोल करवाना । ३. परीक्षा करवाना । ४. किसी वस्तु का किसी अन्य वस्तु से मेल बिठवाना । ५. प्रतीति करवाना । ६. यथावत् मनाना ।

जच्चा–(ना०) प्रसूता स्त्री ।

जच्चा राणी–(ना०) १. पुत्र प्रसूता का महिमामय नाम । २. पुत्र प्रसव के समय गाया जाने वाला एक लोकगीत । ३. जच्चा ।

जच्छ–(न०) यक्ष ।

जज–(न०) उच्च या उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश ।

जजण–(न०) १. यजन । यज्ञ । २. याग-करण । ३. पूजन । ४. यज्ञ करने का स्थान ।

जजमान–(न०) १. यज्ञकर्त्ता । २. यज्ञानुष्ठान में दीक्षित । यजमान । ३. व्रती । ४. दक्षिणा (पारिश्रमिक) देकर ब्राह्मण से धार्मिक क्रिया कराने वाला । ५. ब्राह्मण को दान देने वाला ।

जजमानी–(ना०) १. यजमान वृत्ति । पुरोहिती । २. किसी ब्राह्मण की किसी घर, जाति या गाँव की विवाह आदि कार्य सम्पन्न कराने की निश्चित की हुई वृत्ति । विरत ।

जजर–(न०) १. यमराज । २. एक शस्त्र । ३. वज्र । ४ झनकार । (वि०) १. जर्जरित । जीर्ण । २. बुड्ढा । वृद्ध । ३. शिथिल । ४. क्षतविक्षत ।

जजरंग–(न०) १. यमराज । २. सिंह । ३. वज्र ।

जजराग–(न०) १. वज्र । २. वज्राग्नि । ३. यम । काल । ४. सिंह । ५. तोप ।

जजराट–(न०) यमराज ।

जजायळ–(ना०) ऊंट पर कस कर चलाई जाने वाली लंबी बंदूक । शुतुरनाल ।

जजायळची–(न०) जजायळ बंदूक छोड़ने वाला उष्ट्रारोही । शुतुरनाल को चलाने वाला ।

जजियो–(न०) १. 'ज' वर्ण । २. एक कर जो मुसलमानी शासन काल में प्रत्येक हिन्दू से लिया जाता था । जजिया । जेजियो ।

जजेसर–(न०) दे० अजेसर ।

जज्जो–(न०) 'ज' वर्ण । जकार ।

जज्र–(न०)१.यमराज । २. वज्र । ३.तोप ।

जज्रमाथ–(न०)१. यमराज । जम । २.बड़ी तोप ।

जज्राट–(न०) यमराज । जमराज ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जट–(*ना०*) १. ऊंट व बकरी के बाल। ऊंट या बकरी के काटे हुए बाल। २. जटा।

जटधर–(*न०*) महादेव।

जटवाड़–(*ना०*) १. जाटों का मोहल्ला। जाटों की बस्ती। २. जाट समूह। ३. जाटों की सेना।

जटा–(*ना०*) १. सिर के बड़े बाल। २. बड़, पीपल आदि वृक्षों की जड़ के समान लटकती हुई शाखाओं के सिरों पर का महीन गुच्छा। ३. नारियल के ऊपर का तंतु-समूह। नारियल के ऊपर जमा हुआ रेशा।

जटाजूट–(*न०*) १. बहुत बड़ी जटा। २. जटा का बँधा हुआ बहुत बड़ा जूड़ा।

जटाधर–(*न०*) महादेव। शिव।

जटाधारी–(*वि०*) सिर पर जटा रखने वाला। (*न०*) १. योगी। तपस्वी। २. शिव। महादेव।

जटाय–(*न०*) जटायु।

जटायु–(*न०*) रामायण में वर्णित एक प्रसिद्ध गिद्ध।

जटाळ–(*न०*) महादेव।

जटाळो–(*न०*) १. बड़ी जटा वाला साधु। २. महादेव। (*वि०*) जटावाला।

जटाशंकरी–(*ना०*) गंगा। भागीरथी।

जटियो–(*न०*) चमड़ा साफ करने व रंगने वाली जाति का व्यक्ति।

जटियो-कुंभार–(*न०*) कुम्हार जाति का व्यक्ति जो जट बुनने का काम करता है।

जटियो-मेघवाळ–(*न०*) चमड़े को साफ करने या रंगने वाली एक जाति या उस जाति का व्यक्ति।

जटीधू–(*न०*) धूर्जटि। महादेव। **धूजटी**।

जटेत–(*वि०*) १. युद्ध करने वाला। लड़ाकू। (*न०*) १. शिव। महादेव। २. सिंह।

जठर–(*न०*) १. पेट। उदर। २. पेट का भीतरी भाग।

जठा–(*क्रिoवि०*) जिधर। जहाँ।

जठा ताँई–दे० जठालग।

जठा ताणी–दे० जठालग।

जठातीरै–दे० जठापछै।

जठापछै–(*क्रिoवि०*) जिसके बाद। तत्पश्चात्।

जठामहोर–(*क्रिoवि०*) १. जिसके पहिले। २. इसके पूर्व।

जठालग–(*क्रिoवि०*) जहाँ तक।

जठी–(*क्रिoवि०*) जिधर। जहाँ।

जठै–(*क्रिoवि०*) जहाँ। जिधर।

जड़–(*वि०*) १. अचेतन। चेतना रहित। २. मूर्ख। (*न०*) १. वृक्ष लता आदि का वह भाग जो भूमि में रहता है। जड़। मूल। २. नींव। ३. आधार। आश्रय। ४. कारण। ५. स्रोत।

जड–(*न०*) नाई। हज्जाम। (संकेत शब्द)।

जड़णो–(*क्रि०*) १. जड़ाई करना। आभूषणों के खानों या कोठों में रत्न को कुंदन की गोट लगा कर बिठाना। २. मारना। पीटना। ३. दृढ़ करना। ४. ताला लगाना। ५ बंद करना। ६. स्थिर करना। ७. अकड़ना। ८. मिलना। प्राप्त होना। ९. एक वस्तु में दूसरी वस्तु बिठाना। १०. जूते मारना।

जड़त–(*ना०*) कुंदन की गोट लगा कर किया जाने वाला आभूषणों में रत्नों की जड़ाई का काम। **जड़ाई**। (*वि०*) जिसमें जड़ाई हुई हो।

जड़तर–दे० जड़त।

जड़धर–(*ना०*) कटारी।

जड़बातोड़–(*वि०*) मुँहतोड़। सचोट।

जड़बो–(*न०*) मुँह के ऊपर नीचे की वे हड्डियाँ जिनमें दाँत लगे रहते हैं। जबड़ा। **जबाड़ो**।

जड़मूळ–दे० जड़ामूळ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जड़लग-*(न०)* १. तलवार । २. कटार ।

जड़ाई-*(ना०)* १. जड़ने का काम । २. जड़ने की मजदूरी । ३. जड़त का काम । जड़त ।

जड़ाऊ-*(वि०)* वह जेवर आदि जिसमें नग (रत्न) जड़े हों । जड़ाव वाला । जड़ा हुआ । जड़तवाला ।

जड़ाग-*(न०)* १. रत्न । मणि । २. आभूषण । ३. पुत्र । ४. घोड़ा । ५. युद्ध । *(वि०)* १. महाबलशाली वीर । २. श्रेष्ठ ।

जड़ाणो-*(क्रि०)* १. आभूषणों में रत्नों की जड़ाई करवाना । २. खिड़की या किवाड़ बंद करवाना । ३.ताला लगवाना । ४. प्रहार करने के लिये उकसाना । ५. प्राप्त करवाना । ६. तलाश करवाना । ६. जूते मरवाना या लगवाना । ८.पिटाई करवाना । पिटाना ।

जड़ामूळ-*(न०)* १. मूल का मुख्य साधन । जड़मूल । २.मुख्य मूल । ३.मुख्य आश्रय । ४. समस्त साधन । ५. आदि । शुरू । प्रारंभ । ६. वंश । ७. वंश परम्परा ।

जड़ायुज-*(न०)* घोड़ा ।

जड़ाळ-*(ना०)* कटारी ।

जड़ाली-*(ना०)* कटारी ।

जड़ाव-*(वि०)* रत्न जड़ित । *(न०)* १. मणि-माणिक्य । २. जड़ाई का काम ।

जड़ावणो-दे० जड़ाणो ।

जड़ियो-*(न०)* जड़ाई का काम करने वाला । आभूषणों में रत्नों को जड़ने वाला । २. जड़ाई का काम करने वाली जाति का व्यक्ति । जड़िया ।

जड़ी-*(ना०)* १. जड़ी-बूंटी । वनौषधि । २. औषधि के रूप में काम आने वाली वनस्पति की जड़ । ३. बहुत पतली मूली ।

जड़ीबूंटी-*(ना०)* वनौषधि ।

जड़ूलिया-दे० झड़ूलिया ।

जड़ूलियो-दे० झड़ूलियो ।

जड़ो-*(वि०)* १. जड़वत । मूर्ख । २. असभ्य । अशिष्ट । ३. अशिक्षित । ४. बैल, ऊंट आदि वह पशु जिसको सवारी की चाल नहीं सिखाई गई हो । बिना ढंग की चाल वाला । अणफेरियो ।

जण-*(न०)* १. व्यक्ति । जन । पुरुष । जणो । २. जन । लोक । ३. भक्त । ४. सज्जन । ५. लोक । समूह । *(सर्व०)* जिसने । जिस ।

जणण-*(न०)* १. उत्पत्ति । जन्म । २. संतान । ३. प्रसव ।

जणणी-*(ना०)* माता । जननी ।

जणणो-*(क्रि०)* बच्चे को जन्म देना । जनना ।

जणनै-दे० जिणनै ।

जणसूं-दे० जिणसूं ।

जणाणो-दे० जणावणो ।

जणा दीठ-*(अव्य०)*१. प्रति व्यक्ति । व्यक्ति वार ।

जणारजण-*(न०)* जनार्दन । विष्णु ।

जणाव-*(न०)* जानकारी ।

जणावणो-*(क्रि०)* १. जानने को प्रेरित करना । जतलाना । बताना । २. प्रसव कार्य करना । जनमाना । ३. प्रगट करना ।

जणां-*(क्रि०वि०)* जब । जिस समय । जरां । जदै । जद । *(न०ब०व०)* जन समूह । *(अव्य०)* जनों ने । लोगों ने ।

जणियारी-*(ना०)* जन्मदातृ । माता ।

जणियो-*(न०)* पुत्र । *(क्रि०भू०)* जन्म दिया जन्मा ।

जणी-*(ना०)* १. स्त्री । नारी । जनी । व्यक्ति । २. माता । ३. पुत्री । *(सर्व०)* १. जिस । २. उस । *(क्रि०वि०)* जब ।

जणीकै दीठ-*(अव्य०)* १. एक व्यक्ति को । २. एक एक व्यक्ति को । प्रत्येक व्यक्ति को । प्रतिव्यक्ति । ३. व्यक्ति की दृष्टि से ।

जणीकै वार-दे० जणीकै-दीठ ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जणीको–*(सर्व०)* १. उस। २. उसका। *(न०)* पिता। बाप। *(अव्य०)* एक व्यक्ति। काई व्यक्ति।

जणीको-जणीको–*(सर्व०)* १. जिस-जिस। २. उस-उस। *(अव्य०)* १. एक एक व्यक्ति। २. प्रत्येक व्यक्ति।

जणीती–*(ना०)* माता। जनीता। जनीती।

जणीतो–*(न०)* पिता। जनक। बाप।

जणीरो–*(सर्व०)* उसका। जणरो।

जणेता–दे० जणीता।

जणै–*(क्रि०वि०)* जब। जिस समय। जद। जरै।

जणो–*(न०)* १. व्यक्ति। पुरुष। जन। जण। २. पिता।

जत–*(ना०)* १. जन्म। २. ब्रह्मचर्य। ३. प्रतिष्ठा। ४.जती। ५.यति। ६.यतिधर्म। ७.एक मुसलमान जाति। *(वि०)* जितना।

जतधार–*(न०)* हनुमान।

जतन–*(न०)* १. रक्षण। २. यत्न। ३. प्रबंध। व्यवस्था। ४. उपाय। ५. नजर न लगने के लिये किया जाने वाला टोटका। ६. लाडकोड। लाड़चाव। लाड़ करने का उत्साह। ७. प्रमाण। ८. सत्कार। ९. प्रतिष्ठा।

जतनाँ–*(अव्य०)* १. लिये। निमित्त। २. सम्हाल करके। ३. लाड़कोड से।

जतरै–*(क्रि०वि०)* १. जब तक। २. जितने में।

जतरो–*(वि०)* जितना। जितरो। जित्तो।

जताणो–*(क्रि०)* १. सूचित करना। चेताना। २. प्रभाव दिखाना। ३. प्रभाव होना। ४. ज्ञात करवाना। बतलाना।

जताव–*(न०)* १. जताने का काम। २. प्रभाव। असर। ३. जानकारी।

जतावणो–दे० जताणो।

जतावो–दे० जताव।

जती–*(न०)* १. यति। २. ब्रह्मचारी। ३. परमपद प्राप्त करने के लिये यत्न करने वाला संन्यासी। ४. श्री पूज-शिष्य जैन साधु।

जत्थो–दे० जथ्थो।

जत्र–*(क्रि०वि०)* जहाँ। जहाँ पर।

जथा–*(ना०)* १. एक अलंकार। २. डिंगल गीत रचना का एक नियम। *(अव्य०)* जैसे। यथा। जिस प्रकार कि। उदाहरण स्वरूप। *(वि०)* जैसा। जिस प्रकार का।

जथा करतव–*(अव्य०)* कर्त्तव्य के अनुसार। यथा कर्त्तव्य।

जथा क्रम–*(अव्य०)* १. क्रम के अनुसार। यथा क्रम। २. कर्म के अनुसार। यथा कर्म।

जथा जात–*(वि०)* मूर्ख। यथा जाति।

जथा जोग–*(अव्य०)* १. जैसा जिस योग्य। उपयुक्त। २. जो जिस योग्य। यथा-योग्य।

जथा तथ–*(अव्य०)* यथा तथ्य। ज्यों का त्यों।

जथाबंदी–दे० जथ्थाबंदी।

जथाबंध–दे० जथ्था बंध।

जथामती–*(अव्य०)* यथामति। समझ के अनुसार।

जथारथ–*(वि०)* १. यथार्थ। २. ठीक। उचित। योग्य। *(अव्य०)* जैसा उचित हो।

जथारीत–*(अव्य०)* चालू रीति के अनुसार। यथा रीति।

जथा रुचि–*(अव्य०)* इच्छानुसार। यथा-रुचि।

जथावत–*(अव्य०)* जैसा था वैसा ही। यथावत।

जथाविध–*(अव्य०)* विधिपूर्वक। यथाविधि।

जथाशक्ति–*(अव्य०)* शक्ति के अनुसार। यथाशक्ति।

जथा सकती–दे० जथा शक्ति।

जथा सगत–दे० यथा शक्ति।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जथास्थान–*(अव्य०)* ठीक स्थान पर। यथा-स्थान।

जथो–*(न०)* १.समूह। झुंड। यूथ। जत्था। २. राशि। ढेर। ३ पक्ष। सहायकों या सवर्गों का दल। ४. साथियों या मित्रों का दल। ५. पूंजी। धन।

जथोचित–*(अव्य०)* जैसा या जितना उचित हो। यथोचित।

जथ्थाबंदी–*(ना०)* दलबंदी।

जथ्थाबंध–*(अव्य०)* १. छूटक नहीं किंतु बड़ी राशि के रूप में। *(न०)* १. बड़ा जत्था। बड़ी राशि। २. क्रय-विक्रय की थोक वस्तु।

जथ्थो–दे० जथो।

जद–*(क्रि०वि०)* जिस समय। जब। जरां। जरै।

जदन–*(अव्य०)* उस दिन।

जदपि–*(अव्य)* यदि ऐसा है ही। यद्यपि। अगरचे।

जदि–*(अव्य०)* जो। यदि। अगर।

जदी–दे० जद।

जदुकुळ–*(न०)* यदुकुल। यदुवंश।

जदुनंदण–*(न०)* यदुनंदन। श्रीकृष्ण।

जदुराज–*(न०)* यदुराज। श्रीकृष्ण।

जदुवंसी–*(न०)* यदुवंशी।

जदूणो–*(वि०)* उस समय का। जब का। *(क्रि० वि०)* उस समय से। तब से। (स्त्री० जदूणी)

जदे–दे० जद।

जन–*(न०)* एक वचन समास रूप में प्रयुक्त, जैसे—वैष्णवजन। प्रजाजन इत्यादि। दे० जण *(न०)*।

जनक–*(न०)* १. भगवान राम के ससुर विदेह जनक। भगवती सीता के पिता। मिथिलापुरी के महाराज जनक। २.पिता।

जनकजा–*(ना०)* सीता। जानकी।

जनकपुरी–*(ना०)* महाराज जनक की नगरी।

जनखो–*(न०)* हिजड़ा। जनखा। हींजड़ो।

जनता–*(ना०)* १. प्रजा। २. सर्वसाधारण लोग।

जननी–दे० जणणी।

जनपद–*(न०)* १. भूमि, भूमि पर बसने वाले जन और जन की प्रादेशिक जीवन के रूप में विकसित संस्कृति—प्राचीन काल के इन तीन तत्वों की एक भौगोलिक तथा राजनैतिक इकाई। गणराज्य। २. बस्ती। आबादी।

जनम–*(न०)*१. जन्म। उत्पत्ति। २.जीवन। जिंदगी।

जनम आठम–*(ना०)* जन्माष्टमी। भादों कृ० ८। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी।

जनम कुंडळी–*(ना०)* जन्म समय के ग्रह-योगों की काल गणना के अनुसार बनाया जाने वाला बारह राशियों का कोठा। दे० जन्म कुंडली।

जनम गाँठ–*(ना०)* १. साल गिरह। वर्ष गाँठ। जन्म दिन। २. जन्म दिन का उत्सव। बरस गाँठ।

जनम घूंटी–*(ना०)* जन्मघुट्टी।

जनमणो–*(क्रि०)* जन्म लेना।

जनम दिन–*(न०)* जन्म तिथि। जन्म दिन। बरस गाँठ।

जनमपत्री–दे० जन्म पत्री।

जनम भोम–*(ना०)* १. जन्मभूमि। २. मातृभूमि। मातभोम।

जनम-मरण–*(न०)* जन्मना और मरना जन्म-मरण।

जनम हारणो–*(मुहा०)* जन्म को व्यर्थ खोना। जीवन व्यर्थ गँवाना।

जनमाठम–दे० जनम आठम।

जनमारो–दे० जमारो।

जनमांतर–*(न०)* जन्मान्तर। दूसरा जन्म।

जनमोजनम–*(अव्य०)* जन्म-जन्म में। २. प्रति जन्म।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जनवरी-*(ना०)* ईसवी सन् का पहला महीना। जानुआरी।

जनवासो-दे० जानीवासो।

जनस-दे० जिनस।

जनाजो-*(न०)* मुसलमानों में मुर्दे को कब्र में गाड़ने को ले जाने की खटिया। मृतक की अरथी। अरथी। टिकची। सीढी।

जनादी-*(ना०)* बहुत कम मूल्य के एक पुराने सिक्के का नाम।

जनान खानो-*(न०)* अंतःपुर। रनिवास। रणवास।

जनानी डोढी-*(ना०)* रनिवास। अंतःपुर। जनानखाना।

जनानो-*(न०)* १. परदे में रहने वाला स्त्री समुदाय। हरम। अंतःपुर। २. स्त्री। औरत। ३. पत्नी। जोरू। ४. नामर्द। नपुंसक।

जनाब-*(न०)* श्रीमान्। महाशय।

जनारजन-*(न०)* १. जनार्दन। विष्णु। २. श्रीकृष्ण।

जनार्दन-*(न०)* १. विष्णु। २. श्रीकृष्ण।

जनावर-*(न०)* १. जानवर। पशु। जिनावर। २. गदहा। ३. जीवधारी। प्राणी। *(वि०)* मूर्ख।

जनाँ हंदा-*(वि०)* जिनका।

जनि-*(अव्य०)* नहीं। मत।

जनेऊ-दे० जनोई।

जनेत-*(ना०)* जनेता। *(न०)* बराती।

जनेता-*(न०)* माता। जनित्रि। जनीता। जणीती।

जनेती-*(न०)* बराती। जानियो।

जनेब-*(ना०)* १. तलवार। २. तलवार का वह प्रहार जो कंधे पर पड़ कर तिरछे बल कमर तक काट करे। जनेऊ की तरह तिरछा प्रहार। जनेवा।

जनोई-*(ना०)* १. यज्ञोपवीत। जनेऊ। २. जामे के ऊपर पहनने की एक प्रकार की लंबी कंठी। बधी। ३. सोने की लंबी कंठी।

जनोईवढ़-*(न०)* तलवार का ऐसा प्रहार जो धड़ को जनेऊ की तरह टेढ़ा काट दे। जनेव। जनेवा। लेवरणवढ।

जन्नत-*(न०)* स्वर्ग।

जन्म-दे० जनम।

जन्मकुंडली-*(ना०)* जन्म के समयों में ग्रहों की स्थिति की फल ज्योतिष के अनुसार बनाई हुई सारिणी। दे० जनम कुंडळी।

जन्मपत्री-*(ना०)* वह पत्रिका जिसमें किसी के जन्म के समय के ग्रहों की स्थिति, दशायें और अंतर्दशायें इत्यादि लिखी हुई रहती हैं। जन्म के बाद उत्तरोत्तर (भविष्य में) बनने वाले बनावों तथा लाभ-हानि को बताने वाली जन्मकुंडली के आधार से (ज्योतिषी के द्वारा) बनाई हुई पत्रिका। जन्मपत्रिका।

जन्मभूमि-*(ना०)* किसी के जन्म या देश का स्थान। जहाँ जन्म हुआ है वह देश या स्थान। मातृभूमि।

जन्माष्टमी-दे० जनमआठम।

जन्मांध-*(वि०)* जो जन्म से अंधा हो। अखम।

जप-*(न०)* किसी नाम या मंत्र का रटना। एक ही नाम को बार बार दोहराते रहने की क्रिया। रटन। जाप।

जपजाप-दे० जप।

जपणी-*(ना०)* १. जपमाला। माला। २. गोमुखी।

जपणो-*(क्रि०)* १. जप करना। जपना। २. कहना। ३. बोलना। उच्चारण करना। ४ शांत होना। बकवाद बंद करना।

जपत-*(दे०)* जब्त।

जप-तप-*(न०)* जप और तप। तपस्या और ईश्वर के नाम का जपन।

जपती-*(ना०)* १. जब्ती। २. कुर्की।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जपमाळा-(ना०) मंत्रजाप गिनने की माला। जप करने या गिनने की माला। माळा। सुमिरनी। तसबीह्। सुमरणी।

जपियो-(वि०) १. जप करने वाला। (न०) दक्षिणा या पारिश्रमिक लेकर यजमान के कल्याणार्थ किसी मंत्र का जप करने वाला। २. ब्राह्मण।

जबक-(ना०) प्रहार। चोट। चरक।

जबर-(वि०) १. जबरदस्त। २. साहसी। ३. पक्का। दृढ़।

जबरजस्त-दे० जबरो।

जबरजस्ती-(ना०) जबरदस्ती। बलात्कार। ज्यादती। (क्रि०वि०) बलपूर्वक। बलात्।

जबरजंग-दे० जबरो।

जबरदस्त-दे० जबरो।

जबरदस्ती-दे० जबरदस्ती।

जबराई-(ना०)१. जबरदस्ती। २. ज्यादती। ३. बल प्रयोग। ४. अत्याचार।

जबरायल-(वि०) जबरदस्त। पराक्रमी।

जबरी-(ना०) १. अनूठापन। विलक्षणता। २. खूबी। ३. ज्यादती। अधिकता। ४. अत्याचार। ५. जबरदस्ती। (वि०) १. बलवती। २. भयावनी। ३. बड़ी। प्रचंडिका। ४. चालाक। ५. जबरदस्त। (क्रि०वि०) जबरदस्ती से।

जबरेळ-(वि०) जबरदस्त। पराक्रमी।

जबरो-(वि०) १. जबरदस्त। २. बलवान। ३. होशियार। ४. चालाक। ५. बड़ा। प्रचंड। ६. भयावना। ७. दृढ़। मजबूत। ८. अच्छा। खूब।

जबाड़ो-(न०) जबाड़ा। जबड़ा। चौहड़।

जबाद-(ना०) कस्तूरी।

जबादि-जळहर-(न०) १. जलक्रीड़ा का केशर, कस्तूरी आदि से सुरभित जलाशय। २. ऐसे जल से किया जाने वाला स्नान। ३. सुरभित जलागार में की जाने वाली जलक्रीड़ा। स्नानक्रीड़ा।

जबान-(ना०) १. जीभ। जिह्वा। २. बोली। ३. वचन। प्रतिज्ञा। ४. भाषा।

जबानी-(वि०) १. कंठस्थ। कंठाग्र। २. मौखिक। ३. जो कहा गया हो पर लिखित न हो।

जबाब-(न०) १. उत्तर। जवाब। २. मुकाबला। सामना। ३. बदला। प्रतिकार।

जबाबदार-(वि०) १. जिम्मेदार। २.जवाब देने वाला।

जबाबदारी-(ना०) जिम्मेदारी। उत्तरदायित्व।

जबाबदावो-(न०) मुदायले की ओर से मुद्दई के अर्जी दावे का अदालत में दिया जाने वाला जवाब।

जबाब-सवाल-(न०) १. विवाद। २. सवाल और जबाब। प्रश्नोत्तर। ३. काम काज की दी जाने वाली जबानी विगत। जबानी दिया जाने वाला। वृत्तान्त। रिपोर्ट।

जबाबी-(वि०) १. जिसका जबाब मांगा गया हो। २. जिसके जबाब के पैसे भर दिये हों। ३. जबाब में प्राप्त (जबाबी हमला आदि)।

जब्त-(न०)१. काबू। २. नियंत्रण। (वि०) जब्त किया हुआ।

जम-(न०) १. यम। यमराज। २. ऊंट। दे० यम।

जम-उच्छव-(न०) यमद्वितीया का उत्सव।

जमक-(ना०) एक शब्दालंकार जिसमें एक शब्द उसी रूप और उसी क्रम से अलग-अलग अर्थों के साथ पुनः पुनः आता है। यमक अलंकार।

जम-कातर-(ना०) १. यम की कैंची। यम का एक शस्त्र। २. मृत्यु।

जमघट-(न०)जनसमूह। भीड़। जमावड़ो।

जमजाळ-(न०) १. यमपाश। २. यमायातना। ३. एक छोटी तोप। (वि०) यमराज के समान जाज्वल्यमान।

जमडाढ-(ना०) १. तलवार। २. कटार। ३. यमदंष्ट्रा। ४. मृत्यु।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जमडाढाळ-*(वि०)* १. यम के समान भयावना। २. प्रचंड शक्तिशाली।

जमडाण-*(ना०)*१. मृत्यु। काल। २. यमदण्ड।

जमडाणो-*(न०)* १. यमदूत। २. यम।

जमड़ो-*(न०)* १. यम। यमराज। २. यम द्वितीया। ३. यम द्वितीया के दिन बनाये जाने वाले तेल पक्वान्न। ४. यम द्वितीया के दिन तेल पक्वान्न बनाने की प्रथा। ५. तेल पात्र या दीपक में लगा तेल किट्ट।

जमड़ोबाळणो-*(क्रि०)* १. यम द्वितीया के दिन तेल किट्ट लगे पात्रों को अग्नि ताप देकर साफ करना। २. यम द्वितीया को तेल में तल कर विविध प्रकार के व्यंजन (खाजा, साकळी आदि) बनाना।

जमण-*(न०)* जन्म। *(ना०)* यमुना नदी।

जमणिका-*(ना०)* परदा। यवनिका। कनात।

जमणो-*(क्रि०)* १. जमना। यथावत् स्थिति में हो जाना। २. स्थिर होना। कायम होना। ३. किसी तरल पदार्थ का गाढ़ा होना। ४. एकत्र होना। ५. दृढ़ता पूर्वक बैठना। ६. किसी कार्य का अच्छी प्रकार चलने की स्थिति में हो जाना। ७. पूरा अभ्यास होना। ८. किसी वस्तु का अपने स्थान पर फिट बैठना। ९. निशाना बैठना।

जमदगन-*(न०)* महर्षि यमदग्नि।

जमदढ-दे० जमडाढ।

जमदाढ-दे० जमडाढ।

जमदूत-*(न०)* यमदूत। मृत्यु का दूत।

जमधर-*(ना०)* कटारी। जमडाढ।

जमना-*(ना०)* यमुना नदी।

जमनोतरी-*(ना०)* हिमालय में बंदरपुच्छ श्रृंखला में एक पवित्र स्थान जहाँ से यमुना नदी निकलती है। यमुनोत्तरी।

जमपुरी-*(ना०)* यमपुरी। यमलोक। यमालय।

जमभगनी-*(ना०)* यमुना। यमभगिनी।

जमराज-*(न०)* यमराज। यम।

जमराण-दे० जमराज।

जमराणापुर-*(न०)* यमलोक। यमपुर।

जमराणो-*(न०)* यमराज।

जमरूक-*(न०)*१. युद्ध। २. यम का शस्त्र। ३. तलवार। ४. मृत्यु।

जमलोक-*(न०)* १. यमलोक। यमपुरी। २. नरक।

जमवारो-*(न०)* १. जीवन। जिंदगी। २. जन्म। ३. यम का द्वार। ४. अंतकाल। मरणकाल।

जमवाहण-*(न०)* मम वाहन। भैंसा।

जमहर-दे० जँवर।

जमा-*(ना०)* १. आय। आमदनी। २. बही में आय की मद में लिखी हुई रकम। ३. बही में वह भाग जहां प्राप्ति या आमदनी लिखी जाती है। ४. धन। सम्पत्ति। पूंजी। ५. जोड़। योग। *(वि०)*इकट्ठा। एकत्र। २. इकट्ठा किया गया। ३. बही में आय पक्ष में लिखा हुआ।

जमाई-*(न०)* दामाद। जँवाई।

जमाखरच-*(न०)* १. आय और खर्च। जमा-खर्च। २. आमदनी और खर्च का का हिसाब। ३. बही में जमा और खर्च के दो भाग।

जमाणो-दे० जमावणो।

जमात-*(ना०)* १. वर्ग। श्रेणी। कक्षा। २. मनुष्यों का समुदाय। जत्था। ३. नागा साधुओं का जत्था। साधुओं की मंडली। अखाड़ो।

जमाद-*(न०)* ऊंट।

जमादार-*(न०)* सिपाही या पहरेदारों का का मुखिया।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जमानत-*(ना०)* जामिनगिरी । जामिनी ।

जमानो-*(न०)* १. समय । काल । २. अवसर । मौका । ३. बहुत अधिक समय । मुद्दत । ४. वर्ष । साल । ५. वर्षाकाल । ६. वर्षा, कृषि, और घास-चारा आदि की दृष्टि से वर्ष की स्थिति । ७. देशकाल और आचार-विचार आदि की अमुक स्थिति । ८. आचार-विचार आदि का अमुक काल । ९. संसार । दुनिया ।

जमाबंदी-*(ना०)*१. पूंजी । धन । २. जमा की हुई पूंजी । ३. वह स्थिति जिसमें ब्याज पर रुपये उधार लेकर व्यापार किया जाता है । ४. उधार ली हुई रकम । ५. आसामियों का लगान संबंधी हिसाब । ६. सरकारी बंदोबस्त खाता ।

जमारीक-*(वि०)* १. जमाने के मुताबिक । समयानुसार । २. जमाना साज । ३. साधारण । ४. निश्छल ।

जमारो-*(न०)*१. जन्म । २. जन्म से मरण तक का समय । जीवन काल । जिंदगी । ३. आयु ।

जमाल-*(न०)* १. नीति और शृंगार के दोहों का रचयिता एक मुसलमान कवि । २. प्रकाश । ३. सुन्दरता । सौंदर्य ।

जमालगोटो-*(न०)* एक पौधा जिसके बीज अत्यन्त रेचक होते हैं । जमैपाळियो ।

जमाव-*(न०)*१. जमने या जमाने का भाव । २. टिकाव । स्थिति । स्थिर । ठहराव । ३. एकत्र । इकट्ठा । ४. भीड़ । समूह । ५. पड़ाव । डेरा । ६. विश्राम । ७. प्रारम्भ । शुरुआत । ८. शुरु करने का भाव । ९. मल-संचय का उदर विकार ।

जमावट-*(ना०)* १. जमाने का काम । २. जमने या ठहरने की स्थिति । ३. जमने की क्रिया या भाव ।

जमावड़ो-*(न०)* १. बहुत से लोगों की भीड़ । जमघट । २. मिलन ।

जमावणो-*(क्रि०)* १. जमाना । यथावत् स्थिति में लाना । २. स्थित करना । कायम करना । स्थापित करना । ३. किसी तरल पदार्थ को गाढ़ा बनाना । ४. दूध में जामन डाल कर दही बनाना । ५. किसी कार्य को अच्छे प्रकार से चलने की स्थिति में लाना । ६. पूरा अभ्यास करा देना । ७ किसी वस्तु को यथास्थान बिठा देना । ८. निशाना बिठाना ।

जमी-*(ना०)* १. पृथ्वी । सृष्टि । २. भूमि । जमीन । पृथ्वी । ३. खेती के योग्य जमीन का टुकड़ा । ४. किसी वस्तु की ऊपरी सतह । ५. नक्शे में समुद्र से पृथ्वी की भिन्नता दिखाने वाला पृथ्वी का रंग या चिन्ह । ६. तसवीर के मूल चित्र के अतिरिक्त खाली जगह । वह तल जिस पर चित्र बना हो । चित्रतल ।

जमीक-*(न०)* ऊंट ।

जमी-करवत-*(न०)* ऊंट ।

जमीकंद-*(न०)* १. सूरन । २. आलू, मूली, अदरक, मूंगफली आदि बिना रेशों की जड़ों वाले कंद । कंदमूल । भक्ष्यकंद ।

जमीदार-*(न०)* १. जमीन का मालिक । भूस्वामी । जमींदार । २. जमींदारी का पद ।

जमीदारी-*(ना०)*१. जमींदार की जमीन । २. जमीन के लगान की व्यवस्था । ३. जमीन का लगान । भूमिकर । ४. खेती का लगान । कृषि कर ।

जमीत-दे० जमीयत ।

जमीदोज-*(वि०)* १. जमीन के अंदर ढका या रखा हुआ । खाकासूज । २. तोड़-फोड़ कर जमीन के बराबर किया हुआ । ३. जमीन के भीतर का ।

जमीन-दे० जमी ।

जमीयत-*(ना०)*१. थाना । २. रक्षा निमित्त घोड़ों या ऊंटों के रखे हुए आदमियों की चौकी । जमीअत । ३. जत्था । ४. सेना ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जमीरत-(ना०) १. जागीरी। २. सेना। ३. अधिकार। कब्जा। दे० जमीयत।

जमो-(न०) किसी लोक देवता के निमित्त भजन कीर्तन करने को किया जाने वाला सामूहिक रात्रि जागरण। रात्रि जागरण के लिये जमा होना। रात्रि-गायन का जमाव।

जय-(ना०) १. जीत। विजय। २. देवता, गुरु या राजा आदि के अभिवादन स्वरूप उनके नाम के साथ किया जाने वाला घोष शब्द। जैसे-'सियावर रामचंद्र री जय'। ३. परस्पर अभिवादन के समय किसी देवता के नाम के साथ कहा जाने वाला शब्द। जैसे-'जय रामजी रा सा'। 'जय माताजी री सा' इत्यादि।

जय गोपालजी री-(पद०) एक अभिवादन अव्यय तथा पद।

जय जयकार-दे० जै जै कार।

जय जयवंती-(ना०) एक रागिनी।

जय जंगळधर-(पद०) बीकानेर के राठौड़ राजाओं की उपाधि या विरुद। २. बीकानेर राज्य का मुद्रा लेख।

जयजीव-(न०) 'जय हो' और 'दीर्घायु हो' इस अर्थ का अभिवादन।

जयणा-(ना०) यत्न। सम्हाल। जतन।

जयतखंभ-दे० जैतखंभ।

जयति-(अव्य०) जय हो।

जयपुर-(न०) राजस्थान की राजधानी के शहर का नाम। जयपुर नगर। महाराजा जयसिंह द्वारा बसाया हुआ भारत का सुन्दरतम नगर।

जय मंगळ-(न०) १. राजा के बैठने के हाथी। २. श्रेष्ठ हाथी। ३. एक विशेष घोड़ा।

जय माताजी री-(अव्य०) शक्ति उपासकों द्वारा किया जाने वाला अभिवादन।

जयमाळ-दे० जैमाळ।

जय रामजी री-दे० जय श्री रामजी री।

जयवारो-दे० जैवारो।

जय श्रीकृष्ण-(पद०) 'जय श्रीकृष्ण' बोलकर किया जाने वाला अभिवादन।

जय श्री रामजी-री-(पद०) हाथ जोड़कर या गले मिलकर किया जाने वाला प्रणाम। भेंट या प्रस्थान का अभिवादन। प्रणति। 'श्री रामजी की जय' उद्‌गार कर किया जाने वाला अभिवादन।

जय समंद-(न०) मेवाड़ की एक विशाल झील।

जयंती-(ना०) १. किसी महापुरुष की जन्म तिथि। २. जन्म दिन को होने वाला उत्सव।

जया-(ना०)१.दुर्गा। २. पार्वती। ३.दूर्वा।

जयानक-(न०) 'पृथ्वीराज विजय' का रचयिता पुष्कर निवासी एक कवि।

जर-(ना०) १. धनमाल। २. सोना। ३. ज्वर। ४. बुढ़ापा। ५. तरल पदार्थ को छानने का अनेक छिद्रों वाला कटोरीनुमा एक पात्र। झरनी। झर।

जरक-(ना०) चोट। आघात। जरब।

जरकणो-(क्रि०) १. भय खाना। डरना। २. चोट लगना। ३. चोट लगाना। ४. पीटना। मारना। ५. गिरना।

जरकसी-(वि०) जिस पर जरी का काम किया हुआ हो। जरी वाला। जरीदार।

जरकाणो-(क्रि०) खूब अधिक पिटाई करना। बहुत अधिक मार मारना।

जरका-बोलो-(वि०) १. कर्कश बोला। कर्कश बोलने वाला। कठोर शब्दों का उच्चार करने वाला। २. मन को आघात पहुँचाने वाले शब्दों द्वारा बात करने की आदत वाला। (ना० जरका-बोली।)

जरकावणो-दे० जरकाणो।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जरकीजणो–*(क्रि०)* १. गिरना। पड़ना। २. गिरने से हड्डी में दर्द होना। ३. गिरने से हड्डियों का ढीला पड़ कर दर्द करना।

जरको–*(न०)* १. धक्का। २. चोट। आघात। जरब। ३. कर्कश बोल। वाणी की चोट। ४. मन को चुभने वाली कर्कश वाणी। ५. धमकी। डांट। *(वि०)*वीर। बहादुर।

जरख–*(न०)*एक हिंसक पशु। लकड़बग्घा। घोरखोदो।

जरखणी–*(ना०)* जरख की मादा। *(वि०)* झगड़ने वाली। झगड़ालू।

जरख वाहणी-*(ना०)* डाकिनी। डाकण।

जरजोजण–दे० जुग्जोण।

जरझरी–*(ना०)* जस्ता आदि धातु की बनी सुराही। जस्ते का बना नली वाला एक जल-पात्र।

जरठ–*(वि०)* १. वृद्ध। बुड्ढा। २. जीर्ण। पुराना।

जरड़ो–*(वि०)* वृद्ध। बुड्ढा।

जरणा–*(ना०)*१. क्षमा। २. सहनशीलता। क्रोध को मारने की शक्ति।

जरणारजन–दे० जनार्दन।

जरणो–*(क्रि०)* १. पचना। हजम होना। २. सहन होना। ३. धन का वास्तविक रूप में खर्च होना। सम्पत्ति का सदुपयोग होना।

जरतार–*(वि०)* जरी का काम किया हुआ। *(न०)* जरी के तार। सोने के तार।

जरतास–*(न०)* जरी और ताश से बुना कपड़ा। जरबफ्त।

जरतो–*(क्रि०वि०)* १. अनुमान सर। २. सब की रुचि अनुसार। *(वि०)* थोड़ा। कम। मरतो।

जरद-*(वि०)* पीला। जर्द। *(न०)* १. कवच। २. घोड़ा।

जरदपोस–*(वि०)* कवचधारी। *(न०)* कवचधारी योद्धा।

जरदाळ–*(न०)* कवच। *(वि०)*कवचधारी।

जरदाळू–*(न०)* एक मेवा। खूबानी। किस्टो।

जरदाळो-*(वि०)* कवचधारी।

जरदेत–*(वि०)* कवचधारी।

जरदो–*(न०)* १. तम्बाकू। जरदा। २. तम्बाकू का पत्ता या चूरा। ३. चावलों से बना एक व्यंजन। जरदा।

जरवाफ–दे० जरीवाफ।

जरबो–*(न०)* १. जूता। २. भारी वजनी जूती। किसानी जूती।

१. जरंद–*(न०)* चाबुक। २. मजबूत और भारी जूता। ३. चाबुक या जूते की मार। ४. सख्त मार। कड़ी पिटाई।

जरा–*(वि०)* थोड़ा। कम। *(ना०)* १. जरायुज। पिंडज। २. वृद्धत्व। वृद्धावस्था। बुढ़ापा।

जराक–*(वि०)* थोड़ा सा। जरासा। *(न०)* १. भय। २. चोट। जरक।

जरापण–*(अव्य०)*थोड़ा भी। *(न०)*बुढ़ापा।

जरापणो–*(न०)* बुढ़ापा।

जरायत–*(वि०)*वर्षा के पानी से होने वाला (खेती काम)। बागायत से उलटा।

जरासंध–*(न०)* मगध देश का राजा। कंस का ससुर।

जरासीक–दे० जराक।

जरासो–दे० जराक।

जरां–*(क्रि०वि०)* जब। जरे। जद।

जरियो–*(न०)* १. साधन। जरिया। २. मार्ग। तरीका। ३. लगाव। संबंध। जरिया। ४. कारण। हेतु।

जरी–*(न०)* १. कारचोबी। कलाबत्तू। २. कपड़े में सुनहले तारों का बेलबूटे आदि का काम।

जरीक–दे० जराक।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जरीबानो– *(न०)* जुरमाना । अर्थदण्ड । दंड ।

जरीवाफ–*(न०)*जरी के काम का एक रेशमी कपड़ा । जरफ्त । जरबाफ । बाफतो ।

जरीमानो–दे० जरीबानो ।

जरींद–दे० जरंद ।

जरू–*(न०)* १. दृढ़बंधन । २. वश । काबू । ३. धावा । आक्रमण । *(वि०)* १. जबरदस्त । २. दृढ़ । मजबूत । ३. चिरस्थाई । ४. ऐसे काबू जो हिल डुल न सके । *(क्रि०वि०)* १. जरूर । २. खूब कस करके ।

जरू करणो–*(मुहा०)* १. खूब कस करके बांधना । २. ठोंककर खूब गहरा बिठाना । ३. दृढ़ करना । ४ वश में करना ।

जरूर–*(क्रि०वि०)* अवश्य । निःसन्देह ।

जरूरत–*(ना०)* १. आवश्यकता । २. प्रयोजन ।

जरूरी–*(वि०)* आवश्यक ।

जरूंको–*(क्रि० वि०)* जब का । जबको । जबूण ।

जरै–*(क्रि०वि०)* जब । जरां । जद ।

जळउत–*(न०)* जलसुत । कमल ।

जळकूंडो–*(न०)* सूर्य और चन्द्रमा के चारों ओर दिखाई देने वाला वर्षा सूचक प्रभा मंडल ।

जलग्रभ–*(न०)* बादल । मेघ । जलगर्भ ।

जळचर–*(न०)*जल में रहने वाले जीवजंतु । जलचर ।

जळज–*(न०)* १. कमल । २. मोती । ३. शंख । ४. मछली ।

जळजळो–*(वि०)* १. अश्रुपूर्ण । डबडबाया हुआ । २. गद्‌गद् । गळगळो ।

जळजात–*(न०)* १. कमल । २. जोंक । ३. मछली । ४. शंख । ५. मोती ।

जळजाळ–*(न०)* १. जलधारा । २. घनघटा । मेघमाला । ३. समुद्र ।

जळजोखो–*(न०)* १. जिम्मेवारी । २. जरजोखिम । जर जोखो ।

जळजोग–*(न०)* वर्षायोग ।

जळजोर–*(न०)* समुद्र का चढ़ाव । ज्वार ।

जळझूलणी-इग्यारस–*(ना०)*भाद्रपद शुक्ला एकादशी । उस दिन देव मूर्त्ति को जल क्रीड़ा के लिये रिवाड़ी में बिठा कर बड़े जलूस और भजन कीर्तन के साथ जलाशय पर ले जाया जाता है ।

जळण–*(ना०)* १. अग्नि । २. ईंधन । ३. जलन । दाह । ४. ताप । उष्णता । ५. ईर्ष्या । डाह । ६. मानसिक कष्ट । ७. क्रोध ।

जळणो–*(क्रि०)* १. जलना । सुलगना । दग्ध होना । २. झुलसना । ३. ईर्ष्या करना । ४. कुढ़ना । ५. क्रोध करना ।

जळतवाई–*(ना०)* १. तेलपात्र के ऊपर जमने वाला मैल । तेल का मैल । तेल किट्ट । चीकट । *(वि०)* १. बड़ा कंजूस । महा कृपण । २. मैले स्वभाव का । कुटिल ।

जळतो-बळतो–*(वि०)* क्रोधपूर्ण । क्रोधित ।

जळतोरू–*(ना०)* जलतोरू । मछली ।

जळत्रखा–*(ना०)*१. जलजंतु । २. मछली । ३. तृषा ।

जळद–*(न०)* १. जलद । बादल । मेघ । २. कपूर ।

जळदाग–*(न०)* १. शव को जलाने के बदले पानी में बहा देने की क्रिया । जल संस्कार । २. अधिक वर्षा से फसल के गल जाने की स्थिति ।

जळदावो–*(न०)* अधिक वर्षा से फसल का गल जाना । अधिक वर्षा से होने वाली हानि ।

जलदी–*(क्रि०वि०)*शीघ्र । जल्दी । झटपट । *(ना०)* शीघ्रता ।

जळधर–*(न०)*१. बादल । मेघ । २. समुद्र ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जळधरण-*(न०)* बादल । मेघ ।

जळधि-*(न०)* समुद्र ।

जळनिधि-*(न०)* समुद्र ।

जळपती-*(न०)* जलपति । समुद्र ।

जळपंछी-*(न०)* बतक, हंस आदि । जल पक्षी ।

जळपान-*(न०)* १. नाश्ता । कलेवा । भारो । सीरावरण । २. साधारण हलका भोजन ।

जळपू-*(न०)* जलपोस । अभ्रक । भोडल ।

जळपोस-दे० जळपू ।

जळप्रलय-*(न०)* १. अतिवृष्टि । २. बाढ़ । ३. सर्वत्र पानी का फिर जाना । जलाकार । जलप्रलय ।

जळबाला-*(ना०)* बिजली ।

जळबाँक-*(न०)* १. कुश्ती का एक दाँव । २. पानी में लड़ने का एक दाँव ।

जळबोळ-दे० जळाबोळ ।

जलम-*(न०)* जन्म । उत्पत्ति ।

जलमणो-*(क्रि०)* जन्म लेना । जनमना । जनमणो ।

जळरूह-*(न०)* कमल ।

जळळ-*(ना०)* १. क्रोध । २. क्रोधाग्नि । ३. भगदड़ । ४. आतुरता । बेसब्री । ५. जलन । ६. दुःख । ७. युद्ध । ८. भयंकरता । *(वि०)* १. भयंकर । २, क्रोधी ।

जळवट-*(न०)* १. जल प्रदेश । समुद्र । 'थलवट' का विपरीतार्थक । २. जलमार्ग । *(अव्य०)* समुद्री मार्ग द्वारा । जहाज के द्वारा ।

जळवळ-*(वि०)* जाज्वल्यमान । तेजस्वी ।

जळवा-*(ना०)* नवप्रसूता का जलाशय पर जल-पूजन को जाने का उत्सव ।

जळवाह-*(न०)* १. बादल । २. दे० जळवा ।

जळसमाधि-*(ना०)* जल में डूब कर प्राण त्याग करना ।

जळसुत-*(न०)* कमल ।

जळसो-*(न०)* १. जलसा । समारोह । २. उत्सव । ३. बैठक । मीटिंग ।

जळहर-*(न०)* १. इन्द्र । २. जलधर । बादल । ३. वर्षा । ४. जलाशय ।

जळहरी-*(ना०)* १. चन्द्रमा के चारों तरफ दिखाई देने वाला गोलाकार चन्द्रमंडल । चंद्रमा का प्रभा मण्डल । २. पाषाणार्घ जिसके मध्य में शिवलिंग स्थापित किया जाता है । शिवलिंग वेदी । तीर्थ वेदी । ३. शिवलिंग के ऊपर जलधारा टपकाने वाला पात्र ।

जळबंद-*(न०)* १. मोती । मुक्ता । २. बुदबुदा ।

जलंद्रीपाव-*(न०)*जालंद्रपाद । जलंधरनाथ ।

जळंधर-*(न०)* १. जलोदर रोग । २. प्रसिद्ध योगी जलंधर नाथ । ३. जालंधर नाम का एक असुर । ४. मारवाड़ के प्रसिद्ध ऐतिहासिक नगर जालोर का एक काव्य प्रयुक्त नाम ।

जळंधरनाथ-*(न०)*राजा गोपीचंद के गुरु । एक प्रसिद्ध सिद्ध योगी ।

जळा-*(ना०)* १. जल का असीम फैलाव । चारों ओर फैला हुआ पानी । जलाकार । २. सेना । फौज । ३. नाश । विनाश । ४. आफत । आपत्ति । संकट । ५. ज्वाला ।

जळाकार-*(न०)* जल ही जल । सब तरफ जल ही जल । जल प्रलय । जळा ।

जळाणो-*(क्रि०)* १. जलाना । प्रज्वलित करना । सुलगाना । २. ईर्ष्या उत्पन्न करना ।

जलाद-*(न०)*१. जल्लाद । २. क्रूर व्यक्ति ।

जळाधार-*(न०)* समुद्र ।

जळाधारी-*(ना०)* शिवलिंग के ऊपर अजस्र धारा प्रवाहित करने के लिये नीचे छिद्र वाला छात में लटकाया जाने वाला ताम्र घट । जळहरी । जळेरी ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जळापो–(न०) ईर्ष्या की जलन। डाह। दाह। बळापो। बळण।

जळाबोळ–(न०) १. सर्वत्र पानी ही पानी। २. जल प्रलय। ३. असंख्य सेना। ४. असीम संताप। ५. बुरा समय। (वि०) १. जल में डूबा हुआ। जलबोड़। २. संतापावृत। ३. खूब गहरा। ४. विकट। भयंकर। ५. क्रोधपूर्ण। ६. डूबा हुआ। जल प्लावित। ७ रंग से तर बतर। ८. नशे में चूर। ६. संपन्न। १०. अपार।

जलाल–(न०) १. 'जलाल गाहाणी' नाम का एक रसिक, उदार और इतिहास प्रसिद्ध व्यक्ति। २. 'जलाल' और 'जलो' नाम से प्रसिद्ध गीतों का नायक। ३. प्रियतम। (वि०) १. रसिक। २. प्रिय। प्यारा। ३. सुन्दर। मनोहर। ४. प्रकाशमान। ५. उदार। ६. जबरदस्त। बलवान।

जळावणो–दे० जळाणो।

जळाहळ–(वि०) प्रकाशमान। देदीप्यमान। (न०) १. अग्नि। २. क्रोध। ३. चमक। प्रकाश।

जलूस–(न०) १. शोभायात्रा २. जनयात्रा।

जलूसाई–(ना०) १. जलूस की तैयारी। २. सजावट। ३. तड़क-भड़क। ४. शान-शौकत। (वि०) जलूस संबंधी। जलूस का। जलूसी।

जलूसात– दे० जलूसाई।

जलेब–(ना०) १. सेवा। टहल। हाजरी। तैनाती। २. पाड़ौस। आसपास। ३. पक्ष। लगाव। तरफदारी। सहानुभूति। (वि०) १. सवारी के साथ पैदल चलने वाला। जलेबदार। २. नियुक्त। तैनात।

जलेबखानो–(न०) १. सवारी के इर्द-गिर्द रहने वाले सेवकों का घेरा। २. सेवक गण। ३. जलेबदारों के रहने का स्थान।

जलेबदार–(वि०) १. राजा, गुरुजन आदि की सवारी के समय मातहती में रहने वाला। २. पक्षपाती। ३. सहायक। (न०) सेवक। हाजरियो।

जलेबी–(ना०) एक मिठाई।

जळेरी–दे० जळहरी।

जलो–(न०) १. एक लोक गीत। २. एक प्रेम गीत का कथा नायक। ३. 'जलाल गाहणी' नाम के एक रसिक व्यक्ति का लोक गीतों में प्रयुक्त नाम।

जळो–(ना०) जोंक। अळोख।

जळोख–(ना०) जोंक।

जलोसात–दे० जलूसाई।

जल्दी–दे० जलदी।

जव–(न०) १. जौ। यव। यवान्न। २. अंगुल के छठे या आठवें भाग का माप। ३. एक जौ परिमाण का तौल। ४. अंगुली के उपरि पोर में रेखाओं द्वारा बना यवाकार चिन्ह। यव चिन्ह।

जवखार–(न०) जव का क्षार। यवक्षार।

जवड़ो–(वि०) जैसा। समान। जैड़ो। जिसो।

जवन–(न०) यवन। मुसलमान।

जवनाण–(न०) यवन समूह। मुसलमानों का दल।

जवनाणो–(न०) १. मुसलमानी व्यवहार। यवन रीति। यवनाचार। २. यवनत्व। यवनपना।

जवनायण–(ना०)१. यवनसमूह। २. यवन सेना। ३. यवन-प्रदेश।

जवनेस–(न०) यवनेश। बादशाह। मुसलमान बादशाह।

जवमाळ–(ना०) १. विवाह के प्रथम पाटोत्सव-मुहूर्त्त और पाणिग्रहण के समय वर और कन्या को पहनाई जाने वाली जव, लौंग, छुहारा, मोती इत्यादि की माला। जौ माला। यवमाला। जवारी।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जवाली । जवाळी । २. जौ के समान सोने के छोटे मनकों की माला । जवाळी ।

जवरी– दे० जंवरी ।

जवलियो–(न०) १. एक गहना । २. जव के आकार का सोने का घुंघरू ।

जव-हरड़े–(ना०) जौहर्रे । यवहरीतिका । छोटी हर्रे । हीमज । हरड़ ।

जवाई–(ना०) १. प्रस्थान । गमन । २. मारवाड़ की एक नदी । (वि०) १. जौ के जैसे रंग का । २. जौ जैसे रंग से रंगा हुआ ।

जवाकंठी–(ना०) एक कंठाभूषण ।

जवाखार–(न०) जौ के पौधे का क्षार । यवक्षार । जवखार ।

जवाद–(न०) १. ऊँट । २. घोड़ा । ३. कस्तूरी । ४. एक प्रकार का तरल गंध द्रव्य । जुबाद ।

जवाधि जळहर–दे० जवादि जळहर ।

जवान–(न०) १. युवक । तरुण पुरुष । मोटियार । २. योद्धा । ३. सैनिक । सिपाही । (वि०) युवा । तरुण ।

जवानी–(ना०) युवावस्था । तरुणाई । मोटियारपणो ।

जवाबदावो–(न०) दे० जबावदावो ।

जवार–(ना०) ज्वार धान्य ।

जवारा–(न०) मांगलिक पर्व पर गमले में गेहूँ या जौ के उगाये हुये अंकुर । जरई । जंवारा ।

जवाळी–दे० जवमाळ ।

जवेरात–दे० जवाहरात ।

जवाहर–(न०) हीरा, माणिक, मोती आदि रत्न ।

जवाहरात–(न०) जवाहर का बहुवचन ।

जवांमर्द–(वि०) बहादुर ।

जवो–(न०) १. पशुओं के चमड़े में लगा रहने वाला एक कीड़ा । २. स्त्रियों की नाक का एक गहना । लौंग ।

जस–(न०)यश । कीर्त्ति । (क्रि०वि०)जैसा ।

जसखाटक–(वि०)१. कीर्तिमान । यशस्वी । २. यश प्राप्त करने वाला ।

जसखाटू–दे० जसखाटक ।

जसगाथा–(ना०) यशगाथा । यश वर्णन ।

जसजोड़ो–(न०) १. कवि । २. खुशामदी कवि । यश गाने वाला कवि । (वि०) यश प्राप्त ।

जसढोल–(न०) १. विवाह की एक रीति जिसमें सब कार्य सविधि और प्रसन्नता पूर्वक समाप्त हो जाने पर बरात की विदाई के समय दोनों ओर में यशप्राप्ति के उल्लास के ढोल का बजाया जाना । यशवाद्य । २. कीर्तिमान । ३. वाहवाही ।

जसद–(ना०) जस्ता नामक धातु । जसोद । जसत ।

जसधर–(वि०) यशधारी । जसधारी ।

जसनामी–(वि०) कीर्तिमान । यशधारी ।

जसनामो–(न०) १. ऐसा कार्य जिसका यश सदा बना रहे । २. पुण्य कार्यों द्वारा प्राप्त की हुई ख्याति । ३. ख्यातनाम । ४. यश नाम । ५. यशस्वी पुरुषों में लिखा जाने वाला नाम । ६. वीरगति पाये हुए यशधारियों में प्रसिद्ध नाम । ७. नामवरी । ख्याति ।

जसरथ–(न०)श्री राम के पिता । दशरथ ।

जसलुद्ध–(वि०) यशालुब्ध । यशलोभी ।

जसवंत–(वि०) यशधारी । यशवंत ।

जसवास–(ना०)यश-सौरभ ।

जसाई–(ना०)१. यश वाद्य । २. यशगीत । ३. मांगलिक गीत और वाद्य ।

जसी–(वि०) यशस्वी ।

जसोद–दे० जसद ।

जसोदा–(ना०)श्रीकृष्ण की माता । यशोदा ।

जस्यो–(वि०) जैसा । जिसो । जैड़ो ।

जहड़ो–(वि०) जैसा । जैड़ो । जिसो ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जहर-*(न०)* विष । गरल ।

जहरजर-*(न०)* महादेव ।

जहराळ-*(न०)* विषधर । सर्प । *(वि०)* जहरीला । विषाक्त ।

जहरी-*(वि०)* जहर वाला । विषाक्त । जहरीला ।

जहरीलो-*(वि०)* १. जहरवाला । जहरी । २. अतिक्रोधी ।

जहवो-दे० जहड़ो ।

जहाज-*(न०)* बड़ा जलपोत । जहाज ।

जहान-*(न०)* संसार ।

जहानवी-*(ना०)* जान्हवी । गंगा ।

जहूर-*(न०)* १. प्रदर्शन । २. प्रकाश । ३. कांति । *(वि०)* १. प्रकाशमान । २. विकसित ।

जहेच्छ-*(वि०)* यथेच्छ । इच्छानुसार ।

जंखेरो-*(न०)* १. खूब तेज वायु । आंधी । २. आंधी का झोंका । ३. तेज वायु के कारण उड़ कर आया हुआ धूल और कचरा । ४. कूड़ा-कचरा । ५. ढेर । राशि (कचराकी) ।

जंग-*(न०)* १. युद्ध । लड़ाई । २. मुरचा । काट ।

जंगजूट-*(न०)* शूरवीर । योद्धा ।

जंगम-*(न०)* १. घोड़ा । २. एक स्थान पर नहीं टिकने वाला साधु । संन्यासी । ३. चल संपत्ति । मनकूला । जायदाद । *(वि०)* चलता-फिरता ।

जंगम-पसम-*(न०)* घोड़े के शरीर की केश राजि ।

जंगळ-*(न०)* जंगल । वन । अरण्य ।

जंगळजती-*(न०)* ऊंट ।

जंगळ जाणो-*(मुहा०)* पाखाने जाना । टट्टी जाना ।

जंगळधरा-*(न०)* बीकानेर प्रदेश । जांगलू देश ।

जंगळराय-*(ना०)* १. करणी देवी का एक नाम । २. बीकानेर का राजा ।

जंगळवै-*(न०)* जांगलू देश का राजा । बीकानेर का राजा ।

जंगळायत-*(न०)* १. जंगल रक्षा का सरकारी महकमा । २. सरकार द्वारा रक्षित जंगल ।

जंगळियो-*(न०)* शौच का जलपात्र ।

जंगळी-*(वि०)* १. जंगल का । जंगल संबंधी । २. जंगल में रहने वाला । ३. बिना लगाये अपने आप उगने वाला । ४. मूर्ख । ५ असभ्य । *(न०)* थोड़ा ।

जंगळो-*(न०)* लोहे की छड़ों वाला दरवाजा या खिड़की ।

जंगाल-*(न०)* १. दो कड़ों वाला बड़ा तसला । २. तांबे के जंग जैसा एक रंग । ३. तांबे के जंग का रंग । तांबे का काट या जंग । ४. तूतिया । जंगार । ५. नगाड़ा । ६. सेना का दाहिना भाग ।

जंगावर-*(न०)* वीर पुरुष । योद्धा ।

जंगावळ-*(ना०)* १. युद्ध । २. सेना का घेरा ।

जंगी-*(वि०)* १. जबरदस्त । २. बड़ा । ३. दीर्घकाय । ४. युद्ध संबंधी । ५. युद्ध से संबंध रखने वाला ।

जंगेव-*(वि०)* युद्धोत्सुक । *(न०)* जंग । युद्ध ।

जंघा-*(ना०)* जांघ । साथळ । रान ।

जंजर-*(न०)* ताला । *(ना०)* एक छोटी तोप । *(वि०)* पुराना और कमजोर । जर्जर ।

जंजाळ-*(न०)* १. स्वप्न । २. प्रपंच । माया । ३. उपाधि । आफत । झंझट । ४. दुख । ५ एक प्रकार की तोप ।

जंजाळी-*(वि०)* प्रपंची । बखेड़ा बाज । जंजालवाला ।

जंजीर-*(ना०)* १. जंजीर । सांकल । सांकळ । २. लड़ । माला । ३. बेड़ी ।

जंझर-*(ना०)* जजीर । सांकल ।

जंभेरणो-*(क्रि०)* झकझोरना ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जंत–*(न०)* १. यंत्र । २. जंतु । ३. बैलगाड़ी का एक उपकरण । ४. तंबूरा, सारंगी आदि तार वाद्य । *(वि०)* जबरदस्त ।

जंतर–दे० जंत्र ।

जंतरड़ी–दे० जंतरी ।

जंतरणो–*(क्रि०)* १. मारना । २. पीटना । ३. भूत प्रेत आदि को किसी तान्त्रिक यंत्र द्वारा वश में करना ।

जंतरबारण–*(वि०)* अत्यन्त दृढ़ । बहुत मजबूत । *(न०)* गाँवई जूता । भारी जूता ।

जंतर-मंतर–*(न०)* १. जादू टोना । जादू । २. वेधशाला । ३. यंत्र और मंत्र ।

जंतराणो–दे० जंतरणो ।

जंतरावणो–*(क्रि०)* दे० जंतरणो ।

जंतरी–*(ना०)* गोपुच्छ की भांति क्रम से छोटे होते हुए सुराखों वाली एक लोह-पट्टी । (इसके उत्तरोत्तर छोटे बने हुए सुराखों में होकर सोना, चांदी आदि के तार को निकाल कर पतला बनाया जाता है तथा बढाया जाता है) जंती । जांतरी । तारकशी । २. पंचांग । पत्रा ।

जंती–दे० जंतरी ।

जंतु–*(न०)* १. जीव । प्राणी । २. कीड़ा । छोटा जीव । जीवड़ो ।

जंतो–*(न०)* तारकशों और सुनारों का एक औजार जिस से सोना, चाँदी के तार पतले किये जाते हैं । एक के बाद एक क्रम से छोटे बने हुए छेदों वाली एक लोह-पट्टी जिसके छेदों में से तार को खींच कर पतला और लंबा बनाया जाता है । जांता । जांतरो । जांतो ।

जंत्र–*(न०)* १. तांत्रिक आकार या कोष्ठ । तांत्रिक आकृति । यंत्र । २. ऐसी आकृति या अक्षरों वाला कागज या पतरा । तावीज । ३. जादू । ४. तोप । ५. बंदूक । ६. बाजा । तारवाद्य । वीणा । ७. कल । यंत्र ।

जंत्र-मंत्र–दे० जंतर-मंतर ।

जंद–*(न०)* १. पारसियों का धर्म ग्रंथ । २. वह भाषा जिसमें पारसियों का यह धर्म ग्रंथ लिखा हुआ है दे० जिंद ।

जंप–*(न०)* चैन । शांति । कल । निरांत ।

जंपणो–*(क्रि०)* १. कहना । वर्णन करना । २. जपना । ३. शांत होना । शांतचित्त होना । ४. नींद आना ।

जंबु–*(न०)* १. जामुन । २. जामुन का वृक्ष ।

जंबुक–*(न०)* १. सियार । गीदड़ । जंबुक । २. जामुन ।

जंबुखंड–*(न०)* १. पुराणानुसार सात द्वीपों में से एक । जंबु द्वीप । २. भारतवर्ष ।

जंबुदीप–दे० जंबुखंड ।

जंबूर–*(ना०)* १. एक प्रकार की छोटी तोप । २. तोपगाड़ी । ३. एक औजार । पकड़ । जंबूरा ।

जंबूरी–*(ना०)* १. किसी वस्तु को मजबूती से पकड़ने, खींचने या मोड़ने का एक औजार । एक प्रकार की बिना चोंच वाली सँड़सी । पकड़ । २. एक शस्त्र ।

जंबूरो–*(न०)* १ एक औजार । जंबूरा । पकड़ । २. मदारी का मददगार लड़का । ३ ऊंट पर लादी जाने वाली एक तोप ।

जंभ–*(न०)* १. दाढ़ । २. कटारी ।

जंभियो–*(न०)* एक प्रकार की टेढ़ी कटारी ।

जँवर–*(न०)* १. शत्रु की विजय निश्चित हो जाने पर पराजित राजपूतों की स्त्रियों का चिता में जलजाने की मध्यकालीन एक प्रथा । जौहर । मंगलमृत्यु । २. शस्त्र पर दिया जाने वाला लहरदार पानी । शस्त्र की रंगीन और लहरदार आब । ३. रत्न । जवाहिर । ४. अग्नि । ५. कोप । ६. तलवार ।

जँवरी–*(न०)* १. रत्नों का व्यापारी । जौहरी । २. रत्न परीक्षक । ३. गुणदोष पहचानने वाला । ४. गुणग्राहक ।

जँवाई–दे० जमाई ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जँवाईराज–*(न०)* १. ससुराल में जमाई के लिये सम्मानसूचक संबोधन । २. जमाई । दामाद । ३. एक लोकगीत ।

जँवारा–दे० जवारा ।

जा–*(प्रत्य०)* किसी शब्द के अंत में प्रयुक्त होने पर उत्पत्ति अर्थ का वाचक नारी जाति प्रत्यय । यथा—आत्म+जा = आत्मजा (पुत्री), गिरि+जा = गिरिजा (पार्वती) इत्यादि । *(ना०)* १. पुत्री । २. जननी । माता । *(सर्व०)* १. जिस । २. उस । *(वि०)* उचित । मुनासिब । *(अव्य०)* १. जाने का आज्ञासूचक ओछा शब्द । २. जाने की आज्ञा । *(क्रि०)* जाने के भाव की आज्ञार्थक क्रिया ।

जाइ–*(वि०)* १. जितना । २. जिस प्रकार का । *(सर्व०)* जिस ।

जाइगा–दे० जायगा ।

जाइंदो–*(वि०)* १. 'लाइंदो' (दत्तक) से उलटा । गोद लाया हुआ नहीं । स्वकुलोत्पन्न । स्ववंशज । २. उत्पन्न । जाया हुआ । जायोड़ो । ३. औरस ।

जाई–*(ना०)* १. पुत्री । बेटी । २. स्त्री ।

जाऊ–*(वि०)* जाने वाला । *(अव्य०)* जाने की तैयारी में ।

जाऊंली–*(भ०क्रि०)* जाऊंगी ।

जाऊंला–*(भ०क्रि०)* १. जाऊंगा । २. जाऊंगी ।

जाऊंलो–*(भ०क्रि०)* जाऊंगा ।

जाकळ–*(वि०)* वीर ।

जाखोड़ो–*(न०)* १. ऊंट । २. सवारी के लिये सजा हुआ ऊंट ।

जाग–*(न०)* १. एक वेदोक्त कर्म । यज्ञ । याग । २. धर्मयुद्ध । ३. विवाह आदि मांगलिक उत्सव । ४. महाभोज । ५. ब्रह्मभोज । ६. जगते रहने का भाव । जाग्रति । ७. जाग्रतावस्था । ८. स्थान । जगह । ९. घोड़ी की मूत्रेन्द्री । अश्वायोनि । १०. घोड़ी की संभोगेच्छा । तुरंगी की कामेच्छा । जगरो ।

जागण–दे० जागरण ।

जागणो–*(क्रि०)* १. जागना; जगना । नींद को त्यागना । सोकर उठना । २. चेतन होना । सावधान होना । सजग होना । ३. उत्पन्न होना । ४. उत्तेजना होना ।

जागती–*(वि०)* १. जगी हुई । जाग्रत । २. प्रज्वलित ।

जागतीजोत–*(ना०)* १. देवी चमत्कार । २. किसी देवी देवता का प्रत्यक्ष चमत्कार । ३. प्रज्वलित ज्योति ।

जागतो–*(वि०)* १. जगता हुआ । जाग्रत । २. प्रज्वलित ।

जाग में आणो–*(मुहा०)* १. घोड़ी को कामेच्छा होना । २. घोड़ी को गर्भधारण की इच्छा होना । जगरै आणी ।

जागर–*(न०)* १. युद्ध । २ कुत्ता ।

जागरण–*(न०)* १. किसी उत्सव पर्व आदि पर सारी रात जागते रह कर किया जाने वाला भजन गायन । रतजगा । २. रात में (नींद नहीं लेकर) जागते रहने का भाव *(ना०)* जागरी की स्त्री ।

जागरी *(न०)* १. वेश्या पुत्र । २. भड़ुवा । ३. जागरी जाति ।

जागवणो–*(क्रि०)* १. उत्पन्न करना । २. सृष्टि उत्पन्न करना । ३. जगाना ।

जागा–*(ना०)* १. जगह । स्थान । २. मकान । घर । ३. मठ । स्थल । अस्थल । ४. ओहदा । पद ।

जागा-जमी–*(ना०)* मकान और जमीन ।

जागा-मींटो–*(न०)* १. अर्द्ध जाग्रतावस्था । अर्द्ध निद्रावस्था । थोड़ी नींद थोड़ी जाग्रतावस्था । २. वह समय या स्थिति जिसमें कोई सो रहा हो और कोई जग रहा हो ।

जागीपो–दे० जाग सं० ६, ७.

जागीर–*(ना०)* सरकार की ओर से (इनाम या स्वत्वाधिकार के रूप में) प्राप्त भूमि या प्रदेश ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जागीरदार-*(न०)* जागीर का मालिक। जागीरी प्राप्त व्यक्ति।

जागीरदारी-दे० जागीरी।

जागीरबक्षी-*(न०)* मध्यकाल में एक राजकीय पद।

जागीरी-*(ना०)* १. जागीरदार के कब्जे के गांव-जमीन। जागीर। २. जागीरदार होने का भाव। ३. रईसी। ४. हैसियत। बिसात। सामर्थ्य। *(वि०)* जागीर से संबंधित। जागीर का।

जागोड़ी-*(वि०)* १. जगी हुई। २. सचेत।

जागोड़ो-*(वि०)* १. जगा हुआ। जाग्रत। २. सचेत। सावधान।

जाच-*(ना०)* १. याचना। २. जाँच। तपास। ३. वजन करने का भाव। तौल।

जाचक-*(न०)* १. याचक। २. भिखारी।

जाचण-*(वि०)* माचने वाली।

जाचणी-दे० जाच।

जाचणो-*(क्रि०)* १. जाचना। माँगना। याचना करना। २. जाँचना। तपासना। ३. तौल करना।

जाचिग-दे० जाचक।

जाचू-*(वि०)* जाचने वाला।

जाचेल-*(न०)* १. तिल्ली का तेल। तिल्ली के तेल पर बनाया हुआ सिर में डालने का एक सुगंधित तेल।

जाज-*(न०)* १. मैला रंग। २. मैल। *(वि०)* १. बदरंग। २. थोड़ा।

जाजम-*(ना०)* बेलबूटों से छपे हुए मोटे कपड़े की बड़ी दरी। जाजिम।

जाजमाठ-*(वि०)* १. यथामात्र। मात्रा के अनुसार। मात्रा से अधिक नहीं। २. यथावश्यक। जरूरत मुताबिक। ३. कम। थोड़ा। ४. यत्किंचित। थोड़ासा। कुछ। ५. बहुत कम।

जाजर-*(वि०)* १. जर्जर। जीर्ण। २. दृढ़। *(न०)* १. सहनशीलता। २. संहार।

जाजरणो-*(क्रि०)* १. सहन करना। २. संहार करना। मारना।

जाजरू-*(न०)* १. शौचागार। २. पाखाना। टट्टी।

जाजळ-*(वि०)* १ तेजस्वी। २. जबरदस्त।

जाजळामान-*(वि०)* १. जाज्वल्यमान। तेजस्वी। २. उपद्रवी। उत्पाती। नटखट। ऊधमी। शरारती।

जाजळी-दे० जाजळ या जाजळो।

जाजळो-दे० जाजळामान।

जाजुळ-*(वि०)* १. जबरदस्त। २. जाज्वल्यमान। ३. क्रोधी। ४. उपद्रवी।

जाजुळमान-दे० जाजळामान।

जाजुळी-दे० जाजुळ।

जाज्वल्यमान-*(वि०)* तेजपूर्ण। तेजपुंज।

जाझी-*(वि०)* १. अधिक। खूब। २. दृढ़। ३. तेज।

जाझेरो-*(वि०)* १. अधिक। बहुत। २. बहुतसा। बहुतसारा।

जाझो-*(वि०)* १. अधिक। पुष्कल। २. तेज। ३. दृढ़।

जाट-*(न०)* १. एक जाति। २. जाट जाति का व्यक्ति।

जाटणी-*(ना०)* जाट जाति की स्त्री।

जाटव-*(न०)* एक चमार जाति। जाटोभाँभो।

जाटू-*(वि०)* १. जाट जाति से संबंधित। २. जंगली। *(ना०)* हरियाणा की बोली।

जाटो भाँभी-*(न०)* १. एक चमार जाति। २. इस जाति का व्यक्ति। जाटव।

जाड-*(न०)* १. पाप। २. अज्ञानता। मूर्खता। जड़ता। ३. दल। समूह। *(वि०)* १. अधिक। २. मोटा। जाडो।

जाडउ-दे० जाडो।

जाडाई-*(ना०)* १. मोटापन। मोटाई। २. स्थूलता।

जाडायत-*(वि०)* १. जबरदस्त। २. बड़े कुटुम्ब वाला।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जाडायती–*(क्रि०वि०)* जबरदस्ती से।

जाडाँ–*(वि०)* अधिक। *(क्रि०वि०)*जबरदस्ती से।

जाडियो–*(न०)* दाढ़ी के बालों को ऊंचा जमाये रखने के लिये उन पर बाँधी जाने वाली एक वस्त्र पट्टी। **बकानी**। *(वि०)* १. मोटा। २. घना।

जाडी–*(वि०)* १. मोटी। **सैंठी**। २. घनी। ३. अत्यधिक। ४. दलदार। *(ना०)*मूंछ को जमाये रखने के लिये उस पर बाँधने की कपड़े की पट्टी। **मूंछपट्टी**। **मूंछी**। **मूंछियो**।

जाडीकीरत–दे० जाडोजस।

जाडी जीभ–*(ना०)* १. मृत्यु के समय जीभ का मोटा हो जाना। २. बोला नहीं जाना।

जाडो–*(वि०)* १. मोटा। २. स्थूल। ३. पुष्ट। **सैंठो**। ४. दलदार। ५. अत्यधिक ६. घना। ७. प्रबल। **जोरावर**।

जाड़ो–*(न०)* १. शीतकाल। **सियाळो**। २. शीत। जाड़ा। सरदी। ठंड। **सी**। ३. जत्था। समूह। ४. पक्ष।

जाडो जस–*(न०)* बहुत बड़ी ख्याति। बड़ी प्रशंसा। **जाडो कीरत**।

जाण–*(ना०)* १. जानकारी। २. पहिचान। ३. समझ। ज्ञान। ४. बुद्धि। अक्ल। *(अव्य०)*१. मानो। जानो। २. जैसे कि।

जाण-अजाण–*(अव्य०)* १. जानते हुए या अजान में। २. बिना इरादे।

जाणक–*(अव्य०)*मानो। मानो कि। जैसे। मानो। गोया। गोया कि। **जाणो के**। *(वि०)*१. जानने वाला। ज्ञाता। २. बहुश्रुत। **जाणग**।

जाणकार–*(वि०)* १. जानकारी रखने वाला। जानकार। जानने वाला। **जाणग**। **जाणणारो**। २. समझदार। **विज्ञ**। ३. चतुर।

जाणकारी–*(ना०)* जानकारी। विज्ञता। २. परिचय। ३. निपुणता।

जाणग–*(वि०)* १. जानने वाला। ज्ञाता। **जाणणारो**। २. बहुश्रुत।

जाणगर–*(वि०)* १. ज्ञाता। जानकार। **जाणग**। २.विशेषज्ञ। ३.समझने वाला।

जाणणारो–दे० जाणकार।

जाणणो–*(क्रि०)*१. जानना। २. समझना। ३. पता लगना। ४. ज्ञान प्राप्त करना। ५. पहचानना। ६. खबर रखना। सूचना पाना।

जाणपण–दे० जाण।

जाणपणो–दे० जाण।

जाण-पिछाण–*(ना०)* जान-पहिचान। परिचय।

जाणभेद–*(वि०)* भेद जानने वाला। भेदिया। **भेदू**। **भेदियो**।

जाण-म-जाण–*(अव्य०)*१. जाने-अनजाने। २. जानो या नहीं जानो।

जाणवीण–*(ना०)*जानकारी। *(वि०)* जानकार।

जाणाऊ–*(न०)* भेदिया। गुप्तचर। *(वि०)* चतुर। विज्ञ।

जाणि–*(अव्य०)* मानो। गोया।

जाणी-आणी–*(ना०)* १. जाना-आना। २. हानि-लाभ।

जाणीकार–दे० जाणकर।

जाणीतो–*(वि०)* १. जाना हुआ। पहचाना हुआ। **ओळखाण वाळो**। **ओळखीतो**। २. प्रसिद्ध। मशहूर। **छावो**। ३. जानकार। भिज्ञ। **जाणकर**।

जाणै–*(अव्य०)* मानो। गोया। जैसे कि। जनौं। **जाणि**।

जाणो–*(क्रि०)* १. जाना। गमन करना। २. अलग होना। ३. अधिकार से निकलना। हाथ से निकलना। ४. बहना। *(अव्य०)* मानो। गोया। जैसे। **जाणि**। **जाणै**।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जाणो-आणो–*(न०)* १ जानाआना । आवागमन । २. हानि लाभ । *(क्रि०)* जाना और आना ।

जात–*(ना०)* १. जाति । समाज । २. गुण । धर्म आदि की दृष्टि के पदार्थों का विभाग । वर्ग । कोटि । ३. आकृति, प्रकृति आदि की दृष्टि से जीव-जंतुओं का विभाग । ४. किस्म । प्रकार । ५. गुण । ६. किसी कामना से की जाने वाली देव-दर्शन यात्रा । ७. विवाहोपरान्त वर-वधू का देव-पूजार्थ देव स्थानों में जाना । ८. गोत्र । ९. जन्म । १०. पुत्र । *(वि०)* १. जन्मा हुआ । उत्पन्न । २. प्रकट ।

जातक–*(न०)* १. बुद्ध के पूर्व जन्म की कथाएँ । २. बच्चा ।

जातणी–*(ना०)* स्त्री-यात्री । यात्रिणी ।

जातना–*(ना०)* यातना । कष्ट । पीड़ा ।

जातपाँत–*(ना०)* १. जाति-पाँति । बिरादरी । २. एक पंक्ति में बैठ कर भोजन करने वाली जातियों का मेल ।

जात बारै–*दे०* जाती बाहर ।

जातरी–*दे०* जात्री ।

जातरू–*(न०)* बैलगाड़ी के 'गाकड़ों' में खड़े किये जाने वाले डंडे । २. तीर्थ यात्री ।

जातरूप–*(न०)* स्वर्ण । सोना ।

जातवान–*(वि०)* १. अच्छी नस्ल का । २. ऊंची खानदान का । कुलीन । ३. असली । खरा । सच्चा । ४. विशुद्ध ।

जातवेद–*(न०)* अग्नि ।

जातसुभाव–*(न०)* १. वंश-परम्परा का स्वभाव । कुल स्वभाव । २. जाति स्वभाव ।

जातांकरणी–*(मुहा०)* यात्राएँ करना ।

जातां-जुगां–*(अव्य०)* युगों के बीत जाने पर भी ।

जातांपाण–*(अव्य०)* जाते ही । पहुँचते ही ।

जाति–*(ना०)* १. कर्मानुसार (अब जन्मानुसार) हिन्दू जाति में किया गया ब्राह्मण क्षत्री आदि के रूप में मानव समाज का विभाग । हिन्दू समाज । जाति । वर्ण । २. देश परम्परा या धर्म की दृष्टि से किया गया मानव समाज का विभाग । यथा—हिन्दू, पारसी, मुसलमान आदि । ३. गुण, धर्म, आकृति आदि की दृष्टि से तथा योनि भेद से पदार्थों अथवा जीव-जंतुओं का बना हुआ विभाग, जैसे मनुष्य, पशु, स्त्री, पुरुष, घोड़ा, साँप आदि ।

जातिधर्म–*(न०)* १. जाति या वर्ण का धर्म । २. जातियों के अलग-अलग कर्त्तव्य ।

जाति-पाँति–*(ना०)* १. एक पंक्ति में भोजन करने वाला समाज । २. बिरादरी ।

जातिभाई–*(न०)* एक ही जाति का होने से माना जाने वाला भाई ।

जातिभेद–*(न०)* जातियों में परस्पर रहने वाला अंतर ।

जातिभ्रष्ट–*(वि०)* जाति से बहिष्कृत ।

जातिमद–*(न०)* जाति का अभिमान ।

जातिवाचक–*(वि०)* जाति के गुण इत्यादि बताने वाला ।

जातिवाचक संज्ञा–*(ना०)* १. जाति की प्रत्येक इकाई या वस्तु की वाचक संज्ञा । *(व्या०)* २. सामान्य नाम ।

जातिवार–*(अव्य०)* प्रत्येक जाति के हिसाब से ।

जाति वैर–*(न०)* १. स्वाभाविक शत्रुता । सहज वैर । २. जातियों में परस्पर वैर-भाव ।

जाति व्यवहार–*(न०)* जातियों में परस्पर भोजन व्यवहार ।

जाति स्वभाव–*(न०)* १. जाति का विशेष गुण या स्वभाव । २. एक अलंकार ।

जातिहीन–*(वि०)* १. जातिच्युत । २. हीन जाति का ।

जाती–*दे०* जाति ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जाती बाहर-*(वि०)* जाति से निकाला हुआ। जातिच्युत। जाति बहिष्कृत।

जाती-रा-पग-*(ग्रव्य०)* अधःपतन के चिह्न।

जातीवैर-*(न०)* जाति शत्रुता। सहज वैर। स्वाभाविक शत्रुता। जैसे बिल्ली और चूहे में।

जाती सुभाव-*(न०)* १. जाति स्वभाव। जाति का गुण। २. वंश गुण। कुल का स्वभाव।

जातू-*(न०)* बैलगाड़ी के मांकड़े में खड़ा किया जाने वाला डंडा।

जातो-ग्रातो-*(वि०)* जाता-ग्राता। जाता-ग्राता हुग्रा।

जात्रा-*(ना०)* १. यात्रा। तीर्थाटन। २. देशाटन। भ्रमण।

जात्राळू-*(वि०)* तीर्थाटन करने वाला। यात्रा करने वाला। यात्री।

जात्री-*(न०)* यात्री।

जादम-दे० जादव।

जादरियो-*(न०)* गेहूं की ऊंबी में से निकाले हुए हरे गेहूं या हरे चने या हरी ज्वार को पीस कर बनाया जाने वाला हलवा।

जादव-*(न०)* १. यादव। २. श्रीकृष्ण। ३. भाटी क्षत्री।

जादवपति-*(न०)* यादवपति श्रीकृष्ण।

जादवराय-*(न०)* श्रीकृष्ण।

जादवेस-*(न०)* श्रीकृष्ण।

जादवो-*(न०)* श्रीकृष्ण।

जादा-*(वि०)* ज्यादा। अधिक। घणो।

जादुराय-दे० जादवराय।

जादू-*(न०)* १. इंद्रजाल। २. टोटको। टोना। ३. यादव। जादव।

जादूगर-*(न०)* जादू करने या जाननेवाला। इंद्रजालिक।

जादूमंतर-*(न०)* जादू का मंत्र। जादूमंत्र।

जान-*(ना०)* १. बरात। जनेत। २. प्राण। ३. शक्ति। ४. जानकारी। ज्ञान। ५. अनुमान। ख्याल।

जानकी-*(ना०)* श्रीराम की पत्नी। सीता।

जानकीनाथ-*(न०)* श्रीराम।

जानणी-*(ना०)* बरातिन। जनेतिन।

जानराय-*(न०)* १. श्रीराम। २. विष्णु।

जानवर-दे० जनावर।

जानियो-*(न०)* जनेती। बराती।

जानी-*(ना०)* बराती। जनेती। जानियो। *(वि०)* प्यारा।

जानीवासो-*(न०)* बरातियों के ठहरने का मकान। जनवासा। डेरो।

जानेत-दे० जानेती।

जानेतण-*(ना०)* जनेतिन। बरातिन। जानणी।

जानेती-*(न०)* बराती। जनेती। जानियो। जानी।

जान्हवी-*(ना०)* गंगा नदी। जाह्नवी।

जाप-*(न०)* जप।

जापक-*(वि०)* जप करने वाला। जपियो।

जापजप-दे० जपजाप।

जापताई-दे० जाबताई।

जापताप-दे० जपतप।

जापतो-दे० जाबतो।

जापान-*(न०)* एक देश।

जापानी-*(ना०)* १. जापान की भाषा। २. जापान का निवासी। *(वि०)* जापान का। जापान संबंधी।

जापायती-*(वि०)* प्रसूता। जच्चा।

जापो-*(न०)* १. सौरी। सूतिकाग्रह। २. सूति। प्रसव। जन्म।

जाफ-*(ना०)* बेहोशी। मूर्च्छा।

जाफरान-*(ना०)* केशर।

जाफरी-*(ना०)* बरंडे, बारी ग्रादि के ग्रागे लगाई जाने वाली बांस या लोहे की पट्टियों की बंद जाली।

जाब-*(न०)* जवाब। उत्तर। जबाब।

जावक-*(वि०)* समस्त। सब। *(क्रि०वि०)* सर्वत्र। सब जगह। *(ग्रव्य०)* १. सबका

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सब । ऊपर से नीचे तक । आदि से अंत तक । २. सर्वथा । बिलकुल ।

जाब करणो-*(मुहा०)* १. उत्तर देना । २. प्रश्न करना ।

जाबड़ो-*(न०)* जबाड़ा । जबाड़ो ।

जाबताई-*(ना०)* हिफाजत से रहने की व्यवस्था । दे० जाबतो ।

जाबतो-*(न०)* १. पक्का बंदोबस्त । जाब्ता । २. सम्हाल । सावधानी । ३. रक्षा । निगरानी । ४. रक्षा का प्रबंध ।

जाब पूछणो-*(मुहा०)* उत्तर मांगना ।

जाम-*(न०)* १. रात । २. क्षण । पलक । ३. प्रहर । ४. पिता । ५. पुत्र । ६. पुत्री । जाया । ७. सौराष्ट्र के नवानगर (जाम नगर) के जाडेजा शासक की उपाधि । ८. प्याला । *(वि०)* १. दाहिना । २. दोनों । ३. रुका हुआ । ४. अटका हुआ । फँसा हुआ ।

जामगरी-दे० जामगी ।

जामगी-*(ना०)* बंदूक या तोप दागने का पलीता । जामगरी । पलीतो ।

जामण-*(ना०)* १. माता । जननी । २. संतान । *(न०)* १. जन्म । २. मेल । मिलान । ३. दूध को जमाने के लिये उसमें डाली जाने वाली छाछ या दही । जामन ।

जामणजाई-*(ना०)* बहिन । भगिनी ।

जामणजायी-दे० जामणजाई ।

जामणजायो-*(न०)* भाई ।

जामण-मरण-*(न०)* जन्म-मरण । जन्मना और मरना ।

जामणी-*(ना०)* १. दही जमाने का पात्र । आवणी । २. रात । रात्रि । यामिनी ।

जामणो-*(क्रि०)* १. जमना । स्थिर होना । २. जन्म लेना । ३. होना । ४. फैलना ।

जामदानी-*(ना०)* १. एक प्रकार का संदूक । २. बुगचा । ३. बुगचा बनाने का कामदार कपड़ा । ४. एक प्रकार का फूल कढ़ा हुआ कपड़ा । ५. चमड़े की थैली ।

जामनेमी-*(न०)* इंद्र ।

जामफळ-*(न०)* अमरूद ।

जामळ-*(न०)* १. जन्म । २. स्त्री-पुरुष । नर-नारी । यामल । ३. जोड़ा । युग्म । यमल । यामल । ४. संग । साथ ।

जामळणो-*(क्रि०)* १. मिलना । सम्मिलित होना । २. एकमत होना । सहमत होना ।

जामात-*(न०)* जमाई । दामाद ।

जामा-बरदार-*(न०)* राजा, बादशाह के चलने के समय उनके भारी जामा को बाजू से पकड़ कर चलने वाला सेवक ।

जामिन-*(न०)* जमानत देने वाला । जामिन । प्रतिभू ।

जामी-*(न०)* १. पिता । २. यम नियमों का पालन करने वाला तपस्वी । यमी । ३. योगी ।

जामो-*(न०)* १. जन्म । उत्पत्ति । २. जीवन । जिंदगी । ३. पुत्र । ४. सहारा । आधार । ५. घाघरे की तरह घेरेदार (अंगरखी के साथ जुड़ा हुआ) पुरुषों के पहनने का बागा । बागो । आंगी ।

जामोत-*(न०)* जमाई । दामाद ।

जमोपत्त-*(वि०)* १. आधार प्राप्त । सहारा प्राप्त । २. (जीवन के लिये) आधार प्राप्त करने वाला । ३. जन्मा हुआ । *(भू०क्रि०)* १. जन्मा । २. जीवन निर्वाह किया ।

जाय-*(न०)* पुत्र । *(ना०)* १. पुत्री । २. स्त्री । ३. चमेली । ४. जूही ।

जायकट्यो-*(अव्य०)* एक गाली ।

जायगा-*(ना०)* १. जगह । स्थान । २. मकान । घर । ३. जमीन ।

जायदाद-*(ना०)* संपत्ति । माल-मिलकत ।

जायदाद गैर मनकूला-*(ना०)* अचल संपत्ति ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जायदाद मनकूला-*(ना०)* चल संपत्ति ।
जायपीट्यो-*(अव्य०)* एक गाली ।
जायफळ-*(न०)* जायफल ।
जाया-*(ना०)* १. पुत्री । २. स्त्री ।
जायापीट्या-*(अव्य०)* एक गाली ।
जायी-*(ना०)* १. पुत्री । **जाई** । *(वि०)* जन्मी हुई ।
जायो-*(न०)*१. पुत्र । बेटा । *(वि०)* जनमा हुआ । जात ।
जायोड़ी-*(वि०)* जन्मी हुई ।
जायोड़ो-*(वि०)* जन्मा हुआ ।
जायोपीट्यो-*(अव्य०)* एक गाली ।
जार-*(न०)* पराई स्त्री से अनुचित संबंध रखने वाला व्यक्ति । व्यभिचारी ।
जार कर्म-*(न०)* व्यभिचार । **जारी** ।
जारण-*(ना०)* १. अग्नि । २. **बळीतो** । ईंधन । **ईंधणी** । ३. जलाने का भाव या क्रिया ।
जारणी-*(ना०)* १. अन्य पुरुष से अनुचित संबंध रखने वाली स्त्री । दुश्चरित्रा । जारिणी । व्यभिचारिणी । कुलटा । २. ईंधन । ईंधन की लकड़ी । **ईंधणी** ।
जारणो-*(क्रि०)* १. पचाना । हजम करना । २. सहना । ३. जलाना । ४. मारना ।
जारत-*(ना०)* १. यात्रा । २. तीर्थ यात्रा । तीर्थाटन । जियारत । ३. दर्शन । तीर्थ-दर्शन ।
जारात-*(ना०)* जाहिरात । प्रसिद्धि । *(वि०)* प्रसिद्ध । **छावो** ।
जारी-*(ना०)* व्यभिचार । पर स्त्री गमन । २. पर पुरुष गमन । जारकर्म । *(वि०)* प्रचलित । चालू ।
जाळ-*(ना०)* जाल । पीलू वृक्ष । *(न०)* १. फंदा । जाल । २. धोखा । षड्यंत्र । ३. समूह । ४. जाला (मकड़ी का) । ५. माया का बंधन । माया जाल । ६. कर्म बंधन । **७. किसी वस्तु के ऊपर छाई हुई झिल्ली।** परत । ८. आँख की पुतली के ऊपर छाने वाली झिल्ली । **जाळो** ।
जाळउर-*(न०)* जालोर नगर ।
जाळण-*(ना०)* १. अग्नि । २. ईंधन । **ईंधणी । ईंनणी । बळीतो ।**
जालम-*(वि०)* जालिम । अत्याचारी । जुल्म करने वाला ।
जाळवण-*(ना०)* १. अग्नि । २. ईंधन । ३.जाल वृक्ष । पीलू वृक्ष । **जाळ** । ४.जाल-वृक्ष की लकड़ी । ५. हिफाजत । निग-रानी । **संभाळ** । *(वि०)* जलाने वाला ।
जाळवणी-*(ना०)* १. देखभाल । सम्हाल । २. सुरक्षा । ३. अग्नि । ४. ईंधन ।
जाळवणो-*(क्रि०)* १. सम्हालना । सुरक्षित रखना । देखभाल करना । २. सुरक्षित रहना । सम्हल कर रहना । ३. जलाना ।
जाळसाज-*(वि०)* जालसाजी करने वाला । धोखेबाज । **दगाबाज** ।
जाळसाजी-*(ना०)* धोखाबाजी । **दगा-बाजी** ।
जाळंधर-*(न०)* १. जालोर नगर का एक नाम । २. नाथ सम्प्रदाय के एक सिद्ध योगी । जलंधर नाथ ।
जाळानळ-*(ना०)* १. अग्नि । **आग** । २. अग्नि की ज्वाला । **झाळ** ।
जालिम-दे० जालम ।
जाळियो-*(न०)* जाल वृक्ष का फल । **पीलू** ।
जाळी-*(वि०)* १. जालसाज । २. बनावटी । जाली । —*(ना०)* १. छिद्रवाली कोई परत । जाली । २. झिल्ली । ३. लट्टू फिराने की डोरी । ४. काटने वाले ऊँट के मुँह पर बाँधने की रस्सी से बनी हुई जालीदार टोपी । ५. एक प्रकार का कवच । ६. छिद्रोंवाला एक कपड़ा । ७. झरोखा । खिड़की । **बारी** ।
जाळीचाँ-*(अव्य०)* धोखे बाजों के । जाली लोगों के ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जाळीदार–(वि०) जाली वाला ।

जाळीसधरा–(ना०) मारवाड़ का जालोर प्रदेश । जालोरी ।

जाळो–(न०) १. मकड़ी आदि का जाल । २. आंख का एक रोग । जाला । मोतिया । ३.संगठन । ४. समूह । ५. जमे हुए धुंएँ का जाल समूह ।

जाळोर–(न०) मारवाड़ का प्रसिद्ध ऐतिहासिक नगर । जालोर ।

जाळोरी–(न०) १. जालोर के आसपास का वह भाग जिसमें मारवाड़ी भाषा की जालोरी बोली का प्रचलन है। २. जालोर के आस पास का या जालोर जिले का प्रदेश । (वि०) १. जालोर या जालोरी का । २. जालोर से संबंधित ।

जाव–(न०) वह खेत जिसमें कुएँ या नहर से सिंचाई की जाती हो । [राजस्थान में (एक फसली) वर्षा द्वारा उत्पन्न फसल की भूमि को खेत कहते हैं और कुएं या नहर की सिंचाई वाली दो फसली भूमि को जाव कहते हैं] २. अलता । महावर । जावक । ३. मेंहदी ।

जावद–(वि०) १. बाहर भेजा हुआ । निर्यात । २. बाहर जाने वाला (माल) । (ना०) १. व्यय । खर्च । २. खर्च में लिखी हुई रकम । उधार । ३. महावर । अलता ।

जावणियो–(वि०) जाने वाला । जाणवाळो । जावणवाळो ।

जावणो–(क्रि०)१. जाना । प्रस्थान करना । दूर होना । जाणो । २. कम होना । घटना । बीतना । ३. नष्ट होना । ४.नुकसान होना । ५. मरना । ६.गायब होना ।

जावरो–(वि०) वृद्ध । बूढ़ा ।

जावसी–दे० जावैला ।

जावंतरी–(ना०) जावित्री ।

जावांला–(भ० क्रि० ब० व०) १. जायेंगे । २. जायेंगी ।

जावित्री–(ना०) जायफल के ऊपर का सुगंधिदार छिलका । जावंतरी ।

जावेल–(न०) चमेली का तेल ।

जावैला–(भ०क्रि०)१ जायेगा । २.जायेगी ।

जास–(क्रि०वि०) जिससे । (सर्व०) जिस । (ना०) १. साहस । हिम्मत । २. धीरज । ठहराव ।

जासती–(वि०) १. अधिक । (ना०) १. ज्यादती । २. अत्याचार । जुल्म । ३. जबरदस्ती । बलात् ।

जासाँ–दे० जावांला ।

जासी–दे० जावैला ।

जासूस–(न०) गुप्तचर । भेदियो ।

जासूं–(भ०क्रि०)१. जाऊंगा । २. जाऊंगी ।

जास्ती–दे० जासती ।

जाहनवी–दे० जाह्नवी ।

जाहर–(वि०) लोकज्ञात । प्रकट । जाहिर ।

जाहरणवी–दे० जाह्नवी ।

जाहरपीर–(न०) १. एक पीर । २. चौहान गोगा । लोक देवता गोगा पीर ।

जाहराँ–(वि०) जाहिर । प्रकट । (क्रि०वि०) १. प्रकट रूप से । जाहिरा । २. जब । जिस समय ।

जाहरात–दे० जारात ।

जाहराँतेग–(वि०) १. तलवार चलाने में प्रसिद्ध । २. वीर ।

जाहिर–दे० जाहर ।

जाही–दे० जासी ।

जाह्नवी–(ना०) गंगा नदी ।

जाँ–(क्रि०वि०) १. जहाँ । २. जब । (सर्व०) १. जिन । २. जिनके । ३. जो । ४. उन ।

जाँखळ–(न०) कलेवा । नाश्ता । झांकळ । सिरावण ।

जाँगड़–(न०) १. एक मुसलमान जाति । मुसलमान ढोली । २. यशोगान करने

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वाला व्यक्ति। ३. जंग में वीरता की प्रशस्तियाँ गाकर वीरों को प्रोत्साहन देने वाला गायक। ४. ढोली। ५. ढाढ़ी। ६. योद्धा। *(वि०)* वीर। बहादुर।

जाँगड़ियो–दे० जांगड़।

जाँगड़ो–*(न०)* डिंगल का एक छंद। दे० जांगड़।

जाँगळू–*(न०)* राजस्थान में बीकानेर जिले का एक प्रदेश।

जाँगी–*(न०)* १. नगारा। २. बड़ा ढोल। ३. रण वाद्य। ४. छोटी हर्रे की एक किस्म। ५. छोटी किस्म की हर्रे।

जाँगी हरड़े–*(ना०)* एक प्रकार की छोटी हर्रे। हीमज।

जाँघ–*(ना०)* जंघा। साथळ।

जाँघियो–*(न०)* १. तंग मोहरी का घुटनों तक का एक पजामा। कच्छा। जांघिया। २. पजामा।

जाँच–*(ना०)* १. देखभाल। निरीक्षण। २. परख। परीक्षा। ३. खोज।

जाँचणो–*(क्रि०)* १. जाँचना। तपासना। २. परखना। परीक्षा करना।

जांझर–*(न०)* स्त्रियों के पैरों में पहनने का बारीक घूंघरूदार एक गहना। झांझर।

जाँझरके–*(अव्य०)* प्रातःकाल में। प्रभात वेला में।

जांझरको–*(न०)* प्रातःकाल। प्रभात। उषाकाल।

जाँझरिया–*(न०ब०व०)* बच्चे के पाँवों में पहनने की छोटी जांझर जोड़ी।

जाँट–*(ना०)* शमीवृक्ष। खेजड़ी।

जाँतरो–*(न०)* तार को खींच कर पतला बनाने का एक यंत्र। तार पट्टी।

जाँदा–*(न०ब०व०)* १. कष्ट। तकलीफ। २. वियोग। जुदाई। ३. दूरी। भेद। अंतर। ४. लालसा। ५. अभिलाषा। तीव्र इच्छा।

जाँदा पड़णो–*(मुहा०)* १. मन की मन में ही रहना। मन की पूरी न होना। २. कष्ट भुगतना। तकलीफ उठाना। ३. वियोग पड़ना। ४. इच्छा पूरी नहीं होना। ५. कमी होना।

जाँबाज–*(वि०)* १.आत्मबली। २.जवाँ मर्द।

जाँबाजी–*(ना०)* जान की बाजी। आत्म बलिदान। २. जवाँ मर्दी।

जांबू–*(न०)* १. सौराष्ट्र का लींबड़ी प्रदेश। २. जंबूफल। जामुन।

जाँबो–दे० जाँभो।

जाँभेल–*(न०)* तारामीरा का तेल। जाँभो तेल।

जाँभो–*(न०)* सरसों की जाति का पर सरसों से अधिक तीक्ष्ण और कड़वा तिलहन। तारामीरा।

जाँभोजी–*(न०)* पीपासर (राजस्थान) में जन्मे विसनोई (जाति) संप्रदाय के प्रवर्तक एक सिद्ध पुरुष।

जांभो तेल–*(न०)* तारामीरा का तेल। जांभेल।

जाँवण–*(न०)* जामन। जावन। आमण।

जाँवळणो–दे० जामळणो।

जिकण–*(सर्व०)* 'जिको' का वह रूप जो उसे विभक्ति लगने के पहिले प्राप्त होता है। जिस। *(वि०)* जिस।

जिकर–*(न०)*१. जिक्र। चर्चा। बातचीत। भिकर। २. कथन।

जिका–*(सर्व०)* वह।

जिकाँ–*(सर्व०ब०व०)*१.जिन्हें। २.जिन्होंने। ३. जिन। ४. उन।

जिकाँरै–*(सर्व०ब०व०)* जिनके। जिणाँरै।

जिकाँरो–*(वि०ब०व०)* जिनका।

जिकी–*(सर्व०)* वह। *(वि०)* जो।

जिके–*(सर्व०)* १. जिस। २. उस। ३. जो।

जिको–*(सर्व०)* वह। *(वि०)* जो।

जिग–*(न०)* यज्ञ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जिगन–*(न०)* यज्ञ ।
जिगर–*(न०)* १. कलेजा । २. दिल । मन । ३. साहस । हिम्मत ।
जिगरी–*(वि०)* प्यारा । प्रिय ।
जिडो–*(वि०)* जितना । जित्तो । जितरो ।
जिढ–*(ना०)* जिद्द । हठ ।
जिढी–*(वि०)* जिद्दी । हठी ।
जिण–*(सर्व०)* १. जिसने । २. जिस । ३. जिसके ।
जिणगी–*(क्रि०वि०)* जिस ओर । *(वि०)* जिसकी ।
जिणथी–*(सर्व०)* जिस (व्यक्ति) से । जिससे ।
जिणनै–*(सर्व०)* जिसको ।
जिण परि–*(अव्य०)* १. जिससे । २. जिस प्रकार । ३. जिस पर । ४. जिसके बाद ।
जिणरी–*(सर्व०)* जिसकी ।
जिणरो–*(सर्व०)* जिसका ।
जिणसूं–दे० जिणथी ।
जिणंद–*(न०)* जिनेन्द्र । तीर्थंकर ।
जिणि–*(सर्व०)* जिस ।
जिणियारी–*(ना०)* माता ।
जिणो–दे० जणो ।
जितणो–*(वि०)* जितना । जितरो ।
जित-तित–*(क्रि०वि०)* जहाँ तहाँ । जठै तठै ।
जितरै–*(क्रि०वि०)* १. जब तक । २. जितने में ।
जितरो–*(वि०)* जितना । जित्तो ।
जितै–*(क्रि०वि०)* १. जितने में । २. जब तक । जठै ताईं ।
जित्ता–*(वि०ब०व०)* जितने । जितरा ।
जितो–*(वि०)* जितना । जितरो ।
जित्तो–*(वि०)* जितना । जितरो ।
जिद–*(ना०)* हठ । दुराग्रह ।
जिद्दी–(वि०) जिद्दी । हठी । दुराग्रही ।
जिन–*(न०)* १. विष्णु । २. बुद्ध । ३. सूर्य । ४. तीर्थंकर । ५. मुसलमान भूत ।
जिनगानी–दे० जिंदगानी ।
जिनगी–*(ना०)* जिंदगी ।
जिनड़ी–दे० जिनगी ।
जिनमत–*(न०)* जैन धर्म ।
जिनमंदिर–*(न०)* जैन मंदिर ।
जिनवर–*(न०)* तीर्थंकर ।
जिनस–*(ना०)* १. चीज । वस्तु । जिन्स । २. मदद । नग । ३. प्रकार । भाँति । ४. खाका । ढाँचा ।
जिनहाँ–*(सर्व०ब०व०)* १. जिन्होंने । २. जिनके । ३. जिन ।
जिनहाँ हंदियाँ–*(वि०ब०व०)* १. जिनका । २. जिनकी ।
जिना–*(न०)* व्यभिचार ।
जिनाकारी–*(ना०)* व्यभिचार ।
जिनात–*(ना०)* सामर्थ्य । हैसियत । ताकत ।
जिनावर–दे० जनावर
जिनाँ–दे० जिनहाँ ।
जिनाँ हंदा–दे० जिनहाँ हंदियाँ ।
जिनाँ हंदियाँ–दे० जिनहाँ हंदियाँ ।
जिबै–*(न०)* गला काट कर प्राण लेने की क्रिया । जबह । जिबह ।
जिभ्या–*(ना०)* जिह्वा । जीभ ।
जिम–*(क्रि०वि०)* १. जिस तरह । जिस प्रकार । *(अव्य०)* ज्यों । जैसे । जैसे कि । ज्यूं । ज्युंकै ।
जिमक्कड़–*(वि०)* खूब खाने वाला ।
जिम-तिम–*(क्रि०वि०)* जैसे-तैसे । जिस किसी प्रकार । ज्यूं-त्यूं ।
जिमावणो–*(क्रि०)* खिलाना । भोजन कराना । खवावणो ।
जिम्मेवार–*(न०)* उत्तरदायी ।
जिम्मेवारी–*(ना०)* उत्तरदायित्व ।
जिय–*(न०)* जीव ।
जियान–(क्रि०वि०) जिस प्रकार । जैसे । ज्यूं ।
जियारत–*(ना०)* १. तीर्थ यात्रा । २. मुसलमानों की मक्के, मदीने की यात्रा ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जियारी–दे० जीवारी।

जियाँ–(सर्व०ब०व०)१. जिनका। २.जिनकी। ३. जिन्होंने। जिणां। (ग्रव्य०) जैसे कि।

जियाँकळो–(वि०) १. जिस प्रकार का। जैसा। जैड़ो। जिसो। २. उस प्रकार का। वैसा। अेड़ो। वैड़ो। विसो। ३. जितना। जितरो जित्तो।

जिरह्–(न०) कवच। बख्तर। (ना०) १. ऐसी पूछताछ जो सच्ची बात का पता लगाने के लिये की जाय। २. प्रश्न जो प्रतिपक्षी या उसका वकील बयान की सच्चाई जाँचने के लिये करे। ३ हुज्जत।

जिराफ (न०) लंबी गरदन का एक अफ्रीकी पशु।

जिलै–(ना०) ग्रोप। चमक। जिला।

जिलो–(न०) सूबे का वह भाग जो कलेक्टर के अधीन हो। जिला।

जिल्द–(ना०) १. पुस्तक की एक प्रति। २.पुस्तक का एक भाग। खंड। ३.पुस्तक की रक्षा के लिये ऊपर नीचे चढ़ाई हुई दफ्ती। पूठा।

जिल्दसाज–(न०) पुस्तकों की जिल्दें बाँधने वाला।

जिवड़ो–(न०) जीव। जी। (वि०) १. जैसा। २. जितना।

जिवावणो–दे० जिवाड़णो।

जिसड़ो–दे० जिसो।

जिसन–(न०) १. इंद्र। जिष्णु। २. ग्रर्जुन। जिष्णु। ३. सूर्य। ४. श्रीकृष्ण।

जिसम–(न०) शरीर। जिस्म। डील।

जिसी–(वि०)जैसी। जैड़ी।

जिसो–(वि०) १. जैसा। जैड़ो। २. समान।

जिस्यान–(क्रि०वि०) जिस प्रकार। जैसे। (वि०) जैसा।

जिस्यो–दे० जिसो।

जिग्राँ–(ग्रव्य०) जिस तरह। जैसे। ज्युं के।

जिंद–(न०) १. भूत। २. मुसलमान भूत।

जिंदगाणी–(ना०) जिंदगी। जीवन। जिंदगानी। जिनगानी।

जिंदगी–(ना०) १. जीवन। २. जीवन काल। ग्रायु।

जिंदो–(वि०) जीवित। जीवतो।

जी–(ग्रव्य०) १. सम्मान सूचक एक शब्द। २. ग्रादर सूचक प्रत्युत्तर का एक शब्द। ३. गुरुजनों के प्रति उच्चारण किया जाने वाला स्वीकृति व समर्थन ग्रादि का सूचक शब्द। ४. पिता, पितामह, मातामह ग्रादि गुरुजनों के लिये सम्मान सूचक शब्द। जी। जीसा। ग्रापजी। ५. व्यक्ति के नाम के ग्रंत में लगने वाला ग्रादर वाचक शब्द। जी। यथा—किसनजी, रामदेवजी, पाबूजी। (न०) १. जीव। प्राण। २. ग्रादर सूचक प्रत्युत्तर। ३. मन। दिल। ४. पिता। जीसा। ग्रापजी। ५. माता।

जीकारो–(न०) १. 'जी' शब्द का बोधक पद। २. किसी के नाम के ग्रंत में लगाया जाने वाला सम्मान सूचक 'जी' शब्द का भाव। जैसे रामचन्द्रजी।

जीखा–(न०) वर्षा की बारीक बूंदें। (ना०) पकाई हुई ईंट को घिस कर बनाया हुग्रा बारीक चूर्ण या बुरादा।

जीखेस–(न०) १. शिव वाहन। नंदी। २. बैल। वृषभ।

जीजाजी–(न०) बड़ी बहन का पति। बहनोई।

जीजी–(ना०) बड़ी बहिन।

जी-जोड़–(ग्रव्य०) जी-जान से। पूरी शक्ति से।

जीण–(ना०) १. एक प्रकार की विशेष बुनावट का मोटा वस्त्र। २. घोड़े की काठी। पलाण। चारजामा। जीन। दे० जीणमाता।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जीणगर–*(न०)* १. घोड़े की जीन बनाने वाला कारीगर। जीनसाज। जीनगर। २. मोची।

जीणपोस–*(न०)* जीन के ऊपर डाला जाने वाला कपड़ा। जीनपोश।

जीणमाता–*(ना०)* शेखावाटी की एक प्रसिद्ध लोकदेवी।

जीणसाळ–*(न०)* जीनसाल। कवच।

जीत–*(ना०)* विजय। जय। फतह।

जीतणियो–*(वि०)* जीतने वाला।

जीतणो–*(क्रि०)* विजय पाना। जीतना। फतह होना।

जीतब–*(न०)* १. जीवन। जिंदगी। २. जीवन-स्थिति। ३. जीवन-यात्रा।

जीतवा–*(न०)* १. जीव। २. जीवात्मा।

जीती–*(ना०)* १. जीवन साफल्य। सफल जीवन। २. विजय। जीत।

जीप–*(ना०)* १. जीत। विजय। २. एक जाति की मोटर गाड़ी।

जीपणो–*(क्रि०)* जीतना। विजयी होना।

जीभ–*(ना०)* १. जिह्वा। जीभ। रसना। २. वाणी। जबान। ३. कलम की नोक। ३. बूट पहिनने में प्रयुक्त एक लोहे की पट्टी।

जीभ जाडी पड़णो–*(मुहा०)* मृत्यु के समय जीभ का मोटा हो जाना। मरणासन्न होना।

जीभाळ–*(न०)* राक्षस। *(वि०)* १. लंबी जीभ वाला। २. बकवादी। जीभोटो।

जीभी–*(ना०)* जीभ का मैल उतारने का एक उपकरण।

जीभोटा–*(न० ब० व०)* व्यर्थ की बातें। बकवाद।

जीभोटो–*(वि०)* १. व्यर्थ बकने वाला। बकवादी। २. लबार। गप्पी। असभ्य। ३. जबान करने वाला। जबानदराज। वाचाल।

जीमण–*(न०)* १. भोजन। खाना। आहार। २. परोसा। जेमन। थाळ। कांसो।

जीमणवार–*(न०)* ज्योनार। भोज।

जीमणियार–*(वि०)* १. निमंत्रण पर भोजन करने को आये हुए। २. बहुत खाने वाला। दे० जीमणियाळ।

जीमणियाळ–*(वि०)* बैलगाड़ी में दाहिनी ओर जोता जाने वाला (बैल)।

जीमणी–*(वि०)* दाहिनी।

जीमणो–*(वि०)* दाहिनी ओर का। दाहिना। *(क्रि०)* भोजन करना। जीमना। खाना।

जीमाड़ *(वि०)* बहुत खाने वाला। खाऊ।

जीमाड़णो–*(क्रि०)* खिलाना। भोजन कर वाना।

जीमावणो–दे० *जीमाड़णो*।

जीमूत–*(न०)* १. बादल। मेघ। २. पर्वत। ३. सूर्य।

जीरण–*(वि०)* जीर्ण। पुराना। *(ना०)* ज्वार। जुआर धान्य।

जीरणो–दे० जीरवणो।

जीरवणो–*(क्रि०)* १. सहन करना। बरदाश्त करना। गम खाना। पचाजाना। २. धीरज रखना। ३. पच जाना। हजम करना।

जीराण–*(न०)* श्मशान। मसाण।

जीरो–*(न०)* जीरा। जीरक।

जीरोई–*(ना०)* दगी।

जीव–*(न०)* १. प्राण। शरीर का चेतन तत्त्व। जीव। २. प्राणी। जीव। जीवधारी। ३. मन। दिल। जी। ४. प्रेम। ५. मोह। ६. चित्त। ध्यान। ७. खाट की एक बुनाई जिसका मध्य भाग जीव संज्ञक होता है। ८. कीड़ा। कीट।

जीव-उकाळो–*(न०)* १. क्लेश। दुख। २. कुढ़न। ३. मनस्ताप।

जीव-जड़ी–*(ना०)* १. जीवनमूरि। जीवन की जड़ी। २. जीवन का आधार। ३. प्रेमी। ४. पति।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जीव-जंत-*(न०)* कीड़ा-मकोड़ा। जीव-संतु।
जीव-जंतु-दे० जीव-जंत।
जीवड़ो-*(न०)* १. जीव। २ ग्रात्मा। ३. जी। मन। ४. कीड़ा-मकोड़ा। छोटा कीड़ा। ५. जंतु। जीव-जंतु।
जीवण-*(न०)* १. जीवन। २. आयुष्य। उम्र। ३. प्राण। जीवन।
जीवणधन-*(न०)* १. ईश्वर। परमात्मा। २. स्वामी। पति। जीवन धन।
जीवणग्रत-*(वि०)* १. जो जीवित ही मृत समान हो। जीवन्मृत। २. जिसका जीवन सार्थक न हो। *(न०)* जीवन और मृत्यु।
जीवण-साथण-*(ना०)* जीवन-संगिनी। पत्नी।
जीवणो-*(क्रि०)* १. जीना। सांस चलना। २. जीवित रहना। ३. जीवन गुजारना।
जीवत ग्रौसर-दे० जीवत खरच।
जीवत खरच-*(न०)*जीवित ग्रवस्था में किया जाने वाला अपना ही मृतक भोज। वह मृत्यु-भोज जो अपनी मृत्यु होने के पहले (जीवितावस्था) में स्वयं के द्वारा कर लिया जाता है।
जीवतदान-*(न०)* १. मारे जाने या मरने वाले की कीजाने वाली प्राण रक्षा। प्राणदान। जीवनदान। २. जीवित रहने का साधन। ३. वह दान या सहायता जो किसी के जीवन भर का सहारा बन सके।
जीवत-ग्रत-*(वि०)* १. (सार्थक) मृत्यु को जीवन से श्रेष्ठ समझने वाला। २. जीवित ही मृत समान। *(न०)* जीवन और मृत्यु।
जीवतसंभ-*(न०)* १. वीर गति प्राप्त करने पर्यन्त रुद्र रूप से लड़ते रहने वाला वीर योद्धा। २. जीवित (प्राण) रहने तक रुद्र के समान शत्रु संहार करते रहने वाला वीर पुरुष। ३. जीवित ही रुद्र गति को प्राप्त होने वाला वीर योद्धा। *(वि०)* १. विजयी। २. वीर गति प्राप्त।
जीवती-*(वि०)* १. जीवित। २. सजीव।
जीवतेजीव-*(ग्रव्य०)* १. जीवित रहते हुए। जीवतावस्था में। जिंदगी में। २. जिंदगी है जब तक।
जीवतो-*(वि०)*१.जीता। जिंदा। जीवित। २. जीव वाला। सजीव। ३. परिमाण (तौल-नाप ग्रादि) से कुछ अधिक।
जीवतोड़-*(वि०)* ग्रत्यधिक कठिन (परिश्रम) जीतोड़।
जीवन-दे० जीवण
जीवन चरित-*(न०)*१. किसी के जीवन का वृतान्त। जीवन-चरित्र। २. वह पुस्तक जिसमें किसी के जीवन का वृत्तान्त लिखा हुआ हो। ३. एक साहित्यिक विधा।
जीवन चरित्र-दे० जीवन चरित
जीवनी-दे० जीवन चरित
जीवरखो-*(न०)* १. किला। दुर्ग। २. किले में बुर्ज पंक्ति के बीच में उठा हुआ स्थान जिसमें युद्ध का सामान रहता है और योद्धा लोग रहते हैं। ३ शरणागतों को किले में छिपा रखने का स्थान। संरक्षण स्थान। ४. विद्रोही व शत्रु राजा, सरदार ग्रादि को किले में कैद रखने का स्थान। ५. गुफा। ६. घर। ७. चोर, डाकू ग्राक्रमणकारी इत्यादि से बचने के लिए सुरक्षित स्थान। ८. जीवन रक्षा। ९. शरीर।
जीवहिंसा-*(ना०)* १. जान-ग्रनजान में होने वाली प्राणी हिंसा। २. प्राणियों का वध। हत्या।
जीवाजूण-*(ना०)* १. जीवयोनि। २. जीव-जंतु। प्राणीमात्र। मनुष्य, पशु, पक्षी इत्यादि प्राणी।
जीवाड़णो-*(क्रि०)* १. जीवित करना। २. मृत्यु से बचाना। ३. संकट से बचाना।
जीवाणो-दे० जीवाड़णो।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जीवाणी-(न०)१. पानी वाले जीव । सूक्ष्म जल-जीव । २. पानी को छानने पर छन्ने में रह गये जीव । ३. जीवों वाला पानी ।

जीवाणु-(न०) १. जीवयुक्त ग्रणु । २. ग्रणु के समान सूक्ष्म जीव । । ३. जीवाणी । पानी वाले जीव । ४. जीव वाला पानी ।

जीवात-(ना०) १. सूक्ष्म जंतु या कीड़ों का समूह । २. ग्रनाज में पड़ने वाले जंतु । ३. जीवात्मा । जीव ।

जीवारी-(ना०) १. जीवन का साधन । २. भूख प्यास ग्रादि के (प्राणहरण जैसे) संकट से उद्धार । प्राण जाने की स्थिति का निवारण । भरण-पोषण । निर्वाह । जीविका । ४. जीव । प्राण । ५. जीवन । जिंदगी । ६. ग्राश्रय । ७. परस्पर के संबन्धों की मधुरता ।

जीवावणो-दे० जीवाड़णो ।

जीवाहन-(न०) इन्द्र । जीमूतवाहन ।

जी-सा-(ग्रव्य०) १. पिता या पितामह ग्रादि गुरुजनों के लिये ग्रादर सूचक संबोधन । (न०) पिता ।

जीह-(ना०) जिह्वा । जीभ ।

जीहा-दे० जीह ।

जीं-(वि०) जिस । जिण । -(सर्व०) जिसने । जिणै ।

जींखा-दे० जीखा ।

जींगण-(न०) जुगनू । खद्योत । ग्रागियो ।

जींजणियाळ-(ना०) जींजणी ग्रौर बेरी वृक्ष की ग्रोरण (रक्षित वन क्षेत्र) में रहने वाली देवी । २. करणी देवी ।

जींजणियाळी-दे० जींजणियाळ ।

जींजणी-(ना०) एक क्षुप । २. कंटीली झाड़ी ।

जींजा-(न०ब०व०) झांझ, ताल या मंजीरों की जोड़ी ।

जींझणियाळी-दे० जींजणियाळ ।

जींनै-(सर्व०) जिसको ।

जींवणी-कानी-(ग्रव्य०) दाहिनी ग्रोर ।

जींवणी-दिस-(ग्रव्य०) दाहिनी ग्रोर ।

जींवणो-(वि०) दाहिना । जीमणो ।

जींसूं-(सर्व०) जिससे ।

जु-(ग्रव्य०) एक पादपूरक ग्रव्यय । २. एक संयोजक ग्रव्यय । कि । ३. यदि । जो । ग्रगर । -(सर्व०) १. जो । २. वह ।

जुग्रळ-(न०) युगल । जोड़ा । युग्म ।

जुग्राजुग्रा-(वि०) जुदा-जुदा । ग्रलग-ग्रलग । भिन्न-भिन्न ।

जुग्रा-जुई-(ना०) विवाह के ग्रवसर पर वर-वधू के परस्पर जुग्रा खेलने की एक प्रथा ।

जुग्राड़ो-(न०) बैलगाड़ी के ग्रागे लगा रहने वाला एक काष्ठ उपकरण जो बैल-गाड़ी को खींचने के लिए बैलों के कंधों पर रखा जाता है । जुग्रा । जुग्राठो ।

जुग्रार-(ना०) एक बरछट ग्रनाज । ज्वार । जवार ।

जुग्रारी-(न०) जुग्रा खेलने वाला । द्यूत-कार । द्यूतविद ।

जुई-(वि०) जुदी । ग्रलग ।

जुग्रो-(वि०) जुदा । ग्रलग । (न०) जुग्रा । द्यूत ।

जुखाम-(न०) सरदी से होने वाला एक रोग जिसमें नाक तथा मुंह से कफ निकलता है । जुकाम । श्लेष्म । सळेखम । ठाड । सरदी ।

जुग-(न०) १. युग । बारह वर्ष का काल । २. जमाना । जुग । काल । ३. शास्त्रा-नुसार काल का एक दीर्घ परिमाण जो सतयुग, त्रेता, द्वापर ग्रौर कलियुग के नाम से विभाजित है । ४. जोड़ा । युग्म ।

जुग-जमारो-(न०) लंबा समय । वर्षों के वर्ष । (ग्रव्य०) बहुत वर्ष पहले ।

जुगजुगां-(ग्रव्य०) ग्रनेक युगों तक ।

जुगजुगी-(ना०) गले का एक ग्राभूषण । धुगधुगी ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जुगत-*(ना०)* १. युक्ति । प्रकार । रीति । २. युक्ति । तर्क । दलील । ३. उपाय । तदबीर । ४. करामात । ५. कौशल । निपुणता । ६. व्यवस्था । तैयारी । सजावट । ७.रमणीयता । ८.समानता । मेल ।

जुगती-दे० जुगत ।

जुगतो- *(वि०)* योग्य ।

जुगनूं-*(न०)* एक उड़ने वाला चमकीला कीड़ा । खद्योत । जौंगण ।धागियो ।

जुगम-*(वि०)* १. युग्म । जोड़ा । युगल । २. दो ।

जुगराज-*(न०)* युवराज ।

जुगल-*(वि०)* १. दो । २. दोनों । *(न०)* जोड़ा । युगल ।

जुगलकिशोर-*(न०)*युगलकिशोर । श्रीकृष्ण । २. राधाकृष्ण ।

जुगलजोड़ी-*(ना०)* १. जोड़ी । जोड़ा । युगल । २. मित्रद्वय । ३. पति-पत्नी । दम्पति ।

जुगळी-*(ना०)* १. साथ रहने वाले व्यक्ति । २. जोड़ी । ३. मित्रमंडली ।

जुगवर-*(न०)*युग का श्रेष्ठ पुरुष । युगपुरुष

जुगाड़-*(ना०)* १. आर्थिक सामर्थ्य । २. हैसियत । सामर्थ्य । ३. व्यवस्था । ४. प्रबन्ध ।

जुगाद-*(अव्य)* युग का आदि । युगादि । *(वि०)* प्राचीन । पुराना *(क्रि०वि०)* प्राचीन समय से । युग के आदि से ।

जुगाळी-दे० श्रोगाळ ।

जुगोजुग-*(अव्य०)* युग प्रति युग । युग-युग । प्रतियुग । प्रतियुग में ।

जुज-*(न०)* १.युद्ध । २.अंग । अंश । *(वि०)* थोड़ा ।

जुजठळ-*(न०)* युधिष्ठिर । (काव्योक्त नाम)

जुजदान-*(ना०)* १. शृंगारपेटी । २. चित्र पोथी । एल्बम ।

जुजरवो-*(न०)* ऊंट पर रखी जाने वाली एक छोटी तोप ।

जुजवळ-*(ना०)*खुलेपत्रों के हस्तलिखित ग्रन्थों में लेखन के दाहिने-बांयें दोनों ओर के उपान्त (बोर्डर) की दोहरी लाल लकीरें खींचने की लोहे या पीतल की दोनों ओर (ऊपर-नीचे) दो नोक वाली एक कलम ।

जुजाण-*(न०)* युद्ध ।

जुजीठळ-दे० जुजठळ ।

जुझ-*(न०)* युद्ध ।

जुझाऊ-*(वि०)* १. युद्ध सम्बन्धी । २. युद्ध करने वाला । जूझने वाला । वीर । जुझार ।

जुझार-दे० जूझार ।

जुद्ध-*(न०)* युद्ध ।

जुट-*(ना०)* १. गुट । दल । २. थोक । लाट । ३. दो परस्पर मिली हुई वस्तुएँ । ४. मिलान । ५. दिक्कत । परेशानी । जुठ ।

जुटणो-*(क्रि०)* १. युद्ध में प्रवर्त होना । २. युद्ध करना । ३. मिलना । ४. जुटना । जुड़ना । संलग्न होना । ५. लगना । चिपटना । ६. किसी काम में सम्मिलित होना । ७. एकत्र होना ।

जुटाणो-*(क्रि०)*१. संलग्न करना । जोड़ना । २. मिलाना । ३. किसी को किसी काम में लगाना । ४. एकत्रित करना ।

जुटाळ-*(न०)* सिंह । *(वि०)* १. वीर । बहादुर । २ जुटाने वाला ।

जुटावणो-दे० जुटाणो ।

जुठ-*(ना०)* दिक्कत । परेशानी । तकलीफ ।

जुड़णो-*(क्रि०)* १. कविता का बन पड़ना । २. जुड़ आना । जुड़ना । ३. युद्ध में शामिल होना । ४. भिड़ना । लड़ना । ५. प्राप्त होना । मिलना । ६. इकट्ठा होना । जमा होना । शामिल होना ।

जुड़वाई-*(ना०)* १. जोड़ने का काम । २. जोड़ने की मजदूरी ।

जुड़मो-*(वि०)* जुड़ा हुआ ।

जुड़वों-दे० जुड़मो ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जुड़ाई–दे० जोड़ाई।

जुग–(अव्य०) १. ऊंट को बिठाने के समय उच्चार किया जाने वाला शब्द। झुंग। (न०) ऊंट। झुंग।

जुत–(वि०) युक्त। युत।

जुतणो–(क्रि०) १. किसी काम में प्रवर्त होना। २. बैल, घोड़े आदि का गाड़ी आदि को खींचने के लिए उसमें जुड़ना। ३. काम में साथ देना।

जुदाई–(ना०) अलग होने का भाव। पृथकता। वियोग। जुदापन। अळगापणो। जुदापणो।

जुदो–(वि०) १. अलग। जुदा। २. अतिरिक्त। अलावा। सिवाय। ३. अनोखा।

जुद्ध–(न०) युद्ध। लड़ाई।

जुध अघायो–(वि०) १. युद्ध से तृप्त। २. युद्ध में जिसके घाव नहीं लगे हों। ३. जो शक्ति भर लड़ा हो। ३. घावों से पूर्ण। ४. युद्ध से अतृप्त।

जुध-जूट–(वि०) वह जिसका जीवन युद्धों से ही जुटा रहता है। युद्ध-जुष्ट।

जुधठळ–(न०) १. युधिष्ठिर। २. युद्ध-स्थल।

जुधणो–(क्रि०) युद्ध करना। लड़ना।

जुधथंभ–(न०) युद्ध में स्तम्भ रूप से खड़ा रह कर लड़ने वाला वीर। युद्ध में पीछे पाँव नहीं देने वाला अडिग वीर।

जुधथिर–(न०) युधिष्ठिर। (वि०) युद्ध में स्थिर रहने वाला।

जुधबंध–(न०) १. व्यूह रचना। २. व्यूह। ३. योद्धा।

जुध मादळ–(न०) १. युद्ध का ढोल। २. युद्ध का हाथी।

जुध रीझाळ–(वि०) १. युद्ध रसिक। २. युद्धप्रिय।

जुधाण–(न०) १. जुध का बहुवचन रूप। अनेक युद्ध। २. जोधपुर नगर का एक काव्यगत नाम।

जुधाणनाथ–(न०) जोधपुर का राजा। जोधपुर नरेश।

जुन्हाई–(ना०) १. ज्योत्सना। चाँदनी। २. प्रकाश। रोशनी।

जुपणो–(क्रि०) १. जुतना। २. प्रज्वलित होना। लगना। सुलगणो।

जुमलै–(न०) १. योग। कुल योग। (वि०) सब। कुल।

जुमलो–(न०) १. वाक्य। जुमला। २. भीड़। (वि०) सब। जुमला।

जुमै–(क्रिवि०) जिम्मा में। जिम्मेदारी में। देखरेख में। सुपुर्दगी में।

जुमो–(न०) जवाबदारी। जोखमदारी। जिम्मा।

जुयळ–(वि०) १. अलग। पृथक्। २. दोनों। ३. दो। (न०) १. जोड़ा। युगल। २. दोनों पाँव या हाथ।

जुर–(ना०) १. कटोरी के आकार की डंडीदार द्रव पदार्थ छानने की चलनी। २. हलका ज्वर। ३. ज्वर। ताप।

जुरजोजन–(न०) दुर्योधन।

जुरजोण–(न०) दुर्योधन।

जुरजोधण–(न०) दुर्योधन।

जुरड़ो–(न०) १. छेद। विवर। २. काँटों की बाड़ में किया हुआ प्रविष्ट मार्ग। ऊपरवाड़ो। सेरो। २. वृद्ध पुरुष। जरड़ो।

जुरा–(ना०) जरा। वृद्धावस्था।

जुरत–(ना०) जरूरत। आवश्यकता। ओइजवाण।

जुररो–दे० जुरो।

जुरासंध–(न०) कंस का ससुर मगध देश का राजा जरासंध।

जुरासंधखय–(न०) जरासंध को मारने वाला भीम।

जुरो–(न०) द्रव पदार्थ छानने या झारने का सुराखों और लंबी डंडी वाला लोहे

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

का एक पात्र। पूरी-पकौड़ा आदि तली जाने वाली वस्तुओं को कड़ाही में से निकालने का लंबी डंडी वाला छिछला चालना। झारो।

जुर्म-*(न०)* अपराध।

जुळ-*(क्रि०वि०)* एकत्रित। इकट्ठा।

जुळणो-*(क्रि०)* १. इकट्ठा होना। २. उत्पन्न होना। ३. होना। ४. मिलना। प्राप्त होना। जुड़णो।

जुलफ-*(ना०)* सिर के बालों की कान के आगे निकली हुई लटिया। जुल्फ। कुल्ली।

जुलम-*(न०)* १. अत्याचार। जुल्म। २. जबरदस्ती। ३. बलात्कार। ४. अन्याय। ५. अपराध।

जुलमी-*(वि०)* १. जुलम करने वाला। अत्याचारी। २.प्रजापीड़क। ३.अन्यायी। ४.जबरदस्ती करने वाला। ५. अपराधी।

जुलाई-*(ना०)* ईसवी सन् का सातवाँ महीना।

जुलाव-*(न०)* १. रेचन। २. दस्त लगाने वाली औषधि।

जुलावो-*(न०)* जुलाहा। तंतुवाय।

जुव-*(वि०)* १. दो। २. दोनों।

जुवक-*(न०)* युवक। युवापुरुष।

जुवती-*(ना०)* जवान स्त्री। युवती।

जुवराज-*(न०)* युवराज।

जुवळ-*(न०)* १. पाँव। पैर। २. युग्म। जोड़ा। *(वि०)* १. दोनों। २. दो। युगल।

जुवाड़ो-दे० जुआड़ो।

जुवार-दे० जुआर।

जुवारी-*(वि०)* जुआ खेलने वाळा। जुआरी। द्यूतकार।

जुवो-दे० जुओ।

जुहार-*(न०)* १. नमस्कार। प्रणाम। २. कार्य सिद्ध हो जाने पर अमुक देवता की की जाने वाली मनौती। ३. जुहार के रूप में देवता को चढ़ाया जाने वाला नैवेद्य।

जुहारड़ा-*(न०)* नमस्कार अर्थ 'जुहार' सूचक का ब० व० रूप।

जुहारणो-*(क्रि०)* १. अभिवादन करना। प्रणाम करना। जुहारना। २.देवस्थान में देवता को भेंट पूजा करने को जाना।

जुहारी-*(ना०)* १. विवाह की एक प्रथा जिसमें पाणिग्रहण विधि समाप्त होने के बाद दूल्हा का पहिले अपने बडीलों को और फिर संबंधियों के यहाँ जुहार (प्रणाम) करने को जाना। २. जुहारी में प्राप्त हुई भेंट। ३. पाणि-ग्रहण के बाद वर-वधू का गठजोड़ सहित गाजे-बाजे के साथ देवस्थानों में जाकर भेंट-पूजा चढ़ाना।

जुंग-*(न०)* १. ऊंट। २. ऊंट को बिठाते समय बोला जाने वाला एक शब्द। झुण।

जुंझलाणो--दे० जुंझळावणो।

जुंझलावणो--*(ना०)* १. अकुलान। ऊब। जुंझलाहट। २. क्रोध।

जुंझळावणो-*(क्रि०)* १. ऊबना। अकुलाना। जुंझलाना। २. क्रोध करना।

जुंहर-दे० जौहर।

जूओ-*(न०)* जुआ। द्यूत। *(वि०)* जुदा। अलग।

जूजवो-*(वि०)* जुदा जुदा।

जूजुओ-दे० जूजवो।

जूझ-*(न०)* युद्ध। संग्राम।

जूझ-झळ-*(ना०)*१. युद्धाग्नि। युद्ध ज्वाला। भयंकर संग्राम। २. युद्ध करने की तीव्र इच्छा।

जूझणो-*(क्रि०)* १. युद्ध करना। २. सिर कट जाने के बाद धड़ से लड़ना।

जूझाऊ-*(वि०)* १. युद्ध से संबंध रखने वाला। युद्ध संबंधी। युद्ध का। २. युद्ध करने वाला।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जूझार-*(न०)* १. शूरवीर। २. वह वीर जो सिर कटने पर भी लड़ता रहता है।

जूझारजी-*(न०)* लोक देवता की भांति पूजा जाने वाला जूझार वीर। *(ग्रव्य०)* व्यंग्य, उपालंभ या वाक्युद्ध आदि प्रसंगों में प्रयुक्त असामर्थ्यसूचक एक अव्यय। जैसे-करलीजै थारी बहादरी। देख लियो थनै जूझारजी नैं।

जूट-*(वि०)* १ जुड़ा हुआ। २. दो। *(न०)* १. जोड़ा। २. सन। पटसन।

जूटणो-*(क्रि०)* १. युद्ध में प्रवर्त होना। २. युद्ध करना। ३. संलग्न होना। जुड़ना। ४. भिड़ना। टकराना।

जूड़ी-*(ना०)* १. पूली। जूरी। मुट्ठा। २. तमाकू के पत्तों की जूरी।

जूड़ो-*(न०)* बालों को माथे पर लपेट कर बनाई हुई गुत्थी। अम्बोड़ो।

जूठो-*(वि०)* १. चतुर। चालाक। होशियार। २. कपटी। छली। २. उच्छिष्ट। एंठा। जूठा।

जूण-*(ना०)* १. योनि। जन्म। २. जीवन। जिंदगी।

जूत-*(न०)* जूती। पगरखी। पादत्राण। जूता।

जूती-*(ना०)* पगरखी।

जूतो-*(न०)* जूता। पगरखो। जोड़ो।

जूथ-*(न०)* १. समूह। यूथ। २. सेना।

जूथार-*(न०)* हाथी।

जून-*(न०)* ईसवी सन् का छठा महीना।

जूनाळी-*(ना०)* एक तोप। *(वि०)* जूनी। पुरानी।

जूनी-*(वि०)* १. पुरानी। प्राचीन। २. जीर्ण। जर्जरित।

जूनो-*(वि०)*१. पुराना। प्राचीन। २. जर्जरित। जीर्ण।

जूपणो-*(क्रि०)* १.जुतना। संलग्न होना। २. प्रज्वलित होना। लगना।

जूवटो-*(न०)* जुआ। द्यूत।

जूसण-*(न०)* कवच।

जूह-*(न०)*१.झुंड। यूथ। समूह। २.सेना। ३. युद्ध। ४. हाथी। *(वि०)* बहुत बड़ा।

जूं-*(ना०)* १. बालों का एक कीड़ा। जूं।

जूंग्ररो-दे० जुग्राड़ो।

जूंग-*(न०)* १. ऊंट। २. ऊंट को बिठाने के लिये बोला जाने वाला शब्द। झुण।

जूंगी-*(ना०)* ऊंटनी। सांयड़।

जूंजळो-*(न०)* काले रंग का कीड़ा, जो प्राय: विष्ठा की गोली बना कर पांवों से लुढ़काता और उलटा चलता हुआ बरसात में दिखाई देता है। गोगीड़ो। गूकीड़ो।

जूंझणो-दे० जूझणो।

जूंझळ-*(ना०)* झुंझलाहट। चिढ़।

जूंझळाट-दे० जूंझळ।

जूंझार-दे० जूझार।

जूंझारजी-दे० जूझारजी।

जूंट-*(ना०)* १. जुड़ी हुई दो चीजें। दो जुड़ी हुई चीजों से बनी एक वस्तु। २. जोड़ी। ३. दो-दो की एक पंक्ति। ४. झुंड।

जूंटो-*(न०)* १. जोड़ी। जोड़ा। २. हाथ बुनी चद्दर का एक जोड़ा।

जूंठो-दे० जूंबो।

जूंबो-*(न०)* बाजरी आदि के एक दाने में से निकले हुए अनेक पौधे। एक जड़ में से फूटे हुए नाज के अनेक पौधों का समूह।

जूंसर-दे० जुग्राड़ो।

जूंसरो-दे० जुग्राड़ो।

जूंसहरी-दे० जुग्राड़ो।

जे-*(ग्रव्य०)*१. यदि। २. जो। *(सर्व०)* १. जिस। २. जिसने। जिण। ३. जो। ४. वह।

जेई-दे० जेळी।

जेखळ- *(न०)* सूग्रर।

जेज-*(ना०)* १. देर। विलंब। २. समय। वेळा। मोड़ो।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जेजियो-(न०) मुसलमानी शासन काल का एक यात्रा कर जो हिंदुओं पर लगता था। जजिया।

जेझ-दे० जेज।

जेट-(ना०) १. समूह। २. एक के ऊपर एक इस प्रकार बरतनों आदि की लगी हुई तह। ३. चपातियों की तह। रोटियों की तह। ४. एक ही प्रकार की वस्तुओं का क्रमबद्ध ढेर। ५. राशि। ढेर।

जेठ-(न०) १. पति का बड़ा भाई। भसुर। २.वैशाख और आषाढ़ के बीच का महीना, ज्येष्ठ मास। विक्रम संवत का तीसरा महीना। (वि०) बड़ा। अग्रज।

जेठळ-(न०) १. बड़ा भाई। २. जेठ। भसुर। ३. युधिष्ठिर।

जेठवै रा सोरठा-(न०) ऊजळी चारणी की ओर से कहा गया जेठवै के प्रति विरहोद्गार-काव्य।

जेठाणी-(ना०) पति के बड़े भाई की पत्नी। जेठ की पत्नी। जेठानी।

जेठी-(वि०) बड़ी। (न०) बड़ा भाई।

जेठीपाथ-दे० जेठी पाराथ।

जेठी-पाराथ-(न०) १. भीम। २. युधिष्ठिर।

जेठीबाहु-(वि०) आजानु बाहु।

जेठूतरो-(न०) जेठ का लड़का। जेठौता।

जेठूती-(ना०) जेठ की लड़की।

जेठूतो-दे० जेठूतरो।

जेठो-(वि०) बड़ा। (न०) बड़ा भाई।

जेण-(सर्व०)१. जिस। जिसने। २. जिससे।

जेणि-दे० जेण।

जेतलो-(वि०) जितना।

जेती-(वि०) जितना।

जेता-(वि०) जीतने वाला। विजेता। (वि०अ०व०) जितने।

जेतो-(वि०)१. जितना। २. जीतने वाला। विजेता।

जेथ-(क्रि०वि०) १. जहाँ। जिस जगह। २. वहाँ। उस जगह।

जेथी-(क्रि०वि०)१. जिससे। जिस कारण। २. जिसके लिये।

जेदी-(अव्य०) जिस दिन। उस दिन।

जेब-(ना०) जेब। खीसा। खूंजियो। गूंजियो।

जेम-(क्रि०वि०) १. जिस प्रकार। जैसे। यथा। जिसभांत। २. ज्यों। ज्यूं।

जेर-(ना०) गर्भगत बालक के ऊपर की झिल्ली। जेरी। ओवळ। (वि०) १. परास्त। पराजित। २. जिसे बहुत हैरान किया जाये। (क्रि०वि०) वश में। अधिकार में। ताबे।

जेर करणो-(मुहा०) १. पराजित करना। हराना। २. हैरान करना। ३. अधिकार में करना।

जेरणो-(क्रि०) १. वश में करना। बंधन में डालना। २. नष्ट करना। ३. परास्त करना।

जेरबंद-(न०) १. घोड़े की बाग को तंग के साथ जोड़ने वाला चमड़े का तसमा। २. चमड़े का कोड़ा। चाबुक। ३. रस्सी की भाँति काम में आने वाली चमड़े की लंबी पट्टी। तसमा।

जेर बार-(वि०) १. जिसको बहुत हानि उठानी पड़ी हो। हानिग्रस्त। २. जिसे किसी विपत्ति के कारण बहुत सहन करना पड़ा हो। आपत्तिग्रस्त। विपत्तिग्रस्त।

जेरी-दे० जेळी।

जेळ-(ना०) १. बंदीगृह। कैद। कैदखाना। २. रोक। रुकावट। ३. बंधन। ४. कैदखाने की सजा। कैद।

जेळखानो-(न०) कारागृह। जेलखाना। बंदीगृह।

जेळी-(न०) लकड़ी के दो तीक्ष्ण लंबे फल या नोकों वाला कृषकों का एक लंबा

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

डंडा, जिससे कँटीली झाड़ियाँ हटाई जाती हैं। जेई। जेरो।

जेवड़–(ना०) रस्सा। रज्जु।

जेवड़ी–(वि०) जैसी। (ना०) रस्सी। डोरी।

जेवड़ो–(न०) डोर। रस्सा। (वि०) जैसा। जिस प्रकार का।

जेवर–(न०) गहना। आभूषण।

जेवरलो–(वि०) १. विरल। थोड़ा। २. कोई-कोई। बहुत में से कोई। (क्रि०वि०) कहीं-कहीं।

जेवलो–दे० जेळी।

जेसळ–(ना०) जेसल नामक प्रसिद्ध भाटी राजा जिसने वि० सं० १२१२ सावन शु० १२ को जैसलमेर नगर और उसके पास की पहाड़ी पर किले का निर्माण करवाया।

जेसळगिर–(न०) जैसलमेर का पहाड़ और उस पर बना हुआ किला। २. जैसलमेर नगर।

जेसळमेर–दे० जैसलमेर।

जेसाण–(न०) १. जैसलमेर नगर। २. जैसलमेर राज्य।

जेसाणो–दे० जेसाण।

जेह–(ना०) १. किनारा। अंतिम सिरा। किसी वस्तु का अंतिम भाग। २. दीवार की चुनाई में ईंटों की एक ऐसी तह जो दीवाल के औसार से कुछ बाहर निकली हुई होती है। ३. दीवाल के ऊपरी भाग में सामान रखने के लिये लगाया जाने वाला पत्थर। टांड। ताक। ४. डोरी। रस्सी। ५. प्रत्यंचा। (क्रि०वि०) जैसा। जेड़ो।

जेहड़ी–(वि०) जैसी। जिस प्रकार की। जेड़ी। जिसी।

जेहड़ो–(वि०) जैसा। जिस प्रकार का। जेड़ो। जिसो।

जेहर–(ना०) पैर का एक गहना। पाजेब।

जेहवी–(वि०) जैसी। जिस प्रकार की। जेड़ी।

जेहवो–(वि०) जैसा। जिस प्रकार का। जेड़ो। जिसो।

जेहि–(सर्व०) जिस। (क्रि०वि०) जैसे। ज्यों। ज्यूं।

जेही–(वि०) जैसी। जेड़ी।

जेहो–(वि०) जैसा। जिस प्रकार का। जेड़ो। जिसो।

जै–दे० जय।

जैकार–(न०) जय घोष। जयकार। जय-जय कार।

जै गोपाळजी री–दे० जै रामजी री।

जै जैकार–(अव्य०) १. जय जयकार। २. जय जय शब्द का उच्चारण। विजय ध्वनि। जयघोष। ३. विजय की प्रसन्नता का घोष।

जैड़ं–(क्रि०वि०) १. जब तक। जठा तांई। २. तब तक। जठै तांई।

जैड़ो–(वि०) जैसा। जिसो।

डोरीजरणो–(क्रि०) घोड़ी का गर्भ धारण करना।

डोरी लागरणी-(मुहा०) १. ईश्वर के ध्यान में लीन होजाना। २.ध्यान मग्न होजाना।

डोरो–(न०) १. पतला धागा। २. गले का एक आभूषण। ३. घी तेल आदि की पतली धार। ४. तैयार होते हुये शाक में खटाई के लिये छोड़ी जाने वाली किंचित छाछ की धार। ५. आँख में दिखाई देने वाली लाल डोर। ६. धुएँ या गर्द की उठी हुई लंबी रेखा। ७.कुएँ पर चक्र की धुरी से संलग्न घिरनियाँ जो पानी निकालने वाली बैलों की जोड़ी के चलाने से चक्र चलने के साथ चक्कर खाती रहती हैं। इनमें से एक पर लपेटा हुआ धागा चक्र के चलने के साथ दूसरी घिरनी पर लिपटता जाता है। धागा लंबाई में अमुक माप का होता है। एक घिरनी से दूसरी घिरनी पर आने में लगभग तीन चार घंटे लग जाते हैं। समस्त धागा जब दूसरी घिरनी पर आजाता है तो एक डोरा समाप्त हुआ कहा जाता है। तब क्लान्त बैलों की जोड़ी को छोड़ कर उसकी जगह (अरहट चलने या मोट खींचने के लिये) दूसरी बैल-जोड़ी जोत दी जाती है। पारी। बारी। डोरा। ८. सगाई करने के समय कन्या के पिता से निश्चित कराकर विवाह के समय दुलहे को दिया जाने वाला धन। ९. कष्ट निवारणार्थ हाथ या गले में बाँधा जाने वाला अभिमंत्रित धागा। १०. सगाई के समय लड़के लड़की के हाथ में बाँधा जाने वाला सूत्र। वाग्दान सूत्र। ११. विवाह के पूर्व वर के दाहिने पाँव में और कन्या के बाँएँ हाथ और पाँव में बाँधा जाने वाला एक विवाह सूत्र। १२. स्त्रियों के सिर के बालों की चोटी में गूंथने का ऊन का काला मोटा धागा। १३. एक लोक गीत।

डोल– (ना०) १. डोल। बालटी। २. कुएँ से पानी निकालने का एक बरतन।

डोळ–(न०) १. ढंग। तरीका। २. आकार। घाट। ३. खाका। नमूना। ४. बाहरी दिखावा। ढोंग। ५. अन्न को दलने में रह जाने वाला आखा दाना। ६. खील (धानी) का बिना फूटा हुआ दाना।

डोळ चालरणी-(ना०) दाल चालने की चलनी। धान्य के डोळ (आखे) दाने जुदे करने की चालनी।

डोलची–(ना०) १. छोटी डोल। २. चमड़े की डोल। ३. पानी की गेहर के खेल में पानी से चोट मारने की एक विशेष प्रकार की मुड्ढे वाली डोल।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

डोलण हींडो–दे० डोलर हींडो।

डोलणो–(क्रि०) १. कंपायमान होना। २. हिलना। इधर उधर होना। ३. झूलना। ४. घूमना। फिरना। ५. डगमगाना। विचलित होना। ६. कंपायमान करना। ७ नाश करना। ८. डरना। ९. डराना।

डोळणो–दे० ढोळणो।

डोळदार–(वि०) १. जिसका खाका अच्छा बना हो। २. सुन्दर। सुघड़।

डोलर हींडो–(न०) एक प्रकार का चक्कर में घूमने वाला झूला। हिंदोल।

डोळा उघड़णो–(मुहा०) अक्ल ठिकाने आना। आंख उघड़णी।

डोळा काढणो–(मुहा०) १. क्रोध या उपेक्षा से देखना। २. क्रोध करना।

डोली–(ना०) कुँएँ से पानी निकालने की डोल। दोलिका।

डोळी–(ना०) १. पुण्यार्थ दी हुई भूमि। दान में दी हुई खेती आदि की जमीन। २. एक प्रकार की पालकी। डोना। ३. घायलों को उठा कर ले जाने का अरथी जैसा एक साधन। डोलो। स्ट्रेचर।

डोलो–(न०) १ पाणिग्रहण के लिये कन्या को डोली में बिठाकर दूल्हे के यहाँ पहुँचने की एक विवाह प्रथा। २. कुँएँ में से पानी निकालने का एक पात्र। ३.पालकी। पीनस।

डोळो (न०) १. आँख का कोया। डेला। २. आँख।

डोळो डूबणो–(मुहा०) १. मन मानना। २. इच्छापूर्ति होना।

डोवटी–(ना०) १. एक प्रकार का मोटा कपड़ा। २. ओढ़ने का एक वस्त्र।

डोह–(न०) द्रोह। शत्रुता। (ना०) मस्ती।

डोहणो–(क्रि०) १ विलोड़ित करना। मंथन करना। २. कंपायमान करना। ३. भय उत्पन्न करना। ४. मारना। ५. नाश करना। ६. मैला करना। गंदला करना (पानी को)। डोहळणो।

डोहळणो–(क्रि०) पानी को गंदला करना।

डोहळी–(ना०) दान में दी हुई खेत आदि की जमीन। द्विहल्या। दोहळी। डोळी।

डोहळो–(वि०) गँदला। मैला (पानी)

ड्योढहथी–दे० डोढ़हथी।

ड्योढी–दे० डोढी।

ड्योढीदार–दे० डोढीदार।

ड्योढो–दे० डोढो।

ढ

ढ–संस्कृत परिवार की राजस्थानी भाषा के टवर्ग का चौथा मूर्धस्थानीय व्यंजन।

ढक–(न०) १. मूला। मूळो। (जैन.) २. ढक्कन। ढाकणो। ३.बड़ा ढोल। ४.बड़ा नगाड़ा। ढक्का।

ढकणी–दे० ढाकणी।

ढकणो–दे० ढाकणो।

ढकोसळो–(न०ब०व०) १. पाखंड। ढोंग। २. बनावटी रोना-धोना।

ढक्क–दे० ढक्को।

ढक्को–(न०) १. बड़ा ढोल। २. बड़ा नगाड़ा। ढक्का। ढक।

ढग–दे० ढिग।

ढगण–(न०) काव्य में एक मात्रिक गण जो तीन मात्राओं का होता है।

ढगळ–(न०) १. ढेला। २. ढेर। राशि।

ढगलाबंध–(वि०) बहुत। अधिक। ढेरों।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ढगली–दे० ढिगली ।

ढगलो–(न०)ढेर । पुंज । राशि । ढिगलो ।

ढचरका–(न०ब०व०) १. ढोंग । पाखंड । ढकोसले । २. नखरा ।

ढचरो–(न०) पाखंड । ढोंग । (वि०) वृद्ध । बुड्ढा ।

ढचूपचू–(वि०) १. डावांडोल । डिगमिग । २. अनिश्चित ।

ढड्डो–(न०) १. 'ढ' अक्षर । ढकार । २. जड़ मनुष्य । सर्वथा अज्ञान मनुष्य ।

ढपला–(न०ब०व०) १. ढोंग । पाखंड । २. कृत्रिम रोना । चरित्र ।

ढब–(ना०) १. ढंग । युक्ति । रीति । २. रचना । बनावट । ३. तदबीर । उपाय । ४. पसंद । ५. वश । अधिकार । ६. अवसर । मौका । ७. सुविधा । सहूलियत ।

ढबणो–(क्रि०) १. निभना । निर्वाह होना । २. ठहरना । रुकना ।

ढबदार–(वि०) १. ढबवाला । २.वशवाला । ३. पसंद वाला । ४. छटादार ।

ढबू–दे० ढब्बू ।

ढब्बू–(वि०) मूर्ख । जड़ । (न०) १. दो पैसों का मोटा और पुराना तांबे का एक सिक्का । २. टका । दो पैसे । ३. पौने दो तोले का एक तोल ।

ढमक–दे० ढमको ।

ढमक-ढमक–(न०) ढोल के बजने की आवाज ।

ढमकणो–(क्रि०) ढोल का बजना ।

ढमकाणो–(क्रि०) ढोल बजाना ।

ढमकावणो–दे० ढमकाणो ।

ढमको–(न०) ढोल बजने का शब्द ।

ढमढम–दे० ढमक ढमक ।

ढमंक–दे० ढमक ।

ढमंकणो–दे० ढमकणो ।

ढमाक–दे० ढमको ।

ढमाढम–(न०) १. ढोल बजने की आवाज । ढोल का शब्द । २. ढोल का एक ताल ।

ढरड़ो–(न०) १. पुराने रिवाज का अनुसरण । ढर्रा । २. खोटे रिवाज का अनुसरण । अंधानुकरण । ३. दृष्टानुसरण । देखादेखी । ४. स्वभाव । आदत (अनुचित) ५. शैली । ढंग । ढर्रा । ६. कुप्रथा । खोटा रिवाज । ढर्रो ।

ढर्रो–दे० ढरड़ो ।

ढळ–(न०) १. अस्त होने की क्रिया या भाव । २. ढेला । ३. पहाड़ के पास की रक्षित भूमि ।

ढळकणो–(क्रि०) १. गिर कर बहना । २. आंसू ढरकना । आंसू बहना । ३. किसी वस्तु का हिलते हुए दिखना । ४. लोलक की भांति हिलना ।

ढळकावणो–(क्रि०) १. हिलाना । २. गिराना । ३. लुढ़काना । ४. बहाना । (आंसू) । आंसू ढरकाना ।

ढळको–(न०) आंख से पानी गिरते रहने का एक रोग । ढलका ।

ढळणो–(क्रि०) १. नक्षत्रों का मध्याकाश में आकर पश्चिम की ओर जाना । अस्त होने के निकट या स्थिति में आना । ग्रहों का अस्ताचल की ओर जाना । २. पात्र में से पानी तेल आदि प्रवाही पदार्थ का गिरना, बहना या बाहर निकलना । ३. घोड़े, ऊंट आदि का जंगल में चरने जाना । ४. चलना । रवाना । जाना । ५. पलंग, जाजम आदि का सोने-बैठने की स्थिति में होना या बिछाया जाना । ६. पिघली हुई धातु का सांचे में ढाला जाना । ७. ठहरना । विश्राम करना । ८. अचेत होकर गिर पड़ना । ९. बीतना । १०. मरना । ११. एक ओर झुकना । १२. अमुक वृत्ति की ओर झुकना । १३. देवता के ऊपर चमर का फिराया जाना ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ढळती ऊमर-(ना०) बुढ़ापा ।

ढळती छाया-(ना०) १. फिरते दिन । २. दुर्भाग्य के दिन । ३. दुर्भाग्य । ४. सौभाग्य के दिन । ५. सुदिन ।

ढळती छींया-दे० ढळती छाया ।

ढळती रात-(ना०) पिछली रात ।

ढळती वेह-दे० ढळती ऊमर ।

ढलता दिन-(न०) वृद्धावस्था ।

ढळतो दिन-(न०) १. मध्यान्ह के बाद का दिन । दुपहर के बाद का समय । २. दिन का चौथा पहर ।

ढळमो-(न०) १. साँचे में ढला हुआ । २. जो एक ओर नीचा हो । ढलुआ । ढालू ।

ढळाई-(ना०) १. चढ़ाई से उलटा । उतार । नीचाई । ढलाई । २. किसी धातु आदि को गला कर सांचे में ढालने का काम । ३. ढालने की मजदूरी ।

ढळाण-दे० ढळांख ।

ढळामण-(ना०) ढालने की मजदूरी । ढलाई ।

ढळाव-(न०) उतार । नीचाई । चढ़ाई से उलटा ।

ढळावणो-(क्रि०) १. साँचे में ढलवाना । २. किसी वस्तु को कोई आकार देना । ३. पानी आदि प्रवाही पदार्थ को गिरवा देना । ढुलवाना ।

ढळांख-(ना०) १. ढाल । ढालू जगह । २. नीचे की ओर । चढ़ाई से उलटा । ढलाई । उतार । ढळाव ।

ढळांत-दे० ढळांख ।

ढळो-(न०) १. मिट्टी का ढेला । (वि०) १. मूर्ख । अज्ञ । २. आलसी । सुस्त ।

ढलो करणो-(मुहा०) १. छोड़ना । २. काम करना छोड़ना । ३. हाथ में लिये हुए काम या बात को अधूरा छोड़ना ।

ढल्लीस-(न०) दिल्लीश । दिल्ली का बादशाह ।

ढसड़णो-(क्रि०) जमीन पर रगड़ते हुए खींचना । घसीटना ।

ढहणो-(क्रि०) १. गिरना । पड़ना । २. मरना । नष्ट होना । ३. किसी उभरी, उठी हुई या उठाई हुई वस्तु का गिर जाना । जैसे—दीवाल आदि ।

ढहाणो-(क्रि०) १. गिराना । २. ध्वस्त करना । नाश करना । ३. गिरवाना । ४. ध्वस्त करवाना । नाश करवाना ।

ढहावणो-दे० ढहाणो ।

ढंक-(न०) १. ढक्कन । २. कौआ । ३. ढोल । ढक ।

ढंकणो-(ना०) ढकनी । ढाकणी ।

ढंकणो-(क्रि०) १. ढक जाना । २. ढक देना । ढकना । (न०) ढक्कन । ढाकणो ।

ढंग-(न०) १. तरीका । ढब । रीति । २. चालढ़ाल । बर्ताव । ३. आसार । लक्षण । रंगढंग । ४. प्रकार । तरह । ५. दशा । हाल ।

ढंगढाळो-(न०) १. रहन सहन । बरताव । आचरण । २. बनावट । आकार । ढंग । ३. रंग ढंग । लक्षण । ४. व्यवस्था । प्रबंध । ५. हालत । दशा ।

ढंगसर-(क्रि०वि०) १. अच्छी प्रकार से । सुचारू रूप से । २. तरकीब से । क्रमशः ।

ढंगी-(वि०) १. ढंग वाला । ढंग से रहने वाला । २. कार्य व परिश्रम में प्रथम नहीं आने वाला । पीछे रहने वाला । जिसकी गणना काम करने (की क्षमता वालों) में पश्चाद्वर्ती रहती हो । ३. बिना ढंग वाला ।

ढंचो-(न०) १. साढ़े चार का पहाड़ा । ढौंचा । २. साढ़े चार का आंक । '४॥' (वि०) साढ़े चार ।

ढंढ-(न०) १. पानी का नेस । २. मिट्टी से भरा हुआ पुराना तालाब । ३. ढोर । पशु । ढांडो । (वि०)१. पोला । खोखला । २. ना समझ । मूर्ख ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ढंढेरो-*(न०)* ढिंढोरा। मुनादी। घोषणा। **ढंढोळो**।

ढंढोरो-दे० ढंढेरो।

ढंढोळणो-*(क्रि०)* १. खोजना। तलाश करना। ढूंढना। २. इधर-उधर हिलना। ३. जोर से हिलना। ४. खोसना। लूटना।

ढंढोळियो-*(न०)* ढंढोरा पीटने वाला। ढंढोरची।

ढंढोळो-दे० ढंढेरो।

ढाई-*(वि०)* दो और आधा। ढाई। *(न०)* ढाई का आंक।'२॥' अढी।(२½) *(ना०)* १. अवसर। मौका। २. अनुकूलता। सीधी स्थिति। अविरुद्धता।

ढाई आना-*(न०ब०व०)* १. ब्रिटिश राज्य के समय के एक रुपये के १६ आने अथवा ६४ पैसों के हिसाब से १० पैसे। २. दस पैसों की संज्ञा। ३. आनों में लिखा जाने वाला १० पैसों का चिन्ह। '=)॥' अढी आना।

ढाई करोड़-*(वि०)* दो करोड़ पचास लाख। *(न०)* ढाई करोड़ की संख्या।'२५००००००' **अढी करोड़**।

ढाई फोड़णो-*(मुहा०)* १. काम सिद्ध होना। २. किसी कठिन काम का सरलता से पार लग जाना।

ढाई सौ-*(वि०)* दो सौ और पचास। *(न०)* ढाई सौ की संख्या। '२५०' **अढी सौ**।

ढाई लाख-*(वि०)* दो लाख पचास हजार। *(न०)* दो लाख पचास हजार की संख्या। '२५००००' **अढी लाख**।

ढाई हजार-*(वि०)* दो हजार पाँच सौ। *(न०)* ढाई हजार की संख्या। '२५००' **अढी हजार**।

ढाक-*(न०)* १. पलाश वृक्ष। २. ढक्कन।

ढाकड़ी-दे० ढाक।

ढाकण-*(वि०)* रक्षक। शरण में रखने वाला। *(न०)* १. माता पिता। २. गुरु। ३. छत्ररूप गुरुजन। ४ पति। ५. राजा। ६. ढक्कन। ७. संरक्षक।

ढाकणियो-*(न०)* १. ढक्कन। २. संरक्षण। *(वि०)* १. ढकने वाला। २. संरक्षक।

ढाकणी-*(ना०)* १. ढकनी। छोटा ढकना। २. घुटने के ऊपर की गोल हड्डी का टिकला। घुटने की ढकनी।

ढाकणो-*(क्रि०)* १. ढकना। ढाँकना। २. बंद करना। *(न०)* ढक्कन।

ढाको-*(न०)* १. ढक्कन। २. छत्र। ३. आच्छादन।

ढागली-दे० ढागी।

ढागी-*(ना०)* १. गाय। २. बूढ़ी गाय। **ढागली**।

ढागो-*(न०)* १. ऊंट। २. बैल। ३. बूढ़ा बैल। ४. लंबे कद का बेडौल व्यक्ति। *(वि०)* मूर्ख। जड़।

ढाट-*(न०)* घाट देश। दे० धाट।

ढाटी-*(वि०)* १. घाट देश का निवासी। धाटी। २. घाट देश संबंधी। घाट देश का।

ढाटो-*(न०)* मोटे कपड़े का बड़ा साफा जिसका एक सिरा कनपटियों और डाढ़ी को ढके रहता है। ढट्टा। **धाटो**।

ढाढ-*(ना०)* जोर से रोने की आवाज।

ढाढण-*(ना०)* ढाढी की स्त्री। ढाढ़िन।

ढाढणो-*(क्रि०)* १. जोर से रोना। २. दहाड़ना। चिल्लाना।

ढाढस-*(ना०)* १. दिलासा। सांत्वना। धैर्य। २. दृढ़ता।

ढाढी-*(ना०)* १. बधाई के गीत गाने वाली एक जाति। *(न०)* ढाढी जाति का पुरुष।

ढाण-*(न०)* १. स्थान। २. मुकाम। ३. घर। ४. किला। ५. मध्य गति से दौड़ने की ऊंट की एक चाल। ६. चाल। ७. ढंग। ८ नाश। ९. प्रवाह।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ढाणी-(*ना०*) १. मुकाम । २. पाँच सात घरों की बस्ती । पांच सात घरों की बस्ती का गांव । ३. खेत में रहने के लिये बनाया हुआ झोंपड़ा । ४. अस्थाई निवास ।

ढाणो-(*न०*) १. मुकाम । २. यात्रा के बीच किया जाने वाला विश्राम । पड़ाव । ३. चरस का पानी खाली करने का थाना । थाळो । कोठो ।

ढाणोढाण-(*अव्य०*) पड़ाव दर पड़ाव । प्रत्येक विश्राम स्थान ।

ढाब-(*ना०*) १. रोक । २. मर्यादा । ३. प्रतिबन्ध ।

ढाबणियो-(*वि०*) १. रक्षण देने वाला । शरण देने वाला । २. रोकने वाला । ३. निर्वाह करने वाला ।

ढाबणो-(*क्रि०*) १. रोकना । २. थामना । पकड़ना । ३. वश में रखना । ४. शरण देना । आश्रय में रखना । ५. सांत्वना देना । आश्वासन देना । ६. निभाना । निर्वाह करना ।

ढाबरियो-(*न०*) कूटे से बनाया हुआ एक छोटा पात्र । टोकरी । ठाठियो ।

ढाबलियो-दे० ढाबरियो ।

ढाबो-(*न०*) १. कूटे से बनाया हुआ एक बड़ा पात्र । टोकरा । ठाठो । २. मुर्गा-मुर्गियों को बन्द करने का एक टोकरा । ३. मूल्य देकर खाना-पीना प्राप्त करने का स्थान । साक-रोटी की दुकान । बीसो । लॉज । २. झोंपड़ा । झूंपड़ो ।

ढामक-(*न०*) १. बड़ा ढोल । २. बड़ा नगाड़ा । टामक ।

ढायो-दे० अढ़ियो ।

ढाल-(*ना०*) १. तलवार आदि शस्त्रों के प्रहार का रोकने का एक साधन । फलक । २. युद्ध में हाथी की ललाट पर कसा जाने वाला फलक । हाथी-सिपर । ३. बचाव का साधन । आड़ । ४. माता-पिता गुरुजन आदि । (*वि०*) रक्षक । बचाने वाला ।

ढाळ-(*ना०*) १. वह जगह जो बराबर नीची होती हुई चली गई हो । उतार । चढ़ाई का उलटा । २. ढलवाँ जमीन । ३. आकार । ४. गाने की पद्धति । तर्ज । लय । राग । ५. तरीका । ढब । आचरण । (*अव्य*) प्रकार । भांति ।

ढाळ-उतार-(*वि०*)क्रम से छोटा । गावदुम । गोपुच्छवत् ।

ढाल-उथाळ-(*वि०*)१ शत्रुओं की ढालों को उथलाने वाला । २. वीर ।

ढाळकी-(*ना०*) सोने या चाँदी को गलाकर रेजे में ढालकर बनाई हुई पतली छड़ । कदला । कंदली । गुल्ली । रैवी । ढाळो ।

ढाळको-(*न०*) धातु को गलाकर रेजे में ढाली हुई लम्बी मोटी गुल्ली । ढालका । कदला ।

ढालगर-(*न०*) ढालें बनाने वाली जाति का व्यक्ति ।

ढाळणो-(*क्रि०*) १. गलाने से पुनः ठोस बन जाने वाले पदार्थ को गले हुए रूप में आकृति देने के निमित्त साँचे मे उँड़ेलना । साँचे में ढालना । २. बिछाना । लगाना । खाट, जाजम आदि बिछाना । ३. गिराना (आंसू) । ४. पात्र में से द्रव पदार्थ को बहाना । ५. घोड़े, ऊंट आदि को चरने के लिये जंगल में छूटा छोड़ना । ६. मारना ।

ढाळदार-(*वि०*) उतारवाला । ढालवाला । ढलुवाँ ।

ढालात-(*ना०*) ढालू जगह । ढलाव । उतार । ढलाई ।

ढाळियो-(*न०*) १. खपरैलों से छाया हुआ ढाल वाली छत का छप्पर । अगढाळियो । इकपलिया । २. एक ओर ढालू छत वाला बरंडा या साल ।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ढाळी–दे० ढाळकी ।

ढालू–*(न०)* कैर (करील) का पका हुआ फल । पका हुआ लाल कैरफल । ढेलू । पीचू ।

ढ़ाळू–*(ना०)* चढ़ाई से उलटा । ढलाई । उतार । नीचाई । *(वि०)* ढलुंवा । २. ढलाई की ओर का ।

ढाळो–*(न०)*१. रिवाज । पद्धति । तरीका । २. रहन सहन । चाल-चलन । ३. यात्रा के बीच में किया जाने वाला विश्राम । विश्रांति । पड़ाव ।

ढाळोढाळ–*(क्रिoवि०)* १. क्रमानुसार । सिलसिले वार । २. ढाल-उतार । ३. ढलाई की ओर । ४.क्रम से उतरता हुआ । *(वि०)* एक के बाद एक-दूसरा । *(न०)* छोटी मोटी वस्तुओं का क्रम ।

ढावो–दे० ढाहो ।

ढाहणहार–*(वि०)* गिराने वाला । नाश करने वाला ।

ढाहणो–*(क्रि०)* १. मारना । नष्ट करना । २ गिराना । ढाहना ।

ढाहो–*(न०)* १. नदी का ऊंचा किनारा । ढाहा । ढावो । २. किनारा ।

ढांक–*(न०)* १. ढक्कन । २. कलंक ।

ढांकण–दे० ढाकण ।

ढांकणी–दे० ढाकणी ।

ढांकणो–दे० ढाकणो ।

ढांगी–*(वि०)* दे० ढांगो ।

ढांगो–*(वि०)* १. छितरी या बिखरी हुई बस्ती वाला (गांव) । घटती आबादी वाला । २. निर्जन । ३. भद्दा । कुरूप । असुंदर । ४. ढंग रहित । (स्त्री० ढांगी)

ढांचो–*(न०)* १. किसी वस्तु को तैयार करने के पूर्व बनाया जाने वाला उसका पूर्व रूप । खाका । डौल । २. पशुओं की पीठ पर कसा जाने वाला भार भरने का ढांचा । मारभरा । भार सदा । ३. बनावट । गढ़न । ४. प्रकार । भाँति ।

ढांडो–दे० ढांढो ।

ढांढी–*(न०)* १. मरा हुआ पशु । २. बूढ़ा पशु । ३. बूढ़ी गाय ।

ढांढो–*(न०)* १. पशु । २. मरा हुआ पशु । *(वि०)* मूर्ख । गँवार ।

ढांपणो–*(क्रि०)* ढकना । *(न०)* ढक्कन । ढकणो ।

ढिग–*(न०)* १. राशि । पुंज । ढेर । ढिगलो । *(क्रिoवि०)* १. निकट । पास । कनै । २. ओर । तरफ ।

ढिगल–*(न०)* ढेर । राशि । ढगलो ।

ढिगला बंध–दे० ढगला बंध ।

ढिगली–*(ना०)* छोटा ढेर । ढेरी । ढगली ।

ढिगलो–*(न०)*१.ढेर । राशि । २. अटाळो । कचरा ।

ढिगो–*(न०)* १. टीबा । २. रेत या मिट्टी का ढेर । धूंबो । ३. ढेर । ढिगलो ।

ढिब्बो–दे० ढिगो ।

ढिलड़ी–*(ना०)* १. दिल्ली का एक काव्यानुमोदित नाम । २. मयूरी । मोरणी । ढेलड़ी ।

ढिलाई–*(ना०)* १. ढीला होने का भाव । २.सुस्ती । शिथिलता । ३.बिलंब । देरी ।

ढिल्ली–*(ना०)* दिल्ली शहर ।

ढिल्लीपत–दे० ढिल्लीवै ।

ढिल्लीवै–*(न०)*१. दिल्लीपति । २.सम्राट । बादशाह ।

ढिल्लीस–दे० ढल्लीस या ढिल्लीवै ।

ढी–*(ना०)* १. गौ । गाय । २. गाय को पानी पिलाने के समय उच्चार किया जाने वाला एक शब्द । ३. गाय की बछिया । टोगड़ी ।

ढीओ–गाय का बछड़ा । टोगड़ो । दे० 'ढी' सं० २.

ढीक–दे० ढींक ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ढीकड़–(वि०) अमुक । फलां ।

ढीकड़सिंघ–(न०) १. अमुकसिंह । अमुक व्यक्ति । २. बहादुर आदमी (व्यंग में)

ढीकड़ो–(वि०) अमुक । फलां । ढिमक । फलाणो ।

ढीकली·(ना०) एक प्रकार की तोप । छोटी तोप ।

ढीट–(वि०) धृष्ट । निर्लज्ज । ढीठ । ओट । ढीटो ।

ढीटो–दे० ढीट ।

ढीठ–दे० ढीट ।

ढीम–(न०) व्रण । छालो ।

ढीमको–(वि०) अमुक । फलां । ढिमका । फलाणो । ढीकड़ो ।

ढीमड़ो–(न०) १. कुंआ । २. कुएँ से पानी निकालने का एक यंत्र । ढेंकली । ३. कुएँ पर लगी ढेंकली वाला खेत । ४. व्रण । गाँठ । छालो ।

ढीमो–(न०) उत्तर गुजरात के प्राचीन एवं प्रसिद्ध धरणीधर (वाराहपुरी) तीर्थ-स्थान का आधुनिक नाम । ढेमो । धरणी-धर ।

ढीमोळी–ढींगोळी ।

ढीरो–(न०) अनेक कंटीली शाखाओं वाली बड़ी टहनी । कांटों वाली टहनी ।

ढील–(ना०)१. छूट । स्वतंत्रता । अवकाश । २. देरी । विलंब । ३. सुस्ती । ४. तनाव का अभाव । ५. उपेक्षा । लापरवाही ।

ढीलढाळो–(न०) हाथी । (वि०) सुस्त । ढीलो ।

ढीलंगो–(वि०) आलसी । सुस्त ।

ढीलाई–दे० ढिलाई ।

ढीलापणो–(न०) ढीलापन । शिथिलता ।

ढीलो–(वि०) १. ढीला । मंद । काहिल । २. सुस्त । ३. पस्तहिम्मत । ४.कमजोर । ५.शान्त । ६.नरम । ७. जो कसा न हो । ८. जो खींचाई में शिथिल हो । ९. जो तंग न हो । १०. जो पहनने में तंग न हो । ११. जो सख्त न हो । ढीला । १२. जो बहुत गाढ़ा न हो ।

ढींलोढस–(वि०) १. बिलकुल ढीला । २. बहुत सुस्त । आळसी ।

ढीलोढाळो–(वि०) सुस्त ।

ढींक–(न०) १. मांसाहारी पक्षी विशेष । २. गिद्ध पक्षी । गीध ।

ढींकरण–दे० ढीकड़ ।

ढींकली–(ना०) १. कुँएँ से पानी निकालने का साधन । चोंच । ढीमड़ी । ढेंकली । २. एक छोटी तोप ।

ढींकेल–(न०) रहँट का एक उपकरण ।

ढींग–दे० धींग ।

ढींगोळी–(ना०) १. स्त्रियों का एक व्रत जिसमें ब्राह्ममुहूर्त में नहा धोकर और पूजा करके भोजन कर लिया जाता है और दिन भर उपवास रखा जाता है । धींगोळी ।

ढींच–(न०) १. हाथी । २. एक बड़ा पक्षी ।

ढींचरण–(न०) घुटना । गोडो ।

ढींचाळ–(न०) हाथी ।

ढुई–(ना०)१. बाजरी जुआर के डंठलों आदि का महीन चारा । चारे की कुट्टी । कुतर । २. रीढ़ के नीचे का वह भाग जहाँ कूल्हे की हड्डियाँ मिलती हैं । त्रिक । ३. कमर । कड़तू ।

ढुओ–(न०) १. रीढ़ के नीचे का भाग जहाँ कूल्हे की हड्डियाँ मिलती हैं । पीठ के नीचे का भाग । ढूहो । २. संगठन । ३. दल । झुंड ।

ढुकारणो–दे० ढुकावणो ।

ढुकाव–(न०) १. उपस्थिति । आगमन । २. विश्राम । ३. बरात का आगमन । ४. बरात आगमन का सदेश । ५. बरात की शोभा यात्रा । ६. बरात का स्वागतोत्सव । सामेळो ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

डुकावणो-(क्रि०) १. काम में लगाना। २. काम शुरू करवाना। ३. काम पर लगवाना। संपादन करवाना। काम को पार लगवाने में सहायता करना। तजवीज करना। ४. काम बनाना। ५. मन में जँचाना। ६. निकट ले जाना। ७. माप के अनुसार बिठा देना।

डुगली-दे० डिगली।

डुगलो-दे० डिगलो।

डुळणो-(क्रि०) १. ऊपर-नीचे या इधर-उधर होना, फिरना। २. वारा जाना। (चँवर का)। चँवर का ढोला जाना। ३. मोहित होना। ४. न्योछावर होना। ५. गिरना। फैलना। (पानी का) ६ गिर कर बहना। बरतन में से पानी आदि द्रव पदार्थ का गिरना। ७. प्रस्थान करना। ८. मेहरबानी करना।

डुही-दे० डूही।

डुंो-डुम्रो।

डुंढ-दे० डूंढ।

डुंढराव-(न०) सिंह। शेर।

डुंढा-(ना०) हिरण्यकशिपु की बहिन।

डुंढाड़-दे० डूंढाड़।

डुंढाहड़-दे० डूंढाड़।

डुंढिराज-(न०) श्रीगणेश।

डुंढो दे० डूंढो।

डूई-दे० डूही।

डूकड़ो-(क्रि०वि०) नजदीक पास। निकट। नैड़ो। कनै। नजीक।

डूकणो-(क्रि०) १. बनना। सम्पन्न होना। काम होना। २. लगना। प्रवृत होना। ३ पहुँचना। ४. प्रारंभ होना। ५. प्रारंभ करना। ६. संगति करना। साथ करना। ७. साथ होना। ८. जँचना। उचित लगना। ९. निकट आना। संपर्क में आना। १०. किसी वस्तु का माप के अनुसार बन जाना। ११. काम पर लगना।

डूब-(ना०) पीठ का टेढ़ापन। कूबड़।

डूबी-(वि०) कुबड़ी।

डूबो-(वि०) कुबड़ा।

डूल-(न०) १. पक्षियों का झुंड। पक्षी समूह। २. दल। समूह।

डूळ-(न०) समूह। झुंड।

डूळड़ी-दे० डूली।

डूलियो-(न०) चबेना बेचने वालों का एक माप-पात्र। पायलो।

डूली-(ना०) १. गुड़िया। २. दिल्ली। डिल्ली।

डूलीपत-दे० डिल्लीपत।

डूलो-(वि०) १. भयभीत। डरा हुआ। २. डरपोक। ३. गावदी। नासमझ। ४. आलसी। ५. स्त्रीजित। स्त्रैण। ५. नामर्द। (न०) डूली का नर। गुड्डा।

डूसरी-दे० डूसी।

डूसी-(ना०) जुआर, बाजरी आदि के डंठलों का महीन चारा। घास की कुट्टी। कुतर। डूही।

डूही-दे० डूसी।

डूहो-(न०) १. ऊंची जमीन। २. टीला। ३. चूतड़। नितंब। ४. किसी वस्तु का उठा हुआ भाग।

डूंग-(न०) १. ढोंग। दंभ। २. नितंब।

डूंगरी-(ना०) घास की ढेरी। घास को चुन कर लगाई हुई ढेरी।

डूंगारणो-दे० धूंगारणो।

डूंगो-(वि०) १. छद्मवेशी। २. ढोंगी। दंभी।

डूंगो-(न०) चूतड़। नितंब। ढेको।

डूंढ-(ना०) १. प्रथम होलिका दहन के समय (रात को) गाँव के मुखिया और पुरोहितों द्वारा नवजात शिशु को उसके घर जाकर एक लोक-काव्य द्वारा दिया जाने

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वाला आशीर्वचन। २. बच्चे के जन्म के पश्चात् की प्रथम होली पर होलिका-दहन के बाद (धुल हटी के प्रातः) ढुंढा से किये जाने वाले बच्चे के विवाह का उत्सव। ३. तलाश। खोज। निगे। ४. घर। ५. झोंपड़ा।

ढूंढणो-*(क्रि०)*१. तलाश करना। खोजना। निगे करणो। २. होलिका दहन के बाद बच्चे की ढूंढ करना।

ढूंढाड़-*(न०)* १. जयपुर के पास का एक प्रदेश। जयपुर राज्यान्तर्गत एक प्रदेश। २. जयपुर राज्य का नाम।

ढूंढाड़ी-*(ना०)* १. ढूंढाड़ प्रदेश की बोली। *(वि०)* १. ढूंढाड़ से संबंधित। २. ढूंढाड़ प्रदेश का रहने वाला।

ढूंढिया-*(न०)* होलिका। दहन के पश्चात् नवजात शिशु के घर जाकर ढूंढ कराने वालों का दल।

ढूंढिया-पंथ-*(न०)* जैनधर्म का एक पंथ।

ढूंढियो-*(न०)* १. जैनधर्म के ढूंढ़िया-पंथ का साधु। २. जैनधर्म के ढूंढिया-पंथ का अनुयायी। बाईस टोला जैन संप्रदाय का अनुयायी। ३. घर। ढूंढो।

ढूंढो-*(न०)* १. पुराना घर। २. घर। मकान। ३. खंडहर। ४. कच्चा मकान।

ढूंसो-*(न०)* १. ओढ़ने का मोटे रेशम का एक कपड़ा। धुस्सा। मोटे रेशम की सफेद चादर। धूंसो। २. ऊनी चादर। लोई। लोवड़ी।

ढेको-*(न०)* चूतड़। नितंब। ढूंगो।

ढेटाई-*(ना०)* धृष्टता। ढिठाई। धेटाई।

ढेटी-*(वि०)* १. निर्लज्ज। निलजी। धेटी। २. कुटिला।

ढेटो-*(वि०)* १. धृष्ट। निर्लज्ज। ढीट। धेटो। निलजो। २. कुटिल।

ढेड-*(न०)* १. इस नाम की अंत्यज जाति का मनुष्य। ढेढ़। २. मरे हुये पशुओं का चमड़ा उतारने का काम करने वाली जाति।

ढेडण-*(ना०)* १. ढेढ़ की पत्नी। २. ढेढ़ जाति की स्त्री।

ढेडणी-दे० ढेडण।

ढेडवाड़ो-*(न०)* १. ढेढ़ों का मोहल्ला। २. गंदी बस्ती।

ढेढ-दे० ढेड।

ढेढण-दे० ढेडण।

ढेढणी-दे० ढेडणी।

ढेढियो-*(न०)* १. एक रंग। २. ढेढ़।

ढेढी-*(ना०)* १. बिना मजदूरी (पारिश्रमिक) का काम। बेगार। २. ढेढ़ का काम। ३. नित्य प्रपंच। नित्य की झंझट।

ढेगो-*(न०)* १. जमी हुई गाढ़ी वस्तु की मोटी तह या दल। २. गली हुई वस्तु का (ठंडा हो जाने से) जमा हुआ टुकड़ा। थक्का। चक्का। ३. मिट्टी मिला हुआ कंडा। ढेबरा।

ढेबरी-*(ना०)* १. किवाड़ की चूल के नीचे रहने वाली लोहे की ढेबरी जिस पर किवाड़ घूमता है। ऊखळो। २. खूंटी या कील लगाने के लिये दीवाल में लगाया जाने वाला काठ का टुकड़ा। ४. तरबूज, ककड़ी आदि फल में उसकी परीक्षा के लिये बनाया हुआ चकता। डगळो।

ढेयरो-दे० सोगरा।

ढेमो-दे० ढीमो।

ढेर-*(न०)* राशि। ढिगलो। *(वि०)* बहुत। अधिक। घणो।

ढेरणो-दे० ढेरवणो।

ढेरवणो-*(क्रि०)* १. वाहन-पशु को रोकने के लिये उसकी लगाम को खींचना। २. रोकना। ३. ध्यान देना। बात ऊपर विचार करना। ४. कान लगाना। ५. ढेरे (रस्सी बटने के उपकरण) को फिराना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ढेरियो-दे० ढेरो।

ढेरी-(ना०) ढेर। राशि। ढगलो। ढिगलो। (वि०) मूर्खा।

ढेरो-(वि०) १. मूर्ख। २. आलसी। (न०) एक उपकरण जिससे रस्सी बटी जाती है। फिरकी।

ढेल-(ना०) मोरनी। मयूरी। ढेलड़ी।

ढेलड़ी-(ना०)१. दिल्ली नगर। २. मोरनी। मयूरी।

ढेलड़ीपत-(न०) १. दिल्लीपति। २. बादशाह।

ढेलणी-दे० ढेलड़ी।

ढेलू-दे० ढालू।

ढेलो-(न०) मिट्टी, पत्थर आदि का टुकड़ा। ढेला।

ढेसो-दे० ढेपो।

ढैणो-दे० ढहणो।

ढैवणो-दे० ढहणो।

ढैंकणो-(क्रि०) १. गाय आदि पशुओं का खाँसना। २. रंभाना।

ढैंवाळ-(न०) हाथी।

ढोई (ना०) १. आश्रय। २. सहारा।

ढोओ-(न०)१. आक्रमण। ढोबो। २.लूट। ३. वजन। भार।

ढोकळी-(ना०) १. ढोकले का छोटा रूप। २. एक व्यंजन। (वि०) १. मूर्खा। २. स्थूल व कुरूपा (स्त्री)।

ढोकळो-(न०) भाप से पकाई हुई एक प्रकार की बाटी। बाफलो। (वि०) १. मूर्ख। २. कुरूप। ३. मोटा। जाड़ा।

ढोणो-दे० ढोवणो।

ढोर-(न०)गाय, भैंस आदि चौपाया। ढोर। पशु। डंगर। (वि०) १.मूर्ख। २.गँवार।

ढोर-चराई-(ना०) पशुओं को जंगल में चराने का काम। २. पशुओं को जंगल में चराने का कर।

ढोर-डांगर-(न०) पशु। मवेशी।

ढोल-(न०) १. दोनों ओर चमड़ा मँढा हुआ एक बड़ा बाजा। २. पानी आदि भरने का ढोल के समान लोहे आदि का बड़ा पात्र।

ढोलक-दे० ढोलकी।

ढोलकी-(ना०) लकड़ी के गोल खोखले घेरे के दोनों ओर चमड़े से मँढा हुआ एक वाद्य जो ढोल से छोटा होता है।

ढोलड़ो-(ना०) छोटी चारपाई। खटिया।

ढोलण-(ना०) १. ढोली की स्त्री। २. ढोली जाति की स्त्री।

ढोलणो-(ना०) स्त्रियों के गले का एक गहना।

ढोळणो-(क्रि०)१. किसी बरतन में से पानी आदि द्रव-पदार्थ को गिराना। उँड़ेलना। २. चँवर को ऊपर हिलाना। चँवर ढालना। ३. हवा डालना। (पंखे से)। (पंखा) झलना।

ढोल-रो-ढमको-(न०) १ ढोल बजने का शब्द। २. ढोल पर नाचने का ताल।

ढोळा-(न०ब०व०) १. खुशामद। चापलूसी। २. झूठी 'हाँ' या स्वीकृति। ३. झूठा आश्वासन। ४. व्यर्थ महमानगिरी।

ढोळा देणा-(क्रि०) १. हाँ में हाँ मिलाना। झूठी हाँ भरना। २. बिना काम महमान-गिरी करना।

ढोळा-फोड़ो-(न०) ढोलने-फोड़ने का काम।

ढोलारव-(न०) ढोल का शब्द।

ढोळावणो-(क्रि०) ढुलवाना।

ढोळिया-दे० ढोळा।

ढोलियो-(न०) पलंग।

ढोली-(न०) १. ढोल बजाने वाली एक जाति। २. ढोल बजाने वाला।

ढोळं बैठणो-(मुहा०)१. पशु का खड़े नहीं हो सकने के रोग से ग्रसित होना। २. कमजोर हो जाना। ३. स्थिति का बिगड़ना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ढोलो–(न०) नरवर का एक प्रसिद्ध राजकुमार जिसका मालवणी और मारवणी के साथ विवाह हुआ था। २. राजस्थानी लोकगीतों का नायक। ३. ढोला। पति। ४. दूल्हा। ५. मूर्ख व्यक्ति।

ढोळो–(न०) खड़े नहीं हो सकने का पशुओं का एक रोग।

ढोल्यो–दे० ढोलियो।

ढोवणो–(क्रि०) १. चलाना। २ दौड़ाना। ३. युद्ध में झोंकना। ४. बोझा उठाना। ५. बोझा उठा कर ले जाना। उठा कर ले जाना। ६.धारण करना। ७.उठाना। ८. ले जाना। ९. सम्हालना।

ढोवाई–(ना०) १. ढोने का काम। २. ढोने की मजदूरी। ढुलाई।

ढोवो–(न०) १. आक्रमण। २. लूट। ३. भार। वजन।

ढोहणो–(क्रि०) गिराना।

ढोंग–दे० ढूंग।

ढोंगी–दे० ढूंगी।

ण

ण–राजस्थानी में ट वर्गीय मूर्द्धस्थानी अनुनासिक व्यंजन। राजस्थानी वर्णमाला का पन्द्रहवाँ व्यंजन वर्ण। इस अक्षर से प्रारंभ होने वाला शब्द भाषा में नहीं है। वाणी की पाठशाला में इसका मनोरंजक नाम 'राणो ताणो हेल ए' (राणे ताण्यो सेन है) पढाया जाता है।

णगण–(न०) दो मात्राओं का एक मात्रिक गण।

त

त–संस्कृत परिवार की राजस्थानी वर्णमाला का सोलहवाँ और तवर्ग का प्रथम दंत्य व्यंजन वर्ण। (अव्य०) १. पाद पूर्णार्थ अव्यय। २. तो। तब। उस स्थिति में ३. ही। ४. भी। (सर्व०) उस। उण। उ।

तइ–(अव्य०) तब। उस समय। (सर्व०) उस। उण।

तइयो–दे० तियो सं० २, ३।

तई–(सर्व०) १. तू। २. तेने। ३. तेरे। ४. उस। (प्रत्य०) करण और अपादान कारक की विभक्ति। से।

तई–दे० तवी। (वि०) १. आततायी। अत्याचारी। २. दुष्ट। ३. शत्रु। (क्रि० वि०) तब। उस समय। (सर्व०) उस।

तउ–(अव्य०) १. तो। २. तो भी। (सर्व०) तू।

तक–(न०) गुड़, खांड, नाज आदि के भरे हुये थेलों को (भारी वस्तुओं को) तोलने का बड़ा काँटा। तराजू। भारकांटो। २. मौका। अवसर। उपयुक्त समय। ३. आचरण। व्यवहार। ४. ताक। तलाश। ५. लक्षण। आसार। ६.प्रकार। तरह। ढंग। (अव्य०) किसी वस्तु या काम की सीमा या अवधि सूचित करने वाली एक विभक्ति। पर्यंत।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तकड़–*(न०)* एक परिमाण। *(ना०)* १. शीघ्रता। जल्दी। २. शक्ति। पहुँच। ३. निगाह। सम्हाल। ४. डांट। डपट। ५. तकाजा।

तकड़ियो–*(न०)* छोटी तराजू।

तकड़ी–*(ना०)* तराजू। ताकड़ी। *(वि०)* दृढ़। मजबूत।

तकड़ो–*(वि०)* दृढ़। मजबूत।

तकणो–*(क्रि०)* १. ताकना। तकना। ताक में रहना। २. देखना। ३. निशाना साधना। सांधना।

तकदीर– *(ना०)* प्रारब्ध। भाग्य।

तक-मेळू–*(वि०)* अवसर वादी।

तकरार–*(ना०)* १. शीघ्रता। २. काम जल्दी निपटाने की सूचना या चेतावनी। ३. झगड़ा। बोलचाल। ४. बहस। विवाद। ५. टट्टी की हाजत। शौच-वेग।

तकलीणो–*(वि०)* सुलभता से प्राप्त होने वाला।

तकलीदो–*(वि०)* १. अशक्त। कमजोर। २. नाजुक। कोमल। ३. थोड़े से आघात से टूट जाने वाला। तकलींदो।

तकलींदो–दे० तकलीदो।

तकलीफ–*(ना०)* कष्ट। दुख।

तका–*(सर्व०)* १. वह। २. उस।

तकात–*(अव्य०)* १. भी। ही। २. तक। लौ। पर्यंत।

तकादो–*(ना०)* तकाजा।

तकार–*(न०)* 'त' वर्ण। तत्तो।

तकावी–*(ना०)* सरकार की ओर से किसान को दिया जाने वाला ऋण। तकावी।

तकां–*(सर्व०)* १. उन। तिकां। २. वे।

तकियो–*(न०)* तकिया। उपधान। ओसीसो। २. कब्रिस्तान में बना हुआ मुसलमान फकीर के रहने का मकान। ३ छज्जे आदि पर लगाई जाने वाली पत्थर की एक पटिया।

तकै–*(सर्व०)* १. 'तको' का बहुवचन। वे। २. उन।

तको–*(सर्व०)* १. वह। २. उस।

तक्षशिला–*(न०)* दाशरथि भरत के पुत्र तक्ष द्वारा स्थापित एक प्राचीन नगर जो रावलपिंडी के निकट था। यह नगर गांधार देश की राजधानी और प्रसिद्ध विद्यापीठ था।

तखत–*(न०)* तख्त। सिंहासन।

तखतियाँ री कांठलो–*(न०)* स्त्रियों के गले का एक आभूषण।

तखती–*(ना०)* १. पाटी। पट्टी। २. पट्टा। चौकी।

तखतो–*(न०)* १. पट्टा। चौकोर लकड़ी के पट्टे का बैठका। २. दर्पण।

तखंग–*(न०)* तक्षक नाग।

तगड़–*(ना०)* १. कष्ट। २. दौड़धूप। ३. कठिन परिश्रम। ४. शीघ्रता। उतावल। ५. काम की भागा-दौड़। काम ऊपर काम।

तगड़णो–*(क्रि०)* १. दौड़ाना। भगाना। २. हाँकना। चलाना। ३. परेशान करना। हैरान करना। ४. एक काम करके आते ही दूसरे काम के लिये भेजना या दौड़ाना।

तगड़ो–*(वि०)* हृष्टपुष्ट। बलवान। तगड़ा।

तगण–*(न०)* दो गुरू और उसके बाद एक लघु मात्रा वाला गण।

तगणो–*(वि०)* तिगुना।

तगतगाणो–*(क्रि०)* १. भगाना। दौड़ाना। २. निराश लौटाना।

तगदीर–दे० तकदीर।

तगरो–*(न०)* १. पशु-पक्षियों को पानी पिलाने का मिट्टी का बरतन। २. छिछला जल पात्र। ३. तगारी।

तगस–*(न०)* १. तक्षक सर्प। २. आग। ३. गरुड़।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तगाई-(ना०) १. जबरदस्ती । बलात् । २. नीचता । ३. दुष्टता । नागाई ।

तगादो-(न०) १. तकाजा । तगादो । उघराणी । उघाई ।

तगार-(वि०) 'तड़ाग' का वर्ण व्यतिक्रम । (तगाड़-तगार)पानी, घी, तेल आदि प्रवाही पदार्थों की निर्मलता का सूचक एक विशेषण । निर्मल । बहुत साफ।

तगारी-(ना०) १. लोहे-पीतल का एक छिछला बरतन । २. चूना या गारा ढोने का तसला ।

तगारो-(न०) बड़ी तगारी ।

तगो-(वि०) १. जबरदस्त । बलवान । २. दुष्ट । ३. नीच ।

तचा-(ना०) त्वचा । चमड़ी ।

तछाई-(ना०) १. (सलाई से छील कर के) आभूषण पर नक्काशी का काम । २. जड़ाई के काम में कुंदन को जमा करके उसमें चमक देने के लिये ऊपर से छीलने का काम । ३. कुरेदनी । कटाई ।

तछेरी-(ना०) तरह । प्रकार ।

तज-(न०) १. पोस्त का दाना । खसखस । २. किसी धातु को रेती (अरगती) के द्वारा घिसने से बने चूर्ण का बारीक दाना । ३. रज से छोटा देना । ४. दारचीनी । ५. दारचीनी की जाति का गरम मसाला । ६. तेजपात ।

तजणो-(क्रि०) १. तजना । त्यागना । छोड़ना । २. क्षीण होना । कृश होना । ३. क्षीण करना । पतला करना ।

तजबीज-(ना०) १. तजवीज । बंदोबस्त । २. अनुकूलता । सगवड़ । जोगवाई ।

तजा-दे० तचा ।

तजा गरमी-(ना०) एक चर्म रोग ।

तजियोड़ो-(वि०) १. कृश । दुबला । २. रगड़ से घिसा हुआ (पात्र) । घिसीजियोड़ो । ३. जंग लगा हुआ । सड़ा हुआ । गला हुआ । खवीजियोड़ो । ४ त्यागा हुआ ।

तट-(न०) १. कूल । किनारा । २. सीमा । हद । (क्रि०वि०) पास । निकट ।

तटणी-(ना०) नदी । तटिनी ।

तठाथी-(अव्य०) वहाँ से । उठै सूं ।

तठा पछै-(अव्य०) जिसके बाद । जिणपछै ।

तठा पहला-(अव्य०) १. इससे पूर्व । २. इसके पहले । जिण पहला ।

तठै-(क्रि०वि०) वहाँ । उधर । उठै । बठै ।

तठी-(क्रि०वि०) वहाँ । उधर ।

तड़-(ना०) १. पक्ष । दल । २. समूह । संगठन । गुट । ३. जाति का उपविभाग । ४. बेंत । छड़ी । ५. सामने का पक्ष । मुकाबले का दल । शत्रु ।

तड़क-(न०) टूटने का शब्द ।

तड़कणो-(क्रि०) १. टूटना । २. फटना । ३. जोर का शब्द करना । ४. झुंझलाना । बिगड़ना । ५. गुस्से होना ।

तड़क-भड़क-(ना०) चमक-दमक ।

तड़काउ-(न०) १. प्रातःकाल के समय । सवेरा होने के समय । सवेरे । २ सवेरा । प्रातःकाल । (क्रि०वि०) तड़के में । सवेरे ।

तड़कै-(न०) १. आने वाले कल का सवेरा । २. आने वाला कल । (अव्य०) १. सवेरे । २. झटपट । शीघ्र ।

तड़को-(न०) १. सवेरा । प्रातःकाल । २. छींटा । बूंद । ३. तेजी । ४. धूप । ५. गरमी । ६. क्रोध । ७. छौंक । बघार । (वि०) थोड़ा ।

तड़छ-(न०)१. टुकड़ा । २. टूटने का शब्द । ३. तड़फड़ाट । ४. नाश । ५. मूर्च्छा ।

तड़छणो-(क्रि०) १. टुकड़े होना । २. दुखी होना । व्याकुल होना । ३. छटपटाना । तड़फना । ४. काटना । तोड़ना । ५. नाश या संहार करना । ६. मूर्च्छित होना ।

तड़जोड़-(ना०) १. प्रबंध । व्यवस्था । २. दोनों दलों की समानता । ३. बराबरी ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

समानता। ४. किसी बात या काम को यथारूप या यथानुकूल बिठाने का प्रयत्न। ५. समाधान। निवेड़ो।

तड़तड़ाणो-*(क्रि०)* १. तेल या घी का खूब गरम होना। २. तेल या घी में तला जाना। ३. कष्ट पहुँचाना।

तड़फड़णो-*(क्रि०)* १. तड़फना। छटपटाना। २. कठिन परिश्रम करना। तड़फना।

तड़फड़ाट-*(न०)* १. छटपटाट। २. व्यर्थ प्रयत्न। फांको। ३. बकवाद।

तड़फणो-*(क्रि०)* १. दुख में हाथ पाँव मारना। तड़फड़ाना। छटपटाना। २. कठिन परिश्रम करना। तड़फना। ३. व्यर्थ प्रयत्न करना।

तड़बो-*(न०)* १. बासी और विकृत राब आदि। २. पतळा गोबर।

तड़ंग-*(वि०)* १. नंगा। २. तम्वंग। ३. लंबी।

तड़ाक-*(न०)* १. टूटने का शब्द। *(क्रि०वि०)* तुरंत। जल्दी।

तड़ाको-*(न०)* १. झूठी बात। गप। २. तड़ाक ध्वनि।

तड़ाग-*(ना०)* सरोवर। तड़ाग। तालाब।

तड़ाछ-*(ना०)* मूर्च्छा। बेहोशी।

तड़ातड़-*(क्रि०वि०)* १. झटपट। लगातार। २. तड़-तड़ शब्द सहित।

तड़ातड़ी-*(ना०)* १. उतावली। भागदौड़। धमाचौकड़ी। ३. कहासुनी। ४. मार-पीट।

तड़ापीटो-*(न०)* मारपीट। मारामारी।

तड़ामार-*(क्रि०वि०)* १. शीघ्र। जल्दी। २. अतिशीघ्र। ऊपरा-ऊपरी। ३. तेजी से। जोरों से। *(ना०)* १. दौड़धूप। २. मारामार। ३. जल्दी।

तड़ाल-*(ना०)* बिजली। तड़ित।

तड़ियाळ-*(ना०)* बिजली। तड़ित।

तड़ी-*(ना०)* १. बेंत। छड़ी। २. पतली शाखा। ३. लकड़ी।

तड़ो-*(न०)* १. लंबा बाँस। २. वृक्ष की कटी हुई लंबी शाखा। ३. लोहपत्र का वह चौकोर टुकड़ा जिस पर रख कर किसी चीज को गरम किया जाता है।

तढमल-*(वि०)* १. जबरदस्त। दृढ़। २. वीर।

तण-*(न०)* १. शरीर। तन। २. पुत्र। तनय। *(प्रत्य०)* संबंधकारक विभक्ति, का, की, के। *(सर्व०)* उस। तिण।

तणई-दे० 'तणौ' प्रत्यय अर्थ।

तणउ-दे० 'तणो' प्रत्यय अर्थ।

तणकणो-*(क्रि०)* १. तनना। खिंचना। २. एँठना। अकड़ना।

तणकाई-*(ना०)* १. जोरावरी। जबरदस्ती। टणकाई। २. खिंचाव। खींचने का भाव।

तणको-*(वि०)* १. जोरावर। टणको। २. तना हुआ। खिंचा हुआ। *(न०)* १. अकड़। २. अभिमान। ३. हैसियत।

तणखलो-*(न०)* तिनका। तृण।

तणखो-*(न०)* १. तिनका। तृण। २. नाक में पहिनने की छोटी सिली।

तणणो-*(क्रि०)* १. खिंचना। २. ताना जाना। खिंचा जाना। ३. रुष्ट होना। ४. घमंड करना।

तणमणाट-*(ना०)* १. अकड़। ऐंठ। २. गर्व। घमंड। ३. गुस्सा। ४. आवेश। ५. अधैर्य।

तणय-*(न०)* पुत्र। तनय।

तणया-*(ना०)* पुत्री। तनया।

तणाव-*(न०)* १. खिंचाव। २. रचना। बनाव। ३. शत्रुता। दुश्मनी। वैमनस्य। ४. खींचातानी। ५. लड़ाई। टंटा-झगड़ा। ६. ऊंटनी का गर्भ।

तणावणो-*(क्रि०)* १. खिंचवाना। तनाना। २. व्यर्थ खर्च में पड़ना।

तणियो-*(न०)* तराजू की डंडी के बीच के सूराख में डाला हुआ रस्सी का वह टुकड़ा

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जिसको पकड़ कर तोलने के समय तराजू उठाई जाती है। डस।

तणियोड़ो-(वि०) १. तना हुआ। खिंचा हुआ। २. फैला हुआ। ३. एँठा हुआ। अकड़ा हुआ। तणेड़ो।

तणी-(ना०) १. वस्त्रादि सुखाने-टांगने के लिये बांधी हुई डोरी। २. विवाहादि मांगलिक अवसरों पर घर के आंगन के ऊपर चारों कोनों में बांधी जाने वाली मंगल-सूत्र रूप एक रस्सी। तणिया-तोरण। तणियां-तोरण। ४. पुत्री। तनया। (प्रत्य०) संबंध कारक की विभक्ति 'की'। केरी।

तणीजणो-(क्रि०) १. खिचना। खींचा जाना। २. नदी के बहाव में बह जाना। ३. हठ करना। जिद करना। ४. अभिमान करना। गर्व करना।

तणू-दे० तणो।

तणेड़ो-(वि०) तना हुआ।

तणै-(न०) तनय। पुत्र। (प्रत्य०) 'के' विभक्ति। षष्टी विभक्ति। (अव्य०) १. के समीप। २. के लिये।

तणो-(प्रत्य०)१. संबंध कारक की विभक्ति। 'का' अर्थवाचक विभक्ति। केरो। (न०) १. पेट का एक अवयव। २. पेडू। ३. पेडू की आँत। ४. पुत्र। तनय।

तत-(सर्व०) १. उस। २. वह। (क्रि०वि०) वहाँ। (न०) १. तत्व। २. ब्रह्म।

ततकार-(न०) नाच का एक बोल। (क्रि०वि०) शीघ्र। जल्दी।

ततकारणो-(क्रि०) १. दौड़ना। भागना। २. तेज चाल से चलना। ३. बैल आदि को हाँकना। ४. तुरही बजाना। रण-सींगा बजाना। ५. ढुतकारना।

ततकाळ-(क्रि०वि०) तत्काल। तुरंत। फौरन। झट।

ततकाळै-दे० ततकाळ।

ततखिण-(क्रि०वि०) तत्क्षण। तुरंत। तत्काल।

ततव-(न०) १. सार। तत्व। सारांश। सार वस्तु। २. यथार्थता। वास्तविकता। ३. सामर्थ्य। हैसियत।

ततवाऊ-(क्रि०वि०) १. शीघ्रता से। (वि०) आवश्यक।

ततवो-(न०) फुरती। शीघ्रता।

तत्काल-दे० ततकाळ।

तत्कालीन-(वि०) उस समय का।

तत्त-(न०)१.तत्व। २. ब्रह्म। (वि०) तप्त।

तत्तो-(न०) 'त' वर्ण। (वि०) १. तप्त। गरम। २. क्रोधित। तातो। ३. तेज। वेगवान।

तत्त्व-(न०) १. तत्त्व। सारांश। सारवस्तु। २. परमात्मा। पारब्रह्म। ३. संसार का मूलकारण। ४. पंचभूत। ५. यथार्थता। (वि०) यथार्थ। वास्तव।

तत्त्वज्ञान-(न०) ब्रह्मज्ञान।

तत्त्वज्ञानी-(न०) तत्त्वज्ञ। ब्रह्मज्ञानी।

तत्त्वमसि-(पद०) वह तू ही है। तू ही तत्त्व (ब्रह्म) है। (यजुर्वेद का एक महावाक्य)

तत्पर-(वि०) तैयार। सज्ज।

तत्र-(क्रि०वि०) वहाँ।

तत्सम-(न०) १. संस्कृत का वह शब्द जिसका प्रयोग भाषा में उसी प्रकार हुआ हो। २. अन्य भाषा से आकर अविकृत रूप से स्थित शब्द। (व्या०)

तथ-(ना०) १. तथ्य। सच्चाई। यथार्थता। २. बात। ३. विवाद। ४. तिथि। मिती। ५. अग्नि। ६. कामदेव।

तथा-(अव्य०) और। व। वैसा ही। (ना०) १. धार्मिक कृत्य, किसी काम या बात की बड़ी विधि को संक्षिप्त करने की क्रिया या भाव के लिये एक सांकेतिक शब्द। संक्षिप्तीकरण।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तथापि-*(अव्य०)* १. तो भी । तब भी । तो ही । २. यद्यपि । जो ।

तथास्तु-*(अव्य०)*१.ऐसा ही हो । एवमस्तु । २. और अच्छा ।

तद-*(क्रि०वि०)* १. तब । उस समय । २. इसके बाद । उसके बाद । तरै ।

तदबीर-*(ना०)* युक्ति । उपाय । तरकीब ।

तदरो-*(क्रि०वि०)* १. तबसे। उस समय से। २. तब का ।

तदा-*(अव्य०)* तब । उस समय । *(सर्व०)* १. वह । २. उस ।

तदाकार-*(वि०)* उसके आकार का ।

तदी-*(क्रि०वि०)* १. उसके बाद । २. उस समय । तब ।

तद्धित-*(न०)* १. व्याकरण में वह प्रत्यय जो संज्ञा शब्द के अंत में लग कर भाव-वाचक संज्ञा तथा विशेषण बनाता है । जैसे मित्रता का 'ता' । २. वह शब्द जो इस प्रकार प्रत्यय लगा कर बनाया जाय ।

तद्भव-*(न०)* भाषा में प्रयुक्त होने वाला संस्कृत का वह शब्द, जिसका रूप विकृत होगया हो । २. दूसरी भाषा से विकृत होकर आया हुआ शब्द ।

तन-*(न०)* १. शरीर । देह । २. पुत्र । ३. वंशज । ४. गाढ़ा संबंध । ५. संबंधी । रिश्तेदार । गिनायत ।

तनखा-*(ना०)* तनख्वाह । वेतन । पगार ।

तनढाकरण-*(न०)* वस्त्र । कपड़ा । गाभो ।

तन तोड़-*(वि०)* खूब । अधिक । भारी (परिश्रम) ।

तनत्राण-*(न०)* कवच । बख्तर ।

तन दीवाण-*(न०)* अंगत मंत्री । निजी मंत्री । प्राइवेट सेक्रेटरी ।

तनपात-*(न०)* मृत्यु ।

तनमध-*(ना०)* कमर । कटि ।

तनमन-*(न०)* १. तन और मन । २. आतुरता । *(अव्य०)* खूब आतुरता से ।

तन मन धन-*(अव्य०)* १. सर्वस्व । २. समस्त शक्ति-साधनादि ।

तनमात-*(न०)* पंच भूतों का मूलस्वरूप । तन्मात्र ।

तनराग-*(न०)* तनुराग । उबटन । पीठी ।

तनवी-*दे०* तन्वी ।

तनसार-*(न०)* १. कामदेव । २. वीर्य । ३. घृत । घी ।

तन सिणगार-*(न०)* १. पहनने के वस्त्र । २. वस्त्राभूषण ।

तनाजान-*(वि०)* १. नष्ट । बरबाद । २. अकेला ।

तनाजो-*(न०)* १. तनाजा । झगड़ा । २. शत्रुता । बैर ।

तनारसी-*(न०)* धनुष ।

तनाँ-*(सर्व०)* तुझको । थनै ।

तनु-*(न०)* पुत्र । बेटा । डीकरो ।

तनुजा-*(ना०)* १. बेटी । पुत्री । डीकरी । २. यमुना नदी ।

तनू-*(न०)* १. वह समधी जिसके यहाँ पुत्र पुत्री का वाग्दान या विवाह संबंध हुआ हो । २. नजदीक का रिश्तेदार । ३. अतिप्रिय समधी । ४. कुटुम्बी ।

तनू गिनायत-*दे०* तनू । सं० १, २, ३ ।

तनै-*(सर्व०)* तुझको । तुझे । थनै । *(न०)* तनय । पुत्र ।

तन्मात्र-*(वि०)* १. मात्र वही । २. शुद्ध । *(न०)* पंचमहाभूतों का शुद्ध सूक्ष्म रूप ।

तन्वी-*(वि०)* कोमलांगी । *(ना०)* पतली सुकुमार स्त्री । तन्वंगी ।

तप-*(न०)* १. तपस्या । २. कठिन व्रत । ३. ताप । गरमी । ४. अग्नि । ५. ठंड मिटाने के लिये सुलगाई जाने वाली अग्नि। ६. अलाव । कऊ । ७. तेज । प्रताप ।

तपण-*(न०)*१. सूर्य । २. अग्नि । ३. ताप। गरमी ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तपणी-*(ना०)* ठंड में तपने के लिये आग रखने का पात्र। अंगीठी। तापणी।

तपणो-*(क्रि०)* १. धूप, आंच आदि से गरम होना। २. ठंड मिटाने को अग्नि से गरमी प्राप्त करना। तपना। ३.गरमी लगाना। ग्रीष्म ऋतु की उष्णता का प्रतीत होना। ४. सूर्य का प्रखर होना। ५. तपस्या करना। ६. क्रोध करना। ७. दुखी होना। ८. प्रभुता का आतंक जमना। तपना।

तपत-*(ना०)* १. ग्रीष्मकाल की गरमी। ताप। उष्म। २. उष्णता। जलन।

तपधारी-*(वि०)* १. ऐश्वर्यवान। २. तप करने वाला। *(न०)* तपस्वी।

तपन-*(न०)* १. सूर्य। २. धूप। ३. गरमी। उष्णता। ४. जलन।

तपसा-*(ना०)* तपस्या।

तपसी-*(न०)* तपस्वी।

तपसील-*(ना०)* विस्तारपूर्वक वर्णन। ब्यौरे वार वर्णन। ब्योरा। तफसील।

तपाणो-दे० तपावणो।

तपावणो-*(क्रि०)*१. तपाना। गरम करना। २. दुख देना।

तपावस-*(ना०)* १. तपास। खोज। २. निगरानी। सम्हाल। देखभाल। ३.जाँच-पड़ताल। परीक्षा। ४. सहशयन। घरवास।

तपास-*(ना०)*१. शोध। खोज। २. परीक्षा। जाँच ३. तहकीकात। तफतीश। ४. निगरानी। देखभाल।

तपासणो-*(क्रि०)* १. खोजना। ढूंढना। २. जाँच करना। परीक्षा करना। ३. चौकसी करना। निगरानी करना। सम्हाल करना। संभालना।

तपी-*(न०)* तपस्वी।

तपेली-*(ना०)* बटुला। बटलोई। पतीली।

तपेलो-*(न०)* बड़ी पतीली। बटुला।

तपेसरी-*(न०)* तपस्वी।

तपोधन-*(न०)* १. जिसका तपस्या ही धन है। २. शिव की पूजा करने वाली एक गृहस्थी संन्यासी जाति जो शिव का निर्माल्य ग्रहण करती है। ३. इस जाति का मनुष्य। ४. शिव का पुजारी।

तपोबळी-*(वि०)* १. तपस्या का बल रखने वाला। २. ऐश्वर्यवान। वैभव शाली। ३. महंत। ४. राजा।

तपोवन-*(न०)* तपस्या करने का वन प्रदेश। तपस्या करने के योग्य वन प्रदेश।

तप्पड़-*(न०)* १. ऊंट पर का भार-बरदारी या सवारी का पलान आदि सामान। २. टाट का बिछावन।

तफतीश-*(ना०)* १. तलाश। खोज। अनु-संधान।

तफावत-*(न०)* फर्क। अंतर।

तफावार-*(अव्य०)* १. विभागानुसार। तफा मुजब। २. परगनावार।

तफै-*(न०)* १. ताल्लुका। २. आधिपत्य। प्रभुत्व। ३. स्वत्व। *(अव्य०)* ताल्लुका में। परगने में।

तफो-*(न०)*१.ताल्लुका। परगना। परगनो। २. विभाग। ३. जत्था। ४. कलंक।

तबक-*(न०)* १. लोक। २. तल। ३. तह। परत। ४. सोने या चाँदी का वरक। वरक। ५. परात। बड़ा थाल। ६. एक वाद्य। ७. एक व्यंजन। एक खाद्य पदार्थ।

तबड़क-*(ना०)* कूदते हुये दौड़ने की क्रिया।

तबड़काणो-*(क्रि०)* १. दौड़ाना। २. लानत देना।

तबर-*(ना०)* १. कुल्हाड़ी। २. फरसा। परशु।

तबर बंध-*(वि०)*१.फरसाधारी। २. शस्त्र-धारी।

तबरो-*(न०)* ऊँचे किनारों का बड़ा तसला।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तबल–(न०)१. बड़ा ढोल । २.बड़ा नगाड़ा । ३. ऊंचे किनारों की बड़ी थाली । थाल । तबरा । ४. कुल्हाड़ी जैसा एक शस्त्र । तबर ।

तबलची–(न०) तबला बजाने वाला ।

तबलबंध–(वि०) १. सवारी के समय नगाड़े बजवाने का अधिकारी । अपनी सवारी के आगे नगाड़ा बजवाने का अधिकार प्राप्त । ३. ढोल या नगाड़ा बजाने वाला । तबलियो ।

तबलो–(न०) ताल देने का चमड़े से मढ़ा एक प्रसिद्ध बाजा । तबला ।

तबलियो–(न०) तबलची ।

तबाक–दे० तबक ।

तबाह–(वि०) बरबाद । नष्ट ।

तबियत–(ना०) १. शरीर की रोगारोग स्थिति । २.स्वास्थ्य । ३.मन । जी । चित्त ।

तबीड़ो–(न०) डक आदि नुकीली वस्तु के चुभने की क्रिया । २. व्रण में रह रह कर होने वाली पीड़ा ।

तबेलो–(न०) घुड़साला । पाएगा ।

तम–(न०) १. अंधेरा । २. तमोगुण । ३. क्रोध ।

तमक–(ना०) १. क्रोध । रीस । २. जोश । आवेश । ३. उतावल ।

तमकणो–(क्रि०) क्रोधित होना । तमकना ।

तमजाळ–(न०) १. अज्ञान । २. अंधेरा ।

तमणियो–(न०) स्त्रियों के गले का एक आभूषण । तिमणियो ।

तमनास–(न०) १ दीपक । २. सूर्य । ३. प्रकाश ।

तमन्ना–(ना०) १. लालसा । २. इच्छा ।

तमबीज–(न०) पाप ।

तमर–(न०)१.गर्व । अभिमान । २. अंधेरा । तिमिर ।

तमरार–(न०) सूर्य । तमारि । तिमिरारि ।

तमरिपु–(न०) १. सूर्य । २. प्रकाश ।

तमस–दे० तामस । (न०) अंधेरा ।

तमस्सुक–(न०) १. दस्तावेज । २. ऋण-पत्र । लिखत ।

तमंचो–(न०) पिस्तौल ।

तमा–(ना०) रात । निशा ।

तमाखू–(ना०) तमाकू । तंबाकू ।

तमाम–(वि०) १. सब । कुल । (न०) समाप्त । खतम ।

तमासो–(न०)१.मनोरंजक दृश्य । तमाशा । २. खेल । ३. नाचगान का खुले मंच का नाटक । ख्याल । ४. भद । फजीहत ।

तमास्ती–(सर्व०) तुम । थे ।

तमियो–(न०) एक पात्र ।

तमी–(ना०) रात ।

तमीचर–(न०) १. चंद्र । २. निशाचर ।

तमीणो–दे० तुमीणो ।

तमोगुण–(न०) प्रकृति के तीन गुणों में से एक । मोह, क्रोधादि को उत्पन्न करने वाला गुण ।

तमोगुणी–(वि०) १. क्रोधी । तमोगुण वाला । २. अहंकारी ।

तम्मर–(न०) १. गर्व । घमंड । २. आँखों के आगे अंधेरा छाना । चक्कर आना ।

तयार–(वि०) १. उद्यत । सन्नद्ध । तत्पर । तैयार । २. प्रस्तुत । ३. जो बन कर बिलकुल ठीक हो गया हो ।

तयारी–(ना०) १. तैयारी । तत्परता । २. सजावट । ३. प्रबंध । ४. भोजन की विविध प्रकार की सामग्री । ५. धूमधाम ।

तय्यार–दे० तयार ।

तर–(ना०) १. ऊंट की पूंछ के बालों को बट कर बनाई हुई वाली (छल्ला) जो मद में आवे हुए शरारती ऊंट के नाक में डाल कर उससे मुहरी बांध दी जाती है । २. वृक्ष । तरु । ३. घी में सना हुआ पकवान । ४. लात । ५. बेंत । (वि०) १. भीगा हुआ । २. अधिक गीला । ३. जिसमें अधिक घृत मिला हुआ हो : घी

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

में सना हुआ (पकवान)। घृतपूर्ण। ४. तृप्तिदायक। ५. मालदार। सम्पन्न। ६. अधिक गहरा (कपड़े आदि का रंग)। ७. ठंडा। शीतल। *(अव्य०)* १. गुणाधिक्य प्रगट करने वाला एक प्रत्यय। जैसे—श्रेष्ठतर। निम्नतर आदि। २. प्रायः। अक्सर। यथा—अधिकतर। ज्यादातर आदि। ३. तो। यथा—नहीं तर। ४. शीघ्र।

तरक-*(ना०)* १. तर्क। कल्पना। अनुमान। २. हेतुपूर्ण युक्ति। दलील। तर्क। ३. चमत्कारपूर्ण युक्ति। ४. व्यंग्य। ताना। ५. त्याग। तर्क।

तरकस-*(न०)* तीर रखने का चोंगा। तूणीर। तरगस। भाथो।

तरकारी-*(ना०)* १. शाक सब्जी। साग-भाजी। २. भोजन के लिये पकाये हुए सब्जी के पत्ते, फल, फली आदि।

तरकीब-*(ना०)* युक्ति। तरकीब। उपाय।

तरगस-*दे०* तरकस।

तरज-*(ना०)* १. रीति। तर्ज। शैली। ढंग। २ बनावट। ३. नखरा। ४. स्वर, ताल और लय युक्त संगीत। राग। ५. गाने का एक ढंग।

तरजमो-*(ना०)* १. तरजुमा। उल्था। अनुवाद। भाषान्तर।

तरझंगर-*(न०)* १. वृक्ष समूह। २. कँटीले वृक्ष। झाड़झंखाड़।

तरड़णो-*(क्रि०)* १ पतला मल निकलना। २. दस्तें लगना। ३. टट्टी फिरना।

तरड़ो-*(न०)* १. पतला मल। २. अधिक तरल पशुमल। गाय भैंस आदि का पतला गोबर। अधिक तरल गोबर।

तरण-*(वि०)* तरुण। युवा। **मोटियार**। *(न०)* तैरने की क्रिया।

तरण तारण-*(न०)* भवसागर से पार करने वाला। ईश्वर। *(वि०)* उद्धार करने वाला।

तरणाणो-*(क्रि०)* १. उभार आना। २. जोश में आना। ३. ऊपर उठना। ४. विकसना।

तरणि-*(न०)* १. तरुणी। युवती। २. नौका। नाव। ३. सूर्य।

तरणापो-*(न०)* तरुणावस्था।

तरणो-*(न०)* १. तिनका। तृण। **तिणको**। २. **चारो**। घास। *(क्रि०)* १. तैरना। पैरना। **तिरणो**। २. पार करना। लाँघना। ३. उद्धार होना।

तरत-*दे०* तुरत।

तर-तर-*(अव्य०)* १. ज्यों-ज्यों। २. त्यों-त्यों।

तरतीब-*(ना०)* सिलसिला। क्रम।

तरतोज-*(न०)* १. इलाज। चिकित्सा। २. उपाय।

तरदोज-*(न०)* १. खटका। २. अंदेशा। ३. चिन्ता। सोच। ४. धोखा। छल।

तरपण-*(न०)* एक कर्मकांड जिसमें देवों और पितरों को तृप्त करने के लिये जलांजलि दी जाती है। तर्पण।

तरपणी-*(ना०)* १. गंगा नदी। २. जैन साधुओं का एक पात्र।

तरफ-*(ना०)* १. ओर। तरफ। बाजू। २. पक्ष। ३. दिशा। *(अव्य०)* दिशा में। तरफ।

तरफदारी-*(ना०)* १. पक्षपात। २. हिमायत।

तरबंब-*(वि०)* पूर्ण (जल से)। सराबोर।

तरबूज-*(न०)* तरबूज। **मतीरो**। एक फल।

तरबोळ-*(वि०)* सराबोर। तराबोर।

तरभाणी-*(ना०)* सध्या-पूजा आदि धर्मं विधि में काम आने वाली ताँबे की तासक। ताम्रभांड। **त्रिभाणी**।

तरम-*(ना०)* शोथ। सूजन। **सोजो**।

तरमर-तरमर-*(अव्य०)* आपे से बाहर होने का भाव। क्रोध में बड़बड़ाना। अंटसंट बोलना।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तरमराट-(न०) १. आपे से बाहर होने का भाव। २. नाराज होना। बिगड़ जाना।

तरमराटो-दे० तरमराट।

तरमाळो-(न०) नगाड़ा। अंबाल।

तरमीम-(न०) १. संशोधन। २. हेरफेर।

तरमेवो-(न०)१.गीला मेवा। ताजा मेवा। २. फल।

तरळ-(वि०) १. बहने वाला। द्रव। २. गीला। ३. चंचल। ठरल। ४. कोमल।

तरलंग-(न०) घोड़ा।

तरळो-(वि०)१ चंचल। २.तरल। पतला। ३. गीला। द्रव। ४. हिलता हुआ। (न०) १. पतला मिश्रण। बहने वाला मिश्रण। २. गाय-भैंस आदि का अधिक तरल गोबर। तरड़ो।

तरवर-(न०) १. बड़ा वृक्ष। तरुवर। २. वृक्ष। पेड़।

तरवाड़ी-(ना०) १.ब्राह्मणों की एक अटक। एक अल्ल। त्रिवाड़ी। त्रिपाठी।

तरवार-(ना०) तलवार। खड्ग। बाढ़ाळी। छक।

तरवारियो-(वि०)१. तलवार रखने वाला। बाढाळो। छकहथो। २. तलवार चलाने वाला।

तरवाळो-दे० तिरवाळो।

तरवेणी-(ना०) १. गंगा, यमुना और सरस्वती तीनों नदियां। त्रिवेणी। २. इन तीनों का जहां संगम होता है वह स्थान। त्रिवेणी। प्रयागराज। प्रयाग का त्रिवेणी संगम तीर्थ।

तरस-(ना०) १. तृषा। प्यास। तिरस। २. दया। रहम। करुणा। अनुकंपा। ३. उत्कट इच्छा। लालसा।

तरसणो-(क्रि०) तरसना। ललचाना।

तरसंग-(न०) पक्षी। तरुसंगी। दे० त्रसींग।

तरसाणो-(क्रि०) १. व्यर्थ ललचाना। तरसाना। २. अभाव का दुख होना। ३. ललचाने को विवश करना।

तरसींग-दे० त्रसींग।

तरसो-(वि०) तृषित। प्यासा। तृषातुर। तिरसो। तिसायो।

तरस्यो-दे० तरसो।

तरह-(ना०) १. प्रकार। भांति। २. ढंग। स्थिति। ३. बनावट। ४. चाल। व्यवहार (व्यंग में)।

तरहदार-(वि०) १. चतुर। २. धूर्त। चालाक। ३. नखराबाज। ४. शौकीन।

तरंग-(ना०) १. लहर। २. कल्पना। ३. विचार। ४. मौज। उमंग। ५. पागलपन। ६. नशा। ७. नशे की लहर। ८. ग्रंथ का अध्याय।

तरंगणी-(ना०) नदी। तरंगिणी। (वि०) १. तरंग वाली। मौजी। २. सनक वाली। सनकी।

तरंगाळी-(ना०) १. नदी। तरंगिणी। २. सनक वाली। सनकी। ३. मौजी।

तरंगियो-(वि०)१. अस्थिर विचारों वाला। २. पागल। सनकी। ३. कल्पनाएँ करने वाला। ४.मौजी। तरंगी। ५. बेपरवाह।

तरंगी-दे० तरंगियो।

तरंज-(वि०) १. साफ। स्वच्छ। २. सही। सच्चा। (न०)१. सही और सुंदर काम। २. सुंदर व्यवस्था।

तराछणो-(क्रि०) १. छीलना। छिलका उतारना। २.खुरचना। ३. टेढ़ा काटना।

तराज-(ना०) १. तरह। प्रकार। भांति। २. ढग। प्रकार। ३. सामान। बराबर। ४. तराजू। तकड़ी।

तराजवो-(न०) तराजू। तकड़ी। ताकड़ी।

तराजू-(ना०) तकड़ी। ताकड़ी।

तराजे-(वि०) समान। बराबर। (न०) तरह। प्रकार।

तराणू-(वि०) नब्बे और तीन। (न०) ६३ की संख्या।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तरावट–*(न०)* १. घी से तरबतर भोजन। स्निग्ध भोजन। २. तृप्तिकारक वस्तु। ३. गीलापन। नमी। ४. शीतलता। *(वि०)* १. नकदी वाला। रोकड़ धन वाला। २. सम्पन्न।

तरासणो–*(क्रि०)* १. तराशना। छीलना। २. काटना। चीरना। ३. खुरचना। कुचरना।

तरां–*(क्रिवि०)* १. उस समय। तब। २. इस कारण।

तरी–*(ना०)* १. स्त्री। २. नाव। नौका। ३. गीलापन। नमी। ४. शीतलता। ५. तरावट।

तरीको–*(न०)* १. रीति। ढंग। तरीका। २. उपाय। युक्ति। तरीका। ३. व्यवहार।

तरुग्रर–*(न०)* १. वृक्ष। तरुवर। २. ग्राम्रवृक्ष। ३. कल्पवृक्ष।

तरुग्रार–*(ना०)* तलवार।

तरुण–*(वि०)* युवा। मोटियार।

तरुणाई–*(ना०)* युवावस्था। मोटियारपणो।

तरुणी–*(ना०)* १. स्त्री। २. युवास्त्री। युवती। मोट्यारण।

तरेस–*(न०)* तरह। भाँति।

तरेसाँ–दे० तरेस।

तरै–*(क्रिवि०)* १. उस समय। तब। २. इस कारण। ३. ज्यों। जैसा।

तरोवर–*(न०)* १. वृक्ष। तरुवर। २. कल्पवृक्ष।

तर्ज–दे० तरज।

तर्पण–दे० तरपण।

तळ–*(न०)* १. नीचे का भाग। पेंदा। तळियो। २. जलाशय के नीचे की भूमि। ३. पैर का तलवा। ४. सात पातालों में से प्रथम। तल। ५. मातहती। अधीनता।

तळक–*(ना०)* १. तलहटी। २. ऊंट के दौड़ने से होने वाला शब्द। ३. लालसा।

तलक–*(क्रिवि०)* तक। पर्यन्त। लग। ताँई। *(न०)* तिलक।

तळगट–*(ना०)* द्वार की चौखट का नीचे वाला भाग। चौखट की नीचे की लकड़ी। तलकठ। ऊमरो।

तळघर–*(न०)* तलगृह। तहखाना। भूंहरो।

तळछणो–दे० तड़छणो।

तळछियो–*(वि०)* १. घायल। २. संहार किया हुआ। *(क्रि० भू०)* संहार कर दिया। मार दिया।

तळण–*(ना०)* १. हैरानी। परेशानी। २. तलने की क्रिया।

तळणो–*(क्रि०)* १. तलना। २. हैरान करना। सताना।

तळतळो–*(न०)* १. कलह। झगड़ा। २. संकट।

तळतळाटो–दे० तळतळो।

तळताळियो–दे० तळतळो।

तलप–*(ना०)* १. उत्कट इच्छा (व्यसन की) बायड़। २. पलंग। ३. शय्या। सेज। ४. स्त्री।

तळपट–*(न०)* १. आय और व्यय का संक्षिप्त पत्रक। तारवणी। २. पोते बाकी। ३. बरबादी।

तळब–*(ना०)* १. सरकारी बुलावा। तलब। २. बार बार आने वाला बुलावा। ३. माँग। आवश्यकता। ४. उत्कट इच्छा। चाह। ५. तलाश। खोज। ६. शौचादि का वेग। हाजत। तलब।

तळबाणो–*(न०)* वह खर्चा जो गवाह को बुलाने के लिये अदालत में जमा कराया जाता है। तलबाना।

तळवियो–*(न०)* १. तकाजा करने वाला व्यक्ति। २. सरकारी रकम वसूल करने वाला नौकर। ३. आसामियों को बुलाकर लाने वाला नौकर।

For Private and Personal Use Only

देवातन–*(न०)* १. देवायतन । देवस्थान । देवमंदिर । २. देवस्वरूप । ३. देवत्व । *(वि०)* १. जिसके तन में देवी देवता का आवेश होता हो । २. देव्यांशी । ३. देवांशी ।

देवाधण–*(ना०)* गाय ।

देवाधिदेव–*(न०)* देवताओं के देवता ।

देवायर–*(न०)* दिवाकर । सूर्य । सूरज ।

देवाळ–*(वि०)* १. देने वाला । २. दानी ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

देवालय–*(न०)* देवमंदिर । देवळ ।

देवाळियो–*(न०)* कर्जा नहीं उतार सकने वाला व्यक्ति। दिवालिया । नादार व्यक्ति।

देवाळो–*(सं०)* ऋण नहीं चुकाने की स्थिति व असमर्थता । दिवाला । नादारी ।

देवाँ-अगवाणी–*(न०)* गणेश ।

देवांगना–*(ना०)* अप्सरा । अपछरा ।

देवांशी–*(वि०)* जो देवता के अंश से उत्पन्न हुआ हो ।

देवांसी–दे० देवांशी ।

देवियाण–दे० देव्यायण ।

देवी–*(ना०)* १. आद्या शक्ति । दुर्गा । २. सरस्वती । ३. लक्ष्मी । ४. स्त्री नामों के अंत में लगने वाला एक गौरव सूचक प्रत्यय शब्द । ५. स्त्री (सम्मान वाचक) ६. एक चिड़िया । शकुन चिड़ी ।

देवेयान–दे० देवधान ।

देवेस–*(न०)* देवेश । महादेव ।

देव्यायण–*(न०)* बारहठ ईसरदास कृत देवी की महिमा व स्तुति का एक प्रसिद्ध भक्ति ग्रंथ । देवियाण ।

देश–*(न०)* १. देश । मुल्क । २. राष्ट्र । ३. क्षेत्र । ४. स्थान ।

देशज–*(वि०)* १. देश में उत्पन्न । २. लोक तथा देश की बोलचाल से उत्पन्न । शिष्ट भाषा की व्युत्पत्ति रहित लोगों की बोल चाल से उत्पन्न (शब्द) ।

देशी–*(वि०)* १. स्वदेश में उत्पन्न या बना हुआ । देशी । २. देश संबंधी । ३. देश में रहने वाला । *(ना०)* १. एक रागिनी । २. स्थान विशेष की बोली ।

देस–दे० देश ।

देसज–दे० देशज ।

देस-दीवाण–*(न०)* १. देश का बड़ा दीवान । २. दीवान का एक ओहदा या प्रकार ।

देसनिकाळो–*(न०)* निर्वासन का दंड । देश निकाला ।

देसपत–*(न०)* राजा । देशपति ।

देस-रजपूत–*(न०)* १. साधारण राजपूत । बिना जागीरी का राजपूत । २. देश में विख्यात राजपूत । ३. देश में रहने वाला राजपूत ।

देसवटो–*(न०)* देश निकाला । निर्वासन । देश से बाहर निकालने की सजा ।

देसवाळी लोग–*(न०)* जैसलमेर राज्य की मुसलमान प्रजा जिसको भी जजिया भरना पड़ता था ।

देसाटण–*(न०)* देशाटन । देशभ्रमण ।

देसावर–*(न०)* परदेश । देशावर ।

देसावरी–*(वि०)* परदेश में रहने वाला । परदेशी ।

देसी–दे० देशी ।

देसूंटो–दे० देसवटो ।

देसोटो–दे० देसवटो ।

देसोत–*(न०)* १. राजा । देशपति । २. जागीरदार ।

देह–*(ना०)* शरीर । देह । काया ।

देहत्याग–*(न०)* मृत्यु ।

देहपात–*(न०)* मरण । मृत्यु ।

देहरखो–*(वि०)* १. शरीर की ही विशेष चिंता करने वाला । २. अपनी रक्षा करने वाला । ३. स्वार्थी । *(न०)* कवच ।

देहरो–*(न०)* देवघर । देवालय ।

देहळियो–*(न०)* गाय, भैंस के लिये कुट्टी आदि पकाने तथा खिचड़ा आदि रांधने का मिट्टी का बड़ा पात्र ।

देहळी–*(ना०)* देहली । देहलीज । कमरो ।

देहात–*(न०)* गाँव ।

देहाती–*(वि०)* गाँव का । ग्रामीण । गामड़ियो ।

देही–*(न०)* १. देह । शरीर । २. देह धारण करने वाला । जीवात्मा । देह-धारी जीव ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

देहुरो–*(न०)* मंदिर । **देवळ । देवरो । वेहरो ।**

दैण–*(ना०)* १. दुख । संकट । संताप । क्लेश । २. झगड़ा । कलह । ३. दहन । जलन । मनसंताप । ४. चिंता । फिक्र ।

दैणगियो–दे० दैनगियो । *(वि०)* १. संताप करने वाला । २. दुखदाई । ३. झगड़ालू । कलहकारी ।

दैणगी–*(ना०)* १. दिनमान का काम या मजदूरी । २. दैनिक पारिश्रमिक पर किया जाने वाला काम । ३. दिनभर के काम का पारिश्रमिक । दैनिक पारिश्रमिक । ४. एक दिन का महनताना । दैनिकी । *(वि०)* दैनिक ।

दैत–*(न०)* दैत्य ।

दैतणी–*(ना०)* १. दैत्य की स्त्री । २. कुरूपा स्त्री । ३. झगड़ालू स्त्री ।

दैनगियो–*(न०)* दैनिक पारिश्रमिक पर काम करने वाला मजदूर । **मजूर ।**

दैनगी–दे० दैणगी ।

दैळियो–दे० देहळियो ।

दैवयोग–*(न०)* संयोग । इत्तिफाक ।

दो–*(वि०)* एक और एक । *(न०)* दो की संख्या । '२'

दोइण–दे० दोयण ।

दोई–*(वि०)* दोनों ।

दोकड़ो–*(न०)* १. एक पुराना सिक्का । २. रुपये के सौवे भाग का एक सिक्का । ३. रुपये का सौवाँ भाग । (ब्याज फलावट का मान) ४. सौवाँ भाग । ५. प्रतिशत । ६. ब्याज । ७. धन । रोकड़ । पूंजी । पैसा ।

दोकलो–*(वि०)* जिसके साथ कोई और साथी हो । दुकेला । अकेला नहीं ।

दोकी–*(ना०)* १. दो चिन्हों वाला ताश का पत्ता । **दुरो । दुक्की ।** २. शौच जाने के लिये दो अंगुलियाँ उठा कर किया जाने वाला संकेत । **बेकी ।** ३. मल त्याग । शौच । *(वि०)* दो ।

दोकी जाणो–*(मुहा०)* मल त्याग करने को जाना । **बेकी जाणो ।**

दोख–*(न०)* १. दोष । ऐब । २. देवता की नाराजी । ३. देवता की नाराजी से हुआ कष्ट या रोग । ४. भूत-प्रेत या किसी लोक देवता की नाराजी । ५. किसी लोक देवता का अभिशाप । ६. पीड़ा । ७. द्वेष । ८. रोग । ९. पाप ।

दोखण–*(न०)* १. पाप । २. दूषण ।

दोखी–*(वि०)* १. शत्रु । दुश्मन । २. बुरा चाहने वाला । ३. ईर्ष्यालु । ४. द्वेषी । ५. दूसरे के दुख में सुखी और सुख में दुखी होने वाला । ६. दुखियारा । ७. दुखी । ८. दोषी । अपराधी ।

दोखो–*(न०)* १. बीमारी । रोग । २. प्राकृतिक संकट । ३. दुख । कष्ट । ४. पाप ।

दोगलापणो–*(न०)* १. दोनों पक्षों से मिला रह कर दोनों में कलह कराने का काम २. दुतरफी बात करने का काम । ३. वर्णसंकर व्यक्ति का काम ।

दोगलो–*(न०)* १. वर्णसंकर । जारज । २. दोनों पक्षों में मिला रह कर कलह कराने वाला । ३. दुतरफी बात करने वाला ।

दोज–दे० दूज ।

दोजग–*(न०)* दोजख । नरक ।

दोजगी–*(वि०)* १. दुखिया । २. ईर्षालु । ३. वह जिसको न तो रात में और न दिन में चैन पड़े । ४. पापी । **नारकी । दोजखी ।**

दोजीवाती–*(ना०)* गर्भवती स्त्री ।

दोजीवी–दे० दो जीवाती ।

दोझो–*(न०)* १. थन । स्तन । (पशु) । २. दूध देने वाला पशु ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

दोट–(ना०) १. दौड़ने की क्रिया। दौड़। २. आक्रमण। ३. आंधी। तूफान। ४. धक्का। टक्कर। ५. नदी व समुद्र में आने वाला अति वेग के साथ पानी का धक्का। जोर की लहर। ६. वड़ो। गेंद।

दोटी–(ना०) १. वड़ी। गेंद। २. एक प्रकार का कपड़ा। दुपट्टी।

दोटो–(न०) १. प्रहार। २. धक्का। ३. पानी का धक्का। ४. दड़ी। गेंद।

दोठा पुड़ी–दे० डोठा पुड़ी।

दोठो–दे० डोठो।

दोढ–दे० डोढ।

दोढवाड़ कूंतो–दे० डोढवाड़ कूंतो।

दोढो रावण–(न०) १. कुंभकर्ण। २. बड़ा रावण। (वि०) महा जबरदस्त।

दोणकी–दे० दोणी।

दोणियो–(न०) दुहने का पात्र। दोहनी। (वि०)। दुहने वाला।

दोणी–(ना०) दोहने का पात्र। दोहनी। दुहनी।

दो-दो हाथ–(अव्य०)१. मल्लयुद्ध। २. बाहु युद्ध। ३.आमने-सामने का युद्ध। ४.लड़ाई। बाथमबाथ। ५. सहकार। सहयोग।

दोधक–(न०) १. एक छंद। २ दोहा छंद।

दोधारो–(वि०) दो धार वाला। (न०) दुधारी तलवार।

दोनूं–(वि०) दोनों। उभय।

दोनो–(न०) १. लांछन। कलंक। बजो। २. अपकीर्ति। कुजस।

दोपट–(वि०) दुहरा। दुपट।

दोपटो–(वि०) वस्त्र के दो पट लंबे सीए हुए। (न०) दो पट वाला वस्त्र। दोवटी।

दोपारो–(न०) दुपहर में किया जाने वाला अल्पाहार। दूसरे पहर का जलपान।

दोब–(ना०) दूर्वा।

दोभा–(वि०) १. वर्णसंकर। २. दो भांति का।

दोमज–(न०) युद्ध।

दोमळा–(न०) एक छंद।

दोय–(वि०) दो। (न०) दो की संख्या।

दोयण–(न०) १. शत्रु। दुश्मन। २. खल। दुर्जन।

दोर–(ना०) डोर। दे० दोर।

दोरप–(ना०) १. कठिनता। २. कष्ट। तकलीफ। संकट।

दोरम–दे० दोरप।

दोराई–दे० दोरप। ('सोराई' का उलटा)।

दोरिम–दे० दोरप।

दोळां–दे० दोळी।

दोळी–(वि०) १. चारों ओर। आजूबाजू। २. पीछे लगना। पीछा।

दोलू–(न०) दांत।

दोळूं–दे० दोळी।

दोळैं–(क्रि०वि०) १. पीछे। आजूबाजू। चारों ओर। ३. पीछे लगा हुआ।

दोळो–(अव्य०) १. चारों ओर। आजू-बाजू। इधर उधर। २. पीछा।

दोवटी–(ना०) १. दो पट्टी वाली सोटी धोती। २. दो पट्टी वाला ओढ़ने का वस्त्र। ३. कंधे पर रखने का वस्त्र। दुपट्टी। दोवटो। दुपटो।

दोवड़–(ना०) १. दुहरा सिला हुआ ठंड में ओढ़ने का एक वस्त्र। दो पट्टी का वस्त्र। २. कपड़े की दो तह। दो तह। (वि०) दुगुना।

दोवड़-तेवड़–(वि०) दुगुना-तिगुना।

दोवड़ो–(वि०) १. दुहरा। दोहरा। २. डबल। दुगुना। ३. दोनों ओर का।

दो-वीसी–(वि०) चालीस।

दोष–(न०) १. दोष। अपराध। २. भूल। ३. लांछन। ४. पाप। ५. आरोप। ६.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अभियोग । ७. कमी । खराबी । ८. साहित्य के गुणों में कमी । काव्य। दोष ।

दोषारोपण-*(न०)* किसी के ऊपर दोष मँढने का भाव ।

दोस-दे० दोष ।

दोसण-दे० दूसण ।

दोसदार-*(न०)* दोस्त । मित्र ।

दोसदारी-*(ना०)* दोस्ती । मित्रता ।

दोसूती-*(वि०)* दो सूत का बुना । डबल धागों से बुना हुआ (कपड़ा) । दो सूत वाला ।

दोस्त-*(न०)* मित्र । साथी ।

दोस्ती-*(ना०)* मित्रता ।

दोह-दे० दोस ।

दोहग-*(न०)* १. दुर्भाग्य । २. दुख । कष्ट । ३. संकट ।

दोहणकी-दे० दोहणी ।

दोहणियो-*(न०)* दुहने का पात्र । दोहनी । *(वि०)* दुहने वाला ।

दोहणी-*(ना०)* दूध के दोहने का पात्र । दुग्ध पात्र । दोहनी । दोणी ।

दोहणो-*(क्रि०)* १. दुहना । दूहणो । २. किसी वस्तु का सार भाग निचोड़ देना ।

दोहराई-*(ना०)* तकलीफ । कष्ट । दुख । दोराई ।

दोहरी-*(वि०)* १. दुखिता । २. दुखियारी । दुखी । *(ना०)* तकलीफ । कष्ट । *(क्रि०वि०)* १. दुख से । २. कठिनता से । ३. तकलीफ में ।

दोहरो-*(न०)* १. बे-आराम । तकलीफ । कष्ट । २. एक छंद । दोहा । *(वि०)* दुखी । *(क्रि०वि०)* १. कठिनता से । २. तकलीफ में ।

दोहलो-*(न०)* दोहा छंद । दे० दोहिलो ।

दोहा-दे० दूहो ।

दोहितरी-दे० दोहीती ।

दोहितरो-दे० दोहीतो ।

दोहिलो-*(वि०)* १. कठिन । दुस्साध्य । २. दुखी । *(अव्य०)* कठिनता से । दे० दुहेलो ।

दोहीती-*(ना०)* पुत्री की पुत्री । दोहित्री ।

दोहीतो-*(न०)* बेटी का बेटा । दोहित्र । दुहता ।

दोहेलो-दे० दुहेलो ।

दौड़-*(ना०)* १. दौड़ने की क्रिया । दौड़ । २. हमला । आक्रमण । धावा । ३. पहुँच । शक्ति । ४. प्रयत्न । ५. लूट ।

दौड़णो-*(क्रि०)* १. दौड़ना । भागना । २. पलायन होना । ३. हमला करना । धावा करना । ४. लूटना । डाका डालना । ५. प्रयत्न करना ।

दौड़भाग-*(ना०)*१. दौड़ा-दौड़ी । २.प्रयत्न । कोशिश ।

दौड़ादौड़ी-*(ना०)* १. बार बार दौड़ना । २. दौड़धूप । भागदौड़ । ३. जल्दबाजी ।

दौड़ो-*(न०)* १. चक्कर । फेरा । भ्रमण । दौरा । २. आक्रमण । ३. अधिकारी का अपने अधिकार क्षेत्र में निरीक्षण के लिये जाना । दौरा । ४. समय समय पर होने वाले रोग का आक्रमण । दौरा । रोगावर्तन । ५. डाका ।

दौर-*(न०)* १. रोब । आतंक । २. प्रभाव । ३. वैभव के दिन । ४. भ्रमण । फेरा ।

दौलत-*(ना०)* १. दौलत । पूंजी । धन । २. जागीरी । ३. भाग्य । प्रारब्ध ।

दौलतखानो-*(न०)* घर । निवास स्थान ।

दौलत-छौळ-*(वि०)* १. जिसके पास दौलत लहरें ले रही हों । अपार धनवान । २. उदार । दातार ।

दौलतधारी-*(वि०)* धनवान ।

दौलतमंद-*(वि०)* धनवान ।

दौलतवान-*(वि०)* धनवान ।

द्यउ-*(क्रि०)* दियउ । दीजिये । दे दो । (विनयार्थक)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

द्याड़ो–*(न०)* दिवस । दिन ।
द्याणी–*(वि०)* दाहिनी । जीमणी ।
द्याणू–*(वि०)* दाहिना । जीमणो ।
द्याणो–*(वि०)* दाहिना । *(न०)* दाहिनी ओर । जीमणी कानी ।
द्यामणो–दे० दयामणो ।
द्युति–*(ना०)* कान्ति । तेज ।
द्युतिवंत–*(वि०)* १. कान्तिमान । सुंदर । २. प्रकाशमान ।
द्योराणी–दे० देराणी ।
द्यो–*(क्रि०)* १. देना । २. दीजिये ।
द्योस–*(न०)* दिवस । दिन ।
द्रग–*(न०)*१. दृग । नेत्र । २. दृष्टि । नजर ।
द्रजीत–*(न०)* इंद्रजीत । मेघनाद ।
द्रजोण–*(न०)* दुर्योधन ।
द्रढ–दे० दिढ ।
द्रढता–*(ना०)* दृढ़ता । मजबूती ।
द्रढाव–दे० दिढाव ।
द्रढेल–*(वि०)* दृढ । दृढ़तावाला ।
द्रप–*(न०)* १. दर्प । गर्व । २. आतंक । रोब । ३. उद्दंडता ।
द्रब–*(न०)* द्रव्य । धन ।
द्रब-उभेळ–दे० दौलत-छोळ ।
द्रब-छोळ–दे० दौलत छोळ ।
द्रम–*(न०)* १. वृक्ष । द्रुम । २. मरुस्थल । मरुप्रदेश । ३. प्रचंड पवन । ४. वायु वेग । ५. एक प्राचीन सिक्का । द्रम्म ।
द्रमंक–*(न०)* १. धमाका । २. गर्जन । ३. ढोलक का शब्द ।
द्रव–*(न०)* १. द्रव्य । २. किसी वस्तु का तरल रूपान्तर । रस । द्रव पदार्थों के तीन रूप—ठोस, द्रव और गैस में से एक । तरल पदार्थ ।
द्रवणो–*(क्रि०)* १. पिघलना । २. झरना । चूना । ३. गद्गद् होना ।
द्रव्य–*(न०)* १. धन । पैसा । नाणो । २. पदार्थ । वस्तु ।
द्रस्टांत–दे० दृष्टान्त ।
द्रह–*(न०)* बहुत गहरे पानी का खड्डा । ह्रद । २. खड्डा । ३. बिना बंधा हुआ कुंआ ।
द्रहवाट–दे० दहवाट ।
द्रंग–*(न०)* १. दुर्ग । किला । २. गाँव । ३. टीबा । धोरो । ४. खड्डा । ५. देश । ६. नगर ।
द्रंगड़ो–दे० द्रंग ।
द्राख–*(ना०)* दाख । द्राक्षा ।
द्रिठ–दे० दीठ ।
द्रिठबंध–*(वि०)* दृष्टिबंध ।
द्रीठ–*(ना०)* १. दृष्टि । नजर । २. आँख । नेत्र ।
द्रुग–*(न०)* किला । दुर्ग । गढ़ ।
द्रुत–*(वि०)* १. तेज । तीव्र । २. शीघ्र ।
द्रुमची–दे० दुमची ।
द्रुंग–*(न०)*१. दुर्ग । किला । गढ । २.गाँव । ३. टीबा । धोरो ।
द्रू–*(न०)* १. पर्वत । भाखर । २. जंगल । ३. लकड़ी । ४. सोना । स्वर्ण ।
द्रेठ–*(ना०)* १. दृष्टि । नजर । २. आँख ।
द्रेठि–दे० द्रेठ ।
द्रोण–*(न०)* १. पर्वत । २. पांडव-कौरवों के गुरु द्रोणाचार्य । ३. एक माप । ४. दोना । ५. रथ ।
द्रोपता–*(ना०)* द्रोपदी ।
द्रोपा–*(ना०)* द्रोपदी ।
द्रोब–*(ना०)* दूब । दूर्वा ।
द्रोह–*(न०)* १. ईर्ष्या । द्वेष । २. वैर । शत्रुता । ३. कपट । दगा । ४. विरोध । ५. बगावत ।
द्रोहणो–*(क्रि०)* १. द्रोह करना । २. विरोध करना । ३. बगावत करना ।
द्रोही–*(वि०)* १. द्रोह करने वाला । २. शत्रु । ३.दगाखोर । कपटी । ४.विरोधी । ५. बगावती ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

द्रौपदी–(ना०) राजा द्रुपद की पुत्री। पांडवों की पत्नी।

द्वंद–(न०) १. झगड़ा। द्वन्द्व। २. द्वन्द्व युद्ध। ३. दो का जोड़ा। द्वन्द्व। ४. एक समास। (व्या०)।

द्वात–(ना०) दवात। मसिपात्र। मजिया-सणो।

द्वादशी–(ना०) बारस तिथि। बारस।

द्वादशो–(न०) मृतक का बारहवाँ। बारियो। बुधावसो।

द्वापर–(न०) चार युगों में से तीसरा युग।

द्वार–(न०) दरवाजा। बारणो।

द्वारका–(न०) १. द्वारिका नगरी। २. चार प्रधान तीर्थों में से एक। सागर तट पर स्थित सौराष्ट्र का प्रख्यात तीर्थ-क्षेत्र।

द्वारकाधीश–(न०) श्रीकृष्ण।

द्वारकानाथ–(न०) श्रीकृष्ण।

द्वारपाळ–(न०)द्वार पर रहने वाला रक्षक। द्वार पाल। डोढीदार।

द्वारा–(प्रव्य०) जरिया। मारफत। से।

द्वार रोकाई–दे० बार रोकाई।

द्वारो–(न०) १. मंदिर। २. साधु-संतों का स्थान। यथा—रामद्वारो।

द्वाळो–दे० दुम्राळो।

द्विज–(वि०)१.जन्म और यज्ञोपवीतधारण—इन दो संस्कारों द्वारा उत्पन्न। दो बार जन्मा हुआ। (न०) १. ब्राह्मण, क्षत्री, वैश्य। त्रिवर्ण। २. ब्राह्मण। ३. पक्षी। ४. अंडज। ५. दांत।

द्विदळ–(न०) मूंग, मोठ, चना आदि कठोळ धान्य। द्विदल-धान्य।

द्विरद–(न०) हाथी। दुरद।

द्विवेदी–(न०) ब्राह्मणों की एक अल्ल।

द्वेष–(न०) १. ईर्ष्या। २. बैर। शत्रुता। ३. जलन।

द्वैरद–(न०) हाथी। द्विरद।

ध

ध–संस्कृत परिवार की राजस्थानी भाषा की वर्णमाला का उन्नीसवां और तवर्ग का चौथा व्यंजन वर्ण। इसका उच्चारण स्थान दंतमूल है।

धइयो–(न०) १. विपत्ति। संकट। आफत। २. कष्ट। संताप। ३. टंटा-झगड़ा। कलह।

धईड़ो–(न०) किसी चिंता, विपत्ति आदि की अचानक सूचना। २. ऐसी झूठी सूचना।

धक–(ना०) १. भय, शोक आदि के कारण हृदय की गति तेज होने का शब्द। २. जोश। ३. क्रोध। ४. सहसा। ५. धक्का। (क्रि०वि) एक दम। सहसा। अचानक।

धकचाळ–(ना०) १. युद्ध। लड़ाई। २. उपद्रव।

धकचाळो–दे० धकचाळ।

धकणो–(क्रि०) १. चलना। निर्वाह होना। २. निभाना।

धकधूणणो–(क्रि०) जोर से हिलना। झकझोरना।

धकपंख–(न०) गरुड़।

धकलो आंक–दे० चढतो आंक।

धकाणो–(क्रि०) १. निर्वाह करना। चलना। २. निभाना। ३. धक्का मार कर चलना। ४. खदेड़ना। ५. पीछे हटाना। ६. पराजित करना।

धकार–(न०) 'ध' वर्ण। धधो। धद्यो।

धकावणो–दे० धकाणो।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

धकीजरणो–*(क्रि०)* १. धकाया जाना। धकेला जाना। २. धकना। ३. निभाना।

धकेलरणो–*(क्रि०)* १. धकेलना। धक्का देना। ठेलना। २. किसी काम या बात को लापरवाही से योंही आगे को ठेलते जाना।

धकेलो–*(न०)* धक्का। हुड़सो। हुड़सेलो।

धकै–*(अव्य०)* १. सामने। आगे। समक्ष। २. उपस्थिति में। ३. मुकाबले में। ४. भविष्य में। ५. अग्रस्थान में। आगे। अगाड़ी। ६. पूर्व। पहिले।

धको–दे० धक्को।

धक्कमधक्का–*(न०)* १. धक्कमधक्का। धक्काधक्की। २. भीड़।

धक्काधक्की–दे० धक्कमधक्का।

धक्काधूम–*(ना०)* १. धक्कमधक्का। ठेलाठेली। २. ऊधम।

धक्कामुक्की–*(ना०)* धक्का देना और मुक्का मारना। परस्पर धकेलने और मुक्के मारने की क्रिया।

धक्को–*(न०)* १. धक्का। टक्कर। २. ठोकर। ३. आक्रमण। ४. हानि। घाटा। ५. चक्कर। फेरा। ६. हानि, शोक, दुख आदि का आघात।

धख–*(ना०)* १. अग्नि। आग। २. क्रोध। ३. जोश।

धखरणो–*(क्रि०)* १. सुलगना। दहकना। २. क्रोधित होना।

धखपंख–*(न०)* गरुड़। धकपंख।

धखपंखधज–*(न०)* १. श्री विष्णु। २. श्रीकृष्ण।

धगड़–*(न०)* मुसलमान। म्लेच्छ।

धगड़ी–*(ना०)* कुलटा स्त्री। *(वि०)* कुलटा।

धगड़ो–*(न०)* १. जार। लंपट। परस्त्री। लंपट। २. उपपति। ३. मुसलमान

धगन–*(ना०)* १. अग्नि। २. ज्वाला। ३. जलन। धुखरण।

धगस–*(न०)* उत्साह। लगन। जोश।

धगार–*(न०)* १. आकाश। २. जोश। उत्साह।

धचकरणो–*(क्रि०)* १. जमीन के किसी भाग का नीचे धंस जाना। २. धक्का लगना। ३. दलदल में फंसना।

धचकारणो–*(क्रि०)* १. फंसाना। धंसाना। २. धक्का लगाना।

धचकावरणो–दे० धचकारणो।

धचको–*(न०)* १. झटका। धक्का। टक्कर।

धज–*(ना०)* १. ध्वजा। धजा। २. नोक। ३. भाला। ४. अग्रभाग। ५. घोड़ा। *(वि०)* १. अति तीक्ष्ण। २. दृढ़। ३. श्रेष्ठ। ४. जोशीला। ५. अग्रणी।

धजडंड–*(न०)* १. ध्वजदंड। धजा का डंडा। २. भाला।

धजरणी–*(न०)* १. सेना। फौज। ध्वजिनी। २. घोड़ी।

धजनी–दे० धजरणी।

धजपंख–*(न०)* गरुड़।

धजबंध–*(न०)* १. राजा। २. घोड़ा। ३. देवालय। *(वि०)* १. वीर। योद्धा। २. विश्वस्त। ३. धजाधारी। ४. प्रामाणिक। ५. अवक्र। सीधा।

धजबंधी–*(ना०)* १. पार्वती। दुर्गा। २. घोड़ी। ३. राजा।

धजर–*(न०)* १. आन। २. मरोड़। ३. गर्व। ४. प्रतिष्ठा। ५. घोड़ा। ६. भाला। ७. तलवार। ८. कटारी। ९. धजा। १०. मंदिर। ११. किला। १२. आकाश। *(वि०)* १. वीर। २. उच्चमना। ३. श्रेष्ठ। ४. मनोहर।

धजरंग–*(वि०)* नोकदार। नुकीला।

धजराज–*(न०)* १. घोड़ा। २. राजा।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

धजराळ-(न०) १. घोड़ा। २. राजा। ३. मंदिर। ४. दुर्ग। (वि०) धजाधारी। धजारो।

धजरेल-(वि०) १. श्रेष्ठ। २. वीर। ३. खड्गधारी। ४. धजाधारी। (न०) घोड़ा।

धजवड़-(न०) १. तलवार। २. यश। कीर्ति। ३. मान। प्रतिष्ठा।

धजवड़हथो-(वि०) १. खड्गधारी। २. वीर। योद्धा।

धजवर-(न०) १. ध्वजधारियों में श्रेष्ठ। २. राजा। ३. शस्त्रधारियों में श्रेष्ठ। ४. शस्त्रधारी। दे० धजवड़।

धजवी-(वि०) १. शस्त्रधारी। २. धजाधारी। (ना०) घोड़ी।

धजा-(ना०) ध्वजा। पताका।

धजाडंड-दे० ध्वजदंड।

धजाणी-दे० धजणी।

धजाबंध-(वि०) १. जिसके ऊपर ध्वजा फहरा रही हो। धजावाला। (न०) १. देवालय। मंदिर। २. देवी। ३. देवता।

धजार-(न०) १. आकाश। २. माला।

धजारो-(वि०) १. श्रेष्ठ। २. अग्रणी। ३. मुखिया। ४. धजावाला। ५. भालाधारी।

धजाळ-(वि०) १. धजाधारी। २. भालाधारी। भाला रखने वाला।

धजाळी-(ना०) देवी। (वि०) ध्वजावाली।

धजाळो-दे० धजाळ।

धज्जी-(ना०) १. कागज, कपड़े आदि की लंबी और पतली पट्टी। २. बदनामी। अपकीर्ति। कुयश।

धट-(वि०) १. श्वेत। सफेद। २. स्वच्छ। निर्मल।

धट-चानणी-(वि०) बिना बादलों के निर्मल चंद्र प्रकाशवाली (रात्रि)। (ना०) निर्मल चाँदनी। ज्योत्सना।

धट-चानणो-(न०) १. तेज प्रकाश। २. श्वेत प्रकाश। ३. चंद्रमा का निर्मल प्रकाश। ज्योत्सना।

धड़-(न०) १. गले के नीचे का भाग। २. बिना सिर का शरीर। कबंध। ३. शरीर। ४. पेड़ का तना। ५. सेना। ६. झुंड। ७. खंड। भाग।

धड़क-(ना०) १. धड़कना। हृदय की कंपन। २. डर। भय।

धड़कण-(ना०) हृदय का स्पन्दन।

धड़कणो-(क्रि०) १. हृदय का धक-धक करना। धड़कना। २. काँपना। ३. भयभीत होना।

धड़को-(न०) १. भय। डर। २. दिल की धड़कन। ३. झटका। धड़का। धक्का।

धड़-खणती-(ना०) तलवार।

धड़च-(ना०) तलवार। (न०) वस्त्र को फाड़ने का शब्द।

धड़चणो-(क्रि०) १. चीरना। फाड़ना। २. संहार करना। नाश करना।

धड़चाळो-(वि०) फटा हुआ।

धड़चो-(न०) १. टुकड़ा। खंड। २. छिन्न अंश।

धड़छ-(न०) टुकड़ा।

धड़धड़ाट-(न०) १. धड़धड़ की ध्वनि। २. हृदय की धड़कन।

धड़धड़ो-(व०)१. एक प्रकार की खड़िया। जिप्सम। धाधड़ो। २. धड़कन।

धड़वाई-(ना०) १. नाज तोलने का काम। २. नाज तोलने वाले से लिया जाने वाला कर।

धड़हड़णो-(क्रि०) १. धड़ धड़ करना। २. २. गर्जना। गाजणो। ३. काँपना। ४. युद्ध करना। लड़ना।

धड़ंग-(वि०) १. नंगा। २. मर्यादा रहित। निर्लज्ज। ३. मुँह फट।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

धड़ाकाबंध-(अव्य०) १. धड़ाका के साथ। २. एक दम। एक झपाटे में।

धड़ाको-(न०)किसी वस्तु के जोर से गिरने या फटने से उत्पन्न शब्द। धड़ाका।

धड़ाधड़-(अव्य०)१. लगातार। बिना रुके। २. एक दूसरे के पीछे। (न०) 'धड़धड़' शब्द।

धड़ाबंद-(वि०) सम्पूर्ण। संग।

धड़ाबंदी-(ना०) दलबंदी।

धड़ाम-(न०) ऊपर से एक बारगी गिरने का शब्द।

धड़ियो-(न०) १. नाज तोलने वाला। कड़ियो। २. पासंग।

धड़ी-(ना०) १. किसी वस्तु का दस सेर का वजन। २. एक बार में दस सेर के बाट से तोला जाना। ३. एक बार में दस सेर तोली हुई वस्तु। (नोट-धड़ी का मान कहीं पाँच सेर का भी होता है)। ४. कान का एक आभूषण। ५. एक बार का तोल। एक तोल। एक वजन।

धड़ी करणो-(मुहा०) १. इकट्ठा करना। २. चुनना। ३. तोलना।

धड़ूकणो-(क्रि०)१. सांड़ का जोर से शब्द करना। तांडना। २. सिंह का गरजन करना। दहाड़ना। ३. बादल का गरजना।

धड़ो-(न०) १. समूह। २. ढेर। राशि। ३. कई संख्याओं का योग। जोड़। वह संख्या जो कई संख्याओं को जोड़ने से निकले। का। ४.किसी जाति या दल को दोमतों में बँटा हुआ एक विभाग। पक्ष। तड़। ६. विचार। ७. पसंग। पासंग। ८. ढेला या कंकड़ आदि से दिया हुआ खाली पात्र का वह समान तोल जिसमें किसी वस्तु को डालकर वस्तु का निश्चित तोल करना होता है। पात्र का समतोलन। ९ सेना। १०. भीड़।

धड़ो करणो-(मुहा०) १. इकट्ठा करना। २. चुनना। ३. किसी बरतन में किसी वस्तु को डाल कर तोलने के पहिले खाली बरतन का तोल करना। खाली बरतन का संतुलन करना। ४. विचार बाँधना। ५. जोड़ना।

धण-(ना०) १. पत्नी। स्त्री। २. गायों का समूह। धन।

धणियाणी-(ना०) १. पत्नी। २. गृहस्वामिनी। ३. स्वामिनी। मालकिन। ४. देवी। शक्ति।

धणियाप-(न०) १. स्वामित्व। २. अधिकार। ३. कृपा।

धणियापो-दे० धणियाप।

धणियाँ-(सर्व०) आप। दे० धणी। (न०) १, २.

धणी-(सर्व०) आप, तुम और वे के स्थान पर प्रयुक्त होने वाला आदर सूचक प्रयोग। आप। तुम। (न०) १. पति। खाविंद। स्वामी। २. स्वामी। मालिक। ३. प्रभु। ईश्वर। ४. धनुष। ५. धनुष की डोरी। प्रत्यंचा। (स्त्री० धण और धणियाणी।)

धणी जोग-(वि०) १. खरीददार को ही मिले ऐसी हुंडी। २. वह व्यक्ति जिसके नाम की हुंडी लिखी हुई हो। (न०) हुंडी के रुपये पाने का अधिकारी व्यक्ति। यथा-'हुंडी सिकार नै धणी जोग रुपया दे दीजो।'

धणी-धोरी-(न०)१. स्वामी एवं मुखिया। २. रक्षक। ३. कर्ता-धर्ता। ४. वारिस। उत्तराधिकारी। दायद।

धणीवार-(अव्य०)१. प्रति व्यक्ति। २. जो जिसका हकदार या धनी हो।

धणीव्रत-दे० धणियाप।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

धत-*(ना०)* १. जिद पकड़ने की आदत। २. हठ। दुराग्रह। ३. बुरी आदत। कुटेव। *(अव्य०)* दुत्कारने का उद्‌गार। तुच्छकार का शब्द।

धतूरो-*(न०)* १. एक विषैला पौधा। धतूरा। २. एक लोक गीत।

धत्त-*(अव्य०)* १. दुत्कारने का शब्द। २. दुत्कार। डाँट। फटकार। ३. हाथी को वश में करने या चलाने के लिए उच्चारण किया जाने वाला शब्द। धत्त-धत्त।

धत्त-धत्त-*(अव्य०)* हाथी को बिठाने, चलाने या वश में करने का शब्द।

धत्ती-*(वि०)* दुराग्रही।

धत्ती-*(न०)* १. झूठा आश्वासन। धत्ता। जुल। झाँसा। २. धोखा।

धधक-*(ना०)* १. अग्नि। २. ज्वाला। ३. अग्नि की उग्रज्वाला की भड़कन। अग्नि का सहसा भभक उठना। ४. उग्र क्रोध। क्रोधाग्नि। ५. दुर्गंध। बदबू।

धधकणो-*(क्रि०)* १. अग्नि की ज्वाला उठना। २. क्रोध करना। ३. बदबू देना।

धध्धो-*(न०)* 'ध' अक्षर।

धन-*(न०)* १. द्रव्य। माल। २. संपत्ति। जायदाद। ३. मूलपूंजी। ४. गाय, भैंस आदि। ५. गायों का टोला। ६ धन्य। ७. गणित में जोड़ का (+) चिन्ह। प्लस।

धनक-*(न०)* १. स्त्रियों का एक रंगीन ओढ़ना। २. धनुष।

धनगैलो-*(वि०)* अपने धन का अभिमानी। धनमदान्ध। धनांद।

धनतेरस-*(ना०)* १. कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी। २. दीपावली से संबंधित कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी का उत्सव या त्योहार। ३. धन की पूजा का दिन।

धनधान-*(न०)* १. धन और धान्य। २. समृद्धि।

धनधाम-*(न०)* रुपया-पैसा और घरबार। समृद्धि। धन और मकान।

धनभिळणो-*(मुहा०)* गाय, भैंस आदि का गर्भ धारण करना।

धनराज-*(न०)* कुबेर।

धनरेखा-*(ना०)* धन बताने वाली हस्तरेखा।

धनवंत-*(वि०)* धनवान। धनी। मालदार।

धनवंतरी-*(न०)* देवताओं के वैद्य। धनवन्तरी।

धनवान-*(वि०)* धनवंत। धनी। अमीर। धनाढ्य।

धनहीन-*(वि०)* निर्धन। गरीब।

धनंक-*(न०)* धनुष।

धनंजय-*(न०)* पांडु पुत्र अर्जुन।

धनंतर-*(न०)* धन्वन्तरि। *(वि०)* १. सत्यवक्ता। प्रामाणिक। २. बहुत बड़ा जानकार। ३. बड़ा धनवान। श्रीमंत।

धनंद-*(न०)* कुबेर।

धनाढ्य-*(वि०)* धनी। धनवान। मालदार।

धनावंशी-*(न०)* रामानंदी साधुओं का एक भेद, जो धना भक्त की शिष्य परम्परा में कहा जाता है।

धनासरी-*(ना०)* एक रागिनी।

धनिक-*(वि०)* १. ऋणदाता। २. धनी। अमीर। धनवान।

धनिक नाम-*(अव्य०)* ऋणी की ओर से ऋणदाता को लिखकर दिये जाने वाले ऋण पत्र (दस्तावेज, खत) में ऋणदाता का परिचायक संकेत जो उसके नाम के पहले उसकी हैसियत के रूप में लिखा हुआ रहता है। ऋणपत्र में ऋणदाता (बोहरे) के नाम का परिचय कराने वाला एक पारिभाषिक पद। जैसे-धनिक नाम तिलोकचंद फूलचंदाणी वास जोधपुर आगे आसामी (ऋणी) जाट किरतो वीरमाणी रहवासी गाम वासणी रो

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तिण पासे गिरंता रु० १००) धखरै रुपिया सौ पूरा लेहणा। रुपिया फिरता री छोकरी धनकी रै ब्याव सारू हाथ उधारा दीना छे। तिण रो ब्याज.......।

धनी-*(वि०)* धनवान। मालदार।

धनुख-दे० धनुष।

धनुभ्रत-दे० धनुषधारी।

धनुष-*(न०)* १ चाप। धनुष। २. इंद्र-धनुष। ३. चार हाथ का एक माप।

धनुषधारी-*(न०)* १. श्री रामचंद्र। २. अर्जुन। *(वि०)* धनुष धारण करने वाला। बाणावळी। कमनैत।

धनुस-दे० धनुष।

धनेस-*(न०)* कुबेर। धनेश।

धनो भगत-*(न०)* जाट जाति का एक प्रसिद्ध भक्त। धना भक्त।

धन्न दे० धन्य।

धन्नासेठ-*(न०)* धनवान सेठ।

धन्नो-*(न०)* जाट जाति का एक भक्त। धनो भगत। *(वि०)*धनवाला। धनवान।

धन्य-*(अव्य०)* धन्य। शाबास। धन। *(वि०)* १. कृतार्थ। २. प्रशंसनीय। ३. भाग्यशाली। ४. पुण्यात्मा। पुण्यवान।

धन्यवाद-*(न०)*शाबासी। साधुवाद। वाह-वाह। सुक्रिया।

धन्वदेश-*(न०)* मारवाड़। मरुदेश।

धन्वंतरी-*(न०)* १. देवताओं के वैद्य। २. आर्य चिकित्सा शास्त्र के तज्ञ एवं प्रणेता।

धन्वी-*(न०)* धनुंधर।

धपटणो-*(क्रि०)*१. खूब खाना या खिलाना। २. अघा जाना। ३. दौड़ना। भागना। ४. खोसना। लूटना। ५. मारना। पीटना।

धपटमो-*(वि०)* १. अत्यधिक। खूब। २. पूर्ण। धपाऊ। ४. भरपेट। धपाऊ। धापमो।

धपळको-*(न०)* अग्नि ज्वाला। आग की लपट।

धपाऊ-*(वि०)* १. अत्यधिक। खूब। काम व्यवसाय आदि। २. भरपेट। धापमो। ३. संतोष कारक।

धपाणो-*(क्रि०)* १. पेटभर खिलाना। अघाना। तृप्त करना। २. हैरान करना। परेशान करना। ३. संतुष्ट करना। ४. खूब देना।

धपावणो-दे० धपाणो।

धफणो-*(क्रि०)* हाँफना।

धबकणो-*(क्रि०)*१ धड़कना। २. धब-धब शब्द होना।

धबकारो-*(न०)*धड़कन। धड़का। धड़को।

धबड़को-*(न०)* धब-धब का शब्द।

धबसो-*(न०)* १. दोनों हथेलियों को मिला कर बनाई हुई अंजलि। धोबो। दे० धोबो। २. धबसो में समा जाये उतना पदार्थ। ३. अंजली।

धबाक-*(ना०)* कुदान। छलांग। फलांग।

धबाको-*(न०)* १. कूदने का शब्द। २. कुदान। छलांग। फलांग।

धबोड़णो-*(क्रि०)* १. प्रहार करना। २. मारना। पीटना। ठोकणो।

धबोधब-*(अव्य०)* १. ऊपरा-ऊपरी। २. झटपट। शीघ्रता से।

धब्बो-*(न०)* १. दाग। धब्बा। दागो। २. कलंक। लांछन।

धमक-*(ना०)* १. पाँवों की आहट। २. भारी वस्तु के गिरने की आवाज। ३. तोप बंदूक की आवाज। ४. वेग। जोश।

धमकणो-*(क्रि०)* १. अचानक आ जाना। वेग से आ पहुँचना। २. धम धम शब्द होना। ३. ढोल आदि का बजना।

धमकाणो-दे० धमकावणो।

धमको-दे० धमाको।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

घमकावणो–(क्रि०)१. घमकाना। डराना। २. डाँटना। ३. उपालंभ देना।

घमकी–(ना०)घुड़की। धमकाने की क्रिया। डाँट। फटकार।

घमगजर–दे० घमजगर।

घमगज्र–दे० घमजगर।

घमचक–(न०) १. ऊधम। शरारत। २. उपद्रव। ३. युद्ध। लड़ाई।

घमचाळ–(ना०) १. युद्ध। २. लड़ाई। घमचाळ।

घमजगर–(न०)१.युद्ध। लड़ाई। २. शोर-गुल। ३. उपद्रव। ४. ऊपरा-ऊपरी तोपों के छूटने का शब्द। (वि०) धुएँ से भरा। धुआँधार।

घमजर–दे० घमजगर।

घमण–(ना०) १. लुहार की धारण (भट्टी) को फूंकने का बकरी के चमड़े का बना एक उपकरण धमनी। धौंकनी। भाथी। २. अग्नि। ३. ज्वाला। ४. जलन।

घमणि–(ना०) नाड़ी। नब्ज। नाड़।

धमणी–(ना०) आग में फूंक मारने की नली। भूंगळी।

धमणो–(क्रि०) १. धौंकनी चलाना। धमना। धौंकना। २. आग को फूंकना। ३. मारना। पीटना। ठोकणो।

धमधमो–दे० दमदमो।

धमन–दे० धमण सं० २, ३, ४.

घमरोळ–(ना०) १. अधिकता। बहुतायत। २. ऊधम। उपद्रव। ३. मारा-मारी। ४. संहार। नाश। ५. खेल-कूद।

घमरोळणो–(क्रि०) १. हिलाना। २. प्रहार करना। ३. नाश करना। ४. मारना पीटना।

घमळ–दे० धवळ।

धमस–(ना०) १. धम-धम की ध्वनि। २. पदाघात। ३. मेले या उत्सव की भीड़-भाड़। ४. बहुत भीड़। भारी भीड़। ५. ऊधम। शोरगुल।

घमंको–(न०) १. किसी वस्तु के गिरने का शब्द। धमाका। २. भाले के प्रहार का शब्द।

धमंगळ–दे० दमंगळ।

धमाको–(न०) १. एक प्रकार की छोटी बंदूक। २. बंदूक तोप आदि के दगने का शब्द। ३. किसी भारी वस्तु के गिरने की आवाज।

धमागळ–(न०) १. युद्ध। २. उपद्रव।

धमाधम–(न०) १. 'धम-धम' शब्द। २. ढोल आदि बजने का शब्द। ३. ऊधम। उत्पात।

धमाळ–(ना०)१.होली पर गाई जाने वाली एक राग। धमार। २. डिंगल का एक छंद। ३. उत्पात। शैतानी। ४. उछल-कूद।

धमासो–(न०) एक घास।

धमीड़–(न०) किसी भारी वस्तु के गिरने का शब्द। २. मार। पिटाई। ३. प्रहार।

धमीड़णो–(क्रि०) १. किसी भारी वस्तु को गिराना। २. मारना। पीटना। ३. प्रहार करना।

धमीड़ा लेणो–(मुहा०)१. छाती कूटना। २. दुखी होना। ३. पछतावा करना।

धमीड़ो–(न०) १. धमाका। दे० धमीड़।

धमेड़ो–दे० धमीड़ो।

धमोड़णो–दे० धमीड़णो।

धमोड़ो–(न०) १. भाले के प्रहार का शब्द। २. धमाका। धमीड़ो।

धमोळी–(ना०) १. सावन-भादों की तीज तिथियों के अवसर पर स्त्रियों के द्वारा किये जाने वाले उपवास के निमित्त दूज की पिछली रात को स्नान-पूजा करके भोजन करने की प्रथा। २. धमोळी का विशिष्ट भोजन। ३ धमोळी के लिये संबंधियों द्वारा भेजी जाने वाली मिष्ठान

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

की सौगात । ४ स्त्रियों द्वारा धमोळी भोजन करने की क्रिया ।

धर-(ना०) १. पृथ्वी । धरा । २ संसार । ३. पर्वत । (वि०) १. धारण करने वाला । २. रक्षक । (प्रत्य०) 'धारक' अर्थ को व्यक्त करने वाला एक प्रत्यय । समासान्त शब्द । यथा—गजधर । धरणीधर आदि ।

धर-करवत-(न०) ऊंट ।

धरकार-(न०) धिक्कार ।

धरकोट-(न०) १. जमीन पर बना हुआ कोट या किला । २. लकड़ी, कंटक, वृक्ष आदि से बनाया हुआ बाड़ा । अहाता ।

धरण-(ना०) १. धरणि । पृथ्वी । २. नाभि । टुंडी । ३. नाभि की नस ।

धरणवै-(न०) धरणीपति ।

धरणियो-(वि०) धरने वाला । रखने वाला । धारण करने वाला ।

धरणी-(ना०)१.धरती । जमीन । २.संसार । भूमण्डल ।

धरणीधर-(न०) १. शेषनाग । २. पर्वत । ३. विष्णु । ४. कच्छप । ५. मारवाड़ की सीमा पर उत्तर गुजरात के ढेमा गाँव में आया हुआ एक प्रसिद्ध प्राचीन तीर्थ-स्थान । (इसका प्राचीन नाम बाराहपुरी भी कहा जाता है । पैदल द्वारिका की यात्रा करने वाले उत्तर भारत के यात्रियों को धरणीधर की यात्रा भी करना जरूरी समझा जाता था) ।

धरणो-(क्रि०) १. रखना । २. पकड़ना । ३. संग्रह करना । ४. छोड़ना । ५. निश्चय करना । मन में विचार करना । ६. स्थिर करना । (न०) १. किसी के द्वारा माँग पूरी न होने पर उसके यहाँ कर बैठना । तागो । २. अनशन ।

धरती-(ना०) १. धरणी । जमीन । २. संसार । ३. राज्य । ४. देश ।

धरत्री-(ना०) धरित्री । पृथ्वी ।

धरथंभ-(न०) १. वीर । २. राजा ।

धरदीवो-(न०) देश का दीपक । सुकृतिजन ।

धरधी-(ना०) सीता । जानकी । धरसुता ।

धरधूधळ-(न०) रेगिस्तान । थळ ।

धरनी-दे० धरणी ।

धरपत-(न०) १. संतोष । तृप्ति । २. आरम्भ । शुरू । ३. धरापति । राजा ।

धरपति-(न०) राजा । धरापति ।

धरपाड़-(वि०) १. दूसरे की जमीन को खोसने वाला । दूसरों की भूमि या राज्य को छीनने वाला । २. दूसरों की धरती में लूट-खसोट करने वाला । आततायी ।

धरपुड़-(न०) पृथ्वीतल ।

धरबण-(न०) १. मिट्टी की छत । छत । डागळो । २. ढेर । ३. पिटाई ।

धरबणो-(क्रि०) १. धरबण बनाना । २. ठोंकना । पीटना । ३. पटकना । ४. ढेर लगाना ।

धरम-दे० धर्म ।

धरम-करम-दे० धर्म-कर्म ।

धरमकाम-दे० धर्म काम ।

धरम करणो-(मुहा०) १. पुण्य का काम करना । २. दान देना ।

धरमखाते-(अव्य०) पुण्यार्थ ।

धर मजलाँ धर कूचाँ-(अव्य०) राजस्थानी कहानियों में यात्रा (प्रायः सामूहिक कूच) के प्रसंग में बातपोश के द्वारा कहा जाने वाला एक संपुट (कथन) । पड़ाव-दर-पड़ाव ।

धरमजुध-(न०) कपट रहित और नियम-पूर्वक किया जाने वाला युद्ध । वह युद्ध जिसमें किसी प्रकार के नियम का उल्लंघन नहीं हो । धर्मयुद्ध ।

धरमदुआर-दे० धर्म द्वार ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

धरमधक्को–*(न०)* १. धर्म की सौगंद का विश्वास दिला कर नट जाना। झांसा। जुल। धोखा। धर्मधक्का। २. अपना बचाव करने के लिये कही गई झूठी बात ३. मिस। बहाना। ४. व्यर्थ का फेरा। धर्मधक्का। ५. धर्म के कारण होने वाला कष्ट।

धरमधज–*(न०)* १. धर्मध्वज। पाखंडी। २. धर्माचार्य।

धरमधरा–*(ना०)* भारतवर्ष। धर्मधरा।

धरमधुज–दे० धरमधज।

धरमधुंरधर–*(वि०)* १. धर्म की धुरा को धारण करने वाला। २. सबसे बड़ा धर्मज्ञ।

धरमपुरो–*(न०)* वह स्थान जहां गरीबों को खाना दिया जाता है।

धरमबहन–*(ना०)* वह स्त्री जिसके हाथ में धर्म की साक्षी से धर्म सूत्र बांध कर बहिन का संबंध स्थापित किया गया हो।

धरमभाई–*(न०)* वह व्यक्ति जिसके हाथ में धर्म की साक्षी से धर्म सूत्र बांध कर भाई का संबंध स्थापित किया गया हो।

धरमभिष्ट–दे० धर्मभ्रष्ट।

धरमराज–दे० धर्मराज।

धरमलाभ–*(अव्य०)* वंदना करने पर जैन-साधु द्वारा दिया जाने वाला (धर्म का लाभ हो इस अर्थ को सूचित करने वाला) आशीर्वाद।

धरम सरूपी–*(अव्य०)* १. धर्म से। २. धर्म के अनुसार। ३.धर्म की सौगध से। धर्मस्वरूप मानकर।

धरमसाला–*(ना०)* यात्रियों के ठहरने के लिये धर्मार्थ बनवाया हुआ मकान। धर्मशाला। सराय।

धरमंडण–*(न०)* १. वर्षा। २. बादल। ३. इन्द्र। ४. राजा।

धरमातमा–*(वि०)* धर्मनिष्ठ। धर्मात्मा।

धरमादा खातो–*(न०)* कारोबार में पुण्यार्थ निकाली जाने वाली रकमों का खाता।

धरमादेखाते–*(अव्य०)* पुण्यार्थ।

धरमादो–*(न०)* धर्मार्थ निकाला हुआ धन। दान।

धरमाधरमी–*(अव्य०)* १. धर्म की सौगंद से। २. धर्म-अधर्म का विचार करके।

धरमारथ–*(न०)* १. धर्म और अर्थ। २. धर्म और परोपकार का काम। धर्मार्थ। *(अव्य०)* धर्म और परोपकार के लिये।

धरमार्थ–दे० धरमारथ।

धरमी–*(वि०)* १. धर्मात्मा। धर्मी। धर्मिष्ठ। २. अमुक धर्म या गुण वाला। ३. धर्म करने वाला। ४. धर्म का अनुयायी। ५. कर्त्तव्य पालक। *(न०)* धार्मिक व्यक्ति।

धरमूळ–*(अव्य०)* आदि से। प्रारंभ से। *(न०)* प्रारंभ। शुरू। जड़मूल।

धरमेला–*(न०)* भाई-भाई, बाप बेटी या बहन भाई का वह संबंध जो (रक्त-वंश का न होकर) धर्म की साक्षी द्वारा स्थापित किया गया हो। धर्म संबध।

धरवजर–*(न०)* इंद्र। वज्रधर।

धरवै–*(न०)* धरापति। पृथ्वीपति। राजा।

धरसण–*(वि०)* व्यभिचारिणी। कुलटा।

धरसंडो–*(न०)* १. बिना जुती हुई बैल-गाड़ी के आगे के भाग को जमीन से ऊंचा रखने के लिये उस (आगे के भाग) में नीचे की ओर लगा हुआ डंडा। २. बैलगाड़ी के आगे का लंबा लकड़ा। चोंच। ऊंटड़ो।

धर-सधर–*(न०)* पर्वत।

धरसुता–*(ना०)* सीता। जानकी।

धरसूंडो–दे० धरसंडो।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

धरहरणो-(क्रि०) १. धड़ धड़ शब्द होना। धड़धड़ाना। २. जोर की वर्षा होना। ३. गर्जन होना। गरजना।

धरहूंडो-दे० धरसंडो।

धरा-(ना०) १. पृथ्वी। २. देश। ३. राज्य। ४. संसार।

धराऊ-(न०) उत्तर दिशा।

धराणो-(क्रि०) १. रखवाना। २. थमाना। (न०) १. लेनदार का तकाजा या सख्ती। तलब। २. कर्ज। ऋण। देनदारी।

धरातळ-(न०) पृथ्वीतल। सपाटी।

धराधर-(न०) १. शेषनाग। २. पर्वत। ३. कच्छप। ४. विष्णु।

धराधव-(न०) राजा।

धराधिनाथ-(न०) राजा।

धराधिप-(न०) राजा।

धराधीश-(न०) राजा।

धरापूर-(वि०) शुरू से आखिर तक। संपूर्ण। पूरा।

धराभुज-(न०) पृथ्वी को भोगने वाला। राजा।

धराळ-(न०) जुए की ओर बैलगाड़ी में अधिक भार के कारण होने वाला झुकाव। बैलगाड़ी में आगे की ओर होने वाला झुकाव। 'उलाळ' का उलटा। २. पृथ्वी-तल। ३. प्राणी। जीवधारी।

धराव-(न०) १. गाय, भैंस आदि पशु। २. पशुधन।

धरावणो-(क्रि०) दे० धराणो।

धराविधूंसण-(ना०) तलवार। (वि०) १. संसार का नाश करने वाला। २. देश द्रोही। ३. लुटेरा।

धरावै-(न०) धरापति। राजा।

धराशायी-(वि०) १. धरती पर सोया या गिरा हुआ। २. युद्ध में मारा गया।

धरू-(न०) ध्रुव।

धरूंडो-दे० धरसूंडो।

धरेस-(न०) राजा। धरेश।

धरो-(न०) १. पेट भर खाने का भाव। अघाव। तृप्ति। २. संतोष। सब्र।

धरोड़-(ना०) धरोहर। थाती।

धर्ता-(वि०) धारण करने वाला।

धर्म-(न०) १. वेद विहित कर्म। २. लौकिक, सामाजिक और धार्मिक कर्त्तव्य। ३. गुण, लक्षण, कर्त्तव्य, नीति, सदाचार और जन्म मरण एवं ईश्वरादि गूढ़ तत्वों की विचारधाराओं का परम्परागत संप्रदाय। ४. दान-पुण्य। ५. कर्त्तव्य। ६. पंथ। मत। मजहब। ७. नीति। ८. ऋषियों अथवा शास्त्र ग्रंथों द्वारा प्रतिपादित ईश्वर, जीव, जीवन, लोक-परलोक इत्यादि से संबद्ध दर्शन एवं आचार-संहिता।

धर्मकथा-(ना०) धर्म का बोध कराने वाली कथा। धार्मिक कथा।

धर्म-कर्म-(न०) १. वह कर्म जिसका करना धर्मग्रंथों में आवश्यक कहा गया हो। २. शास्त्रों द्वारा प्रतिपादित कर्म विधान। ३. धर्म और कर्म। ४. धार्मिक कृत्य। ५. धर्मपूर्वक की गई प्रतिज्ञा। ६. धर्मयुक्त काम।

धर्म काम-(न०) पुण्य काम। भलाई का काम।

धर्म चर्चा-(ना०) धर्म संबंधी बातचीत। धार्मिक चर्चा।

धर्मद्वार-(न०) १. स्वर्ग। धर्मद्वार। २. सत्संग। ३. शरण। आश्रय।

धर्मध्वज-दे० धरमधुज।

धर्मपत्नी-(ना०) शास्त्रविधि से बनी हुई पत्नी। विवाहित पत्नी।

धर्म पिता-(न०) पालक पिता।

धर्मपुत्र-(न०) १. युधिष्ठिर। २. गोद लिया हुआ लड़का।

धर्म भाई-(न०) धर्म की साक्षी से माना हुआ भाई।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

धर्मभ्रष्ट–*(वि०)* धर्म से पतित ।

धर्मयुद्ध–दे० धरमजुध ।

धर्मराज–*(न०)* १. यमराज । २. युधिष्ठिर। ३.वह राज्य जिसमें सर्वत्र धर्म का पालन होता हो । ४. प्रामाणिक राज्य । धर्मराज्य ।

धर्मलाभ–*(न०)* श्रावक के वंदना करने पर जैन साधु की ओर से दिया जाने वाला आशीर्वाद ।

धर्मवीर–*(न०)* धर्म के लिये प्राण न्यो-छावर करने वाला वीर पुरुष । शहीद ।

धर्मशाला–दे० धरमसाळा ।

धर्मशास्त्र–*(न०)* १. धर्म का ज्ञान कराने वाला शास्त्र । २. धर्म विशेष के प्रमाण-ग्रंथ । ३. वह ग्रंथ जिसमें समाज के शासन के लिये नीति तथा सदाचार संबंधी नियम लिखे हुये हों। ४. किसी धर्म विशेष की निजी विधि । ५. धर्म या संप्रदाय के सिद्धान्तों, क्रिया-काण्डों इत्यादि के ग्रंथ । ६.वेद, पुराण इत्यादि।

धर्मसंकट–*(न०)* वह कठिन प्रसंग जिसमें धर्म अधर्म की सूझ न पड़े । २. ऐसी स्थिति जिसमें दोनों पक्ष संकट का अनुभव करें ।

धर्माचार्य–*(न०)* १. धर्मगुरु । २. संप्रदाय का आचार्य ।

धर्मात्मा–*(वि०)* धर्मनिष्ठ । धर्मानुसार आचरण करने वाला । २. पुण्यवान ।

धर्मादो–*(न०)* दान । धरमादो ।

धर्मानुकूल–*(वि०)* धर्म सम्मत ।

धर्मार्थ–दे० धरमारथ ।

धर्मिष्ठ–*(वि०)* धर्मानुसार आचरण करने वाला ।

धर्मी–*(वि०)* धर्मिष्ठ । विशिष्ट गुण-धर्म से युक्त ।

धर्यां–*(अव्य०)* धरने से । रखने से । रखने पर ।

धव–*(न०)*१. पति । स्वामी । २. धव वृक्ष । धावड़ो ।

धवड़ाणो–दे० धवड़ावणो ।

धवड़ावणो–*(क्रि०)* स्तनपान कराना ।

धवड़ी–*(ना०)* १. पत्नी । २. वीरांगना ।

धवराड़णो–दे० धवाड़णो ।

धवळ–*(न०)* १. बैल । २. हंस । ३. घर । महल । ४.एक डिंगल छंद । ५. स्वागत । सम्मान । ६.मंगलगीत । ७.एक रागिनी । *(वि०)* १. धवल । श्वेत । धोळो । २. उज्वल । ऊजळो । । ३.सुन्दर । ४.वीर ।

धवळगिर–*(वि०)* १. हिमालय पर्वत । २. कैलाश पर्वत । ३. मारवाड़ में जसवंतपुरा के पहाड़ का एक नाम । सूंधो भाखर ।

धवळ मंगळ–*(न०)* १. मांगलिक अवसरों से संबंधित गीत । मांगलिक गीत । २. उत्सव । समारोह । ३. देवालयों में की जाने वाली प्रातःकाल की आरती । मंगल आरतो । ४. मंगल आरती के समय गाये जाने वाले पद या भजन ।

धवळहर–*(न०)* १. मकान । महल । प्रासाद । धवलगृह । २. ऊंचा और श्वेत महल । धौळहर ।

धवळंग–*(न०)* १. हस । २.भवन । महल । प्रासाद ।

धवळा–*(ना०)* १. पार्वती । २. देवी । महामाया । शक्ति । ३. गाय । ४. श्वेत गाय । धोळी ।

धवळागिर–दे० धवळगिर ।

धवळो–*(न०)* बैल । बळद । *(वि०)* धौला । सफेद । धोळो ।

धवा–*(ना०)* देवी । शक्ति ।

धवाड़णो–*(क्रि०)* स्तनपान कराना ।

धवाणो–दे० धवाड़णो ।

धवावणो–दे० धवाड़णो ।

धसकणो–*(क्रि०)* १. धँसना । २ दहलना ।

धसणो–*(क्रि०)* १. भीड़ में घुसना । बलात्

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

घुसना । २. पैठना । प्रवेश करना । ३. गड़ना । धँसना । भीतर घुसना ।

धसमसणो–*(क्रि०)* १. ऊँचा-नीचा होना । २. डोलना ।

धसळ–*(ना०)* १. युद्ध । २. सेना के चलने की आहट । ३. आक्रमण । ४. रोब । धाक । आतंक । ५. मस्ती । ६. डांट । धमकी । ७. फूहड़पना । भद्दापना । ८. धक्का ।

धसळक–*(वि०)* १. फूहड़पन । बेशऊरी । २. फूहड़ । बेढंगी (चाल) । ३. धीमी । (चाल । गति) ४. फिसलने की क्रिया । ५. आक्रमण ।

धसारो–*(न०)* १. भीड़भाड़ । २. धक्का । हमला । भीड़ का धक्का । ३. हल्ला । शोर । ४. अधिकता ।

धंक–*(न०)* १. क्रोध । २. पराक्रम । ३. इच्छा । ४. निश्चय । ५. धक्का । टक्कर । ६. भय । डर ।

धंख–*(न०)*१. ईर्ष्या । २. द्वेष । ३. शत्रुता । ४. क्रोध ।

धंतरजी–*(न०)*१. बहुत बड़ा विद्वान पुरुष । २. जबरदस्त व्यक्ति । (व्यंग्य में) ३. धन्वन्तरि ।

धंध–*(न०)* १. द्वन्द्व । उपद्रव । २ बिगाड़ । नाश । ३. धुंधलापन । ४. अंधकार । ५. कुहरा ।

धंधारथी–*(वि०)* धंधे में लगा रहने वाला । धंधे वाला ।

धंधारथू–दे० धंधारथी ।

धंधाळो–*(वि०)* धंधे वाला ।

धंधूणणो–*(क्रि०)* हिलाना । डुलाना । कँपाना । हिलाणो । धंधोळणो ।

धंधो–*(न०)* १ उद्यम । रोजगार । धंधा । काम । २. व्यापार । ३. प्रपंच ।

धंधो-रोजगार–*(न०)* १. धंधा और रोजगार । २. कामकाज ।

धंधोळणो–दे० धंधूणणो ।

धंस–*(न०)* १. नाश । ध्वंस । २ युद्ध । ३. सेना ।

धंसणो–*(क्रि०)*१. ध्वंस होना । नष्ट होना । २. ध्वंस करना । नाश करना । ३. गड़ना । भीतर घुसना । चुभना । ४. प्रवेश करना । पैठना ।

धंसथळ–*(न०)*१. ध्वंस स्थल । खंडहर । २. युद्धभूमि । ३. छावनी ।

धँसाणो–*(क्रि०)* १. ध्वंस करना । नष्ट करना । २. प्रवेश करना । पैठाना । ३. गड़ाना । चुभाना ।

धँसावणो–दे० धँसाणो ।

धा–*(ना०)* १. माता । जननी । २. बच्चे को दूध पिलाने और उसकी देख-रेख करने वाली स्त्री । धाय । धात्री । ३.सरस्वती । ४. पार्वती । ५. पृथ्वी । *(अव्य०)* ओर । तरफ । *(प्रत्य०)* प्रकार । तरह ।

धाउकार–*(न०)* १. मरण । मृत्यु । २. मृत्यु-रुदन । ३. मृत्युसंदेश । पटको । ४. ध्वंस । नाश ।

धाउकार पड़ियो–*(मुहा०)* 'मृत्यु हो जाय' या 'मृत्यु होगई' इस आशय की अशुभ वाणी या गाली ।

धाक–*(ना०)* १. डर । भय । २. अंकुश । ३. आतंक । रोब । ४. प्रभाव ।

धाकल–दे० दाकल ।

धाकलणो–*(क्रि०)* १. डराना । धमकाना । डाँटना । २. धाकल करके ऊंट, बैल आदि को चलाना । हाँकना ।

धाका-धीको–*(न०)* ज्यों-त्यों करके किया जाने वाला गुजारा ।

धाको–*(न०)*१. धाक । डर । २. आक्रमण । ३. गुजारा । निर्वाह ।

धागड़ियो–*(न०)* १. लुटेरा । २. ठग । धूर्त । दे० दागड़ियो सं० १

धागड़ो–*(न०)* १. समूह । झुंड । २. लूटेरों का समूह ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

धागो-(न०) १. जनेऊ। यज्ञोपवीत। २. डोरा। **डोरो**। तागा। तंतु। ३. क्रम। सिलसिला।

धाट-(न०) मारवाड़ के मालानी प्रदेश का एक पश्चिमी भाग जो अब पश्चिमी पाकिस्तान के सिंध प्रान्त का एक भाग बना हुआ है। राजस्थान के बाड़मेर जिले की पश्चिमी सीमा पार का थर-पारकर जिला, जो पाकिस्तान में सामिल कर लिया गया है। थर-पारकर। **सोढाण। ढाट।**

धाटी-(वि०) धाट (थर-पारकर) प्रदेश का निवासी। धाट देशवासी। २. धाट संबंधी। धाट देश का। **ढाटी।**

धाटेची-(वि०) १. धाट देश का रहने वाला। २. धाट देश संबंधी। धाट देश का। **धाटी। ढाटी।**

धाटो-(न०) सिर पर शस्त्र की चोट से बचने के लिये बाँधने का मोटा साफा। दे० ढाटो। २. साफा। **फेंटो।**

धाड़-(ना०) १. पुकार। २. रुदन। ३. लूटखसोट। डाका। ४. विपत्ति। संकट। ५. भय। डर। ६. लुटेरों का समूह। ७. डकैत।

धाड़पाड़-दे० धाड़फाड़।

धाड़पाड़ू-(न०) लुटेरा। डाकू। **धाड़ेती।**

धाड़फाड़-(वि०) १. निडर। २. साहसी। ३. धाड़ पाड़ुओं को भगाने अथवा मारने वाला।

धाड़वी-(न०) लुटेरा। डाकू। **धाड़ायत। धाड़ेती।**

धाड़ायत-(न०) लुटेरा। **धाड़ेती।**

धाड़ायती-दे० धाड़ायत।

धाड़ी-दे० धाड़ेती।

धाड़ेती-(न०) १. लुटेरा। २. चोर बाजारी करने वाला। **धाड़ायती।**

धाड़ो-(न०) १ लूट। डाका। २. आक्रमण। हमला। ३. बेची जाने वाली वस्तु का गाहक को तोल में कम देना। बाजार भाव से अधिक मूल्य लेना अथवा अच्छी वस्तु की बजाय खराब वस्तु देना। ठगी। ठगाई। लुटेरापन। २. चोर बाजारी। लूट।

धाणको-(न०) १. धाणका जाति का व्यक्ति। २. एक जंगली जाति का व्यक्ति। ३. महतर। ४. एक गाली।

धाणंख-दे० धानंख।

धाणा-(न०) धनिया। धाना।

धाणी-(ना०) भूंजा हुआ गेंहू आदि धान्य। खील। लाजा। **फूली।**

धाणी करणी-(मुहा०) १. भूनना। २. नाश करना।

धाणो-दे० घावणो।

धात-(ना०) १. वीर्य। धातु। दे० धातु सं० (२, ३) २. पीटने से टुकड़े नहीं हो जाने वाले सोना, चाँदी आदि खनिज पदार्थ। दे० धातु।

धाता-(न०) विधाता। ब्रह्मा। सृजनहार।

धातु-(ना०) १. क्रिया का मूल रूप (व्याकरण)। २. विभिन्न प्रकार के वे खनिज द्रव्य जो अपारदर्शक होते हैं, शोधन करने पर जिनमें चमक प्रकट होती है और जिनको ताप देकर और पीटकर गहने, बरतन और शस्त्र आदि बनाये जाते हैं। (सोना, चाँदी, ताँबा, लोहा, राँगा, शीशा और जस्ता— ये सात मुख्य धातुएँ हैं) खनिज द्रव्य। ३. शरीर को बनाये रखने वाले रस, रक्त, मांस, मेद, मज्जा, अस्थि और शुक्र-ये सात द्रव्य अथवा इनमें से प्रत्येक। ४. शुक्र। वीर्य।

धाधड़ो-(न०) एक प्रकार की खड़िया। खड्डी। **धड़धड़ो।** २. कलह। झगड़ा।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

धा-धा-*(अनु०)* १. ढोल नगाड़े आदि की ध्वनि। २. मार-पीट।

धान-*(न०)* धान्य। अनाज।

धानंक-*(न०)* धनुष।

धानंकधारी-*(न०)* धनुधधारी।

धानंकी-*(न०)* धनुषधारी।

धानंख-*(न०)* धनुष।

धानंखी-*दे०* धानंकी।

धानंखी फूल-*(न०)* कामदेव।

धानंतर-*दे०* धनंतर।

धाप-*(ना०)* तृप्ति। संतोष।

धापड़-*दे०* दाफड़।

धापणो-*(क्रि०)* १. भोजन से पेट भर जाना। अघाना। २. मन भर जाना। तृप्त होना।

धापतो-*(वि०)* १. सुखी। २. सम्पन्न। ३. तृप्त। ४. अभिमानी।

धापमी-*(वि०)* १. जितने से पेट भर जाय। जितना खाया जा सके। २. जितने से संतोष हो जाय। ३. चाहिये जितना। ४. जितना किया जा सके।

धापियोड़ो-*(वि०)* १. अघाया हुआ। धापा हुआ। २. संपन्न।

धापो-*(न०)* १. तृप्ति। तुष्टि। २. रिश्वत। घूस।

धाबळियाळ-*(ना०)* करनी देवी।

धाबळियो-*(ना०)* १. स्त्रियों का ऊनी ओढ़ना। २. ऊनी घाघरा।

धाबळो-*(न०)* १. ऊनी ओढ़ना व घाघरा। २. मोटे वस्त्र का घाघरा। ३. कंबल। (ना० धाबळी)।

धा-भाई-*(न०)* दूध भाई।

धाम-*(न०)* १. तीर्थ स्थान। २. देवालय। देवमंदिर। ३. चारों दिशाओं में स्थापित हिन्दू धर्म के चार बड़े तीर्थ-स्थान। यथा—१. उत्तर में बदरी-केदार। २. पूर्व में जगदीश। ३. दक्षिण में रामेश्वर और ४. पश्चिम में द्वारिका।

धामण-*(न०)* १. एक प्रकार की घास। २. एक जाति का सर्प। ३. एक वृक्ष।

धामधूम-*(न०)* १. उत्सव। समारोह। २. आनंद-उत्सव की तैयारी। ३. उमंग। उत्साह। ४. शोरगुल। हो हल्ला।

धामा-*दे०* धामो सं० २. ३.

धामाजागर-*दे०* धमजगर।

धामीणी-*(ना०)* १. गाय। २. कन्या दान के समय कन्या को दान में दी हुई गाय। ३. प्रथम गौना के समय दहेज के साथ दी जाने वाली गाय।

धामो-*(न०)* १. एक पात्र। २. किसी के मन के उपरान्त उसके यहाँ टिके रहना। ३. लंबे समय तक पड़ाव डाले रहना।

धाय-*(ना०)* १. माता। २. बच्चे को दूध पिलाने व उसकी देख भाल करने वाली स्त्री। ३. दफा। मरतबा। बार। *(वि०)* समान। बराबर। *(अव्य०)* दे० धाये।

धाये-*(अव्य०)* ओर। दिशा। तरफ।

धायो-*(वि०)* तृप्त।

धायोड़ो-*(वि०)* १. स्तनपान किया हुआ। २. तृप्त। ३. मस्त।

धार-*(ना०)* १. तलवार आदि शस्त्र का तीक्ष्ण किनारा। २. किसी तरल पदार्थ के बहने या गिरने का क्रम। ३. पानी की धारा। प्रवाह। ४. बाढ़। ५. किनारा। छोर। ६. रेखा। ७. युद्ध। ८. तलवार। ९. प्रकार। भाँति।

धारण-*(ना०)* १. तक (तराजू) के पलड़े में समा सके या तोला जा सके उतना नाज, गुड़, खांड़, आदि पदार्थ। २. पलड़े में नाज आदि भर कर तोलने की क्रिया। ३. किसी वस्तु की राशि को अमुक परिमाण (पंसेरी, दसेरी आदि

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कोई बटखरा) में अनेक बार तोले जाने का क्रम। ४. तराजू का पलड़ा। ५. धारण करने की क्रिया। पकड़। ग्रहण। ६. किसी वस्तु की राशि को तोलने की अनेक इकाइयों में से तकड़ी में एक बार तोलने का क्रम।

धारणा-(ना०) १. कल्पना। अनुमान। २. मनसूबा। ३. निश्चय। ४. स्मरण-शक्ति। ५. स्मृति। ६. मन की एकाग्र वृत्ति। ७. निश्चित विचार। ८. विचार। ९. स्थिति।

धारणो-(क्रि०) १. मानना। समझना। २. धारण करना। ३. इच्छा करना। ४. निश्चय करना। ५. कल्पना करना। ६. अनुमान करना। ७. रखना। स्थिर करना। ठहरना। ८. सौंपना।

धारा-(ना०) १. युद्ध। २. तलवार। ३. खड्गधार। ४. सेना। ५. प्रवाह। धारा। ६. वर्षा। ७. दफा। धारा। नियम।

धारा करवत-(न०) काशी में करौत लेने का कठिन व्रत।

धाराकरोत-दे० धारा करवत।

धारागळ-(वि०) बहुत बड़ा (मकान)।

धारा तीरथ-दे० धारातीर्थ।

धारातीर्थ-(न०) १. युद्ध। संग्राम। २. युद्धभूमि। ३. देश और धर्म के लिये बलिदान होने को पुण्यभूमि। ४. युद्ध-मृत्यु। वीर-मृत्यु। वीरगति।

धाराधर-(न०) बादल। मेघ।

धाराधाम-(न०) १. युद्ध में प्राप्त वीर गति। २. धारा तीर्थ।

धाराधिनाथ-(न०) १. युद्ध विशेषज्ञ। २. युद्ध विजेता। ३. राजा।

धारामीत-(ना०) द्वारका। द्वारामति।

धाराळ-(न०) १. तलवार। २. कटारी। ३. भाला। (वि०) वीर।

धाराळी-(ना०) १. तलवार। २. कटारी। ३. बरछी।

धाराहर-(न०) १. मेघ। २. वर्षा। ३. तलवार।

धारां-वाह-(न०) १. तलवारों के प्रहार। २. रणभूमि में लगे शस्त्रों के प्रहार।

धारियां-दे० धारयां।

धारियो-(न०) एक शस्त्र।

धारियोड़ो-(वि०) १. विचारा हुआ। २. निश्चय किया हुआ।

धारी-(ना०) १. किनारी। २. रेखा। (प्रत्य०) 'धारण करने वाला' अर्थ में प्रयुक्त होने वाला एक प्रत्यय जो शब्द के अंत में लगता है। जैसे—भेखधारी।

धारीधर-(न०) पर्वत।

धारूजळ-(ना०) तलवार।

धारेचो-(न०) १. विधवा स्त्री का नियम पूर्वक किसी पुरुष को अपना पति मान कर उसके घर में रहने की स्थिति। २. पत्नी की भांति किसी अन्य पुरुष के घर में रहने की क्रिया। ३. पति को छोड़कर अन्य पुरुष के घर में पत्नी रूप से रहना।

धारो-(ना०) १. रिवाज। प्रथा। रीति। २. नियम। धारा।

धारोळो-(न०) १. जोर से वर्षा होने का झपाटा। वर्षा वेग। २. बादलों में से धुंध के रूप में पृथ्वी को स्पर्श करती हुई दिखाई देने वाली वर्षा की धारा-वली। धारावली।

धारयां-(अव्य०) धारण करने से। धारण करने पर।

धाव-(न०) १. विचार। २. निश्चय। ३. आक्रमण। हमला। ४. गति। चाल। दौड़-भाग। ५. पशु-चौपाया।

धावड़-(न०) १. आक्रमण। २. धाहर। पीछा। ३. स्तनपान करने की इच्छा। ४. स्तनपान कराने वाली (पत्नी) का

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पति। धाय का पति। ५. स्तनपान कराने वाली धाय। ६. स्तनपान करने वाला बच्चा। *(वि०)* १. आक्रमण करने वाला। आक्रमणकारी। २. पीछा करने वाला। वाहरू।

धावड़धाय-*(ना०)* १. स्तनपान कराने वाली बड़ी धाय। २. बड़ी धाय।

धावड़ो-*(न०)* धव वृक्ष। *(वि०)* धव वृक्ष का। धव से संबंधित।

धावड़ो-गूंद-*(न०)* धव वृक्ष का गोंद।

धावणियो-*(वि०)*१. स्तनपान करनेवाला। २. भागने वाला। ३. बाहर करने वाला। पीछा करने वाला। *(न०)* १. स्तनपान करने वाला बच्चा। २. दूत। धावक।

धावणो-*(क्रि०)* १. स्तनपान करना। २. दौड़ना। भागना। ३. बहना। ४. ध्यान करना।

धावना-*(ना०)* १. भक्ति। ध्यावना। २. सुमिरण। ध्यान।

धावो-*(न०)* आक्रमण। चढ़ाई। हमला।

धासक-*(ना०)* डर। भय। दहशत।

धास्तो-*(ना०)* डर। दहशत। भय।

धाह-*(ना०)* चिल्ला कर रोना। धाड़।

धाहड़-*(न०)* १. पुकार। कूक। २. रोना। चिल्लाना।

धाहड़ी-*(ना०)* १. चिल्लाकर किया जाने वाला रुदन। क्रंदन। २. शीघ्रता (भागने की)।

धाहवू-*(वि०)* १. धावक। २. पीछा करने वाला।

धाँ-*(ना०)* १. तरह। प्रकार। २. दे० धाँस।

धाँग-*(ना०)* नाज आदि से भरे थैलों का करीने से लगाया हुआ ढेर। राशि। करीने से रखी हुई भरे हुए थैलों की राशि।

धाँगड़-*(वि०)* जंगली। अनार्य।

धाँगड़ी-*(ना०)* १. बैलगाड़ी का एक उपकरण। २. किवाड़ की मजबूती के लिए उसके पीछे लगा रहने वाला डंडा।

धांधळ-*(ना०)* १. हड़बड़ी। व्यग्रता। २. अंधेर। मनमानी। ४. रौला। बलवा। फसाद। ५. उत्पात। उपद्रव। ६. जबरदस्ती अपनी गलत बातें आगे रखना। ७. राठौड़ों की एक शाखा।

धाँधळी-दे० धांधळ सं १ से ६

धांधस्त-*(न०)* ध्वंस।

धांस-*(ना०)* १. आभूषणों में लगी रहने वाली कील। २. कील। मेख। ३. खाँसी। धाँसी। ४. ध्वंश।

धाँसणो-*(क्रि०)* खाँसना।

धाँसी-*(ना०)* सूखी खाँसी।

धाँसो-*(न०)* भाला।

धाँह-दे० धाँस।

धिक-*(अव्य०)* धिक्कार सूचक उद्‌गार। धिग।

धिकणो-दे० धकणो।

नियारो–(न०) सुनार, जड़िया या जौहरी की दुकान का कचरा या झाड़न। नियार। न्यारो। बरको। (क्रि०वि०) न्यारा। अलग।

नियोग–(न०) १. किसी स्त्री के पति द्वारा संतान न होने पर देवर या किसी उच्च कुल के वीर या विद्वान के साथ केवल संतान प्राप्ति के लिये किया जाने वाला शास्त्रोक्त विधि के अनुसार संबंध। २. आज्ञा। आदेश। ३. प्रयोग। उपयोग।

निर–(अव्य०) 'रहित', 'बिना', 'बाहर' अर्थ बताने वाला एक उपसर्ग।

निरकार–(वि०) १. बिना काम का। २. बेकाम। व्यर्थ। दे० निराकार।

निरकुळ–(वि०) कुल रहित। अकुलीन।

निरख–(न०) भाव। दर। मूल्य। मोल।

निरखणो–(क्रि०) १. देखना। निरखना। निहारना। २. सूक्ष्मतापूर्वक देखना। निरीक्षण करना।

निरगात–(न०) निराकार। परमात्मा।

निरगुण–दे० निर्गुण।

निरगुणी–(वि०) १. कृतघ्नी। २. गुण रहित। ३. अनाड़ी।

निरजर–दे० निर्जर।

निरजळ–दे० निर्जल।

निरजळा-इग्यारस–(ना०) वह एकादशी या उसका उपवास जिसमें पानी भी नहीं पिया जाता। जेठ मास की सुदी एकादशी।

निरजोर–(वि०) निर्बल।

निरणी–(वि०) भूखी। निरन्ना।

निरणो–(वि०) दिन उगने के बाद से कुछ भी नहीं खाया हुआ। निराहार। निरन्न। भूखा।

निरत–दे० नृत। (वि०) १. लीन। मग्न। आसक्त। २. काम में लगा हुआ।

निरतकर–(न०) नर्तक।

निरतगार–(न०) नर्तक।

निरतणो–(क्रि०) नाचना। नाचणो।

निरति–(ना०) १. सुधि। खबर। पता। २. सम्हाल। ३. एक निष्ठा। ४. एक निष्ठ भक्ति। ५. प्रीति। अनुराग। ६. नैऋत्य कोण।

निरतो–(वि०) १. कम। थोड़ा। २. आवश्यकतानुसार। ३. अनुरक्त। लीन। लगा हुआ। निरत। ४. खाली। ५. व्यर्थ। निरत।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

निरदई–दे० निर्दय।

निरदळण–(न०) नाश। निर्दलन। (वि०) नाश करने वाला।

निरदळणो–(क्रि०) नाश करना।

निरदावो–(न०) १. अभियोग को निरस्त करना। निरस्त अभियोग। २. जिस पर दावा किया गया हो, उस पर अपना किसी भी प्रकार का स्वत्व शेष नहीं रहने का लिखित पत्र। दावा उठाने का दस्तावेज। स्वत्व को छोड़ने का हस्तलेख। ३. नाएतराजी। ४. किसी प्रकार के स्वत्व से मुक्त रहना। हक नहीं लगाने या जमाने का भाव। ५. माया या प्रपंच से अलग रहना।

निरदुंद–(वि०) १. रागद्वेष, मानापमान इत्यादि द्वन्द्वों से रहित। निर्द्वंद्व। २. उपद्रव रहित। ३. जिसका विरोध करने वाला कोई न हो। (न०) शिव। महादेव।

निरदोख–(वि०) १. निर्दोष। बेगुनाह। २. बेऐब। दुर्गुण रहित।

निरदोस–दे० निरदोख।

निरदोसी–दे० निरदोस।

निरधण–(वि०) १. पत्नी रहित। विधुर। २. निर्धन। गरीब।

निरधन–(वि०) गरीब। निर्धन।

निरधनियो–दे० निरधन।

निरधार–(न०)निर्धार। निश्चय। (अव्य०) निश्चय पूर्वक।

निरधारणो–(क्रि०)निर्णय करना। निश्चय करना। तय करना।

निरधुंध–(वि०) १. जो रागद्वेष, मानापमान, हर्ष शोक आदि से रहित हो। निर्द्वंद्व। २. स्वच्छ। निर्मल। ३. अविकारी।

निरनुनासिक–(वि०) जिसका उच्चारण नाक से हो। (व्या०)

निरपख–(वि०) निष्पक्ष।

निरपराध–(वि०)अपराध रहित। निर्दोष। बेकसूर।

निरपराधी–(वि०) अपराध रहित। बेकसूर।

निरफळ–(वि०) निष्फल। व्यर्थ। निफल।

निरबळ–दे० निर्बल।

निरबंध–(वि०) निर्बन्ध। बन्धन रहित। छूटा। आजाद।

निरबीज–(वि०) १. बीज रहित। वीर्यहीन। २. निर्वंश।

निरबुध्धी–(वि०) निर्बुद्धि। मूर्ख।

निरभख–(वि०) भूखा।

निरभय–दे० निर्भय।

निरभर–दे० निर्भर।

निरभागी (वि०) निर्भाग्य। अभागा।

निरभीक–दे० निर्भीक।

निरभेळ–(वि०)बिना मिलावट का। शुद्ध। खालिस।

निरभै–दे० निरभय।

निरमणो–(क्रि०) १. निर्माण करना। बनाना। रचना करना।। २. किसी योनि में जन्म देना। उत्पन्न करना।

निरमळ दे० निर्मल।

निरमळो–(वि०)१. शुद्ध अंतःकरण वाला। साफ दिलवाला। २. सीधा। सज्जन। ३. निर्मल। स्वच्छ। ४. शुद्ध। पवित्र।

निरमाण–दे० निर्माण।

निरमायल–(वि०) १. नामर्द। नपुंसक। २. अशक्त। कमजोर। ३. कायर। डरपोक। ४. निस्सत्व। ५. स्त्री के अधीन रहने वाला स्त्रैण। (न०) शिवार्पण वस्तु। निर्माल्य।

निरमाळ–(न०) १. निर्माल्य। देवार्पित वस्तु। २. शिवार्पण वस्तु। (वि०) १. बेजान। २. निस्सत्व। ३. अशक्त। कमजोर। ४. कायर। डरपोक। ५. स्त्रैण।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

निरमाळियो–दे० निरमायळ ।

निरमळ–दे० निर्मूल ।

निरमोही–दे० निर्मोही ।

निरर्थक–(वि०) १. व्यर्थ । फजूल । २. जिससे कोई कार्य सिद्ध न हो ।

निरलज–दे० निर्लज्ज ।

निरळंग–(वि०) १. अंग रहित । २. अलग्न । ३. निर्लिप्त । ४. अलग । जुदा ।

निरवंस–दे० निर्वंश ।

निरवाण–(न०)चौहान वंश की एक शाखा । दे० निर्वाण ।

निरवाळो–(वि०) १. संतान की शिक्षा, विवाहादि से निवृत्त । २. सांसारिक प्रपंचों से दूर । ३. उत्तरदायित्वों से निवृत्त । निकेवळो ।

निरवाह–दे० निर्वाह ।

निरवाहणो–(क्रि०) १. निर्वाह करना । निर्वाहना । २. परम्परानुसार बरतना । ३. निभाना । पालन करना ।

निरविकार–दे० निर्विकार ।

निरस–(वि०)१.बिना रस का । नीरस । २. स्वाद रहित । ३. सारहीन । ४. रूखा-सूखा । ५. रागहीन । ६. गरीब । दीन ।

निरंकार–(न०) १. निराकार । परमात्मा । २. आकाश ।

निरंकुश–(वि०) अंकुश रहित । कोई अंकुश न माने । स्वेच्छाचारी ।

निरंग–(वि०) १. अंग रहित । २. रंग रहित । ३. बदरंग ।

निरंजण–(न०) १. ब्रह्म । २. शिव । निरंजन । (वि०)१. निष्कलंक । २. निर्मल । ३ तेजोमय । ४. अंजन रहित ।

निरंजणी–(न०) १. मारवाड़ में डीडवाना नगर के पास गाढ़ा गाँव में संत हरिदास जी (हरिपुरुष जी) द्वारा प्रवर्तित एक प्रसिद्ध सम्प्रदाय । २. इस नाम के अनेकों सम्प्रदायों में से एक । ३. निरंजनी सम्प्रदाय का शिष्य । (वि०) १. निरंजनी सम्प्रदाय संबंधी । २. निरंजनी सम्प्रदाय को मानने वाला ।

निरंतर–(क्रि०वि०) १. सदा । लगातार । (वि०) १. अंतर रहित । २. स्थायी ।

निराऊध–(वि०)आयुध रहित । निरायुध । निरस्त्र ।

निराकार–(वि०)बिना आकार का । (न०) १. परमात्मा । ब्रह्म । २. आकाश ।

निराट–(वि०) १. बहुत । प्रचुर । विपुल । २. मात्र । (अव्य०) १. बहुत ही । प्रचुर प्रमाण में । २. बिल्कुल । बिल्कुल ही । ३. सर्वथा । सभी प्रकार । समूंचो ।

निराताळ–दे० निरीताळ ।

निरादर–(न०) आदर रहित । अपमान ।

निराधार–(वि०) १. आधार रहित । अवलंब रहित । २. बेबुनियाद । निर्मूल । ३. निराश्रय । असहाय ।

निरालंब–(वि०)आलंब रहित । निराधार ।

निराळो–(वि०)१. एकान्त । २. विलक्षण । अजीब । ३. अनुपम । ४. अद्वितीय । ५. अलग । जुदा । (न०) एकान्त स्थान ।

निराश–दे० निरास ।

निराशा–दे० निरासा ।

निरास–(वि०) निराश । ना उम्मेद । हताश ।

निरासा–(ना०) निराशा । नाउम्मेदी ।

निरांत–(ना०) १. अवकाश । फुरसत । २. आराम । चैन । सुख । ३. शान्ति । सलामती । ४. तृप्ति । संतोष ।

निरांते–(अव्य०) १. अवकाश से । फुरसत से । फुरसत में । २. बिना उतावली के । दौड़-धूप किये बिना । ३. चैन से । आराम से । सुख से । निरांत सूं ।

निरी–(वि०) बहुत । अधिक । घणी ।

निरीक्षक–(न०) निरीक्षण करने वाला ।

निरीक्षण–(न०) अवलोकन । मुआइना ।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

निरीताळ–*(वि०)* १. अधिक। बहुत। *(ना०)* १. दीर्घकाल। देर। विलम्ब। *(अव्य०)* अधिक समय तक। बहुत देर तक।

निरीह–*(वि०)* १. उदासीन। २. इच्छा रहित।

निरुत्तर–*(वि०)* १. जो कोई जवाब न दे सके। २. जिसके पास कोई उत्तर न हो। ३. जिसकी जबान बंद हो गई हो।

निरुपम–*(वि०)* उपमा रहित।

निरूंखो–दे० निभाड़ो।

निरेणी–*(ना०)* नख काटने का एक औजार। नहरनी।

निरो–*(वि०)* १. अधिक। बहुत। २. निपट। बिलकुल।

निरोग–*(वि०)* रोग रहित। स्वस्थ। नीरोग।

निरोगो–दे० निरोग।

निरोध–*(न०)* अवरोध। रोक।

निरोह–*(न०)* निरोध। अवरोध।

निरोहर–दे० नीरोवर।

निर्गुण–*(न०)* १. सत्व रज और तम इन तीन गुणों से परे। परमात्मा। निर्गुण। *(वि०)* १. जो तीन गुणों से परे हो। २. जिसमें कोई गुण न हो।

निर्जन–*(वि०)* १. निर्जन। जन शून्य। २. एकान्त। ३. सुनसान।

निर्जर–*(न०)* १. देवता। निर्जर। *(वि०)* जो कभी वृद्ध या पुराना न हो।

निर्जल–*(वि०)* निर्जल। बिना पानी का। (प्रदेश)।

निर्जला एकादशी–दे० निरजळा-इग्यारस।

निर्जीव–*(वि०)* १. बिना जीव का। निर्जीव। प्राण रहित। २. निर्बल। ३. निकम्मा।

निर्णय–*(न०)* १. फैसला। २. निश्चय।

निर्णीत–*(वि०)* जिसका निर्णय हो चुका हो।

निर्दय–*(वि०)* १. दया रहित। बेरहम। क्रूर।

निर्दोष–*(वि०)* दोष रहित। निरपराध।

निर्द्वंद–दे० निरदुंद।

निर्द्वंद्व–दे० निरदुंद।

निर्बल–*(व०)* बल रहित। दुर्बल।

निर्बलता–*(ना०)* बलहीनता। कमजोरी।

निर्बीज–*(वि०)* १. जिसमें बीज न हो। बिना बीज वाला। निर्बीज। २ निर्वंश। निःसंतान। ३. नपुंसक। वीर्यहीन।

निर्बुद्धि–*(वि०)* बुद्धि रहित। मूर्ख।

निर्भय–*(वि०)* निडर।

निर्भर–*(वि०)* अवलंबित।

निर्भीक–*(वि०)* निडर। निर्भय।

निर्मळ–*(वि०)* १. निर्मल। मल रहित। स्वच्छ। २. शुद्ध। पवित्र।

निर्माण–*(न०)* १. बनाने का काम। रचना। २. वह वस्तु जो बनकर तैयार हुई हो। ३. रूप। आकार।

निर्मूल–*(वि०)* १. बिना जड़ का। २. निर्वंश। ३. आधार रहित।

निर्मोही–*(वि०)* १ मोह रहित। २. ममता रहित। ३. निष्ठुर।

निर्लज्ज–*(वि०)* १. लाज रहित। बेशर्म। २. अविवेकी।

निर्लेप–*(वि०)* जो राग द्वेष आदि से विरक्त हो। निर्लिप्त।

निर्लोभी–*(वि०)* लोभ रहित। संतोषी।

निर्वंश–*(वि०)* जिसका वंश न चला हो। जिसके वंश में कोई न रहा हो। २. संतान रहित। निस्संतान।

निर्वाण–*(न०)* १. मोक्ष। निर्वाण। २. छुटकारा। ३. शांति। ४. निवृत्ति। ५. मृत्यु। ६. परमात्मा। ७. एक सम्प्रदाय। *(वि०)* १. निष्कलंक। २. शून्य। ३. शांत। ४. निश्चल। ५. अवश्य।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

निर्वाह-(न०)१. किसी परम्परा का चलता रहना । निर्वाह । २. निभाव । गुजारा । पालन । ३. आश्रय । ४. पूरा किया जाना ।

निर्विकार-(वि०) १. विकार रहित । २. उदासीन । (न०) परब्रह्म ।

निर्विघ्न-(वि०) विघ्न रहित ।

निर्वृत्ति-(वि०) त्यागी । विरागी । (न०) १. शांति । आनंद । २. मोक्ष । ३. निष्पत्ति । समाप्ति । अंत । ४. छुटकारा । निवृत्ति ।

निलज-(वि०) निर्लज्ज । बेशरम ।

निलजता-(ना०) निर्लज्जता । बेशर्मी ।

निलजो-दे० निलज ।

निलज्ज-दे० निर्लज्ज ।

निलवट-(ना०) ललाट । लिलवट ।

निलाट-(ना०) ललाट । भाल ।

निलाड़-(ना०) ललाट । भाल ।

निलै-(ना०) ललाट । भाल ।

निवड़-(वि०) १. अधिक । बहुत । २. घनिष्ट । ३ दृढ़ । मजबूत । ४. वीर । (क्रि०वि०) तुरंत । शीघ्र ।

निवड़णो-(क्रि०) १. निवृत्त होना । छुटकारा पाना । करने को शेष न रहना । २. समाप्त होना । बीत जाना । ३. फैसला होना । निर्णीत होना । तै होना । ४. शौच क्रिया से निवृत्त होना । ५. सिद्ध होना । तैयार होना । ६. पूर्ण विकसित होना । प्रौढ़ होना । ७. भला या बुरा सिद्ध होना ।

निवणो-(क्रि०) १. नमना । झुकना । २. झुककर प्रणाम करना । नमस्कार करना ।

निवतो-(न०) न्योता । निमंत्रण ।

निवराई-(ना०) फुरसत । अवकाश । खाली समय ।

निवरास-दे० निवराई ।

निवरो-(वि०) १. बिना काम काज का । निकम्मा । खाली । बेकाम । २. जिसके पास काम नहीं हो । ३. जो काम से निबट गया हो । फारिग । निवृत्त । ४. कवारा । ५. विधुर ।

निवसन-(न०) १. स्त्री का अधोवस्त्र । २. घर । (वि०) वस्त्र रहित ।

निवाज-(ना०) १. मुसलमानों की ईश्वर प्रार्थना । नमाज । नवाज । २. कृपा । अनुग्रह । (वि०) कृपा करने वाला ।

निवाजणो-(क्रि०) १. भेंट करना । भेंट देना । २. सिरोपाव, इनाम, पद, खिलअत आदि देकर संतुष्ट करना । ३. कृपा करना । ४. अभिवादन करना । ५. प्रसन्न होना । खुश होना । ६. तुष्टमान होना । ७. इनाम देना ।

निवाजस-(ना०) १. कृपा । रहम । मिहरबानी । नवाजिश । २. पुरस्कार । इनाम । ३. ताजीम ।

निवाण-(न०) १. नदी, तालाब, कूँआ आदि जलाशय । २. नहाने का स्थान । ३. जलक्रीड़ा का स्थान । ४. मानसरोवर ।

निवाणभर-(न०) मेघ । बादल ।

निवायो-(वि०) थोड़ा गरम । गुनगुना ।

निवार-(ना०)खाट बुनने की पट्टी । नेवार ।

निवारणो-(क्रि०)१. हटाना । दूर करना । निवारना । २. छोड़ना । ३. रोकना । वरजणो ।

निवाळो-(न०) कौर । ग्रास । कवो ।

निवास-(न०) १. घर । स्थान । आश्रय । २. रहना । रिहाइश । ३. गरमी । उष्णता ।

निवासी-(वि०) निवास करने वाला । रहने वाला ।

निवियासी-(वि०) अस्सी और नौ । (न०) ८९ की संख्या ।

निवृत्त-(वि०) १. जिसने काम से अवकाश पा लिया हो । २. छूटा हुआ । विरक्त । खाली ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

निवत्ति–*(ना०)* १. छुटकारा। २. मुक्ति। मोक्ष।

निवेड़णो–*(क्रि०)* १. निबटना। निबेड़ना। फैसला करना। २. परस्पर समझा बुझा कर टंटा-झगड़ा मिटाना। ३. समाप्त करना। निबटाना।

निवेड़ो–*(न०)* १. निबेड़ा। फैसला। २. सुलझाव। निबटारा। ३. समाप्ति। अंजाम। ४. काम की समाप्ति। ५. निर्णय। निराकरण।

निवेद–*(न०)* देवता को अर्पित वस्तु। नैवेद्य।

निवेदक–*(वि०)* निवेदन करने वाला।

निवेदन–*(न०)* १. नम्रतापूर्वक किया जाने वाला कथन। प्रार्थना। २. वर्णन। ३. अर्पण। भेंट।

निवेस–*(न०)* १. निवास। २. घर। मकान।

निशा–*(ना०)* रात।

निशाकर–*(न०)* चंद्रमा।

निशाचर–*(न०)* १. राक्षस। २. चोर। ३. भूत। पिशाच। ४. उल्लू। घूघू। ५. चमगादड़। बागळ। ६. शृगाल। सियाल। ७. सर्प।

निशान–*(न०)* १. चिन्ह। २. ध्वजा।

निशाना–*(न०)* लक्ष्य। निसाणो।

निशानाथ–*(न०)* चंद्रमा।

निश्चय–*(न०)* १. दृढ़ संकल्प। २. निर्णय। जाँच। फैसला। ३. विश्वास। यकीन।

निश्चल–*(वि०)* स्थिर। अटल।

निश्चित–*(वि०)* चिंता रहित। बेफिक्र।

निषिद्ध–*(वि०)* १. वर्जित। २. दूषित।

निषेध–*(न०)* १. शास्त्र विहित मनाई। 'विधि' का उलटा। २. मना। अवरोध।

निष्कपट–*(वि०)* १. छल कपट से रहित। २. शुद्ध हृदय वाला।

निष्कलंक–*(वि०)* १. कलंक रहित। २. निर्दोष।

निष्ठा–*(ना०)* १. गुरुजनों या धर्म के प्रति श्रद्धा भक्ति। २. विश्वास। निश्चय।

निष्ठावान–*(वि०)* निष्ठा रखने वाला।

निष्पक्ष–*(वि०)* पक्ष रहित। तटस्थ।

निष्पाप–*(वि०)* पाप रहित।

निष्प्राण–*(वि०)* १. मृत। मरा हुआ। २. मरियल। मुड़दल।

निष्फळ–*(वि०)* जिसका कोई फल न हो। निष्परिणाम। व्यर्थ।

निस–*(ना०)* निशा। रात। निशि।

निसकपट–दे० निष्कपट।

निसकलंक–दे० निष्कलंक।

निसकारो–*(न०)* निश्वास।

निसचर–दे० निशाचर।

निसड़ो–दे० निसरड़ो।

निसतरणो–*(क्रि०)* निसतरना। निस्तार पाना। छुटकारा पाना।

निसतार–*(न०)* निस्तार। छुटकारा। उद्धार।

निसदिन–*(न०)* रातदिन। निशिवासर। *(क्रि०वि०)* १. रात दिन। आठों प्रहर। २. हमेशा। सर्वदा।

निसनैण–*(न०)* चंद्रमा। निशानयन।

निसपत–*(ना०)* १. निसबत। सम्बन्ध। २. रिश्वत। घूंस। उत्कोच। ३. भरोसा। ४. तुलना। बराबरी। ५. अपेक्षा। ६. परवाह। चिंता। ७. निशापति। चंद्रमा। *(अव्य०)* १. संबंध में। बारे में। २. के मार्फत। के जरिये।

निसफळ–दे० निष्फल।

निसबत–दे० निसपत।

निसमंडण–*(न०)* चंद्रमा।

निसरड़ो–*(वि०)* १. जिद्दी। हठी। २. बेशर्म। निर्लज्ज। ३. अनाज्ञाकारी। ४. ढीट। धृष्ट।

निसरणी–*(ना०)* १. सीढ़ी। निसेनी। २. ढाँचा।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

निसरणो-*(क्रि०)* १. बाहर होना । निसरना । निकलना । २. चले जाना । पार करना । *(न०)* बड़ी निसेनी ।

निसरमो-*(वि०)* निर्लज्ज । बेशर्म ।

निसवादो-दे० नैवादो ।

निसवासर-*(क्रि०वि०)* रातदिन । हमेशा । नित्य । निशिवासर । सदा ।

निसंक-*(वि०)* निःशंक । निडर । निर्भय ।

निसंग-*(वि०)* संग रहित ।

निसंडो-दे० निसरड़ो ।

निसाचर-दे० निशाचर ।

निसाट-*(न०)* १. मुसलमान । २. राक्षस ।

निसाण-*(न०)* १. निशान । चिन्ह । २. झंडा । पताका । ३. हाथी, घोड़े या ऊँट पर बजने वाला नगाड़ा । ४. हस्ताक्षर की जगह लगाई जाने वाली अंगूठे की छाप । ५. यादगार । स्मारक । ६. लक्ष्य । निशाना ।

निसाणी-*(ना०)* यादगारी के लिये दी हुई वस्तु । स्मृति चिन्ह । निशानी ।

निसाणो-दे० निशाना ।

निसानाथ-*(न०)* चन्द्रमा । निशानाथ ।

निसाफ-*(न०)* इन्साफ ।

निसार-*(न०)* पश्चिम देशों के देश वासी । पाश्चात्य लोग । *(वि०)* १. पश्चिमी । पाश्चात्य । २.सार रहित । दे० निकास ।

निसासो-*(न०)* १. निःश्वास । लंबी साँस । २. दुखपूर्ण लंबी सांस ।

निसाँ-*(वि०)* खरा । पक्का । *(न०)* १. जाँच । तपास । २. आवभगत ।

निसाँ खातर-दे० निसाँखातरी ।

निसाँखातरी-*(ना०)*१.भरोसा । विश्वास । २. पूर्ण विश्वास । पक्का भरोसा ।

निसियर-*(न०)* १. निशाकर । चन्द्रमा । २. निशाचर ।

निसीयणी-*(ना०)* रात । निशा ।

निसेणी-*(ना०)* निसेनी । जीना । सीढ़ी । सोपान । निसरणी ।

निस्तै-दे० निश्चय ।

निस्पाप-दे० निष्पाप ।

निस्फ-*(वि०)* दो बराबर भागों में से एक । आधा ।

निस्फळ-दे० निष्फळ ।

निहकाम-*(वि०)* १. कामना रहित । निष्काम । २. काम रहित । बेकार । निकामो ।

निहकामो-दे० निहकाम ।

निहकुण-*(न०)* शब्द । आवाज ।

निहखरणो-*(क्रि०)* पीछे दौड़ना । पीछे भागना ।

निहचळ-*(वि०)* निश्चल । अचल ।

निहचै-दे० निश्चय ।

निहटणो-*(क्रि०)* १. नष्ट करना । २. खत्म होना । ३. रुक जाना । ४. अड़ जाना ।

निहस-*(ना०)* १. निर्घोष । आवाज । २. चोट ।

निहसणो-*(क्रि०)*१. जूझना । युद्ध करना । २. शक्तिमान होना । ३. गर्जना । ४. बाजा बजाना । ५. आहत होना । ६. वीर गति को प्राप्त होना । ७. बाजा बजना । ८. प्रहार करना । ९. मारना । काटना ।

निहंग-*(न०)* १. घोड़ा । २. तरकस । ३. आकाश । ४. निःसंग । ५. ब्रह्मचारी । ६. क्वारा । ७. विधुर । *(वि०)* १. अकेला । एकाकी । २. निर्लज्ज । बेशर्म ।

निहंगपुर-*(न०)* स्वर्ग ।

निहंग साधु-*(न०)*वह साधु जो विवाह नहीं करता (घर बारी साधु के मुकाबिले) । विवाह संबंध न करने वाला साधु ।

निहाई-*(ना०)* १. अहरण । २. प्रहार । चोट । ३. ध्वनि ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

निहाणी–*(ना०)* १. बढ़ई का एक औजार। रुखानी। निहानी। २. नाखून। काटने का औजार। निहानी। नखहरणी।

निहार–*(न०)* १. परिणाम। नतीजा। निकाल। २. दृष्टि। ३. निकलने का मार्ग या द्वार। ४. मलमूत्रादि की उत्सर्ग क्रिया।

निहारणो–*(क्रि०)* १. देखना। २. गैर से देखना। ३. विचार करना।

निहाळणो–दे० निहारणो १, २, ३। ४. कृपा पूर्वक देखना। देखने की कृपा करना।

निहाव–*(न०)* १. तोप छूटने का शब्द। २. नगाड़े या ढोल के बजने का शब्द। ३. निहाई पर पड़ने वाले घन या हथोड़े के घाव का शब्द। ४. प्रहरण। निहाई। ५. तोप। ६. घाव। चोट। प्रहार। ७. आकाश।

निंगळणो–दे० नींगळणो।

निंदक–*(वि०)* निंदा करने वाला।

निंदणो–*(क्रि०)* निंदा करना। वगोवणो।

निंदरा–*(ना०)* १. निंदा। बुराई। २. निद्रा। नींद।

निंदरोही–*(ना०)* निर्जन जंगल। रोही।

निंदवणो–*(क्रि०)* निंदा करना। वगोवणो। निंदणो।

निंदा–*(ना०)* १. दोष वर्णन। २. किसी में ऐसा दोष बताना जो वास्तव में न हो। ३. किसी की कल्पित या वास्तविक बुराई या दोष का वर्णन। ४. बदनामी। अपकीर्ति। वगोवणी।

निंदास्तुती–*(ना०)* १. निंदा के रूप में की जाने वाली स्तुति। व्याजस्तुति। २. बारहठ ईसरदास का इस प्रकार की गई ईश्वर-स्तुति का एक ग्रंथ। 'गुण निंदा-स्तुति।' ३. निंदा और स्तुति।

निंबार्काचार्य–*(न०)* द्वैताद्वैत सिद्धान्त के प्रवर्तक व निम्बार्क संप्रदाय के आदि आचार्य।

निंबोळी–दे० नींबोळी।

नी–*(अव्य०)* १. निश्चय। जैसे 'हूँ आयो हो नी ?' २. अनुरोध जैसे 'लावैनी', 'देवैनी', करै नी,। ३. नहीं। *(न०)* निषाद स्वर का नाम (संगीत)। *(प्रत्य०)* षष्ठी विभक्ति का एक नारी जाति चिन्ह। 'की'। (व्या०)।

नीक–*(ना०)* नाली। मोरी। नाळी। *(वि०)* अच्छा।

नीकड़ै–*(क्रि०वि०)* १. सम्मुख। आगे। २. निकट।

नीको–*(वि०)* अच्छा।

नीगम–दे० निगम।

नीगमणी–दे० निगमणो।

नीगरड़ो–*(वि०)* अदोक्षित। निगुरा।

निघरियो–*(वि०)* गृहविहीन।

नीच–*(वि०)* १. अधम। निकृष्ट। २. खल। दुष्ट। खोटा। ३. निम्न श्रेणी का।

नीच-ऊँच–*(वि०)* १. अच्छा-बुरा। २.उन्नत-अवनत। ३. खोटा-खरा। ४. सुख-दुख।

नीचकुळी–*(वि०)* नीच कुल में उत्पन्न।

नीचता–*(ना०)* क्षुद्रता। नीचपना।

नीचधूणियो–*(वि०)* १. धिक्कारने से लज्जा के मारे नीचे देखने वाला। २. नीचे देखते हुए चलने वाला। ३. नीची दृष्टि रखकर बात करने वाला। गरदन को नीची झुका कर (सामने नहीं देखकर) बात करने वाला। ४. बेशर्म। निर्लज्ज। निलजो। ५. निकृष्ट। अधम। नीचा-जोयो।

नीचाई–*(ना०)* नीचा या ढलुवां होने का भाव। ढलुवांपन।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नीचा-जोया-*(न०)* १. किसी कुकृत्य-जन्य कलंक के कारण समाज के सम्मुख लज्जित बने रहने की या दबा हुआ रहने की स्थिति । २. दुष्कर्म द्वारा उत्पन्न लज्जा के कारण कुल का नीचा देखने की स्थिति में होना । ३. शर्म से नीचा देखने का संयोग । ४. लज्जित होना पड़े ऐसी स्थिति ।

नीचाण-*(ना०)* १. जमीन का नीचे का भाग । ढलुआं भाग । नीची जगह । ढलुआंपन । २. निचाई । नीचांत ।

नीचांत-*दे०* नीचाण ।

नीचे-*(क्रि०वि०)* निम्न तल की ओर । अधो भाग में । हेठे ।

नीचे-ऊपर-*(अव्य०)* अव्यवस्थित । अस्त-व्यस्त ।

नीचो-*(वि०)* १. जिसके आसपास का तल ऊंचा हो । जो गहराई पर हो । जहां गहराई हो । २. ऊंचाई में सामान्य की अपेक्षा कम । जो ऊंचाई पर न हो । ३. झुका हुआ । नत । ४. कम ऊंचाई वाला ५. खोटा । बुरा । ६. जो गुण, जाति, पद में उतरता हुआ हो ।

नीचो-जोयो-*दे०* नीच-धूणियो ।

नीछटणो-*(क्रि०)* १. प्रहार करना । मारना । २. मार मारना । पीटना । ३. निकलना । ४. फेंकना ।

नीछौ- *(न०)* इनकार । अस्वीकार ।

नीझर-*(न०)* झरना । सोता । निर्झर ।

नीझरण-*(न०)* झरना । निर्झर । सोता झरणो । *(ना०)* १. वर्षा की झड़ी । २. वर्षा की ध्वनि ।

नीझरणी-*(ना०)* १. निर्झरणी । नदी । २. छोटा सोता । झरना ।

नीठ-*(अव्य०)* कठिनाई से । मुश्किल से किसी तरह । नीठां ।

नीठणो-*(क्रि०)* १. समाप्त होना । खतम होना । खूटणो । २. समाप्त करना । खतम करना । खुटोवणो । ३. धीरज रखना । ४. आजमाना । जांचना । परखणो ।

नीठानीठ-*(क्रि०वि०)* बहुत मुश्किल से । जैसे-तैसे करके ।

नीठां-*दे०* नीठ ।

नीठां-सी-*(क्रि०वि०)* बहुत मुश्किल से ।

नीड़-*(वि०)* कठिन । *(न०)* १. चिड़ियों का घोंसला । माळो । २. रहने का स्थान । निवास स्थान । ३. नदी के किनारे का प्रदेश । नड़यड़ । *(क्रि०वि०)* निकट । पास ।

नीत-*दे०* नीति ।

नीतर-*(अव्य०)* नहीं तो ।

नीतरणो-*दे०* नितरणो ।

नीति-*(ना०)* १. लोक व्यवहार का ढंग । २. धर्मानुसार आचरण । ३. सदाचार । ४. लोकाचार की वह पद्धति जिससे अपना हित होने के साथ साथ सभी का हित हो । ५. समाज की भलाई के लिये निश्चित आचार-व्यवहार । नीति । नय । ६. व्यवहार का तरीका जिससे अपनी भलाई हो पर दूसरों को तकलीफ न हो । ७. सदाचार पूर्ण व्यवहार । नीति । ८. न्याय व्यवहार । ९. मंशा । इरादा ।

नीतिभ्रष्ट-*(वि०)* १. नीति से विचलित । २. अनैतिक । ३. दुराचारी ।

नीतिरीति-*(ना०)* १. चालचलन । वर्तन । चालचळगत । २. सदाचार ।

नीतिहीन-*(वि०)* नीतिभ्रष्ट ।

नीतोताई-*(वि०)* १. उच्छृंखल । २. नखराली ।

नीधणियो-*(वि०)* १. जिसका कोई मालिक न हो । २. लावारिश (वस्तु) ।

नीधसणो-*(क्रि०)* १. नगाड़े का बजना । २. नगाड़े का बजाना ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नीध्रस-दे० नीधस ।

नीध्रसणो-दे० नीधसणो ।

नीपज-दे० निपज ।

नीपजणो-दे० निपजणो ।

नीपण-(न०) १. चारण । २. याचक । ३. गारा । कीचड़ । ४. लीपने की वस्तु । ५. लीपने का काम ।

नीपणो-(क्रि०) १. गोबर, मिट्टी आदि से किसी जगह को लेपना । लीपना । २. पोतना ।

नीपणो-गूंपणो-(क्रि०) लीपना-पोतना । लीप-पोत कर स्वच्छ करना ।

नीम-(ना०) १. नींव । २. आधार । पायो । ३. आधी दूरी । (न०) नीम वृक्ष । निंब । नीमड़ो । (वि०) आधा ।

नीमगिलोय-(ना०) नीम वृक्ष के ऊपर फैलने से गिलोय लता का नाम ।

नीमजणो-(क्रि०) १. निमज्जना । स्नान करना । नहाना । २. उज्ज्वल होना । ३. पवित्र होना । ४. गोता लगाना । डुबकी मारना । ५. दो टुकड़ों में कट जाना । ६. जन्म लेना । उत्पन्न होना । ७. ठानना । आरंभ करना ।

नीमजर-(ना०) नीम की मंजरी । निंब-मंजरी ।

नीमड़ो-(न०) नीम वृक्ष ।

नीमण-(वि०) जो भीतर से खाली या पोला न हो । ठोस ।

नीमणियाइत-(वि०) १. नियुक्त करने वाला । मुकर्रर करने वाला । २. जन्म देने वाला । उत्पन्न करने वाला ।

नीमणो-(क्रि०) १. नियुक्त करना । मुकर्रर करना । २. निश्चित करना । ३. निश्चय करना । विचार करना । ४. जन्म लेना । उत्पन्न होना । ५. निर्माण करना । बनाना ।

नीमवण-(न०)१. जन्म । उत्पत्ति । (वि०) उत्पन्न करने वाला । रचने वाला ।

नीम हकीम-(न०) ऊंट वैद्य ।

नीमाड़ो-दे० नीवाड़ो ।

नीमी-(ना०) १. रुपया-पैसा । २. माल-मत्ता । धन । ३. जायदाद । (वि०) आधो ।

नीमे-(अव्य०) आधे हिस्से से (हुंडी) । जैसे—हुंडी रु० १०००) अखरे रुपिया हजार री, नीमे रुपिया पाँच सौ रा दूणा पूरा साहजोग दीजो ।

नीमोनीम-(अव्य०)१. आधोआध । २. आधे का आधा ।

नीयत-(ना०) १. मनोवृत्ति । आंतरिक भावना । २. आशय । ३. मंशा । इच्छा । मन का इरादा । ४. उद्देश्य ।

नीर-(न०) १. पानी । जल । २. कांति । आभा । ३. शोभा ।

नीरकी-(ना०) मद्य । शराब ।

नीरखीर-(न०) १. पानी और दूध । २. सारग्राही वृत्ति । (वि०) सारग्राह्य ।

नीरज-(न०) १. कमल । २. मोती ।

नीरण-(न०) १. घास-चारा । २. पशुओं को घास-चारा डालने का काम । नीरणै रो काम ।

नीरणी-(ना०) १. गाय, भैंस आदि घर के पशुओं को नियत समय पर डाला जाने वाला घास-चारा । २. ढोरों का डाले जाने वाला घास ।

नीरणो-(क्रि०) घर के गाय, भैंस आदि पशुओं को नियत समय पर घास-चारा डालना । ढोरों को घास डालना ।

नीरद-(न०) बादल ।

नीरध-(न०) समुद्र । नीरधि ।

नीरस-(वि०) रस रहित । निरस ।

नीराजणो-(क्रि०) आरती उतारना ।

नीराजन-(ना०) आरती ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नीरासय-*(न०)* १. नीराशय । जलाशय । २. तालाब ।

नीरो-*(न०)* १. नीरी हुई घास का नहीं खाया जाने वाला शेष भाग । नीरा । कचरा । २. घास । चारा । ३. नीरणी करने का काम ।

नीरोवर-*(न०)* समुद्र ।

नीरोहर-*(न०)* समुद्र ।

नील-*(ना०)* १. काई । लील । २. आसमानी रंग । ३.गुळी । खास बुरज । नील का रंग । ४. एक पौधा । ५. सौ अरब की संख्या । ६. शरीर पर चोट लगने से पड़ने वाला नीला निशान । लील ।

नीलक-दे० नीलंक ।

नीलकंठ-*(न०)*१. महादेव । शिव । २. एक चिड़िया जिसके डैने और कंठ नीले होते हैं ।

नीलगर-*(न०)* १. नील के पौधे से रंग बनाने वाला व्यक्ति । २. रंगरेज ।

नीलर्टाच-*(न०)* एक पक्षी ।

नीलम-*(न०)* नीले रंग का एक रत्न । नीलमणि ।

नीलंक-*(न०)* एक प्रकार का जरी के काम वाला वस्त्र ।

नीलंग-*(न०)* हंस । दे० नीलंक ।

नीलंबर-*(न०)* १. नीला वस्त्र । नीलांबर । हरा कपड़ा । २. आकाश । नीलाकाश । ३. बलराम ।

नीलाणी-*(वि०)* १. हरे रंग की । हरित । २. हरियाळी से आच्छादित । ३. प्रफुल्लित । प्रसन्न । *(क्रि०भू०)* १. हरियाली से आच्छादित होगई । हरी होगई । नीली होगई । २. प्रसन्न होगई ।

नीलाणीजणी-*(क्रि०)* १. हरियाली से छा जाना । २ हरित होना । ३.प्रसन्न होना ।

नीलाणो-*(क्रि०)*१ हरियाली से छा जाना । २. हरा होना । ३. प्रसन्न होना ।

नीलाम-*(न०)* बोली बोल कर माल बेचने का एक ढंग । लीलाम ।

नीली-*(वि०)* १. हरी । हरे रंग की । सब्ज । २.आकाशी रंग की । ३ गीली । आर्द्र । ४. सब्ज । रसवाली । हरेरी । *(ना०)* १. सफेद रंग की घोड़ी । २.सफेद रंग की घोड़ी का नाम ।

नीलो-*(वि०)* १. हरा । हरे रंग का । हरित । सब्ज । २. आकाशी रंग का । ३. सब्ज । रसवाला । जो सूखा न हो । हरेरा । तरोताजा । ४. आर्द्र । गीला । *(न०)* १. सफेद रंग का घोड़ा । २. सफेद रंग के घोड़े का नाम । ३. हरा घास । चारा । घासपात ।

नीलो खड़-*(न०)* हरा घास ।

नीली थोथो-*(न०)* तूतिया । लीलो थोथो ।

नीलोफर-*(न०)* १. नीलकमल । २. बोर्डर की चित्रकारी ।

नीव-दे० नींव ।

नीवड़णो-*(क्रि०)* १. निपटना । निवृत्त होना । २. समाप्त होना । ३. तैयार होना । ४. पूर्ण विकसित होना । प्रौढ़ होना । ५. अनुभवी होना । ६. तै होना । निर्णीत होना । ७. पहुँचना । ८. बुरा या भला सिद्ध होना ।

नीवत-दे० नीयत ।

नीवाड़ो-*(न०)* कुम्हार का (आग लगा कर कच्चे) बरतन पकाने का स्थान या भट्टा । आवाँ ।

नीवी-*(ना०)* १. स्त्री का अधोवस्त्र । २. नारा । इजारबंद । नाड़ो ।

नीसरणी*(ना०)* निसेनी ।

नीसरणो-दे० निसरणो ।

नीसाण-दे० निसाण ।

नीसाणी-*(ना०)* १. राजस्थानी काव्य का एक मात्रिक छंद । डिंगल का एक छंद । २. स्मारक । ३. निशानी । चिन्ह ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

(*ना०*) 'नीसाणी' संज्ञक राजस्थानी काव्य ग्रन्थ। जैसे–'नीसाणी विवेक वार्ता री।'

नीसासो– (*न०*) निस्स्वास। लंबी सांस। निश्वास।

नींगळणो–(*क्रि०*) १. अधिक पुराना होने तथा चिकनाई आदि लगने से मिट्टी के पात्र की वह स्थिति होना कि वह चुए नहीं। २. अधिक समय तक पानी भरा भरा रहने से मिट्टी के घड़े का पक्का हो जाना। ३. रोग आदि संकटों से मुक्त होना। ४. कुशलता प्राप्त करना। कुशल होना। ५. चालाक होना। धूर्तता सीखना। ६. निगलना। मिटना। ७. परिपक्व होना। ८. प्रौढ़ होना। ९. निपुण होना। १०. अनुभवी होना।

नींगारणो–(*न०*) १. कपड़े का वह टुकड़ा जिससे चक्की की थाटी में से आटे को झाड़ पोंछ कर साफ किया जाता है। २. फटा हुआ पुराने कपड़े का टुकड़ा। (*क्रि०*) चक्की की थाटी में लगे चून को कपड़े से पोंछ कर साफ करना।

नीं-तर–दे० नहिंतर। नीतर।

नीं-तो–दे० नहीं तो।

नींद–(*ना०*) निद्रा। ऊंघ।

नींदर–(*ना०*) निद्रा।

नींदाण–दे० नैदाण।

नींदामण–दे० नैदाण।

नींदामणी–दे० नैदाण।

नींदाळ–(*वि०*) निद्रालु।

नींदाळवो–(*वि०*) निद्रालु।

नींदाळुवो–(*वि०*) अधिक सोने वाला। उनींदा।

नींदाळु–(*वि०*) निद्रालु। निद्राशील।

नींब–(*न०*) नीम वृक्ष।

नींबड़ो–(*न०*) नीम।

नींबावत–(*न०*) निंबार्काचार्य का अनुयायी साधु।

नींबू–(*न०*) एक प्रसिद्ध खट्टा फल। निम्बू। नीबू।

नींबोळी–(*ना०*) १. नीम वृक्ष का फल। निबौरी। नीमकोड़ी। २. स्त्री के गले का एक गहना। मूंद। तिमनिया। तिमणियो।

नींव–(*ना०*) बुनियाद। नींव। आधार। जड़। रांग।

नींवाड़ो–दे० नीवाड़ो।

नुकती–दे० नुगती।

नुकतो–दे० नुगतो।

नुकरो–(*न०*) १. छोटा टुकड़ा। २. अफीम का टुकड़ा। ३. सफेद रंग का घोड़ा। ४. घोड़े का सफेद रंग। ५. चांदी।

नुकळ–(*न०*) अफीम आदि नशीले पदार्थों के खाने के बाद मुंह का स्वाद सुधारने के लिए सुपारी, मिश्री, खारक आदि का टुकड़ा। नुकरो।

नुकल–दे० नकल। दे० नुकळ।

नुकस–(*न०*) त्रुटि। कसर। नुक्स।

नुकसाण–(*ना०*) १. नुकसान। हानि। २. बिगाड़। दोष। ३. हानि। घाटा। क्षति। ४. ध्वंस। नाश।

नुकसाणी–(*ना०*)१. नुकसान। हानि। २. नुकसान की पूर्ति। हरजाना।

नुगणो–(*वि०*) १. निर्गुणी। मूर्ख। २ उपकार को नहीं मानने वाला। कृतघ्न। निगुणो।

नुगती–(*ना०*)एक मिठाई। मीठी बुंदिया। नुकती।

नुगतो–(*न०*) १. अवसर। मौका। २. नैमित्तिक कार्य। ३. नैमित्तिक भोज। ४. मृत्युभोज। नुकता। ५. सिफर। बिंदी। सुन। ६. सिन्धी, उर्दू, फारसी भाषाओं में हरूफ या लफ्ज के नीचे-ऊपर संज्ञा के रूप में रखा जाने वाला बिन्दु। ७. पर्व या उत्सव आदि का विशिष्ट दिन।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नुगरो–दे० निगुरो ।

नुगसाण–दे० नुकसाण ।

नुती–(ना०)स्तुति । प्रशंसा ।

नुमाइश–(ना०) प्रदर्शनी ।

नुसखो–(न०) १. औषध विधान । उपचार पत्र । नुसखा । २. इलाज । उपाय । ३. टोटका ।

नुंएली–(वि०) १. नवेली । युवती । २. नयी ।

नुंओ–दे० नवो ।

नुंवो–दे० नवो ।

नूखाणी–(ना०) १. यवनों का नाश करने वाली । यवन भक्षिणी । चंडी । शक्ति । २. दुष्टों का मर्दन करने वाली ।

नूजणो–दे० नवजणो ।

नूतो–दे० नूंतो ।

नूनता–(ना०) १. न्यूनता । कमी । २. बेसमझी । ३. प्रोछापन ।

नूनी–(ना०) बच्चे की मूत्रेन्द्री ।

नूप–(वि०) अनूप । अनुपम ।

नूपुर–(न०) पैरों में पहनने का एक गहना । पैंजनी । २. नेवर । नेवरी ।

नूर–(न०) १. तेज । प्रकाश । ज्योति । आभा । २. शोभा । कांति । ३. शौर्य । ४. नेत्र । ज्योति । ५. वाहन-भाड़ा । ६. ईश्वर ।

नूं–(प्रत्य०) कर्म और सम्प्रदान कारक की विभक्ति । 'को' । जैसे—थांनूं (तुमको), मोनूं (मुझको), राजानूं (राजा को) । (अव्य०) १. में । अंदर । २. लिये । के लिये ।

नूंजणो–दे० नवजणो ।

नूंतणो–(क्रि०) निमन्त्रण देना । निमंत्रित करना ।

नूंतो–(न०) १. निमन्त्रण । भोजन करने को दिया जाने वाला निमंत्रण । न्योता । नेतो । नेतरो । दे० नेत ।

नूंध–(ना०) १. नोंध । नोट । टिप्पणी । २. विवरण । प्रतिलिपि ।

नूंधणो–(क्रि०) १. नोंधना । दर्ज करना । २. नोट लिखना । ३. विवरण लिखना ।

नूंध बही–(ना०) दी हुई या बेची हुई वस्तुओं को लिखने की बही ।

नृत्य–(न०) नाच ।

नृप–(न०) राजा । नरपति ।

नृशंसता–(ना०) क्रूरता । निर्दयता ।

नृसिंह चतुर्दशी–(ना०) वैशाख शु. १४, जिस दिन भगवान ने नृसिंह अवतार लेकर हिरण्यकशिपु को मारा था ।

नेउर–दे० नूपुर ।

नेऊ–(वि०)निब्बे । (ना०)निब्बे की संख्या । ९०.

नेक–(वि०) १. अच्छा । भला । २. मनोहर । मनोरम । रमणीय । ३. प्रामाणिक । सच्चा । ४. धार्मिक । ५. नीतिमान । ६. सज्जन । शिष्ट । ७. थोड़ा । जरासा । किंचित ।

नेकनाम–(वि०) प्रतिष्ठित ।

नेकनामी–(ना०) १. नामवरी । सुयश । सुकीर्ति । सुख्याति । २. ईमानदारी ।

नेकी–(ना०)१. ईमानदारी । प्रामाणिकता । २. धार्मिकता । ३. उपकार । भलाई । ४. उत्तम व्यवहार । ५. सज्जनता । शिष्टता । ६. (राजा महाराजा के आने पर) दुहाई पुकारना । स्तुति वचन ।

नेकीबंध–(वि०) ईमानदार । (ना०) ईमानदारी ।

नेखम–(न०)१. सीमा चिन्ह । सेढो । २. निश्चय । (वि०) १. दृढ । मजबूत । २. पक्का । ३. स्थायी ।

नेग–(न०) १. विवाहादि अवसरों पर आश्रितों को दिया जाने वाला पुरस्कार । पौनियों को दी जाने वाली लाग । बख्शिश । दस्तूर । बंधाण । २. इस प्रकार देने की प्रथा ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नेगदार–*(न०)* नेग पाने का अधिकारी। व्यक्ति। नेगी। पौनी।

नेगी–*(न०)* १. त्योहार के दिन नेग (भेंट) लेने वाला व्यक्ति। पौनी। २. नेग पाने या लेने का अधिकारी। पौनी। नेगी।

नेचो–*(न०)* १. हुक्के की नली। मेर। २. निगाली।

नेजाळ–*(न०)* १. भाला बरदार। नेजा-बरदार। २. भाले वाला।

नेजो–*(न०)* १. भाला। २. पताका। ३. चिलगोजा। बोजा। नेवजा।

नेट–*(अव्य०)* १. अंत तक। २. अंत में। ३. नहीं तो। *(वि०)* नष्ट। *(न०)* १. निश्चय। २. समाप्ति। ३. भेद। रहस्य।

नेटणो–*(क्रि०)* १. खतम होना। समाप्त होना। २. मर जाना। ३. खतम करना। समाप्त करना। ४. मारना।

नेठ–*(वि०)* १. नष्ट। २. मृत। *(क्रि०वि०)* कठिनता से। मुश्किल से।

नेठणो–*(क्रि०)* १. आजमाना। २. धीरज रखना। ३. खतम करना। समाप्त करना। ४. खतम होना। समाप्त करना। ५. मना करना। रोकना। ६. मुलतवी रखना।

नेठाव–*(न०)* १. धैर्य। धीरज। २. खटाव। सहन शीलता। ३. समाप्ति। अंत। ४. विश्राम। रहना। ५. निवास।

नेठो–*दे०* नेठाव।

नेड़–*दे०* नड़यड़।

नेड़ो–*(क्रि०वि०)* समीप। पास। नजीक। *(वि०)* संबंध वाला।

नेढ–*(वि०)* १. मूर्ख। २. हठी। *(ना०)* १. मूर्खता। २. हठ। ३. निर्लज्जता।

नेढो–*(वि०)* निर्लज्ज। निसड्डो।

नेत–*(न०)* १. मंगलसूत्र। २. कंकण डोरा। ३. विरुद। ४. व्यवस्था। ५. निश्चय। संकल्प। ६. मथानी की डोरी। ७. बेंत। ८. भाला। ९. पगड़ी। १०. नेत्र। ११. झंडा। ध्वज। *(वि०)* सीधा।

नेतर–*(ना०)* बेंत। छड़ी। *(न०)* १. नेत्र। आंख। २. मूर्ति के लगाई जाने वाली कृत्रिम आंख। ३. शाखा।

नेतरो–*(न०)* बिलौना बिलौने की रस्सी। मथानी की रस्सी। नेती।

नेता–*(न०)* आगेवान। अग्रणी।

नेताजी–*(न०)* महान् क्रान्तिकारी, वीर और अद्वितीय देशभक्त स्वनाम धन्य स्व० श्री सुभाषचन्द्र बोस का सम्माननीय नाम तथा विरुद।

नेति–*(अव्य०)* १. संस्कृत भाषा का एक पद जिसका ईश्वर की महिमा के रूप में प्रयोग किया जाता है। वह परब्रह्म जिसका अंत नहीं है। नेति। २. जिसकी इति नहीं। ३. हठयोग का एक भेद। नेती।

नेतो–*(न०)* बिलौने की रस्सी। नेतरो।

नेत्र–*(न०)* १. आंख। नेत्र। २. मथानी की रस्सी। ३. दो का संख्यासूचक शब्द। ४. छड़ी। ५. शाखा।

नेत्रो–*दे०* नेतरो।

नेपज–*दे०* नेपै।

नेपत–*दे०* नेपै।

नेपाल–*(न०)* एक राष्ट्र।

नेपाळो–*(न०)* जमालगोटा।

नेपै–*(ना०)* १. खेती की निपज। उपज। पैदाइश।

नेफो–*(न०)* पायजामे, लहँगे आदि का वह ऊपरी भाग जिसमें नाड़ा (नारा) डाला जाता है। नेफा।

नेम–*(न०)* १. नियम। २. प्रतिज्ञा। ३. रीति। रिवाज। ४. धार्मिक क्रियाओं का पालन।

नेमणो–*(क्रि०)* नक्की करना। निश्चय करना।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नेमत-दे० निप्रामत ।

नेमधरम-(न०) १. पूजा-पाठ आदि धार्मिक कृत्य । २. वे कृत्य जो धर्म से संबंध रखते हैं ।

नेमियो-(वि०)१. नियम से पूजा पाठ करने वाला । २. नियम का पालन करने वाला । नियम से पालन करने वाला । नियमी । नेमी ।

नेर-(न०) १. कतिपय नगरों के नाम के अंत में लगने वाला प्रत्यय । जैसे— बीकानेर, चंपानेर, जोबनेर आदि । २. नगर का अपभ्रंश रूप । ३. नगर ।

नेव-(न०) १. छपरे की छाजन का थेपड़ा । खपरेल । २. नरिया । ३. छपरे की किनारी जिसमें होकर बरसात का पानी नीचे टपकता है । छप्पर के छोर के खपरे। ओलती । ओरी । ४. ओलती में से गिरने वाला पानी ।

नेवगी-दे० नेगी ।

नेवज-(न०) देवता को अर्पण किया जाने वाला मधुराश्न । नैवेद्य । भोग । प्रसाद ।

नेव झरणो-(मुहा०) १. त्रुटि होना । २. दोष या अवगुण होना । ३. छपरे से पानी टपकना । ओलती में से पानी गिरना ।

नेवर-(न०) १. स्त्री के पाँवों का एक गहना । नेवरी । २. पाजेब । नुपुर । नेपुर । ३. कोतल घोड़े के एक पाँव में पहिनाया जाने वाला एक जेवर । नेवर ।

नेवरी-(न०) १. स्त्री के पाँवों का एक गहना । नेवरी । २. पाजेब । नूपुर ।

नेवाण-(न०) जैसलमेर जिले का एक प्रदेश । दे० निवाण ।

नेस-(न०)१. दान में दी हुई भूमि या गाँव । २. घर । मकान । ३.प्रदेश । ४. किसानों तथा ग्वालों का जंगल में बनाया हुआ झोंपड़ों वाला छोटा गाँव । ढाणी । ५. जंगल में बनाया हुआ अस्थाई निवास । ढाणी । ६. ऊँट के आयु सूचक खास खास दाँत । ७. तालाब भर जाने पर पानी के निकाल के लिये बनाया हुआ मार्ग । नेसटो । ८.असुर । राक्षस ।

नेसटो-(न०) तालाब भर जाने पर पानी के निकाल के लिये बनाया हुआ मार्ग । नेस । ओटो ।

नेसावर-(वि०) १. वह जिसके नेस के दाँत आ गये हों (ऊँट) । २. पक्का । खरा ।

नेह-(न०)१. स्नेह । प्रेम । २. तेल । स्नेह ।

नेहड़ी-(ना०) मथानी को सीधी खड़ी रखने का बिलौने का एक उपकरण ।

नेहड़ो-(न०) स्नेह । नेह ।

नेहडो-दे० नेहढो ।

नेहढो-दे० निसरड़ो ।

नेहप्रिय-(न०) दीपक । दीवो ।

नेह भीनो-(वि०) स्नेहसिक्त ।

नेहालंदी-(ना०) प्रेमिका । (वि०) स्नेह लुब्धा ।

नेही-(वि०) प्रेमी । स्नेही । (न०) मित्र । सखा ।

नै-(प्रत्य०) १. कर्म कारक की विभक्ति । 'को' । जैसे—राम नै आवण दो अर्थात 'राम को आने दो ।' २. क्रिया (मूलधातु) के अंत में लग कर 'करके', 'कर', 'के' अर्थों को प्रकट करने वाला एक प्रत्यय, जैसे—'रोटी खायनै आऊं हूं' अर्थात 'रोटी खाकर (खा करके या खा के) आता हूं' । ३. एक संयोजक अव्यय । वह शब्द जो दो शब्दों या वाक्यों को जोड़ने का काम करता है । और । व । ऐसे ही । जैसे—'राम नै केशव रोटी खाय रया है' अर्थात राम और केशव रोटी खा रहे हैं । ४. दिशा सूचक शब्द के साथ लग कर 'ओर', 'तरफ' अर्थ को व्यक्त करने वाला एक अव्यय । जैसे—'अठीनै', 'कठीनै'

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

इत्यादि। *(ना०)* १. हुक्के की नली। २. नदी। *(ग्रव्य०)* १. किन्तु। लेकिन। २. क्योंकि। ३. केवल।

नैचो–*(न०)* हुक्के की वह नली जिस पर चिलम रखी जाती है। नेचो।

नैठो-दे० नेठो।

नैड़ापणो–*(न०)* निकटता।

नैड़ापो-दे० नैड़ापणो।

नैड़ो–दे० नेड़ो।

नैण–*(न०)* नेत्र। नयन।

नैणसुख-*(ना०)* एक सूती कपड़ा।

नैत-*(ना०)* १. विवाहादि में सगे सम्बन्धी आदिकों की ओर से दी जाने वाली नकद भेंट। २. नैत देने की प्रथा। दे० नूंतो।

नैतणो–*(क्रि०)* १. भोजन के लिए न्योता देना। निमन्त्रण देना। २. विवाह के भात (भोजन-समारोह) में बरात को निमंत्रण रूप में गीत गाती हुई कन्यापक्ष की स्त्रियों का बरातियों के तिलक करने को जाना। कुंकुम, अक्षत, नारियल आदि मांगलिक वस्तुओं और गीतों द्वारा अभिमंत्रित करके भात में भोजन करने का निमंत्रण देना।

नैतरणो-दे० नैतणो।

नैतियार-*(न०)* निमंत्रित व्यक्ति। *(वि०)* निमंत्रित।

नैतो–*(न०)*निमंत्रण। भोजन का निमंत्रण। न्योता। नूंतो।

नैदण–दे० नैदाण।

नैदाण–*(न०)* १. खेत में नाज उग आने पर उसके आस पास के घास की की जाने वाली कटाई। २. खेत की शुद्धि। निराने का काम।

नैदावणी–दे० नैदाण।

नैनप-*(ना०)* १. आर्थिक दृष्टि से कमजोर स्थिति। अर्थाभाव। २. वह अवयस्क परिवार जिसमें बुजुर्ग नहीं हो। कुटुम्ब में बड़े आदमी का न होना। ४. खोट। कमी। क्षति। ३. अवयस्कता। नाबालिगी। ५ अवनति।

नैनपण–*(ना०)*१. बचपन। छोटापन। २.नाबालिगी।

नैनम-दे० नैनप।

नैनो–*(वि०)* १. छोटा। २. महत्व रहित। ३. तुच्छ। क्षुद्र। *(न०)*बच्चा। बालक।

नैनो-सूनो-*(वि०)* साधारण। मामूली। नाचीज। छोटा सा।

नैयो–*(न०)* खाती का एक औजार।

नैरणी–*(ना०)* नाखून काटने का एक औजार। नखबरणी।

नैराई–*(ना०)* १. ढिलाई। सुस्ती। २. देरी। समय। ढील। ३. धीरज।

नैरांत–दे० निरांत।

नैरित–*(ना०)* पश्चिम-दक्षिण के बीच की दिशा। नैऋत्य दिशा।

नैरो-*(न०)* १. श्मसान। मसान। २. श्मशान तक शव के साथ जाने की क्रिया। शव का अग्नि संस्कार करने को जाना। लोकाचार। *(वि०)* न्यारा। अलग।

नैवादो-*(वि०)*१. स्वाद रहित। निःस्वादु। अस्वादिष्ट। २. बिगड़े हुये स्वाद का। ३. बासी।

नैवेद्य–*(न०)* देवता को अर्पण किया जाने वाला मधुरान्न। भोग।

नैहड़ो–दे० निसरड़ो।

नैहढो–दे० निसरड़ो।

नैंढो–दे० निसरड़ो।

नोक-*(ना०)* १. नोक। अनी। अणी। सिरा। २. अग्रभाग। ३. सूक्ष्म अग्रभाग।

नोकर-*(न०)* सेवक। नौकर।

नोकरणी-*(ना०)* नौकरानी।

नोकराणी-दे० नोकरणी।

नोकरियात-*(वि०)* नौकरी करने वाला।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नोकरी–*(ना०)* सेवा । नौकरी । चाकरी ।

नोकार–*(न०)* जैन धर्मानुयायियों के जपने का एक मंत्र । नवकार ।

नोकारसी–*(ना०)*१. मात्र जैनों को कराया जाने वाला भोजन समारंभ । नौकारशी । २. एक व्रत (जैन) ।

नोख–*(ना०)* १. बात । २. अच्छी बात । चीज । ३. आश्चर्य । *(वि०)* १. अद्वितीय । अनोखा । २. सुन्दर । ३. नया ।

नोखाई–(ना०) १. अनोखापन । विलक्षणता । विशेषता । २. नवीनता । ३. सुन्दरता ।

नोखी–*(वि०)*१. अद्भुत । नयी । २. जुदी । अलग ।

नोखीलो–*(वि०)* १. अनोखा । अद्भुत । २. सुन्दर ।

नोखो–*(वि०)* १. अनोखा । अद्भुत । २. नया । ३. जुदा । अलग । ४. दूर ।

नोघरी–*(ना०)* १. पहुँचे का एक गहना । २. नौ कोठों में नौ ग्रहों के नौ रत्नोंवाला पहुंचे में पहना जाने वाला एक गहना । नवग्रही । नवग्रही ।

नोछावर–दे० निछावर ।

नोज–*(अव्य०)* १. नहीं । नहीं ज । २. कभी नहीं । ३. क्यों । किसलिए । ४. न हो । ५. यों न हो कि । ऐसा न हो कहीं । नौज ।

नोजणो–*(क्रि०)* नोइनी । नोई । छांद । नवखणो ।

नोजा–*(न०)* चिलगोजा । नेजा । नेवजा ।

नोट–*(न०)* १. राज्य सरकार की ओर से प्रवर्तित वह कागज जिस पर राज्यचिन्ह और रुपयों की संख्या छपी रहती है और जो उतने रुपयों के रूप में चलता है । कागज का सिक्का । २. याददाश्ती । ध्यान रखने के लिये लिखी जाने वाली संक्षिप्त पंक्तियाँ । सार लेख । सार भाव । ३. टिप्पणी ।

नोपत–दे० नोबत ।

नोबत–*(ना०)*१.देवमंदिरों या राज्यप्रासादों आदि में शहनाई के साथ बजाया जाने वाला एक मंगलसूचक बाजा । नौबत । २. बड़ा नगाड़ा । ३. दशा । स्थिति । ४. संयोग । ५. बारी । पारी ।

नोबतखानो–*(न०)* १. मंदिर, प्रासाद आदि का वह स्थान जहां नौबत बजाई जाती है । २.मंदिर, राज्यप्रासाद आदि में नौबत ढोल आदि वाद्य रखे जाने का स्थान ।

नोबती–*(न०)* नौबत बजाने वाला ।

नोरता–*(न०)* १. नवरात्र काल । नवरात्रि के दिन । २. चैत्र सुदी और आसोज सुदी प्रतिपदा से नवमी तक के नौ दिन जिनमें नवदुर्गा का विशेष अनुष्ठान किया जाता है । ३. दुर्गापूजा का विशिष्ट उत्सव । ४. नवरात्रि के दिनों में किये जाने वाले व्रत-उपवास ।

नोरियो–*(न०)* १. हिंस्र पशु का नख । २. हिंस्र पशु के नख की लगी हुई रगड़ । ३. नख की घर्षण । ४. नाखून । नख ।

नोरो–दे० नोहरो ।

नोळ–*(न०)* ऊँट के भाग नहीं सकने के लिये अगले दोनों पांवों में बाँधी जाने वाली लोहे की एक सांकल । उँट, भैंस आदि के पांवों में बांधने का सांकल जैसा एक उपकरण ।

नोलखो–*(वि०)*नौ लाख रुपयों के मूल्य का ।

नोळियो–*(न०)* नेवला ।

नोळी–*(ना०)* करधनी की तरह कमर में बाँधने की कपड़े की लंबी थैली जिसमें रुपये भरे रहते हैं । बसनी ।

नोहराळ–*(न०ब०व०)* सिंह, रींछ, चीता, बिल्ली, कुत्ता आदि तीखे नखों वाले हिंसक पशु ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नोहरो-(न०) १. अनुरोध । निहोरा । २. मनुहार । ३. खुशामद । ४. गाय, भैंस आदि बाँधने का बाड़ा । बड़े भोज आदि की सामग्री तैयार करने का चारों ओर दीवाल से घिरा हुआ मैदान । बाड़ा ।

नौका-(ना०) नाव । डूंडो ।

नौकार-दे० नोकार ।

नौड़ियो-(न०) खींप या सिणिये के तृणों को बल देकर बनाई हुई रस्सी ।

नौड़ी-(ना०) दे० नौड़ियो ।

नौरंग-(न०) १. औरंगजेब । २. नवरंग पुष्प ।

नौरंगजेब-(न०) औरंगजेब बादशाह ।

नौरो-दे० नोहरो ।

नौरोजो-दे० नवरोजो ।

नौळ-दे० नोळ ।

नौलखो-दे० नवलखो ।

नौलासी-(ना०) छड़ी । दे० नवलासी ।

नौळियो-(न०) नेवला । नकुल ।

नौसादर-दे० नवसादर ।

न्याउ-(अव्य०)न्याय परक । न्याय संबंधी । (न०) न्याय ।

न्यात-(ना०)१. एक वर्ग या जाति का लोक समूह । न्याति । जाति । बिरादरी । २. न्याति भोज ।

न्यात-गंगा-(ना०) गंगा के समान पवित्र करने का महत्व रखने वाला न्याति समूह ।

न्यात-जात-(ना०) १. अपनी न्याति और दूसरी जाति । न्याति और पर न्याति । २. जात-पाँत ।

न्यात बारे-(वि०) न्याति में से बाहर किया हुआ । न्याति-बहिष्कृत ।

न्याय-(न०)१. इंसाफ । न्याय । २. फैसला । निर्णय । (क्रि०वि०) निश्चय ही ।

न्यायकारी-(वि०) न्यायकर्ता ।

न्यायाधीश-(न०) न्याय विभाग का वह अधिकारी जो मुकदमों का निर्णय करता है ।

न्यायालय-(न०) अदालत । कचहरी ।

न्यायी-(वि०) १. न्याय करने वाला । २. न्याय पर चलने वाला । ३. न्याय से संबंधित ।

न्यार-(न०) १. मृतक की अरथी के साथ श्मशान तक जाने की क्रिया । न्यारो । लोकाचार ।

न्यारणी-(ना०) १. गाय भैंस आदि को नीरा जाने वाला घास-चारा । २. न्यारिया की स्त्री ।

न्यारहाळो-दे० न्याराळो ।

न्याराळो-(वि०) १. न्यार के लिये जाने वाला । न्यारे जाने वाला । २. न्यारे गया हुआ ।

न्यारियो-दे० नियारियो ।

न्यारी-(क्रि०वि०) अलग । जुदी । (ना०) न्यारिये की पत्नी । नियारी ।

न्यारो-(क्रि०वि०) १. अलग । जुदा । (न०) नियार । नियारो । बरडो । दे० न्यार ।

न्याल-दे० निहाल ।

न्याळ-(ना०) शिकार के समय मनाई जाने वाली माँस की दावत । २. आखेट-गोष्ठी । आखेट-भोज ।

न्याव-दे० न्याय ।

न्यावटो-दे० न्याय ।

न्याव-पताव-(न०) १. न्याय-निर्णय । २. पंचायत निर्णय । ३. पंच निर्णय । ४. न्याय । ५. न्याय करने का काम ।

न्याँई-(ना०) तरह । प्रकार ।

न्योछावर-दे० निछावर ।

न्योळ-मुखी-दे० न्योळ-मुँही ।

न्योळ-मुँही-(ना०) ऊँटनी की एक जाति । (वि०) लंबे मुँह वाली ।

न्रत्य-दे० नृत्य ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

न्रधोम-(वि०) १. धूम व मल रहित । २. प्रकाशवान् । उज्वल । ३. निर्धूम ।

न्रप-(न०) नृप । राजा ।

न्रपाळ-(न०) नरपाल । राजा ।

न्रित-(न०) नृत्य । नाच ।

न्रिप-दे० नृप ।

न्रिपाळ-दे० नृपाळ ।

न्रिभै-(वि०) निर्भय । निडर ।

न्रिभैमन-(न०) १. उदार । २. निडर । वीर ।

न्रिमळ-(वि०) निर्मल । उज्वल ।

न्ह्याल-(न०) मनोरथ सिद्धि । निहाल ।

न्हवड़ावणो-(क्रि०) नहलाना । स्नान करवाना ।

न्हवाड़णो-(क्रि०) न्हवावणो ।

न्हवाणो-दे० न्हवड़ावणो ।

न्हवावणो-(क्रि०) नहलाना । स्नान करवाना ।

न्हाठणो-(क्रि०) भागना । भाग जाना । नाठणो ।

न्हाठ-भाग-दे० न्हास भाग ।

न्हाणो-(क्रि०) १. नहाना । स्नान करना । २. भागना ।

न्हाळणो-(क्रि०) देखना । निहारना । न्याळणो ।

न्हावण-(न०) स्नान ।

न्हावणो-दे० न्हाणो ।

न्हासणो-(क्रि०) भागना ।

न्हासभाग-(ना०) भगदड़ । भागदौड़ ।

न्होरियो-दे० नोरियो ।

न्होरो-दे० नहोरो । नोहरो ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

For Private and Personal Use Only